ISSN 2277 - 7083

आधुनिक साहित्य

Aadhunik Sahitya

साहित्य, संस्कृति एवं आधुनिक सोच की त्रैमासिकी

UGC Approved CARE Listed Journal
अंक/Year-12 अंक/Vol.-45 द्विभाषी/Bilingual
जनवरी - मार्च / Jan. - March 2023

संपादक
डॉ. आशीष कंधवे



सभी देशवासियों को

आज़ादी के अमृत महोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएँ।

संपादक
-डॉ. आशीष कंधवे

माखनलाल चतुर्वेदी स्मरणांजलि



चाह नहीं, मैं सुरबाला के,
गहनों में गूँथा जाऊँ,
चाह नहीं प्रेमी-माला में,
बिंध प्यारी को ललचाऊँ,
चाह नहीं सम्राटों के शव,
पर हे हरि डाला जाऊँ,
चाह नहीं देवों के सिर पर,
चढ़ूँ भाग्य पर इठलाऊँ,
मुझे तोड़ लेना बनमाली,
उस पथ पर देना तुम फेंक,
मातृ-भूमि पर शीश- चढ़ाने,
जिस पथ पर जावें वीर अनेक।



आधुनिक साहित्य

Aadhunik Sahitya

साहित्य, संस्कृति एवं आधुनिक सोच की त्रैमासिकी

संपादक

डॉ. आशीष कंधवे

विश्व हिंदी साहित्य परिषद

प्रकाशन | वितरण | राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

प्रमुख उद्देश्य

- हिंदी का प्रचार-प्रसार
- उत्तम साहित्य का प्रकाशन
- साहित्यकार साहित्य योजना
- पुरस्कार प्रतियोगिता का संचालन
- रोजगारोन्मुख हिंदी के लिए प्रयास
- हिंदी एवं भारतीय भाषाओं का समग्र विकास
- साहित्य एवं संस्कृति के चहुँमुखी विकास के लिए प्रयत्न
- संग्रहालय, पुस्तकालय एवं संगोष्ठी कक्ष की स्थापना में प्रयासरत

मुख्यालय

एडी-94-डी, शालीमार बाग, दिल्ली-110088

संपर्क सूत्र : 09811184393, 011-47481521

ई-मेल : vhspindia@gmail.com, aadhuniksahitya@gmail.com

Website : www.vhsp.in

UGC Approved CARE Listed Journal

आधुनिक साहित्य

साहित्य, संस्कृति एवं आधुनिक सोच की त्रैमासिकी

वर्ष/Year-12 अंक/Vol.-45 जनवरी–मार्च 2023/January–March 2023 द्विभाषी/Bilingual

Aadhunik Sahitya

संपादक

डॉ. आशीष कंधवे*

Editor

Dr. Ashish Kandhway

उप संपादक	Sub Editor
रजनी सेठ	Rajni Seth
प्रबंध संपादक	Managing Editor
ममता गोयनका	Mamta Goenka
संवाददाता (अंग्रेजी)	Correspondent (English)
निलांजन बैनर्जी	Nilanjan Banerjee
संरक्षकगण	Patron
प्रो. उमापति दीक्षित	Prof. Umapati Dixit
कुमार अविकल मनु	Kumar Avikal Manu

*आशीष कंधवे (मूल नाम आशीष कुमार)

आधुनिक साहित्य में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार एवं दृष्टिकोण संबन्धित लेखकों के हैं जिनसे संपादक, प्रकाशक, मुद्रक एवं पत्रिका से जुड़े किसी भी व्यक्ति का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। सभी विवादों का निपटारा दिल्ली क्षेत्र के अन्तर्गत सीमित है। पत्रिका में सम्पादन से जुड़े सभी पद गैर–व्यावसायिक एवं अवैतनिक हैं।

आधुनिक साहित्य

साहित्य, संस्कृति एवं आधुनिक सोच की त्रैमासिकी

UGC Approved CARE Listed Journal

केंद्रीय हिंदी संस्थान के सहयोग द्वारा प्रकाशित

RNI No. DELBIL/2012/42547
ISSN 2277 - 7083

© सर्वाधिकार सुरक्षित
प्रकाशित सामग्री के पुनः उपयोग के लिए लेखक, अनुवादक अथवा आधुनिक साहित्य की स्वीकृति अनिवार्य है।

संपादकीय कार्यालय
एडी-94-डी, शालीमार बाग, दिल्ली-110088
फोन : 011-47481521, +91-9811184393
ई-मेल : aadhuniksahitya@gmail.com
adhuniksahitya@gmail.com

आलेख/रचना/कहानी में व्यक्त विचार संबंधित लेखकों के हैं इससे प्रकाशक या संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

मूल्य : **₹ 500 प्रति अंक**

शुल्क :	तीन वर्ष (12 अंक)	₹ 6000
	पांच वर्ष (20 अंक)	₹ 9000
	(डाक/कोरियर खर्च सहित)	
	आजीवन सदस्यता	₹ 21,000
	विदेश के लिए (3 वर्ष)	200 डॉलर

शुल्क **'AADHUNIK SAHITYA'** के नाम पर भेजें।

Account Name	:	Aadhunik Sahitya
Account No.	:	16800200001233
Bank	:	Federal Bank Ltd.
Branch	:	Shalimar Bagh New Delhi-110088
IFSC Code	:	FDRL0001680

'आधुनिक साहित्य' द्विभाषी त्रैमा"की आशीष कुमार के स्वामित्व में और उनके द्वारा एडी-94डी, शालीमार बाग, दिल्ली-110088 से प्रकाशित तथा आभा पब्लि"टी, 163, देशबंधु गुप्ता मार्केट, करोलबाग, नई दिल्ली से मुद्रित। स्वामी/संपादक/प्रकाशक/मुद्रक : डॉ. आशीष कुमार।

'AADHUNIK SAHITYA' A quarterly bilingual (Hindi & English) Journal of Literature, Culture & Modern Thinking owned/published/printed/edited by Ashish Kumar from AD-94-D, Shalimar Bagh, Delhi-110088 and printed at Abha Publicity, 163, Deshbandhu Gupta Market, Karolbagh, New Delhi.

अनुक्रम

संपादकीय

- डॉ० आशीष कंधवे / *अभ्युदय का मार्ग* / 10

हिंदी प्रभाग

- डॉ. बिपिन कुमार ठाकुर / **जी 20 की अध्यक्षता: भारत के लिए एक स्वर्णिम अवसर / 15**
- उर्मिला शर्मा, कविता नाहरवाल / **भगवान चित्रगुप्त / 20**
- डॉ. दीपांकुर जोशी, डॉ. शालिनी चौधरी / **घरेलू हिंसा से पीड़ित महिलाओं का संरक्षण: एक अध्ययन / 23**
- डॉ. अमृता श्री / **राष्ट्रभाषा हिंदी की आवश्यकता / 29**
- कुलदीप कुमार, डॉ. रीता सिंह / **एस. आर. हरनोट की कहानियों में वृद्धों का जीवन संघर्ष / 34**
- साकेत बिहारी / **भाषा का प्रश्न और राष्ट्रीय शिक्षा नीति / 39**
- दिगंत द्विवेदी / **कोंदर जनजाति की सामाजिक स्थिति का समाजशास्त्रीय अध्ययन / 48**
- डॉ. नलिनी सिंह / **वैश्विक पटल पर भाषा का प्रश्न और हिंदी भाषा की स्थिति / 52**
- अपर्णा वर्मा, डॉ. वी. शिरिषा / **भारतीय भाषाओं के उन्नयन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 / 59**
- बसंत कुमार / **भारत में राष्ट्रीयता और हिंदी भाषा/ 64**
- स्वप्निल पांडेय / **वैश्विक अभिव्यक्ति की ओर अग्रसर हिंदी भाषा / 68**
- श्रीमती पॉली भौमिक / **त्रिपुरा में हिन्दी का भाषाई महत्त्व / 72**
- डा० आनंद जायसवाल, ममता रानी / **पत्रकारिता और हिन्दी भाषा का आंतरिक सम्बन्ध / 75**
- नंदकिशोर / **नन्द किशोर नवल : भाषाई व्यक्तित्व / 80**
- राजेश कुमार / **हिन्दी के अंतरराष्ट्रीयकरण में प्रवासी साहित्य का योगदान / 92**
- श्रीमती चैताली सलूजा, डॉ. नंदिनी तिवारी / **भाषा का प्रश्न और प्रवासी साहित्य / 96**
- डॉ. परिस्मिता बरदलै / **असमिया संस्कृति और राम-कथा की परंपरा / 105**
- डा. सुजीत कुमार, डा. गौरव रंजन / **इंटरनेट के युग में लोकजीवन एवं युवाओं की सामाजिक चेतना / 120**
- बी आकाश राव / **पूर्वोत्तर की भाषाई विविधता और हिंदी उपन्यास / 123**
- सिमरन / **ब्रिटेन की चयनित प्रवासी हिन्दी कहानियों में स्वदेशभक्ति / 128**
- पूजा / **भाषा का प्रश्न एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति / 133**
- कुसुम सबलानिया / **भाषा का प्रश्न और पूर्वोत्तर का हिंदी साहित्य / 138**

- डॉ. भगवान गव्हाडे / **भाषा का प्रश्न और हिंदी सिनेमा / 143**
- दीपक सोराड़ी / **राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं बहुभाषिकता / 148**
- डॉ. जय प्रताप सिंह / **वैश्विक पटल पर भाषा का प्रश्न / 153**
- डॉ. हरप्रीत कौर/**हिंदी भाषा का समाजभाषिक अध्ययन/158**
- नीरज / **हिंदी भाषा एवं गद्य का उद्भव और विकास / 161**
- प्रियंका चौधरी/**भाषा का प्रश्न और स्त्री/557**
- प्रभंजन कुमार झा, प्रो- संजय कुमार /**फोर्ट विलियम कॉलेज और हिन्दी भाषा का प्रश्न/561**
- सूरज प्रकाश बडत्या/**महात्मा बुद्ध और साहित्य -समाज परिवर्तनकारी चेतना/566**
- संदीप कुमार जायसवाल/**भाषा का प्रश्न और वेब सीरीज/573**
- रमेश एस. लाल, प्रो. हासो दादलाणी/**सामी के काव्य में वेदांत/580**
- प्रो. मंजुला राणा/**कृष्णा सोबती का रचना-संसार/589**
- डॉ. मनोरमा मिश्रा/**भारतीय साहित्य में नैतिक मूल्य/594**
- डॉ. पूनम कुमारी/**परशुराम की प्रतीक्षा और भारतीय प्रसंग/598**
- कल्पना उप्रेती/**वर्तमान शिक्षा प्रणाली में त्रि-भाषासूत्र का महत्व व चुनौतियाँ/602**
- प्रो. सुशील कुमार शर्मा/**माटी के सम्मान की कविताएँ: 21वीं सदी का आदमी/607**
- अमित आर्य, प्रो. मैथिली गंजूँ/**अपराध, राजनीति, और व्यापार से संबंधित ख़बरें और 'एनडीटीवी'/611**

ENGLISH SECTION

- S. Gangaiamaran, Dr. K. Sindhu/**Portrayal of a Tribal Woman's Life as seen in Mahasweta Devi's Rudali / 167**
- P. Kumar, Dr. K. Dharaniswari / **Women's Liberationist Outlook in Manju Kapur's Novels 174**
- R.Vijayarani / **Emancipation of Woman in Gayle Jones's Healing / 179**
- R. Gopiram, Dr. J. Jayakumar / **Assumption of Ethnicity and Change of Modern Materialism in Kurt Vonnegut's Slaughter House Five / 186**
- C.Athiyaman, Dr. V. Radhakrishnan / **Woman as a Symbol of Sacrifice in Kamala Markandaya's Novel Nectar in a Sieve / 192**
- S. S. Uma Sundara Sood, Dr. P. Mythily/ **A Psychological Study of the Struggle between Love and Ambition of a Catholic Priest in Colleen Mccullough's The Thorn Birds. / 197**

- Mrs. J. Jebila, Dr. S. Briolgith Jusbell / **Hunger for Power and Emancipation in Nuruddin Farah's Sweet And Sour Milk / 203**
- Ms. R. Sakthi Priya, Dr. R. Sheela Banu / **Feminine Sensitivity in Chitra Banerjee Divakaruni's The Palace of Illusion /208**
- N. Priyadharshini / Dr.B.Visalakshi N. Priyadharshini / Dr.B.Visalakshi / **Bond and Beyond: Portrayal of Women and Nature in Anita Desai's Fire on the Mountain / 215**
- A. Arockiyaraj, Dr. S. Diravidamani / **Challenges Faced by First Generation Undergraduate Learners in Second Language Acquisition / 222**
- D. Eswaran, Dr. S. Diravidamani / **A Phenomenon of Second Language Spelling: A Study at Undergraduate Level / 231**
- Dr. M. Leena, Dr. N. Kavitha / **Social Background Exposes Distinctiveness in Namita Gokhale's Gods, Graves & Grandmother & Rohinton Mistry's A Fine Balance. / 240**
- Dr. K. Kannadasan / **Struggle and Success of Women in Rohinton Mistry's novel A Fine Balance / 247**
- Indusoodani / **Defocalization and the Magical Realist Text / 252**
- Dr. S. Maheswari / **The Pursuit of Justice in Arthur Conan Doyle's Sherlock Holmes Stories / 257**
- Mrs.Y. Ilarasi, Dr. B. Kavitha / **Feminist ambivalent ideas in Kamala Markandaya and Angela Carter Novels. / 264**
- C. Jeeva, Dr. C. Govindaraj / **The Portrayal of Slave Narratives and Racism in the Select Novels of Ishmael Reed / 271**
- S. Senthil Kumar, Dr. C. Govindaraj / **The Portrayal of Feministic Elements in Jamaica Kincaid's Select Novels: A View / 276**
- Dr Inderjeet Singh / **Failure of the State: Nation Right after the Independence Through the Eyes Khushwant Singh / 282**
- Rananjayaa Singh / **Environmental Racism: A Reading of Richard Wright's Eight Men / 289**
- Dr. Mandeep Kaur / **Study of Relatedness of Occupational Aspiration and Home Environment of Adolescents with Respect to Some Demographical Variables / 295**

- Harshita Rathee, Prof. Sujata Rana / **Examining the Stereotypes of Religion and Faith: A Reading of William Dalrymple's Nine Lives: In Search of the Sacred in Modern India / 304**
- Konsam Romabati / **Religion as a medium for Social Change: Ambedkar's Perspective / 310**
- Dr. Neena.TS / **Relevance of integral education in the 21st-century Indian context / 318**
- A. Akthar Parveen, Dr. P. Kumaresan / **Everending Waves of Female Struggle in Chitra Banerjee Divakaruni's "The Last Queen". / 326**
- Saurabh Mishra / **Exploring the tribal history of Jharkhand through ethnography / 332**
- A. Pearlin synthia, Dr P. Kumaresan / **Impairment undergone by Women in their Shattered Identities; A critical Study on Alice Walker's Select Works / 341**
- R. Prathap Chandran, Dr. P. Kumaresan / **Gynocentrism in Langston Hughes' Selected Poetic Works / 351**
- Dr. Ph. Jayalaxmi / **Folk Narratives in the Age of Digitalization in Manipur / 358**
- P. Jaya Prabha, Dr. T . Alagarasan / **Spiritual Realization and Cultural Identity through Music and Dance in Paulo Coelho's The Witch of Portobello / 368**
- Rajni, Dr. Manjit Kaur / **Easterine Kire's portrayal of the multi-conflict struggle of Nagas for identity / 374**
- Amanjyoti Kaur / **Impact of Social Media Influencers on Generation Z / 381**
- Dr. Yuki Azaad Tomar / **Parched : Story of Women Empowerment through Cinema / 391**
- Mrs.P. Nirmala Rani, Dr.P.Kumaresan / **Pitfalls of Prosperity in John Steinbeck's The Pearl / 401**
- Dr. Ramyabrata Chakraborty / **Re-interpreting the Nationalistic Discourses in Raja Rao's Kanthapura / 408**
- Dr. Shinam Batra, Dr. Sunil Kumar / **Effect of Learning and Thinking Style on Academic Achievement of CBSE and ICSE Board Students Using ICT: A Comparative Study / 414**

- Madan Mohan Joshi, / **Saiva Dharma as Depicted in the Icons of Kumaun Himalaya / 422**
- Nikita Kumawat, Ashok Singh Rao / **Thundering Sounds of Silence in Nature/432**
- Bipin Kumar Thakur / **Overcrowding by Political Parties in General Elections in India / 439**
- Imdad Ali Ahmed / **Medieval History and Culture of Assam as Depicted in Jean Baptiste Tavernier's Travels in India: A Critical Study / 447**
- Indrani Hazarika / **Discomfort in 'comfort': A reading of Ian McEwan's The Comfort of Strangers / 453**
- J. Jayalakshmi, Dr. K. Anand / **The Plight of Untouchables in Mulkraj Anand's Untouchable and Coolie / 460**
- Bavatharani. A, Dr. T.S. Ramesh / **The Posthuman Postulation of Consciousness in Richard Morgan's Altered Carbon / 464**
- V. Anitha, Dr.K. Ananad / **Ecological Concern in Reading the Poetry of Kamala Das / 471**
- V. Hamsaveni, –Dr. M. Maheswari / **Dubious Relationship In Shobha De's Snapshots / 477**
- R. Sivasankarit, Dr. K. Lavanya / **Blacks' Struggles after Slavery in Chester Himes' The Third Generation / 486**
- M. Karthik, Dr. K. Kumar / **Individuality and freedom in the frame with reference to Githa Hariharan's Times of Siege / 490**
- M.Prakash1, Dr. K. Lavanya / **Transformation of the Human Race in Octavia E. Butler's Clay's Ark / 497**
- Dr. Rajeshvari/**Dimensions of Language Learning: Special Reference of 'English Vinglish'/500**
- Nidhi Arora, Manisha Gupta, Mridul Dharwal, Nitendra Kumar/ **Couture turns Communal-A Post Covid-19 Case Study of Brand Collaborations/506**
- Dr. M.N.V.Preya/**Objectification is a Way of life- A study on Disquieting Existence of Monisha and Jaya in Voices in the city and That Long Silence/524**
- Dr. Suresh Kumar/**Role of Digital Currency in Changing The Future of Banking Sector in India/529**
- Rishab Manocha, Dr. Mridul Dharwal, Dr. Nitendra Kumar/**Millennials Attitudes and Purchase Intentions toward Secondhand Clothing in North India/542**

संपादकीय

अभ्युदय का मार्ग

समतल धरती, उन्नत पर्वत-शिखर, चंचल झरने, बहती नदियाँ, गहरी झीलें, अथाह जलराशि वाले सागर, नाना प्रकार के पेड़-पौधे, वनस्पतियाँ तथा विभिन्न आकार के पशु-पक्षी, कीट-पतंग व मानवों का यह संसार कब, कैसे और कहाँ से अस्तित्व में आया? आकाश में चमकते सूर्य-चंद्र व टिमटिमाते तारों के प्रकाश का रहस्य क्या है? अंतरिक्ष या व्योम का आयतन कितना होगा? आकाशगंगा या फिर ब्रह्मांड किसे कहते हैं? इनका स्वरूप तथा आकार कैसा है? इनकी रचना कब, कैसे और किससे हुई होगी तथा इनका अस्तित्व कब तक बना रहेगा, इत्यादि प्रश्न मानव के मस्तिष्क में आदिकाल से ही गूँजते रहे हैं।

चूँकि ये सभी घटनाएँ मानव-जन्म से बहुत पहले की हैं, अतः अपने काल के जैविक, भौगोलिक व खगोलिक परिवर्तनों के अनुमान-प्रमाण के आधार पर विभिन्न विवेकी मानवों द्वारा इन रहस्यों के मूल तक पहुँचने के अनेकानेक प्रयास अपने-अपने स्तरों से किए गए।

वैदिक काल से ही भारतवर्ष में ऋषियों ने वैज्ञानिक दृष्टिकोण से सभी मौलिक तत्त्वों की विवेचना की है। महर्षि भृगु, वशिष्ठ, भारद्वाज, अत्रि, गर्ग, अगस्त्य, विश्वामित्र, पराशर आदि ने विज्ञान के विभिन्न विषयों-जैसे नक्षत्रविज्ञान, भौतिकविज्ञान, रसायनविज्ञान, जीवविज्ञान, आयुर्विज्ञान, विमानविज्ञान, नौकाविज्ञान. कृषिविज्ञान आदि सभी क्षेत्रों में कार्य किया है। सामान्यतः यह धारणा बनाई गई कि विज्ञान के क्षेत्र में भारतवर्ष का योगदान वैचारिक ही रहा था और यहाँ व्यावहारिक पक्ष को उपेक्षित किया गया, जबकि भारतीय शास्त्रों के अध्ययन एवं परीक्षण से यह स्वतः ही प्रमाणित हो जाता है कि विज्ञान के क्षेत्र में ऋषियों ने प्रयोगात्मक विधि को ही मुख्य आधार माना था।

महर्षि कणाद ने अपने वैशेषिक ग्रंथ के 10वें अध्याय में यह स्पष्ट किया है कि प्रत्यक्ष देखे हुए और अन्यों को दिखाने के उद्देश्य से या फिर स्वयं को दक्ष करने तथा अधिक गहराई से ज्ञान प्राप्त करने हेतु निरंतर किए गए प्रयोगों से अभ्युदय का मार्ग प्रशस्त होता है। (दृष्टानां दृष्ट प्रयोजनानां दृष्टाभावे प्रयेगोऽभ्युदयाय) इसी के अनुरूप रस प्रकाश सुधाकर भी प्रयोगात्मक विधि को ही उचित ठहराता है। भारतवर्ष में वैज्ञानिकों की एक समृद्ध परंपरा रही है, जिसमें अगस्त्य, भारद्वाज, कपिल, कणाद, बौधायन, विश्वरुचि, सुलोहित,

सुश्रुत, चरक, आर्यभट्ट प्रथम व द्वितीय, नागार्जुन, वराहमिहिर, ब्रह्मगुप्त, भास्कराचार्य, माधवाचार्य, वाग्भट्ट, रामानुज, रमनलेकर, आदि प्रमुख है। महर्षि भृगु ने अपने ग्रंथ में विस्तार से चर्चा की है—

नानाविधानां वस्तूनां यंत्राणां कल्पसम्पदा

धातूनां साधनानां च वस्तुनां शिल्पसंज्ञितम्।

कृषिर्जल खनिश्चोतं धातुण्डं विधाभिधम्॥

नौका-रथग्रियानानां कृतिसाधनमुच्यते।

वेश्म, प्रकार, नगररचनां वस्तु संज्ञितम्॥

– भृगु संहिता

अर्थात् भृगु जी ने यहाँ मुख्यरूप से दस शास्त्रों का उल्लेख किया है- कृषिविज्ञान शास्त्रों के अतिरिक्त अन्यान्य ग्रंथों में बत्तीस प्रकार की विधाओं और 64 प्रकार की कलाओं का वर्णन मिलता है। इनमें धातु विज्ञान, वस्त्र निर्माण, शस्त्र निर्माण, गृह निर्माण, प्राणी विज्ञान, पशु विज्ञान, विष विज्ञान, मुद्रा शास्त्र, खगोल विज्ञान, सृष्टि रहस्य, वृष्टि विज्ञान आदि का समावेश है। प्रत्यक्ष प्रमाण पर आधारित होने के कारण आधुनिक विज्ञान की खोज स्थूल जगत् से अणु के विघटन तक जाकर समाप्त हो जाती है, जबकि भारतीय तत्त्ववेत्ता परमाणु से भी पूर्व की अवस्थाओं से आगे बढ़ते हुए, अपने इंद्रियातीत ज्ञान के आधार पर सृष्टि के अव्यक्त स्वरूपों को उजागर करने में सफल हुए।

सृष्टि-रहस्य का हल ढूँढने की उत्सुकता में ऋषियों, दार्शनिकों और वैज्ञानिकों द्वारा किए गए इस तरह के प्रयासों से जिस विधा का विकास हुआ, उसी से ब्रह्माडिकी (खगोलशास्त्र), जिसे आधुनिक विज्ञान की भाषा में कॉस्मोलोजी कहा जाता है। आधुनिक वैज्ञानिक परीक्षणों व अंतरिक्ष अनुसंधानों द्वारा उद्घाटित तथ्यों के माध्यम से सृष्टि, उसके स्वरूप तथा विघटन (प्रकृति में लय हो जाने की प्रक्रिया का जहाँ एक स्थूल अनुमान मात्र ही लगाया जा सकता है, वहीं वेद तथा अन्य भारतीय शास्त्रों में वर्णित गूढ़ तथ्यों के सम्यक् अध्ययनों द्वारा इस इंद्रियातीत सत्य की झलक को सहजता से स्वयं ही अनुभूत किया जा सकता है।

बदलते सामाजिक- सांस्कृतिक- शैक्षिक परिदृश्य और सोशल मीडिया

किसी भी समाज को समझने के लिए अथवा किसी भी समाज की परिकल्पना को समझने के लिए आपको उस राष्ट्र की बनावट और बुनावट को समझना होगा। यही मेटा फिजिक्स/ तत्व मीमांसा हमें राष्ट्र की गहराई तक पहुंचाता है और यह स्पष्ट करने का प्रयास करता है कि राष्ट्रीय उद्भावनाओं के पड़ाव क्या हैं, अर्थात् स्वाधीनता-स्वराज, राष्ट्रीय बोध का जुड़ाव क्या है। सांस्कृतिक परिदृश्य और राष्ट्र का बौद्धिक विकास क्या है, अर्थात् शिक्षा, शैक्षणिक विकास, व्यवस्था को एक राष्ट्र कैसे निरंतर अपनी संस्कृति से जुड़ाव को बनाए रखती है। अर्थात् सामाजिक परिदृश्य और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, अर्थात् मीडिया, अखबार/ सोशल मीडिया इसे समझने के लिए आवश्यक है कि हम लोग आधुनिक भारत को

समझें। भारत को समझने के लिए इसकी जीवन पद्धति को समझना होगा और जीवन पद्धति को समझने के लिए प्राचीन भारत की जीवन पद्धति के साथ-साथ भविष्य की जीवन पद्धति का भी आकलन करना होगा। इसी आकलन में शिक्षा, संस्कृति, समाज, राष्ट्रीयता, राष्ट्रवाद, धर्म, जागरण, आस्था, अनास्था, परंपरा, त्यौहार सब समाहित हैं।

किसी भी राष्ट्र के लिए ये संभव नहीं है कि उसके समस्त नागरिकों की मानवीय चेतना एकरूप मानवीय चेतना से ओतप्रोत हो एक रंग में रंगे और एक तरह के दृष्टिकोण से सोचे। यही राष्ट्र के तत्व मीमांसा की मूल अवधारणा है। सोच की प्रक्रिया हमारी संस्कृतियों का निर्माण करती है। हमारी भाषाओं का संरक्षण करती है। हमारी साहित्यिक विकास यात्रा की साक्षी बनती है और हमें हमारे सनातन मानवीय मूल्यों से जोड़ कर रखती है। इन सब के पीछे शिक्षा है।

अब प्रश्न ये है कि शिक्षा क्या है शिक्षा की परिभाषा क्या है और शिक्षक कौन है...? शिक्षा सीखने की सुविधा, या ज्ञान, कौशल, मूल्यों, विश्वासों और आदतों के अधिग्रहण की प्रक्रिया है। शिक्षा ही वह प्रकल्प है जो मानव विकास का मूल साधन है। शिक्षा के द्वारा मनुष्य की जन्मजात शक्तियों का विकास, उसके ज्ञान एवं कला कौशल में वृद्धि तथा व्यवहार में परिवर्तन और परिष्कार करना सीखता है जिससे एक सभ्य-सुसंस्कृत योग्य नागरिक का निर्माण हो सके। शिक्षा औपचारिक या अनौपचारिक दोनों रूप में हो सकती है। शैक्षिक क्या है ? कोई भी अनुभव जो किसी व्यक्ति , समाज या राष्ट्र को सोचने, महसूस करने या कार्य करने की विधि पर रचनात्मक प्रभाव डालता है, उसे शैक्षिक माना जा सकता है। शिक्षक कौन हैं? एक व्यक्ति जो छात्रों को ज्ञान योग्यता या गुण प्राप्त करने में मदद करता है तथा औपचारिक शिक्षा के संदर्भ में दूसरों को पढ़ाने के लिए जैसे विद्यालय, महाविद्यालय, विश्वविद्यालय की मुख्य भूमिका में रहता है को हम शिक्षक कहते हैं। संक्षेप में कहें तो जो शिष्य के मन में सीखने की जिज्ञासा को जागृत करता है वह शिक्षक है। इसी योग्य नागरिक के निर्माण में समाज और संस्कृति की मूल अवधारणा छुपी हुई है जिसकी बात हम आगे करेंगे। यहाँ हमने यह जान लिया है कि शिक्षक कौन होता है।

भगवद्गीता में भगवान कृष्ण बताते हैं कि एक नायक / शिक्षक / नेता का चरित्र उसकी छवि से अधिक महत्त्वपूर्ण क्यों है।

यत् यत् आचरति श्रेष्ठ, तत् तत् एव इतरो जनः।

स यत्प्रमाणं कुरुते, लोकः तत्अनुवर्तते ।। श्रीमद्भगवद्गीता-3/21

अर्थात् महापुरुष के कार्यों का दैनिक जीवन के सभी संदर्भ में सामान्य मनुष्य द्वारा अनुकरण किया जाता है। आम लोग उन्हीं मानकों का अनुसरण करते हैं जो उन्होंने अपने अनुकरणीय व्यवहार के माध्यम से निर्धारित किए हैं।

परिणामस्वरूप, समाज के प्रत्येक शिक्षक को ऊपर बताए गए तथ्यों को ध्यान में रखना चाहिए और उसके अनुसार कार्य करना चाहिए।

इसीलिए, एक शिक्षक को "आचार्य' कहा जाता है।

विवेकः सह संयुत्या विनयो विद्यया सह।

प्रभुत्वं प्रश्रयोपेतम्, चिह्न मेतत् महात्मनाम्॥

अर्थात् कुशल और विचारशील अभिव्यक्ति के साथ बुद्धि, विनम्रता के साथ शिक्षा, शिष्टाचार के साथ नेतृत्व - ये महान लोगों की विशेषताएं हैं जो जीवन में प्रशंसा और सफलता प्राप्त करते हैं।

शिक्षा से ही संस्कृति का संरक्षण होता है । वास्तव में मानव द्वारा अप्रभावित प्राकृतिक शक्तियों को छोड़कर जितनी भी मानवीय परिस्थितियाँ हमें चारों ओर से प्रभावित करती हैं, उन सभी की सम्पूर्णता को हम संस्कृति कहते हैं, और इस प्रकार संस्कृति के इस घेरे का नाम ही 'सांस्कृतिक पर्यावरण' है। दूसरे शब्दों में, संस्कृति एक व्यवस्था है, जिसमें हम जीवन के प्रतिमानों, व्यवहार के तरीकों, अनेकानेक भौतिक एवं अभौतिक प्रतीकों, परम्पराओं, विचारों, सामाजिक मूल्यों, मानवीय क्रियाओं और आविष्कारों को शामिल करते हैं। सर्वप्रथम वायु पुराण में 'धर्म', 'अर्थ', 'काम', तथा 'मोक्ष' विषयक मानवीय घटनाओं को 'संस्कृति' के अन्तर्गत समाहित किया गया।

इसका तात्पर्य यह हुआ कि मानव जीवन के दिन-प्रतिदिन के आचार-विचार, जीवन शैली तथा कार्य-व्यवहार ही संस्कृति कहलाती है। मानव समाज के धार्मिक, दार्शनिक, कलात्मक, नीतिगत विषयक कार्य कलापों, परम्परागत प्रथाओं, खान-पान, संस्कार इत्यादि के समन्वय को संस्कृति कहा जाता है।

जैविक उत्पत्ति के विषय को स्पष्ट करते हुए ऋग्वेद में यह कहा गया है कि सूर्य उत्पादनकर्ता पिता है और पृथ्वी गर्भधारण की सामर्थ्य वाली माता है। इसी संदर्भ को और अधिक स्पष्ट करते हुए ऋग्वेद का मंत्र कहता है कि तीन तत्व यानी पृथ्वी, जल और वायु प्राणी को माता यानी पृथ्वी से प्राप्त होते हैं तथा अग्नि आकाश और प्राण नामक तीन तत्व उसे पिता यानी सूर्य से मिलते हैं। यही नहीं बल्कि जैमिनीय ब्राह्मण में उल्लेख है कि सूर्य रशमियाँ द्वारा आंतरिक्ष्य सोम के भेदन से जो छींटे पृथ्वी पर गिरे वही औषधियों के रूप में उग आए। मैत्रेयी संहिता में भी लगभग इसी प्रकार से व्याख्या की गई है कि लोमरहित पृथ्वी पर देवों अर्थात् प्राकृतिक शक्तियों ने रोहिणी के सहयोग से विभिन्न प्रकार की वनस्पतियों को प्रत्यारोपित किया था। इस प्रकार वैदिक वांग्मय के उपयुक्त संदर्भों के आधार पर यह स्पष्ट होता है कि परमेष्ठी मंडल अर्थात् आकाशगंगा से निर्बाध रूप से स्रुत / निर्झरित अंतरिक्ष सोम की आर्द्रता में निविष्ट उर्वरा तत्वों से ही पृथ्वी पर वनस्पति और जीवन की उत्पत्ति हुई है।

मेरा यहां यह बताना सिर्फ उस चेतना की और आप को लेकर जाना है जिसे हम भारतीय ज्ञान संपदा कहते हैं। भारतीय ज्ञान संपदा के मूल को समझे बिना भारत की संस्कृति को समझना लगभग असंभव है। और यही भूल हम लोग अब तक करते आए हैं। पृथ्वी की अचेतन सृष्टि के रूप में अगर हम कल्पना करें तो न संस्कृति है न मनुष्य । लेकिन अगर पृथ्वी को एक चेतनसृष्टि के रूप में देखें तो आप पाएंगे कि पादप

से लेकर कीटसृष्टि, क्रीमीसृष्टि, पशुसृष्टि, पक्षीसृष्टि से होते हुए हम लोग मनुष्यसृष्टि की ओर बढ़ जाते हैं।

सृष्टि में मनुष्यसृष्टि का अगर अनंत काल से सर्वांगीण विकास कहीं देखने को मिलता है तो वह भारतवर्ष ही है। अब भारतवर्ष क्या है ? विष्णु पुराण में कहा गया है

उत्तरं यत्समुद्रस्य हिमाद्रेश्चैव दक्षिणम्।

वर्षं तद्भारतं नाम भारती यत्र सन्ततिः ॥

भारत को समझे बिना भारत की संस्कृति को नहीं समझा जा सकता और भारत की संस्कृति को समझने के लिए इसकी सनातन ज्ञान परंपरा को समझना अत्यंत आवश्यक है। वशिष्ठ स्मृति के अनुसार रंग-रूप, आकृति-प्रकृति, सभ्यता-शिष्टता, धर्म–कर्म, ज्ञान–विज्ञान, आचार–विचार एवं शील–स्वभाव में सर्वश्रेष्ठ मानव को ही भारतवंशी कहा गया है। संस्कृति को समझने के लिए भारतीय परंपराओं को समझना पड़ेगा और भारतीय परंपरा के अनुसार वेद शब्दब्रह्म है अर्थात् ब्रह्म का शब्दमय स्वरूप है । ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद और अथर्ववेद हमारी संस्कृति के चार स्तंभ हैं। यहां मैं स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि जो लोग इसे धर्म समझते हैं, उन्हें धर्म से ऊपर अध्यात्म के दृष्टिकोण से इसे देखना होगा तभी वह वेद और वेदांग समझ सकेंगे ।

मित्रों, हमारे वेदों की आधिभौतिक, आधिदैविक तथा आध्यात्मिक तीनों प्रकार से व्याख्या की जा सकती है इसके उपरांत ही वेदों में ज्ञान, कर्म और उपासना यह तीनों विषय हम समझ पाएंगे और इसी के आधार पर वेद को त्रयी विधा कहा जाता है।

प्राचीन भारतीय संस्कृति–सभ्यता, विशाल बौद्धिक संपदा जीवन–दृष्टि, जीवन–शैली, मनसा–वाचा कर्मणा व्यवहार एवं सामाजिक-राजनीतिक-आध्यात्मिक व्यवस्था जो हजारों वर्षों से निरंतर जीवंत तथा प्रगतिशील बनी हुई है, का स्रोत हमारी सनातन ज्ञान परंपरा में ही निहित है। यही हमारी वैश्विक दृष्टि है, और इसी दृष्टि में वैश्विक दर्शन, वैश्विक सत्य और तात्विक अभिव्यक्ति तथा एकत्व के स्वरूप का ज्ञान छिपा है । यही हमारी संस्कृति है। यही हमारी उपलब्धि है। हम सार्वभौमिक समरसता की बात करते हैं। हम समावेशी संतुलन की बात करते हैं और हम संस्कार के साथ मनुष्य को मूल्य बोध से अवगत कराने की बात करते हैं। वर्तमान में जहां सभी वस्तुओं के और सभी व्यक्तियों के मूल्य के अनुरूप उनकी गरिमा का निर्धारण किया जाता है वहीं हम भारतीय सनातन काल से ही स्वयं के मूल्यबोध के साथ मनुष्य की निर्मिती की व्यवस्था के उद्घोषक रहे हैं।



–डॉ. आशीष कंधवे

+91–9811184393

जी 20 की अध्यक्षता: भारत के लिए एक स्वर्णिम अवसर

–डॉ. बिपिन कुमार ठाकुर

जी 20 की अध्यक्षता निश्चय ही भारत के लिए गौरव का विषय एवं एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। अगले एक साल तक भारत लगभग 200 महत्त्वपूर्ण बैठकें आयोजित करेगा जिसका समापन 2023 में जी 20 शिखर वार्ता के साथ होगा।

"जी20 समूह विश्व के कुछ महत्त्वपूर्ण मंचों एवं संगठनों में से एक है तथा इसकी अध्यक्षता करना भारत के लिए निश्चिय ही एक गौरव की बात है। भारत के लिए यह एक स्वर्णिम अवसर है कि वह विश्व मंच पर अपनी प्रगाढ़ विविधता; लोकतांत्रिक व्यवस्था; चिर- परिचित तटस्थता; मजबूत सांस्कृतिक धरोहर को जगत्-कल्याण हेतु निरूपित एवम् उपयोग कर सके।"

जी 20 समूह विश्व के कुछ अत्यधिक महत्त्वपूर्ण मंचों एवं संगठनों में से एक है जिसका गठन वर्ष 1990 के दशक के अंत में किया गया था। इसका प्रमुख उद्देश्य तत्कालीन वित्तीय संकट का सामना करना तथा मध्यम आय वाले देशों को इसमें शामिल करके वैश्विक वित्तीय स्थिरता को सुरक्षित तथा सवंर्द्धित करना है। नवंबर, 2022 में संपन्न 17वें जी 20 राष्ट्राध्यक्षों और शासनाध्यक्षों के शिखर सम्मेलन, जिसका आयोजन इंडोनेशिया के बाली में हुआ था में आगामी एक वर्ष (2022-2023) की अवधि के लिए भारत को इसकी अध्यक्षता प्रदान की गयी। अब भारत वर्ष 2023 के सितंबर मास में, जी 20 समूह के शीर्ष नेतृत्व के शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा। यह भारत के लिए अत्यंत गौरव का विषय है। साथ ही यह एक स्वर्णिम अवसर भी है जिसके माध्यम से भारत विश्व मंच पर अपनी अग्रणी भूमिका निभा सकता है क्योंकि भारत अपनी विविधता, लोकतांत्रिक व्यवस्था, तटस्थता तथा जगत-कल्याण हेतु प्रतिबद्धता एवं मजबूत सांस्कृतिक धरोहर हेतु विश्व विख्यात है। वर्तमान में जबकि विश्व में कुछ देश अपनी वित्तीय स्थिति के कारण परेशान हैं, कुछ आपसी युद्ध एवं विवादों के कारण परेशान हैं। भारत पर विश्व का ध्यान केंद्रित है ताकि संप्रति ज्वलंत समस्याओं का आम सहमति से एक समावेशी एवं दीर्घकालिक हल प्राप्त हो सके।

जी 20 का उद्भव, विकास, प्रमुख उद्देश्य एवं कार्य पद्धति

जैसा कि इस आलेख के शुरू में ही यह उल्लेख किया गया है, जी 20 की स्थापना 1990 के दशक के अंत में तत्कालीन वित्तीय संकट एवं अस्थिरता को दूर करने के लिए की गयी थी। यह विश्व के प्रमुख विकसित तथा तीव्र गति से उभरती हुई अर्थव्यवस्था वाले देशों का एक समूह है। अंतरराष्ट्रीय संघों में इसका एक प्रमुख स्थान है। इसके सदस्यों में अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, यूरोपियन संघ फ्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, मेक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रिका दक्षिण कोरिया, तुर्की, युनाइटेड किंग्डम, तथा संयुक्त राज्य अमेरिका शामिल हैं। एक आँकड़े के अनुसार जी 20 देशों में दुनिया की लगभग 60 प्रतिशत आबादी, वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद का 80 प्रतिशत तथा कुल वैश्विक व्यापार का 75 प्रतिशत शामिल है।[1]

जी 20 समूह के मुख्य उद्देश्य निम्न हैं:

अ) समावेशी, सतत् विकास तथा विश्व स्तर पर आर्थिक स्थिरता प्राप्ति हेतु सदस्य देशों के साथ नीति-निर्धारण, नीति-समन्वयन, नीति कार्यान्वयन तथा नीति-अनुपालन;

ब) विश्वस्तर पर वित्तीय संकट का सामना करने हेतु उचित वित्तीय एवं आर्थिक विनियमन तथा उन्हें बढ़ावा देना;

स) विश्व स्तर पर उचित एवं नई आर्थिक संरचना खड़ी करना आदि।

दिसंबर 1999 में पहली बार जर्मनी के बर्लिन शहर में विश्व के कुछ विकसित तथा तीव्र गति से विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के कुछ चुनिंदा देशों के वित्त मंत्रियों एवं केन्द्रीय बैंकों के गर्वनरों की बैठक में अन्तर्राष्ट्रीय वित्तीय स्थिरता विषय पर बैठक हुई थी। कालांतर में यह बैठक हर साल होने लगी। भारत में यह बैठक 2002 में संपन्न हुई थी। 2008 में जी 20 बैठक को शिखर सम्मेलन के रूप में मान्यता मिल गयी ताकि तत्कालीन वैश्विक वित्तीय एवं आर्थिक संकट पर विस्तार से चर्चा हो सके तथा भविष्य के लिए आम सहमति बन पाए।

यह गौरतलब है कि जी 20 का कोई स्थायी सचिवालय नहीं है। एजेंडा और कार्य का कार्यान्वयन एवं समन्वयन सदस्य देशों के प्रतिनिधियों द्वारा किया जाता है:जिन्हे शेरपा के रूप में जाना जाता है– सदस्य देशों के वित्त मंत्रियों एवं केन्द्रीय बैंकों के गर्वनरों के साथ मिलकर अपनी भूमिका निभाते हैं। जी 20 की अध्यक्षता प्रत्येक वर्ष सदस्यों के बीच चक्रीय रूप से प्रदान की जाती है और अध्यक्ष पद धारण करने वाला देश पिछले और अगले अध्यक्षता धारक के साथ मिलकर जी 20 एजेंडा की निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए "ट्रोइका" का निर्माण करता है। 2023 के लिए भारत जी 20 का अध्यक्ष है, 2024 में इसकी अध्यक्षता ब्राजील तथा 2025 में यह क्रमशः दक्षिण अफ्रिका के पास होगी। वर्तमान में इंडोनेशिया, भारत एवं ब्राजील जी 20 के "ट्रोइका" देश हैं।

प्रमुख जी 20 शिखर सम्मेलन :

कुल मिलाकर अभी तक 17, जी 20 शिखर सम्मेलन हो चुके हैं। 2022 में नवंबर मास में बाली में

इसका आयोजन हुआ था तथा 2023 के सितम्बर में यह भारत में होगा। जी 20 का पहला शिखर सम्मेलन 2008 में वाशिंगटन डी. सी. में आयोजित किया गया था जिसमें प्रमुख रूप से अन्तर्राष्ट्रीय वित्तीय व्यवस्था को मजबूत करने, अन्तरराष्ट्रीय विकास दर को मजबूत करने इत्यादि पर बल दिया गया था। दूसरा जी 20 शिखर सम्मेलन अप्रैल 2009 में लंदन में; तीसरा शिखर सम्मेलन सितंबर 2009 में पिट्सबर्ग में; चौथा जून 2010 में टोरंटो में; पाँचवाँ नवंबर 2010 में सियोल में; छठा जी 20 शिखर सम्मेलन 2011 में केन्स में तथा सातवाँ सम्मेलन जून 2012 में मेक्सिको में आयोजित किया गया था। आठवाँ शिखर सम्मेलन 2013 में रूस में; नौवाँ 2014 में ऑस्ट्रेलिया में; दसवां 2015 में तुर्की में; ग्यारहवाँ 2016 में चीन में; बारहवाँ 2017 में जर्मनी में; तेरहवाँ 2018 में अर्जेंटीना में; चौदहवाँ 2019 में जापान में; पंद्रहवाँ 2020 में सऊदी अरब में; सोलहवाँ जी 20 सम्मेलन 2021 में रोम में आयोजित किया गया। देखा जाय तो इन सारे शिखर सम्मेलनों के प्रारंभिक दौर में विश्वस्तर पर आर्थिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने का प्रयास किया गया। हाल के जी 20 शिखर सम्मेलनों का दायरा विश्व वित्तीय व्यवस्था के अलावा विश्व व्यापार; जलवायु परिवर्तन; वैश्विक उर्जा विकल्पों की तलाश तथा विश्व स्तर पर भ्रष्टाचार मुक्ति के प्रयासों की खोज करना शामिल है।

भारत के लिए एक सुनहरा अवसर

दिसंबर 1, 2022 को भारत को जी 20 की अध्यक्षता हासिल हुई। भारत पहली बार जी 20 शिखर सम्मेलन 2023 में आयोजित करेगा। इसका थीम वाक्य "वसुधैव कुटुम्बकम्" अर्थात् एक पृथ्वी, एक कुटुंब, एक भविष्य रखा गया है। इस संदेश को महा उपनिषद् से लिया गया है जिसका मूल अर्थ हमारी पृथ्वी पर रहने वाले सभी जीव-जन्तु, पेड़-पौधे तथा सूक्ष्म जीवों का महत्व समझना एवं उनके बीच स्थित तारतम्य को स्थापित करना है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के अनुसार, "अब जबकि भारत ने इस महत्त्वपूर्ण पद को ग्रहण किया है, मैं अपने आप से यह पूछता हूँ— क्या जी 20 अभी भी और आगे बढ़ सकता है? क्या हम समग्र मानवता के कल्याण के लिए मानसिकता में मूलभूत बदलाव लाने की पहल कर सकते हैं? मेरा विश्वास है कि हाँ, हम ऐसा कर सकते हैं। [2] आगे वह बताते हैं, "भारत में प्रचलित ऐसी एक परंपरा है जो सभी जीवित प्राणियों और यहाँ तक कि निर्जीव चीजों को भी पाँच मूल तत्वों पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश के पंचतत्व से बना हुआ मानती है। इन तत्वों का सामंजस्य हमारे भीतर और हमारे बीच भी हमारे भौतिक, सामाजिक और पर्यावरणीय कल्याण के लिए आवश्यक है।"[3]

जी 20 की अध्यक्षता निश्चय ही भारत के लिए गौरव का विषय एवं एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। अगले एक साल तक भारत लगभग 200 महत्त्वपूर्ण बैठकें आयोजित करेगा जिसका समापन 2023 में जी 20 शिखर वार्ता के साथ होगा। बतौर अध्यक्ष, भारत बांग्लादेश, मॉरीशस, नींदरलैंड, नाइजीरिया, ओमान, सिंगापुर, स्पेन और संयुक्त अरब अमीरात को अतिथि देशों के रूप में आमंत्रित करेगा। अध्यक्षता के दौरान भारत, इंडोनेशिया और ब्राजील "ट्रोइका" का गठन करेंगे। यह गौरतलब होगा कि "ट्रोइका" में तीन विकासशील एवं उभरती हुई अर्थव्यवस्थाएँ शामिल होंगी। शायद यह पहली बार ऐसा होगा। "ट्रोइका" जी 20 के भीतर शीर्ष समूह को संदर्भित करता है जिसमें वर्तमान, पिछले और आगामी अध्यक्ष वाले देश

शामिल होते हैं।

जी 20 अध्यक्ष के रूप में यदि हम भारत की प्राथमिकताओं की बात करें तो इनमें शामिल होने वाले विषयों में समावेशी न्याय संगत और सतत् विकास; पर्यावरण और जीवन-शैली के बीच संतुलन; महिला सशक्तिकरण; स्वास्थ्य, कृषि और शिक्षा से लेकर वाणिज्य आदि क्षेत्रों में सार्वजनिक डिजिटल संरचनाओं एवं तकनीकी सक्षमता का विकास आदि का शामिल होना तय है।

इसके अलावा कुछ अन्य जटिल विषयों को शामिल करने पर भी भारत का ध्यान होगा जैसे - जलवायु परिवर्तन अैर जलवायु वित्तपोषण; वैश्विक खाद्य सुरक्षा; आपदा जोखिम में कमी तथा अनूकूलन; संस्कृति और पर्यटन का विकास आदि। साथ ही भारत यह भी प्रयास करेगा कि विकासात्मक सहयोग; आर्थिक अपराध के विरूद्ध लड़ाई और बहुपक्षीय सुधार संबंधित विषयों पर भी विश्व स्तर पर एक आम सहमति बन पाए।

अध्यक्ष के रूप में भारत के समक्ष प्रमुख चुनौतियाँ

यह सर्व विदित है कि दुनिया के लगभग सभी महत्त्वपूर्ण अर्थव्यवस्था वाले देश जी 20 समूह के सदस्य हैं। इसमें संयुक्त राष्ट्र संघ सुरक्षा परिषद के सभी स्थायी सदस्य देश; जी 7 के सभी सदस्य देश तथा ब्रिक्स (ब्राजील, रूस, भारत तथा चीन) के सभी सदस्य देश शामिल हैं। जी 20 की अध्यक्षता यदि भारत के लिए अंतरराष्ट्रीय पटल पर एक स्वर्णिम अवसर है तो यह भी कहना गलत नहीं होगा कि भारत के सामने इस संबंध में अनेकानेक चुनौतियाँ भी हैं।

सर्वप्रथम चुनौती यह है कि जी 20 संगठन के अगले शिखर सम्मेलन के लिए एक ऐसा एजेंडा बनाया जाए तो सभी सदस्य देशों को मान्य हो। एजेंडे में ऐसे विषयों को शामिल किया जाय जो सदस्य देशों के हितों को प्रभावित करते हों। यह सच है कि जी 20 संगठन का प्राथमिक कार्य विश्व स्तर पर वित्तीय व्यवस्था को सुचारू एवं अबाध गति से संचालित करने में सहयोग करना है परंतु अब समय आ गया है कि इसमें सदस्य देशों से संबंधित "भू-राजनीतिक संघर्ष संबंधित मुद्दों" को भी शामिल किया जाए।

दूसरी चुनौती यह है कि उन सदस्य देशों को जिनके बीच आपसी द्विपक्षीय मुद्दों पर विवाद एवं विरोधाभास हैं, उनको कैसे साथ लाकर विश्व-कल्याण के मुद्दों पर आम सहमति बनाया जाए। उदाहरण स्वरूप किस प्रकार अमेरिका तथा चीन; भारत तथा चीन; रूस तथा पश्चिमी देशों को एक साथ लाया जाए। भारत को बहुत ही संवेदनशील होकर एक ऐसा एजेंडा बनाना होगा जिसमें सदस्य देशों के आपसी रिश्तों को ध्यान में रखते हुए विश्व कल्याण का लक्ष्य प्राप्त किया जा सके।

तीसरी चुनौती यह है कि किस प्रकार सदस्य देशों को जलवायु परिवर्तन; जलवायु वित्त पोषण तथा विश्व आतंकवाद की समस्या संबंधित मुद्दों पर एक साथ लाया जाए। विकास एवं विकासशील देशों के बीच तकनीकी साझेदारी को किस प्रकार बढ़ाया जाए ताकि जलवायु परिवर्तन संबंधित निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सके।

चौथी चुनौती, भारत के लिए यह है कि किस प्रकार रूस-युक्रेन युद्ध को समाप्त करते हुए रूस-युक्रेन तथा रूस एवं पश्चिमी देशों के बीच के संबंधों को ठीक किया जाए। रूस-युक्रेन युद्ध का विश्व वित्तीय व्यवस्था पर हो रहे ऋणात्मक प्रभावों को कम करने की आवश्यकता है। जी 20 की अध्यक्षता निश्चिय ही भारत को रूस-युक्रेन युद्ध के शांतिपूर्ण अंत के लिए मध्यस्थता करने का एक नया अवसर प्रदान कर सकती है। भारत को जी 20 शिखर सम्मेलन को सफल बनाने के लिए भू-राजनीतिक संघर्षों के बीच तेजी से बदलती वैश्विक आर्थिक व्यवस्था को दुरूस्त करना होगा।

निष्कर्ष

जी 20 समूह विश्व के कुछ महत्त्वपूर्ण मंचों एवं संगठनों में से एक है तथा इसकी अध्यक्षता करना भारत के लिए निश्चिय ही एक गौरव की बात है। भारत के लिए यह एक स्वर्णिम अवसर है कि वह विश्व मंच पर अपनी प्रगाढ़ विविधता; लोकतांत्रिक व्यवस्था; चिर परिचित तटस्थता; मजबूत सांस्कृतिक धरोहर को जगत् कल्याण हेतु निरूपित एवम् उपयोग कर सके। साथ ही भारत के पास एक मजबूत लोक–तांत्रिक नेतृत्व - श्री नरेन्द्र मोदी के रूप में है जिनके कुशल मार्ग-दर्शन में निश्चय ही जी 20 समूह नवीन उँचाइयों को हासिल करेगा तथा विश्व कल्याण हेतु नए आदर्शों की स्थापना, संकल्पना एवं अनुपालन करेगा। हमें अवश्य ही वर्ष 2023 के प्रति आशांवित एवं उन्मुख होना चाहिए और यह उम्मीद करनी चाहिए कि भारत इस संबंध में चुनौतियों के बावजूद अपनी भूमिका बखूबी निभाएगा।

❑❑❑

संदर्भ सूची:

1. Government of India, Ministry of External Affairs, “Group of Twenty-G20”. Available at https://mea.gov.in/Portal/ForeignRelation/G20_Brief_for_website-_27.10_1.pdf
2. https://www.narendramodi.in/hi/today-india-commences-its-g20-presidency--566168.
3. वही
4. https://www.g20.org/en/

---

1. पूर्व कुल सचिव, राष्ट्रीय संग्रहालय संस्थान, जनपथ, नयी दिल्ली एवं वर्तमान में एशोसिएट प्रोफेसर, राजनीति विज्ञान विभाग, श्री गुरु तेग बहादुर खालसा महाविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली-110007; E-mail: bkthakur1510@gmail.com.

भगवान चित्रगुप्त

–उर्मिला शर्मा
–कविता नाहरवाल

कुछ कर्मों का फल तत्काल ही मिलता है तथा कुछ कर्मों का फल लम्बे समय तक मिलता रहता है। इसे हम ऐसे भी समझ सकते हैं कि यदि आपने किसी भूखे को रोटी खिलाकर पुण्य कर्म किया। यह कर्म करते ही आपको खुशी मिली, आनन्द की प्राप्ति हुई।

हमारे भारतीय समाज में यह मान्यता है कि हमारे द्वारा इस पृथ्वी पर जो भी कर्म किये जा रहे हैं उनका फल हमें अवश्य भोगना पड़ेगा। भगवान के घर देर है अँधेर नहीं। मृत्यु के पश्चात जीवात्मा यमलोक जाती है। वहाँ उसकी चित्रगुप्त के समक्ष पेशी होती है। भगवान चित्रगुप्त अपने बही-खाते खोलते हैं तथा उसके कर्मों का पूरा विवरण देखते हैं। पाप-पुण्य जो भी उसने किये हैं उसका सही-सही हिसाब लगाकर, स्वर्ग-नरक का निर्धारण करते हैं। एक रत्ती भर भी ऊपर नीचे नहीं होने देते और यमराज को स्वर्ग या नरक जिसके भी हम हिस्सेदार हैं, कार्यान्वित करने का निर्देश देते हैं। डॉ रामकृष्ण शर्मा ने अपने महाकाव्य भगवान चित्रगुप्त में यह स्पष्ट उल्लेख किया है-

”पूरा विवरण जीव मात्र का, अविकल रहे आपके पास।
रविनन्दन निर्देश ग्रहण कर, स्वर्ग-नरक का देंगे वास।।“(1)

यमराज और धर्मराज एक ही व्यक्ति के दो नाम हैं। जब जीव को दण्ड दिया जाता है तब वे यमराज की प्रस्थिति धारण कर लेते हैं और जब जीव को पुरस्कृत किया जाता है तब वे धर्मराज की भूमिका का निर्वाह करते हैं-

”रहें रूप दो सदा आपके, जब दें दण्ड बनें यमराज।
दें आनन्द स्वर्ग का जन को, पद होगा तब धर्मराज।।“(2)

जो भी दण्ड या पुरस्कार देना है उसका निर्धारण भगवान चित्रगुप्त ही करते हैं। भगवान चित्रगुप्त सृष्टि के प्रथम न्यायाधीश हैं। वे न्याय के देवता हैं। पुराणों में आदिदेव ब्रह्मा जी को चित्रगुप्त के पिता तथा नारद जी को उनका ज्येष्ठ भ्राता बताया गया है। इस सृष्टि के प्राणियों को मृत्यु के पश्चात अपने-अपने कर्मों के अनुसार पहले तो परलोक में जाकर कुछ समय बिताना होता है। वहाँ वे पिछले जन्म में किये गये पुण्य-कर्मों अथवा पाप-कर्मों का फल भोगते हैं। फिर जब उनके पुण्यों व पापों के अनुसार सुख या दुःख को भोगने का हिसाब पूरा हो जाता है तब वे इस मृत्युलोक में फिर से जन्म लेते हैं।

इस मृत्युलोक को कर्मलोक भी कहा जाता है क्योंकि इसी लोक में प्राणी को वे कर्म करने का अधिकार है जिससे उसकी प्रारब्ध बनती है। भगवान चित्रगुप्त को प्राणियों का लेखा-जोखा रखने के लिए लेखन कला की आवश्यकता हुई। तब उनके द्वारा सर्वप्रथम ब्रह्मलिपि का आविष्कार हुआ। ब्रह्मलिपि ही इस सृष्टि की प्रथम लिपि है-

"गोपनीय लेखा-जोखा हो, विकसित करनी लेख कला।

लिपि का भी निर्माण जरूरी।

जिससे होगा कार्य भला।।

ब्रह्मलिपि की बनी योजना, ब्रह्मा जी से ले निर्देश।

मृत्यु और सब यमदूतों को, उसे सीखने का आदेश।।"(3)

भगवान चित्रगुप्त की उत्पत्ति ब्रह्मा जी की काया से हुई मानी जाती है इसलिए इनको कायस्थ कहा गया-

"मम् कायात्समुत्पन्न, स्थितो कायेऽभवन्तत।

कायस्थ इति तस्याथ, नाम चक्रे पितामहा।।"(4)

हिन्दू मान्यताओं के अनुसार परमपिता ब्रह्मा जी के पहले 13 पुत्र ऋषि हुए और 14 वें पुत्र श्री चित्रगुप्त जी देव हुए अर्थात् ब्राह्मण ऋषि पुत्र हैं और कायस्थ देव पुत्र। आदिदेव ब्रह्मा जी ने ही चित्रगुप्त जी के दो विवाह कराये थे। ऐसा उल्लेख ब्रह्म पुराण में मिलता है। इनकी बड़ी पत्नी शोभावती और छोटी पत्नी नन्दिनी थी। कहीं-कहीं इनके नाम इरावती एवं दक्षिणा भी मिलते हैं। शोभावती के आठ पुत्र एवं नन्दिनी के चार पुत्र हुए। ऐसी मान्यता है कि चित्रगुप्त के इन बारह पुत्रों से ही कायस्थों के बारह प्रमुख गोत्रों का निर्धारण हुआ है-

"चित्रगुप्त के द्वादश बेटे, सभी पढे थे गुरुकुल में।

यही मूल आधार गोत्र का, पढे किसी भी संकुल में।।"(5)

जब किसी की मृत्यु होती है तो असल में बाहर का स्थूल शरीर मरता है। इस स्थूल शरीर के अन्दर एक सूक्ष्म शरीर है वह नहीं मरता वह सूक्ष्म शरीर ही जीवात्मा कहलाता है। जीवात्मा के साथ उसका पाप-पुण्य भी जाता है। अच्छे कर्म किये हुए मनुष्य की जीवात्मा स्वर्ग में रहकर अपने पुण्य भोगती है और पापी मनुष्य की जीवात्मा नरक में रहकर अपने पाप भोगती है। केवल मनुष्य की योनि ही कर्म योनि है। केवल मनुष्य की योनि में ही किये गये कर्मों का फल भोगना पड़ता है। कर्मों का हिसाब पशु योनि में नहीं चुकाना पड़ता केवल मनुष्यों को ही चुकाना पड़ता है क्योंकि इस लोक पर केवल मनुष्य ही विवेकशील प्राणी है उसे ही अच्छे बुरे की पहचान होती है। केवल इसी धरती पर प्राणी जन्म और मृत्यु की पीड़ा सहते हैं इसलिए इसी धरती को मृत्युलोक भी कहते है। कई बार प्राणी स्वर्ग-नरक का सुख-दुःख पृथ्वी पर ही भोग लेते हैं। इस बात को इस प्रकार भी समझा जा सकता है कि कोई सम्पन्न मनुष्य महल में रहता है उसकी सेवा के

लिए दास-दासियाँ हर समय खड़े रहते हैं। उसके पास सभी सुख विद्यमान हैं परन्तु एक दिन उसका जवान बेटा किसी दुर्घटना में मारा जाता है। दुखों का पहाड़ उस पर टूट पड़ता है। संसार की हर वस्तु उस के पास होने के बावजूद भी वह दुखी रहता है और मरते दम तक अपने पुत्र की मृत्यु की पीड़ा से विमुक्त नहीं हो पाता तो पुत्र के जवान होने तक उस मनुष्य में जो कर्म भोगे हैं वह स्वर्ग के सुखों की भाँति थे और पुत्र की मृत्यु के बाद उसने जो दुख भोगे है वह नरक के दुखों से भी बढ़कर थे। इस प्रकार मनुष्य इस संसार में रहकर भी अपने कर्मों का फल भोग लेता है।

कुछ कर्मों का फल तत्काल ही मिलता है तथा कुछ कर्मों का फल लम्बे समय तक मिलता रहता है। इसे हम ऐसे भी समझ सकते हैं कि यदि आपने किसी भूखे को रोटी खिलाकर पुण्य कर्म किया। यह कर्म करते ही आपको खुशी मिली, आनन्द की प्राप्ति हुई। यह खुशी और आनन्द ही अच्छा फल है और यदि आपने किसी की वस्तु चुरा ली तो आपके मन मे यह चिंता हो जायेगी कि कहीं कोई देख न ले, कहीं किसी को पता न चल जाए यह चिन्ता ही बुरा फल है। इस तरह कुछ कर्मों का फल तुरन्त ही मिल जाता है। अच्छे और बुरे कर्मों का फल तात्कालिक फल भी मिलता है और पारम्परिक फल भी मिलता है। पुण्य का तात्कालिक फल है संतुष्टि और पारम्परिक फल है सुख-समृद्धि। पाप का तात्कालिक फल है संताप और पारम्परिक फल है दुःख-दारिद्रय। अत्यधिक श्रेयस्कर होगा यदि मनुष्य अपने हृदय में चित्रगुप्त जी को अवस्थित कर ले। मनुष्य अपने कर्म-पथ पर आगे बढ़ने से पहले ही अपने मन में यह विचार कर ले कि अमुक कर्म सही है और अमुक कर्म गलत है। इससे मनुष्य श्रेष्ठ कर्म ही करेगा व पृथ्वी से पाप कर्मों का हरण हो सकेगा। मनुष्य फल की इच्छा त्यागकर कर्म को अपना धर्म समझकर कर्म करे तो उसका फल उसे अवश्य मिलेगा परन्तु इस फल को वो विधान की इच्छा समझकर स्वीकार करे। मनुष्य को कर्म फल में आसक्ति नहीं रखनी चाहिए। मनुष्य केवल कर्म कर सकता है फल कदापि मनुष्य के हाथ में नहीं होता। फल तो प्रारब्ध के हाथ में होता है। मनुष्य कर्म करता है क्योंकि मनुष्य का धर्म है कर्तव्य का पालन करना । गीता में श्री कृष्ण जी ने सत्य ही कहा है-

”कर्मण्येवाधिकारस्तु मा फलेषु कदाचन।

मा कर्मफलहेतुर्भुर्मा ते संगोऽस्त्वकर्मणि।।“

संदर्भ-

1. भगवान चित्रगुप्त महाकाव्य-डॉ रामकृष्ण शर्मा पृष्ठ सं0 16
2. भगवान चित्रगुप्त महाकाव्य-डॉ रामकृष्ण शर्मा पृष्ठ सं0 14
3. भगवान चित्रगुप्त महाकाव्य-डॉ रामकृष्ण शर्मा पृष्ठ सं0 82
4. भगवान चित्रगुप्त महाकाव्य-डॉ रामकृष्ण शर्मा पृष्ठ सं0 02
5. भगवान चित्रगुप्त महाकाव्य-डॉ रामकृष्ण शर्मा पृष्ठ सं0 136

❑❑❑

1. सह-आचार्य (हिन्दी) महारानी श्री जया कॉलेज, भरतपुर

2. महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय, भरतपुर Email: jiyababy20@gmail.com Mob.No. : 9664432968

घरेलू हिंसा से पीड़ित महिलाओं का संरक्षण: एक अध्ययन

–डॉ. दीपांकुर जोशी
–डॉ. शालिनी चौधरी

भारत की जनसांख्यिकी को ध्यान में रखते हुए, विभिन्न चिंताओं को दूर करने में सक्षम होने के लिए एक बहु-आयामी नीति तैयार करना आवश्यक है। महिला आयोगों के विशेषज्ञों को राष्ट्रीय, राज्य और जिला स्तर की नीतियों और दिशा-निर्देशों के निर्माण में शामिल किया जाना चाहिए, ताकि सभी स्तरों पर कार्य योजना तैयार करते समय महिलाओं, बच्चों और अन्य कमजोर समूहों से संबंधित मुद्दों को ध्यान में रखा जा सके।

'Women are the only exploited group in history to have idealized in powerlessness' -Erica Jong

प्रस्तावना:

समाज में महिला और पुरुष दोनों ही महत्त्वपूर्ण एवं सक्रिय योगदान देते है। दोनों में से किसी एक के योगदान के बिना सामाजिक चक्र चरमरा जाता है। परिवार इस सामाजिक संरचना की सबसे महत्त्वपूर्ण इकाई है और महिला तथा पुरुष मिलकर परिवार का निर्माण करते हैं। सामाजिक परिवर्तन के साथ महिला और पुरुष की पारिवारिक स्थिति में भी परिवर्तन होते गये। परिवार में पुरुष का कार्यदायित्व परिवार चलाने के लिए धनार्जन और परिश्रम कर संसाधनों को जुटाना था और महिला का कार्यदायित्व गृह कार्यों को संपन्न करने के साथ-साथ संतान व आश्रित व्यक्तियों का पालन पोषण करना था अथार्त इस व्यवस्था के द्वारा एक प्रकार से कार्य-विभाजन द्वारा पारिवारिक व्यवस्था को चलाये रखना था। परिवार की इस व्यवस्था में पुरुष की मानसिकता सदैव श्रेष्ठ समझे जाने की रही है। पुरुष को लगता है कि जीविकापार्जन के लिए जो कार्य वह कर रहा है, वह कार्य ज्यादा महत्त्वपूर्ण है क्योंकि इसमें अधिक श्रम की आवश्यकता होती है और महिला द्वारा किए जा रहे घरेलु या गृह कार्य महत्त्वपूर्ण नहीं है क्योकि इसमें कम श्रम की आवश्यकता होती है। इस तरह की सोच समाज में आमतौर से विद्यमान रही है और महिलाऐं भी कहीं ना कहीं इस सोच को पुष्ट करती रहीं है। जबकि हम यह भूल गए हैं कि गृह कार्यों में श्रम के साथ कुशलता व विवेकशीलता की भी आवश्यकता होती है तभी परिवार एक इकाई के रूप में कार्य कर पाता है। यदि समाजशास्त्रियों के दृष्टिकोण से देखे तो शक्तिशाली व्यक्ति प्रकृति के सृजनकाल से ही कमजोर को दबाने का प्रयास करता दिखा है। जब श्रेष्ठ होने की सोच बलवती हो और द्वितीय पक्ष कमजोर हो तभी इस सोच का विकास होता है और इसका अगला पड़ाव हिंसा है। जहाँ बलवान कमजोर पर बल का प्रयोग करने से भी बाज नहीं आता है और यह घरेलु हिंसा का स्वरूप ले लेता है।

महिलाओं के विरुद्ध हिंसा का वैश्विक आयाम चिंताजनक है। कोई भी देश या समाज ऐसी हिंसा से मुक्त होने का दावा नहीं कर सकता,

एकमात्र भिन्नता, स्वरूप या प्रकृति में हो सकती है। महिलाओं का विनिदिष्ट समूह अधिक पीड़ित है जिससे अल्पसंख्यक समूह, अप्रवासी महिलाएं, शरणार्थी महिलाएं और सशक्त संघर्ष की स्थिति में रहने वाली महिलाएं, संस्थानों और निषेध में रहने वाली महिलाएं, निर्योग्य महिलाएं, लड़कियां और वृद्ध महिलाएं शामिल है।

भारत सरकार और यूनिसेफ द्वारा संयुक्त रूप से जारी राष्ट्रों की प्रगति पर यूनिसेफ की रिपोर्ट में कहा गया है कि लिंग आधारित भेदभाव के कारण कन्या भ्रूण हत्या से लेकर घरेलु हिंसा तक दहेज हत्या से लेकर शारीरिक हमले तक वे जिम्मेदार कारक हैं जो महिलाओं/बेटियों के पैदा होने से पहले ही ऐसा भेदभाव शुरू हो जाता है और यह मरते दम तक चलता रहता है।

घरेलु हिंसा से महिलाओं को संरक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से घरेलु हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005 भारत के राजपत्र में 14-09-2005 को अधिसूचित किया गया।

यह अधिनियम घरेलु हिंसा के सभी रूपों से महिलाओं का संरक्षण करने के लिये व्यापक विधायन है। यह अधिनियम किसी भी प्रकार की हिंसा, भौतिक, यौन, मानसिक, शाब्दिक या भावनात्मक को समाहित करता है। यह अधिनियम 26-10-2006 को प्रवर्तित किया गया। अधिनियम में 5 अध्याय और 37 धारायें हैं।

अधिनियम की धारा-3 घरेलु हिंसा को परिभाषित करती है। इस अधिनियम के प्रयोजनों के लिए प्रत्यर्थी का कोई कार्य स्रोत या किसी कार्य का करना या आचरण, घरेलु हिंसा गठित करेगा यदि वहः

(क) व्यथित व्यक्ति के स्वास्थ्य, सुरक्षा, जीवन, अंग की चाहे उसकी मानसिक या शारिरिक भलाई को अपहानि करता है, या उसे कोई क्षति पहुंचाता है या उसे संकटापन्न् करता है या उसकी ऐसा करने की प्रवृत्ति है और और जिसके अंतर्गत शारिरिक दुरूपयोग और अधिक दुरूपयोग कारित करना भी है।

(ख) किसी दहेज या अन्य संपत्ति या मूल्यवान प्रतिभूति के लिए किसी विधि विरुद्ध मांग की आपूर्ति के लिये उसे या उससे संबन्धित किसी अन्य व्यक्ति को प्रदर्शित करने की दृष्टि से व्यथित व्यक्ति का उत्पीड़न करता है या उसकी अपहानि कारित करता है या उसे क्षति पहुंचाता है या संकटापन्न करता है।

(ग) खण्ड (क) या खण्ड (ख) में वर्णित किसी आचरण द्वारा व्यथित व्यक्ति या उससे सम्बन्धित किसी व्यक्ति पर धमकी का प्रभाव रखता है या

(घ) व्यथित व्यक्ति को, अन्यथा क्षति पहुंचाता है या उत्पीड़ित करता है चाहे वह शारीरिक हो या मानसिक।

धारा 3 के प्रयोजन के लिए

1. शारीरिक दुरुपयोग- शारीरिक दुरुपयोग से कोई भी कृत्य या आचरण जो कि व्यथित व्यक्ति के जीवन, अंग या स्वास्थ्य को शारीरिक दर्द कारित करता है या नुकसान करता है इसमें शामिल है। जैसे- हमला करना या आपराधिक अभित्रास करना और आपराधिक बल प्रयोग करना अभिप्रेत है।
2. यौन दुरूपयोग- यौन दुरुपायोग में सम्मिलित है यौन प्रकृति का कोई भी आचरण जो महिला की गरिमा का दुरूपयोग करता है, उसे अपमानित करता है, तिरस्कृत करता है या उसका उल्लंघन करता है।
3. भावनात्मक दुरुपयोग- भावनात्मक दुरुपयोग में शामिल है अपमान, हंसी उड़ाना, तिरस्कार करना, गाली देना और कोई संतान या लड़का नहीं होने के बारे में विशेषकर अपमानित करता है या हसी उड़ाता है। या किसी भी व्यक्ति जिससे व्यथित व्यक्ति हितबद्ध है को शारीरिक दर्द पहुंचाने की बार-बार धमकी देता है।

4. आर्थिक दुरुपयोग- आर्थिक दुरुपयोग में सम्मिलित है कोई भी या सभी आर्थिक या वित्तीय संसाधन जिससे व्यथित व्यक्ति विधि या प्रथा के अधीन है चाहे न्यायालय के आदेश के अधीन संदेय हो या व्यथित व्यक्ति की आवश्यकता होने के कारण अपेक्षित है, से वंचित करना इसमें शामिल है।

घरेलु हिंसा के कारण

भारत में घरेलु हिंसा केवल आज की समस्या नहीं है बल्कि इसका आधार सामाजिक सांस्कृतिक पृष्ठभूमि में रहा है। कुरीतियॉ, रीति-रिवाज, मूल्यों विश्वासों ने जिस पुरूष प्रधान व्यवस्था को जन्म दिया उसके कारण लिंगगत भेदभाव, असमानता दहेज़, बाल विवाह, सती प्रथा जैसी अनेक अन्यायकारी व्यवस्थाओं को बढ़ावा मिला। समय के साथ सामाजिक सोच में बदलाव तो हुआ परन्तु कुछ नए कारणों के उत्पन्न होने से समस्या का समाधान और सामाजिक सोच में बड़ा बदलाव नहीं हो सका। भौतिकवाद के साथ बढ़ते उपभोगतावाद और व्यक्तिवाद ने पारिवारिक कुसामंजस्य को बढ़ावा दिया है। भोग- विलास, फैशन परस्ती के कारण पारस्परिक आदर, श्रद्धा, स्नेह और मान-सम्मान का महत्त्व समाप्त हो गया है। घरेलु हिंसा के लिए सामाजिक कुप्रथाओं का योगदान सर्वाधिक है। दहेज, बाल-विवाह, विधवा पुनर्विवाह निषेध, सती प्रथा, पर्दा प्रथा जैसी कुरीतियाँ घरेलु हिंसा को प्रेरित करती हैं। यद्यपि कुरीतियों को ख़त्म करने के प्रयास होते रहें है, परन्तु पूर्ण विराम के न लग पाने के पीछे के कारण अशिक्षा, निर्धनता, रुढ़िवादी सोच है। इनका स्वरूप बदल गया है, पर ये समाज में अभी भी व्याप्त हैं। आधुनिकता की प्रवृति, उपभोगतावादी सोच ने भोगविलास को बढ़ावा दिया है। परिवार के प्रत्येक सदस्य द्वारा बाजार में उपलब्ध वस्तुओं की मांग और व्यक्तिगत कर्तव्यों को तिलांजलि ने पारिवारिक विवादों को बढ़ावा दिया है। जिसमें घरेलु हिंसा को भी बढ़ावा मिला है। तथाकथित आधुनिकता ने यौनाचार, अविवाहित मातृत्व, गर्भपात, परपुरुषगमन की स्थितियां पैदा कर पारिवारिक संघर्ष को बढ़ावा दिया है। वैवाहिक जीवन की विफलता, अश्लील साहित्य, फिल्मों, वेबसीरिज, टी.वी. कार्यकर्मों में परोसी जा रही अश्लीलता ने भी घरेलु हिंसा की प्रवत्ति को बढ़ा दिया है। महिलाओं में अशिक्षा भी एक अन्य महत्त्वपूर्ण कारक है जिसके कारण महिलाएं चारदीवारी के अन्दर घरेलु हिंसा का शिकार होती हैं।

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण उत्तराखंड के प्रावधान में समय-समय पर महिला जागरूकता अभियान एवं परामर्श सत्रों का आयोजन किया जाता है। जिसमें महिलाओं के साथ पुरुषों को भी लिंग आधारित संवेदनशील होने हेतु प्रयास किये जा रहे है।

एक रिपोर्ट में कहा गया है कि कोरोनो वायरस से लड़ने के लिए देशव्यापी तालाबंदी के बीच उत्तराखंड में घरेलु हिंसा के सबसे अधिक मामले दर्ज किए गए, इसके बाद हरियाणा और दिल्ली का स्थान है।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण ने कोरोना के दौरान घरेलु हिंसा के जो आँकड़े जारी किये है। इस अवधि के दौरान प्रदान की गई कानूनी सहायता पर प्राधिकरण की अंतरिम रिपोर्ट और आंकड़ों के अनुसार, घरेलु हिंसा के 63 मामले राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में, 144 मामले उत्तराखंड से और 79 मामले हरियाणा से सामने आए। पीड़ित महिलाओं ने काउंसलर से संपर्क कर मदद मांगी। ऐसी स्थिति में समाज कार्य विषय की प्रासंगिकता अधिक बढ़ जाती है कि ये सब समाज में जनजागरण का कार्य करें और समुदाय स्तर पर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

उपचार

घरेलु हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005 के अनुसार घरेलु हिंसा से सम्बंधित सूचना को व्यथित व्यक्ति द्वारा दाखिल किया जाना आवश्यक नहीं है, कोई भी व्यक्ति जिसे यह विश्वास करने का

कारण है कि ऐसा कार्य किया गया है या किया जा रहा है अर्थात् पड़ोसी, सामाजिक कार्यकर्त्ता, सम्बन्धी इत्यादि पीड़ित की ओर से पहल कर सकता है।

अधिनियम के अंतर्गत घरेलु हिंसा से व्यथित व्यक्ति के अधिकार

1. अधिनियम की धारा 5 (महिलाओं के संरक्षण के संवैधानिक प्रावधान) के अधीन उन अधिकारों को जानने और अनुतोष के विषय में संरक्षण अधिकारी और सेवा प्रदाता से जानने का अधिकार।
2. संरक्षण अधिकारी, सेवा प्रदाता या निकटतम पुलिस थाने के भारसाधक अधिकारी की सहायता प्राप्त कर शिकायत दर्ज करने और अनुतोष के लिए आवेदन में सहायता प्राप्त करने का अधिकार।
3. धारा 18 के अधीन घरेलु हिंसा के कृत्यों से स्वयं एवं अपनी संतानों/संतान के लिए संरक्षण प्राप्त करने का अधिकार।
4. धारा 19 के अधीन उसी घर में (जहाँ घरेलु हिंसा हुई है) में रहने और अन्य रहने वाले व्यक्तियों के हस्तक्षेप के बिना अलग अपनी संतानों के साथ निवास करने का अधिकार है।
5. धारा 18 के अधीन पीड़ित के स्त्रीधन, आभूषण, कपड़ों और दैनिक उपभोग की वस्तुओं और अन्य सामग्रियों पर कब्ज़ा पाने का अधिकार।
6. धारा 6,7,9,14 के अधीन चिकित्सीय सहायता, आश्रय, परामर्श और विधिक सहायता प्राप्त करना।
7. धारा 18 के अधीन घरेलु हिंसा कारित करने वाले से दूर रहना, धारा 22 के अधीन शारीरिक व मानसिक क्षति के लिए प्रतिकार प्राप्त करने का अधिकार।
8. घरेलु हिंसा के सम्बन्ध में किसी प्राधिकारी द्वारा अभिलिखित कथन की प्रतियाँ प्राप्त करना और किसी खतरे से बचाव के लिए पुलिस या संरक्षण अधिकारी से सहायता प्राप्त करने का अधिकार।

उपरोक्त महत्त्वपूर्ण प्रावधानों के आंकलन से स्पष्ट होता है कि घरेलु हिंसा से पीड़ित महिला को अपनी सामाजिक परिस्थिति व आर्थिक परिस्थिति में रहने का अधिकार प्राप्त है। अपनी संतानों के संरक्षण के लिए भी सहायता प्राप्त कर सकने का अधिकार प्राप्त है। महिला घरेलु हिंसा कारित करने वाले व्यक्ति से अनुतोष प्राप्त कर अपनी आर्थिक स्थिति को सुधारने व उसी घर में निवास करने का भी अधिकार रखती है। इस स्थिति में उसे सक्षम प्राधिकारी या संरक्षण अधिकारी से स्वयं की शारीरिक सुरक्षा और अपनी संतानों की सुरक्षा के लिए सहायता प्राप्त करने का भी अधिकार प्राप्त है।

घरेलु हिंसा से संरक्षण के लिए सुझाव:

आवश्यकता है कि समस्त महिलाओं को उनके अधिकारों को जानने के लिए कदम उठाये जाएं, संगोष्ठियां, सामाजिक कार्यकर्ताओं विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग द्वारा समय समय पर कार्यक्रम, जागरूकता अभियान चलाए जाएं जहाँ विधिक परामर्शदाताओं और अर्थशास्त्रियों या अर्थशास्त्र विभाग के साथ मिलकर महिलाओं को उनकी आर्थिक स्थिति को बेहतर करने और अपने पैरों पर खड़े होने के लिए प्रेरित भी किया जाए। महिलाओं को भरोसा दिलाया जाए कि उनके पास कई अधिकार हैं और वे उचित फोरम के माध्यम से संरक्षण भी प्राप्त कर सकती हैं।

जब व्यक्ति घरेलु हिंसा के प्रति अधिक अभ्यस्त हो जाता है तब भी महिलाओं पर दुर्व्यवहार का प्रतिशत बढ़ जाता है। पुरुष जहाँ एक ओर अपनी कुंठा और गलत आदतों के कारण महिलाओं पर अत्याचार करता है वही दूसरी ओर वह अपनी गलती को स्वीकार ना करते हुए अनेक तर्क देता है कि जो

कुछ एक महिला सहन कर रही है यह उसके कर्मों की अथवा अपनी की गयी गलतियों की ही सजा है, कई बार चापलूसी वस माफ़ी भी मांगी जाती है परंतु यह माफ़ी सिर्फ दिखावे के अलावा कुछ नहीं होती क्योंकि घरेलु हिंसा की प्रवृति बार-बार दोहराई जाती है और उस पर महिलाओं को उनके आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त ना होने के कारण अनेक यातनाओं को चुपचाप सहना पड़ता है।

जहाँ एक ओर घरेलु हिंसा के लिए कानून बना है वही रिपोर्ट करने के बाद के प्रभावों और सामाजिक रूप से फिर अनेक प्रकार की यातनाओं और संघर्षों को सोच कर एक महिला इसको अपना भाग्य समझ कर ज्यादातर चुप रहने में ही समझदारी समझती है क्योंकि एक अकेली महिला के लिए यदि वह आर्थिक रूप से कमजोर है तो उस परिस्थिति में परिवार और बच्चों का भरण-पोषण और कई अन्य समस्याएं भी सामने आती हैं।

राष्ट्रीय स्तर पर किए गए विभिन्न अध्ययनों से पता चलता है कि घरेलु हिंसा समुदाय में उच्च अनुपात में होती है। महिलाओं के शारीरिक, मानसिक और प्रजनन स्वास्थ्य के लिए परिणाम बड़े भयावह होते हैं और अंततः घरेलु हिंसा से मृत्यु का जोखिम भी बढ़ जाता है। उचित और समय पर हस्तक्षेप के लिए, घरेलु हिंसा की सीमा और प्रकृति को जानना महत्त्वपूर्ण है। (शहरी महिलाओं की तुलना में ग्रामीण महिलाओं में हिंसा होने की संभावना काफी अधिक रही है। ऐसा इसलिए हो सका है क्योंकि उन ग्रामीण महिलाओं में शहरी महिलाओं की तुलना में कम शिक्षा, कम आय और अपने अधिकारों के बारे में कम जागरूकता होती है। भारत एक विकासशील देश होने के बावजूद भी हिंसा की दर में कोई अंतर नहीं आ रहा है वरन हिंसा के नए-नए तरीके इजाद किये जा रहे हैं, हम किस तरह की महिला सशक्तिकरण की बाँट-जोह रहे हैं जबकि समाज का आधा तबका अभी भी शोषित, प्रताड़ित और संघर्षरत है कि उसको भी पुरुष के समान ही मानव समझा जाए।

इसी कारण से भारत में घरेलु हिंसा के बढ़ते मुद्दे को संबोधित करने के लिए एक मजबूत और कुशल रिपोर्टिंग तंत्र का होना महत्त्वपूर्ण हो जाता है। भारत की जनसांख्यिकी को ध्यान में रखते हुए, विभिन्न चिंताओं को दूर करने में सक्षम होने के लिए एक बहु-आयामी नीति तैयार करना आवश्यक है। महिला आयोगों के विशेषज्ञों को राष्ट्रीय, राज्य और जिला स्तर की नीतियों और दिशा-निर्देशों के निर्माण में शामिल किया जाना चाहिए, ताकि सभी स्तरों पर कार्य योजना तैयार करते समय महिलाओं, बच्चों और अन्य कमजोर समूहों से संबंधित मुद्दों को ध्यान में रखा जा सके। इस हेतु समान अवसर आयोग का गठन किया जाना चाहिए। घरेलु हिंसा से सम्बंधित मुद्दों को एक आवश्यक सेवा के रूप में शामिल करना होगा। घरेलु हिंसा के मामलों को अत्यधिक तत्परता से निपटने के लिए प्रत्येक पुलिस स्टेशन में गृह विभाग द्वारा कम से कम एक पुलिस अधिकारी को नामित किया जाना चाहिए।

अधिक संख्या सुरक्षित आश्रय गृहों और पीड़ितों के लिए सुरक्षित स्थान की उपलब्धता सार्वजनिक कार्यक्षेत्र में उपलब्ध होनी चाहिए। कॉलर-ट्यून, रेडियो, समाचार-पत्र, टेक्स्ट संदेश और सोशल मीडिया अभियानों के माध्यम से प्रभावशाली लोगों के माध्यम से घोषणा करके हेल्पलाइन नंबर या ईमेल पते या व्हाट्सएप नंबरों के बारे में जागरूकता बढ़ाना महत्त्वपूर्ण कदम होगा।

इसके अतिरिक्त अन्य सुझाव निम्नलिखित हैं -

1. विवाह के इच्छुक जोड़ों को विवाह पूर्व परामर्श प्रबंधन करने के तरीके के बारे में एवं उनके वैवाहिक संबंध के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण इत्यादि की शिक्षा और जागरूकता दिया जाना आवश्यक है।
2. समय के अनुसार परिवर्तित होती परिस्थितियों में खास जगह के रीति-रिवाज और आधुनिकता के पैमानों पर जनजागरण के माध्यम से सार्वजनिक ज्ञान प्रदान किया जाना आवश्यक है।
3. घरेलु हिंसा के नकारात्मक प्रभावों पर मीडिया के माध्यम से जनजागरण आवश्यक है।

4. प्रत्येक धर्म के धर्माचार्यों को भी सख्ती से इसके खिलाफ आवाज उठाने के साथ इसकी शिक्षा देनी चाहिए।
5. युवाओं को इस ओर अधिक जागरूक करने की जरूरत है और यह कार्य प्रथम स्तर पर घर से ही शुरू होना चाहिए ताकि नैतिक शिक्षा के माध्यम से लिंग-आधारित भेदभाव को प्रोत्साहित नहीं किया जाये।
6. समाज के प्रत्येक वर्ग चाहे वे पेशेवर हों या फिर अन्य सभी को इस विषय में सम्पूर्ण विधिक प्रावधानों एवं दंड इत्यादि के बारे में भी जागरूक किया जाना चाहिए ताकि ऐसे किसी कृत्य को करने से पहले ऐसे व्यक्ति सतर्क रहे कि उनको भी किस यातना से गुजरना पड़ सकता है।
7. लिंग-आधारित भेदभाव के प्रति लोगों को विशेष रूप से जागरूक किया जाना चाहिए और इसको अभ्यास में लाया जाना चाहिए।

सन्दर्भ:

1. घरेलु हिंसा से महिला संरक्षण अधिनियम 2005
2. घरेलु हिंसा से महिला संरक्षण नियम 2006
3. डॉ० सुमन राय, कमेटी घरेलु हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005
4. Ankur K. Domestic violence in India: Causes, consequences and remedies (document on the Internet) Youth Ki Awaaz; 2010. [Last accessed on 2018 Mar 19]. Available from: http://www.youthkiawaaz.com/2010/02/domestic-violence-in-indiacausesconsequences-and-remedies-2/ [Google Scholar]
5. Charlette SL, Nongkynrih B, Gupta SK. Domestic violence in India: Need for public health action. Indian J Public Health. 2012;56:140–5. [PubMed] [Google Scholar]
6. Patel V. Gender in mental health research. Geneva: World Health Organization; 2004. [Last accessed on 2018 Mar 19]. pp. 11–21. World Health Organization. Gender and Health Research Series. Available from: http://apps.who.int/iris/bitstrem/handle/10665/43084/9241592532.pdf;jsessionid=B1254B7C832653F0B11AAC5BB4F2BA7A/sequence=1 . [Google Scholar]
7. International Institute for Population Sciences (IIPS) and Macro International. National Family Health Survey (NFHS-3), 2005-06 Domestic Violence: India. I. Mumbai: IIPS; 2007. [Last accessed on 2018 Mar 19]. Available from: http://www.measuredhs.com/pubs/pdf/FRIND3/15 Chapter 15.pdf . [Google Scholar]
8. https://swarajyamag.com/news-brief/uttarakhand-records-most-number-of-domestic-violence-cases-during-lockdown-reports
9. https://www.researchgate.net/publication/350048435_CRIME_AGAINST_WOMEN_IN_THE_STATE_OF_UTTARAKHAND_A_SOCIAL_STAIN

❐❐❐

---

1. सहायक प्राध्यापक, विधि विभाग, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी
2. सहायक प्राध्यापक, अर्थशास्त्र विभाग, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी

राष्ट्रभाषा हिंदी की आवश्यकता

–डॉ. अमृता श्री

नई शिक्षा नीति '2020' में भी कई भारतीय भाषाओं की लुप्तप्राय स्थितियों पर चिंता प्रकट की गई है और ऐसे में यह और ज़रूरी हो जाता है कि किसी एक भारतीय भाषा को राष्ट्रभाषा बनाया जाए और ऐसा करने से ही अन्य सभी भारतीय भाषाओं का विकास सम्भव है। अँग्रेजी के वर्चस्व से हिंदी का केवल नुक़सान हुआ हो ऐसा नहीं है

किसी भी राष्ट्र की राष्ट्रीयता के निर्माण में कुछ आवश्यक तत्वों का योगदान रहता है। उन्हीं कुछ आवश्यक तत्वों में एक महत्त्वपूर्ण तत्व भाषा है। यानी वह भाषा जो हमारे राष्ट्र की राष्ट्रीयता का परिचायक हो। हमारे देश के साथ शुरू से ही यह दुर्भाग्य रहा कि वह अब तक एक भाषा-विहीन राष्ट्रीयता को ढो रहा है। वैसे तो हमारा देश विविधताओं का देश है और भाषायी स्तर पर भी काफ़ी विविधताएँ हैं। लेकिन इन्हीं विविधताओं में से एक ऐसी भाषा का चुनाव करना होगा जो हमारे राष्ट्र की राष्ट्रीय चेतना के साथ जुड़े।

अभी तक हमारे राष्ट्र की घोषित रूप से अपनी कोई राष्ट्रभाषा नहीं है। संविधान में हिंदी को राजभाषा घोषित किया गया है, लेकिन राष्ट्रभाषा के रूप में किसी भी भाषा का ज़िक्र नहीं किया गया है। राजभाषा एक संवैधानिक अवधारणा है और राष्ट्रभाषा अभी तक एक भावनात्मक अवधारणा के स्तर पर ही है। राजभाषा हिंदी ने भी अभी तक संवैधानिक रूप से अपने लक्ष्य को प्राप्त नहीं किया है। आज़ादी के बाद राजभाषा हिंदी के सहायक रूप में अँग्रेजी को शुरुआती पंद्रह वर्षों के लिए रखा गया था लेकिन यह अवधि आज़ादी के 75 वर्ष पूर्ण होने के बाद भी समाप्त नहीं हुई है। संविधान में सहायक रूप में अँग्रेजी है लेकिन वास्तविकता इसके उलट है। सबसे ज़्यादा जो भाषा जिस देश में बोली और समझी जाती हो उसकी जगह पर चंद मुट्ठी भर लोगों के द्वारा बोलने वाली भाषा को महत्त्व दिया गया, जो कि इस देश के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है। इन स्थितियों को देखकर यह महसूस होता है कि भले हमारा देश राजनीतिक रूप से पचहत्तर वर्ष पहले आज़ाद हो गया था लेकिन सांस्कृतिक रूप से आज भी ग़ुलाम ही है। इस सांस्कृतिक ग़ुलामी से मुक्ति पाने के लिए राष्ट्र को एक राष्ट्रभाषा की ज़रूरत है, इसमें कोई दो राय नहीं होनी चाहिए। महात्मा गाँधी से जब इस संदर्भ में प्रश्न किए जाते हैं कि "राष्ट्रभाषा की आवश्यकता क्यों है? क्या अनेक मातृभाषा और दूसरी विश्वभाषा काफ़ी न होगी ?" इसके उत्तर में गाँधी जी कहते हैं- "आपका यह प्रश्न आश्चर्य में डालने वाला है। अँग्रेजी तो विश्वभाषा है ही, मगर क्या वह हिंदुस्तान की राष्ट्रभाषा बन सकती है? राष्ट्रभाषा तो लाखों लोगों को जाननी ही चाहिए। वे

अँग्रेजी भाषा का बोझ कैसे उठा सकेंगें? हिंदुस्तानी स्वभाव से राष्ट्रभाषा है, क्योंकि वह लगभग 21 करोड़ की मातृभाषा है। सम्भव है कि 21 करोड़ की इस भाषा को बाक़ी के अधिकतर लोग आसानी से समझ सकें। लेकिन अँग्रेजी तो एक लाख की भी मातृभाषा शायद ही कही जा सके। अगर हिंदुस्तान को एक राष्ट्र बनना है अथवा वह एक राष्ट्र है तो हमें एक राष्ट्रभाषा तो चाहिए ही।" गाँधी जी का यह विचार 'हरिजन सेवक' में 26 अप्रैल 1942 में छपा था। तब से अब तक राष्ट्रभाषा की ज़रूरत अनवरत बनी हुई है।

भाषाई स्तर पर विविधताओं वाले देश में किसी एक भाषा को राष्ट्रभाषा बनाना आसान काम तो नहीं है। लेकिन राष्ट्रभाषा की यह पदवी वही भाषा प्राप्त करेगी जो इसकी योग्यता रखती हो। समस्त भारतीय भाषाओं में हिंदी अपनी यह योग्यता शुरू से साबित करती रही है। स्वतंत्रता आंदोलन के समय से ही हिंदी पूरे राष्ट्र को एक सूत्र में पिरोने की भूमिका निभाती रही है। स्वतंत्रता संग्राम की भाषा हिंदी थी। भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन को राष्ट्रव्यापी और लोकप्रिय बनाने में हिंदी की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही है। देश में हिंदी भाषा सबसे ज़्यादा बोली और समझी जाती है। विश्व में सबसे ज़्यादा बोली और समझी जाने वाली भाषाओं में हिंदी तीसरे स्थान पर है। हिंदी की इसी राष्ट्रव्यापी भूमिका को ध्यान में रखकर महात्मा गाँधी ने यह महसूस किया था कि भारत की एक राष्ट्रभाषा होनी चाहिए। स्वतंत्रता के समय गाँधी जी समेत समस्त भारतीय राजनेताओं व भाषाविदों ने हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने पर अपनी सहमति व्यक्त की। गाँधी जी कहते हैं "वही भाषा राष्ट्रीय बन सकती है, जिसे अधिक संख्यक लोग जानते बोलते हों और जो सीखने में सुगम हो। ऐसी भाषा हिंदी ही है" हिंदी राष्ट्रीय चेतना को खुद में धारण करने की पूरी योग्यता रखती है, इस बात से अधिकांश लोग अपनी सहमति रखते हैं। अभी तक राष्ट्रभाषा का मसला जो भावनात्मक स्तर पर है उसे एक ठोस और संवैधानिक धरातल मिलना ज़रूरी हो गया है।

हिंदी को जैसे ही राष्ट्रभाषा बनाने की क़वायद की जाती है तो बुद्धिजीवियों के एक वर्ग को अन्य भारतीय भाषाओं का विकास अवरुद्ध होते हुए दिखता है। दरअसल अन्य भारतीय भाषाओं की आड़ लेकर ये वर्ग हिंदी को राष्ट्रभाषा न बनाया जाए इसकी कोशिश करते हैं। अगर यह कारण होता तो (अभी तक अँग्रेजी की जो वर्चस्वता हमारे देश में है उससे समस्त भारतीय भाषाओं का विकास तो नहीं ही हो रहा है यह निश्चित है) ऐसी स्थिति में इस वर्ग द्वारा अँग्रेजी भाषा का विरोध भी किया जाना चाहिए था। किसी एक भारतीय भाषा का राष्ट्रभाषा बनने से ही अन्य भारतीय भाषाओं का समुचित विकास सम्भव है। अँग्रेजी की जगह हिंदी को महत्त्व दिया जाए तो अन्य भारतीय भाषाओं का भी विकास होगा। क्योंकि राजभाषा हिंदी के विकास के लिए संविधान के भाग-17 के अनुछेद 351 में सबसे पहले संस्कृत और उसके बाद अन्य भारतीय भाषाओं से शब्द लेने का आग्रह किया गया है। 'संघ का यह कर्तव्य होगा कि वह हिंदी भाषा का प्रसार बढ़ाए, उसका विकास करे जिससे वह भारत की सामासिक संस्कृति के सभी तत्वों की अभिव्यक्ति का माध्यम बन सके और उसकी प्रकृति में हस्तक्षेप किए बिना हिंदुस्तानी में और आठवीं अनुसूची में विनिर्दिष्ट भारत की अन्य भाषाओं में प्रयुक्त रूप, शैली और पदों को आत्मसात करते हुए और जहां आवश्यक या वांछनीय हो वहाँ उसके शब्द भंडार के लिए मुख्यतः संस्कृत से और गौणत: अन्य भाषाओं से शब्द ग्रहण करते हुए उसकी समृद्धि सुनिश्चित करे।' अगर इस पद्धति से हिंदी भाषा का विकास होता है और हिंदी राष्ट्रभाषा बनती है तो उससे अन्य भारतीय भाषाएँ भी खुद को जुड़ी हुई ही महसूस करेंगी न कि विलग क्यूँकि संविधान में भी हिंदी की प्रकृति को भारतीय सामासिक संस्कृति के सभी तत्वों की अभिव्यक्ति का माध्यम बनाने पर ज़ोर दिया गया है। यही बात महात्मा गाँधी अपने तरीक़े

से बोल रहे थे- "मैं हिंदी के ज़रिए प्रांतीय भाषाओं को दबाना नहीं चाहता, किंतु उनके साथ हिंदी को भी मिला देना चाहता हूँ, जिससे एक प्रांत दूसरे के साथ अपना सजीव सम्बंध जोड़ सके। इससे प्रांतीय भाषाओं के साथ हिंदी की भी श्री-वृद्धि होगी।"

नई शिक्षा नीति '2020' में भी कई भारतीय भाषाओं की लुप्तप्राय स्थितियों पर चिंता प्रकट की गई है और ऐसे में यह और ज़रूरी हो जाता है कि किसी एक भारतीय भाषा को राष्ट्रभाषा बनाया जाए और ऐसा करने से ही अन्य सभी भारतीय भाषाओं का विकास सम्भव है। अँग्रेजी के वर्चस्व से हिंदी का केवल नुक़सान हुआ हो ऐसा नहीं है बल्कि राष्ट्र के साथ-साथ सभी भारतीय भाषाओं के लिए भी अँग्रेजी का वर्चस्व नुक़सानदायक रहा है। हिंदी तो अपनी प्राणवत्ता, जिजीविषा, जनसंख्या, कमोबेश राजकीय संरक्षण के कारण, सीमित संदर्भों में ही सही, पल्लवित-पुष्पित हो रही है। लेकिन अन्य भारतीय भाषाओं का तो और भी बुरा हाल है। विगत 29 जुलाई 2020 को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020' को अपनी स्वीकृति प्रदान की। इस शिक्षा नीति की धारा 22.5 तथा 22.6 में भी लगभग सभी भारतीय भाषाओं की चिंताजनक अवस्था को रेखांकित करते हुए कहा गया है कि- "दुर्भाग्य से, भारतीय भाषाओं को समुचित ध्यान और देखभाल नहीं मिल पाई जिसके तहत देश ने विगत 50 वर्षों में ही 220 भाषाओं को खो दिया है। यूनेस्को ने 197 भारतीय भाषाओं को 'लुप्तप्राय' घोषित किया है। ... इसके अलावा, वे भारतीय भाषाएँ भी, जो आधिकारिक रूप से लुप्तप्राय की सूची में नहीं हैं- जैसे आठवीं अनुसूची की 22 भाषाएँ वे भी कई प्रकार की कठिनाइयों का सामना कर रही हैं।" आठवीं अनुसूची की 22 भाषाएँ, जिसमें हिंदी भी शामिल है, कहने के लिए तो 'राष्ट्रीय भाषाएँ' हैं लेकिन वास्तविकता यह है कि उनमें से अधिकांश तो प्रांत विशेष की और कुछ तो एक प्रांत के क्षेत्र विशेष की भाषा बनकर रह गई है। आठवीं अनुसूची के अलावा जो सैकड़ों भारतीय भाषाएँ हैं, उनमें से अधिकांश का तो अस्तित्व ख़तरे में है। मेरा यह दृढ़ मत है कि किसी एक भारतीय भाषा के राष्ट्रभाषा बनने से ही अन्य सभी भारतीय भाषाओं का समुचित विकास संभव है। अँग्रेजी के वर्चस्व का वर्तमान वातावरण और अंततः सभी भारतीय भाषाओं के लिए नुक़सानदायक है।

राष्ट्रभाषा हिंदी का स्वरूप क्या होना चाहिए ? दरअसल जब से हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने की बात की जाती है तो उसके स्वरूप पर भी विचार करने की परंपरा रही है। यह परंपरा महात्मा गाँधी के समय से ही देखने को मिलती है। जब गाँधी जी राष्ट्रभाषा के रूप में 'हिंदुस्तानी' को देखना चाहते थे तो वह उस 'हिंदुस्तानी' भाषा के स्वरूप पर भी प्रकाश डालते हैं। "हिंदुस्तानी यानी हिंदी और उर्दू के मिलाप से पैदा होने वाली भाषा।... हिंदुस्तानी से मेरा मतलब उस साहित्य की भाषा से है, जिसका आधार खड़ी-बोली है। पर जो न तो केवल संस्कृत के तत्समों को अपनाती है, न केवल अरबी-फ़ारसी के, बल्कि दोनों के।" लेकिन भाषा 'बहता नीर' है। भाषा की प्रवृत्ति होती है जटिलता से सरलता की ओर अग्रसर होना। कोई भाषा आगे चलकर अपना क्या रूप धारण करेगी यह तथ्य तो भविष्य के गर्त में छिपा होता है लेकिन भाषा के संदर्भ में यह तो निश्चित है कि जो भी रूप भाषा धारण करेगी वह पहले से ज़्यादा सरल होगा। गाँधी जी जब लिपियों के संदर्भ में यह कहते हैं कि "जिस लिपि में शक्ति रहेगी, वह लिपि ज़्यादा लिखी जाएगी और वह राष्ट्रीय लिपि बनेगी।" लिपि की शक्ति किस पर निर्भर करती है तो वह लिपि की सरलता है- "अंत में जिस लिपि में ज़्यादा सरलता होगी, उसकी विजय होगी।" समान प्रक्रिया भाषा पर भी लागू होती है। महात्मा गांधी की 'हिंदुस्तानी' किस प्रकार हिंदी में परिवर्तित हो गयी, यह आज सब के सामने है।

आजकल दो स्तरों पर हिंदी का स्वरूप प्रचलन में है एक हिंदी वह जो ज्ञान-विज्ञान की दुनिया से जुड़ी हुई है और जिसका प्रयोग सरकारी कार्यालयों में होता है जिसे 'राजभाषा हिंदी 'के नाम से जाना जाता है। यह हिंदी अपनी प्रकृति में जटिलता को लिए हुए है। दरअसल राजभाषा हिंदी के स्वरूप को भाषा की प्रवृति से मेल खाना चाहिए तभी वह ज़्यादा समय तक टिकी रहेगी। भाषा जितनी सरल और सहज रहेगी वह उतनी ही ज़्यादा प्रचलित होगी। हिंदी के कार्यालयी रूप को सरल और सहज करने की ज़रूरत है। जहाँ तक तकनीकी शब्दों की बात है तो उसे भी आसान बनाया जा सकता है। हर एक भाषा के शब्दों का अनुवाद करना ज़रूरी नहीं होता। दूसरे भाषा के शब्दों का हिंदी अनुवाद करने पर अपने विचार प्रकट करते हुए बालमुकुंद गुप्त अपने निबंध 'हिंदी भाषा' में कहते हैं- "अँग्रेजी के बहुत से शब्द ऐसे हैं कि जो हिंदी में कुछ बिगड़कर मिल गए हैं। उनके बोलने से उनका अर्थ भली-भाँति समझ में आ जाता है। पर उनका अनुवाद किया जावे तो समझना कठिन हो जावे। रेल, स्टेशन, लाट, क़मिटी आदि पचासों शब्द ऐसे हैं जिनका अनुवाद करना व्यर्थ सिर पचाना है। फ़ारसी, अरबी के कितने ही शब्द हिंदी में ऐसे मिल गए हैं कि लोग उनको हिंदी के शब्दों से भी प्यारा समझते हैं।" अगर डॉ. रघुवीर पारिभाषिक शब्दावली को बनाते हुए गुप्त जी के अनुवाद-सिद्धांत से सहमत हुए होते तो हिंदी भाषा की जटिलता जाती रहती। अगर किसी भाषा का कोई शब्द सरल हो तो उसका लिप्यांतरण करके हम उस शब्द को हुबहू अपनी भाषा में शामिल कर सकते हैं। अगर हम यही तरीक़ा अन्य भारतीय भाषाओं के शब्दों को हिंदी में शामिल करने पर अपनाते हैं तो ग़ैर हिंदी भाषा-भाषी लोग भी हिंदी से जुड़ाव महसूस करेंगें। हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए उसका सरल और सहज होना बहुत ज़रूरी है।

हिंदी का दूसरा स्वरूप बोल-चाल की हिंदी है। जो आजकल 'हिंग्लिश' हो गई है। भाषा में यह मिलावट कितनी सही है और कितनी ग़लत यह तो भविष्य के गर्त में छिपा हुआ है। लेकिन अगर आज हिंदी हिंग्लिश होती जा रही है तो अपनी भाषा-प्रवृत्ति (कठिनता से सरलता की ओर) के कारण ही। लेकिन यहाँ एक तथ्य ध्यातव्य है कि जब भाषा की शुद्धता पर महावीर प्रसाद द्विवेदी अथक कार्य किए तभी हिंदी भाषा एक मुकम्मल रूप धारण किया और उसका एक मानकीकृत रूप प्रचलन में आया। नहीं तो अभी तक द्विवेदी जी के शब्दों में "एक ही वाक्य को एक लेखक एक तरह लिखता है, दूसरा दूसरी तरह, तीसरा तीसरी तरह।" भाषा में शुद्धता बनी रहे, इस ज़िम्मेदारी को भी हमें उठाना होगा। भाषाई शुद्धतावादी दृष्टिकोण कितना सही है, कितना ग़लत निम्न दो उद्धरणों से स्पष्ट होता है। आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी की भाषाई शुद्धतावादी दृष्टिकोण की प्रशंसा करते हुए आचार्य रामचंद्र शुक्ल कहते हैं- "गद्य की भाषा पर द्विवेदी जी के शुभ प्रभाव का स्मरण, जब तक भाषा के लिए शुद्धता आवश्यक समझी जाएगी तब तक बना रहेगा।" इसी संदर्भ में हज़ारी प्रसाद द्विवेदी की टिप्पणी द्रष्टव्य है- "उन्होंने कठोरता के साथ माँज-घिसकर भाषा को व्यवस्थित करने का प्रयत्न किया। परंतु इस मँजाई-घिसाई का कुछ दुष्परिणाम भी हुआ। 19वीं शताब्दी के अंतिम चरण में भाषा के स्वच्छंद प्रयोग से शैली-वैचित्र्य का स्वाभाविक विकास हो रहा था। द्विवेदी जी की मँजाई-घिसाई से उसके स्वाभाविक और सहज विकास को थोड़ा धक्का भी लगा।" भाषाई शुद्धता तभी तक सही है जब तक भाषा का स्वाभाविक विकास अवरुद्ध न हो। हमें हिंदी भाषा के संदर्भ में भी एक संतुलन बनाकर चलना चाहिए ताकि हिंदी भाषा व्याकरणिक रूप से भी सही हो और भाषाई प्रवृत्ति की धारा में बहते हुए उसका स्वाभाविक विकास भी हो। आज हमें राष्ट्रभाषा हिंदी को इन्हीं सिद्धांतों

पर ले कर चलने की ज़रूरत है ताकि एक तरफ़ वह अपना मानकीकृत रूप को भी बनाए रखे और दूसरी तरफ़ उसका प्रचार-प्रसार भी व्यापक धरातल पर हो।

बोल-चाल की हिंदी जिसको कभी महात्मा गाँधी संपर्क भाषा के रूप में देखना चाहते थे, उसको अंतर-प्रांतीय भाषा बनाने की वकालत करते हुए कहते हैं- "हिंदुस्तानी हिंदुस्तान की भाषा है। वह सब प्रांतों की भाषा होनी चाहिए। जिसके यह माने नहीं है कि तमिलनाडु में तामिल का, आंध्र देश में तेलगु का, मलाबार में मलयालम का और कर्नाटक में कन्नड़ का कोई स्थान नहीं है। प्रांतों की अपनी-अपनी भाषाएँ हैं, और होनी चाहिए। लेकिन जब हम एक दूसरे प्रांत में चले जाते हैं, तो हमारी एक ऐसी भाषा होनी चाहिए जो सभी प्रांतों के लोगों के आपसी व्यवहार में सहायक हो, जिसे हम अंतर-प्रांतीय भाषा कह सकते हैं।" यानी हिंदी को संपर्क भाषा बनाया जा सकता है और चूँकि वो पूरे राष्ट्र के लोगों को आपस में जोड़ने की भूमिका निभाती है तो राष्ट्रभाषा बनने की भी योग्यता रखती है। जब हिंदी राजभाषा, संपर्क भाषा के पद पर सुशोभित हो सकती है तो राष्ट्रभाषा के पद पर क्यों नहीं?

संदर्भ

1. गाँधी जी, 'राष्ट्रभाषा हिंदुस्तानी', अनुवादक- काशीनाथ त्रिवेदी, नवजीवन प्रकाशन मंदिर, अहमदाबाद, संस्करण- 2008, पृष्ठ- 146
2. वही, पृष्ठ सं- 147
3. वही, पृष्ठ- 44
4. वही, पृष्ठ- 34
5. राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार, पृष्ठ- 87
6. गाँधी जी, 'राष्ट्रभाषा हिंदुस्तानी', अनुवादक- काशीनाथ त्रिवेदी, नवजीवन प्रकाशन मंदिर, अहमदाबाद, संस्करण- 2008, पृष्ठ- 134
7. वही, भूमिका से उद्धृत
8. वही, भूमिका से उद्धृत
9. बालमुकुंद गुप्त, 'निबंधों की दुनिया', वाणी प्रकाशन, नई दिलल्ली, संस्करण- 2009, पृष्ठ-74
10. 'महावीर प्रसाद द्विवेदी रचनावली', भाग-1, संकलन-सम्पादन- भारत यायावर, किताबघर प्रकाशन, प्रथम संस्करण- 1995, पृष्ठ- 92
11. आचार्य रामचंद्र शुक्ल, 'हिंदी साहित्य का इतिहास', प्रकाशन संस्थान, संस्करण-2009, पृष्ठ- 350
12. हज़ारी प्रसाद द्विवेदी, 'हिंदी साहित्य का उद्भव और विकास', राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, संस्करण - 2011, पृष्ठ- 137
13. गाँधी जी, 'राष्ट्रभाषा हिंदुस्तानी', अनुवादक- काशीनाथ त्रिवेदी, नवजीवन प्रकाशन मंदिर, अहमदाबाद, संस्करण- 2008, पृष्ठ- 143

❑❑❑

1. असिस्टेंट प्रोफ़ेसर, पंडित जवाहरलाल नेहरू राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, फ़रीदाबाद। ई- मेल : amritashreedu@gmail.com

एस. आर. हरनोट की कहानियों में वृद्धों का जीवन संघर्ष

–कुलदीप कुमार
–डॉ. रीता सिंह

वर्तमान के इस भौतिकवादी युग में वृद्धों की जो उपेक्षा हो रही है, वह नई पीढ़ी के लिए पतन का मार्ग प्रशस्त कर रही है। आज नई पीढ़ी के जीवन मूल्यों और संस्कारों में गिरावट देखने को मिल रही है। आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर युवा अपनी ही जिन्दगी में मस्त रहते है। उन्हें कभी यह चिंता नहीं होती जिन माता-पिता ने उन्हें सहारा दिया, उन्हें इस काबिल बनाया आज उन्हें सहारा देना भूल जाते है।

एस. आर हरनोट हिमाचल प्रदेश के प्रसिद्ध और चर्चित कथाकार है। इनके कथा साहित्य को प्रदेश और देश के अनेक विश्वविद्यालयों के पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है। हरनोट अपने कथा साहित्य में पहाड़ी संस्कृति, पहाड़ी भाषा, पहाड़ की खूबसूरती, पहाड़ों और नदियों की चिंता, पहाड़ के संघर्ष, पहाड़ी जन-जीवन से सम्बंधित नित नवीन विषयों को पाठकों के समक्ष रखते है। भूमंडलीकरण, औद्योगीकरण और नगरीकरण के प्रभाव से पहाड़, पहाड़ की संस्कृति और पहाड़ी जीवन में आये बदलावों, नैतिक मूल्यों, टूटते मानवीय रिश्तों, युवाओं का पलायन, पहाड़ों के गाँवों में रह रहे वृद्धों का अकेलापन आदि संवेदनशील विषयों को लेकर अपनी रचनाओं में चिंतित दिखाई देते हैं। युवाओं के पलायन और गिरते मानवीय मूल्यों से गाँवों में एकाकीपन के शिकार वृद्धों की विवशता को हरनोट महसूस करते है और ऐसे पात्रों को अक्सर अपनी कहानियों के केंद्र में रखकर उनका यथार्थ चित्रण करते हैं।

बीज शब्दः

पहाडी जीवन संघर्ष, भूमंडलीकरण, वृद्ध, वृद्धावस्था, युवाओं का पलायन, टूटते मानवीय मूल्य, एकाकी वृद्धों की पीड़ा और संघर्ष।

भूमिका :

एस. आर. हरनोट हिमाचल की ग्रामीण धरती में जन्मे एक प्रसिद्ध कथाकार है। जिनका कथा-साहित्य आज देश में ही नहीं, विश्व में भी पढ़ा और सराहा जा रहा है। इनकी कहानीयों में भूमंडलीकरण, औद्योगीकरण और नगरीकरण के प्रभाव को देखा जा सकता है। तभी देश-विदेश की कई भाषाओं में इनकी कहानियों के अनुवाद हो रहे है। भूमंडलीकरण और भौतिकवादी युग के कारण भारतीय जीवन, और समाज में काफी तेज गति से बदलाव आ रहा हैं। जिसमें सबसे अधिक बदलाव मानवीय रिश्तों और संबंधों पर पड़ा है। मानवीय रिश्तों और संबंधों की परिभाषा बदल गयी जिससे संयुक्त परिवार टूटते जा रहे हैं, एकल परिवार की परम्परा बढ़ती जा रही है। ऐसे वातावरण में बुजुर्ग जो कभी भारतीय परिवार और संस्कृति में पारिवारिक धरोहर, आस्था और आदर के प्रतीक हुआ करते थे। आज भारतीय परिवार और समाज में वृद्धों को उपेक्षा की दृष्टि से देखा जा रहा है। जिन माता-पिता ने अपना पूरा जीवन अपने बच्चों को पालने, पढ़ाने-लिखाने और उनकी जरूरतों को पूरा करने में लगा दिया। वृद्धावस्था में वही

माता-पिता उपेक्षित, असहाय और एकाकीपन महसूस कर रहे हैं। वृद्धों के संस्कार, पारंपरिक मूल्य और अनुभव परिवार और समाज के मार्गदर्शन का काम करते थे। आज जहाँ वृद्धजनों की स्थिति घर की पुरानी वस्तु की तरह हो गई है जिसे घर की खूबसूरती में दाग की तरह समझा जाता है। आज हमने भौतिकता को अपनाकर नैतिकता का परित्याग कर अपने वृद्धों को एकाकी जीवन जीने के लिए विवश कर दिया है।

वर्तमान में वृद्धों की समस्याएँ ग्रामीण न रहकर वैश्विक समस्या बन गई है। आज समूचा विश्व वृद्धों की बढ़ती समस्याओं के प्रति चिंतित है और समाधान का प्रयास कर रहा है। वृद्धों की पीड़ा, संवेदना और समस्याओं को हिंदी साहित्यकारों ने भी अपने साहित्य में चित्रित किया है। हिंदी साहित्यकार स्त्री विमर्श, दलित विमर्श, आदिवासी विमर्श, किन्नर विमर्श, पर्यावरण विमर्श तथा वृद्ध विमर्श आदि विचारधाराओं को पाठकों के सामने प्रस्तुत करने का काम कर रहे है। वृद्धों का संघर्ष परिवार, समाज और साहित्य में एक ज्वलंत मुद्दा है। यह संघर्ष किसी विशेष वर्ग, जाति, धर्म, लिंग का संघर्ष नहीं है बल्कि सम्पूर्ण मानव-समाज का संघर्ष है। यह संघर्ष सार्वदेशिक और सार्वकालिक है। वर्तमान समय में औद्योगीकरण, उपभोक्तावादी संस्कृति और नगरीकरण के कारण वृद्धावस्था में समायोजन से सम्बंधित अनेक समस्याएं परिवार में बड़ी तीव्रता से उत्पन्न हो रही हैं। आज का युवा जिस परिवेश में पल रहा है, वह वृद्धों के परिवेश से बिलकुल भिन्न है। आज की युवा पीढ़ी में पारिवारिक एकता से संबंधित नैतिक मूल्य टूटते जा रहे है। जिससे वृद्ध परिवार में अपनी भूमिका, स्थिति, आदर, सम्मान तथा प्रभुता को खोते जा रहे हैं। संयुक्त परिवार की अवधारणा समाप्त हो रही, जहाँ बुजुर्गो को आदर मिलता था। संयुक्त परिवार की जगह एकल परिवार ने ले ली जिसमें पति-पत्नी और बच्चें रह गए। बुजुर्गों के लिए वृद्ध-आश्रम खुलने लगे है। संयुक्त परिवार का विघटन, एकल परिवार में अभिवृद्धि एवं नगरीकरण के बढ़ते प्रभाव ने वृद्ध-जीवन को और भी अधिक कारुणिक बना दिया है। उपेक्षित लोगों को वाणी देने की महत्त्वपूर्ण भूमिका हिंदी साहित्य निभा रहा है। समाज के उपेक्षितों को अभिव्यक्त करने के लिए साहित्य की अनेक विधाएं है। लेकिन कहानी सर्वाधिक लोकप्रिय एवं प्रभावोत्पादक विधा है। कहानी समाज की समस्त समस्याओं एवं वर्तमान युग की जटिलताओं को व्यक्त करने में समर्थ है। वृद्धावस्था का संघर्ष और दारुण-दशा का सजीव चित्रण हरनोट ने अपनी कहानियों में किया हैं।

हरनोट की कहानियों में वृद्ध पात्रों का जीवन संघर्ष

हरनोट का साहित्य बड़ा व्यापक है। उनकी कहानियों में समाज के उपेक्षित वर्ग की पीड़ा है। जिसमें उन्होंने दलित, नारी, पर्यावरण तथा वृद्धों आदि से सम्बंधित संवेदनशील मुद्दों का यथार्थ चित्रण किया है। हरनोट की कहानियाँ पहाड़ी वृद्धों के जीवन संघर्ष से रु-बरु कराती है। उनकी दृष्टि हमेशा मानव और मानवता को बचाने की रही है। इसी क्रम में वृद्धों के संघर्ष की मार्मिक अभिव्यक्ति उनकी कहानियों 'माँ पढ़ती है', 'बिल्लियाँ बतियाती है', 'लोहे का बैल', 'बीस फुट के बापूजी', 'कागभाखा' इत्यादि में मिलती है।

'बिल्लियाँ बतियाती है' दारोश कहानी संग्रह की पहली कहानी है। इसमें अम्मा के अकेलेपन का विचित्र संसार है। उम्र के जिस पड़ाव में अम्मा है वहां उसे सबसे अधिक भावनात्मक सहारे की जरूरत है। अम्मा ने बेटे को हजारों कर्जा लेकर खूब पढ़ाया-लिखाया। एक दो खेत रेहन पर रक्खे। बेटे की नौकरी शहर में लगी और वहीं शहर में किसी लड़की से ब्याह भी कर लिया। बेटा गाँव और अम्मा को भूलकर वहीं का हो गया। लेकिन पति की मृत्यु और बहू के साथ बेटे की नगरोन्मुख्ता ने अम्मा को नितांत अकेला कर दिया। अम्मा ने अपने अकेलेपन के अनेक सहारे पाल लिए है। सुबह से शाम तक अम्मा किसी न किसी के साथ व्यस्त रहती है। इस कहानी का पहला अनुच्छेद, "अम्मा का झगडा शुरू हो गया। अपने आप से। दियासलाई की डिब्बिया से। ढिबरी से। चूल्हे में उपलों के बीच ठुंसी आग से और बाहर भीतर दौड़ती बिल्लियों से। यही सब होता है जब अम्मा उठती है। वह चार बजे के आसपास जागती है। ओबरे में पशु भी अम्मा के साथ ही उठ जाते हैं। आँगन में चिड़िया को भी इसी समय चहकते सुना जा सकता है और बिल्लियों की भगदड़ भी अम्मा के साथ शुरू हो जाती है। यह नहीं मालूम की अम्मा पहले जागती है या कि अम्मा की गायें याकि चिड़िया या फिर बिल्लियां। " (पृ. 9) अम्मा का साथ निभाने वाला उसका

बेटा नहीं बल्कि उसके अकेलेपन के साथी काली और निक्की नामक बिल्लियां, ओबरे में बांधे पशु, आँगन में चहकती चिड़िया। और इसके साथ गाँव के हर लोगों के साथ अम्मा किसी न किसी तरह व्यस्त रहती है। "ऐसा कोई बच्चा गाँव का न होगा जो अम्मा के यहाँ गुड की डली या मक्खन-रोटी न खा जाता हो, ऐसी औरत नहीं होगी

जो पानी-पनिहार, घास लकड़ी को आते जाते अम्मा के आँगन बैठ बीड़ी का कश न मार जाती होगी, ऐसा कुत्ता न होगा जो अम्मा के दरवाजे टुकड़ा न खा जाता होगा।" (पृ. 12) अब यही अम्मा का भरा-पूरा परिवार जिनसे वह अपना अकेलापन दूर करती है। जिनकी देखभाल में वह सुबह से शाम तक किसी न किसी तरह अपने को व्यस्त रखती है। यह कहानी गाँव में अकेली रह रही वृद्ध माँ की पीड़ा का अनोखा और मार्मिक चित्र प्रस्तुत करती है। माँ अपने घर, गृहस्थी, खेती से लेकर पशु-पक्षियों के साथ अपना तादात्म्य स्थापित कर लेती है। अपनी पीड़ा को किसी से नहीं बाँटती और न ही किसी से कोई शिकायत करती। जबकि उसका बेटा माँ की चिंताओं से विमुख अपने बीबी-बच्चों के साथ शहर में मजे से जी रहा है। माँ दिन-रात बेटे-बहू और पोतो की चिंता में लगी रहती। "अम्मा को डाकिये की बातें कई बार अकेले में याद आ जाया करती हैं। दंगे फसाद होते है, लाठियां-गोलियां चलती है। इन सभी के बीच उसके बेटे-बहू कैसे रहते होंगे। पोतू स्कुल कैसे जाता होगा। माँ का दिल है न ...बेटा दूर ही क्यों न हो, बहू नफरत क्यों न करे, अम्मा उन्हें याद किया करती है।" (पृ. 14) अंत में बेटा गाँव आता है, माँ से मिलने या हाल-चाल पूछने नहीं बल्कि पैसे लेने। लेकिन माँ से कहने की हिम्मत नहीं होती। पर माँ बेटे की बैचेनी और परेशानी समझ जाती है कि उसे पैसों की जरूरत है। अम्मा बेटे के बिना बोले अपनी सारी जमा-पूंजी ख़ुशी-ख़ुशी सौंप देती है। "तेरे सिरहाने पैसे रख दिए हैं बेटा। लेते जाना। तेरे काम आएंगे।" (पृ. 23) यहाँ माँ के चरित्र में जो सादगी, सहजता, वात्सल्य और प्रेम है वह अन्य किसी रिश्तों में नहीं। आधुनिकता के इस दौर में बच्चे माँ की ममता, त्याग, समर्पण, एकाकीपन को महसूस नहीं कर पाते। लेकिन माँ अपने बच्चों की हर समस्याओं और जरूरतों को बिना बोले समझ जाती है। हरनोट की कहानियां पहाड़ी जनजीवन में वृद्धों के संघर्षरत जीवन की सच्चाई प्रकट करती है।

'बीस फुट के बापू जी' और 'बिल्लियां बतियाती है' लगभग एक ही पृष्ठभूमि पर लिखी गई है। दोनों कहानियों की स्थितियां अलग-अलग है लेकिन इस कहानी में भी वही संघर्ष, एकाकीपन और स्मृतियाँ है। यह कहानी भी 'दारोश' कहानी संग्रह में संकलित है। यह कहानी बदलते परिवेश, टूटते मानवीय मूल्यों, पीढ़ियों के अंतराल की कहानी है। इस कहानी में अम्मा की जगह शिमला के रिज मैदान पर पर्यटकों की घुड़सवारी के लिए घोड़े का काम करने वाले स्वाभिमानी, आत्मनिर्भर पचहत्तर वर्षीय चाचू नामक पात्र का विवरण प्रस्तुत हुआ है। जो अकेलेपन का शिकार होता है। चाचू ने घर-परिवार और लड़के की पढ़ाई के लिए दिन-रात मेहनत की। बेटा स्कूल से निकला तो सेना में नौकरी मिल गयी। "चाचू चाहता था बेटा जहाँ भी नौकरी करे ठीक है पर अपने गाँव को न भूले। वहां अच्छा सा घर बनाए, ब्याह करके बच्चों को वहां रक्खे। आखिर अपनी जगह जमीन है। पर बेटे को यह नहीं भाया। उसने बार-बार चाचू को घोड़े का धंधा छोड़ने को कहा पर चाचू नहीं माना। अंत में बेटे ने चाचू को ही छोड़ दिया।" जिस घुड़सवारी के काम से चाचू ने अपने बेटे को पढ़ाया-लिखाया, उसी काम-धंधे की वजह से उसके बेटे ने अपने पिता को छोड़ दिया।

उपर्युक्त दोनों कहानियों में अकेलेपन के शिकार वृद्ध पात्र अम्मा और चाचू की कहानी है। दोनों कहानियों में अम्मा और चाचू अपने-अपने बेटों को खूब पढ़ाते-लिखाते है। बड़ा अफसर बनाते है, शादी अपनी मर्जी से करते है। वहीं बेटे अपने गाँव और माता-पिता को भूलकर शहर में बस जाते है। ये कहानियां युवाओं का पलायन, वृद्धों की उपेक्षा, अकेलापन और जीवन संघर्ष का मार्मिक यथार्थ प्रस्तुत करती है। । सामान्य भाषा में कहा जाए तो ये दोनों कहानियां दो पीढ़ियों के बीच वैचारिक मतभेद की कहानियां है।

'कागभाखा' दारोश कहानी संग्रह की चौथी कहानी है। 'दादी' इस कहानी की प्रमुख पात्र है। बहू-बेटे द्वारा उपेक्षित स्वाभिमानी दादी को कई वर्ष अकेले हो गए। दादी का एक बेटा था जो दोघरी में अपने बीबी बच्चों के साथ रहता था। बहू को दादी अच्छी नहीं लगती थी। वह जब भी बीमार होती हल्का जुखाम भी हो जाए उसका दोष भी दादी को जाता बजाय इसके कोई दवा ले। "इस बुढ़िया के पास भूत है। उसी ने

कुछ कर दिया है। " (पृ. 53) दादी 'काग' यानी कि कौए की भाषा समझती थी। जिससे गाँव की नई पीढ़ी दादी को अच्छा नहीं समझती थी। वे समझते थे दादी जरुर कोई जादू टोना जानती होगी। कुछ लोग तो दादी को डायन तक कह देते थे। दादी ये सुनकर चुपचाप इधर-उधर निकल जाया करती, कभी पेड़ के निचे बैठकर खूब रोया करती। दादी का मानना था कि कौए किसी का बुरा नहीं करते। बल्कि गाँव और परगने की अच्छे-बुरे की खबर रखते है। कोई इनकी भाषा समझे तो विपत्ति आने से पहले ही टल जाए। दादी अपना अनुभव और कागभाखा का ज्ञान सभी ग्रामीणों की भलाई में लगाती थी। किसी के घर में ब्याह-शादी, किसी के घर बेटा जन्मा हो या कोई भी गाँव का अच्छा-बुरा काम दादी के बगैर सम्पन्न नहीं होता। यही दादी मौका मिलने पर गलत बातों का विरोध भी करती है। दादी जानती है कि गाँव के प्रधान ने अधेड़ उम्र के मंगलू की जमीन के कागजात पर जबरदस्ती अंगूठा लगाकर उसकी हत्या कर दी। पुलिस पूछताछ के लिए जब गाँव में आती है तो पुलिस द्वारा भी वृद्ध पात्र दादी से बदतमीजी की जाती है। "ये रे बुढ़िया।

पूछ रहा हूं तेने तो नहीं कुछ कहना। " (पृ. 57) गाँव में प्रधान द्वारा वृद्धों की पेंशन में भ्रष्टाचार करना। " अपने प्रधान से क्यों नहीं पूछते। वह पेंशन मेरे नाम से इसने अपनी जनानी को लगा रखी है। " (पृ. 59) प्रधान के विरुद्ध आवाज उठाने की सजा दादी को मिलती है, उसे घर के अंदर जिन्दा जलाने से। प्रधान दादी के घर में आग लगा देता है। दादी किसी तरह जान बचाकर दोघरी अपने बेटे के घर पहुँचती है। दरवाजा खडखड़ाया। " बहू..कौन है इस वक्त ? "मैं हूं बहू, मैं। आवाज सुनकर बच्चे भी उठ गए। बड़ी लड़की ने पूछा, "अम्मा कौन है ? दरवाजा खोलूं ?" "नहीं ..नहीं मत खोलना। वह डायन है। " दादी ने सुना तो भीतर तक टूट गयी। पता नहीं कितनी देर दरवाजे के पास अँधेरे में रोती रही। " (पृ. 59,60) कहानी में बेटे-बहू, गाँव की नई पीढ़ी, प्रधान, पुलिस वाले आदि से संघर्ष करते दिखाया गया है। हरनोट ने पहाड़ों में ग्रामीण समाज के उपेक्षित वृद्ध पात्रों को बड़ी शिद्दत से महसूस किया है। उनकी वृद्धों के प्रति गहरी संवेदना अम्मा, घोड़ेवाले चाचू तथा दादी की संघर्षरत जीवनगाथा में दिखाई पड़ती है। हरनोट की कहानियों के सभी वृद्ध पात्र एकाकी के साथ-साथ मेहनतकश, संवेदनशील और संघर्षशील है। ये वृद्ध पात्र अकेलेपन और विषम पहाड़ी जीवन स्थितियों के बीच भी अपने संघर्ष से जीवन जी रहे है। उनकी कहानियां सजीव एवं जीवन के बिल्कुल करीब लगती है। परम्पराओं से जुड़े रहने की ललक एवं मूल्यों को बचाने की तड़प उनकी हर कहानियों की खास विशेषता है। उपर्युक्त कहानियां इस बात की सबूत है।

एस. आर. हरनोट की 'लोहे का बैल' कहानी कीलें कहानी संग्रह में संकलित है। इस कहानी में बेटा नौकरीशुदा और शादीशुदा के बाद अपने बूढ़े माता-पिता की मेहनत और त्याग को भूल जाता है। आजकल की युवा पीढ़ी बड़े होकर चार पैसे क्या कमाने लगते माता-पिता के फोन सुनने के लिए भी समय नहीं है। कहानी का वृद्ध पात्र शोभा जब शहर में रह रहे अपने बेटे को फ़ोन करता है। तो बेटे को अपने पिता से बात करने की बजाय रविवार की छुट्टी में सोना ज्यादा सुखदायक लगता है। "अरे कौन बोल रहा है, आराम से सोने भी नहीं देते ?"... "मैं बोल रहा हूँ बेटा".. "हाँ ..हाँ पहचान लिया, बोलो, क्यों किया फ़ोन सुबह..सुबह" (पृ. 65,66) शोभा ने बेटे को फ़ोन अपने सुख-दुःख प्रकट करने के लिए किया था। उसका एक बैल गिर के मर गया था। बेटे को लगा पैसे के लिए फ़ोन किया था। "मेरे से पैसों की उम्मीद मत रखना। तुम तो जानते हो, शहर के खर्चे कितने होते है। उस पर दिनोदिन महँगाई आसमान छू रही है। मैंने इसी साल एक घर ले लिया है, उसकी किश्ते जाती हैं। अब कार के लिए लोन ले रहा हूँ। छोटी गाडी तो रख नहीं सकता। हैसियत के मुताबिक बड़ी रखनी पड़ेगी। घर का सारा सामान बदला है। नया एल.सी.डी. लिया है। फुली ऑटोमेटिक वाशिंग मशीन और तीन सौ लीटर का सेमसंग का फ्रिज" (पृ. 68) बहुत बड़ी विडम्बना है जो बाप अपनी पूरी जिन्दगी कर्ज लेकर अपने बच्चों के भविष्य को बनाता है। अपनी खून पसीने की कमाई सिर्फ उसी पर लगाकर उसे इस काबिल बनाता है। लेकिन उस बेटे के पास बुजुर्ग माँ-बाप से बात करने की फुर्सत भी नहीं। ग्रामीण समाज भी शहरी परिवार की परिकल्पना के विस्तार से अछूता नहीं रहा। शोभा के बेटे ने अपनी पसंद से अपनी ही कंपनी में काम करने वाली अफसर से शादी की थी। उसकी पत्नी को गाँव के नाम से एलर्जी थी। शोभा और उसकी बीवी ने

तो कभी बहू का चेहरा तक नहीं देखा था। कहानी में शहर और गाँव दोनों की अति-आधुनिकता की स्वार्थी मनोवृति पर व्यंग्य किया गया है। जिसमें बेटे द्वारा पिता के साथ किया गया विश्वासघात को भी दिखाया गया है। शहर में रहने वाला बेटा अपने पिता से पूछे बिना गाँव की जमीन को बेच देता है। गाँव के मास्टर जी "पूरा एक लाख दिया है ब्याज पर। उसने शहर में घर लेना था। मैंने बिना सोचे उसे एक लाख दे दिया। अब देख न, पक्का कागज़ बनाया है। मै जानता हूँ साल दर साल ब्याज बढ़ता रहेगा और जिस दिन शोभा गया जमीन हमारी। " (पृ. 77) यह सब सुनकर एक पिता के हृदय में क्या गुजरी होगी। माता-पिता खून पसीने की कमाई से अपने बच्चों को पढ़ाते है। लेकिन युवाओं का गाँव से पलायन और नगरों के होकर रहना। माँ-बाप को बिना बताए शादी करना। गाँव एवं बुजुर्ग माता-पिता को उपेक्षित और अकेला छोड़कर शहरों में बस जाना। एस. आर हरनोट इन समस्याओं को गहन संवेदनाओं और यथार्थ के साथ चित्रित करते है।

निष्कर्ष :

वर्तमान के इस भौतिकवादी युग में वृद्धों की जो उपेक्षा हो रही है, वह नई पीढ़ी के लिए पतन का मार्ग प्रशस्त कर रही है। आज नई पीढ़ी के जीवन मूल्यों और संस्कारों में गिरावट देखने को मिल रही है। आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर युवा अपनी ही जिन्दगी में मस्त रहते है। उन्हें कभी यह चिंता नहीं होती जिन माता-पिता ने उन्हें सहारा दिया, उन्हें इस काबिल बनाया आज उन्हें सहारा देना भूल जाते है। माता-पिता की भावनाओं को अनदेखा कर स्वार्थी होकर अपनी जिन्दगी जीना चाहते हैं। इस भावी पीढ़ी को वृद्धों की भावनाओं और संवेदनाओं को समझना चाहिए। उपर्युक्त कहानियों में लेखक ने ग्रामीण समाज के वृद्ध जीवन के संघर्षों से हमें अवगत करवाया है। समस्त कहानियां वृद्ध पात्रों के अकेलेपन, गाँव से युवाओं के पलायन, वृद्धो की उपेक्षा, संवेदनाओं और संघर्षों की गाथा बनकर उपस्थित हुई है। जीवन के अनुभवों का रचनात्मकता के साथ गहरा संबंध होता है। एस.आर. हरनोट उन्हीं जीवनानुभवों को उद्घाटित करते चलते है। ग्रामीण समाज के वृद्ध पात्रों, उनकी भाषा, रहन-सहन, पहनावा, दैनिक कार्यकलाप, उनकी समस्याओं और संघर्षों का यथार्थ चित्रण प्रस्तुत करते है। हरनोट अपनी कहानियों के माध्यम से युवा पीढ़ी का ध्यान वृद्धों के जीवन संघर्षों की ओर आकृष्ट करना चाहते है, जिस ओर वे अपनी व्यस्तता, स्वार्थपरता, एवं कर्तव्यहीनता के कारण नहीं दे पाते। युवा पीढ़ी को अपनी व्यस्तता के साथ-साथ माता-पिता के प्रति अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन करना चाहिए।

सन्दर्भ सूची:

1. हरनोट, एस.आर. (2001) दारोश तथा अन्य कहानियां. पंचकूला हरियाणा : आधार प्रकाशन. पृष्ठ सं०-09
2. हरनोट, एस.आर. (2001) दारोश तथा अन्य कहानियां. पंचकूला हरियाणा : आधार प्रकाशन. पृष्ठ सं०-12
3. हरनोट, एस.आर. (2001) दारोश तथा अन्य कहानियां. पंचकूला हरियाणा : आधार प्रकाशन. पृष्ठ सं०-14
4. हरनोट, एस.आर. (2001) दारोश तथा अन्य कहानियां. पंचकूला हरियाणा : आधार प्रकाशन. पृष्ठ सं०-23
5. हरनोट, एस.आर. (2001) दारोश तथा अन्य कहानियां. पंचकूला हरियाणा : आधार प्रकाशन. पृष्ठ सं०-53
6. हरनोट, एस.आर. (2001) दारोश तथा अन्य कहानियां. पंचकूला हरियाणा : आधार प्रकाशन. पृष्ठ सं०-57
7. हरनोट, एस.आर. (2001) दारोश तथा अन्य कहानियां. पंचकूला हरियाणा : आधार प्रकाशन. पृष्ठ सं०-59
8. हरनोट, एस.आर. (2001) दारोश तथा अन्य कहानियां. पंचकूला हरियाणा : आधार प्रकाशन. पृष्ठ सं०-59-60
9. हरनोट, एस.आर. (2019) कीलें. एम.एस. प्रिंटर्स, दिल्ली : वाणी प्रकाशन. पृष्ठ सं०- 65-66
10. हरनोट, एस.आर. (2019) कीलें. एम.एस. प्रिंटर्स, दिल्ली : वाणी प्रकाशन. पृष्ठ सं०- 68
11. हरनोट, एस.आर. (2019) कीलें. एम.एस. प्रिंटर्स, दिल्ली : वाणी प्रकाशन. पृष्ठ सं०- 77

❒❒❒

1. शोध लेखक : कुलदीप कुमार (शोधार्थी) लवली प्रोफ़ेशन यूनिवर्सिटी, फगवाड़ा पंजाब ।
2. शोध निर्देशिका : डॉ. रीता सिंह असिस्टेंट प्रोफ़ेसर लवली प्रोफ़ेशन यूनिवर्सिटी पंजाब।

भाषा का प्रश्न और राष्ट्रीय शिक्षा नीति

–साकेत बिहारी

स्कूली और उच्च शिक्षा में छात्रों के लिये संस्कृत और अन्य प्राचीन भारतीय भाषाओं का विकल्प उपलब्ध होगा परंतु किसी भी छात्र पर भाषा के चुनाव की कोई बाध्यता नहीं होगी। बधिर छात्रों के लिये राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर पाठ्यक्रम सामग्री विकसित की जाएगी तथा भारतीय संकेत भाषा ISL को पूरे देश में मानकीकृत किया जाएगा।

सारांश

स्कूली और उच्च शिक्षा में छात्रों के लिये संस्कृत और अन्य प्राचीन भारतीय भाषाओं का विकल्प उपलब्ध होगा परंतु किसी भी छात्र पर भाषा के चुनाव की कोई बाध्यता नहीं होगी। बधिर छात्रों के लिये राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर पाठ्यक्रम सामग्री विकसित की जाएगी तथा भारतीय संकेत भाषा ISL को पूरे देश में मानकीकृत किया जाएगा। NEP-2020 के तहत भारतीय भाषाओं के संरक्षण और विकास के लिये एक 'भारतीय अनुवाद और व्याख्या संस्थान' IITI, 'फारसी, पाली और प्राकृत के लिये राष्ट्रीय संस्थान (या संस्थान)' [National Institute (or Institutes) for Pali, Persian and Prakrit] स्थापित करने के साथ उच्च शिक्षण संस्थानों में भाषा विभाग को मज़बूत बनाने एवं उच्च शिक्षण संस्थानों में अध्यापन के माध्यम से रूप में मातृभाषा/ स्थानीय भाषा को बढ़ावा दिये जाने का सुझाव दिया है।

परिचय

शिक्षा का शाब्दिक अर्थ है सीखने और सिखाने की क्रिया। इस प्रकार हम कह सकते हैं कि किसी भी समाज में चलने वाली वह निरंतर प्रक्रिया जिसका उद्देश्य इंसान की आन्तरिक शक्तियों का विकास करना और उसके व्यवहार में सुधार लाना है। शिक्षा का प्राथमिक उद्देश्य ज्ञान और कौशल में वृद्धि कर मनुष्य को योग्य नागरिक बनाना है।

गौरतलब है कि आजादी के बाद भारत में पहली शिक्षा नीति सन 1986 में बनाई गई थी जो मुख्यतः लॉर्ड मैकाले की अंग्रेजी प्रधान शिक्षा नीति पर आधारित थी। इसमें सन् 1992 में कुछ संशोधन भी किए गए किंतु इसका ढांचा मूलतः अंग्रेजी माध्यम शिक्षा पर ही केंद्रित रहा।

आज समय के साथ हमें यह महसूस हुआ कि 1986 की वह

शिक्षा नीति में कुछ खामियां हैं इसके तहत बच्चा ज्ञान तो हासिल कर रहा है किन्तु यह ज्ञान उसके भविष्य में रोजगार के अवसर पैदा करने योग्य नही बन पा रहा है। अतः इन कमियों को दूर करने के लिए नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लाने की आवश्यकता पड़ी।

नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, 21वीं शताब्दी की ऐसी पहली शिक्षा नीति है, जिसका लक्ष्य हमारे देश के विकास के लिए आने वाले आवश्यकता को पूरा करना है। यह नीति भारत की परंपरा और उसके सांस्कृतिक मूल्यों को बरकरार रखते हुए 21वीं सदी की शिक्षा के लिए आकांक्षात्मक लक्ष्य, जिसके अंतर्गत शिक्षा व्यवस्था उसके नियमों का वर्णन सहित सभी पक्षों के सुधार और पुनर्गठन का प्रस्ताव रखता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति प्रत्येक व्यक्ति में निहित रचनात्मक क्षमता के विकास पर जोर देती है। यह नीति इस सिद्धांत पर आधारित है कि शिक्षा से ना केवल साक्षरता, उच्च स्तर की तार्किक और समस्या समाधान संबंधित संज्ञानात्मक क्षमताओं का विकास होना चाहिए बल्कि नैतिक सामाजिक और भावनात्मक स्तर पर भी व्यक्ति का विकास होना चाहिए।

विश्लेषण

नई शिक्षा नीति के निर्माण के लिये जून 2017 में पूर्व इसरो प्रमुख डॉ. के. कस्तूरीरंगन की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया गया था, इस समिति ने मई 2019 में 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति का मसौदा' प्रस्तुत किया था। 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP), 2020' वर्ष 1968 और वर्ष 1986 के बाद स्वतंत्र भारत की तीसरी शिक्षा नीति होगी।

NEP-2020 के तहत केंद्र व राज्य सरकार के सहयोग से शिक्षा क्षेत्र पर देश की जीडीपी के 6% हिस्से के बराबर निवेश का लक्ष्य रखा गया है।

- नई शिक्षा नीति में वर्तमान में सक्रिय 10+2 के शैक्षिक मॉडल के स्थान पर शैक्षिक पाठ्यक्रम को 5+3+3+4 प्रणाली के आधार पर विभाजित करने की बात कही गई है।
- तकनीकी शिक्षा, भाषाई बाध्यताओं को दूर करने, दिव्यांग छात्रों के लिये शिक्षा को सुगम बनाने आदि के लिये तकनीकी के प्रयोग को बढ़ावा देने पर बल दिया गया है।
- इस शिक्षा नीति में छात्रों में रचनात्मक सोच, तार्किक निर्णय और नवाचार की भावना को प्रोत्साहित करने पर बल दिया गया है।
- कैबिनेट द्वारा 'मानव संसाधन विकास मंत्रालय' का नाम बदल कर 'शिक्षा मंत्रालय' करने को भी मंज़ूरी दी गई है।
- 3 वर्ष से 8 वर्ष की आयु के बच्चों के लिये शैक्षिक पाठ्यक्रम का दो समूहों में विभाजन – 3 वर्ष से 6 वर्ष की आयु के बच्चों के लिये आँगनवाड़ी / बालवाटिका/ प्री-स्कूल के माध्यम से मुफ्त, सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण "प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा" की उपलब्धता सुनिश्चित करना।
- 6 वर्ष से 8 वर्ष तक के बच्चों को प्राथमिक विद्यालयों में कक्षा-1 और 2 में शिक्षा प्रदान की जाएगी।

- प्रारंभिक शिक्षा को बहुस्तरीय खेल और गतिविधि आधारित बनाने को प्राथमिकता दी जाएगी।

NEP-2020 में कक्षा-5 तक की शिक्षा में मातृभाषा/ स्थानीय या क्षेत्रीय भाषा को अध्यापन के माध्यम के रूप में अपनाने पर बल दिया गया है, साथ ही इस नीति में मातृभाषा को कक्षा-8 और आगे की शिक्षा के लिये प्राथमिकता देने का सुझाव दिया गया है। भाषाई विविधता को बढ़ावा और संरक्षण:

- स्कूली और उच्च शिक्षा में छात्रों के लिये संस्कृत और अन्य प्राचीन भारतीय भाषाओं का विकल्प उपलब्ध होगा परंतु किसी भी छात्र पर भाषा के चुनाव की कोई बाध्यता नहीं होगी।
- बधिर छात्रों के लिये राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर पाठ्यक्रम सामग्री विकसित की जाएगी तथा भारतीय संकेत भाषा ISL को पूरे देश में मानकीकृत किया जाएगा।
- NEP-2020 के तहत भारतीय भाषाओं के संरक्षण और विकास के लिये एक 'भारतीय अनुवाद और व्याख्या संस्थान' IITI, 'फारसी, पाली और प्राकृत के लिये राष्ट्रीय संस्थान (या संस्थान)' [National Institute (or Institutes) for Pali, Persian and Prakrit] स्थापित करने के साथ उच्च शिक्षण संस्थानों में भाषा विभाग को मज़बूत बनाने एवं उच्च शिक्षण संस्थानों में अध्यापन के माध्यम से रूप में मातृभाषा/ स्थानीय भाषा को बढ़ावा दिये जाने का सुझाव दिया है।

पाठ्यक्रम और मूल्यांकन:

- इस नीति में प्रस्तावित सुधारों के अनुसार, कला और विज्ञान, व्यावसायिक तथा शैक्षणिक विषयों एवं पाठ्यक्रम व पाठ्येतर गतिविधियों के बीच बहुत अधिक अंतर नहीं होगा।
- कक्षा-6 से ही शैक्षिक पाठ्यक्रम में व्यावसायिक शिक्षा को शामिल कर दिया जाएगा और इसमें इंटर्नशिप की व्यवस्था भी दी जाएगी।
- 'राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद' NCERT द्वारा 'स्कूली शिक्षा के लिये राष्ट्रीय पाठ्यक्रम रूपरेखा' तैयार की जाएगी।
- NEP-2020 में छात्रों के सीखने की प्रगति की बेहतर जानकारी हेतु नियमित और रचनात्मक आकलन प्रणाली को अपनाने का सुझाव दिया गया है। साथ ही इसमें विश्लेषण तथा तार्किक क्षमता एवं सैद्धांतिक स्पष्टता के आकलन को प्राथमिकता देने का सुझाव दिया गया है।
- छात्रों के समग्र विकास के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए कक्षा-10 और कक्षा-12 की परीक्षाओं में बदलाव किये जाएंगे। इसमें भविष्य में समेस्टर या बहुविकल्पीय प्रश्न आदि जैसे सुधारों को शामिल किया जा सकता है।
- छात्रों की प्रगति के मूल्यांकन के लिये मानक-निर्धारक निकाय के रूप में 'परख' नामक एक नए 'राष्ट्रीय आकलन केंद्र' की स्थापना की जाएगी।
- NEP-2020 के तहत उच्च शिक्षण संस्थानों में 'सकल नामांकन अनुपात' (Gross Enrolment Ratio) को 26.3% (वर्ष 2018) से बढ़ाकर 50% तक करने का लक्ष्य रखा गया है, इसके साथ ही

देश के उच्च शिक्षण संस्थानों में 3.5 करोड़ नई सीटों को जोड़ा जाएगा।

- NEP-2020 के तहत स्नातक पाठ्यक्रम में महत्त्वपूर्ण सुधार किया गया है, इसमें मल्टीपल एंट्री एवं एग्जिट व्यवस्था को अपनाया गया है, इसके तहत 3 या 4 वर्ष के स्नातक कार्यक्रम में छात्र कई स्तरों पर पाठ्यक्रम को छोड़ सकेंगे और उन्हें उसी के अनुरूप डिग्री या प्रमाण पत्र दिये जाएंगे–
- 1 वर्ष के बाद प्रमाण पत्र (सर्टिफिकेट)
- 2 वर्ष के बाद डिप्लोमा
- 3 वर्ष के बाद डिग्री
- 4 वर्ष के बाद शोध के साथ स्नातक

विभिन्न उच्च शिक्षण संस्थानों से प्राप्त अंकों या क्रेडिट को डिजिटल रूप से सुरक्षित रखने के लिए एक अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट दिया जाएगा ताकि अलग अलग संस्थानों में छात्रों के प्रदर्शन के आधार पर उन्हें डिग्री प्रदान की जा सकें।

नई शिक्षा नीति के तहत एम.फिल कार्यक्रम को समाप्त कर दिया गया है।

भारत उच्च शिक्षा आयोग

चिकित्सा एवं कानूनी शिक्षा को छोड़कर पूरे उच्च शिक्षा क्षेत्र के लिये एक एकल निकाय के रूप में भारत उच्च शिक्षा आयोग (Higher Education Commission of India-HECI) का गठन किया जाएगा। HECI के कार्यों के प्रभावी और प्रदर्शितापूर्ण निष्पादन के लिये चार संस्थानों/निकायों का निर्धारण किया गया है-

विनियमन हेतु- National Higher Education Regulatory Council- NHERC

मानक निर्धारण- General Education Council- GEC

वितपोषण- Higher Education Grants Council-HEGC

प्रत्यायन- National Accreditation Council- NAC

नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के आने से पूर्व भारत में 1986 की शिक्षा नीति संचालित थी जिसमें केवल किताबी बातों पर ध्यान दिया जाता था पुराने शिक्षा नीति में कहीं भी इस बात का जिक्र नहीं था कि स्कूल में कक्षा छठवीं से बारहवीं तक अर्जित किया गया ज्ञान भविष्य में कैसे रोजगार सृजन में सहायक होगा। पुरानी शिक्षा नीति पाठ्यक्रम प्रधान थी, जिसमें बचपन से ही बच्चों को अंग्रेजी में पढ़ने लिखने हेतु विवश किया जाता था, जिस कारण बच्चा अपनी मातृभाषा से अनभिज्ञ बना रहा। पहले उच्च शिक्षा ग्रहण करने के दौरान यदि किसी कारणवश बच्चा 1 या 2 साल बाद पढ़ाई बीच में छोड़ता था तो उसका नुकसान होता था। 1 या 2 वर्षों में उसने जो कुछ भी सीखा उसका कोई प्रमाण पत्र प्राप्त नहीं होता था जिसके कारण पुनः डिग्री करने के लिए उसे अपने साल बर्बाद करने पड़ते थे। पहले कंप्यूटर या तकनीकी ज्ञान का अभाव था, बच्चा उच्च शिक्षण संस्थानों में जाकर कोडिंग का ज्ञान लेता था किंतु अब छठी कक्षा से ही बच्चों

को कोडिंग सिखाई जाएगी। NEP-2020 में एक ऐसे पाठ्यक्रम और अध्यापन प्रणाली/विधि के विकास पर बल दिया गया है जिसके तहत पाठ्यक्रम के बोझ को कम करते हुए छात्रों में 21वीं सदी के कौशल के विकास, अनुभव आधारित शिक्षण और तार्किक चिंतन को प्रोत्साहित करने पर विशेष ध्यान दिया जाए। पहले कॉलेज से 3 साल की डिग्री लेने के बाद 2 वर्ष स्नातकोत्तर और फिर 2 वर्ष का एम.फिल उसके बाद 5 वर्ष पीएचडी करने के बाद शोध उपाधि प्राप्त हो पाती थी। किंतु अब एम फिल को समाप्त कर दिया है।

नई शिक्षा

1. राष्ट्रीय शिक्षा नीति (National Education Policy) 2020 में, भाषा एक नकारात्मक कारक है क्योंकि भारत में एक समस्याग्रस्त शिक्षक से छात्र अनुपात है, इसलिए शैक्षणिक संस्थानों में प्रत्येक विषय के लिए मातृभाषा की शुरूआत एक समस्या है। कभी-कभी एक सक्षम शिक्षक ढूंढना एक समस्या बन जाता है और अब NEP 2020 की शुरुआत के साथ एक और चुनौती आती है, जो अध्ययन सामग्री को मातृभाषा में लाना है।
2. 2020 की राष्ट्रीय शिक्षा नीति (National Education Policy) के अनुसार, जो छात्र स्नातक की पढ़ाई पूरी करना चाहते हैं, उन्हें चार साल की पढ़ाई करनी होगी, जबकि कोई भी आसानी से दो साल में अपना डिप्लोमा पूरा कर सकता है।

   यह छात्र को पाठ्यक्रम को आधा छोड़ने के लिए प्रोत्साहित कर सकता है।
3. राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार, निजी स्कूलों के छात्रों को सरकारी स्कूलों के छात्रों की तुलना में बहुत कम उम्र में अंग्रेजी से परिचित कराया जाएगा। सरकारी स्कूल के छात्रों को संबंधित क्षेत्रीय भाषाओं में शैक्षणिक पाठ्यक्रम पढ़ाया जाएगा।

यह नई शिक्षा नीति की प्रमुख कमियों में से एक है क्योंकि इससे अंग्रेजी में संवाद करने में असहज छात्रों की संख्या में वृद्धि होगी और इस प्रकार समाज के वर्गों के बीच की खाई को चौड़ा किया जा सकेगा।

नई शिक्षा नीति के सकारात्मक परिणाम

- नई शिक्षा नीति में मातृभाषा पर विशेष जोर दिया गया है जिससे बच्चा बचपन से ही अपनी मातृभाषा को अच्छे से समझ और जान पाएगा।
- इस नई नीति के तहत यदि कोई बच्चा अपनी उच्च शिक्षा पूरी कर पाने में असमर्थ है या 3 वर्ष का कोर्स पूरा नहीं कर पाता है तो भी उसका नुकसान नहीं होगा उसे सर्टिफिकेट, डिप्लोमा प्राप्त हो पाएगा। जिसका उपयोग वह रोजगार के क्षेत्र में कर पाएगा।
- छठी कक्षा से ही बच्चों को इंटर्नशिप कराई जाएगी जिससे व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त कर सकेंगे।
- शिक्षा नीति में कोडिंग को भी शामिल किया गया है, यानी बच्चे मात्र किताबी और व्यावहारिक ज्ञान ही नहीं अपितु तकनीकी क्षेत्र में भी बेहतर प्रदर्शन कर पाएंगे।
- कुल मिलाकर यह नीति बच्चे के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करेगी।

2020 में नई शिक्षा नीति 30 वर्षों के बाद आई और भारत की मौजूदा शैक्षणिक प्रणाली को अकादमिक के अंतरराष्ट्रीय स्तर के बराबर बनाने के उद्देश्य से बदलने के लिए पूरी तरह तैयार है। भारत सरकार का लक्ष्य वर्ष 2040 तक एनईपी की स्थापना करना है। लक्षित वर्ष तक, योजना का मुख्य बिंदु एक-एक करके लागू किया जाना है।

एनईपी 2020 द्वारा प्रस्तावित सुधार केंद्र और राज्य सरकार के सहयोग से लागू होगा। कार्यान्वयन रणनीति पर चर्चा के लिए केंद्र और राज्य दोनों स्तर के मंत्रालयों के साथ विषयवार समितियों का गठन किया जाएगा।

1950 में अपनाए गए संविधान में यह आवश्यक था कि यूनियन के आधिकारिक कामकाज के संचालन (कंडक्ट) के लिए अंग्रेजी और हिंदी का उपयोग 15 साल के समय के लिए किया जाएगा [343(2) और 343(3)]। उस समय के बाद, हिंदी, यूनियन की एकमात्र आधिकारिक बोली बन जाएगी। दक्षिणी राज्यों में, जहां द्रविड़ बोलियां बोली जाती थी, उनसे पर्याप्त प्रतिबंध (रिस्ट्रिक्शन) के आलोक में, अंग्रेजी को हिंदी के साथ प्रतिस्थापित (सप्लांट) करना मुश्किल था। उन्होंने महसूस किया कि केंद्र सरकार दक्षिण सहित पूरे देश को हिंदी का उपयोग करने के लिए मजबूर करने का प्रयास कर रही थी, और उन्होंने अंग्रेजी का उपयोग करना जारी रखा, जिसे उन्होंने इस आधार पर अधिक "पर्याप्त" माना कि, हिंदी की तुलना में, यह कोई विशिष्ट जातीय संस्कृति (स्पेसिफिक एथिनिक कल्चर) के साथ नहीं जुड़ी हुई थी।

संसद ने, 1963 में, ऑफिशियल लैंग्वेजेस एक्ट पास किया, जिसने कानूनी रूप से हिंदी और अंग्रेजी को कांग्रेस के एक हिस्से के रूप में उपयोग की जाने वाली बोलियों के रूप में स्थापित किया, जबकि राज्यों और डोमेन को अपनी औपचारिक (फॉर्मल) भाषा चुनने के लिए छोड़ दिया। 1976 में, ऑफिशियल लैंग्वेज नियम बनाने के लिए एक्ट में बदलाव किया गया, जिसे 1987 में संशोधित (रिवाइज) किया गया।

एक्ट की समरी

ऑफिशियल लैंग्वेजेस एक्ट की धारा 3, अंग्रेजी के उपयोग के लिए 15 साल पुरानी अवधि को नकारती (नीगेट) है। उप-धारा 3 (सब – सेक्शन 3), केंद्र सरकार द्वारा या किसी सेवा, प्रभाग (डिवीजन), कार्यालय या कंपनी द्वारा जारी या किए गए प्रस्तावों, सामान्य अनुरोधों (रिक्वेस्ट्स), नियमों, चेतावनियों, केंद्र सरकार द्वारा जारी की गई या बनाई गई आधिकारिक (अथॉरिटेटिव) या अलग-अलग रिपोर्ट्स या प्रेस डिस्चार्जेस में दोनों बोलियों, हिंदी और अंग्रेजी के उपयोग (यूटिलाइजेशन) की अनुमति देता है। धारा 3 की उपधारा 5 में यह कहा गया है कि जब तक उन राज्यों की विधायिका (लेजिस्लेचर्स), जिन्होंने आधिकारिक रूप से अंग्रेजी भाषा को नहीं अपनाया है, एक्ट द्वारा निर्धारित (लेड डाउन) उद्देश्यों के लिए अंग्रेजी के उपयोग को रोकने के लिए एक प्रस्ताव पास नहीं करते हैं, तब तक यह प्रावधान लागू रहेंगे।

इस एक्ट की धारा 5 में यह कहा गया है कि सरकारी एक्ट्स के हिंदी अनुवाद को अंग्रेजी वर्जन का अंतिम रूप माना जाएगा। इस प्रकार ऑफिशियल लैंग्वेजेस एक्ट, अंग्रेजी की तुलना में हिन्दी के प्रयोग को बल प्रदान करता हुआ प्रतीत होता है। एक्ट की धारा 6 में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि जब किसी राज्य की विधानसभा (असेंबली) द्वारा पास एक्ट्स के लिए हिंदी के अलावा कोई अन्य भाषा निर्धारित (प्रेस्क्राइब)

की जाती है, तो अंग्रेजी व्याख्या (इंटरप्रेटेशन) के साथ हिंदी में एक समान व्याख्या पब्लिश की जाएगी, और हिंदी वर्जन को अंतिम माना जाएगा।

ऑफिशियल लैंग्वेजेस एक्ट की धारा 7 के तहत, किसी राज्य के राज्यपाल (गवर्नर) (जम्मू और कश्मीर को छोड़कर), राष्ट्रपति की पूर्व सहमति के साथ, किसी भी कारण से अंग्रेजी के बावजूद, हिंदी या राज्य की आधिकारिक बोली को, उस राज्य के लिए हाई कोर्ट द्वारा पास किए गए निर्णय, घोषणा या अनुरोध और उस बोली (अंग्रेजी के अलावा) में पास किए गए किसी भी निर्णय, घोषणा या अनुरोध के लिए, उपयोग को मंजूरी दे सकते हैं।

विषय (थीम्स)

तीन भाषा सूत्र (थ्री लैंग्वेज फॉर्मूला)

तीन भाषा सूत्र एक नीति है, जिसे 1968 के नेशनल पॉलिसी रेजोल्यूशन में भारत सरकार के एजुकेशन मिनिस्ट्री द्वारा तैयार किया गया था। यह प्रावधान करता है कि भारत भर के सभी सरकारी स्कूलों में तीन भाषाओं को पढ़ाया जाना चाहिए:

- अंग्रेजी, एक जरुरी भाषा के रूप में;
- हिंदी, हिंदी भाषी राज्यों और गैर-हिंदी भाषी राज्यों में यह भाषा जरूरी है; और
- तीसरी भाषा उस क्षेत्र की स्थानीय भाषा होगी, जहां वह स्कूल स्थित होगा।

राज्यों और उनकी अपनी आधिकारिक और स्थानीय भाषाओं के आधार पर भारत में तीन भाषा सूत्र ने कई रूप लिए हैं। जबकि हिंदी और अंग्रेजी सभी के लिए समान हैं, वह उस विशेष राज्य की सरकार के अनुसार पहली भाषा से दूसरी और तीसरी भाषा में बदल जाती हैं। उदाहरण के लिए, पश्चिम बंगाल की स्थानीय बोली बंगाली, मलयाली या तमिल की तुलना में हिंदी के सबसे करीब है, इसलिए वहां की सरकार ने हिंदी बिल्कुल न पढ़ाने का फैसला किया है, क्योंकि वे बंगाली को सांस्कृतिक (कल्चरल) रूप से अधिक समृद्ध (रिच) भाषा मानते थे। हालांकि, केरल में हिन्दी और स्थानीय भाषा के बीच भारी अंतर के बावजूद हिंदी को एक भाषा के रूप में सीखना अनिवार्य कर दिया गया था।

तीन भाषा सूत्र का मूल (बेसिक) उद्देश्य, हिंदी और अंग्रेजी को राष्ट्रीय भाषाओं के रूप में व्यापक रूप से जागरूक करने के अलावा, देश भर में बच्चों में बहुभाषावाद (मल्टीलिंगुअलिज्म) को बढ़ाने का अस्पष्ट (ऑब्सक्योर) उद्देश्य भी यही था। बहुभाषावाद, जैसा कि वैज्ञानिक रूप से सिद्ध हो चुका है, न केवल एक बच्चे के क्षितिज (होराइजन) को विस्तृत (ब्रोडेन) करता है, बल्कि उन्हें अधिक रचनात्मक (क्रिएटिव) और अधिक सामाजिक रूप से सहिष्णु (टॉलरेंट) बनने के लिए भी तैयार करता है।

भारत में भाषा नीति (लैंग्वेज पॉलिसी इन इंडिया)

जब हम भारत की भाषा नीति के बारे में बात करते हैं, तो सबसे पहले जिस बात का उल्लेख (मेंशन) किया जाता है वह है किसी देश की राष्ट्रीय भाषा और आधिकारिक भाषा के बीच का अंतर। जहां एक तरफ राष्ट्रीय भाषा का मतलब उस भाषा से है जो सांस्कृतिक, राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्रों में सबसे

व्यापक रूप से उपयोग की जाती है, वहीं दूसरी तरफ आधिकारिक भाषा का मतलब यह है की जिसका उपयोग सरकार के सभी कार्यों के लिए किया जाता है। आधिकारिक भाषा व्यावहारिक (प्रैगमैटिक) है और राष्ट्रभाषा केवल प्रतीकात्मक (सिंबॉलिक) है।

हिंदी, जिसका प्रयोग आज तक किया जाता है, उसे राष्ट्रीय भाषा के रूप में माना जाता है क्योंकि यह एकमात्र ऐसी भाषा है जो राज्य या क्षेत्र-विशिष्ट (रीजन-स्पेसिफिक) नहीं है। हालाँकि, भारत के संविधान के अनुसार, केवल हिंदी ही भारत की आधिकारिक भाषा है।

इन दो आंशिक (पार्शियल) रूप से "आधिकारिक" भाषाओं के अलावा भारत के जनगणना (सेंसस) रिकॉर्ड के अनुसार देश भर में 112 भाषाएँ हैं जो पूरे देश में प्रचलित (प्रीवेलेंट्र) हैं। फिर भी, उनमें से केवल 22 ही 8वें शेड्यूल का हिस्सा हैं, जिसका अर्थ है कि कुल 114 बोलियों में से केवल 24 को ही राष्ट्रीय भाषाओं के रूप में मान्यता (रिकॉग्निशन) प्राप्त है। हालाँकि ये 22 भाषाएँ सभी अलग-अलग भाषा परिवारों से आतीं हैं, फिर भी हिंदी को छोड़कर, 'भीली' जैसी कई भाषाएँ हैं जो भारत में सबसे अधिक लोगों द्वारा बोली जाती हैं, जिन्हें लिस्ट में शामिल किया जाना चाहिए। ऐसी अन्य बोलियों के बीच 'भीली' के बाहर होने का एकमात्र संभावित (लाइकली) कारण राजनीतिक हस्तक्षेप (इंटरफेरेंस) है।

शिक्षा नीति और भाषा नीति (एजुकेशन पॉलिसी एंड लैंग्वेज पॉलिसी)

भारतीय शिक्षा प्रणाली (सिस्टम) शब्द के हर भाव (सेंस) में अपने हाव-भाव से बहुभाषी है। मुंबई में प्राइमरी स्कूलों में नौ अलग-अलग भाषाओं का इस्तेमाल किया जाता है, और कर्नाटक और पश्चिम बंगाल में 8 और 14 भाषाओं का इस्तेमाल किया जाता है। अधिकांश राज्यों, जैसा कि स्वतंत्रता के समय शिक्षा नीति निर्माताओं (मेकर्स) का लक्ष्य था, उनका उद्देश्य प्रणाली में बहुभाषा के इस्तेमाल को विकसित और मजबूत करना है।

हालाँकि, तीन भाषा प्रणाली को काम में लाने में कई समस्याएं हैं। यह सूत्र किसी छात्र की मातृभाषा या घरेलू बोली को संदर्भित (रेफर) नहीं करता है, जो दोनों बच्चे के संज्ञानात्मक (कॉग्निटिव) विकास के लिए अनिवार्य हैं। साथ ही, कई राज्यों ने सूत्र को केवल आंशिक रूप से लागू किया है, तीन के बजाय केवल दो भाषाओं को चुनने का विकल्प चुना है, जिनमें ज्यादातर अंग्रेजी और हिंदी शामिल हैं। ज्यादातर हिंदी भाषी राज्यों में संस्कृत जैसी शास्त्रीय (क्लासिकल) भाषाओं का अस्तित्व (एक्सिस्टेंस) दुर्लभ (स्कार्स) है। हालाँकि 8वें शेड्यूल का विस्तार अधिक भाषाओं को शामिल करने के लिए किया गया था, लेकिन भाषाओं के संबंध में शिक्षा प्रणाली लगभग समान ही रही है।

निष्कर्ष (कंक्लूजन)

यह भारतीय मूल्यों से विकसित शिक्षा प्रणाली है जो सभी को उच्च्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराकर और भारत को वैश्विक ज्ञान महाशक्ति बनाकर भारत को एक जीवंत बनाए समाज में बदलने के लिए प्रत्यक्ष रूप से योगदान करेगी। इस नीति में परिकल्पित है हमारे संस्थानों की पाठ्य चर्चा और शिक्षा विधि जो छात्रों में अपने मौलिक दायित्व और संवैधानिक मूल्य देश के साथ जुड़ाव और बदलते विश्व में नागरिक की भूमिका के उत्तरदायित्व की जागरूकता उत्पन्न करें। इस नीति का विजन है छात्रों में, भारतीय

होने का गर्व, केवल विचार में नहीं बल्कि व्यवहार, बुद्धि और कार्यों में भी रहे ; साथ ही ज्ञान, कौशल, मूल्यों और सोच में भी होना चाहिए। जो मानव अधिकार हो स्थाई विकास और जीवन यापन तथा वैश्विक कल्याण के लिए प्रतिबद्ध हो ताकि वह सही मायने में एक योग्य नागरिक बन सकें।

भारत में भाषा नीति मुख्य रूप से ऑफिशियल लैंग्वेजेस एक्ट, 1963 पर निर्भर है। कोठारी कमिशन ने एक आम 'आधिकारिक' भाषा, जो उस समय हिंदी थी, के माध्यम से देश की विविध संस्कृतियों और बोलियों को एक करने के उद्देश्य से भाषा नीतियां तैयार की थीं। हालाँकि, तीन भाषा सूत्र और भाषाओं के संबंध में भारत की शिक्षा नीति की विफलताओं के कारण मूल उद्देश्य, अब अंग्रेजी और हिंदी दोनों को अर्ध-आधिकारिक भाषाओं के रूप में बदलने का है। वास्तविक नीति में कमियों के लिए उक्त नीतियों को लागू करने में कई राज्यों द्वारा प्रतिरोध (रेसिस्टेंस) से, लैंग्वेज कमिशन द्वारा पाया गया समाधान एक प्रकार का अस्थायी (टेंपरेरी) और उपचारात्मक (रेमेडियल) उपाय था (जो 10 वर्षों के लिए अंग्रेजी के उपयोग की अनुमति देता है) जिसे, आज की जरूरतों और उद्देश्यों के अनुरूप अधिक अचूक (इनफॉलिबल) और निरंतर नीति खोजने के बजाय, लगातार बढ़ाया और इस्तेमाल किया गया है।

संदर्भ

1. Dravidian languages". Encyclopædia Britannica Online. Retrieved 10 December 2014.
2. "There's no national language in India: Gujarat High Court". The Times of India. Retrieved 5 May 2014.
3. Sisir Kumar; A History of Indian Literature, 500-1399: From Courtly to the Popular, pp.140-141, Sahitya Akademi, 2005, New Delhi.
4. "Indian Education Commission 1964-66". PB Works. 2015. Retrieved June 20, 2015.
5. Introduction to Education Commissions 1964-66. Krishna Kanta Handiqui State Open University. 2015. Retrieved June 18, 2015.
6. "Board of Higher Secondary Education". Board of Higher Secondary Education. 2015. Retrieved June 21, 2015.
7. "National Policy on Education 1968" (PDF). Ministry of Human Resource Development, Government of India. 2015. Retrieved June 21, 2015.

❑❑❑

1. शोधार्थी, हिंदी विभाग, मगध विश्वविद्यालय, बोध गया

कोंदर जनजाति की सामाजिक स्थिति का समाजशा-स्त्रीय अध्ययन

–दिगंत द्विवेदी

भारत सरकार एवं राज्य सरकार विभिन्न कार्यक्रम एवं योजनाओं के लिए अनुदान प्रदान करती है। यह अनुदान सरकार द्वारा अनुमोदित कार्यक्रमों और योजनाओं के क्रियान्वयन में सहायता प्रदान करने वाली संस्थाओं-संगठनों को प्रदान किया जाता है।

शोध सार

न्याय का संवैधानिक ध्येय कोंदर जनजाति, महिलाओं, आदिम जनजाति, पिछड़े व्यक्तियों की सामाजिक स्थिति का स्मरण करते हुए पूरा नहीं हो पाया है। परिवारों एवं सामाजिक क्षेत्रों और कार्य क्षेत्रों पर लिंग भेद या जातिभेद आम बात है। कोंदर जनजाति के व्यक्ति आधुनिक समाज के साथ चलना चाहते हैं और अपने समाज का सामाजिक उत्थान भी चाहते हैं। जिसके लिये वह निरंतर प्रयासरत रहते है। यह बात सोचनीय है कि आधुनिक समाज के विकास की क्रिया के समान उनके विकास का लाभ कोंदर समाज को प्राप्त नहीं हो पा रहा है। जबकि उनके विकास के लिए बनाई गई सरकारी योजना कोंदर समाज के विकास के लिए ही हैं। सरकार और विभागों द्वारा बनाए गए कार्यक्रम को लागू करने में अधिक खर्चा भी किया जा रहा है। परंतु कोंदर समाज की मूलभूत वास्तविक आवश्यकताओं की पूर्ति करने में सरकार और विभाग असफल रहा है।

आदिम जनजातियों के लिए बनाई गई योजनाएं एवं कार्यक्रम के क्रियान्वयन में स्वतंत्रता, आधुनिकता और लचीलापन चाहिए और इसके साथ सरकार द्वारा चलाए कार्यक्रम में अनैतिकता, शिथिलता और बर्बादी को समाप्त करने पर जोर देना चाहिए। 'जनजाति समाज के लिए कार्य करने वाली संस्था या एनजीओ के अनुभव का सरकार लाभ उठाएं और इन संस्था या एनजीओ की इच्छा है कि सरकार द्वारा जनजाति समाज के विकास कार्य में साथ रहकर सहयोग करें।' इसलिए इन संस्थाओं या एनजीओ एवं सरकारों के मध्य एक मजबूत संबंध की वास्तविक आवश्यकता है। यह संबंध सरल, पारदर्शी ,स्पष्ट तथा कार्यों के प्रति पूर्ण समर्पित होना आवश्यक है।

मुख्य बिंदु कोंदर जनजाति के विकास उन्मूलन कार्यक्रम, वास्तविक आवश्यकताएं, योजना, संबंधित विभागों की आवश्यकतायें, राज्य सरकारों की कोंदर जनजाति से संबंधित वास्तविक आवश्यकताएं

राज्य और केंद्र सरकारों के विकास कार्य कार्यक्रम और मानव सहायता के कार्य में एनजीओ या संस्थाओं की भागीदारी संबंधित योजना और कार्यक्रम को प्रोत्साहित कर रही है। सरकार द्वारा अपने बजट का एक बड़ा हिस्सा जनजाति समाज के विकास के लिए संस्था और एनजीओ की सहायता से खर्च किया जाता है। परंतु ध्यान देने योग्य है कि यह धन ईमानदारी मितव्ययिता और कुशलता के साथ बिना भ्रष्टाचार हुए खर्च किया जाए और जनजाति समाज को इसका लाभ मिल सके।

भारत सरकार एवं राज्य सरकार विभिन्न कार्यक्रम एवं योजनाओं के लिए अनुदान प्रदान करती है। यह अनुदान सरकार द्वारा अनुमोदित कार्यक्रमों और योजनाओं के क्रियान्वयन में सहायता प्रदान करने वाली संस्थाओं-संगठनों को प्रदान किया जाता है। सामान्यतः यह अनुदान वित्तीय नियम 2005 के नियम 2006 से 2015 तक प्रदत्त नियमों के उपबंध के अनुसार होता है। साथ ही विकास से संबंधित कार्यक्रमों और योजनाओं का क्रियान्वयन करने वाले नियमों और अनुदान के नियम के अनुरूप होती हैं। इनमें से कुछ विशिष्ट नियम और शर्तें यह हैं।

1 एजेंसी और सामुदायिक संगठन सोसाइटीज पंजीकरण अधिनियम 1860, सहकारी समिति अधिनियम, चैरिटेबल ट्रस्ट अधिनियम किसी कानून के अंतर्गत पंजीकृत हों।

2 अनुदान प्राप्त करने वाला संगठन प्रतिष्ठित और पंजीकृत हो, उस संगठन के कार्यों को सरकार द्वारा संतोषजनक बताया गया हो।

3 एनजीओ की स्थापना समुचित रूप से की जाए एवं यह व्यापक आधार से ओतप्रोत हो। प्रबंध और कार्यकारी समिति के कर्तव्यों, दायित्वों और आधारों का लिखित संविधान में स्पष्ट रूप से वर्णित होना चाहिए।

4 अनुदान प्राप्त करने के पूर्व किसी भी संगठन को कम से कम 3 वर्षों तक समाज के कल्याण और विकास के लिए कार्य किया हो।

5 संगठन का कार्य और सेवा, धर्म, जाति और नस्ल का विभेद न कर समाज के सभी वर्गों के लिए समान होना चाहिए3।

6 एनजीओ आर्थिक रूप से सुदृढ़ हो। इनके पास अनुसंधान, कर्मिक कार्यों के संपादन के लिए पर्याप्त सुविधा और कोंदर जनजाति के कुशल कर्मचारी हो, जिसके लिए उन्हें अनुदान प्राप्त हो।

7 एनजीओ को व्यक्तिगत या किसी विशेष समूह को लाभ देने के लिये परिचालित नहीं करना चाहिये।

8 एनजीओ को बंधनपत्र भरना अनिवार्य हो अगर वह अनुदान प्राप्त करना चाहता है। अगर बंधनपत्र की शर्तों का पालन न होने पर अनुदान को वापिस करना होगा।

9 एनजीओ को बंधन पत्र भरना होगा। इसका आशय यह होगा। अनुदान प्राप्त करने के लिये अनुदान के नियमों का पालन न होने पर अनुदान राशि देनी होगी।

10 एनजीओ को अनुदान मिलने पर एनजीओ की कार्यप्रणाली और उद्देश्यों का किसी भी समय निरीक्षण किया जा सकता है।

11 एनजीओ अंशदान लेने में और संसाधन को एकत्रित करने के लिए स्वयं समर्थ हो।

12 अनुदान में प्राप्त राशि का सही प्रयोजन में खर्च होनी चाहिए।

कोंदर जनजाति के लिये केंद्र सरकार द्वारा बागवानी बोर्ड द्वारा योजनाएं लागू है जिससे कोंदर जनजाति को लाभ मिल सके। बागवानी बोर्ड द्वारा संचालित योजना या कार्यक्रम कृषि मंत्रालय, सहकारिता और कृषि विभाग, एनएचबी के निदेशक मंडल और भारत सरकार के निरीक्षण के अंतर्गत योजनाओं का संपादन करती हैं।

1 योजना के अंतर्गत लाए क्षेत्रों का आधुनिक विकास और अपनी कार्यरूपरेखा से उस क्षेत्र को विशिष्ट बनाना होता है।

2 परियोजना के महत्त्वपूर्ण अंग के रूप में समूह को सुविधाओं में आधुनिक कृषि और प्रबंधन का क्षेत्र विस्तार परियोजनाओं में विकास करना।

3 कोल्ड चेन ढांचे का विकास उद्देश्य बागवानी उन्नत में एकत्र ऊर्जा की बचत करने का विकास।

4 आधुनिक समय की प्रौघोगिकी औजार और नई तकनीकों का आकलन कर उसको वाणिज्यिकरण में सम्मिलित करना।

5 अच्छे किस्म के पौधों के लिए कलम लगाकर पौधों और जड़ों के लिये मदर प्लांट, भंडारण बैंक एवं नर्सरी की स्थापना करना।

6 नर्सरी को मान्यता दिलाने एवं रेटिंग कर और सामग्री की उपलब्धता कर आयात करने में सहायता प्रदान करना।

7 विपणन के विकास के लिये एवं बागवानी उपज के कार्यों को प्रोत्साहित करना।

8 आधुनिक पौधों की सामग्री का आयात और अन्य कृषि उत्पादनओं को आईएनएम, आईएचएम और पीएचएम प्रोटोकॉल द्वारा खेतों का परीक्षण करवाने हेतु प्रोत्साहित करना और अनुसंधान और विकास योजना का वाणिज्यिकरण द्वारा निर्धारण होना चाहिए।

9 पीएचएम प्रोटोकॉल्स द्वारा निर्धारित विकास एवं अनुसंधान करना।

10 कुशल कोंदर जनजाति के व्यक्तियों में बागवानी, उपज भंडारण एवं उत्पाद के उपभोग का नई पद्धति द्वारा उपयोग करने के लिए प्रोत्साहन करना।

11 कृषि क्षेत्रों और उद्यानों में सुविधा केंद्रों का निर्माण करना।

12 मार्केट के बारे में डाटा प्राप्त करने के लिए आंकड़ों का विकास कर और एकत्र करने की प्रणाली को मजबूत करना।

13 समस्याओं का पता लगाकर उनका सर्वेक्षण और अध्ययन करना एवं बागवानी के विकास के लिए दीर्घ और लघु नीतियों का विकास करना एवं परामर्श और सलाहकारी सेवाओं सहित आधुनिक सेवाओं को एकत्र करना।

जिसे तालिका 1.1 द्वारा स्पष्ट करने का प्रयास किया जा रहा है।

तालिका क्रमांक-1.1

आवेदन की लागत का ढांचा

आवेदन की लागत	डिमांड ड्राफ्ट और वर्ग	क्रेडिट या डेबिट कार्ड (वीजा/मास्टर)
परियोजना के लिये 10 लाख रुपए तक लागत	1000 रुपए	1000 रुपए की अदायगी के लिये लगने वाला प्रभार अतिरिक्त होगा
10 लाख रुपए से अधिक और 20 लाख रुपए तक की लागत वाली परियोजना।	2000 रुपए	2000 रुपए की अदायगी के लिये लगने वाला प्रभार अतिरिक्त होगा
20 लाख रुपए से अधिक और 50 लाख रुपए तक की लागत वाली परियोजना।	5000 रुपए	5000 रुपए की अदायगी के लिये लगने वाला प्रभार अतिरिक्त होगा
20 लाख रुपए से अधिक की लागत वाली परियोजना	10000 रुपए	10000 रुपए की अदायगी के लिये लगने वाला प्रभार अतिरिक्त होगा

स्रोत - आदिमजाति कल्याण विभाग सांख्यिकी पत्रिका

कोंदर जनजाति के लिये केंद्रीय बागवानी बोर्ड की योजना उपयोगी एवं उचित है। इन योजनाओं के द्वारा कई प्रकार की हाईटेक वाणिज्य उत्पादन को अधिक मात्रा में बढ़ाया जा सकता है। जिससे कोंदर व्यक्तियों को लाभ मिल सके।

सन्दर्भ:

1. डॉक्टर एस एम जैन एवं डॉक्टर चतुर्भुज मामोरिया ,साहित्य भवन प्रकाशन, आगरा संस्करण 1997, पृष्ठ 193
2. डॉक्टर एस एम जैन एवं डॉक्टर चतुर्भुज मामोरिया, साहित्य भवन प्रकाशन, आगरा संस्करण 1997, पृष्ठ 69-70
3. डॉक्टर प्रमिला कुमार, मध्य प्रदेश एक भौगोलिक अध्ययन, मध्य प्रदेश हिंदी ग्रंथ अकादमी, भोपाल, 2003, पृष्ठ1
4. सामान्य अध्ययन , मध्यप्रदेश हिंदी ग्रंथ अकादमी, भोपाल, 2004, पृष्ठ 191
5. Janjatiya Samaj, Kailash Pustak Sadan, Bhopal(M.P.), 2019
6. स्रोत - आदिमजाति कल्याण विभाग सांख्यिकी पत्रिका
7. शरण, आर, भारतीय सभ्यता एवं भारतीय संस्कृति का इतिहास, राधा पब्लिशर्स नई दिल्ली 2002
8. दिनकर सिंह रामधारी, संस्कृति के चार अध्याय, लोक भारती प्रकाशन, इलाहाबाद, 2010
9. महाजन डॉ. धर्मवीर, महाजन डॉ. कमलेश, नातेदार, विवाह एवं परिवार का समाजशास्त्र, विवेक प्रकाशन नई दिल्ली 2014
10. महाजन डॉ. धर्मवीर, महाजन डॉ. कमलेश, अपराध एवं समाज, विवके प्रकाशन नई दिल्ली 2013
11. गुप्ता एल.एम., शर्मा डी.डी. भारतीय सामाजिक समस्याऐं, साहित्य भवन पब्लिकेशन्स आगरा 2010
12. छापडिया मनोज, अग्रवाल के.जी., जनजातीय समाज का समाजशास्त्र, एसपी. वी.डी. पब्लिशिंग हाउस, आगरा, 2012

❒❒❒

1. शोध छात्र (समाजषास्त्र) श्री कृष्णा विश्वविद्यालय छतरपुर (मध्य प्रदेश)

वैश्विक पटल पर भाषा का प्रश्न और हिंदी भाषा की स्थिति

–डॉ. नलिनी सिंह

हिंदी शब्द के सम्बन्ध में प्राय: यही अनुमानित व ध्वनित होता था कि इसका सम्बन्ध भारत में रहने वालों से है, जिसका अर्थ कभी देशपरक रहा, तो कभी वस्तुपरक। दूरस्थ देशों में इसका सम्बन्ध देश के सम्बन्ध को ही दर्शाता है। 8वीं शताब्दी में ऐसा प्राय: समझा गया है। फारसी लेखक ग्रियर्सन के अनुसार "फारसी के लेखक भारत के निवासियों को हिंदी कहते थें"।

भाषा का प्रश्न अहम् है, भाषा का सम्बन्ध अस्तित्व से भी है, भाषायी अस्मिता से तात्पर्य है, भाषा बोलने वालों की अपनी पहचान। 'अस्मिता' शब्द के सन्दर्भ में डॉ० नामवर सिंह का कथन है कि- "हिंदी में अस्मिता शब्द पहले नहीं था। 1947 से पहले की किताबों में मुझे मिला और संस्कृत में भी अस्मिता का यह अर्थ नहीं है", तात्पर्य यह है कि प्रत्येक राष्ट्र के विकास के लिए उसके सम्मान के लिए राष्ट्र की भाषा का उन्नत होना आवश्यक ही नहीं अनिवार्य होता है क्योंकि प्रत्येक राज्य अथवा राष्ट्र और समूह की भाषा एक दूसरे से पृथक होती है। किसी भी राष्ट्र की तत्कालीन परिस्थिति, सभ्यता व संस्कृति, शिक्षा एवं अशिक्षा के बारे में यदि जानना हो तो सर्वप्रथम भाषा की आवश्यकता पड़ती है, इस तरह राष्ट्रीय अस्मिता और भाषा का भी अन्तः सम्बन्ध है। इसी को आधार बना कर प्रत्येक राज्यों का गठन भाषा के ही आधार पर किया गया है। इसके साथ प्रत्येक राज्य के सामाजिक, सांस्कृतिक परिवेश का प्रभाव भी भाषा पर पड़ता है। सामाजिक, सांस्कृतिक समुदाय का प्रभाव भी भाषा के अस्तित्व पर दिखायी पड़ता है। वस्तुतः अस्मिता के निर्माणक तत्वों में ऐतिहासिक परिवर्तन एक महत्त्वपूर्ण प्रक्रिया है। इन ऐतिहासिक परिवर्तनों का प्रभाव सर्वप्रथम व्यक्ति पर, तत्पश्चात् सम्पूर्ण समाज पर पड़ने लगता है। परम्परागत रूप में देखें तो 'अस्मिता' का आधार वर्ग, समाज, जाति और आपसी सम्बन्ध रहे है। जिसका सम्बन्ध 'स्व' से है, स्वसम्मान, स्वपरिचय, स्वाभिमान से है। जिसका सर्वप्रथम उपयोग सच्चिदानंद हीरानंद वात्सयायन 'अज्ञेय' ने किया। इस तरह 'अस्मिता' का सम्बन्ध हिंदी साहित्य में भी देखा गया। हिंदी भाषा की स्थिति वैश्विक पटल पर समृद्धि की ओर है किन्तु अभी बहुत कुछ शेष है, अभी कई चुनौतियां ऐसी हैं जिससे हिंदी भाषा को गुजरना होगा। इसी को दृष्टि में रखकर शोध पत्र को विस्तार दिया गया है।

बीज शब्दः अस्तित्व, संघर्ष, चुनौती, स्थिति, चिन्तन, क्रियान्वयन।

"भारत की निरंतर विकासमान अन्तर्राष्ट्रीय हैसियत और इसकी बढ़ती एक व्यावसायिक पहचान हिंदी को एक वृहत्तर भूमिका से संबद्ध कर रही है"।[1] हिंदी अपनी जययात्रा पर चल पड़ी है, कई पड़ावों पर हिंदी ने विजय प्राप्त भी कर लिया है। हिंदी के साथ-साथ अन्य भारतीय भाषाओं की तरफ भी लोगों का ध्यान आकृष्ट हुआ है। किसी देश-विदेश की भाषा का सम्बन्ध उसके सम्मान से जुड़ा हुआ है, फिर चाहे वह भाषा संस्कृति विशेष को दर्शाती हो, या वह भाषा अभिव्यक्ति के माध्यम के साथ-साथ बाजार और रोजगार की आवश्यकता बन रही हो; पिछले कुछ दशकों से "हिंदी के कदम और अधिक मजबूती से आगे बढ़ रहे है"।[2]

वैश्विक स्तर पर हिंदी, बाजार की भाषा भी बन गई है, बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा हिंदी में स्लोगन प्रसारित करना, साफ्टवेयर तैयार करना, हिंदी वेबसाइट्स का विकास करना, इनका प्रमाण है कि हिंदी अपना परचम लहरा रही है, जहाँ हिंदी संवेदना की सीमाओं से निकल कर अभिव्यक्ति का साधन बन रही है, और व्यवहृत हो रही है। "हिंदी ने बहुत संघर्ष कर धीरे-धीरे लोकायतन में अपनी जगह बनाते हुए साहित्य, शिक्षा और समाचार प्रसार के क्षेत्र में अपना विस्तार किया"।[3]

'हिंदी, हिन्दू, हिन्दुस्तान' जैसे शब्द गौरव बोध की प्रतीक बन गए, जिनका प्रयोग आज से नहीं हो रहा है, इसकी पृष्ठभूमि ही इसके अस्तित्व का प्रमाण है।

भाषा के अर्थ में हिंदी के प्रयोग का सम्बन्ध-

हिंदी शब्द के सम्बन्ध में प्रायः यही अनुमानित व ध्वनित होता था कि इसका सम्बन्ध भारत में रहने वालों से है, जिसका अर्थ कभी देशपरक रहा, तो कभी वस्तुपरक। दूरस्थ देशों में इसका सम्बन्ध देश के सम्बन्ध को ही दर्शाता है। 8वीं शताब्दी में ऐसा प्रायः समझा गया है। फारसी लेखक ग्रियर्सन के अनुसार "फारसी के लेखक भारत के निवासियों को हिंदी कहते थें"।[3] हिंदी शब्द का प्रयोग देश से सम्बद्ध करके आत्मगौरव व आत्मसम्मान से जोड़कर किया गया है। प्रसिद्ध कवि इकबाल की पंक्तियां इस बात को चरितार्थ भी करती हैं-"सारे जहां से अच्छा हिन्दोस्ता हमारा........ हिन्दी हैं हम, वतन है हिन्दोस्तां हमारा" ऐसा जो देश से सम्बन्ध है। इस शब्द का प्रयोग अमीर खुसरों ने भी किया। हिंदी को वस्तुपरक अर्थ में भी प्रयोग में लाया गया। वस्तु के सामने हिंद लगा कर बोलने और लिखने की परम्परा रही है जैसे, तेग-ए-हिन्द तलवार के लिए प्रयुक्त किया गया। इसी तरह साज-ए-हिन्द (तेजपत्ता के लिए), तमर-ए-हिन्द (इमली के लिए) प्रयोग किया गया। स्पष्ट है कि उक्त शब्द का निहितार्थ महत्त्वपूर्ण और उद्देश्यपूर्ण रहा है।

विश्व की तीसरी भाषा हिन्दी के वैश्विक पहचान के सन्दर्भ में लोग बँटे हुए हैं, कुछ लोग इसके उन्नत स्वरूप को स्वीकार कर रहे हैं, तो कुछ लोग इसके वर्चस्व और स्वरूप में ठहराव की स्थिति देखते है। "हिन्दी हृदय की भाषा है। हिन्दी को राष्ट्र भाषा बनाना उसकी आत्मा को प्रतिष्ठा देना है"। महात्मा गांधी के इस विचार से अधिकांश सहमत होंगे, लेकिन समस्या वहां है जहां लोग असहमत है। निज भाषा, परिवेश और उपादान की तरह कार्य करती है, जब भाषा अपने सदन में दूसरे भाषा को आने की छूट देती तो दोनों सदन में विकार उत्पन्न होता है। परम्परा को छोड़कर आयातित विचार से साहित्य सर्जन होने लगे तो भाषा के स्वरूपगत ढाँचे में भावभूमि के स्तर पर, सम्प्रेषणीयता के स्तर पर परिवर्तन स्पष्ट दिखायी देता है, ऐसी

ही स्थिति हिन्दी की हुई। हिन्दी को 'क्रियोल लैंग्वेज' कहा जाने लगा। अंग्रेजी से हिन्दी को विस्थापित कर दिया गया है। अंग्रेजी का प्रभाव इतना बढ़ गया कि निज भाषा की अहमियत भारतीयों के लिए कोई मायने नहीं रखती। संभवत यही वजह है कि आज तक हिन्दी राष्ट्रभाषा बनने से वंचित है। निज भाषा को छोड़ कर दूसरी भाषा को अपनाना पूरी तरह से दूसरी दुनियां को अपनाना है।

"भाषा एक वृहद सांस्कृतिक प्रक्रिया है"।[4] भाषा की सांस्कृतिक प्रक्रिया न तो किसी शून्य में जन्म लेती है और न किसी शून्य में आकार ग्रहण करती है, वह मनुष्य के अपने सामाजिक, राजनीतिक, धार्मिक, आर्थिक क्रिया-कलापों की जरूरतों से निर्मित होती है, परिवर्तित होती है, इस तरह भौतिक जीवन में आया बदलाव उसके भाषायी रूप में बदलाव लाता है"।[5] फिर भी आयातित भाषा के प्रभाव में आकर "यदि हम हिन्दी जानते हैं और हिन्दी नहीं बोलते है तो हम राजद्रोह करते है" ((मदनमोहन मालवीय)। निज भाषा में विचाराभिव्यक्ति गौरव बोध से सम्बद्ध है। भाषिक स्वराज पर चलने के लिए अपनी भाषा को राजपथ पर लाने के लिए प्रयत्न करना अपेक्षित है। भाषा एक दूसरे तक हस्तान्तरित होती है, चूंकि भारत बहुभाषिक देश है अतः आयातित शब्दों का सम्मिश्रण स्वाभाविक है, लेकिन जब भाषा का वास्तविक स्वरूप विलुप्त होने लगे तो समस्या कही जाएगी। अंग्रेजी एक विजातीय भाषा है, लेकिन इस विजातीय भाषा के साथ तालमेल बनाने के लिए हिन्दी पट्टी के लोग बहुत उत्सुक रहते है। दो विचार आज भी प्रमुखता से सामने आते है, जिनमें विरोधाभास है, एक तो यह कि हिंदी संकट में है क्योंकि भारत में अंग्रेजी का प्रभुत्व बढ़ रहा है, अंग्रेजी बोलना, लिखना, पढ़ना, समाज में बेहतर स्थिति और रोजगार की बहुत बड़ी योग्यता है, इसलिए हिन्दी को वह जगह नहीं मिल पा रही है, जिसकी वह हकदार है, हो सकता है कि शिक्षा के प्रसार और आर्थिक सम्पन्नता के बढ़ने की वजह से हिंदी बिल्कुल ही हाशिए पर पहुंच जाए। दूसरा विचार यह कि हिन्दी तेजी से फल-फूल रही है। "अर्थव्यवस्था और उदारीकरण के बाद लोकप्रिय जनसंचार माध्यमों में हिन्दी का जितनी तेजी से प्रचार हुआ वह इसका प्रमाण है"।[6] हिन्दी बोलने वालों की तादाद बढ़ रही है। अब वे लोग भी हिन्दी बोलने के लिए मजबूर हो रहे है, जो पहले इसे हिकारत से देखते थे"।[7] यह सच भी है कि कुछ लोग हिन्दी के प्रति गौरव का अनुभव करते हैं, तो कुछ हीनता से ग्रस्त हैं और कुछ लोग आकृष्ट होते है उनमें इसे सीखने की ललक भी होती है। "अब हिन्दी की स्थिति यह लगातार बदलता हुआ परिदृश्य तय कर रहा है और करोड़ो लोग तय कर रहे हैं, जो सहज रूप से जैसे भी बोल सकते हैं, हिन्दी बोल रहे हैं, न वे व्याकरण की फिक्र करते है, न ही हिन्दी परम्परा की और न ही हिन्दी विभागों की। यह परिदृश्य अराजक है और ऊर्जावान भी"।[8] एक जनवरी 1900 ई0 से न्यायालयों में हिन्दी में कार्य करने का आदेश हुआ था, लेकिन आदेश के बावजूद हिन्दी का प्रयोग नहीं हो रहा था क्योंकि न हिन्दी के प्रति आत्मीयता का भाव था, न ही आदेश के प्रति गंभीरता। मदन मोहन मालवीय जी ऐसे लोगों से क्षुब्ध थे, उन्होंने आक्रोश को व्यक्त करते हुए कहा था- "हिन्दी भाषा के कितने लोग हैं जिनको इस बात से दुःख और लज्जा होती है कि यह आर्यावर्त देश, जहाँ आप देखेंगे कि लाखों लोग ऐसे है जो अपनी माँ की बोली से परिचय नहीं रखते। सब आशा उन्नति छोड़ दीजिए"। भाषा एक परिवर्तनशील सांस्कृतिक प्रक्रिया है"।[9] सांस्कृतिक रूप से विश्लेषित करें तो हिन्दी भाषा की स्थिति विदेशों में अच्छी है। अमेरिका के जनगणना विभाग की रिपोर्ट के अनुसार "अमेरिका में वर्ष 2020 तक हिन्दी बोलने वालों की संख्या नौ लाख से अधिक थी।

यह लगातार बढ़ रही है। अमेरिका में रहने वाले 70% भारतीय घर पर हिन्दी को वरीयता देते हैं"[10] तथा अमेरिका के 150 से ज्यादा विश्वविद्यालयों में हिन्दी पढ़ाई जाती है। त्रिनिदाद, सूरीनाम, गुयाना आदि देशों में 'रामचरित मानस' को संगीत के रूप में ढाल कर गायन होता है, यही नहीं भारतीय मूल के मनीषियों के द्वारा विदेशों में सांस्कृतिक पहचान हेतु मंदिरों में 'हनुमान चालीसा' का पाठ किया जाता है। साथ ही संगीत प्रतियोगिता आयोजित की जाती है। अंग्रेजी भाषा-भाषी सहर्ष हिन्दी का अध्ययन और अध्यापन करते हैं।

हिन्दी राजभाषा घोषित होने के बाद 1997 में भाषा की स्थिति जानने के लिए सर्वे किया गया जिसमें यह बात सामने आयी कि भारत में 66 प्रतिशत जनता हिन्दी बोलती है, और 77 प्रतिशत लोग हिन्दी बोली समझ लेते हैं। 2016 के आंकड़ों के अनुसार डिजीटल माध्यम पर हिन्दी भाषा में समाचार पढ़ने वालों की संख्या 5.5 करोड़ जिसे 2021 में 14.4 करोड़ बढ़ जाने का अनुमान लगाया गया। 'वर्ल्ड लैंग्वेज डेटा बेस' के 22वें संस्करण में बताया गया कि संसार में 20 सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषाओं में, 6 भारतीय भाषाएं हैं, जिनमें हिन्दी तीसरे स्थान पर है। संसार के तीस देशों में हिन्दी का अध्ययन, अध्यापन होता है। लगभग 100 विश्वविद्यालयों में हिन्दी का अध्ययन अध्यापन होता है।

"एथेनोलॉग के अनुसार वर्ष 2022 में हिन्दी तीसरी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा है। भारत में 35 करोड़ से ज्यादा लोगों की मूल भाषा हिन्दी है और 26 करोड़ से अधिक ऐसे हैं जो हिन्दी भाषा का प्रयोग कर रहे है"।[11]

विदेशों में हिन्दी बोलने वालों के सम्बन्ध में जारी आंकड़े-

संयुक्त राज्य अमेरिका-	648.983
मॉरीशस-	685.170
दक्षिण अफ्रीका-	890.292
यमन-	232.760
युगांडा-	147.000
सिंगापुर-	5.000
नेपाल-	800.000 (लगभग)
न्यूजीलैण्ड-	20.000
जर्मनी-	30.000

इस तरह 20 देशों से भी अधिक देशों में हिन्दी बोली जाती है और 176 विश्वविद्यालयों में हिन्दी विषय की पढ़ाई होती है। विदेशों में हिन्दी के अध्ययन अध्यापन के साथ हिन्दी की पत्र-पत्रिकाएं भी नियमित रूप से प्रकाशित होती हैं। अनुमानतः विश्व में हिन्दी बोलने वालों की संख्या 75 से 80 करोड़ है।

वैश्विक स्तर पर 600 मिलियन वक्ताओं के साथ हिन्दी विश्व की तीसरी भाषा के रूप में अधिष्ठित है। हिन्दी की अच्छी स्थिति को इस प्रकार और अच्छी तरह समझा जा सकता है कि 'फिजी सरकार के

सहयोग से विदेश मंत्रालय भारत सरकार 15 से 17 फरवरी, 2023 तक फिजी में विश्व हिन्दी सम्मेलन की मेजबानी का दायित्व पूर्ण करेगा। यहां विश्व हिन्दी दिवस पर भाषा के प्रचारार्थ कविता पाठ परीक्षण, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन, भाषण व वाद विवाद प्रतियोगिताएं करायी जाती है, यही नहीं भारतीय डाक विभाग द्वारा हिन्दी के प्रचारार्थ अद्वितीय स्मारक डाक टिकट भी जारी किया जाता हैं। 2023 वर्ष की विशेष उपलब्धि यह है कि हिन्दी भाषा को पारम्परिकता और आधुनिक तकनीक से अर्थात् 'आर्टीफिशियल इंटेलिजेंस' से सम्बद्ध किया जा रहा है। हिन्दी अपने वर्चस्व को बढ़ा रही हैं, इसका प्रमाण यह है कि इंजिनियरिंग और मेडिकल की पढ़ाई हिन्दी माध्यम से होना आरंभ हो चुकी है। तकनीकी रुप से हिन्दी, साफ्टवेयर के जरिये समृद्ध हो रही है, जहां बहुराष्ट्रीय कम्पनियों द्वारा अंग्रेजी का प्रयोग होता था, वहीं अब हिन्दी को महत्त्व दिया जा रहा है। विभिन्न सोशल साइट्स पर हिन्दी में कन्टेन्ट उपलब्ध हो रहे हैं।

राष्ट्रीय नई शिक्षा नीति ने भारतीय भाषाओं को प्राथमिकता देने का सराहनीय कार्य किया है। 2022 में हिन्दी, संयुक्त राष्ट्र संघ की सातवीं आधिकारिक भाषा बनने की दावेदार है।

"भाषा के प्रति तंग नजरिया हमारे लिए घातक होता है, ज्यादा से ज्यादा भाषाओं का ज्ञान हमें सांस्कृतिक और सामाजिक तौर पर सम्पन्न बनाता है लेकिन जब किसी एक भाषा का विकास दूसरी भाषा की कीमत पर हो, तब स्थिति बदल जाती है"।[12] "भाषा हमारी सामाजिक परम्परा की देन है"।[13] उसे संरक्षित करना हम सबका कर्त्तव्य है।

हिन्दी वैश्विक पटल पर सम्मानित हो रही है, विदेशों में हिन्दी भाषा की स्थिति अच्छी है, प्रश्न यह है कि भारतीयों के हृदय में हिन्दी के लिए वैसा सम्मान है? सच तो यही है कि हिन्दी को गौण रूप में महत्त्व दिया जाता है। नब्बे प्रतिशत कार्य कार्यालयों में अंग्रेजी में होते हैं। कारण यह है कि अंग्रेजी आज भी कारपोरेट जगत में अच्छा वेतन पाने की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण मानी जाती है। बहुत विरोधाभास है इस क्षेत्र में कि आज भी हिन्दी को, हिन्दी भाषियों द्वारा महत्त्व नहीं दिया जाता है।

चुनौती यह है कि क्या हम भारतीय हिन्दी को सम्मान दिलाने के लिए अपने उत्तरदायित्व का निर्धारण कर सकेंगे? यह चुनौती है जिसे हिन्दी के मनीषियों, शिक्षकों को सोचना होगा कि चुनौती का सामना कैसे करेंगे ? क्योंकि अधिकांश लोगों की यह प्रवृत्ति होती है कि वे अंग्रेजी बोलना जरूरी ही नही, शान की बात समझते हैं। हिन्दी के अध्येता और विद्वानों द्वारा ही हिन्दी के व्याख्यानों में अपरकास्ट, स्प्रिचुअल, पोलिटिकल जैसे शब्दों का प्रयोग निःसंकोच किया जाता है। हिन्दी भाषा के सन्दर्भ में प्रश्न यह है कि उच्चकोटि के साहित्य सर्जन, विस्तृत व समृद्ध शब्द भंडार, हृदय और अनुभूति की अभिव्यक्ति करने में समर्थ, व्यापक परिक्षेत्र में व्यवहृत और समादृत, व्याकरणिक रूप से सहज व सरल भाषा है, देवनागरी लिपि सुस्पष्ट और वैज्ञानिक है, भारतीय संस्कृति सभ्यता, एकता और राष्ट्रीयता का प्रतिनिधित्व करती है, बहुविध भाषाओं के शब्दों को ग्रहण करने में समर्थ है, फिर भी हिन्दी 'राष्ट्र भाषा' के पद पर अधिष्ठित होने से वंचित क्यों है ? यह विडम्बना ही है। हाल ही में मेडिकल की पढ़ाई हिन्दी में होने की बात सामने आई, यह एक सकारात्मक पहल है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति ने भारतीय भाषाओं को प्राथमिकता देने का सराहनीय कार्य किया है।

निराकरण-

- हिन्दी भाषा बोलने, समझने वालों के लिए आवश्यक है कि इस विषय पर चर्चा ही नहीं करें, जो जरूरी पक्ष है, उस पर भी अमल करें।
- व्याकरण सम्बन्धी बारीकियों पर हिन्दी के विद्वानों को निर्णय लेना चाहिए। लेखन में जो वर्तनी सम्बन्धी अशुद्धियां बढ़ रही हैं, उसका एक कारण व्याकरण का ज्ञान न होना भी है, इसलिए इस विषय पर ध्यान केन्द्रित करना होगा।
- भाषा, वर्तनी प्रयोग, व्यवहार आदि पर संगोष्ठी का आयोजन समय विशेष पर ही न हो, हिन्दी के अध्येता एवं वरिष्ठ भाषाविद् के सहयोग से हिन्दी के व्यावहारिक रूप और व्याकरणिक रूप पर चर्चा निरंतर हो। नव शोधार्थी, नये अध्येताओं के ज्ञानार्जन के लिए अपने ज्ञान का हस्तान्तरण आवश्यक है अतः वक्तव्य केवल 'वाह्य स्वरूप' का वर्णन-विवेचन तक सीमित न हो, बल्कि भाषा पर गहराई से विवेचन व विश्लेषण होना चाहिए।
- भाषा के अध्येता, विद्वान अपने छात्र-छात्राओं को भाषा सम्बन्धी प्रतियोगिताओं के आयोजन के द्वारा वर्तनी सम्बन्धी अशुद्धियों को शुद्ध कराना चाहिए, इससे भाषा में आ रही वर्तनी सम्बन्धी अशुद्धियों और त्रुटियों में तो सुधार होगा ही, साथ ही आने वाले साहित्यिक विद्यार्थी व भाषा के संरक्षक, संवर्धक भी तैयार कर सकेंगे।
- अंगेजी चैनल्स को भी हिन्दी में परिवर्तित करने से हिन्दी की स्थिति और समुन्नत होगी।
- राष्ट्रीय नीति 2020 के बाद भाषा के सम्बन्ध में विचार करना आरंभ किया है, वह सुखद संकेत है, क्रियान्वयन के बाद विजय के सूर्य का प्रकाश हिन्दी जगत को आलोकित करेगा ऐसी आशा है और संकल्प भी।
- हिन्दी भाषी, अपनी हिन्दी भाषा के सम्मान के लिए स्वयं प्रस्तुत हों, हिन्दी को जाने, समझें और प्रयोग करें पूरे सम्मान और गौरव के साथ।
- गीतांजलि श्री के उपन्यास 'रेत समाधि' के अंग्रेजी अनुवाद 'ट्रम आफ सैंड' को अन्तर्राष्ट्रीय बुकर पुरस्कार एक उपलब्धि है, यह सम्पूर्ण भारतीय साहित्य के लिए गौरव का विषय है। इस सन्दर्भ में अनुवाद कार्य को किया जाना चाहिए। साथ ही शब्दकोश निर्माण कार्य गंभीरता से होना चाहिए।
- हिन्दी के सम्मानार्थ, हिन्दी की उपेक्षा करने से रोकना आवश्यक है। इस सन्दर्भ में युवा पीढ़ी को प्रेरित करना आवश्यक है।
- प्राथमिक शिक्षा के माध्यम से जमीनी स्तर पर विद्यार्थियों को हिन्दी भाषा और व्याकरण का ज्ञान दिया जाना चाहिए।
- हिन्दी भाषा में लिंग निर्धारण, नियम आदि का निर्धारण जटिल हो सकता है पर असम्भव नहीं, इस सन्दर्भ में अभ्यास कार्य को प्रतिबद्धता से किया जाना चाहिए।
- हिन्दी भाषा के उन्नति के लिए निरन्तर उत्कृष्ट लेखन, साहित्य सर्जन आवश्यक है। सुधीश पचौरी के

शब्दों में-"यूं तो हर एक बंदा लेखक है। ऑनलाइन है। सब कुछ न कुछ लिखते रहते हैं पर अब इन सबके दिल में भावों, भावनाओं और विचारों व शब्दों की जगह 'इमोजी' रहते हैं, भावों और विचारों की जगह उसके चिह्न रहते हैं इसलिए अब साहित्य में कोई 'रिस्क' नहीं लेता सब सिर्फ 'सेफ' खेलते है। किसे दुश्मन बनाए ? (हिन्दुस्तान, 22 जनवरी 2023 रविवार, पृष्ठ 10, हिन्दी साहित्य में इतना सन्नाटा क्यों है से उद्धृत)।

हिंदी को समृद्ध करने के लिए अपनी भाषा में सर्जना आवश्यक है। हिन्दी भाषा, हिन्दी के अस्तित्व और सम्मान को ऊँचा करेगी क्योंकि भारत और हिन्दी हमारे हृदय से सम्बद्ध है।

सन्दर्भ सूचीः-

1. साहा,रणजीत (सं०),समकालीन भारतीय साहित्य (साहित्य अकादमी की त्रैमासिक पत्रिका) सितम्बर-अक्टूबर, 2013 (अंक-169) पृष्ठ-05
2. पाण्डेय, कैलाश नाथ, हिन्दी भाषा और साहित्य पृष्ठ 195
3. साहा,रणजीत (सं०),समकालीन भारतीय साहित्य (साहित्य अकादमी की त्रैमासिक पत्रिका) सितम्बर-अक्टूबर, 2013 (अंक-169) पृष्ठ-05
4. साहा,रणजीत (सं०),समकालीन भारतीय साहित्य (साहित्य अकादमी की त्रैमासिक पत्रिका) सितम्बर-अक्टूबर, 2013 (अंक-169) पृष्ठ-05
5. सहाय, संजय (सं0)- पूर्णांक -412 वर्ष 35, अंक-7, फरवरी 2021 पृष्ठ-58
6. सहाय, संजय (सं0)- पूर्णांक -412 वर्ष 35, अंक-7, फरवरी 2021 पृष्ठ-58
7. हिन्दुस्तान, वाराणसी, बुधवार, 14, सितम्बर 2011 पृष्ठ-10
8. हिन्दुस्तान, वाराणसी, बुधवार, 14, सितम्बर 2011 पृष्ठ-10
9. हिन्दुस्तान, वाराणसी, बुधवार, 14, सितम्बर 2011 पृष्ठ-10
10. सहाय, संजय (सं0)- पूर्णांक -412 वर्ष 35, अंक-7, फरवरी 2021 पृष्ठ-58
11. हिन्दुस्तान, वाराणसी, मंगलवार, 10, जनवरी 2023 पृष्ठ-12 (तकनीक की दुनियां में बढ़ रहा हिन्दी का दबदबा)
12. हिन्दुस्तान, वाराणसी, मंगलवार, 10, जनवरी 2023 पृष्ठ-12
13. कादम्बिनी, सितम्बर, 2016, पृष्ठ-05
14. कच्छल दीपिका,प्रधान संपादक ,योजना, जनवरी 2016,वर्ष 60 अंक 01 पृष्ठ-69
15. हिन्दुस्तान, वाराणसी, रविवार, 22 जनवरी 2023 पृष्ठ-10

❑❑❑

---

1. असिस्टेण्ट प्रोफेसर-हिन्दी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चुनार मीरजापुर उ0प्र0 dr.nalinisingh1997@gmail.com 9580876839

भारतीय भाषाओं के उन्नयन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020

–अपर्णा वर्मा
–डॉ. वी. शिरिषा

राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 भारत को वैश्विक महाशक्ति के रूप में विकसित करने की प्रगतिशील और अभिनव पहल है। 'भाषाएँ विविध हैं परन्तु भाव एक हैं' की अभिव्यक्ति राष्ट्रीय शिक्षा नीति का सार तत्व है। यह नीति हमें शिक्षण पद्धति में भाषा के दर्शन को समझने की अनिवार्यता समझाती है।

भारत बहु-भाषिक और बहु-सांस्कृतिक राष्ट्र है। भाषा वह स्त्रोतवाहिनी है जिसके एक एक शब्द शताब्दियों में गढ़े जाते हैं। यह माँ के गर्भ से अगली पीढ़ी तक पहुँचती है, दादी-नानी की कहानियों में, कहावतों में रचे बसे जाते हैं। इतिहास इस बात का गवाह है कि किसी भी सभ्यता संस्कृति के संवर्धन के लिए शिक्षा एक महत्त्वपूर्ण औजार है और शिक्षा का संवहन भाषाएँ करती है। सर्वविदित है कि भारतीय भाषाओं को प्रोत्साहन देना राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की प्राथमिकताओं में से एक है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 इक्कीसवीं शताब्दी के महत्त्वकांक्षी लक्ष्यों का महत्त्वपूर्ण दस्तावेज है। यह शिक्षण और ज्ञानार्जन में बहुभाषावाद को बढ़ाने की पुरजोर वकालत करता है। 'शिक्षा की भाषा' कैसी हो? यह राष्ट्रीय शिक्षा नीति की महत्त्वपूर्ण विषयात्मा है। इसमें सॉफ्ट स्किल्स को बढ़ावा देने के साथ-साथ अनिवार्यतः पांचवी तथा अधिमानतः कक्षा आठ तक की शिक्षा को मातृभाषा, स्थानीय भाषा या राष्ट्रीय भाषा में करने की बात कही गयी है। यह नीति व्यवस्था करती है कि भारतीय भाषाओं में पाठ्य पुस्तकें और अध्ययन सामग्री जल्द उपलब्ध करायी जाएँ। शिक्षण के दौरान स्थानीय भाषा, शब्दों, परम्परा, लोककथा आदि को ध्यान में रखते हुए बच्चों से संवाद किया जाए। राष्ट्रीय शिक्षा नीति का मूल मंत्र है कि रटने की परम्परागत प्रवृति को दूर कर आनंद और रचनात्मकता की ओर नया कदम बढ़ाया जाए। यह नीति इंगित करती है कि किसी भी देश की समृद्धि अपनी जड़ों के साथ बंधे रहने में ही संभव है। यूरोप, चीन, जापान की भाषाई समृद्धि का यही मूल कारण है। भारतीय लोकतंत्र का चरित्र सभी भारतीय भाषाओं के सामंजस्यपूर्ण सह-अस्तित्व पर आधारित है। चाहे अवधी, बघेली, भोजपुरी हो या तमिल, तेलुगु या कन्नड़। हालाँकि यह चिंता का विषय है कि यूनेस्को द्वारा जारी लुप्तप्राय भारतीय भाषाओं की सूची में 197 भारतीय भाषाओं को सूचीबद्ध किया गया है। आज आजादी के इस अमृत काल में जरूरत है कि हम अपनी विलुप्त होती भारतीय भाषाओं का उन्नयन करें। उच्च शिक्षा तथा तुलनात्मक शोध कार्यों में

भारतीय भाषाओं को शामिल किया जाए जैसे की राष्ट्रीय शिक्षा नीति में प्रावधान में किया गया है। 1996 से प्रतिवर्ष यूनेस्को द्वारा 21 फरवरी को विश्व मातृभाषा दिवस मनाया जाना इस दिशा में स्वागत योग्य कदम है। भारत अपनी बहुभाषिकता और भाषा शक्ति को मजबूत करके ही शिक्षा के क्षेत्र में वैश्विक नेता के रूप में उभर सकता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 का यही मौलिक कथ्य है। **बीज-शब्द:-बहु-सांस्कृतिक, बहुभाषावाद, सॉफ्ट स्किल्स, सह-अस्तित्व, तुलनात्मक शोध**

विषय- भारतीय भाषाओं के उन्नयन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020

जैसे चींटियाँ लौटती हैं / बिलों में

कठफोड़वा लौटता है / काठ के पास

वायुयान लौटते हैं एक के बाद एक / लाल आसमान में डैने पसारे हुए

हवाई-अड्डे की ओर / ओ मेरी भाषा

मैं लौटता हूँ तुम में / जब चुप रहते-रहते

अकड़ जाती है मेरी जीभ / दुखने लगती है / मेरी आत्मा[1]

केदारनाथ सिंह, कविता शीर्षक 'मातृभाषा'

केदारनाथ सिंह की यह कविता मातृभाषा के प्रति गहरे आभार को व्यक्त करती है। सच कहें तो भाषा ममत्व की अभिव्यक्ति है। भाषाएँ हमें वह सुरक्षित कोना उपलब्ध कराती है जहां हम निर्बाध रूप से स्व का निर्माण करते हैं। सदियों से भाषाएँ नूतन विश्व दृष्टि और जीवन दृष्टि का पोषण करती आ रहीं है। वास्तव में स्व-भाषाएं विविध विचारों, कल्पनाओं और व्यापक सामाजिक-राष्ट्रीय दर्शन का माध्यम हैं। सर्वविदित है कि एक बहु-भाषिक और बहु-सांस्कृतिक राष्ट्र के रूप में भारत विविध भाषाओं की संगमस्थली है। एक सशक्त एवं विश्वगुरु भारत-निर्माण की संकल्पना भारतीय भाषाओं के उन्नयन पर निर्भर करता है। स्वयं महात्मा गांधी भी अपनी जुबान के समर्थक थे। उनका तर्क था कि जो बात जिस भाषा में मूल रूप में कही गई है और जिसमें वह रची-बसी है, उसी में उसका सही अर्थ समझा जा सकता है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 इक्कीसवीं शताब्दी के आकांक्षी लक्ष्यों को प्रतिबिंबित करती है। 34 वर्षों के लंबे इन्तजार के बाद राष्ट्रीय शिक्षा नीति नई संभावनाओं के साथ आई है। भाषा के क्षेत्र में देश में ही नहीं अपितु विश्व भर में यह एक ऐसा बड़ा विमर्श है जो ग्राम पंचायत से लेकर राष्ट्रीय स्तर, छात्रों, अध्यापकों, अभिभावकों, जनप्रतिनिधियों, राजनेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा शिक्षाविदों के सुझावों, चिन्तन, मनन का परिणाम है। एनईपी-२०२० संयुक्त राष्ट्र के संवहनीय विकास लक्ष्य-4 के अनुरूप है। एनईपी दस्तावेज के चौथे और बाइसवें अध्याय में बहुभाषिकता और भाषा की शक्ति पर बात की गयी है। यह नीति इस ओर ध्यान आकर्षित करती है कि अपनी भाषाओं में शिक्षण से ज्ञान, विज्ञान, नवाचार के नए-नए क्षितिज खुलेंगे। मातृभाषा/स्थानीय भाषा/क्षेत्रीय भाषा में शिक्षण से सृजनात्मकता एवं स्व-पहचान की दिशाएं उद्घाटित होगी।

भाषाई विविधता हमारे देश की पहचान है। यहाँ कई भाषाएँ और बोलियाँ एक साथ फलती-फूलती हैं। "प्रारंभ में संविधान की 8वीं अनुसूची में 14 भाषाएँ थीं, जो अब बढ़कर 22 हो गई हैं। ध्यातव्य है कि 2011

की जनगणना के अनुसार, बोलियों सहित 1369 भाषाएँ हैं, जिनमें 121 भाषाएँ 10 हजार से अधिक लोगों द्वारा बोली जाती हैं।[3] यूनेस्को के अनुसार, पिछले 50 वर्षों में 197 भारतीय भाषाएँ लुप्तप्राय हो गई हैं, कई विलुप्त होने के कगार पर हैं। किसी भाषा के मर जाने से उस भाषा के बोलने वालों की सभ्यता, संस्कृति आदि समाप्त हो जाती है। ऐसे में भाषा का महत्त्व और बढ़ जाता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में इसे भली-भांति स्वीकार किया गया है। इस दृष्टि से नीति के सिद्धांत में लिखा है कि संस्कृति के संरक्षण, संवर्धन और प्रसार के लिए हमें उस संस्कृति की भाषाओं की रक्षा और प्रचार-प्रसार करना होगा। "इस नीति में भारत को ज्ञान के क्षेत्र में वैश्विक महाशक्ति में तब्दील करने का लक्ष्य रखा गया है। यह अपने दृष्टिकोण में वैश्विक होने के साथ ही भारत केन्द्रित भी है। यह मानवाधिकारों, संवहनीय विकास, जीवनशैली तथा वैश्विक कल्याण के प्रतिबद्धता को बढ़ावा देने वाले ज्ञान, कौशल, मूल्य और आचरण को स्थापित करती है। इस तरह इसका प्रयास छात्रों को सही मायने में वैश्विक नागरिक के रूप में तब्दील करने का है। साथ ही इसका मकसद छात्रों में विचारों के साथ ही भावना, बुद्धि, और कार्यों में भी भारतीय होने का गहरा गौरव स्थापित करना है।"[4]

राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 और मातृभाषा में शिक्षा

किसी भी देश का सांस्कृतिक उत्कर्ष उनकी स्वभाषाओं में परिलक्षित होता है। यह नीति प्रस्तावित करती है कि स्वभाषा एवं मातृभाषा शिक्षा का सर्वाधिक उपयुक्त माध्यम है। मातृभाषा में शिक्षा विद्यार्थी केन्द्रित शिक्षण व्यवस्था की अनिवार्य शर्त है। मातृभाषा में शिक्षा से एक परिपक्व एवं मौलिक लोकतंत्र का निर्माण होगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में सॉफ्ट स्किल्स को बढ़ावा देने के साथ-साथ अनिवार्यतः पांचवी तथा अधिमानतः कक्षा आठ तक की शिक्षा को मातृभाषा, स्थानीय भाषा या राष्ट्रीय भाषा में करने की बात कही गयी है। साथ ही अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) ने अपने से संबद्ध इंजीनियरिंग कॉलेजों में भारतीय भाषाओं में पाठ्यक्रम चलाने की अनुमति दी है। शुरूआती स्तर पर बंगाली, गुजराती, हिंदी, कन्नड़, मलयालम, मराठी, तमिल और तेलुगु सहित आठ भारतीय भाषाओं में पाठ्य-सामग्री के अनुवाद पर काम शुरू किया जा रहा है। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (आईआईटी) में भारतीय भाषा के विकल्प की प्रस्तुति पर भी यथासमय निर्णय लिया जाएगा।

त्रिभाषा सूत्र/ फ़ॉर्मूला

राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में त्रिभाषा सूत्र निम्नलिखित बिंदुओं पर प्रकाश डालता है:-

- बहुभाषावाद को बढ़ावा देने के साथ-साथ राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने के लिए तीन-भाषा सूत्र को लागू करना जारी रहेगा।
- राज्य, क्षेत्र, विद्यार्थी अपनी सुविधानुसार तीन भाषाओं का चयन करें।
- तीन भाषाओं को सीखना राज्यों, क्षेत्रों और स्वयं छात्रों की पसंद होगी, किसी पर कोई भाषा थोपी नहीं जायेगी।
- ग्रेड 6 या 7 में तीन में से एक या दो भाषाओं को बदलने की सुविधा होनी चाहिए। उससे पूर्व उन्हें माध्यमिक कक्षाओं के अंत तक कम से कम एक भारतीय भाषा की साहित्यिक स्तर पर बुनियादी दक्षता दिखानी होगी।

- साहित्यकारों और भाषा विशेषज्ञों को भाषा शिक्षण और प्रशिक्षण में विशिष्ट प्रशिक्षकों के रूप में जोडनें और विद्यार्थियों को सृजनात्मक लेखन के लिए प्रोत्साहित करने पर बल दिया जाएगा।

भारतीय भाषाओं की वैज्ञानिकता पर बल

किसी भी भाषा की जीवन्तता/प्रासंगिकता उसमें नित नए प्रयोग होने से ही संभव है। अस्तित्व की रक्षा के लिए भाषाओं को समय के साथ खुद को तकनीकी रूप से समृद्ध करते रहने की बात राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 करती है। यह नीति 'क्या-क्या सीखने' के साथ 'कैसे सीखने पर भी जोर देती है| राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 भारतीय भाषाओं में सॉफ्टवेयर तैयार करने, ऑनलाइन कंटेंट, ई-लर्निंग, मनोरंजन आधारित अधिगम एप्स जैसे प्रोद्योगिकी विकसित करने की सिफारिश करती है। यह अभिनव प्रयास दूरस्थ छात्रों एवं दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए औषधि साबित होगा। इस तरह राष्ट्रीय शिक्षा नीति भारतीय भाषाओं को वैज्ञानिक कलेवर देने का भरसक प्रयास कर रही है। इसमें एक प्रभावी प्रोजेक्ट "भारत की भाषाएँ" (लैंग्वेज ऑफ़ इंडिया) की संकल्पना की गयी है। यह ग्रेड 6 से 8 के लिए 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' पहल है। विद्यार्थियों को भारतीय भाषाओं में ध्वन्यात्मकता, वैज्ञानिक वर्णमाला, लिपि आदि की समानता दिखाकर समरसता का पाठ पढ़ाया जाएगा। इससे विद्यार्थी विविध भाषाओं की प्रकृति, पद-संरचना, साहित्य को जानकर भारत की सामासिक एकता को आत्मसात कर सकेंगे।

प्राचीन और शास्त्रीय भाषाओं की महत्ता एवं कला, संस्कृति का संवर्धन

भारतीय सभ्यता-संस्कृति 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' एवं 'वसुधैव कुटुम्बकम्' के दर्शन पर आधारित है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 भारत की इस सांस्कृतिक संपदा का संरक्षण, संवर्धन एवं प्रसार करती है। तुलनात्मक साहित्य, सृजनात्मक कौशल, कला, संगीत, दर्शन आदि के सशक्त विभागों को देश भर में शुरू किया जाएगा। साथ ही इन विषयों में दोहरी डिग्री के रूप में चार वर्षीय बी.एड. कोर्स विकसित किए जाएंगे। बेशक यह नीति भाषा प्रशिक्षकों के एक बड़े कैडर को विकसित करने में मददगार साबित होगी। यह नीति प्रस्तावित करती है कि तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम, ओड़िया जैसी शास्त्रीय और पालि, प्राकृत, फारसी जैसी प्राचीन भाषाओं को समृद्ध करके हमारी ज्ञान विरासत सुदृढ़ किया जाए। भाषा समर्पित संस्थानों एवं विश्वविद्यालयों का विस्तार किया जाएगा तथा उनमें दोहरी डिग्री प्रदान करने की व्यवस्था की जायेगी। विद्यार्थियों के वैश्विक ज्ञान में वृद्धि के लिए विदेशी भाषाओं जैसे अंग्रेजी, कोरियाई, जापानी, थाई, फ्रेंच, जर्मन, स्पेनिश, पुर्तगाली, रूसी के शिक्षण की भी वकालत की गयी है| इस दिशा में नेशनल रिसर्च फाउंडेशन (एनआरएफ) गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान हेतु वित्त उपलब्ध करायेगा। यह नीति इंगित करती है कि विविध कलाएं, थिएटर, कथावाचन, संगीत जैसे माध्यमों से निश्चय ही भाषा की श्रीवृद्धि होगी। इन सभी सुझावों का शतप्रतिशत क्रियान्वयन भारत को विश्वमानचित्र पर अग्रिम राष्ट्रों की श्रेणी में स्थापित करेगा।

भारतीय भाषाओं में अनुवाद की व्यवस्था

भारत को ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित करना राष्ट्रीय शिक्षा नीति का प्रमुख लक्ष्य है। इस दिशा में सर्वसाधारण को विभिन्न भारतीय एवं विदेशी भाषाओं में गुणवत्ता युक्त अधिगम सामग्री उपलब्ध कराने हेतु इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रांसलेशन एण्ड इंटरप्रिटेशन (अनुवाद और विवेचना संस्थान)

की स्थापना की जायेगी। आईआईटीआई अपने अनुवाद और व्याख्या में प्रौद्योगिकी का व्यापक उपयोग करेगा। देश के विभिन्न अनुसन्धान परक संस्कृत विभागों में चार वर्षीय बहु-विषयक बी.एड. डिग्री कोर्स प्रारंभ किए जायेंगे। संस्कृत शिक्षकों को बड़ी संख्या मे व्यावसायिक शिक्षा प्रदान की जायेगी। इस तरह शास्त्रीय भाषा संस्कृत के अध्ययन-अध्यापन को संस्कृत पाठशालाओं, विश्वविद्यालओं तक सीमित न रहकर सामान्य पाठशालाओं में त्रिभाषा सूत्र के अंतर्गत इसका सीमा विस्तार किया जाएगा। भाषा की शक्ति को बढ़ावा देते हुए आठवीं अनुसूची में अनुसूचित प्रत्येक भाषा के लिए अकादमी स्थापित की जायेगी। केंद्र और राज्यों के सहयोग से स्थापित ये अकादमियां आपसी समन्वय से अपनी अपनी शब्द संपदा में गुणोत्तर वृद्धि करेगी। विभिन्न भारतीय भाषाओं और उनकी कला, स्थानीय संस्कृति का वेब आधारित पोर्टल, विडियो रिकॉर्डिंग, कहानी पाठ, विकिपीडिया आदि के द्वारा दस्तावेजीकरण किया जाएगा|

निष्कर्षतः राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 भारत को वैश्विक महाशक्ति के रूप में विकसित करने की प्रगतिशील और अभिनव पहल है। 'भाषाएँ विविध हैं परन्तु भाव एक हैं' की अभिव्यक्ति राष्ट्रीय शिक्षा नीति का सार तत्व है। यह नीति हमें शिक्षण पद्धति में भाषा के दर्शन को समझने की अनिवार्यता समझाती है। प्रत्येक भाषा अपनी मातृ संस्कृति की वाहक होती है। भारतीय भाषाओं के उन्नयन के माध्यम से ही हम इस मातृ संस्कृति को ज़िंदा रख सकते हैं। यह चिंता का विषय है कि हमारी राष्ट्रीय अस्मिता और आत्म चेतना का जो चित्र महात्मा गांधी ने 'हिंद स्वराज' में वर्णित किया था उसकी तस्वीर आज धुंधली नजर आ रही है। भारत की बहुभाषिक संस्कृति उसकी ताकत है, कमजोरी नहीं। वर्तमान पीढ़ी को यह समझना होगा कि भाषा सिर्फ शब्द और व्याकरण का समुच्चय नहीं है। इसमें हमारी जीवन दृष्टि झलकती है। हमारे जीवन के सिद्धांत बसते हैं। हमारी विश्व दृष्टि बोलती है।

आधार सामग्री:-

1. राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 दस्तावेज, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार
2. योजना अंक, फ़रवरी-2022, राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 विषय पर केन्द्रित

सन्दर्भ सामग्री

1. कविता 'मातृभाषा', केदारनाथ सिंह, कविता कोश
2. आलेख- नई शिक्षा नीति और भारतीय भाषाएँ, प्रेमपाल शर्मा, भूतपूर्व संयुक्त सचिव, रेल मंत्रालय, भारत सरकार
3. आलेख- नई शिक्षा नीति और भारतीय भाषाएँ, अतुल कोठारी, शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के राष्ट्रीय सचिव
4. राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 दस्तावेज, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार, पृष्ठ-6

लेखक, पी.एच-डी. हिंदी भारतीय भाषा केंद्र भाषा, साहित्य एवं संस्कृति संस्थान जवाहरलाल नेहरु विश्वविद्यालय, नई दिल्ली-110067

❒❒❒

1. सहायक आचार्य, सेंटर फॉर द स्टडी ऑफ़ सोशल एक्सक्लूशन एंड इंक्लूसिव पॉलिसी स्कूल ऑफ़ सोशल साइंसेज जवाहरलाल नेहरु विश्वविद्यालय, नई दिल्ली-110067

भारत में राष्ट्रीयता और हिंदी भाषा

बसंत कुमार

उक्त समय काल और दशा के आधार पर सारा राष्ट्र एक सूत्र में नहीं बंधा था अपितु छोटे छोटे खण्डों में विभक्त था, और वही खंड उनका राष्ट्र था इस समय साहित्यकार अपने खण्डों / राज्य/ राजाओं के शोर्य का गुणगान किया करते थे और वीरपूजा, धर्म, एवं राजनीति का बखान गीत गाकर किया करते थे। उस समय की राष्ट्रीयता अपने राज्य की सीमाओं की सुरक्षा, उसका विस्तार एवं धर्मं का पालन करना ही था।

राष्ट्रीयता एक भाव है जिसमें राष्ट्र की संकल्पना, राष्ट्र के प्रति प्रेम स्नेह,अधिकार एवं कर्तव्यों का भाव समाहित होता है और इन भावों को भाषा के बिना देख पाना सम्भव नही दिखाई आदिकाल (जिसे चारणकाल या वीरगाथा काल के नाम से भी जाना जाता है) में राज कवि अपने आश्रयदाता राजाओं के शोर्य और पराक्रम की गाथा गया करते थे अपितु युद्ध का आगाज कवियों के द्वारा वीरता और पराक्रम की गाथा के माध्यम से ही होता था जो की सैनिकों और नागरिकों में देशप्रेम,बलिदान, अधिकार एवं कर्तव्यों के भावों का संचरण एवं उत्तेजना उत्पन्न करते थे। हिंदी भाषा साहित्य के इतिहास का यह पहला चरण मन जाता है। अतः आदिकाल से भक्तिकाल, रीतिकाल आधुनिककाल और आज तक हिंदी भाषा साहित्य और राष्ट्रीयता गहरा सम्बन्ध प्रमाणिक है। अतः यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगा की भारतवर्ष में हिंदी भाषा राष्ट्रीयता की जननी है, हिंदी साहित्य ने न केवल राष्ट्रीयता अपितु सामाजिक, धार्मिक, राजनैतिक, आर्थिक और अन्य क्षेत्रों में भी अपनी रचनाओं के माध्यम से जनक्रांति,जनचेतना,जनजागरण का अविस्मर्णीय कार्य किया, हिंदुस्तान की रचना और राष्ट्रीयता के भाव के संचरण में हिंदी भाषा का योगदान अतुलनीय एवं आद्वितीय है।

हिंदी साहित्य का इतिहास उतना ही पुराना और वैसा ही है जैसे भारत का इतिहास रहा है समय देश काल के आधार पर समाज की स्थिति और परिस्थिति का बखान रचनाकारों ने अपने अपने अनुसार व्यक्त किया है आज की हिंदी भारतीय आर्य भाषा के सतत प्रवाहमान परंपरा की फलश्रुति है, आदिकाल से संस्कृत से प्रारंभ होकर आज तक की ऐतिहसिक घटनाओं के एकमात्र साक्षी भाषा ने सब कुछ सहते हुए त्याग और बलिदान करते हुए राष्ट्रीयता की कसौटी पर अपने आप को सदा ही खरा साबित किया है और आज भी अपने आप को जीवंत बनाये हुए है यदि भारत वर्ष के सन्दर्भ में देखा जाए

तो हिंदी को हटाने पर सारा का सारा इतिहास ही विलुप्त हो जाता है यह हमारे देश के संघर्ष और प्रेम की क्षण प्रति क्षण की गवाही देती है। भाषा इतिहास के देशकाल की आंतरिक और बाहरी संरचना को बुनती है भाषा के माध्यम से इतिहास के सूत्रों को बुनती है। जहाँ तक हिंदी भाषा के ऐतिहासिक विकास का प्रश्न है तो हिंदी हिंदुस्तान में रहने वालों की भाषा है जिसका प्रारंभ वैदिक काल से ही माना जाता है, जहाँ हिंदी संस्कृत से प्रारंभ होकर प्राकृत, पाली, अपभ्रष एवं अवहट्ट से होती हुई अध्यतन हिंदी तक पहुँचती है। सामान्यतः हिंदी साहित्य का विकास तीन अवस्थाओं में माना जाता है|

- आदिकाल (1000 ई- 1500 ई)
- मध्यकाल (1500 ई – 1850)
- आधुनिक काल (1850ई – अब तक)

आचार्य रामचंद्र शुक्ल के अनुसार हिंदी साहित्य की विभिन्न प्रवृतियों की शुरूआत संवत 1050 से प्रारंभ हो गई थी। इस युग में वीर, श्रृगार, एवं लोक पर आधारित रचनाओं के साथ साथ सिद्ध और नाथों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज करा ली थी। इस की प्रवृतियों के आधार पर अलग अलग साहित्यकारों ने इसे अलग अलग नाम से प्रस्तुत किया है राहुल संकृत्यायन ने इसे सिद्ध सामंत युग कहा, मिश्र बंधुओं ने इसे प्रारंभिक काल कहा, आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने इसे वीरगाथा काल कहा

उक्त समय काल और दशा के आधार पर सारा राष्ट्र एक सूत्र में नहीं बंधा था अपितु छोटे छोटे खण्डों में विभक्त था, और वही खंड उनका राष्ट्र था इस समय साहित्यकार अपने खण्डों /राज्य/ राजाओं के शोर्य का गुणगान किया करते थे और वीरपूजा, धर्म, एवं राजनीति का बखान गीत गाकर किया करते थे। उस समय की राष्ट्रीयता अपने राज्य की सीमाओं की सुरक्षा, उसका विस्तार एवं धर्मं का पालन करना ही था। भाव वही था बस सीमाओं का विस्तार कम था इस काल में प्रथम कवि चन्द्रवरदाई जिन्होंने अपने आश्रयदाता पृथ्वीराज चौहान के वैभव और गुणों का वर्णन उनके प्रसिद्ध ग्रन्थ पृथ्वीराजरासो में किया, इसी दौरान परमाल रासो, वीसलदेव रासो, कीर्तिपताका, कीर्तिलता, विद्यापति की पदावली, पउमचरिउ, आदि रचनाओं के प्रमाण मिलते है सभी रचनाएँ अधिकतर अपने आश्रयदाता के शोर्य का गुणगान किया। जहाँ तक प्रश्न हिंदी भाषा और राष्ट्रीयता का है तो इस काल की रचनाएँ केवल और केवल राष्ट्रीयता को प्रबल बनाने के लिए ही हुई है इस काल में कवि युद्ध की तैयारी गायन के माध्यम से अपने राष्ट्र जीत और सुरक्षा प्रति उत्सुकता और मनोबल को बढ़ा किया जाता था, युद्ध में जाने के समय के गीत राष्ट्र के प्रति उनके कर्तव्यों का बोध कराते थे, राष्ट्र के प्रति त्याग और बलिदान का पाठ केवल पाठ नहीं पढ़ाते अपितु त्याग और बलिदान की भावनाओं को प्रबल करते थे, उक्त समय में प्रत्येक नागरिक का धर्म उनका राष्ट्र के प्रति बलिदान राष्ट्र के प्रति त्याग ही था जो की साहित्यकार अपनी रचनाओं के माध्यम से जनजाग्रति,और जनचेतना की ज्योति जगाने का काम किया करते थे, और भाषा ही केवल एक माध्यम था यह काल हिंदी साहित्य का प्रारंभिक काल है अतः यह कहने में कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी की हिंदी भाषा साहित्य का उदय ही राष्ट्रीयता के लिए हुआ है।

मध्यकाल में हिंदी भाषा का स्वरूप का और विस्तार हुआ जो की बोलियों के रूप में परिलक्षित हुआ जिनमें ब्रज भाषा और अवधी प्रमुख रूप से सामने आयीं साथ ही खड़ी बोली के प्रारंभ नें रचनाकारों को एक नया आयाम दिया मध्यकाल में भक्तिधारा का प्रवाह हुआ जिसके कारण हिंदी साहित्य ने नयी ऊँचाइयों को छुआ। यह काल अनिश्चितता का काल था देश छोटे-छोटे राज्यों में बंटा हुआ था, विदेशियों के आक्रमण तेज हो गए थे इसी काल में देश में सगुण भक्ति धारा और निर्गुण भक्ति धा की गंगा बही, सगुण भक्ति धारा के अंतर्गत कृष्ण भक्ति की रचनाएँ ब्रज भाषा में हुई जिनमें सूरदास, नंददास, निम्बार्क सम्प्रदाय के श्रीभट्ट, चैतन्य संप्रदाय के गदाधरभट्ट, राधाबल्लभ के हितहरिवंश एवं रसखान और मीराबाई आदि प्रमुख रहीं जिन्होंने भाषा परंपरा का निर्वहन किया जो की अपने समय की उच्च श्रेणी की परिनिष्ठित व उच्च श्रेणी की साहित्यिक भाषा थी। वहीं दूसरी ओर अवधी को सूफी कवियों जायासी, कुतुबन, उस्मान, नूरमुहम्मद आदि कवियों ने प्रतिष्ठा प्रदान की राम भक्ति धारा के श्री तुलसीदास जी ने रामचरितमानस के माध्यम से अवधी को अन्य भाषी क्षेत्रों में भी जन-जन तक पहुँचाया एवं साहित्यिक गरिमा प्रदान की एवं पद्य के क्षेत्र में मानक स्थापित किये, इनके साथ-साथ खड़ीबोली का प्रचलन बढ़ा और इसका केंद्र दक्खन बना जिसमें दादू, मलूकदास, कबीर आदि संतों ने अपनी रचनाएँ रची|

इस समय में भारत अस्थिरता के दौर में था एक तरफ मुगलों का दौर और दूसरी तरफ विदेशियों का आक्रमण एवं तीसरा राष्ट्र का एक सूत्र में ना होना अतः देश कई खण्डों में बंटा हुआ था और लगातार धर्म और संस्कृति पर प्रहार हो रहा था वहीं भक्ति धारा ने देश को एक सूत्र में बांधा और एक राष्ट्र की कल्पना को ज्वलंत किया आध्यात्मिकता और धर्म के माध्यम से जन-जन में उनका धर्म और उत्तरदायित्व और कर्म की अलख जगाई ,व्यक्तिगत विकास के साथ-साथ जीवन शैली का पाठ पढ़ाया वहीं दूसरी तरफ रूढ़ीवादिता और आडम्बरों पर तीखा प्रहार कर कबीर और रहीम जैसे कवियों ने समाज में पनप रही कुरूतियों का घोर विरोध किया। भाषा की दृष्टि से ब्रज, अवधी और खड़ी बोली ने देशवासियों में एक राष्ट्र की कल्पना को जागृत किया साथ ही साथ समाज से कुरूतियों और आडम्बरों को दूर करने का भरसक प्रयास किया यह भारत गंगा जमुनी सरस्वती तहजीब का अनूठा साहित्यिक संगम रहा इस भक्ति धरा ने पूरे देश को एक माला के रूप में तैयार किया अतः हिंदी साहित्य की इस भक्ति धारा ने भारतवर्ष सुसंस्कृत,धार्मिक अध्यात्मिक और जागरूक जनमानस को तैयार किया। राष्ट्रीयता की अद्वितीय मिशाल है किसी भी राष्ट्र के लिए राष्ट्रीयता के इनसे अलग कोई और घटक नही हो सकते जिसने एक राष्ट्र की कल्पना को साकार किया राष्ट्रीयता के विकास का स्वर्णिम काल है|

अठारहवीं शताब्दी के उपरांत देश में यूरोपीय आक्रमण तेज हो गए एवं ब्रिटिश साम्राज्य की स्थापना हो गई वहीं जन जन अपने राष्ट्र की आजादी के लिए और कटिबद्ध होता चला गया इस दौर में तकनीकी का भी विकास वहीं पद्य के साथ गद्य का विकास हुआ जिससे हिंदी साहित्य में रचनाकारों की बाढ़ आ गई। इस दौर में विभिन्न भाषाओं में विभिन्न रचनाएँ विभिन्न दृष्टीकोण से रची गई जिसमें कहानी,नाटक उपन्यास एवं पत्रकारिता का उदय हुआ जिसने आजादी के संघर्ष को एक दिशा प्रदान की इस काल के प्रारंभ में भारतेंदु हरिश्चंद्र, जगन्नाथ दस रत्नाकर, श्रीधर पाठक, रामचंद्र शुक्ल, आदि नें अपनी रचनाएँ

ब्रज भाषा में की,इसी दौरान महावीर प्रसाद दिवेदी नें गद्य को एक विशेष पहचान एवं स्वरूप प्रदान किया इनकी प्रेरणा स्वरूप एवं प्रयास के बाद मैथिलीशरण गुप्त, रामचरित उपाध्याय, नाथूराम, रामनरेश त्रिपाठी, माखनलाल चतुर्वेदी, राम कुमार वर्मा, सुभद्रा कुमारी चौहान, महादेवी वर्मा आदि रचनाकारों नें हिंदी साहित्य को नई ऊँचाईयों तक पहुचाया।

1857 की क्रांति के दौर में राष्ट्रीयता का प्रचार प्रसार क्षेत्रीय भाषा और हिंदी भाषा में लोकगीत और पत्र-पत्रिकाओं के माध्यम से होने लगा कालान्तर में कविवचनसुधा, हरिश्चंद्र मैगजीन भी प्रकाशित होने लगी, साथ ही भारत दुर्दशा, अंधेर नगरी जैसे नाटक भी रंगमंच में बहुत लोकप्रिय हुए, श्रीनिवासदस का उपन्यास परीक्षागुरु (हिंदी का पहला उपन्यास) की रचना हुई आचार्य महावीरप्रसाद दिवेदी ने सरस्वती पत्रिका का संपादन किया। हिंदी साहित्य की इन रचनाओं ने लगातार हिंदुस्तानियों में राष्ट्र प्रेम की भावना का संचार किया और देश में जनचेतना, जनजागरण और जनक्रांति का विगुल बजा दिया|

मुझे तोड़ लेना बनमाली उस पथ पर देना तुम फेंक।

मातृभूमि पर शीश चढ़ाने, जिस पर जावें वीर अनेक।

❒❒❒

---

1. सहायक प्राध्यापक शिक्षा विभाग गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर छ. ग. मोबाइल न. 8815993312 ईमेल bkkrmaiharedu@gmail.com

वैश्विक अभिव्यक्ति की ओर अग्रसर हिंदी भाषा

-स्वप्निल पांडेय

त्रिनिडाड, टोबागो, मॉरीशस, ब्रिटेन आदि देशों में हिंदी पर कार्य किया जा रहा है। यहां अप्रवासी भारतीयों द्वारा धन और श्रम दोनों की व्यवस्था अपने आप कर रहे हैं भारत को चाहिए कि विदेशों में बसे भारतीयों में जो भी लेखक, हिंदी साहित्य को प्रोत्साहित कर रहे हैं उसे भारत द्वारा निश्चित रूप से प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

प्रस्तावना

दक्षिणी गोलार्द्ध में स्थित भारत एक विशाल लोकतांत्रिक गणराज्य है। लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता है। जब से सृष्टि का निर्माण किया गया तभी से भाषा का संबंध मानव समाज से माना गया है। भाषा मनुष्य जीवन का एक ऐसा अंग है जिसके के अभाव में मनुष्य गूंगा हो जाता है। भारतेंदु हरिश्चंद्र ने कहा -

चार कोस पर बदले पानी / आठ कोस पर वाणी।

जो आज भी चरितार्थ हो रहा है।

समाज में अभिव्यक्ति का सबसे बड़ा माध्यम भाषा को समझा जाता है इसी कारण भाषा के माध्यम से व्यक्ति सब को अपना बनाने की क्षमता रखता है जहां तक सभी को अपनी भाषा अपनी वाणी से मंत्रमुग्ध करने का कार्य है वह तो अवश्य हिंदी भाषा के माध्यम से ही संभव है इसी कारण हिंदी विश्व की समस्त भाषााओं में सर्वश्रेष्ठ स्थान रखती है। जो निश्चित रूप से जनसामान्य के बीच अपना राष्ट्रीय स्वरूप स्थापित कर रहा है। औद्योगिक क्रांति के समय संपूर्ण विश्व में उपनिवेश युग की शुरूआत हुई थी जिसका फल हुआ कि बड़े राष्ट्रों ने छोटे राष्ट्रों को गुलाम बनाना प्रारंभ कर दिया। इन राष्ट्र के बढ़ने के साथ ही अंग्रेजी भाषा भी वैश्विक पटल पर छाने लगी जिसकी छाप भारत पर भी पढ़नी प्रारंभ हो गई परंतु इसको भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता कि देश में हिंदी बोलने लिखने वालों की भी संख्या अच्छी खासी है।आज हिंदी विश्व में 3 सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा है विदेशों में बसे भारतीय मूल के लोग हिंदी माध्यम से ही अपना कार्य संपादन करते हैं अमेरिका में बसे अप्रवासी भारतीयों का हिंदी के प्रति रुझान, मॉरीशस जैसे देष जहां पर हिंदी ने वैश्विक मंच पर अपनी छाप बना रखी है जिससे हिंदी के प्रति लोगों का रुझान बढ़ा। आज हम सभी को मिलकर अपने विश्व धरोहर को बचा के रखने का

प्रयास करना चाहिए। इस भाषा को वैश्विक स्तर पर संयुक्त राष्ट्रसंघ की भाषा के मुख्यधारा से जोड़े जाने का प्रयास किया जा रहा है जिसका परिणाम है कि विश्व में प्रत्येक भारतीय ने इसे अपने सांस्कृतिक अभिव्यक्ति से जोड़कर देखने का प्रयास किया है। वर्तमान में नेपाल ,फिजी, मॉरीशस, त्रिनिदाद, टोबैगो में हिंदीभाषी अपनी पहचान बनाने में प्रयासरत हैं इसके साथ ही ब्रिटेन लैटिन, अमेरिका, फ्रांस और अफ्रीकी देशों में भी हिंदी का वर्चस्व बढ़ता ही जा रहा है।

आज यदि देखा जाए तो हिंदी भाषा में वैश्विक स्तर पर स्थापित होने की पूरी क्षमता है परंतु यदि शासन सरकार की तरफ से इस पर बल तथा सहयोग दिया जाए तो हिंदी भाषा भी वैश्विक स्तर पर स्थापित होने की पूरी क्षमता रखती है परंतु यदि शासन सरकार की तरफ से इस बात पर बल दिया जाए तथा सहयोग दिया जाए तथा प्रचार-प्रसार में वृद्धि की जाए तो शायद ही भारत का कोई क्षेत्र हो जहां हिंदी भाषा स्थापित न हो सके। यदि भारत में समाज तथा समाजसेवी संस्थाएं सरकारी अनुदान की स्वयंसेवी संस्था पूरे मनोयोग से कार्य न कर के पन्नों पर चढ़ती जा रही है अन्यथा क्या कारण है कि पूरे भारत में हिंदी के विकास के नाम पर अरबों रुपए पानी की तरह आने के पश्चात भी परिणाम सकारात्मक रूप से नहीं परिलक्षित हो रहा है ।

जब भी हम हिंदी को विश्व पटल पर अंकित करने की बात करते हैं तो अपने संकुचित पूर्वाग्रह को निश्चित रूप से छोड़ देते हैं । विश्व पटल पर हिंदी को स्थापित करने के लिए समग्रता के साथ रचनाओं साहित्य को भी स्थान देना होगा जो अप्रवासी भारतीयों द्वारा लिखी जाती है। यदि भारत अंतरराष्ट्रीय मित्रों के साथ मधुर संबंध बनाए तो हिंदी भाषा को भी स्थान मिलेगा।

त्रिनिडाड, टोबागो, मॉरीशस, ब्रिटेन आदि देशों में हिंदी पर कार्य किया जा रहा है। यहां अप्रवासी भारतीयों द्वारा धन और श्रम दोनों की व्यवस्था अपने आप कर रहे हैं भारत को चाहिए कि विदेशों में बसे भारतीयों में जो भी लेखक, हिंदी साहित्य को प्रोत्साहित कर रहे हैं उसे भारत द्वारा निश्चित रूप से प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

अपनी राष्ट्रभाषा के विकास में राजनीतिक सरोकारों का अपना महत्त्व होता है जिसे नकारा नहीं जा सकता रूस में आज हिंदी का प्रचलन है उसका मुक्त भारत संबंधों की प्रगाढ़ता को दिया जाता है 1921 में यंग इंडिया में छपे लेख में महात्मा गांधी ने कहा आप हिंदी साहित्य की गरीबी की बात करते हैं, वर्तमान हिंदी की गरीबी की बात करते लेकिन अब तुलसीदास की रामायण में लगाएं तो शायद आप मुझसे सहमत हैं कि कोई और पुस्तक ऐसी नहीं जो आदिम भाषाओं में संसार के साहित्य में इसकी बराबरी कर सके एक पुस्तक ने मुझे आशा और श्रद्धा प्रदान की है कि जो साहित्यिक लालित्य में कविता और धार्मिक भावनाओं की गहराई में किसी भी आलोचना और किसी परीक्षा में टिक सकती है ।

आज वैश्विक स्तर पर प्रयासों का परिणाम है कि अमेरिका में अप्रवासी भारतीयों ने अपनी दुकानों के नाम हिंदी में लिखना प्रारंभ किया।

आज विश्व में देखा जाए तो उषाप्रियंवदा ऐसी रचनाकार जिसने अमेरिका में रहते हुए हिंदी साहित्य में लेखन कार्य किया, भारतीय मूल की अमेरिकी उपन्यासकार शिक्षाविद सुषम बेदी ने अपने उपन्यासों

साहित्य कहानियों के माध्यम से हिंदी का प्रचार-प्रसार किया जिसमें सबसे प्रमुख हवन, वापसी आदि हैं। ब्रिटेन की हिंदी साहित्य त्रैमासिक पत्रिका पुरवाई की संपादक का हिंदी समिति यूके की उपाध्यक्ष रही उषा राजे का भी योगदान महत्त्वपूर्ण है। पूर्णिया बर्मन के संपादन में हिंदी इंटरनेट पत्रिका अभिव्यक्ति और अनुभूति खूब सराहना की गई है आज बहुत सारे ऐसे कारण हैं जिससे यह प्रमाणित हुआ कि यदि वैश्विक स्तर पर हिंदी को स्थापित करना है तो विदेशी, स्वदेशी सभी को मिलकर हिंदी को एक मंच पर लाना होगा हम निरंतर प्रयासरत रहेंगे तो हिंदी निश्चित रूप से विश्व भाषा के रूप में प्रमाणित होगी।

औद्योगिक क्रांति के समय जो विश्व में उपनिवेशवाद के युग का प्रारंभ हुआ तब दुनिया के सभी छोटे-बड़े देशों के विकास के नए रूप जिसमें ब्रिटेन, फ्रांस, पुर्तगाल और पश्चिम के अन्य देशों ने छोटे राष्ट्रों को गुलाम बनाना प्रारंभ कर दिया। इसी गुलामी की बेड़ियों के साथ ही पश्चिमी भाषा अंग्रेजी का विश्व स्तर पर प्रभाव स्थापित होने लगा जिसका परिणाम हुआ कि अंग्रेजी भाषा विश्व स्तर पर स्थापित होने लगी और अन्य सभी भाषाओं को विश्व में दोयम दर्जा प्राप्त होने लगा। कई भाषाएं तो अपना अस्तित्व ही खत्म कर ली निश्चित रूप से गुलामी के 100 वर्षों का असर भारत पर भी पड़ना स्वाभाविक था जिसका परिणाम हुआ कि हिंदी को अपनी साख बचाने के लिए अंग्रेजी से जबरदस्त प्रतिस्पर्धा करनी पड़ी जो आज भी निरंतर जारी है। परंतु अपनी लोच और उत्तम अभिव्यक्तिपूर्ण क्षमता के कारण हिंदी हिंदुस्तान का सही अर्थ में प्रतिनिधित्व करती हुई दिखाई दे रही है। आज शिक्षा का जो स्वरूप है वह पूर्णतः पश्चिमी सभ्यता की देन है। हमने पश्चिम की भाषा, शिक्षा, रहन-सहन आदि सभी को हमने अपना लिया है। आज हमारी संवैधानिक प्रावधान, न्याय व्यवस्था, शासन तंत्र, चिकित्सा, प्रबंधन सभी शिक्षा का माध्यम अंग्रेजी में ही स्थापित हो चुकी है। आज विश्व शक्ति संरचना जो स्थापित है वह भूमंडलीकरण का ही रूप है जिसका वास्तविक स्वरूप बाजारवादी हो गया है। संक्रमण की तरह फैलता हुआ बाजारवाद हमारी जीवनशैली को प्रभावित करने की क्षमता रखता हैं जो किसी न किसी रूप में विचारों की अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम है। आज हिंदी के विकास के लिए विश्व के लगभग 35 विदेशी रचनाओं का हिंदी में अनुवाद किया जा चुका है। हिंदी का केंद्रीय सचिवालय मॉरीशस में बनना और हिंदी को विज्ञान प्रबंधन से जोड़ने के लिए तथा यूनाइटेड नेशन में हिंदी का स्थान दिलाने के लिए कारगर है।

देखा जाए तो चीन, श्रीलंका, कंबोडिया, लाओस थाईलैंड आदि देशों में रामलीला के माध्यम से राम के चरित्र का मंचन किया जा रहा है, वहां के स्कूलों के पाठ्यक्रम में रामलीला को शामिल किया गया है। हिंदी वर्तमान में ना सिर्फ भाषा बल्कि बाजारवाद की भाषा बन गई है। उपभोक्तावादी संस्कृति की पहचान दिलाने का प्रयास किया है। हिंदी की भाषा संस्कृति को विकसित करने में संत महात्माओं, फकीरों, रोजी-रोटी की तलाश में जुटे लोगों का महत्त्वपूर्ण योगदान है। जिसका परिणाम है कि आज हिंदी वैश्विक स्तर पर अपनी छाप छोड़ रही है, इंजीनियरिंग ,मेडिकल, प्रबंध हिंदी में संचालित की जा रही है जो कहीं ना कहीं हिंदी के पुनर्जागरण को प्रेरित कर रही है। हिंदी विश्व में तीसरी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा है इस भाषा को वैश्विक स्तर पर संयुक्त राष्ट्रसंघ की भाषा के मुख्यधारा से जोड़े जाने का प्रयास किया जा रहा है जिसका परिणाम है कि विश्व में प्रत्येक भारतीय इसे अपनी सांस्कृतिक अभिव्यक्ति से जोड़कर देखने का

प्रयास कर रहा है आज बाजारवादी उपयोगितावाद अपना व्यापार बढ़ाने के लिए अपने स्थानीय भाषा का प्रयोग कर रहे हैं 10 जनवरी को जब लगभग 180 देशों में हिंदी दिवस का आयोजन किया जाता तभी हम हिंदी भाषा में बात करते हैं तब हमारा उद्देश्य हिंदी के प्रचार-प्रसार को ही माना जाता है। सूचना क्रांति के समय में भूमंडलीकरण की प्रक्रिया को महत्त्वपूर्ण मानना होगा इसे कंप्यूटर की भाषा बनाना होगा, हिंदी भाषा के सॉफ्टवेयर बनाने होंगे, हिंदी कूटो को बढ़ाना होगा, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हिंदी को स्थापित करने के लिए, हिंदी को प्रतिष्ठित करने के लिए भारतीय संस्कृति संबंध परिषद की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही है अनेक विश्वविद्यालयों में हिंदी भाषा पीठ की स्थापना की जाए शिक्षकों की नियुक्ति की जा रही । हिंदी प्राध्यापकों का पैनल तैयार किया जा रहा है जिससे हिंदी भाषा को वैश्विक स्तर पर स्थापित किया जा सके।

विभिन्न विज्ञापन एजेंसियों में सारे विज्ञापन अंग्रेजी भाषा में बनते हैं बाद में किसी भी प्रकार से काम चला अनुवाद करके उसको तोड़ मरोड़ कर प्रस्तुत किया जाता है । सभी सरकारी कार्यालय में तोड़ मरोड़ कर हिंदी भाषा को प्रस्तुत किया जा रहा है। हिंदी और अंग्रेजी को मिलाकर हिंगलिश बना दी गई है आज हिंदी और अंग्रेजी की खिचड़ी जो बनाई गई वह कहीं ना कहीं विश्व हिंदी भाषा की सबसे बड़ी विडंबना बन गई

हमें हिंदी के प्रति अपने उत्तरदायित्व पर भी विचार किया जाना चाहिए। हम हिंदी के लिए जितना भी कर पाए हमें वह करना चाहिए । यह हमें सोचना चाहिए कि क्या हिंदी दिवस मनाने से ,हिंदी साहित्य को समृद्ध करने से सभा, सम्मेलन करने से हिंदी भाषा बन सकती है। हम सभी को विश्वव्यापी प्रयास हम कागजी योजनाएं बनाकर उसे पूर्ण नही कर सकते। आज की आवश्यकता है कि वैश्विक स्तर पर प्रयास करके ऐसी भूमि तैयार की जाए जिससे हिंदी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित हो सके। इस दिशा में बड़े स्तर पर सभी कार्य करना निश्चित है कि आने वाला समय हिंदी को स्थापित करने में मिलेगा और हिंदी का स्थान मिलेगा परंतु हमें भी अपने प्रयासों में कोई कमी नहीं करनी चाहिए।

संदर्भ

1. https://www.nationalistonline.com/special-story-on-hindi-diwass-2/
2. https://www.jagran.com/news/national-hindi-on-its-way-to-become-a-global-language-23069040.html
3. https://gshindi.com/category/articles/hindi-in-age-of-globalisation
4. विश्व भाषा की ओर हिंदी के बठते कदम:- राकेश शर्मा
5. आजकल
6. https://www.google.com/search?q=vishv+hindi+divas&rlz=1C1GCEJ_enIN1029IN1029&sxsrf=AJOqlzWNp9ptt2hOrbweh1C16RaJlLrjWA:1674465071384&source=lnms&tbm=isch&sa=X&ved=2ahUKEwjj4pK-rN38AhU6CrcAHQnlDJAQ_AUoAXoECAEQAw&biw=1280&bih=632&dpr=1#imgrc=HDXXidG2aINziM

❑❑❑

1. असिस्टेंट प्रोफेसर राजनीति विज्ञान विभाग चंद्रकांति रामावती देवी आर्य महिला पीजी कॉलेज

त्रिपुरा में हिन्दी का भाषाई महत्त्व

–श्रीमती पॉली भौमिक

यह तो रही शिक्षा के स्तर पर हिन्दी भाषा का प्रभाव और प्रचार-प्रसार इसके अलावा साहित्यिक जगत में भी हिन्दी पर जोरों से काम चल रहा है। केन्द्रीय हिन्दी संस्थान आगरा द्वारा द्विभाषिक कॉकबोरोक – हिन्दी शब्दकोश का निर्माण कार्य हो चुका है। कई अहिंदी भाषी और हिन्दी भाषी साहित्यकार हिन्दी पर मौलिक रचना कर रहे हैं। साथ ही त्रिपुरा की विभिन्न लोककथा और लोकगीतों का हिन्दी अनुवाद हो रहा है

शोध सार: त्रिपुरा भारत के पूर्वोत्तर में स्थित एक छोटा सा सुंदर, मनोरम और पर्वतीय राज्य है। इसकी राजधानी अगरतला है। इस राज्य की स्थापना 14वीं शताब्दी में इंडो-मंगोलियन आदिवासी मुखिया द्वारा की गई थी जिसने हिंदू धर्म अपना लिया था। इसके अलावा यह भी माना जाता है की ययाति वंश के 39 वें राजा 'त्रिपुर' के नाम पर इस राज्य का नाम त्रिपुरा पड़ा। एक अन्य मान्यता के अनुसार देवी दुर्गा के 51वें शक्तिपीठों में एक शक्तिपीठ त्रिपुरासुंदरी माताजी का मंदिर है जो दक्षिण त्रिपुरा यानी उदयपुर में स्थित है, इसी मंदिर के नाम से इस राज्य का नाम त्रिपुरा पड़ा।

त्रिपुरा में मुख्य रूप से दो प्रमुख भाषाएँ बोली जाती हैं - बांग्ला और कॉकबोरोक (त्रिपुरी जनजातियों की भाषा) और आधिकारिक भाषाएँ हैं - अंग्रेजी, बांग्ला और कॉकबोरोक। बांग्ला भाषा का प्रभाव त्रिपुरा में अधिक है क्योंकि यहाँ बंगाली आबादी का एक बहुत बड़ा हिस्सा है साथ ही उन्नीस प्रमुख जनजातियों की भाषा यहाँ बोली जाती है। कॉकबोरोक भाषा की उत्पत्ति तिब्बती-बर्मन भाषा परिवार से हुई है परंतु इनके पास अपना कोई लिपि न होने के कारण यह बांग्ला या रोमन लिपि में लिखी जाती है।

इस प्रकार से त्रिपुरा एक अहिन्दी भाषी क्षेत्र है। परंतु यहाँ हिन्दी भाषा का प्रयोग अहिन्दी भाषियों द्वारा किया जाता है, जैसे व्यावसायिक कारोबारी, रिक्शा चालक, नाई, कूली, रेलकर्मियों, मजदूर तथा सेनाओं द्वारा हिन्दी भाषा का प्रयोग होता है। त्रिपुरा में हिन्दी सेतु का काम कर रही है जो विभिन्न भाषा-भाषियों को एक सूत्र में बांधकर इस क्षेत्र की भाषिक, ऐतिहासिक, धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान को बढ़ावा दे रही है। हमारी राष्ट्रीय एकता को और सशक्त रूप प्रदान कर रही है। बहुभाषिक क्षेत्र और लिपि रहित होने से देवनागरी लिपि एक सशक्त विकल्प बन गई है जो यहाँ की भाषाओं में छिपे मौखिक साहित्य, रीति-रिवाज, आचार-विचार आदि को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचाने में सफल माध्यम बन रही है। इसके अलावा हिन्दी को इस अहिन्दी क्षेत्र में आगे बढ़ाने

में विभिन्न संस्थाओं का भी प्रमुख योगदान है जैसे हिन्दी विभाग - त्रिपुरा विश्वविद्यालय, विद्या भारती के विद्यालय, आकाशवाणी विद्यालय, महाविद्यालय, उच्च शिक्षा में हिन्दी भाषा का प्रयोग सिनेमा, मीडिया व विभिन्न टेलिविज़न के कार्यक्रम इत्यादि।

बीज शब्द : त्रिपुरा राज्य, हिन्दी भाषा, विद्यालय, लिपि, राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक, धार्मिक, भाषाई महत्त्व।

प्रस्तावना:

त्रिपुरा भारत का तीसरा छोटा राज्य है,और इस राज्य का क्षेत्रफल १०४९२ कि.मी. हैं। इसकी राजधानी अगरतला है। इसके उत्तर, पश्चिम और दक्षिण में बांग्लादेश स्थित हैं। वैसे तो यहाँ कि मुख्य भाषा बांग्ला और कॉकबोरोक है परंतु आधिकारिक तीन भाषाओं का प्रयोग किया जाता है ------- अंग्रेजी, बांग्ला और कॉकबोरोक। आधुनिक त्रिपुरा में त्रिपुरी राजवंशियों ने कई शताब्दियों तक राज किया था। वैसे तो त्रिपुरा की स्थापना १४ वीं शताब्दी में माणिक्य नामक इंडो मोनगोलियाँ आदिवासी मुखिया ने कि थी। सन १८०८ में ब्रिटिश साम्राज्य ने इसे अपने अधीन कर लिया और १९५६ ई. में यह भारतीय गणराज्य में शामिल हुआ और १९७२ ई. इसे राज्य का दर्जा प्राप्त हुआ। त्रिपुरा में आधे से अधिक भाग पर्वतों और जंगलों से घिरा हुआ है और प्रकृति प्रेमियों को यह राज्य और आकर्षित करता है। त्रिपुरा का उल्लेख प्राचीन ग्रंथों जैसे महाभारत और पुरानो में भी प्राप्त होता है। त्रिपुरा प्रमुख रूप से एक अहिंदी भाषी क्षेत्र हैं परंतु पूर्वोत्तर के अन्य सातों राज्यों कि तरह यहाँ भी हिन्दी सुनने, समझनें और बोलनें वाले लोग है और यदि हम पठन-पाठन के क्षेत्र को देखें तो हिन्दी का उत्तरोत्तर विकास होता आ रहा है। त्रिपुरा को हम विविधता में एकता का राज्य कह सकते हैं क्योंकि यहाँ कि प्रमुख भाषा बंग्ला और उन्नीस जनजातियों कि भाषा कॉकबोरोक का ही अधिकतर प्रयोग होता है परंतु शिक्षा, व्यापार इत्यादि दृष्टि से देखा जाए तो हिन्दी भाषा का भी प्रयोग वर्तमान में हर क्षेत्रों में संपर्क हेतु जोरों से हो रहा है। हिन्दी एक ऐसी भाषा है जिसको राष्ट्र भाषा का दर्जा अनेकता में एकता के तार पिरोने के लिए दिया गया है। उत्तर पूर्व में हिन्दी सेतु का कार्य कर रही है जो विभिन्न भाषा के लोगों के संस्कृतियों को जोड़कर रखने का काम कर रही है। यहाँ लोगों में हिन्दी के प्रति लगाव निरंतर बढ़ रही है। यहाँ सेना, व्यापार के लिए हिन्दी भाषी क्षेत्रों से आए व्यापारियों,उत्तर प्रदेश, बिहार इत्यादि राज्यों से आए मजदूरों के कारण हिन्दी का प्रचार-प्रसार निरंतर हो रहा है। साथ ही विभिन्न संस्थाओ द्वारा हिन्दी के विकास के लिए प्रयास किए जा रहा हैं। केन्द्रीय हिन्दी संस्थान, आगरा द्वारा पूर्वोत्तर तथा भारत के विभिन्न राज्यों में बसने वाले हिंन्दी भाषी लोगों के लिए कई कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं जैसे बी.एड, एम. एड इत्यादि। इन नि:शुल्क पाठ्यक्रमों द्वारा छात्रों के रोजगार के मार्ग खुल रहे हैं। इसके अलावा हिन्दी अध्यापकों के लिए नवीकरण पाठ्यक्रमों का भी आयोजन किया जाता है जिससे कि अध्यापकगण अपने को सदा नवीनतम ज्ञान से समृद्ध कर सके। एक और संस्था राष्ट्र भाषा प्रचार समिति, वर्धा द्वारा अहिंदी भाषी क्षेत्रों में हिन्दी सीखाने के लिए कई हिन्दी के पाठ्यक्रम चलाए जा रहे हैं जैसे हिन्दी प्रवीण, पारंगत, कोविद, निष्णात, रत्न इत्यादि। इन पाठ्यक्रमों को करने के बाद वे हिन्दी में उच्च शिक्षा ग्रहण कर अपने लिए रोजगार का रास्ता खोज सकते हैं जैसे हिन्दी प्रचारक, हिन्दी अध्यापक, हिन्दी में पत्रकारिता, मीडिया इत्यादि। त्रिपुरा में हिन्दी के प्रचारक श्री रामेंद्र पाल महोदय जी हैं

जिनका हिन्दी के प्रचार प्रसार में महत्त्वपूर्ण योगदान है। त्रिपुरा में हिन्दी स्कूल नाम से माध्यमिक और उच्च माध्यमिक स्तर के विद्यालय हैं जहां से प्रतिवर्ष सौ – सौ छात्र उत्तीर्ण होकर उच्च शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। त्रिपुरा में विभिन्न महाविद्यालय तथा विश्वविद्यालय स्तर पर भी हिन्दी शिक्षण हो रहा है। हिन्दी विभाग महाविद्यालयों में मौजूद हैं जहां पर हिन्दी साहित्य की पढ़ाई हिन्दी और अहिंदी भाषी शिक्षकों द्वारा हो रही है जिन्होंने हिन्दी साहित्य में उच्च शिक्षा प्राप्त की है। त्रिपुरा विश्वविद्यालय में हिन्दी विभाग है जहां पर हिन्दी की स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर कि पढ़ाई के साथ–साथ हिन्दी में शोध कार्य भी हो रहे है जो हिन्दी के विभिन्न उच्च स्तर के शिक्षक और विद्वान कर रहे हैं।

यह तो रही शिक्षा के स्तर पर हिन्दी भाषा का प्रभाव और प्रचार–प्रसार इसके अलावा साहित्यिक जगत में भी हिन्दी पर जोरों से काम चल रहा है। केन्द्रीय हिन्दी संस्थान आगरा द्वारा द्विभाषिक कॉकबोरोक – हिन्दी शब्दकोश का निर्माण कार्य हो चुका है। कई अहिंदी भाषी और हिन्दी भाषी साहित्यकार हिन्दी पर मौलिक रचना कर रहे हैं। साथ ही त्रिपुरा की विभिन्न लोककथा और लोकगीतों का हिन्दी अनुवाद हो रहा है जिससे त्रिपुरा कि लोकसंस्कृति, लोकपरम्परा से भारत के अन्य राज्यों के लोग अवगत हो रहे हैं। इस तरह से यहाँ के साहित्य को पहले केवल यहीं के लोग जानते थे परंतु अब इसका रसास्वादन विश्व भर के लोग कर रहे हैं। इस प्रकार एक-दूसरे कि भाषा कला संस्कृति से पहचान हो रही है। हिन्दी एक तरह से अनुवाद कि भाषा बनकर महत्त्वपूर्ण कार्य कर रही है, और यहाँ कि भाषाओं के विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

शोध आलेख का उद्देश्य :

इस शोध आलेख का उद्देश्य है त्रिपुरा में हिन्दी भाषा के प्रभाव और प्रचार-प्रसार से लोगों को अवगत कराना साथ ही हिन्दी के क्षेत्र में किन-किन विद्वानों का क्या योगदान रहा है या वे क्या-क्या कार्य हिन्दी के लिए कर रहे हैं इसकी जानकारी पाठक वर्ग को देना।

निष्कर्ष :

निष्कर्ष में कहा जा सकता है कि त्रिपुरा एक अहिंदी क्षेत्र होते हुए भी यहाँ पर हिन्दी भाषा महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। हिन्दी में बोलचाल के साथ-साथ शिक्षा और साहित्य के क्षेत्र में बहुत सराहनीय कार्य कर रही है।

संदर्भ :

1. Tipperaa – Encyclopedia 10 सितम्बर 2014 को पुरलेखित.
2. रहमान, सय्यद अमानुर; वर्मा, बलराज 5 अगस्त 2006. The beautiful India.
3. पूर्वोत्तर में हिन्दी – हिन्दी विवेक https://hindivivek.org/335
4. त्रिपुरा में हिन्दी की गतिविधियां http://hindi-khabar.hindyugm.com/2010/10/hindi-gatividhiyan-in-tripura.html?m=1.

❐❐❐

1. सहकारी अध्यापिका, हिन्दी विभाग रामठाकुर महाविद्यालय, अगरतला त्रिपुरा- 799003 ई-मेल - polybhowmick123@gmail.com Mob: 9863195241

पत्रकारिता और हिन्दी भाषा का आंतरिक सम्बन्ध

–डा॰ आनंद जायसवाल
–ममता रानी

पत्रकारिता समाज का वह आईना है जिसमें मनुष्य की आस्थाओं, विचारों, मूल्यों को सही रूप से समाज के सामने रखा जाता है । पत्रकारिता का मुख्य उद्देश्य साहित्यिक-कलात्मक रूझान को बढ़ाना, नैतिक तथा सामाजिक मूल्यों की प्रतिष्ठा कराना, भौतिकवादी दुनिया को सही मार्ग दिखाना, सुखी जीवन के द्वार खोलना आदि।

सार:

आज के इस युग को जनसंचार का युग कहना उचित होगा। जनसंचार का यह युग आधुनिक काल से चला आ रहा है जिसमें पत्रकारिता ने अपना विशेष स्थान बनाया हुआ है। हिन्दी भाषा और पत्रकारिता का प्रभाव वर्तमान परिप्रेक्ष्य में ज्यादा दृष्टिगत रहा है। पत्रकारिता के क्षेत्र में हिन्दी भाषा की उदंत मार्तण्ड मासिक पत्रिका का सबसे पहले प्रकाशन हुआ। लेकिन कुछ समय बाद ही इस पत्रिका को बंद कर दिया। हिन्दी साहित्य के क्षेत्र में हिन्दी पत्रकारिता को निम्न चरणों में बांट दिया, प्रथम चरण 1826 से 1867, द्वितीय चरण 1867 से 1900, तृतीय चरण 1900 से 1923, चतुर्थ चरण 1920 से 1947 और पंचम चरण 1947 से आजतक माना गया है।

इसका प्रकाशन मई 1826 कलकत्ता के कोलूतोला नामक मोहल्ले में जुगलकिशोर शुकल ने किया था। हिन्दी भाषा के आगमन से पत्रकारिता के क्षेत्र में बहुत विकास हुआ। जिससे समय-समय पर इसकी मांग भी बढ़ती जाने लगी और पत्रकारिता समाज को शिक्षित करने के साथ-साथ पाठकों और हिन्दी साहित्यकारों को अपने साथ जोड़ने लगी। आज के इस दौर में पत्रकारिता का महत्त्व इतना बढ़ गया है कि गांव-2 व शहर-शहर में इसकी मांग बढ़ती ही जा रही है।

मूल शब्द: जनसंचार, परिप्रेक्ष्य, दृष्टिगत, प्रकाशन, आगमन, पाठकों, पत्रकारिता आदि।

विस्तृत शोध-पत्र:

आधुनिक युग से पत्रकारिता समाज के हित में अपना योगदान देती आ रही है। आज के समय में भारत में अनेक प्रकार के पत्र-पत्रिकाएं प्रकाशित की जा रही है। जिनमें हिन्दी पत्रकारिता अपनी अलग पहचान बनाए हुए है। पत्रकारिता समाज के लिए एक ऐसा सशक्त माध्यम है जो अपने राज्य, प्रदेश की प्रतिदिन होने वाली गतिविधियों और समाज में होने वाली दिन प्रतिदिन की घटनाओं को अपने तरीके से प्रकाशित करने का कार्य करता है। हिन्दी पत्रिका उदंत

मार्तण्ड प्रकाशित होने से पहले कुछ नगरों की प्रसिद्ध पत्रिका ऐंग्लोइंडियन अंग्रेजी भाषा में थी। यह पत्र हर मंगलवार को निकलता था जिसके केवल 68 अंक ही प्रकाशित हुए थे, और दिसंबर 1896 में इसका प्रकाशन बंद हो गया। जिसके अंतिम अंक में लिखा है उदंत मार्तण्ड की यात्रा शुरू हो रही है। 1826 उदंत मार्तण्ड के प्रकाशन से हिन्दी पत्रिकाओं में हिन्दी भाषा की यात्रा का शुभारंभ हो गया।[1] 19वीं शताब्दी के प्रारंभ में पत्र-पत्रिकाओं का दौर चला हुआ था। जिसमें रोचक तथ्य हिन्दी भाषा में पत्रकारिता का पदार्पण, साप्ताहिक और मासिक पत्रों के रूप में किया जाने लगा। हिंदी भाषा आज केवल प्रदेश की भाषा न रहकर विदेशों में भी अपनी महत्त्वपूर्ण छवि बनाए हुए है। पत्रकारिता की विश्वसनीयता और विकास में हिन्दी पत्रिकाओं सारथी, जयहिन्द, स्वराज्य, प्रहरी, लोकमित्र, जिन्दगी, देहाती दुनिया, प्रकाश, जैसी हजारों साप्ताहिक, अर्द्ध साप्ताहिक, मासिक, पत्र हिन्दी पत्रकारिता का ध्वज वाहक बने हुए हैं। पत्रकारिता हिन्दी भाषा के विराट व्यक्तित्व का स्वर है। यह भारतीय जनमानस की जान्हवी, प्रेम की मंदाकिनी है। इसमें देश की एकता सन्निहित है, जो राष्ट्र की केन्द्रीय शक्ति है। हिन्दी भाषा को भारत की जनवाणी कहा जाता है जिसमें स्वतंत्रता आंदोलन और उत्कर्ष की कहानियों का समन्वय है। जिसकी संवाहिका पत्रकारिता बनी हुई हैं। हिन्दी पत्रकारिता में प्रारंभ से आज तक विभिन्न प्रकार के बदलाव आये हैं जिसमें पत्रकारों ने देश को अंग्रेजों और उनकी भाषा अंग्रेजी से मुक्त करना, राष्ट्रीय अस्मिता का बोध कराना, घर-घर राष्ट्रभक्ति की लहर जगाना, राष्ट्रभाषा को प्रांजल रूप देने में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया है। इन उद्देश्यों को पूरा करने के लिए पत्रकारों ने अपने-अपने पत्र-पत्रिकाओं के लिए हिन्दी भाषा का अधिक-से अधिक प्रयोग किया है।2

पत्रकारिता:

पत्रकारिता समाज का वह आईना है जिसमें मनुष्य की आस्थाओं, विचारों, मूल्यों को सही रूप से समाज के सामने रखा जाता है। पत्रकारिता का मुख्य उद्देश्य साहित्यिक-कलात्मक रूझान को बढ़ाना, नैतिक तथा सामाजिक मूल्यों की प्रतिष्ठा कराना, भौतिकवादी दुनिया को सही मार्ग दिखाना, सुखी जीवन के द्वार खोलना आदि। आधुनिक युग में पत्रकारिता को युगबोध, राष्ट्रीय चेतना, जनजागरूकता एवं व्यापक जनसंवेदना को संप्रेषित करने का सर्वसुलभ उन्नत जनमाध्यम माना जाता था, जो लोकमानस में सामुदायिक सहभागिता की जीवन विद्या है जिसमें समाज के लोगों की आत्मा के स्वर उसके सुख-दुख, जय-पराजय, आशा-निराशा, आकांक्षा तथा सामयिक एवं सनातन सत्य मुखर हो उठते हैं। वर्तमान पत्रकारिता के अंतर्गत तत्कालीन समाचारों, विचारों का लिपिबद्ध मुद्रित प्रकाशन अर्थात् इसमें पत्र-पत्रिकाएं ही सम्मिलित नहीं हैं बल्कि रेडियों, दूरदर्शन तथा अन्य इलेक्ट्रॉनिक जनसंचार माध्यमों द्वारा भव्य प्रस्तुति एवं आकर्षक मौखिक प्रसारण भी समाहित है। इससे स्पष्ट होता है कि आज के इस युग में पत्रकारिता लोकतंत्र शासन प्रणाली का अविभाज्य अंग बन गई है। जिसमें पत्रकारिता को लोकतंत्र के चौथे स्तंभ की संज्ञा दी गई है। पत्रकारिता जनमत की अभिव्यक्ति का सशक्त साधन भी है क्योंकि यह समस्त मुद्दों को जनता के सामने बड़ी कलात्मकता के साथ रखती है।[3] अंग्रेजी में पत्रकारिता को जर्नलिज्म कहा जाता है जर्नलिज्म शब्द लैटिन भाषा के धुर्नालिस (Diurnalis) से लिया गया है, जो फ्रैंच भाषा में जनरल (Journal) हो गया तथा जिसका शाब्दिक अर्थ हैं - दैनिक [4]

हिन्दी भाषा का विकास:

हिन्दी भाषा मानव के बुद्धि-कौशल, विवेक, चिन्तन आचार व्यवहार तथा संस्कृति की भाषा है। यह ऐसी जीवंत भाषा है जिसमें अन्तर्निहित रचनात्मक शक्ति, व्यवहार धार्मिकता एवं गतिमयता है। हिन्दी भाषा के विकास को भारतीय लोक-चेतना का विकास कहा जाता है। नवजागरण और मुक्ति की कामना के प्रसार में हिन्दी का योगदान अविस्मरणीय है। केशवचन्द और राजाराम मोहन राय ने हिन्दी को भारत की एकमात्र मुक्तिदायिनी भाषा माना था। स्वतंत्रता लड़ाई में हिन्दी ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। मुहम्मद इकबाल ने 'हिन्दी हैं हम वतन है हिन्दोस्ता हमारा का नारा दिया था जो आज भी भारत देश में सीमाओं की रक्षा करने वाले सैनिकों के मनोबल को प्रोत्साहित करता है। अनेक विद्वान, साहित्यकार, संत एवं क्रांतिकारियों ने हिन्दी को विकसित करने में योगदान दिया है। हिन्दी भारत के विराट व्यक्तित्व का अनमोल स्वर है जिसने जनसंचार के माध्यम पत्रकारिता में अपनी विशेष भूमिका निभाई है। उदंत मार्तण्ड हिन्दी भाषा के प्रथम समाचार पत्र में पत्रकारिता के क्षेत्र में हिन्दी को जनमानस की आवाज के रूप में दिखाया गया था। पत्रकारिता को हिन्दी भाषा की सशक्त संवाहिका कहा जाता है5 जिसमें समन्वरा, समाहार और शांति के भाव समाहित हैं। पत्रकारिता ने हिन्दी भाषा को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाने में विशेष भूमिका निभाई है। जो इस प्रकार से है:

प्रथम चरण 1826 से 1866:

हिन्दी का प्रथम समाचार पत्र उदंत मार्तण्ड को माना जाता है। जो कोलकाता से हर मंगलवार को प्रकाशित होता था जिसके संपादक जुगलकिशोर शुक्ल थे। इसका पहला अंक 30 मई 1826 को निकला था। हिन्दी पत्रों का प्रकाशन करने के लिए मुद्रक, पत्रकार और संपादक की अपनी भूमिका होती है जो कि उस समय नहीं थी और पाठकों की रूचि भी कम थी जिस कारण डेढ़ वर्ष बाद ही इस पत्रिका का प्रकाशन बंद कर दिया। 1848 में बंगला भाषा के साथ हिन्दी में मालवा पत्र का प्रकाशन आरंभ हुआ। 1861 में सूरज प्रकाश नामक पत्र आगरा से और 1865 मे तत्वबोधिनी बरेली से हिन्दी भाषा में समाचार पत्रों का प्रकाशन हुआ। इसके बाद भारत में पत्रकारिता के विकास ने कदम आगे बढ़ाने आरंभ कर दिये।

द्वितीय चरण: (1873 से 1900)

हिन्दी पत्रकारिता का दूसरा चरण 1873 से 1900 तक का माना जाता है। जिसे हिन्दी साहित्य में भारतेन्दु युग भी कहा जाता है। इस युग का प्रारंभ भारतेन्दु द्वारा प्रकाशित कविवचन सुधा के प्रकाशन से होता है। इस युग को भारतेन्दु युगीन हिन्दी पत्रकारिता के नाम से जाना जाता है। 1873 में हरिश्चन्द्र चंद्रिका का प्रकाशन हुआ 1877 में हिन्दी प्रदीप मासिक पत्रिका का प्रकाशन किया जिसे आज भी उनके द्वारा प्रकाशित किये गए पत्रकारिता में सराहा जाता है।6 इस युग में हिन्दी के पत्र-पत्रिकाओं के प्रकाशन की संख्या में बहुत अधिक वृद्धि हुई थी। भारत को बांटने के लिए अंग्रेजों ने हर सम्भव प्रयत्न किए। लेकिन भारत की जनता समाचार पत्रिकाओं के माध्यम से जागरूक होने लगी थी और इस युग ने पत्रकारिता में हिन्दी के प्रकाशन पर ज्यादा जोर दिया।

तृतीय चरण: 1900 से 1920

20वीं शताब्दी की पत्रकारिता हमारे लिए अपेक्षाकृत निकट है जिसमें द्वितीय चरण की पत्रकारिता

में विविधता और बहुरूपता मिलती है। 19वीं शताब्दी के पत्रकारों को भाषा शैली क्षेत्र में अव्यवस्था का सामना करना पड़ता था क्योंकि हिन्दी भाषा में रूचि रखने वाली जनता बहुत कम थी। जैसे-जैसे परिस्थितियां बदलनी शुरू हुई वैसे-वैसे ही हिन्दी भाषा में साहित्य और पत्रिकाओं में लोगों की रूचि विकसित होने लगी। क्योंकि महावीर प्रसाद द्विवेदी ने हिन्दी साहित्य, भाषा और पत्रकारिता को एक नया रास्ता दिखाया था। इस चरण में सरस्वती नामक पत्रिका का सफलतापूर्वक प्रकाशन होने के बाद मर्यादा, इन्दु, क्षमालोक, विश्वमित्र, कर्मवीर और आज का प्रकाशन पूर्ण हुआ। साहित्य जगत के लिए अलग से पत्र- पत्रिकाओं का प्रकाशन इसी चरण से होने लगा था। इस चरण में हिन्दी पत्रिकाओं के प्रकाशन की गुणवत्ता में काफी सुधार हुआ, जिससे आने वाली नई पीढ़ी को आसानी से सिखने में सहायता मिली।[7]

चतुर्थ चरण - 1920 से 1947

भारत की आजादी से पहले के इस चरण को गांधी युग के नाम से जाना जाता था। इस युग में राष्ट्रीय और साहित्यिक चेतना को साथ-साथ पल्लवित होते देखा गया है। हिन्दी पत्रों को अंग्रेजी, मराठी और बंगला भाषा में पत्रों के समक्ष समझा जाने लगा। फलस्वरूप साहित्यिक पत्रकारिता में एक नए युग का आरंभ हुआ।8 गांधी ने 1921 में हिन्दी जनजीवन और हरिजन नामक पत्रिकाओं का प्रकाशन किया जो कि भारतीय जनता को बहुत अधिक पसंद था। उस समय ही कुछ पत्रिकाएं दैनिक जागरण, नवभारत, दैनिक नवयुग और प्रजासेवक नाथ से प्रकाशित हुई जिससे हिन्दी भाषा विकास के पथ पर अग्रसर होती दिखाई दी जो कि आने वाले समय के लिए बहुत बड़ी बात थी।9

आधुनिक चरण:

स्वतंत्रता के बाद इस चरण को हिन्दी पत्रकारिता का युग कहा जाता है। अंग्रेजी सत्ता का अंत होने के उपरान्त भारतवासियों ने कदम से कदम मिलाकर चलने का प्रण लिया और अपनी मातृभाषा हिन्दी को बढ़ावा देने के लिए साहित्यकारों ने बढ़-चढ़कर हिन्दी साहित्य की रचनाएं की। समाज में जागरूकता बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक हिन्दी भाषा की पत्रिकाओं का प्रकाशन किया जाने लगा खेल, व्यापार, विज्ञान, शिक्षा, अर्थव्यवस्था और राजनीति की प्रमुख खबरें पत्रकारिता के माध्यम से जनता तक पहुंचाई जाने लगी। इसके प्रति जनता के लगाव एवं पल-पल की जानकारी लेने के लिए पत्र-पत्रिकाओं को अधिक से अधिक प्रयोग किया जाने लगा। जो हिन्दी पत्रकारिता के क्षेत्र में कार्य करने वाले और नये जुड़ने वाले लोगों तथा देश के विकास के लिए बहुत अच्छा सरल एवं सराहनीय कदम माना जाता है।10 आज के इस वैज्ञानिक और जनसंचार के युग में नये-नये माध्यमों की खोज के उपरान्त भी समाज में व्यवसायिकता मनुष्य पर हावी होने के बाद भी कुछ पत्रिकाएं निश्चित रूप से हिन्दी भाषा का विकास कर रही है। विश्व में पांचवें स्थान पर विराजमान हिन्दी भाषा आज पत्रिकाओं में अपना प्रथम स्थान बनाए हुए है।

निष्कर्ष:

पत्रकारिता एक कला है। जिसमें हिन्दी भाषा पत्र-पत्रिकाओं और पाठक दोनों को प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से एक-दूसरे से जोड़ती है। जनमानस में सामाजिक व राजनीतिक गतिविधियों के प्रति रूचि उत्पन्न करती है। पत्रकारिता के माध्यम से हिन्दी भाषा देश तथा विदेशों में अपना महत्त्वपूर्ण स्थान बनाए हुए है।

आधुनिक युग में प्रतिदिन हिन्दी पत्रिकाओं की मांग बढ़ती जा रही है। जिसके कारण विश्व में आज हिन्दी की गूंज सुनाई देती है। इससे समाज को एक सूत्र में बांधने और पत्र-पत्रिकाओं का हिन्दी में प्रकाशित होने से युवा वर्ग के लोगों को सुनहरे अवसर प्राप्त होने से युवा वर्ग की पत्रकारिता में रूचि बढ़ती जा रही है। हिन्दी पत्रकारिता से इस प्रकार का जुड़ाव युवा पीढ़ी को सुनहरे भविष्य की और ले जाने के लिए सही निर्णय और सटीक कदम माना जा सकता है। जो बिना किसी डर के समाजसेवा और हिन्दी पत्रकारिता को आगे ले जाने के लिए अच्छा कदम माना जाता है। अर्थात् यह कहना उचित होगा कि पत्रकारिता और हिन्दी भाषा समाज रूपी गाड़ी के दो पहिये है जो समाज को विकास के रास्ते पर ले जाने के लिए सदा पथ पर रहते है।

शोधपत्र का उद्देश्य:

पत्रकारिता का जीवन में सर्वाधिक महत्त्व होने लगा है कि सुबह से शाम तक जिसके माध्यम से हमें देश-विदेश की जानकारी प्राप्त होती रहती हैं। पत्रकारिता को रोचक और सरल बनाने में हिन्दी भाषा के गुणों, रोचकता, तथ्य, शुद्धता, आडम्बरपूर्ण, शब्दों से बचना, सत्यता, भाषा का प्रयोग करना, उपदेश का अभाव, प्रवाहभयता, वस्तुनिष्ठता आदि से अधिक प्रभावशाली बनाया जा रहा है। हिन्दी शब्दों के चयन से पत्र-पत्रिकाओं के लेखन में निखार लाया जा सकता है। वर्तमान समय में हिन्दी के प्रमुख दैनिक समाचार पत्रों में पंजाब केसरी, दैनिक जागरण, नवभारत, अमर उजाला प्रमुख है। हिन्दी पत्रिकाओं में धर्मयुग, मायापुरी, सहेली, आयोग्य, मनोरमा आदि प्रमुख है जो वर्तमान समय में हिन्दी भाषा के महत्त्व को बनाए हुए है। हिन्दी भाषा और पत्रकारिता के इस महत्त्व को समाज के सामने रखना ही इस पत्र का मुख्य उददेश्य रहा है।

संदर्भ ग्रंथ सूची

1. मिश्र, कृष्णबिहारी, हिन्दी पत्रकारिता, भारतीय ज्ञानपीठ प्रकाशन, पृ॰ 20-45
2. श्रीधर, विजयदत्त, भारतीय पत्रकारिता कोश, खण्ड-एक वाणी प्रकाशन।
3. अग्निहोत्री, कुलदीप चन्द, हिन्दी पत्रकारिता के भविष्य की दिशा, पृ॰ 26-30
4. शर्मा, ऋषभदेव, हिन्दी भाषा के विकास में पत्र-पत्रिकाओं का योगदान
5. जोशी, ज्योतिष, साहित्यिक पत्रकारिता, पृ॰ 53
6. यादव, रमेश, आधुनिक हिन्दी पत्रकारिता और उसकी भाषा, प्रकाशन, रावत, संसकरण, प्रथम 201, पृ॰ 24-37
7. चतुर्वेदी, जगदीश प्रसाद, हिन्दी पत्रकारिता का इतिहास, पृ॰ 35-52
8. मिश्र, कृष्ण बिहारी, हिंदी पत्रकारिता: अश्वस्ति और आशंका, प्रभात, प्रकाशन, प्रथम संस्करण, 2019, पृ॰ 48-54
9. गोदरे, विनोद, हिन्दी पत्रकारिता स्वरूप एवं सन्दर्भ, वाणी प्रकाशन, संस्करण 2021, पृ॰ 125-155
10. हरीश पत्रकारिता एक अध्ययन, साहित्य, सरोवर, प्रकाशन, संस्करण 2016, पृ॰ 12-27

❑❑❑

1. शोध छात्रा ललित कला विभाग, प्राच्य विद्या संकाय कुरुक्षेत्र

2. सहायक प्राध्यापक ललित कला विभाग प्राच्य विद्या संकाय कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र

नन्द किशोर नवल: भाषाई व्यक्तित्व

–नंदकिशोर

नवल जी का बचपन गाँव में बीता और वे अपने प्रिय गुरूजी रामसो हाग सिंह के प्रति आजीवन समर्पित रहे। अपने गुरूजी पर लिखे गए संस्मरण में वे एक जगह लिखते हैं- 'मुझे अफसोस है तो इस बात का कि कालेज में जब मुझे नौकरी मिल गई तो मैं उनके घर जाकर उनके पाँवों पर एक जोड़ धोती रखकर उन्हें प्रणाम नहीं कर सका। उनकी स्मरण शक्ति इतनी जबर्दस्त थी

हिन्दी साहित्य की आलोचना विधा के सशक्त हस्ताक्षर थे। स्वभाव से 'वज्रादपि कठोराणि मृदुनि कुसुमादपि' के कथन को चरितार्थ करते थे। अर्थात् वे अपने कर्तव्य के प्रति 'वज्र से भी कमेर, किंतु लौकिक व्यवहार में फूल से भी अतिशय को मल थे। यह उनके सान्निध्य में रहने वाले लोग जानते रहे हैं। यही कारण है कि हिन्दी आलोचना के क्षेत्र में उनका नाम डा. नामवर सिंह के बाद आता है। उन्होंने मूलतः आधुनिक काव्य पर विशेष काम किया है। वे काम आने वाली पीढ़ी के लिए तो है ही, वर्तमान पीढ़ी के लेखकों और आलोचकों के लेखन के लिए विमर्श और चर्चा के लिए महत्त्वपूर्ण आधार भूमि भी छोड़ गए हैं। उनके साहित्यिक अवदान की चर्चा करते हुए हिन्दी साहित्य के विज्ञ प्राध्यापक एवं संपादक प्रो. (डॉ.) कलानाथ मिश्र ने अपनी साहित्यिक पत्रिका 'साहित्य यात्रा' (त्रैमासिक) में (नवल जी के साथ लिए गए एक साक्षात्कार) में ठीक ही लिखा है- 'वे हिन्दी साहित्य के यशस्वी हस्ताक्षर थे। नवल जी हमारे गुरू एवं पटना विश्वविद्यालय में हिन्दी के श्रेष्ठ एवं लोकप्रिय अध्यापक थे। नवल जी सच्चे, सहृदय प्राध्यापक तो थे ही, हिन्दी जगत के भास्वर नक्षत्र थे। कविता, आलोचना के साथ-साथ आलोचना की आलोचना भी वे सूक्ष्मता से कर देते थे। तुलसी, मैथिलीशरण, निराला, मुक्तिबोध, महावीर प्रसाद द्विवेदी, प्रेमचंद जैसे महान साहित्यकार उनके अध्ययन के विषय रहे। गंभरी विचारों को सहजता से रख देना उनकी विशेषता थी।'

नवल जी ने अपने बारे में बहुत कम जगहों पर लिखा है किंतु अपनी संस्मरण पुस्तक 'मूरतें माटी और सोने की' में बहुत-कुछ लिखा है और उस पर गहराई से विचार किया जाए, तो उनके व्यक्तित्व गुण, स्वभाव, चारित्रिक वैशिष्ट्य एवं उनकी कार्य-शैली को देखा जा सकता है।

उनका जन्म बिहार राज्य के वैशाली जिलान्तर्गत चाँदपुरा नामक ग्राम में एक किसान परिवार में 2 सितम्बर 1937 को हुआ था। उनकी माता का नाम सबुजपरी देवी तथा पिता का नाम श्री रामपरोहन सिंह था। इनके दादाजी का नाम सूबेलाल राय था।2 इस बारे में वे स्पष्ट लिखते

हैं- ''मेरे बाबा सूबेलाल जीवित रहीं। इसे संयोग ही कहेंगे कि उनमें सबसे बड़ी संतान भी लड़की थी और सबसे छोटी संतान भी। बड़की फुआ विवाह के बाद ही विधवा हो गई थीं और छोटकी फुआ परित्यक्ता थीं।'3 इसी प्रकरण में वे अपने पिता के भाईयों की चर्चा करते हैं तथा स्पष्ट तौर पर लिखते हैं- 'भाइयों में जैसा कि नाम से ही सूचित है, बड़का बाबू सबसे बड़े थे। उनके बाद बाबू थे, फिर मँझिला काका और उनके बाद छोटका काका। बड़का बाबू युवाकार में राँची में संभवतः बिजली विभाग में काम करते थे।'[4]

इनका घरेलू परिवेश धार्मिक था किन्तु अंधविश्वास नहीं था। एक जगह नवल जी लिखते हैं- 'वे (पिताजी) अतिरिक्त रूप से धार्मिक नहीं थे, बड़का बाबू की तरह ही। पर्व-त्योहारों की पवित्रता की वे रक्षा करते थे, लेकिन न पूजा-पाठ करते थे और न किसी मंदिर में जाते थे।'5 इस तरह स्पष्ट है कि नवल जी के आगे के जीवन पर बिल्कुल इसी तरह का प्रभाव पड़ा था। कहा जाता है कि बचपन की शिक्षा तथा धार्मिक मान्यताओं और लोक विश्वासों का प्रभाव मनोवैज्ञानिक रूप से पड़ता है, यदि घर में वातावरण धार्मिक होगा तो वे निश्चित तौर पर वे वैसा ही करेंगे और सीखेंगे। नवल जी के मामले में भी यही विचार काम कर रहा था और जैसा कि उनके समय में परंपराबद्ध होकर लोग सोचते होंगे, वैसा ही इनके बाल मन पर भी प्रभाव पड़ा होगा। इसी प्रकरण में वे आगे लिखते हैं- 'भगवान के अस्तित्व के बारे में वे (पिताजी) कहते थे- सोचकर देखने पर (यानी तर्क-बुद्धि से काम लेने पर) यह पता चलता है कि भगवान नहीं है। इसीलिए ईया को लेकर वे कई तीर्थ स्थानों को गए, पर अपने लिए कोई तीर्थाटन नहीं किया। जब वे सेतुबाँध रामेश्वरम् देखकर लौटे, तो मैंने उनसे पूछा- आपने समुद्र देखा? वे बोले- हाँ! मैंने फिर पूछा-क्या उस पर पुल बाँधा जा सकता है? उन्होंने बेलौस होकर कहा- नहीं। मैं (नवल जी)- यदि भगवान चाहें तब। वे पुनः दृढ़तापूर्वक बोले- तब भी नही। ...लेकिन यह विरोधाभास ही है कि वे भादों चतुर्दशी को हर साल गंगाजली में जल लेकर बैद्यनाथ धाम शिव को चढ़ाने जाते थे। जल वे पहलेजा घाट में ही भरते थे, क्योंकि मगध की गंगा को वे अपवित्र मानते थे। उन्हें शास्त्र का ज्ञान भी था, लेकिन शास्त्रों में भी मगध को अपवित्र कहा गया है, क्योंकि वहाँ वृष्णि रहते थे।'6

नवल जी के बाल-मन पर उस समय चतुर्दिक परिव्याप्त जाँति-पाँति के भेद-भाव पर भी विशेष पड़ा, साथ ही साथ उनके मन में इस सामाजिक व्यवस्था के प्रति विद्रोह का भाव भी था। वे इसलिए लिखते हैं- 'पिछड़ों को अब तक इतना दबाकर रखा था कि ये गुलामी को सहर्ष अपनी नियति मानने लगे थे। मैं किशोर था, इसलिए कुछ कर नहीं सकता था। लाचारी में भीतर ही भीतर ऐंठकर रह गया। इसी तरह मैंने जगदीश बाबू को भी अपनी आँखों के सामने एक चमार को लाठियों से पीटते देखा था उसका कसूर सिर्फ इतना था कि उसने मछली मारी थी।'7 सामाजिक विषमता की इस गहरी खाई के प्रतिरोध स्वरूप ही उन्होंने जीवन में मार्क्सवादी विचारधारा को अपनाया था तथा बिना किसी लोभ-लाभ के साहित्य-साधना में आजीवन तल्लीन रहे।

नंदकिशोर नवल के पिताजी एक किसान थे जिनके पास अच्छी खासी भूमि थी। नवल जी लिखते हैं- 'बाबू में अपार धैर्य, सामंतकालीन साहसिकता और बोझ उठाने की अकूत क्षमता थी। मैंने उन्हें बड़ी से बड़ी विपत्ति में कभी विचलित होते हुए नहीं देखा।'8 किंतु बचपन की अवस्था में नवल जी ने गाँव-घर की गरीबी भी देखी, उसे अनुभव किया, साथ गाँव के लड़ाई-झगड़े, वाद-विवाद, पंचैती तथा ग्रामीण स्तर पर होने वाले फैसलों को भी अपनी आँखों से देखा। उन्होंने अपने पिताजी का वर्णन करते हुए लिखा है- 'बाबू

बहुत मेधावी थी। बचपन में उन्होंने कभी 'दृष्टान्त प्रकारा' नामक कहानियों का ग्रंथ पढ़ा था। साक्षर-मात्र होने के बावजूद उन्हें उसकी कहानियाँ हू-ब-हू याद थीं। बचपन में मैं उन्हीं के साथ सोया करता था, खासकर जाड़ों में। रात में मैं उनसे कहानियाँ सुनने की जिद करता था और वे चार-पाँच कहानियाँ मुझे सजीव दृश्य-वर्णन के साथ सुनाया करते थे। उनमें से बहुत थोड़ी कहानियाँ मुझे याद रह गई हैं। गणित पर उनका ऐसा अधिकार था कि वे जवानी बेहद लंबा जोड़-घटाव ही नहीं कर सकते थे, दूसरे हिसाब भी चटपट हल कर देते थे।'9

इसका अर्थ है कि नवल जी को बचपन में ही अपने पिता के द्वारा ऐसे पवित्र संस्कार मिले थे, जिनका पल्लवन उनके आगे के जीवन में लगातार होता रहा और यह उनके चारित्रिक आदर्श में तथा उनके साथ बिताये लोगों के अनुभव से जाना जा सकता है। पिता का अपने बच्चों पर नियंत्रण किस कदर था इसका चित्रण यहाँ देखिए- 'मैं जब बड़ा हो गया, तो मेरी जगह मेरा सबसे छोटा भाई शेखर उनके साथ सोने लगा। उसकी रूचि कथा-कहानी में नहीं थी। इस कारण बाबू उससे सोते वक्त और फिर भोर में जागने पर हिसाब बनवाते थे, जिसका परिणाम यह हुआ कि तीन भाई जहाँ आर्टस में गए, शेखर ने बी.एस.सी., इंजीनियरिंग (प्रोडक्शन) करके सेकेंड लेफ्टिनेंट हो गया और वहाँ एम.टेक. की परीक्षा दी, जिसमें उसका स्थान विश्वविद्यालय में अव्वल रहा।'10

नवल जी अपने पिताजी के बारे में एक जगह बताते हैं कि वे किस तरह से अपने जीवन में जमीन के लिए मुकदमा किया करते थे। प्रायः ग्रामीण परिवेश में आज भी लोग अर्थाभाव झेलते हुए भी केस लड़ने से पीछे नहीं रहा करते। यही स्थिति नवल जी के बचपन की रही थी। नवल जी आगे लिखते हैं- 'बाबू की सारी मेधा मुकदमा लड़ने और घर चलाने में खर्च हो गई। उन्होंने माँ-बाप के श्राद्ध के साथ दस-ग्यारह लड़कियों का ब्याह भी किया और अपने चारों लड़कों को एम.ए. तक पढ़ाया। उनकी एक मात्र सवारी 'हरकुलस' साइकिल थी, जिस पर वे पीछे से चढ़ते थे, जबकि आज मेरे बृहत्तर परिवार में करीब आठ कारें हैं। मेरे कनिष्ठ अनुज शेखर ने अपनी बेटी की शादी में दिल्ली के इंडिया इंटरनेशनल में भोज दिया। इसमें नामवर जी और केदार जी भी आए थे। श्यामकश्यप और विपिन कुमार शर्मा के साथ, जो मेरे छात्र थे और उन दिनों जे.एन.यू. में पढ़ रहे थे, मैं भी ऑटो से उसमें पहुँचा था। मैंने देखा कि खाने के पहले शराब की नदी बह रही है। नामवर जी ने तो ड्रिंक नहीं लिया, लेकिन केदार जी ने बोडका की फरमाइश की। उसके बाद खाने का दौर चला। जबतक मैं उस भोज में रहा, बाबू के बारे में ही सोचता रहा। उनके लिए दो रूपये का नोट भी एक बड़ी रकम थी, जबकि अंत में पूछने पर शेखर ने बतलाया कि इस आयोजन में कुल एक लाख अट्ठारह हजार रूपये खर्च हुए।'11

नवल जी का बचपन गाँव में बीता और वे अपने प्रिय गुरूजी रामसो हाग सिंह के प्रति आजीवन समर्पित रहे। अपने गुरूजी पर लिखे गए संस्मरण में वे एक जगह लिखते हैं- 'मुझे अफसोस है तो इस बात का कि कालेज में जब मुझे नौकरी मिल गई तो मैं उनके घर जाकर उनके पाँवों पर एक जोड़ धोती रखकर उन्हें प्रणाम नहीं कर सका। उनकी स्मरण शक्ति इतनी जबर्दस्त थी कि मानस का पूरा सुन्दरकाण्ड उन्हें केठस्थ था और वे उसे धाराप्रवाह सुनाते चले जाते थे।'12

गुरूजी मेहनती, बुद्धिमान, शिष्यों पर स्नेह करने वाले तथा परम उदार व्यक्ति थे। अपने गुरूजी के बारे में लिखते हुए वे कहते हैं- 'गुरूजी बुद्धिमान और विवेकी थे। कभी-कभी उनकी मेधा बिजली की तरह

चमकती थी। वे स्वयं बहुत उतार-चढ़ाव से गुजरे थे, इसलिए गाँव के प्रत्येक व्यक्ति के मानस से परिचित हो गए थे।... उनकी माँ की मृत्यु के बाद गाँव के लोगों ने उनसे कहा-आपको गाँव को भोज देना चाहिए। गुरूजी ने उन्हें उत्तर दिया- मैं एक शाम आपलोगों को खिला दूँगा, इससे आपका कुछ नहीं बने-बिगड़ेगा, पर मैं उसी में उजड़ जाऊँगा। लोग निरूत्तर होकर चुप रह गए और लौट गए।'[13]

उनकी गुरूजी के प्रति भक्ति और घनिष्ठता निरंतर बनी रही। नवल जी अपने गाँव चाँदपुरा, वैशाली (बिहार) में रहते हुए गुरूजी की छत्र-छाया में बहुत-कुछ सीखा, पढ़ा तथा जीवन के आँगन में संघर्ष करने योग्य बन सके। ऐसा नवल जी अपने संस्मरण में लिखा है। गुरूजी के बारे में वे एक जगह कहते हैं- 'वे जन्मजात शिक्षक थे। बहुत ही सख्त और नियमित। न खुद चैन लेते थे, न छात्रों को लेने देते थे। मैं सबेरे उनसे पढ़ने जाता था, लेकिन उनसे बहुत डरता था। इस कारण मैं रोज रात में सोते समय देर तक 'राम-राम' जपता था और भगवान से प्रार्थना करता था कि गुरूजी मर जाएँ। लेकिन मैं तड़के देखता था कि वे सामने के अपने खेत में केरौनी कर रहे हैं, तो बहुत निराशा होती थी और भगवान पर क्रोध आता था कि उन्होंने मेरी प्रार्थना नहीं सुनी।'14 यह स्वाभाविक ही है कि अकसर बाल मन पढ़ाई से भागता फिरता रहता है। यह तथ्य मनोवैज्ञानिक दृष्टि से भी सत्य ही है कि बाल का कोमल मन कितना भावुक और संवेदनशील होता है जो केवल अपने लिए किसी भी प्रकार के दण्ड या कष्ट से मुक्ति की आकांक्षा करता है। इसी लिए नवल जी गुरूजी से भय खाते थे। लेकिन नवल जी अपने गुरूजी की प्रशंसा स्वरूप ऐसा भी कहते नहीं अघाते कि 'एक-दो बार छोड़कर मैं मैट्रिकुलेशन तक अपने वर्ग में प्रथम ही आता रहा। इनके पीछे भी गुरूजी का हाथ था, जिन्होंने मेरी बुनियादी पक्की कर दी थी।'[15] नवल जी अपने बालपन बेहद जिज्ञासु प्रवृत्ति के बालक थे। उस समय भारत की पराधीनता का दौर था। सामंती वर्ग व्यवस्था तथा पूँजीपति और शोषक वर्ग का काफी बोलबाला था। नवल जी ने इसे बहुत नजदीक से देखा था और महसूस किया था। उनके मन में इसका विरोध भी होता रहता था, लेकिन वे कुछ नहीं कर पाते थे। किंतु इन सब बातों का प्रभाव नवलज को अपने गुरू की संगति और उनके आशीर्वाद से प्राप्त हुआ। नवलजी ने लिखा है कि गुरूजी स्वभाव से क्रांतिकारी थे। वे गाँव तथा समाज की सेवा में तत्पर रहा करते थे। उनके गाँव में एक पुस्तकालय था, जिसे गुरूजी सँभालते थे। इसके अलावा गुरूजी गाँव की कन्या पाठशाला में शिक्षक भी थे। नवलजी लिखते हैं- 'कन्या पाठशाला में गुरूजी की स्थायी नियुक्ति हो गई। ...कन्या पाठशाला का शिक्षक होने के साथ गुरूजी ने पुस्तकालय के पुस्तकालयाध्यक्ष का भार भी अपने ऊपर ले लिया था। ...पुस्तकालय की पुस्तकें और पत्रिकाएँ पढ़ते-पढ़ते गुरूजी के विचार क्रांतिकारी हो गए थे। महात्मा गाँधी और पं. नेहरू के प्रति उनका भक्ति-भाव कभी कम नहीं हुआ पर अब वे सोशलिस्ट पार्टी के प्रशंसक हो गए थे और जयप्रकाश नारायण की चर्चा बहुत आदर से करते थे।'[16]

लिखने का शौक नवल जी को बचपन से ही था। वे कहते हैं कि 'बचपन में वे डायरी लिखा करते थे। उनके घर में उनके चाचा जिन्हें वे प्यार से 'नन्हकी चा' कहा करते थे, ने पहले पहल डायरी लिखने की शुरूआत की थी'17 नवल जी डायरी लेखन से यह मानते थे कि इससे व्यक्ति भावनात्मक रूप से मुखर होता है तथा उनके भीतर तर्कशक्ति विकसित होती है। छठे वर्ग में वे पुस्तकालय का सदस्य बन चुके थे तथा रोजाना पुस्तकालय जाकर पुस्तकें पढ़ते थे। उस समय 'कानूनी डायरी' ज्यादा प्रचलित थी, जो अपने भव्य कलेवर में बालक नंदकिशोर नवल को विशेष आकर्षित करता था। डायरी के बारे में वे एक जगह लिखते

हैं- 'डायरी अपने को अपने अभिभावकत्व में रखने की ही चीज नहीं है, उसमें लेखक आत्मनिरीक्षण करता है और कभी झूठ नहीं बोलता। यही कारण है कि डायरी विश्व-साहित्य में एक साहित्यिक विधा के रूप में स्वीकृत हुई है।'18 कहना नहीं होगा कि उनके भीतर जो लेखक का उभार आया था, वह बहुत कुछ इसी लेखन की वजह से आया होगा। क्योंकि इस तरह अपने विचारों की प्रस्तुति तथा आत्मनिरीक्षण के क्रम में व्यक्ति अपने आपको आंतरिक रूप से मुखरित करता है। वह अपनी भावनाओं को प्रकट करता है तथा उन भावनाओं में उसके भीतर का एक लेखक सामने आता है।

उन्होंने अपने संस्मरण में लिखा है कि गाँव की पढ़ाई पूरी करने के बाद पटना आए तो फिर गाँव से उनका नाता कम रह गया। इसका कारण यह था कि उनकी शादी बिहार के स्वनाम धन्य गीतकार एवं साहित्यकार रामगोपाल शर्मा 'रूद्र' की पुत्री .... से हुई था। वे गर्दनीबाग इलाके में रहते थे। फलतः उनकी रचनाएँ प्रारंभिक अवस्था में काव्य-विधा में साहित्यिक धरातल पर आईं। नवल जी ने उन्हें अपना साहित्यिक गुरू माना था और आजीवन कविताओं के साथ आलोचना निबंध तथा संपादन का कार्य करते हुए हिन्दी साहित्य से जुड़े रहे। नवल जी ने शुरू-शुरू तो कविताएँ ही लिखीं। अपने ससुर रूद्र जी की चर्चा करते हुए नवल जी लिखते हैं- 'हिन्दी के प्रसिद्ध कवि और मेरे संबंधी रामगोपाल शर्मा 'रूद्र' जब कभी मेरे गाँव जाते थे, तो सुबह-शाम बड़का बाबू के साथ बैठकर धूरा तापते थे, खैनी मलकर दोनों खोते थे और देर तक बातें करते थे। बड़का बाबू उन्हें 'कवि' कहते थे और उनके प्रति अपार प्रेम रखते थे।'19

नवल जी ने गाँव से आकर अपना नाम पटना कॉलेज में लिखवाया था और वहाँ हिन्दी साहित्य का विद्यार्थी बने, फिर स्नातकोत्तर पटना विश्वविद्यालय के दरभंगा हाउस से किया तथा फिर प्रो. देवेन्द्रनाथ शर्मा के निर्देशन में 'निराला की कविताओं पर' शोध कार्य किया। नवल जी ने अपने पटना आने तथा पढ़ाई करने की घटना का बड़ा ही सुन्दर वर्णन किया है। वे लिखते हैं- 'मैंने अपने जीवनकाल में कई लेखकों में जो दो-तीन महापुरूष देखे हैं, उनमें प्रो. नलिन विलोचन शर्मा सर्वोपरि थे। मैं भाग्यशाली हूँ कि मुझे उनका शिष्य बनने का गौरव प्राप्त हुआ। मैंने उनका प्रथम दर्शन 1952 की संध्या को सम्मेलन भवन के प्रांगण में उसकी बाईं तरफ किया था। वे झक्क सफेद धोती, खादी का चुन्नटदार कुर्ता पहने थे और उनके हाथों में जलती हुई सिगरेट थी।'20 इसी प्रकरण में वे 'रूद्र जी' से हिन्दी साहित्य सम्मेलन, कदमकुआँ, पटना में भी मिलने की बात कहते है। वे लिखते हैं- 'मैं बिहार राष्ट्रभाषा परिषद् में 'रूद्र जी' से अपनी कविता शुद्ध कराने अपने गाँव से आया था। वे उस समय परिषद् के पुस्तकाध्यक्ष थे और वह सम्मेलन भवन के बाएँ हिस्से में अवस्थित थी।'[21]

इसका मतलब है कि तब नवल जी रूद्र जी से परिचित हो चुके थे और यह विवाह से पूर्व की घटना थी। वहीं नवल जी ने महान साहित्य सेवी आचार्य शिवपूजन सहाय को भी देखा था, जिसके बारे में वे लिखते है- 'सम्मेलन भवन में राष्ट्रभाषा परिषद् के नीचे जो कमरा था, उसमें शिवपूजन बाबू आराम से बैठे हुए कई शोधकत्र्ताओं से शोध करा रहे थे।'22

1956 में नवल जी ने पटना कालेज में दाखिला लिया था तथा इंटरमीडिएट की पढ़ाई इसी पटना कालेज में की थी। अपने संस्मरण नवल जी ने न केवल अपने कालेज-जीवन की पढ़ाई का वर्णन किया है, बल्कि वे साहित्यकारों, कवियों, लेखकों तथा माक्र्सवादी विचारकों के संपर्क में किसी प्रकार आए, उसका भी बड़ा ही सिलसिलेवार वर्णन किया है। उनके यह वर्णन एक तरह से आजादी के बाद का पटना और वैशाली (जन्मभूमि

का क्षेत्र) की सामाजिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक, धार्मिक, आर्थिक, शैक्षिक तथा राजीनतिक परिदृश्य का दस्तावेज है, जिसमें हम चित्रपट की भाँति एक-एक घटनाएँ, समस्याएँ और जिजीविषा की कथाएँ और विविध प्रसंग देख सकते हैं। समाज में उस समय कहाँ क्या हो रहा था? गाँव और शहर का विाकस, स्त्रियों की स्थिति, आम आदमी के जीवन का अंत द्रवन्द्व और संघर्ष-सब-कुछ का वर्णन उसमें मिल जाता है। वे सामाजिक स्थितियों का वर्णन जब करते हैं, तब ऐसा लगता है कि वे आँखों देखी घटना सुना रहे हों। पटना आने और प़ने का वर्णन करते हुए लिखते हैं कि '1956 में मैंने पटना कालेज में दाखिला लिया। इंटर में मेरा विषय प्रिंसपल हिन्दी भी था। उसका वर्ग भी ऊपर हिंदी विभाग के सत्रह नंबर के कमरे में होता था, सो मैं वहाँ नलिन जी (आचार्य नलिन विलोचन शर्मा) को अपने कक्ष में आते-जाते देखता था। वे बहुत लंबे-चैड़े थे। इस कारण बाजार में उनके पाँव0 का जूता नहीं मिलता था। फलतः वे फरमाइशी सैंडिल पहनते थे'23

इस प्रकार नवल जी ने अपने गुरूजनों को बेहतर नजदीक से देखा था। कहा जा सकता है कि वे अद्भुत गुरूभक्त थे। उनकी गुरूभक्ति में हीं से भी कभी नहीं दिखलाई पड़ती है। कहा जा सकता है कि एक ओर उनके चरित्र में माता की प्रत्येक बातों का पालन करते रहे हैं। चाहे घर में हों या बार में-प्रायः सभी जगह पर ही वे चारित्रिक आदर्श को बचाये रखते हैं। किसी भी रचनाकार या साहित्यकार का महत्त्व तभी कायम रह सकता है जब वह आदर्श गुणों से युक्त हो। यहाँ जब नवल जी के के चरित्र का विश्लेषण किया जा रहा है तो स्पष्ट प्रतीत होता है कि वे माता-पिता तथा गुरू भक्ति के अनुपम आदर्श चरित्र थे। कहा जा सकता है कि किसी भी व्यक्ति के चरित्र की सुन्दरता तथा शालीनता उसके घर-परिवार पर निर्भर करता है। यदि घर का वातावरण बेहतर है, तो बालक की देख-देख और परवरिश भी बढ़िया से होगा, यदि घरेलू वातावरण कलुषित और कहलपूर्ण है, तो बालक को चाहे कितनी ऊँची शिक्षा-दीक्षा दी जाए, चाहे उसके माता-पिता कितने ही ध्नी क्यों न हो, वे सच्चरित्र नहीं बन सकते। नवल जी के माता-पिता तथा उनके अन्य परिजन लोग शिक्षित थे। इसलिए नवल जी के चरित्र में प्रारंभ से ही गुरू के प्रति आदर-स्नेह का भाव तो दिखलाई पड़ा ही है, वे उनके मैत्रीपूर्ण भाव से इस प्रकार जुड़ जाते हैं कि ऐसा लगता है कि उनके स्नेह-साहचर्य में आने वाला शिक्षक या आर्चा अभिभावक की भूमिका का भी निर्वाह करने लग जाते थे। गुरू जी के प्रति स्नेह तो प्रारंभ से रहा ही था, परिवार के प्रति भी हमदर्दी देखते ही बनती थी। नवल जी का परिवार बड़ा था और उसमें उनके चचेरा, फुफेरा आदि मिलाकर बीस-पच्चीस व्यक्तियों का एक सुविस्तृत समूह था, जिसमें सभी लोग एक था रहा करते थे। नवल जी लिखते हैं- हमारा पपरिवार बहुत बड़ा था, करीब बीस व्यक्तियों, का और बाबू की आमदनी बहुत सीमित थी।'24 नवल जी आगे लिखते हैं कि उनके 'दोनों काका उन्हें हर माह मुश्किल से पचास-पचास रूपये देते थे, जो भी बाद में बंद हो गए।'25

कहना नहीं होगा कि उनके जीवन का यह स्वर्ण पक्ष, जो लगभग किशोरावस्था के बाद शुरू होता है और उन्हें अने दाम्पत्य जीवन के मधुर पक्ष के साथ जोड़कर देखा जाना चाहिए, जिसके संबंध में नवल जी स्वीकार करते हैं कि उनकी पढ़ाई-लिखाई पटना कॉलेज में शुरू हुई और आगे्रि दरभंगा हाउस में एम.ए. हिन्दी विषय से किया था और वहीं पटना कॉलेज में हिन्दी विभाग में प्राध्यापक नियुक्त हो गए।

नवल जी लिखते हैं कि एम.ए. में वे पढ़ाते हुए पटना कॉलेज में आई.ए. और बी.ए. (ऑनर्स) के छात्रों का भी क्लास लेना होता था। उनके शब्दों में, तीस वर्षों तक मैं पटना विश्वविद्यालय में अध्यापक रहा। शुरू

में छः वर्षों तक बी.एन. कॉलेज में था, जहाँ से 1976 के दिसम्बर में मेरा तबादला पोस्ट ग्रेजुएट में हो गया। दरभंगा हाउस में एम.ए. के लडत्रकों को पढ़ाते हुए मुझे पटना कॉलेज में आई.ए. और बी.ए. (ऑनर्स) तथा हिंदी रचना के वर्ग भी लेने पढ़ते थे'26 नवल जी अपने चिंतन और विचार से साहित्यिक ही नहीं थे, वे मार्क्सवादी भी थी, जिस साहित्यिक भावभूमि पर वे रचनाशील थे, उसे संदर्भ में वेंकटेश कुमार ने ठीक ही लिखा है- 'वे साहसी आलोचक थे। वे जो बात कहना चाहते थे, उसे बहुत मजबूती के साथ कहते थे। इस मामले में उन पर रामविलास शर्मा का प्रभाव साफ-साफ दिखाई पड़ता है'27

नवल जी व्यक्तित्व से उदार दिल थे, साथ ही अनुशासन प्रिय भी थे। इसके साथ-साथ वे परिश्रमी और ईमानदार भी थे। कक्षा में छात्रों को पढ़ाने से पहले दो-तीन दिन (अपनी कक्षा हेतु) अपने नोट्स की तैयारी कर लेते थे। समय के साथ चलने वाले नवल जी अपने कर्तव्य के प्रति कभी भी लापरवाह नहीं रहे और न दिखे। उन्होंने अपने संस्मरण में साफ लिखा है कि पढ़ाने में मैंने कभी लापरवाही या लेट लतीफी नहीं की। जहाँ तक संभव हो सका, छात्रों के हित में निरंतर लगा रहा। 'मेरी निष्पक्षता के ही कारण आज तक किसी लड़के ने मेरे साथ कोई बदसलूकी नहीं की। मैं कह चुका हूँ कि शुरू में मैंने ट्यूशन भी किया करना छोड़ता गया।... छात्र मेरे अध्यापन और अनुशासन के कारण मुझे बहुत सम्मान देते थे। एम.ए. में मैं जिन-जिन कवियों को पढ़ाता था, उनका संपूर्ण साहित्य पढ़ जाता था।'28 इस तरह स्पष्ट है कि नवल जी पढ़ाकू किस्म के अध्यापक थे, वे लिखने में सिद्धहस्त थे। वे प्रायः सभी कवियों तथा उनकी रचनाओं का गहनतापूर्कक अध्ययन किया करते थे। आश्चर्य नहीं होना चाहिए कि उन्होंने अपने बाल्यकाल में ही अनेकानेक साहितियक कृतियों का पारायण किया था। नवल जी लिखते हैं- '1950-60 के ग्रीष्मावकाश में मैंने उनसे बिना टीका के 'रामचरितमानस' और 'पद्मावत' पढ़ा था। बदले में मैंने उन्हें निराला की 'राम की शक्ति-पूजा' और अनुवाद करते हुए रवींद्रनाथ की अँग्रेजी 'गीतांजलि' पूरी सुनाई थी- कई दिनों तक पुस्तकालय के बरामदे में बैठकर।'29

वस्तुतः नंदकिशोर नवल का जीवन पूर्णतः साहित्यिक और शैक्षिक था। जीवन के आरंभिक दिनों में वे कुछ न कुछ लिखने लगे। जैसा कि सभी रचनाकारों के साथ देखा जाता है कि वे कविता की ओर पहले मुड़ते हैं, अन्या विधा की ओर बाद में। बिल्कुल इसी तरह उनकी भी प्रवृत्ति पहले कविता की ओर गई थी, बाद में पत्रिका प्रकाशन की ओर भी रही। प्रारंभ में उन्होंने ध्वज भंग, सिर्फ, धातल, उत्तरशती और आलोचना (सह-संपादक) आदि का संपादन भी किया था। वे मावीर प्रसाद द्विवेदी की भाँति कवियों और लेखकों से रचनाएँ माँगकर उसे तराशते थे तथा नए लेखक और कवियों का भी निर्माण करते थे। यही कारण है कि उनके पटना ही नहीं, बल्कि प्रत्येक शहरों में अनेक साहित्यकार-रचनाकार मित्र थे। उन मित्रों के साथ इनका लगातार पत्र-व्यवहार चलता रहता था तथा साहित्य संबंधी विभिन्न विमर्श तथा उन पर लेखन, संपादन तथा आलोचना-संबंधी कार्य सफलतापूर्वक होता रहा था। इसी कारण उनकी लेखन-क्षमता तथा लेखन-शैली भी लगातार विकसित और परिमार्जित होती रही। दिल्ली में डा. रामविलास शर्मा से मिलना तथा उनसे साहित्यिक विमर्श करना उनके साहित्यिक रचना-कर्मों में शामिल था। शुरू-शुरू में उनका झुकाव साहित्यिक गोष्ठियों में भी रहा था। प्रगति लेखक संघ से जुड़ाव तथा उनकी गतिविधियों में शामिल रहना उनकी दिनचर्या में शामिल था। एक ओर साहित्यिक गोष्ठियों में उनकी सहभागिता लगातार बनी रही तो दूसरी आरे कविता-लेखन से भी उनका जुड़ाव बना रहा। इसी के फलस्वरूप उनका कविता-संग्रह मंजी (1954) प्रकाशित हुआ। आलोचना

तथा समीक्षा से संबंधित उनकी पुस्तक 'कविता की मुक्ति' (समीक्षात्मक निबंधों का संग्रह) 1980 ई० में वाणी प्रकाशन, नयी दिल्ली से प्रकाशित हुई। जब वे बी.ए. ऑनर्स तथा एम.ए. (हिन्दी) की कक्षाएँ ले रहे थे तब उन्होंने अपनी पहली आलोचना की पुस्तक 'हिन्दी आलोचना का विकास' 1981 ई० में (राजकमल प्रकाशन, नयी दिल्ली) सामने आयी। उसके बाद से वे लगातार एक-पर-एक पुस्तक, संपादन (रचनावली तथा आलेख) के कार्यों में लगे रहे। लेखन-संपादन के साथ-साथ साहित्यकारों, कवियों तथा समीक्षकों से उनकी घनिष्ठता लगातार बनी रही। नागार्जुन के संबंध में चर्च करते हुए वे लिखते हैं- 'नागार्जुन के गाँव के बुजुर्ग उन्हें 'ठक्कन मिसिर' कहते है, जबकि उनका असली नाम 'वैधनाथ मिश्र' था।'30

इसके अतिरिक्त अन्य कई साहित्यकारों के साथ उनकी गहरी मित्रता भी। उनमें राविलास शर्मा, नामवर सिंह, त्रिलोचन, नलिन विलोचन शर्मा आदि प्रमुख थे। नलिन विलोचन शर्मा पटना विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग के प्रसिद्ध प्रोफेसर, आलोचक तथा कहानीकार थे। नकेनबाद के प्रवर्तकों में उनका नाम भी शामिल था। हिन्दी साहित्य की काव्य विधा के अंतर्गत प्रगतिवाद तथा प्रयोगवाद के समानान्तर चली इस काव्य धारा का सूत्रपात आचार्य केसरी कुमार, नलिन विलोचन शर्मा और कविवर नरेश के द्वारा हुआ था जिसका दूसरा नाम हिन्दी में 'प्रपद्यवाद' दिया गया था तथा इसकी महत्ता कम नहीं है। नवल जी ने अपना साहित्यिक तथा रचनात्मक जीवन बेहद ईमानदारी तथा मेहनत के साथ जीया। नवल जी जब पी.एच.डी. कर रहे थे, तो उस समय उनकी जिज्ञासा कम नहीं थी। नवल जी ने स्वयं लिखा है- '1967 की गर्मियों में अपने शोद्य के सिलसिले में मैं बनारस गया, पहली बार। मेरा विषय था- 'निराला का काव्य विकास' सो मुझे त्रिलोचन के नाम एक पत्र नागार्जुन ने दिया औ एक राजकमल ने।'31 इसके साथ-साथ उनका प्रयास यह था कि वे 'निराला' पर शोद्य कार्य कर रहे हैं, तो उसे पूरी ईमानदारी के साथ करेंगे। इसके लिए वे केवल पुस्तकों से अपना काम निकालना उचित नहीं समझते थे, बल्कि इसके लिए बनारस जाना तथा निराला जी के जीवन तथा काव्य रचना से संबंधित विशेष जानकारी प्राप्त करने की आवश्यकता भी महसूस करते थे। इसीलिए नवल जी के शोद्य छात्रों का यह कहना कि वे अपने अधीन शोद्य कार्य करने वाले लोगों का गहराई के साथ कार्य करने पर बल देते थे ताकि छात्र केवल पुनरावृत्ति न कर अपने अनुभव और ज्ञान का समावेश भी अपने शोद्य-प्रबन्ध में कर सके।

अध्यापक के तौर पर नवल जी की खासियत यह थी कि वे छात्रों की समस्याओं को भी गौरपूर्णक सुनते थे। जहाँ उचित होता था वहाँ वे अपने पुस्तकालय की पुस्तकों को उपलब्ध कराना अपनी जरूरत समझते थे। नवल जी के व्यक्तित्व की एक और विशेषता यह थी कि छात्रों की कुशलता का बराबर ख्याल रखते थे। वे उनके माता-पिता तथा परिवारजनों का कुश-क्षेम लिया किरते थे। नवल जी न, केवल छात्रों को शोद्य कार्य कराते थे, बल्कि वे उनके जीवन के पत्र-प्रदर्शक भी बन जाते थे। क्योंकि पी.एच.डी. करने के क्रम में वे छात्रों को उनके जीवन के लक्ष्य की प्राप्ति के प्रति सचेत भी करते रहते थे।

इसी तरह अध्यापकीय जीवन में भी नवल जी का स्वभाव सदैव मधुर तथा प्रेमपूर्ण रहा। उनके मन में किसी प्रकार की छल-कपट तथा कामना नहीं होती थी। उस समय जैसा कि विश्वविद्यालयों और विभागों में उच्च वर्ग और निम्न वर्ग के साथ-साथ जातीयता संबंधी विवाद हुआ करता था, उससे वे असम्पृक्त थे। उनके मन में किसी के प्रति छल-कपट की कामना बिल्कुल नहीं रहती थी। पहले वे पटना कॉलेज के

हिन्दी विभाग में रहे, फिर 'आगे चलकर स्नातकोत्तर हिन्दी विभाग (दरभंगा हाउस) में प्राध्यापक के पद पर नियुक्त हो गए, जहाँ से वे क्रमशः रीडर और युनिवर्सिटी प्रोफेसर बनकर वर्षों सेवा देते रहे। पुनः 31 अक्टूबर, 1998 को उन्होंने अवकाश ग्रहण किया।'32

नंदकिशोर नवल ने अवकाश ग्रहण करने के पश्चात् अपनी भोजनानुसार 'कसौटी' पत्रिका निकाली। यद्यपि इसके पूर्व भी 'उन्होंने सिर्फ, धरातल, उत्तरशती आदि पत्रिकाएँ निकाल चुके थे। नामवर जी के साथ आलोचना पत्रिका का सह-संपादक के रूप में काम किया था।'33 नामवर जी के बारे में नवल जी का कहना था- 'नामवर जी का प्रथम दर्शन मुझे 1965 में गया के पूर्वांचल लेखक सम्मेलन में हुआ था। उनके लेखन से उनका जो चित्र बनता था, वह सूट-बूट और टाई वाले लेखक का था, पर उन्हें देखकर तो लगा कि वे ठेठ गाँव के आदमी हैं। -नामवर बनारस से आए थे मैले धोती-कुर्त्ते में और बढ़ी हुई दाढ़ी लेकर, लेकिन आने के बाद दाढ़ी बनाकर और स्नानोपरांत धुला हुआ धोती-कुर्त्ता पहनकर वे पूरी तरह सज-धज गए थे, उन्होंने ऐसा व्याख्यान दिया जिससे श्रोता मन्त्रमुग्ध हो उठे। उनके व्याख्यान को सुनकर एक कॉमरेड ने उठकर कहा कि काश, इस देश की वामपंथी राजनीति को भी माक्र्सवाद का ऐसा व्याख्यान मिलता।'34

वस्तुतः नवल जी का जीवन एक ओर माक्र्सवादी विचारधारा से प्रभावित रहा तो दूसरी ओर पौराणिकता और परंपरावादी विचारधारा को अपने स्वविवेक से अपनाते रहे। हिन्दी कविता की आलोचना करते हुए नवल जी की दृष्टि सदैव शोद्य एवं अनुसंधान के मानकों तक ही सीमित नहीं, बल्कि आलोचना के सामाजिक एवं व्यावहारिक पक्ष को भी पाठकों के समक्ष रखने का प्रयास किया। वे अपने जीवन में पूर्णतः सादगी संपन्न थे। दिखावा उन्हें बिल्कुल ही पसंद नहीं था और न फिजूल खर्ची उन्हें पसंद थी। लेकिन हाँ, वे कभी किसी छात्रों से कोई पुस्तक, पत्रिका, कागज, कलम और लिफाफा या डाकटिकट मँगाते तो न केवल उसे पूरा यात्रा का खर्च (भाड़ा आदि) देते, बल्कि वस्तुओं के मूल्य से 2-4 रूपये अधिक देने का ध्यान रखते। सेवानिवृत्ति के पश्चात् वे स्पोन्डलाइटिश से पीडित रहे थे। चिकित्सक ने उन्हें कुर्सी पर सीधी रीढ़ की हड्डी टिकाकर बैठने की सलाह दी थी किंतु अधिक लेखन कार्य करने से मनाकर दिया था किंतु उन्हें खाली बैठने में मन नहीं लगता था। ज्ञातव्य है कि उन्हें यह दर्द (रीढ़ की हड्डी का दर्द) 'कसौटी' पत्रिका निकालने के क्रम में हुई थी। उस समय नवल जी लखनचंद कोठी वाले डेरे में रहा करते थे। कुछ समय पश्चात् वे धधा घाट वाले डेरे में चले आए। कहना नहीं होगा कि 'आधुनिक हिंदी कविता का इतिहास' पुस्तक उन्होंने इसी धधा घाट, महेन्द्रू वाल डेरे में पूरा किया था।

नवल जी पूर्णतः मसिजीवी लेखक थे। वे प्रायः विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं से भी व्यक्तिगत तौर पर जुड़े रहे थे। दैनिक हिन्दुस्तान, दैनिक आज, दैनिक आर्यावत्, दैनिक नवभारत टाइम्स, दैनिक प्रदीप, दैनिक जनसत्ता आदि दैनिक समाचार पत्रों के अलावे इंडिया टूडे (पाक्षिक), पात्रच जन्म छपते रहते थे। उनके लेखन में जो तर्क, विचार तथा स्थापनाएँ होती थीं, वे प्रायः मौलिक हुआ करती थीं। यही कारण है कि उनके पास देश भर से साहित्यकारों, पत्रकारों, शोद्य-छात्रों तथा संपादकों के पत्र आते रहते थे तथा साहित्यिक-विमर्श चलता रहता था। उनकी अनेक आलोचना पुस्तकें आज भी जिज्ञासु छात्र-छात्राओं की ज्ञान-पियासा शान्त करती हैं तथा साहित्यिक तर्क, ज्ञान एवं वैचारिक सवालों से टकराती हैं। नवजली का व्यक्तित्व प्रभावशाली था। वे पाठकों की जिज्ञासा शांत करते थे तथा उनके पत्रों का जबाव भी दिया

करते थे। इस संदर्भ में ध्यातव्य तथ्य यह है कि वे पाठकों का ज्ञानार्जन के लिए विभिन्न तर्कों तथा तथ्यों का हवाला देकर अपने चिंतन और विचार को पुष्ट करते थे। उन्होंने हिन्दी साहित्य के विभिन्न कालों पर भी तथा कवियों पर भी मौलिक चिंतन प्रस्तुत किए थे। इस संदर्भ में महत्त्वपूर्ण बात यह है कि वे नए-पुराने लेखक-मित्रों से संवाद बनाए रखकर वर्तमान साहित्यिक परिचर्चाओं और उनसे प्राप्त प्रश्नों के उत्तर तलाशते रहे। उन्होंने आचार्य शुक्ल, हजारी प्रसाद द्विवेदी बंद दुलाये वाजपेयी, रामविलास शर्मा, नामवर सिं और मैनेजर पाण्डेय की आलोचना-परंपरा का विस्तार ही नहीं किया, उनके बीच आयी संवदहीनता को खाई को पाटने का भी सारस्वत प्रयास किया।

डा. नंदकिशोर 'नवल' को नई धारा पत्रिका की ओर से राजा राधिका रमण प्रसाद सिंह के सुपुत्र डा. उदयराज सिंह की स्मृति में दिया जाने वाला साहित्यिक पुरस्कार, जिसके तहत एक लाख रूपये दिये जाते हैं, से भी सम्मानित किया गया था। इसी तरह राजभाषा विभाग (मंत्रिमंडल सचिवालय, बिहार सरकार) द्वारा दिया जाने वाला राजेन्द्र शिखर सम्मान के तहत भी इन्हें नकद एक लाख रूपये का पुरस्कार प्रदान किया गया था। जबकि इसके पूर्व मैथिली शरण गुप्त पुरस्कार (मध्यप्रदेश) भी आज से करीब 20 वर्ष पहले 2002 के आस-पास प्रदान किया गया था जिसके तहत शाल, नारियल का फल प्रशस्ति पत्र, चिन्ह आदि भी दिए गए थे।

नवल जी के मन में किसी भी समान के प्रति लोभ या लालच या मोह नहीं रहा था, यदि किसी संख्या अथवा प्रतिष्ठान ने उन्हें सम्मानित भी किया , तो उनके साहित्यिक योगदान की वजह से कारण उनका प्रायः बिहार राज्य के अंतर्गत विभिन्न विश्वविद्यालयों में ही नहीं, वरन भारत भर के विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं साहित्य अकादमी, साहित्य सम्मेलनों आदि में शिरकत करने के लिए लगातार बुलावा आता रहा था। कभी पी. एच.डी. की मौखिकी के संबध में, तो कभी किसी जयंती अथवा पुण्यतिथि के अवसर पर व्ययलान देने के लिए उन्हें सादर आमंत्रित किया जाता रहा था, तो कभी किसी सेमिनार अथवा संगोष्ठी में सम्मानीय अतिथि के तौर पर भी भारत भर में भ्रमन करते रहे थे। इधर चार-पाँच वर्षो से वे अस्वस्थ नजर आ रहे थे। अपने संस्करण के आखिरी पृष्ठ पर नवल जी बड़े ही दुखी अवसाद ग्रस्त नजर आते है, वे संस्करण -पुस्तक की अंतिम पारग्राफ में साफ शब्दों में लिखते है- पिछले दिनों के दारजी (केदारनाथ सिंह) पटना आए, तो मुझे बताया कि वे अस्वस्थ चल रहे हैं। कभी-कभी उन्हें दस्त लगने लगते है और एक दिन तो वे बेहोश भी हो गए थे। मैंने कहा कि मैं तो जब कभी उनके स्वास्थ के बारे में फोन करता हूँ। तो वे यही कहते है कि 'मैं ठीक हूँ। के दारजी ने मुझसे कहा कि 'वे सबको यही कहते है, लेकिन वे ठीक है नहीं। मुझे जो करना था, वह कर चुका। यह मेरी अंतिम पुस्तक हैं। अब मेरी जीने की इच्छा नहीं है, सो मैं चाहता हूँ। कि मेरी शेष आयु उन्हें मिल जाए और वे शती पूरी करें। उनकी उपस्थिति-मात्र से हिंदी श्री संपन्न बनी रहेगी। अंत में प्रियदर्शी ठाकुर 'ख्याल' का एक शेर उद्धत कर मैं आपसे विदा लेता हूँः

''थोड़ी दूर और मेरा बोझ उठा

फिर तो ले जाएगी हवा मुझको।''35

कहना नहीं होगा कि अवगत दो वर्ष हुए 12 मई, 2020 की रात को वे इस संसार से विदा हो गए। उनके निधन की खर सुनकर चारों ओर उन पर श्रद्धांजलियों का ताँता लग या। सबों ने उनके युगांतरकारी व्यक्तित्व

को अपने-अपने नजरिए से आँका और अपने उद्गार व्यक्त किए। उनके मित्रों के साथ-साथ परिजनों ने भी अपने-अपने वक्तव्यों के द्वारा उनके अब नहीं होने को बड़ी शिद्दत के साथ याद किया। दिल्ली विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग के प्रोफेसर एवं समीक्षक डा. अपूर्वानंद ने उनपर अपने उद्गार व्यक्त करते हुए लिखा- 'वे न चंद लेखकों में थे जो सच्चे अर्थ में साहित्यव्यसनी अध्यापक कहे जा सकते थे। वे आलोचक, संपादक के तौर पर जाने जाते हैं लेकिन अपने छात्रों के लिए वे एक समर्पित अध्यापक ही रहे, बल्कि वे हमेशा कहा करते थे कि उन्होंने अध्यापन सेही लिखना सीखा, वही उनके लेखन का स्रोत रहा।'36

नवल जी ने हिंदी साहित्य को अपनी मौलिक रचनाओं एवं संपादित कृतियों से समृद्ध किया तथा उनको उनके सारस्वत अनदान के लिए सदैव याद किया जाएगा।

उनकी कृतियों की सूची निम्नलिखित है-

- प्रमुख मौलिक कृतियाँ- हिन्दी आलोचना का विकास, मुक्ति बोधः ज्ञान और संवेदना, निरालाः कृति से साक्षात्कार, मैथिलीशरण, तुलसीदास, सूरदास, रीतिकाव्य, दिनकर; अर्धनारीश्वर कवि, समकालीन काव्य यात्रा, मुक्तिबोध की कविताएँः बिम्ब-प्रतिबिम्ब, पुनर्मूल्यांकन, शताब्दी की कविता, निराला-काव्य की छवियाँ, कविता के आर-पार कविताः पहचान का संकट, निकष, रचनालोक, आधुनिक हिन्दी कविता का इतिहास, हिन्दी कविताः अभी, बिल्कुल अभी आदि।
- प्रमुख संपादित कृतियाँ- निराला रचनावली (आठ खंड), दिनकर रचनावली (आरंभ पाँच खंड) सह-संपादक-डा. तरूण कुमार, मैथिलीशरण रचयिता, नामवर संचयिता, स्वतंत्रता पुकारती, मुक्तिबोध: कवि-छवि, निरालाः कवि-छवि, हिंदी साहित्य शास्त्र, छायांतर, संधि-वेला, अंत- अनंत, कामायनी-परिशीलन, खुल गया है द्वार एक, हिंदी की कालजयी कहानियाँ, बीसवीं शती: कालजयी साहित्य, पदचिन्ह आदि।
- मुख्य संपादित पत्रिकाएँ- सिर्फ, धरातल, उत्तरशती, आलोचना (सह-संपादक के रूप में), कसौटी आदि।

निष्कर्षतः नंदकिशोर नवल का व्यक्तित्व प्रतिभासम्पन्न, साहित्य-गुण-मंडित, आलोचक और अध्यापक के रूप में साहित्यकाश के भव्य भूषण युक्त शिखर पर भास्कर-सा दीप्त है। उनका चारित्रिक वैशिष्ट्य आदर्श गुण युक्त रहा है। छात्रों एवं शिक्षकों के लिए सदैव तत्पर रहने वाले नवल जी सदैव सबका हित सोचते रहे, हित-साधन में तत्पर और तल्लीन रहे। आज वे हमारे बीच नहीं हैं किंतु उनकी मौलिक एवं संपादित कृतियाँ हिन्दी साहित्य के पिपासु छात्रों एवं शिक्षकों का ज्ञान-पिपासा शांत करेगी, ऐसी आशा है।

संदर्भ ग्रंथ सूचीः

1. सं. कलानाथ मिश्र, साहित्य यात्रा (त्रैमासिक) वर्ष-6, अंक- 21-22, जनवरी-जून, 2020, पृ०- 16
2. नंदकिशोर नवल, मूरतें माटी और सोने की, संस्मरण पुस्तक, प्रकाशकः राजकमल प्रकाशन प्रा. लि., नई दिल्ली, प्रकाश वर्ष: 2017, पृ०- 13
3. वही, पृ०- 13
4. वही, पृ०- 13
5. वही, पृ०- 40

6. वही, पृ०- 40
7. वही, पृ०- 57
8. वही, पृ०- 31
9. वही, पृ०- 30
10. वही, पृ०- 30
11. वही, पृ०- 29
12. वही, पृ०- 80
13. वही, पृ०- 79
14. वही, पृ०- 68
15. वही, पृ०- 69
16. वही, पृ०- 70-71
17. वही, पृ०- 55
18. वही, पृ०- 56
19. वही, पृ०- 15
20. वही, पृ०- 168
21. वही, पृ०- 168
22. वही, पृ०- 168
23. वही, पृ०- 168
24. वही, पृ०- 36
25. वही, पृ०- 36
26. वही, पृ०- 69
27. वागर्थ, (पत्रिका)
28. मूरतें माटी और सोने की- 69
29. वही, पृ०- 74
30. वही, पृ०- 83
31. वही, पृ०- 146
32. नंदकिशोर नवल, आधुनिक हिन्दी कविता का इतिहास प्रकाशक भारतीय ज्ञानपीठ, नयी दिल्ली, प्रथम संस्करण-2012 पुस्तक के अंतिम आवरण फ्लैप पर लेखक मरियम में उल्लिखित।
33. नंदकिशार नवल, मूरतें माटी और सोने की (संस्मरण) प्रकाशकः राजकमल प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड, नयी दिल्ली प्रथम संस्करण: 2017, पुस्तक के अंतिम फ्लैप पर आत्म परिचय में लेखक के वक्तव्य से।
34. वही, पृ०- 189
35. वही, पृ०- 224
36. द वायर, (इंटरनेट पत्रिका), दिनांकः 13 मई, 2022

❒❒❒

हिन्दी के अंतर राष्ट्रीयकरण में प्रवासी साहित्य का योगदान

–राजेश कुमार

प्रवास के बाद प्रवासी लेखक अपने परिवेश को आत्मसात् करने लगता है। परिवेश में आये बदलाव के कारण नूतन सोच, विचार, दृष्टिकोण, मान्यताओं को लेखक ग्रहण करता है। उनकी मान्यताएं सामाजिक परिवेशों से प्रभावित होती रहती हैं।

सार:

हिन्दी भाषा ने जिस प्रभावी ढंग से विदेशों में अपनी पहचान बनाई है उससे स्पष्ट होता है कि हिन्दी में लिखे जाने वाले साहित्य ने पिछले दो-तीन दशकों से अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर साहित्य और प्रवासी साहित्य का महत्त्वपूर्ण योगदान है। हिन्दी को अधिक समृद्ध बनाने में हिन्दी साहित्यकारों के साथ-साथ प्रवासी रचनाकारों ने भी अपना विशेष योगदान दिया है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हिन्दी को जो पहचान प्राप्त हुई है उसके पीछे प्रवास की प्रक्रिया में आई कम्पयूटर क्रांति, निरन्तरता, विश्व बाजार, और संचार के माध्यमों से फैले हिन्दी के रचनाकारों का विभिन्न माध्यमों के द्वारा साहित्यिक जुड़ाव है। हिन्दी साहित्य ने अपनी विशिष्ट संवेदना, दृष्टिकोण, परिस्थिति और सृजन-प्रक्रिया के बल पर ही प्रवासी साहित्य को एक मौलिक रूप प्रदान किया है। प्रवासी साहित्यकारों ने हिन्दी की सत्ता और महत्त्वता को बनाये रखने के लिए विभिन्न माध्यमों का प्रयोग किया है जैसे पत्रिकाओं के द्वारा प्रवासी अंक निकाला जाना, प्रवासी रचनाकारों का सम्मेलन, प्रवासी पुरस्कार आदि। विदेश में रहने वाले रचनाकारों की रचनाओं में अलग-अलग देशों की विभिन्न परिस्थितियों का वर्णन किया जाता है जिससे हिन्दी साहित्य को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिलती है। इस शोध पत्र के माध्यम से मैंने प्रवासी साहित्य के द्वारा हिन्दी भाषा को किस प्रकार अंतर्राष्ट्रीय पहचान प्राप्त हुई है, का विस्तृत वर्णन किया है।

मूल-शब्द: निरन्तरता, संवेदना, अंतर्राष्ट्रीय, सृजन, क्रांति आदि।

विस्तृत शोध पत्र:

साहित्य के क्षेत्र से अनेक विषय जुड़े हुए हैं जिनमें प्रवासी साहित्य अपना विशेष स्थान रखता है। आज के इस वैज्ञानिक युग में हिन्दी भाषा एक राष्ट्र तक सीमित न रहकर अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाए हुए है। भारत में निवास करने वाले साहित्यकार यदि हिन्दी भाषा में साहित्य की रचना कर रहे हैं तो भारत से दूर विदेश

में रहने वाले भारतीय साहित्यकार विदेशी भूमि पर हिन्दी साहित्य की रचना कर रहे हैं। इस साहित्य को प्रवासी साहित्य कहा जाता है। प्रवास मनुष्य की स्वाभाविक प्रक्रिया है। प्रागैतिहासिक काल से ही मनुष्य अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए अलग-अलग स्थानों पर भ्रमण करता रहा है। वर्तमान समय में भी मनुष्य अपनी सुविधानुसार तथा अच्छा जीवन व्यतीत करने के लिए अपने देश से दूसरे देश में चला जाता है ।1 प्रवास की यह प्रक्रिया हर मनुष्य के लिए एक जैसी नहीं होती। इतिहास के पन्नों से ज्ञात होता है कि भारत में अनेक जातियों, यूरोपियन, मराठों, मुगलों आदि का स्थापत्य रहा है। इस कारण लगभग तीन करोड़ प्रवासी तथा भारतीय आज विश्व के लगभग चालीस देशों में रहते है ।2 जिनको दो वर्गों में रखा गया था। पहला वर्ग जिसमें ऐसे भारतीय थे जिन्हें अंग्रेज, डच व फ्रांसीसी शासक अपने-अपने गुलाम देशों में धोखे से गिरमिटिया मजदूर बनाकर ले गए थे। शोषण का शिकार गिरमिटिया मजदूरों ने अपनी जन्म भूमि भारत से जुड़े रहने के लिए अपने साथ विरासत के रूप में धर्मग्रंथ, लोकगीत, स्वभाषा, संस्कृति और परम्पराओं को साथ लेकर गए और उनको सुरक्षित रखा। दूसरे वर्ग में वो लोग जो अपनी इच्छा से विदेश चले गए पर भारतीय अपनी मातृभूमि में जुड़े रहे और विदेश में रहने वाले प्रवासी लेखकों ने अपनी लेखनी को माध्यम बनाकर न केवल भारतीय परिवेश, संस्कारों, यहां की मिट्टी, पर्व-त्यौहारों को जीवित रखा विदेशी परिवेश संस्कारों, समस्याओं, परिस्थितियों एवं भाषा से भी हिन्दी पाठकों को परिचित किया और हिन्दी का अन्तर्राष्ट्रीय स्वरूप विकसित किया ।3

प्रवासी साहित्य:

साहित्य के क्षेत्र में प्रवासी शब्द अपने अस्तित्व को कायम कर एक नये आयाम को बनाने की ओर अग्रसर है, क्योंकि भारतीयों ने हिन्दी को वैश्विक पटल पर इस प्रकार स्थापित कर दिया है कि छोटा सा बदलाव बड़े रूप में परिचर्चा का विषय बन जाता है। 'प्रवास' शब्द का मूल अर्थ विस्थापन से जुड़ा है, जब व्यक्ति अपनी मातृभूमि, को छोड़कर नई भूमि या किसी अन्य देश में आवास करता है तो वह भावों-विचारों से नए धरातल पर पहुंच जाता है, और उसे अपनी अभिव्यक्ति का विषय बनाता है। इस अभिव्यक्ति में अपनी मातृभूमि की सभ्यता, संस्कृति, साहित्य व अपने अस्तित्व को कायम रखने का प्रयास करता रहता है, इस प्रकार किए गए प्रयास से प्रवासी साहित्य का उद्भव होता है ।

प्रवास के बाद प्रवासी लेखक अपने परिवेश को आत्मसात् करने लगता है। परिवेश में आये बदलाव के कारण नूतन सोच, विचार, दृष्टिकोण, मान्यताओं को लेखक ग्रहण करता है। उनकी मान्यताएं सामाजिक परिवेशों से प्रभावित होती रहती हैं। जिसे वे अपने साहित्य में स्थान देने लगते हैं। विभिन्न परिस्थितियों और विषमताओं के बाद भी प्रवासी लेखक अपना साहित्य ऐसी भाषा में लिखने लगा है जो वहां की नहीं होती ।4 जैसे कि विदेश में बैठकर प्रवासी लेखक हिन्दी भाषा में अपना साहित्य सृजन करता है। हिन्दी साहित्य में मारिशस की एक अलग पहचान है। इन्होंने साहित्य की विभिन्न विधाओं, कविता, कथा-साहित्य आदि की रचनाओं से प्रवासी साहित्य को समृद्ध किया है। इनके द्वारा लिखित 'लाल पसीना' चर्चित उपन्यास माना जाता है। जिसमें भारतीयों की वेदनाओं का मर्मस्पर्शी वर्णन किया गया है। प्रवासी साहित्य की रचना चाहे जो भी रही हो, उनमें चित्रित परिस्थितियां चाहे कैसी भी क्यों ना हो किंतु वर्तमान समय में प्रवासी साहित्य हिन्दी साहित्य का अभिन्न अंग बन गया है ।5

हिन्दी को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाने में प्रवासी साहित्यकारों का योगदान:

प्रवासी साहित्यकारों ने अपनी रचना के माध्यम से हिन्दी को जो पहचान दिलाई है उसको नकारा नहीं जा सकता। प्रवास में लिखे जा रहे हिन्दी साहित्य की अपनी एक अलग संवेदना है। जिसमें भारतीय मन के साथ विशिष्ट प्रवासी सोच मिली होती है। प्रवासी हिंदी साहित्य के मूल में जिस अकुलाहट, बैचेनी को महसूस किया जाता है वह अपनी संस्कृति और परम्परा से दूर होने का मुख्य कारण माना जाता है। भारतीय एवं पश्चिमी संस्कृति के बीच में फंसे प्रवासी भारतीयों के मानसिक आंदोलन का चित्रण प्रवासी हिन्दी साहित्य में हुआ है। 'कमल किशोर गोयनका' के अनुसार हिन्दी के प्रवासी साहित्य का रूप-रंग, उसकी चेतना और संवेदना भारत के हिन्दी पाठकों के लिए एक नई वस्तु है, एक नये भावबोध का साहित्य है, एक नयी व्याकुलता का और बैचेनी का साहित्य है जो हिन्दी साहित्य को अपनी मौलिकता एवं नये साहित्य संसार से समृद्ध करता है।

'प्रवासी साहित्य' साहित्य की लगभग सभी विधाओं में उपलब्ध है, कविता, कहानी, नाटक, एकांकी, महाकाव्य, खंडकाव्य, अनूदित साहित्य, यात्रा वृतांत, आत्मकथा आदि का समावेश है।6 प्रवासी हिन्दी साहित्यकारों में हरिशंकर आदेश का नाम अग्रणी है। इनकी तीन सौ से भी अधिक रचनाएं प्रकाशित हुई हैं। वर्षों पहले ब्रिटिश सरकार मजदूरों के रूप में ले जाए गए भारतीयों की सहायता कर आदेश जी ने वेस्टइंडीज में भारतीय विद्या संस्थान का निर्माण कर बी.ए. स्तर के हिन्दी पाठ्यक्रम सीखने के लिए प्रोत्साहन किया हरिशंकर आदेश के अंतर्गत हिन्दी प्रवासी लेखकों में अभिमन्यु अनंत, सुषम बेदी, तेजेन्द्र शर्मा, उषा राजे, दिव्या माथुर, पूर्णिमा वर्मन आदि शामिल है।

प्रवासी साहित्य से हिन्दी का अन्तर्राष्ट्रीय स्तर:

विश्व में हिन्दी भाषा की स्थिति काफी दृढ़ है। आज भारत की सीमाएं पार कर, हिन्दी राष्ट्रीय सरोकार स्थापित कर रही है। इसका पूरा श्रेय अगर प्रवासी साहित्य को दिया जाए तो गलत नहीं होगा वर्तमान में विश्व के सभी देशों में हिन्दी भाषा का अध्ययन-अध्यापन हो रहा है। किन्तु सभी देशों में हिन्दी भाषा में साहित्य नहीं लिखा जाता। देश प्रेम से ओत-प्रोत प्रवासी हिन्दी साहित्यकार दूसरे देश में रहकर भी प्रवासी साहित्यकार हिन्दी भाषा को समृद्ध बनाने में अपना योगदान दे रहे हैं। वर्तमान दौर में विश्व के ज्यादातर देशों में हिन्दी के प्रेमी प्रवासी साहित्यकार के चलते अध्ययन-अध्यापन और साहित्य सर्जना की नींव रखी जाती है। इतना ही नहीं हिन्दी भाषा में शोधकार्य भी कराया जा रहा है।7 जिससे हिन्दी साहित्य एवं भाषा को विकसित किया जा सकता है। आज का प्रवासी साहित्य प्रारंभिक प्रवासी साहित्य से बिल्कुल अलग है। तकनीकी विकास के कारण आज का प्रवासी साहित्य जन-जन तक पहुंच गया है और भारत से दूर रहकर भी इंटरनेट के द्वारा अपने हिन्दी साहित्य को पहचान दे रहे हैं। प्रवासी साहित्य में भूमंडलीकरण, उपभोक्तावाद प्रवासी जीवन की त्रासदी, अजनबीपन परिवार से दूरी आदि को देखा जा सकता है।8 प्रवासी साहित्य में अमेरिका के 'प्रवासिनी के बोल' कविता संकलन का उल्लेख करना अत्यंत महत्त्वपूर्ण हैं। अंजना संधीर द्वारा संपादित इस कविता संकलन में सिर्फ हिंदी प्रवासी कवित्रियों का ही समावेश है जिसमें प्रवासी हिन्दी कवित्रियों की 324 कविताएं संकलित हैं तथा 33 हिन्दी लेखिकाओं की 115 हिंदी पुस्तकों की भी सूची दी गई है।9

शोध-पत्र उद्देश्य:

वर्तमान युग में प्रवासी साहित्य राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाए हुए हैं। जिसमें हिन्दी भाषा को विशेष महत्त्व दिया गया है। हिन्दी भाषा के इस महत्त्व को समाज के सामने प्रस्तुत करने और प्रवासी साहित्य में हिन्दी भाषा के बढ़ते प्रभाव को दर्शाना इस शोध का मुख्य उद्देश्य रहा है क्योंकि प्रवासी साहित्य हिन्दी के अन्तर्राष्ट्रीयकरण का सबसे बड़ा सशक्त माध्यम माना जाता है। साहित्य को विश्व के कोने-कोने में पहुंचाने और विश्व में हिन्दी को साहित्य में लाने का महत्त्वपूर्ण कार्य प्रवासी साहित्य से ही संभव हो सकता है। इसलिए इस शोध-पत्र में प्रवासी साहित्य के माध्यम से हिन्दी भाषा के अन्तर्राष्ट्रीयकरण पर प्रकाश डाला गया है और साथ ही यह बताया गया है कि हिन्दी भाषा को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रवासी साहित्य ने पहचान दिलाई है।

निष्कर्ष:

अतः यह कहना गलत नहीं होगा कि प्रवासी साहित्यकार भावनात्मक दृष्टि से भारत से जुड़ा हुआ है जो उनकी साहित्यिक रचनाओं से स्पष्ट होता है। वर्तमान परिस्थितियों में हिंदी भाषा में विश्व के भिन्न-भिन्न देशों में ज्ञानात्मक और सर्जनात्मक साहित्य की रचना की जा रही है। जिसके कारण हिन्दी, भारत की सीमाएं पार कर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाए हुए है। प्रवासी साहित्य ने नए परिवेश, विचार, जीवन शैली एवं साहित्यिक संसार हमें प्रदान किया है। हिन्दी को विश्व स्तर पर स्थापित करने के लिए विभिन्न साहित्यकारों ने पत्र-पत्रिकाओं, बाजार, कम्पयूटर, इंटरनेट आदि माध्यमों का प्रयोग किया है। यह कहना उचित होगा कि प्रवासी साहित्यकारों के साहित्य से ही आज हिन्दी भाषा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान बनाए हुए है।

सन्दर्भ सूची

1. गोयनका, कमल किशोर, हिन्दी का प्रवासी साहित्य, अमित प्रकाशन, गाजियाबाद 2011, पृ॰ 405
2. गंभीर सुरेन्द्र, प्रवासी भारतीयों में हिन्दी की कहानी, भारतीय ज्ञानपीठ प्रकाशन, संस्करण 2017, पृ॰ 53
3. सुखलाल, गंगाधर सिंह, विश्व हिन्दी पत्रिका, 2010 पृ॰ 30
4. मोहन, अरविंद, प्रवासी भारतीयों की पीड़ा, राधाकृष्णन प्रकाशन, दिल्ली, 1988, पृ॰ 40-50
5. अग्रवाल, रोहिणी, समकालीन कथा साहित्य, सरहदें और सरोकार, आधार प्रकाशन, पंचकूला 2007
6. कंवल, जोगिन्द्र सिंह, फिजी में हिन्दी काव्य साहित्य, भारतीय सांस्कृतिक सम्बन्ध परिषद्, नई दिल्ली, 2004, पृ॰ 26-34
7. शर्मा, तेजेन्द्र, प्रवासी भारतीयों की वर्तमान पीढ़ी, प्रवासी संसार, जनवरी मार्च 2005, पृ॰ 20
8. रणभिरकर, संदीप, विदेशों में हिन्दी साहित्य: सृजनात्मकता के विविध आयाम, सरहद ई पत्रिका 2017; वाल्यूम-2, पृ॰ 5-54
9. शर्मा, राकेश निशीथ, विदेशों में हिन्दी का बढ़ता प्रभाव, संस्करण 2006, पृ॰ 34-40

❐❐❐

---

1. असिसटेंट प्रोफेसर ललित कला विभाग प्राच्य विद्या संकाय कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र

भाषा का प्रश्न और प्रवासी साहित्य

–श्रीमती चैताली सलूजा
–डॉ. नंदिनी तिवारी

प्रवासी भारतीयों के द्वारा हिंदी में लिखे गए साहित्य को प्रवासी हिंदी साहित्य की संज्ञा दी गई हैं, जिसने अपनी भिन्न संवेदना, भिन्न सरोकार एवं भिन्न रूप के कारण अपनी एक अलग पहचान बनाई है, जैसा कि कमल किशोर गोयनका जी ने कहा है - ''अपने देश से बाहर जाकर भिन्न-भिन्न देशों की संस्कृतियों, जीवन-शैलियों एवं मूल्यों तथा जीवन-संघर्षों तथा चुनौतियों से जो टकराहट उत्पन्न होती है, जो संघर्ष एवं द्वन्द्व होता है

शोध सार - हिंदी भाषा को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने में प्रवासी हिंदी साहित्यकारों का महत्त्वपूर्ण योगदान है। यह शाश्वत सत्य है कि परिवर्तन प्रकृति का नियम है और परिवर्तन के इस दौर से हिंदी भाषा भी गुजर रही है। प्रवासी भारतीयों के द्वारा हिंदी सात समुंदर पार विदेशों में पहुंच गई है। प्रवासी भारतीयों के पास प्रवास में कई भाषा के विकल्प होते हैं परंतु अपनी अस्मिता, अपनी संस्कृति को अक्षुण्ण बनाये रखने के लिए वे सदैव हिंदी को प्राथमिकता देते हैं। हिंदी उनकी अभिव्यक्ति की भाषा है। वैश्वीकरण के इस दौर में भाषा का स्वरूप भी परिवर्तित हो रहा है। यह परिवर्तन परिमाण और गुण दोनों स्तरों पर परिलक्षित होता है। प्रवासी साहित्यकार आज साहित्य की हर विधा में सृजन कर रहे हैं। प्रवासी साहित्य में एक ही साथ, एक ही समय में, भिन्न संस्कृतियों की झलक, सामाजिक चेतना की छाप और शैलेन्द्र जी के लिखे हुए गीत की निम्न पंक्तियों को चरितार्थ करने का भाव निहित है

''मेरा जूता है जापानी,
ये पतलून इंग्लिस्तानी,
सर पर लाल टोपी रूसी,
फिर भी दिल हैं हिन्दुस्तानी।''

हिंदुस्तान को दिल में बसाकर प्रवासी साहित्यकार अपने साहित्य में जिस हिंदी भाषा का प्रयोग करते हैं उसकी मूल प्रकृति तो हिंदी साहित्य की तरह ही है परंतु विदेश की भाषा, परिवेश, परिस्थिति, भावबोध, शिल्प, शैली एवं नए शब्दों के कारण हिंदी भाषा नए रूप में, नए अर्थ सामर्थ्य और भाव सामर्थ्य के साथ विस्तारित होकर वैश्विक फलक पर स्थापित हो रही है।

बीज शब्द - प्रवासी साहित्य, भाषा, वैश्वीकरण, भावबोध, शिल्प।

1	हिंदी का प्रवासी साहित्य	कमल किशोर गोयनका	स्वराज प्रकाशन, दिल्ली
2	प्रवासी महिला कहानीकार	डॉ. प्रभा शर्मा (संपादक)	वान्या पब्लिकेशंस, कानपुर
3	प्रवासी साहित्य भाव और विचार	संध्या गर्ग (संपादक)	साहित्य संचय, दिल्ली
4	भारतीय मन और प्रवासी महिलाकार	डॉ. एम. फिरोज. (संपादक)	विकास प्रकाशन, कानपुर
5	प्रवासी हिंदी साहित्य अवधारणा एवं चिंतन	प्रदीप श्रीधर (संपादक)	विद्या प्रकाशन, कानपुर
6	वैश्विक संवेदन-संसार और प्रवासी महिला कहानीकार एक अध्ययन	डॉ. मधु संधु	अमन प्रकाशन, कानपुर
7	प्रवासी भारतीयों की व्यथा-कथा	डॉ. शगुफ़्ता नियाज़ (संपादक)	विकास प्रकाशन, कानपुर
8	हिंदी का भारतीय एवं प्रवासी महिला कथा लेखन	डॉ. मधु संधु	नमन प्रकाशन, नई दिल्ली
9	हिंदी प्रवासी कथा साहित्य (भाग-1 व भाग-2)	डॉ. कल्पना गवली (संपादक)	माया प्रकाशन, कानपुर
10	प्रवासी हिंदी साहित्य	संतोष सिंह	गौरव बुक डिस्ट्रीब्यूटर्स, दिल्ली
11	समकालीन कथा साहित्य, सरहदें और सरोकार	रोहिणी अग्रवाल	आधार प्रकाशन, पंचमूला
12	प्रवासी लेखन नयी ज़मीन, नया आसमान	अनिल जोशी	वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली
13	हिंदी का वैश्विक परिदृश्य	डॉ. कल्पना देशपांडे (संपादक)	विनय प्रकाशन, कानपुर
14	प्रवासी साहित्य की हकीकत	डॉ. एम. फिरोज खान अकरम हुसैन {संपादक}	विकास प्रकाशन, कानपुर
15	प्रवासी हिंदी साहित्य और ब्रिटेन	राकेश बी.दुबे	सामयिक पेपरबैक्स, नई दिल्ली
16	प्रवासी साहित्य एवं हिंदी भाषा का बदलता स्वरूप	डॉ. कोयल विश्वास, डॉ चिलुका पुष्पलता, डॉ वाणीश्री बुग्गी {संपादक}	अमन प्रकाशन, कानपुर
17	प्रवासी भारतीयों में हिंदी की कहानी	डॉ. सुरेन्द्र गंभीर	भारतीय ज्ञानपीठ, नई दिल्ली

अनुसंधान उद्देश्य - प्रवासी साहित्यकारों की रचनाओं में अलग-अलग देशों की विभिन्न सामाजिक,

सांस्कृतिक परिस्थितियाँ हिंदी की साहित्यिक रचनाशीलता का अंग बनती हैं। विभिन्न शैलियों का आदान-प्रदान होता है। प्रवासी साहित्यकारों की रचनाओं में हिंदी भाषा के साथ ही कई अन्य भाषाओं के शब्दों का भी बहुतायत में प्रयोग हुआ है जिससे हिंदी का एक नया स्वरूप उभरकर सामने आता है क्योंकि प्रवासी हिंदी साहित्य की भाषा पश्चिमी संस्कृति में पलती है, बढ़ती है अतः वातावरण एवं परिवेश का प्रभाव भाषा पर पड़ना स्वाभाविक है। इस प्रकार हिंदी साहित्य एवं भाषा का अंतर्राष्ट्रीय विकास होता है। हिंदी के इस वैश्विक स्वरूप का विश्लेषण कर उससे सभी को अवगत कराना प्रस्तुत शोध का उद्देश्य हैं।

अनुसंधान पद्धति - प्रस्तुत शोध आलेख के माध्यम से मैंने प्रवासी साहित्य में निहित भाषा, भाव व विचारों को एक नए दृष्टिकोण से देखकर व्याख्यायित करने का प्रयास किया है। अतः यह मेरा व्याख्यात्मक एवं विश्लेषणात्मक शोध है। साहित्य भाषा पर आधारित एक सृजनात्मक व्यापार का परिणाम है। साहित्य का अध्ययन वास्तव में भाषा की उस सामग्री का ही अध्ययन है जिसका प्रयोग साहित्यकार एक विशेष प्रभाव के लिए करता है। प्रवासी कथा साहित्य के भाषा व शिल्प को विश्लेषित करने के लिए भाषा तात्विक पद्धतियों का भी मैंने प्रयोग किया है।

निष्कर्ष - प्रवासी साहित्य के माध्यम से हिंदी भाषा नए रूप में, नए अर्थ सामर्थ्य और भाव सामर्थ्य के साथ विस्तारित होकर वैश्विक फलक पर स्थापित हो रही है।

शोध की सीमाएँ - प्रवासी साहित्य का कार्यक्षेत्र संपूर्ण विश्व है अतः अध्ययन सामग्री का संकलन सीमित क्षेत्र में ही संभव है।

सिफारिशें - हिंदी साहित्य में प्रवासी साहित्य को समुचित स्थान मिलना चाहिए जिससे हम ग्लोबल भारतीयों के जीवन दशा को समझ सकें तथा भाषा के बदलते स्वरूप का अध्ययन भी किया जा सके। आज आवश्यकता इस बात की है कि प्रवासी साहित्य पर शोध को बढ़ावा दिया जाए, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तरों पर संगोष्ठियों का आयोजन किया जाए, विभिन्न विश्वविद्यालयों के पाठ्यक्रमों में इस विषय को शामिल किया जाए जिससे प्रवासी साहित्य हिंदी की मुख्य धारा से जुड़ सके।

भाषा अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम है। क्षेत्र विस्तार के साथ ही भाषा का रूप परिवर्तित होने लगता है, उसका नया स्वरूप विकसित होता जाता है। कहा भी जाता है कि ''कोस-कोस पर बदले पानी, चार कोस पर वाणी''। भूमण्डलीकरण के कारण जहाँ भौगोलिक रूप से दूरियाँ घटी हैं वहीं भाव और संवेदना की दृष्टि से विभिन्न देश परस्पर परिचय सूत्र में भी बंधे हैं। साहित्य ने भी देश की भौगोलिक सीमाओं का अतिक्रमण कर अंतरदेशीय और अंतर्राष्ट्रीय सरोकारों का निर्माण किया है। इन नए सरोकारों ने नए साहित्य को भी जन्म दिया है जो प्रवासी साहित्य के नाम से चर्चित है। प्रवासी भारतीयों ने अपनी संवेदनशीलता के कारण प्रवास के अनुभवों को एक नए दृष्टिकोण के साथ अपनी मातृभाषा हिंदी में पिरोना प्रारंभ किया और यही से प्रवासी हिंदी साहित्य का आविर्भाव हुआ।

प्रवासी भारतीयों के द्वारा हिंदी सात समुंदर पार विदेशों में पहुँच गई है। प्रवासी भारतीयों के पास प्रवास में कई भाषाओं के विकल्प होते हैं परंतु अपनी अस्मिता, अपनी संस्कृति को अक्षुण्ण बनाए रखने

के लिए वें सदैव हिंदी को प्राथमिकता देते हैं। हिंदी उनकी सहज अभिव्यक्ति की भाषा है। व्यावसायिक कार्य या रोजगार के लिए विवश होकर वे भले ही किसी और भाषा का प्रयोग करें परंतु हिंदी उनकी आत्मा की भाषा है, अस्तित्व और अस्मिता की भाषा है। प्रवासी भारतीयों के कारण ही आज हिंदी विश्वभाषा बनने की ओर अग्रसर है।

प्रवासी भारतीयों के द्वारा हिंदी में लिखे गए साहित्य को प्रवासी हिंदी साहित्य की संज्ञा दी गई हैं, जिसने अपनी भिन्न संवेदना, भिन्न सरोकार एवं भिन्न रूप के कारण अपनी एक अलग पहचान बनाई है, जैसा कि कमल किशोर गोयनका जी ने कहा है - ''अपने देश से बाहर जाकर भिन्न-भिन्न देशों की संस्कृतियों, जीवन-शैलियों एवं मूल्यों तथा जीवन-संघर्षों तथा चुनौतियों से जो टकराहट उत्पन्न होती है, जो संघर्ष एवं द्वन्द्व होता है, उससे एक नयी संवेदना, एक नयी जीवन-दृष्टि एवं जीवन का नया स्वप्न जन्म लेता है। हिंदी का प्रवासी साहित्य इसी जीवन-संघर्ष तथा नये जीवन-स्वप्न का साहित्य कहा जा सकता है और इसी रूप में उसकी अलग पहचान बनती है।''1

भारतीय मन की सोच और विदेशी पृष्ठभूमि के भावों का जब परस्पर मेल मिलाप होता है तब प्रवासी हिंदी साहित्य का उद्भव होता है। यह साहित्य हिंदी की सृजनात्मक अभिव्यक्ति को एक नया परिप्रेक्ष्य प्रदान करता है। प्रवासी हिंदी साहित्यकारों का परिवेश हिंदी साहित्यकारों से भिन्न होता है। भारतीय हिंदी साहित्यकार जहां अपनी जमीन, अपने परिवेश और अपने संदर्भों से रूबरू होकर साहित्य सृजन करते हैं वहीं प्रवासी रचनाकारों के समक्ष परिस्थितियाँ भिन्न होती हैं। प्रवासी साहित्यकार के लिये सब कुछ नया होता है चाहे वह नयी जमीन, नया आसमां हो या फिर उस नयी जमीन से उपजे संघर्षों के नए आयाम हो। अतः दोनों प्रकार के लेखकों के लेखन में भी अंतर होता है। कमल किशोर गोयनका जी ने इस संदर्भ में कहा है - ''भारत के हिंदी लेखकों तथा विदेशों में रहने वाले भारतवंशी हिंदी लेखकों की परिस्थितियों में अंतर है, उनकी जीवन-शैली और जीवन के तनावों और संघर्षों में अंतर है। भौतिक सुख-सुविधा, सांस्कृतिक मूल्यों तथा नैतिकता के मापदण्डों में भी अंतर है। अतः इन दोनों प्रकार के हिंदी लेखकों का संवेदन, जीवन-दृष्टि और मनुष्य को रचने की संकल्पना एक नहीं हो सकती। विदेशों के भारतवंशी अप्रवासी हिंदी लेखकों की रचनाएँ हमें नये प्रकार की संवेदनाओं का आस्वादन कराती है और हमारे साहित्यिक आकाश को विस्तृत करती है।''2

वैश्वीकरण ने न केवल मानव जीवन को प्रभावित किया है बल्कि भाषा, साहित्य एवं संस्कृति के विविध पक्षों को भी प्रभावित किया है। अब विश्वग्राम की संकल्पना में राष्ट्रों के मध्य आर्थिक, राजनीतिक, सामाजिक, सांस्कृतिक आदि सभी क्षेत्रों में विचारों के पारस्परिक आदान-प्रदान के नए आयाम दिखाई दे रहे हैं। ऐसे में वाद-संवाद का क्षेत्र भी विस्तृत होता जा रहा है जो भाषा के एक नवीन रूप का निर्माण कर रहा है। संपूर्ण विश्व में राष्ट्रों के मध्य बंधुत्व का मूल आधार है - संचार और संचार का सबसे सशक्त माध्यम है भाषा। भौगोलिक एवं सांस्कृतिक परिवेश परिवर्तित होते ही भाषा भी परिवर्तित होकर एक नए रूप में प्रकट होती है। देश, काल, परिवेश की गहरी छाप होने के कारण भाषा गत्यात्मक होती है जिसमें परिवर्तन की प्रक्रिया सदैव चलती रहती है। देश-विदेश की भिन्न-भिन्न संस्कृतियों की टकराहट से भाषा के विविध

पक्षों जैसे शब्द-भंडार, वाक्य रचना, शिल्प, शैली आदि में परिवर्तन होने लगता है। हिंदी भाषा की भी यही स्थिति है। प्रवासी साहित्यकारों की भाषा प्रवास में पलती-बढ़ती है अतः नवीन परिवेश में नयी विषयवस्तु, नए भाव-बोध एवं नए दृष्टिकोण का प्रभाव भाषा पर भी परिलक्षित होता है।

प्रवासी हिंदी साहित्य के माध्यम से हिंदी भाषा में हुए परिवर्तनों को आसानी से देखा जा सकता है। भाषायी तत्वों के आधार पर जब हम प्रवासी साहित्य का विश्लेषण करते हैं तो हम देखते हैं कि यह साहित्य पारंपरिक शिल्प से हटकर एक नवीन शिल्प बोध में अभिवक्त हुआ है। डॉ. प्रेम भटनागर इस संदर्भ में कहते हैं - ''समाज, मनोविज्ञान, नैतिकशास्त्र, इतिहास आदि के परिप्रेक्ष्य में जब व्यक्ति बदलता है, उसकी जीवन दृष्टि बदलती है, भाव बोध परिवर्तित होता है तब उन्हें नया आयाम देने वाला शिल्प क्यों न बदलेगा और जब शिल्प बदलेगा, शिल्पी भी बदलेगा। कभी पात्रों में सम्पृक्त होकर, कभी उनसे असम्पृक्त रहकर। वह सोचेगा, लिखेगा और अंततः वह अपनी अनुभूति की संकीर्णता के चक्रव्यूह से निकलकर जीवन और जगत की बहुमुखी जटिलताओं, गुत्थियों, उलझनों को नया आयाम देगा, सतत् नये शिल्प से रूपायित होगा और इसी में उसकी इतिश्री हैं।''3

साहित्यकार अपने भावों को जिस रूप में व्यक्त करता है वही शिल्प कहलाता है। प्रत्येक रचनाकार का शिल्प उसके वैयक्तिक पहचान से जुड़ा होता है तथा उनका भोगा हुआ यथार्थ उनके साहित्य में दिखाई देता है। भिन्न-भिन्न परिस्थितियों के कारण साहित्यकारों की विषय-वस्तु भी भिन्न होती हैं और उसे अभिव्यक्त करने का ढंग भी भिन्न होता है। यही कारण है कि हर रचनाकार का अपना एक शिल्प होता है। अतः लेखकीय दृष्टिकोण के साथ ही लेखक का बाह्य एवं आंतरिक परिवेश भी शिल्प निर्माण के महत्त्वपूर्ण कारक हैं। प्रवासी साहित्यकार शिल्प से ज्यादा कथ्य पर बल देते हैं। शिल्प उनके कथ्य का अनुगामी बनकर आता है। इन साहित्यकारों के साहित्य में नयी विषयवस्तु के साथ ही कथन की नयी शैलियाँ, बिम्ब, प्रतीक, नये शब्द भंडार, सांकेतिकता दिखाई देती है जो यथार्थ के धरातल पर संवेदना से जुड़े भावों को सहज ही पाठकों के मन-मस्तिष्क तक पहुँचा देते हैं।

प्रवासी साहित्य में कथावस्तु के नये आयाम - प्रवासी साहित्यकारों ने प्रवास के खट्टे मीठे अनुभवों को अपने साहित्य की विषयवस्तु बनाया है। एक ओर जहाँ ये प्रवासी जीवन के विविध पक्षों का चित्रण करते हुए नजर आते हैं तो दूसरी ओर कुछ नये अनकहे, अनछुए पहलुओं को भी अपने साहित्य में अभिव्यक्त करते हैं। डॉ. मधु संधु जी ने कहा है - ''प्रवासी जीवन की आहटे यहाँ गूंज अनुगूंज बनकर, चुनौती बनकर प्रस्फुटित हुई हैं।''[4]

अंगदान और अंग प्रत्यारोपण जैसे विषय भी हमें प्रवासी साहित्य में दिखाई देते हैं। अचला शर्मा की कहानी 'उस दिन आसमान में कितने रंग थे'[5] में आई.वी.एफ. तकनीक से माता-पिता बनने की चाह है तो सुदर्शन प्रियदर्शिनी की 'अवैध नगरी'[6] में टेस्ट ट्यूब बेबी की मनःस्थितियों का विश्लेषण है। शैलजा सक्सेना की कहानी 'उसका जाना'[7] एच.आई.वी. अर्थात् एड्स की भयावहता लिए है। अर्चना पेन्यूली की 'हाईवे फार्टी सेवन'8 में किडनी ट्रांसप्लांट जैसे विषय का वर्णन है तो अरूणा सब्बरवाल की '16 जुलाई

1980'9 में नेत्र ट्रांसप्लांट का वर्णन है। सुषम बेदी की 'एक अधूरी कहानी'[10] में नस्लवाद का भयावह चित्रण है तो उषा राजे सक्सेना की 'अस्सी हूरें, शिराज, मुनव्वर और जूलियाना'[11] में किशोर बच्चों को आतंकवादी बनाए जाने का चित्रण है। अर्चना पेन्यूली की 'बेघर'[12] और अनिल प्रभा कुमार की 'घर'[13] में हैफ फादर जैसे विषय का उल्लेख है तो अर्चना पेन्यूली की 'एन.आर.आई.'[14] में एन.आर.आई. के संघर्षों का वर्णन है। सुधा ओम ढींगरा की 'फंदा क्यों'[15] में ग्रीन कार्ड की समस्या का चित्रण है तो अरूणा सब्बरवाल की 'क्लब क्रोलिंग'[16] में लेस्बियन और गे जैसे विषय का वर्णन है। तेजेंद्र शर्मा की कहानी 'देह की कीमत'[17] में विदेशी चकाचैंध का वर्णन है तो सुषम बेदी के उपन्यास 'पानी केरा बुदबुदा'[18] में दाम्पत्य जीवन को एक नये दृष्टिकोण से देखने का प्रयास है।

इस प्रकार हम देखते हैं कि प्रवासी साहित्यकारों ने प्रवासी जीवन के विविध पक्षों के साथ ही कुछ अछूते विषयों का भी वर्णन किया है।

शैलीपरक वैविध्य-प्रवासी साहित्य की पृष्ठभूमि, विषयवस्तु, परिवेश नया होने के कारण प्रवासी साहित्यकारों ने अपने विचारों को अभिव्यक्त करने के लिए नित-नई शैलियों का प्रयोग किया है, जिनमें से प्रमुख है -

पूर्व दीप्ति शैली - इसे फ्लैश बैक शैली भी कहा जाता है। इस शैली के द्वारा कथाकार अतीत की घटनाओं को वर्तमान में याद करता है। उदाहरण के लिए तेजेंद्र शर्मा की कहानी 'जिन्दगी और मौत के बीच की चुप्पी' कहानी में इसी शैली का प्रयोग हुआ है। ''वह भी तो उसे प्रतिदिन अपने स्टेशन पर आते जाते देखता था .... आँखों में पहचान भी बन चुकी थी .... एक दूसरे को देखकर आपस में नमस्कार कह लेती .... अंग्रेज आँखे .... भारतीय आंखे .... कहीं कोई असमंजस नहीं .... बस पहचान होने का अहसास। उसका नाम पता चला भी तो उसकी मृत्यु के बाद।''[19]

मनोविश्लेषण शैली - पात्रों की मनःस्थितियों के विश्लेषण के लिये यह शैली प्रयुक्त की जाती है। सुषम बेदी का उपन्यास 'कतरा-दर-कतरा' में इसी शैली के द्वारा पात्रों का मनोविश्लेषण किया गया है। एक उदाहरण देखिये - ''माँ को मैं अक्सर उसके चेहरे पर खामोश टकटकी लगाये पाती। कुछ अजीब अपारदर्शी सा भाव होना उनके चेहरे पर। पता नहीं वे कक्कू के भीतर चल रही किसी उथल-पुथल को पकड़ने की कोशिश में होती है या कि कोई और ही उलझन थी उन आँखों में''[20]

आत्मकथात्मक शैली - इस शैली के माध्यम से लेखक मैं के धरातल पर आत्मवर्णन के माध्यम से पूरी कथा का वर्णन करता है। इस शैली के माध्यम से लेखक कथा का वर्णन ऐसे करता है जैसे वह स्वयं पूरी कथा का साक्षी हो या भोक्ता हो। उदाहरण के लिए उषा प्रियंवदा की रचना 'एक कोई दूसरा' में लेखिका ने इसी शैली का प्रयोग किया है - ''पर मैं रोऊंगी नहीं। यह कैसी अपूर्व शांति मेरे ऊपर छा गई है, यह कैसी परितृप्ति का बोध ! मैं किताब हाथ में लिये उजली धूप में बैठी हूँ। उसका समर्पण का पृष्ठ मेरे सामने खुला है - 'टु दैट अदर वन (उस दूसरी को) ! अक्षर कहते हैं। और एक मृदु दृष्टि बार-बार मुझसे कह रही है - तुम, नीलांजना, तुम ही तो थीं वह दूसरी !''[21]

संवाद शैली - प्रभावी संवाद ही कथा को गति देते हैं। प्रवासी साहित्यकार दानीश्वर शाम का उपन्यास 'कमल कांड' में संवाद शैली द्रष्टव्य है -

''नाना यह क्या है?

यह तुम्हारी नानी के लिए है। क्यों यह भी नानी के लिए?

अभी-अभी उसको पाउडर दिया न?

भाई तुम्हें भी तो मिला न?

हाँ, तो?

देखो दीप्ति, नानी बीमार-बीमार रहती है न?''[22]

इसी प्रकार प्रवासी साहित्यकारों ने डायरी शैली, प्रश्नोत्तर शैली, विवरणात्मक शैली, चित्रात्मक शैली आदि विविध शैलियों का प्रयोग कर हिंदी को एक नए रूप में प्रस्तुत किया है।

प्रवासी साहित्य की भाषा-भाषा के अभाव में साहित्य सृजन असंभव है। प्रवासी साहित्यकारों की भाषा में देशी सुगंध के साथ विदेशी भाषा की सौंधी महक भी है। प्रवासी साहित्य की पृष्ठभूमि परदेश होने के कारण उसमें हिंदी के साथ ही अंग्रेजी शब्दों का बहुतायत में प्रयोग हुआ है। उदाहरण के लिये सुधा ओम ढींगरा की कहानी 'सूरज क्यों निकलता है' में अंग्रेजी शब्दों का प्रयोग इस तरह हुआ हैं - ''लेसर लाईट्स के बदलते रंगों में डांस फ्लोर भर गया।''[23] प्रवासी साहित्य में न केवल अंग्रेजी शब्दों का प्रयोग हुआ है बल्कि कई स्थानों पर अंग्रेजी वाक्यों का भी प्रयोग हुआ है। उदाहरण के लिए तेजेन्द्र शर्मा की कहानी 'देह की कीमत' से एक उदाहरण दृष्टव्य है - ''आई वूड पुट इट दिस वे, सीरियस, यू थिंक सर हैज डायगनॉस्ड दी केस करेक्टली''[24]

प्रवासी साहित्य में अंग्रेजी शब्दों की भरमार के अतिरिक्त तद्भव, तत्सम, उर्दू, अरबी, फारसी, पंजाबी, भोजपुरी शब्दों का भी बहुतायत में प्रयोग हुआ है।

प्रवासी साहित्य में प्रतीक योजना - प्रतीक योजना के द्वारा कथाकार मनोभावों को परत-दर-परत खोलने का प्रयास करता है। प्रतीकों के माध्यम से कथाकार कई भावों को एक साथ प्रकट करता है। प्रवासी साहित्यकारों ने न केवल अपने कथा-साहित्य में प्रतीकों का सफल प्रयोग किया बल्कि उनकी कहानियों एवं उपन्यासों के शीर्षक भी प्रतीकात्मक हैं जैसे तेजेंद्र शर्मा की कहानी 'रेत का घरौंदा'[25] प्रतीक है अस्थिरता व क्षणभंगुरता का। सुषम बेदी की कहानी 'सड़क की लय'[26] समय की लय का प्रतीक है। उषा प्रियंवदा का उपन्यास 'पचपन खम्भे लाल दीवार'[27] में छात्रावास के पचपन खम्भे नायिका के अवसाद, कुंठा, संताप, घुटन व नीरस जीवन का प्रतीक है।

साहित्य में बिम्ब योजना - प्रवासी साहित्यकारों ने बिम्बों के द्वारा अपनी कल्पनाओं, विचारों को प्रतिबिम्बित किया है जो पाठकों की आंखों के सामने सजीव चित्र प्रस्तुत करते हैं। सुषम बेदी की कहानी 'अवशेष' में बिम्ब प्रयोग का एक उदाहरण देखिये - ''उसने खिड़की से बाहर झाँका, पेड़ों पर इक्के-दुक्के

पत्ते ही बचे हुए थे। तेज हवाओं में नंगी शाखाएँ ठिठुर रही थी। झील के इर्द-गिर्द की सारी जमीन को लगातार झरते भूरे-पीले, लाल-करही पत्तों ने लगभग पूरा-का-पूरा ढक दिया था। कुछ दिनों बाद जम जाएगा झील का पानी। लगेगा ही नहीं कि झील कभी वहाँ थी। संगमरमर का झक्क सफेद फर्श बन जाएगी झील।''28

इस प्रकार हम देखते है कि बदलते परिवेश के अनुसार विषयवस्तुओं के वैविध्य ने शिल्पगत वैविध्य को जन्म दिया है। चूँकि प्रवास में साहित्यकार का मानसिक स्तर परिवर्तित होता है फलस्वरूप भाषा की बुनावट भी विभिन्न स्तरों पर परिवर्तित होती रहती है। प्रवासी साहित्यकारों की भाषा मन की भावनाओं को परत-दर-परत खोलने में पूर्णतः सक्षम है। उनकी भाषा में व्यंजनात्मकता, सपाटबयानी, प्रतीकात्मकता, व्यंग्य का पैनापन जैसे प्रयोग उनके अर्थ सामर्थ्य को विस्तार देते हैं। उनकी भाषा में कहीं कोई बनावटी-पन नहीं है बल्कि उनकी भाषा सदैव सहज, सरल रूप में अभिव्यक्त हुई है। प्रतीक और बिम्ब योजना के द्वारा वे अपने भावों को सजीवता व जीवंतता के साथ प्रस्तुत करते दिखाई देते हैं।

निष्कर्षतः हम कह सकते हैं कि हिंदी भाषा को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने में प्रवासी हिंदी साहित्यकारों का महत्त्वपूर्ण योगदान है क्योंकि प्रवासियों के द्वारा ही हिंदी विदेशों में पहुँची है जहाँ एक नवीन परिप्रेक्ष्य में नवीन रूप में हिंदी प्रस्फुटित होकर पल्लवित हो रही है। देश परिवर्तन के कारण-भाषा का स्वरूप भी परिवर्तित हो रहा है। यह परिवर्तन परिमाण और गुण दोनों स्तरों पर परिलक्षित होता है। प्रवासी साहित्यकार आज साहित्य की हर विधा में सृजन कर रहे हैं। प्रवासी साहित्य में एक ही साथ, एक ही समय में, भिन्न संस्कृतियों की झलक, सामाजिक चेतना की छाप और शैलेन्द्र जी के लिखे हुए गीत की निम्न पंक्तियों को चरितार्थ करने का भाव निहित है -

'मेरा जूता है जापानी,

ये पतलून इंग्लिस्तानी,

सर पर लाल टोपी रूसी,

फिर भी दिल है हिंदुस्तानी'।29

हिंदुस्तान को दिल में बसाकर प्रवासी साहित्यकार अपने साहित्य में जिस हिंदी भाषा का प्रयोग करते हैं उसकी मूल प्रकृति तो हिंदी साहित्य की तरह ही है परंतु विदेशी भाषा, परिवेश, परिस्थिति, भावबोध, शिल्प, शैली एवं नए शब्दों के कारण हिंदी भाषा नए रूप में, नए अर्थ सामर्थ्य और भाव सामर्थ्य के साथ विस्तारित होकर वैश्विक फलक पर स्थापित हो रही है।

संदर्भ सूची

1. गोयनका, के.के. (2017). हिंदी का प्रवासी साहित्य, नई दिल्ली: स्वराज प्रकाशन.
2. गोयनका, के.के. (2017). हिंदी का प्रवासी साहित्य, नई दिल्ली: स्वराज प्रकाशन.
3. डॉ. भटनागर, पी. (2019). हिंदी उपन्यास शिल्प: बदलते परिप्रेक्ष्य.
4. डॉ. संधु एम. (2015). वैश्विक संवेदन-संसार और प्रवासी महिला कहानीकार एक अध्ययन, कानपुर: अमन प्रकाशन.

5. शर्मा, ए. (2015). उस दिन आसमान में कितने रंग थे, अभिव्यक्ति. https://www.abhivyakti-hindi,org{}
6. प्रियदर्शिनी, एस. (2015). अवैध नगरी, अभिव्यक्ति. https://www.abhivyakti-hindi,org{}
7. सक्सेना, एस. (2014). उसका जाना, साहित्यकुंज.
8. पेन्यूली, ए. (2004). हाईवे फार्टी सेवन, वागर्थ, कलकत्ता.. भारतीय भाषा परिषद्.
9. सब्बरवाल, ए. (2014). 16 जुलाई 1980, आधारशिला.
10. बेदी, एस. (2015). एक अधूरी कहानी, नई दिल्ली.. हंस.
11. सक्सेना, यू.आर. (2007). अस्सी हूरें, शिराज, मुनब्बर और जूलियाना, वह रात और अन्य कहानियाँ, नई दिल्ली: सामयिक.
12. पेन्यूली, ए. बेघर, वार्गथ, कलकत्ता: भारतीय भाषा परिषद्.
13. कुमार, ए.पी. (2011). घर, अभिव्यक्ति. https://www.abhivyakti-hindi,org{}
14. पेन्यूली, ए. एन.आर.आई., दिल्ली: सरिता.
15. ढींगरा, एस.ओ. (2011). फंदा क्यों, कौन सी जमीन अपनी, दिल्ली: भावना प्रकाशन.
16. सब्बरवाल, ए. (2015). क्लब क्रोलिंग, सरिता.
17. शर्मा, टी. (2008). देह की कीमत, अभिव्यक्ति. https://www.abhivyakti-hindi,org{}
18. बेदी. एस. (2017). पानी केरा बुदबुदा, नई दिल्ली: किताब घर प्रकाशन.
19. शर्मा, टी. जिन्दगी और मौत, एक मध्यांतर, दिल्ली: यश पब्लिकेशन.
20. बेदी, एस. (1994). कतरा-दर-कतरा, नई दिल्ली: अभिषेक प्रकाशन.
21. प्रियंवदा, यू. (2000). एक कोई दूसरा, नई दिल्ली: राजकमल प्रकाशन.
22. शाम, डी. (1998). कमल कांड, नई दिल्ली: वर्तिका पब्लिकेशन.
23. ढींगरा, एस.ओ. (2013). सूरज क्यों निकलता है, विजनौर: हिंदी साहित्य निकेतन.
24. शर्मा, टी. (2008). देह की कीमत, अभिव्यक्ति. https://www.abhivyakti-hindi,org{}
25. शर्मा, टी. रेत का घरौंदा, अभिव्यक्ति. https://www.abhivyakti-hindi,org{}
26. बेदी, एस. (2017). सड़क की लय, नई दिल्ली: ज्ञान विज्ञान एजूकेयर.
27. प्रियंवदा, यू. (1990). पचपन खंभे लाल दीवार, नई दिल्ली: राजकमल प्रकाशन.
28. बेदी, एस. (2017). सड़क की लय, अवशेष, नई दिल्ली: ज्ञान विज्ञान एजूकेयर.
29. शैलेन्द्र, एस.के. (1955). श्री 420 https://www.google.com/url?sa=t&source=web&rct

❑❑❑

---

1. सहायक प्राध्यापक (हिंदी), शास.जे.पी.वर्मा स्नातकोत्तर कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.) E-mail – chaitalisaluja2017@gmail.com, Mob No. - 9039771619
2. प्राध्यापक (हिंदी), शास.बिलासा कन्या स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.) E-mail – nandini.nnt@gmail.com, Mob No. - 9340312212

असमिया संस्कृति और राम-कथा की परंपरा

–डॉ. परिस्मिता बरदलै

माधव कंदलि के परवर्ती कवि श्रीमंत शंकरदेव के मन में कंदलि के प्रति अगाध प्रेम और श्रद्धाभाव था। उनके काव्य कौशल और भाषा लालित्य को शंकरदेव ने अत्यंत प्रशंसा की है। श्रीमंत शंकरदेव द्वारा रचित 'रुक्मिणी हरण' नाटक और रामायण के 'उत्तरकांड' में माधव कंदलि की भाषा का स्पष्ट प्रभाव देखने को मिलता है।

भूमिका-

भारतीय इतिहास में भक्ति आंदोलन एक युगांतरकारी घटना है। इस आंदोलन के दौरान संपूर्ण भारतवर्ष में भक्ति की लहर ने भारतीय समाज को एक साथ उद्वेलित किया था। बंग में श्री चैतन्य, उत्तर में कबीर, सूरदास, तुलसीदास, जायसी, मीरा दक्षिण में रामानुज, आलवार संत, अक्क महादेवी और पूर्व में श्रीमंत शंकरदेव, माधवदेव आदि महान कवियों ने जन्म ग्रहण करके संपूर्ण भारतवर्ष में भक्ति आंदोलन को एक दिशा देने में सक्षम हुए। भक्ति आंदोलन का स्वरूप अखिल भारतीय होने के बावजूद साहित्य के आलोचक भारत के कुछ ही क्षेत्र के कवियों और उनकी कविताओं को ही इसके अध्ययन में शामिल कर पाते हैं। यह तथ्य विशेष रूप से पूर्वोत्तर भारत के महान कवियों और उनके साहित्यिक अवदान के बारे में ज्यादा सत्य है।

मध्यकालीन पूर्वोत्तर भारत के राजनीतिक, सामाजिक, धार्मिक और साहित्यिक परिस्थितियों में भारत के अन्य प्रांतों के साथ कोई अंतर दिखाई नहीं देता। मध्यकाल के प्रमुख असमीया कवि माधव कंदली, महापुरुष श्रीमंत शंकरदेव, माधवदेव, आनंद कंदली, दुर्गावर कायस्थ, रघुनाथ महंत आदि महान साहित्यकारों ने अपने साहित्य के द्वारा पूर्वोत्तर भारत के साहित्य, समाज, कला तथा संस्कृति के निर्माण और प्रतिष्ठा में अपना महती योगदान दिया है।

इस संदर्भ में हिंदी साहित्य के आलोचक डॉ. अनुशब्द का एक कथन उल्लेख कर सकते हैं- "ध्यातव्य है कि समूचे मध्यकालीन भारतीय समाज की सामाजिक, राजनीतिक, धार्मिक परिस्थितियाँ कमोबेश एक जैसी ही थी और उनसे जनता तथा समाज के लिए चिंतित और समर्पित रचनाकारों-समाजसुधारकों की मनःस्थिति भी लगभग एक जैसी ही थी, फिर चाहे वह पूर्वोत्तर भारत हो, उत्तर, दक्षिण या पश्चिम भारत हो।"

भारतीय साहित्य में रामायण की परंपरा में सबसे पहले संस्कृत

में रचित आदिकवि वाल्मीकि की **'रामायण'** आती है। वाल्मीकि की रामायण ही समस्त रामकथाओं का स्रोत बिंदु है। आधुनिक भारतीय भाषाओं में रचित रामायणों में द्रविड़ भाषा परिवार की भाषाओं में रचित रामायण का नाम पहले आता है। कंबन कृत **'कंब रामायण'**, रंगनाथ कृत **'रंगनाथ रामायण'**, मलायलम में राम नामक कवि रचित **'रामचरितम्'**, नरहरि कृत **'तोरवे रामायण'** प्रमुख हैं। इसके पश्चात आधुनिक भारतीय आर्यभाषा में रचित रामायण का क्रम आता है।

अप्रमादी कवि माधव कंदलि की 'सप्तकाण्ड रामायण'

आधुनिक भारतीय आर्य भाषाओं में पहली बार रामायण पूर्वोत्तर भारत की एकमात्र आर्य भाषा असमीया में 14वीं सदी में लिखी गयी। प्राकशंकर युग के कवियों के बीच में माधव कंदलि अप्रतिद्वन्दित रूप से श्रेष्ठ हैं। उन्होंने सप्तकाण्ड रामायण की रचना करके असमीया भाषा में रामायणी साहित्य का सूत्रपात किया। काल और स्थान के विषय में विभिन्न विद्वानों में मतभेद होने के बावजूद भी हम माधव कंदलि को चौदहवीं शताब्दी का कवि मान सकते हैं। उन्होंने 14 वीं सदी के मध्य में ही (सं.1330-1370) अपने आश्रयदाता **बाराही राजा महामाणिक्य** की प्रेरणा, प्रोत्साहन एवं आदेश से **'सप्तकाण्ड रामायण'** की रचना की। इस दृष्टि से अगर विचार किया जाए तो माधव कंदलि की रामायण तुलसी की **'रामचरित मानस'** से 150 वर्ष पहले की है।

माधव कन्दली के रामायण की प्राचीनता के विषय में ज्ञानपीठ विजेता इंदिरा गोस्वामी का कथन महत्त्वपूर्ण है-"कोसबिहार राज्य के महाराजा नरनारायण के समसामयिक महान संत कवि शंकरदेव से प्रायः एक सौ वर्ष पहले के वैष्णव असमीया साहित्य के प्रमुख कवियों के बीच में माधव कन्दली उज्ज्वल नक्षत्र पुंज है। आधुनिक भारतीय भाषाओं के कवियों में से सबसे पहले माधव कन्दली ने ही वाल्मीकि रामायण का अनुवाद एक स्थानीय भाषा में किया था।"[2]

माधव कंदलि ने अपने विषय में स्वयं ही लिखा है कि वह बराही राजा महामाणिक्य के आग्रह से वाल्मीकि रामायण का अनुवाद असमीया भाषा में किया है-

"कविराज कंदली जे, आमाकेसे बुलिवय,
करिलोहों हर्ब्बजन बोधे।
रामायण सुपयार, श्रीमहा माणिके जे,
बराह रजार अनुरोधे।।23
सात काण्ड रामायण, पदबन्धे निबन्धिलो,
लम्भा परिहरि सारोधृते।
महामाणिकर बोले, काव्यरस किछो दिलों,
दुग्धक मथिले येन घृत।।24"[3]

(सभी लोग मुझे कविराज कंदलि के नाम से जानते हैं। मैंने बराही राजा श्री महामाणिक्य के आग्रह से वाल्मीकि रामायण को असम की जनता के लिए सहज सरल रूप में लिखा है। मैंने पद रूप में जो सप्तकाण्ड रामायण लिखी है, उसे आप लोग कृपया स्वीकार कीजिए। महामाणिक्य को और कहा है कि इस रामायण में मैंने अपने तरफ से भी कुछ संयोजन किया है। जिस तरह दूध को मथकर घी निकाला जाता है, उसी तरह मैंने वाल्मीकि रामायण को पद रूप में आकार दिया है। यदि मेरे इस काम से पंडित वर्ग में असंतोष व्याप्त होता है तो मैं आप लोगों से हाथ जोड़कर क्षमा मांगता हूँ और अगर वाल्मीकि रामायण का कोई अंश यहाँ प्राप्त नहीं होता है तो आप लोग मेरी निंदा कर सकते हैं।)

माधव कंदलि के परवर्ती कवि श्रीमंत शंकरदेव के मन में कंदलि के प्रति अगाध प्रेम और श्रद्धाभाव था। उनके काव्य कौशल और भाषा लालित्य को शंकरदेव ने अत्यंत प्रशंसा की है। श्रीमंत शंकरदेव द्वारा रचित **'रुक्मिणी हरण'** नाटक और रामायण के **'उत्तरकांड'** में माधव कंदलि की भाषा का स्पष्ट प्रभाव देखने को मिलता है। श्रीमंत शंकरदेव कृष्णभक्त कवि थे, लेकिन इसके बावजूद इन्होंने रामायण की रचना की और इसे लेकर एक किंवदंती प्रचलित है। माधव कन्दली के रामायण में राम और सीता को पूर्ण रूप से मानवीय रूप प्रदान किया है। उन्होंने अपनी रचना में राम चरित्र को मानवीय दुर्बलताओं के बीच में ले जा कर रख दिया। उनके रामायण में राम और सीता इतने मानवीय हैं कि ऐसा प्रतीत होता है वह लोग हमारे साधारण समाज में ही निर्मित हुए हैं। कंदलि ने राम के ईश्वरीय रूप पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया है। कंदलि ने शायद समसामयिक असम के सहज-सरल लोगों को ध्यान में रखकर ही रामायण लिखी थी, ताकि जनता खूब अपनत्व भाव से राम को स्वीकार कर पाए, लेकिन यह बात शंकरदेव के गुरु अनंत कंदलि को पसंद नहीं आई। शंकरदेव की जीवनी **'कथा गुरुचरित्र'** में इस बात का उल्लेख मिलता है कि आनंत कंदलि ने माधव कंदलि की **'सप्तकाण्ड रामायण'** का पुनर्लेखन करना चाहते थे, इसका मूल कारण यही था कि **'सप्तकाण्ड रामायण'** में राम के चरित्र का ईश्वरीय रूप प्रतिफलित नहीं हुआ है, लेकिन एक दिन शंकरदेव के सपने में माधव कंदलि ने आकर यह प्रार्थना की कि आनंद कंदलि के कब्जे से उनकी रामायण की रक्षा करनी है। इसके पश्चात शंकरदेव ने अपने प्रिय कवि माधव कंदलि की 'रामायण' के उद्धार हेतु कार्य करना शुरू किया। माधव कंदलि की रामायण में 'आदिकाण्ड' और 'उत्तरकाण्ड' का अभाव है। संभवतः उन्होंने इन दोनों काण्डों की रचना की ही नहीं थी या की भी थी तो वह काल के गर्भ में खो गई। इसी कारण माधव देव ने **'आदिकाण्ड'** और शंकरदेव ने **'उत्तर काण्ड'** की रचना करके माधव कंदलि की **'सप्तकाण्ड रामायण'** को पूर्णता प्रदान की। यहाँ इस बात का उल्लेख करना उचित होगा कि माधव कंदलि ने लंकाकाण्ड के अंत में ही लिखा है कि 'सप्त काण्ड रामायण पदबन्धे निबन्धिलो लम्भा परिहरि सारोधृते' इस बात से अनुमान लगाया जा सकता है कि उन्होंने लंकाकाण्ड से ही अपने रामायण को पूर्ण किया था और उनके रामायण का नाम **'सप्तकाण्ड रामायण'** है।

महापुरूष शंकरदेव ने 'उत्तरकाण्ड' की रचना करते समय माधव कंदलि के पाण्डित्य और कवित्व को स्वीकृति देते हुए श्रद्धापूर्वक प्रशंसा करते हुए कहा है कि –

"पूर्व्व कवि अप्रमादी, माधव कन्दलि आदि,

विरचिला पदे राम कथा।[3]

हस्तीर देखिया लाद, शशाजेन फारे मार्ग

मोर भौल तेन्हय अवस्था।।[4]"

(अप्रमादीकवि माधव कंदलि और उनके पूर्ववर्ती कवियों ने छन्दबद्ध पदों में रामायण की रचना की थी। उसके तुलना में मैं सिर्फ रास्ते में पड़े हाथी के गोबर को देखकर डर के मारे पलायन करने वाले एक खरगोश की तरह ही हूँ।)

श्रीमंत शंकरदेव और माधवदेव असम में नव वैष्णव धर्म के प्रतिष्ठापक रहे। माधव कंदलि के रामायण की जनप्रियता की ओर लक्ष्य करके श्री शंकरदेव यह भली-भांति अनुमान लगा पाए थे कि कवि कंदलि कृत रामायण को ही वह वैष्णव धर्म के प्रचार के वाहक के रूप में प्रयोग कर सकते हैं। इसी कारण महापुरुष शंकरदेव और महापुरुष माधवदेव ने रामायण के आदिकाण्ड और उत्तरकाण्ड रचना करते समय राम को साक्षात विष्णु के अवतार के रूप में स्पष्ट रूप से दिखाया है। श्रीमंत शंकरदेव ने संपूर्ण संसार को राममय ही माना है। उत्तरकाण्ड रामायण में इस विषय में एक दृष्टि डाल सकते है-

"रामे पितृ मातृ सुत, सुहृद सोदर बंधु,

रामे आत्मा रामे जीव प्राण।

रामे जप यज्ञ दान, रामेसे परम ज्ञान,

रामे कौटि शत तीर्थस्नान।।35

राम मोर ईष्ट देव, रामकेसे करों सेव,

गति मोर रामर शरण।

राम धर्म रामे कर्म्म, रामेसे बान्धव मर्म्म,

जानि लैलों रामर चरण शरण।।36"[5]

(राम ही मेरा पितृ, मातृ और सुहृदय सहोदर भाई और बंधु हैं, राम ही आत्मा है और राम ही प्राण है। राम ही जप, तप, यज्ञ, दान और राम ही परम ज्ञान स्वरूप है, राम ही कोटी कोटी तीर्थ स्नान के समान है। राम ही मेरे ईष्ट देव हैं और राम को ही मैं पूजता हूँ, राम की शरण के अलावा मेरी और कोई गति नहीं है। राम ही धर्म है, राम ही कर्म है, राम से ही जीवन के मर्म को समझ पाया हूँ और ये सब कुछ समझने के पश्चात् ही मैंने राम के चरण में शरण ली है।)

माधव कंदलि और श्रीमंत शंकरदेव एवं माधवदेव की रामायण में राम के स्वरूप के संदर्भ में डॉ. इन्दिरा गोस्वामी का एक मन्तव्य यहाँ उल्लेख कर सकते हैं- "यह बात सही है कि शंकरदेव और माधवदेव ने नव वैष्णववाद के प्रचार और प्रसार के उद्देश्य से राम को विष्णु के अवतार के रूप में मूल रामायण में नए रूप से सन्निविष्ट किया है, किंतु कंदलि की रामायण में भी कुछ कथांश ऐसा है, जहाँ राम को विष्णु के

अवतार के रूप में दिखाया गया है, इससे ऐसा प्रतीत होता है कि ये सब बाद का संयोजन नहीं है। इसके अलावा कहीं कहीं ऐसी भी उपमा मिलती है जहाँ राम की विष्णु के साथ और सीता की लक्ष्मी के साथ तुलना की गई है। ये सब इसी कारण उल्लेख योग्य है क्योंकि ये सभी उपमा कंदलि के मूल सृष्टि जैसा लगता है, शंकरदेव या माधवदेव द्वारा बाद के संयोजन जैसा नहीं लगता।"[6]

एक उल्लेखनीय बात यह भी है कि भारत के विभिन्न जगहों पर प्रचलित वाल्मीकि रामायण का पाठ एक जैसा नहीं है। प्रधान रूप से हम वाल्मीकि रामायण के तीन पाठों को मान सकते है। वह हैं- दक्षिणात्य पाठ, गौड़ीय पाठ और पश्चिम उत्तरीय पाठ। इन तीनों पाठों में वैषम्य देखने को मिलता है, लेकिन इन तीनों पाठों के उत्तर काण्ड में कोई भिन्नता नहीं है। इनसे यह अनुमान लगाया जा सकता है कि इन तीनों पाठों का उत्तर काण्ड वाल्मीकि की रचना ना होकर बाद का संयोजन है। इस विषय में केशदा महंत की एक युक्ति उल्लेख किया जा सकता है- "उत्तरकाण्ड को वाल्मीकि रामायण में बाद में जोड़ा गया है यह एक शक्तिशाली युक्ति है। रामायण की षष्ठकाण्ड युद्धकाण्ड के अंत में रामायण के पाठ और श्रवण की फल प्राप्ति के विषय में वर्णन किया गया है। किसी भी ग्रंथ की समाप्ति में ही उसके पाठ-श्रवन के फल के विषय में वर्णन किया जाता है, अर्थात् युद्धकाण्ड में ही वाल्मीकि रचित रामायण समाप्त हुआ था।"[7]

माधव कंदली कृत रामायण का आधार गौड़ीय पाठ को माना जाता है, लेकिन असमीया साहित्य के विभिन्न विद्वानों में इस विषय को लेकर मत-वैभिन्नता देखने को मिलती है। इन विद्वानों का कहना हैं कि वाल्मीकि रामायण के इन तीनों पाठों के अलावा और एक पाठ है जिसे कामरूपीय पाठ कहा जाता है। माधव कंदलि की रामायण का अध्ययन करने के पश्चात् हम यह जान पाते है कि उन्होंने रामायण रचना करते समय जिस पाठ को आधार के रूप में लिया था वह गौड़ीय पाठ से काफी भिन्न है। असमीया रामायणी साहित्य के विशेषज्ञ केशदा महंत का दावा है कि "कामरूपीय कवि माधव कंदलि की रामायण का विस्तृत रूप से विश्लेषण करने के पश्चात ये लेखिका इस सिद्धान्त पर सहमत होती है कि वाल्मीकि रामायण का एक कामरूपीय पाठ भी था। विभिन्न विद्वान माधव कंदलि की रामायण का आधार वाल्मीकि रामायण के गौढ़ीय पाठ को ही मानते है, फिर भी ये लेखिका सन् 1990 में ही प्रकाशित इस पुस्तक में कंदलि कृत रामायण का आधार एक कामरूपीय पाठ को स्वीकार करती है।"[8]

चैतन्य देव के समकालीन वाल्मीकि रामायण के गौड़ीय पाठ के टीकाकार लोकनाथ ने वाल्मीकि रामायण की एक 'कामरूपीय पुस्तक' अर्थात् कामरूपीय पाठ के बारे में उल्लेख किया है। सुन्दरकाण्ड के एक श्लोक की व्याख्या में लोकनाथ ने लिखा है 'पद्यमिदगं कामरूपीय पुस्तके वर्तते इति वाख्यातम।' डॉ. अमरेश्वर ठाकुर और हेमन्त कुमार तर्कतीर्थ द्वारा सम्पादित 'वाल्मीकि रामायण' में गौड़ीय पाठ लोकनाथ टीका को सन्निविष्ट किया गया है।

असमीया रामायण के जनक माधव कंदलि के द्वारा रचित रामायण मौलिक न होकर वाल्मिकी रामायण का अनुवाद है, लेकिन उनका यह अनुवाद इतना निपुण और मनोरम है कि उससे मौलिक रचना का सा ही आनंद परिगणित होता है । यह केवल कवि कंदलि की विशिष्ट प्रतिभा के कारण ही संभव हो

पाया है। उन्होंने अपने अनुवाद के आदर्श के बारे में खुद ही कहा है कि –

"वाल्मीकि रचिला शास्त्र गद्य पद्य चन्दे।
ताहाक विचार आमि करिया प्रबन्धे।।74
आपोनार बुद्धि अर्थ जि मते बुझिलोँ।
संक्षेपे करिया ताक पद विरचिलोँ।।75
समस्त रसक कोने जानिवाक पारे।
पक्षी सब उरइ जेन पखा अनुसारे।।76
कवि सब निबन्धय लोक व्यवहारे।
कतो निज कतो लम्भा कथा अनुसारे।।77
देववाणी नुहि इटो लौकिक से कथा।
एतेके इहार दोष नलैवा सर्वथा।।78"[9]

(वाल्मीकि ने अपनी रामायण की रचना गद्य, पद्य आदि विभिन्न छन्दों में की थी। अत: उनकी रामायण के अध्ययन करने के पश्चात् मुझे अपने ज्ञान और बुद्धि के अनुसार जो समझ में आया उसे मैंने संक्षेप में प्रबन्ध काव्य के रूप में रूपान्तरित किया। अनुभूति का प्रकार असीम है। इसका रहस्य कभी कोई उद्घाटित नहीं कर सकता। पंख की शक्ति के अनुसार जिस तरह एक चिड़िया उड़ सकती है उसी तरह एक कवि भी अपनी प्रतिभा के बल पर दूसरों के ज्ञान से ज्ञान आहरण कर सकते हैं। मैंने इस राम कथा में कथा के अनुसार कुछ अपने तरफ से भी जोड़ दिया है। ये कथा लौकिक कथा मात्र है, भगवान की वाणी नहीं है। इसलिए आप सभी मुझे दोष मत देना।)

सभी श्रेष्ठ कवियों का यह लक्ष्य होता है कि जिनके लिए रचना की जा रही है उन लोगों की रूचिबोध का ध्यान रखा जाए। आदिकवि वाल्मीकि द्वारा रचित रामायण को माधव कंदली ने यथासंभव एक नया रूप देकर असमीया समाज के लिए उपयोगी बनाया है। उन्होंने वाल्मीकि रामायण के उन्हीं अंशों की विस्तृत रूप से व्याख्या की है जो असम के सहज सरल निरक्षर श्रोताओं को समझ में आता या आनंद प्रदान करता है। लोकसमाज की आवश्यकता को ध्यान में रखकर ही संभवतः उन्होंने आक्षरिक अनुवाद की ओर विशेष ध्यान न देकर, कुछ हद तक श्लोकानुवाद में और व्यापक रूप से भावानुवाद पर ही ज्यादा गुरूत्व आरोप किया। प्रयोजन अनुसार वाल्मीकि रामायण के कुछ अध्यायों की कहानी को उन्होंने छोड़ दिया और जहाँ उन्होंने अनुभव किया, वहाँ उन्होंने मूल से भी अधिक विस्तृत रूप से वर्णन किया। सर्गों की इस कटौती या बढ़ोत्तरी से काव्यिक सौन्दर्य में कोई बाधा उपस्थित नहीं हुई। कवि कंदलि की इस कुशलता पर मंतव्य करते हुए असमीया साहित्य के विद्वान शशि शर्मा का कहना है कि-

"कवि कंदलि एक महान कोशली थे। ऐसे तो उन्होंने यह घोषणा की थी कि वह अपनी रामायण में किसी प्रक्षिप्त घटना को स्थान नहीं देंगे, फिर भी जगह-जगह पर उन्होंने एक दो प्रक्षिप्त घटनाओं को जोड़ा

है। इस बात को उन्होने कुशलता से स्वीकार कर दोष खण्डन करके रखा है- 'महामाणिक्यक बोले काव्यरस किसो दिलों।', पर कंदलि द्वारा जोड़ी गई नई घटनाओं के कारण रामायण के मूल कहानी में कहीं से भी कोई विकृतता नहीं आई है।"[10]

राम राज्याभिषेक के प्रसंग में कंदली ने जो वर्णन किया है, वह लगभग वाल्मीकि रामायण के अनुरूप ही है। राम को युवराज बनाने के लिए प्रस्तुति 'फाल्गुन एरिया चेत प्रवेश', गुरु वशिष्ट को बुलाकर राम अभिषेक की प्रस्तुति का दायित्व अर्पण, सुमंत्रक द्वारा राम को बुलाकर विभिन्न राजनैतिक उपदेश देना, ये सभी प्रसंग मूल के अनुरूप होने से भी कंदलि ने अति संक्षिप्त रूप में अपनी रामायण में प्रस्तुत किए हैं।

कंदलि रामायण में ओर एक गुरूत्वपूर्ण बात यह है कि मंथरा के परामर्श लाभ करके आनंदित कैकेयी अपने द्वारा राम की अनिष्ट साधन पर खेद प्रकट किया है। कंदलि ने अपनी रामायण में कैकेयी के विमल स्वभाव के बारे में भी इंगित किया है। इससे हम अनुमान लगा सकते हैं कि कंदलि के मन में कैकेयी के प्रति सहानुभूति थी।

कंदलि ने अपनी रामायण में श्लोकानुवाद से ज्यादा भावानुवाद पर ही ध्यान दिया है। उन्होंने वाल्मीकि रामायण के 'अयोध्या काण्ड' के 119 सर्गो को असमीया संस्करण में 41 सर्गों में, अरण्य काण्ड के 75 सर्गों को 23 सर्गो में और लंका काण्ड के 128 सर्गों के कथा को 57 सर्गों में समाप्त किया है। सर्गों की इस कटौती या बढ़ोत्तरी से काव्यिक सौन्दर्य में कोई बाधा उपस्थित नहीं हुई है। असमीया जनसाधारण के मनोरंजन को ध्यान में रखते हुए ही कंदलि ने कुछ नयी कहानियों का संयोजन अपने रामायण में किया है। जैसे- मंथरा के मन में भरत के प्रति काम भावना, दशरथ के शोक में मूर्च्छित अवस्था में राम की दम्भोक्ति, वनवास के प्राक् मुहूर्त में सीता के देह सौन्दर्य के प्रति आकृष्ट राम आदि घटनाओं के इस प्रकार के चित्रण से कंदलि रामायण एक अनुवाद होते हुए भी कवि के मौलिक सृजन शक्ति का आभास दिलाती है।

सप्तकांड रामायण में कवि ने अपनी अद्भुत सृजन शक्ति द्वारा जो नए संयोजन किये है वह कहीं-कहीं मूल रामायण से भी अधिक आकर्षक बन पड़े हैं। कवि कंदलि के चित्रकूट वर्णन को देखने से हमें यह ज्ञात होता है कि जहाँ वाल्मीकि ने अति संक्षेप में चित्रकूट की शोभा वर्णित की थी, वहाँ कंदलि ने एक सुदक्ष चित्र शिल्पी की दृष्टि से चित्रकूट के नैसर्गिक प्राकृतिक सौंदर्य का सुंदर, मनमोहक एवं विस्तृत वर्णन किया है। इस तरह के वर्णन में उन्होंने सम्पूर्ण रूप से असम के प्राकृतिक सौंदर्य को ही केंद्र में रखा है। कंदलि ने जिन फूलों के नाम लिये है वह असम में ही खिलने वाले फूल हैं। प्रकृति की इस अद्भुत लीला के बीच में सीता का मन किस तरह से विचलित हुआ, उसका एक सुंदर उदाहरण द्रष्टव्य है-

"पक्षीगण रावे येन बाजे बाद्यभण्ड।

नागेश्वर फुल काम नृपतिर दण्ड।।63

गुजंरित रावे सवे भ्रमर लरिल।

केतकी कुसुमे येन कोण्डल गढ़िल।।64

कोकिल भ्रमर पक्षी मयूरर रावे।

काम व्याधि पीड़िया नसहे मोर गावे।।65"[11]

(सभी पक्षियों की आवाजें एक साथ मिलने से ऐसा प्रतीत होता है कि कहीं वाद्ययंत्र बज रहा है। नागेश्वर नामक पुष्प की सुगंध से राजा को भी काम भावना परेशान करती है। गुंजन करने वाले सभी पक्षियों के एक साथ भागने से ऐसा प्रतीत होता है कि केतेकी, कुसुम आदि फूलों से माला गूंथ दी गई है। कोयल पक्षी के संगीत के ताल में ताल मिलाकर मयूर नृत्य कर रही है और यह सब देखकर मेरे शरीर और मन में काम भावना इस तरह से कष्ट दे रही है कि सहन करना मेरे लिए असंभव हो रहा है।)

इसी क्रम में हम सुंदरकांड को भी देख सकते हैं। कंदलि ने अयोध्याकांड के चित्रकूट वर्णन की तरह ही सुंदरकांड में अशोक वाटिका का भी सुंदर और मनमोहक वर्णन किया है। पर्वत-पहाड़, सागर-नदी, नगर-गाँव, वन-अट्टालिका, के साथ-साथ नर-नारी, राक्षस-राक्षसी, ऋषि-मुनि, आदि सभी का संपूर्ण एवं जीवंत चित्रण कन्दलि ने अपनी रामायण में किया है। ऐसे तो माधव कंदलि ने मात्र 41 वर्गों में ही संपूर्ण सुंदरकांड को समाप्त किया है, फिर भी इसे पढ़ने से मालूम पड़ता है कि वाल्मीकि रामायण के कोई भी प्रसंग को कंदलि ने नहीं छोड़ा है। अयोध्या काण्ड के चित्रकूट वर्णन की तरह सुन्दरकाण्ड के भी वर्णन में उन्होंने सम्पूर्ण रूप से असम के प्राकृतिक सौंदर्य का ही चित्रण किया है। इसमें कवि की मौलिक निदर्शन शक्ति का आभास मिलता है। इस चित्रण में कवि जो फल-फूलों के बागों एवं उपवनों का उल्लेख किया है वह सम्पूर्ण रूप से असम प्रांत का ही मनोहारी प्राकृतिक दृश्य है-

"गुजंरित शबदे भ्रमर मधुपान।

पद्मिनी दीघी जलाशय रम्य थान।।13

सरल पियाल खर निखर खर्ज्जुर।

शाल ताल तमाल गमारि बिजपूर।।14

अश्वध्य कपिध्य बट नारंग बदर।

तेन्तेलि कण्टकि आम जाम नागेश्वर।।15

खाजुरि हारिठा आमलखि डहाफल।

छाटियाल गुवा नारिकल जे श्रीफल।।16"[12]

(जलाशय में खिले हुए पद्म में भ्रमर गुंजन से गूंजते हुए मधुपान करके रम्यभूमि में विचरण कर रहे हैं। सरल, खेजूर साल, ताल, गमारी आदि पेड़ यहां भरे हुए हैं। इमली, आम, नागेश्वर, खजूर, हरिठा, आंमला, दहा-फल, ताम्बुल, नारियल आदि पेड़ से लंकापूरी का सौन्दर्य मनमोहक बना हुआ है।)

वाल्मीकि रामायण के अनुसार भरत जब कैकेयी के पास जाता है तब मंथरा शुभ्र वस्त्र पहनकर, शरीर में चंदन लगाकर सिंहद्वार पर उपस्थित होती है। मंथरा को देखकर ही भरत ने अपने भाई शत्रुघ्न को कहा- जिसके कारण राम वनवास गए और मेरे पिता ने देह त्याग दिया, वह पापिस्त्ता मंथरा ये है। तुम इसकी

यथाविधि व्यवस्था करो। (वाल्मीकि रामायण- 2/77/1-7)

माधव कंदलि ने अपनी कल्पना के माध्यम से मंथरा के एक हास्यरस पूर्ण चरित्र का निर्माण किया है। कंदलि के अनुसार मंथरा को जब यह पता लगा कि भरत वापस आए हैं तो मंथरा के मन में भरत के प्रति कामभावना जाग्रत होती है और वह भरत को आकर्षित करने के लिए बत्तीस अलंकार परिधान करके सज धजकर कैकेयी के महल में पहुँचती है और वह भरत को देखकर कामुक होकर सोचती है-

"पिन्धिलेक हरिषे बत्रिश अलंकार।
मुकुट कुण्डल ग्रीवे सातेशरि हार।।2
बलय कंकन कांचि नुपुरर साजे।
हंसी केलि करे सरोवर माजे।।3"[13]

(मंथरा ने 32 प्रकार के अलंकारों का परिधान किया है। मुकुट, कुंडल, गले में हार और हाथों में कंगना आदि पहन लिया है। पैरों में नूपुर, कलाई में कंगना और सुंदर वस्त्र परिधान कर साज-सज्जा करके मंथरा यह सोच विचार रही है कि वह भरत के साथ सरोवर के मध्य बैठकर काम क्रिया कर रही है।)

दुष्ट मंथरा के मन में भरत के प्रति उपजी काम भावना से संबन्धित और एक उदाहरण यहाँ ले सकते हैं -

"बयसत मई बर भरतत करि।
काम वश भैले सिटो दोषक नधरि।।9
विदिते कुमारे जेबे लाज किछु करि।
गुप्तरूपे तथापितो हैवो पटेश्वरी।।10"[14]

(आयु में मैं भरत से बड़ी हूँ। भरत के साथ काम क्रिया में लिप्त होने से मुझे कोई ढाई दोष मत देना। मेरे साथ इस तरह के कार्य में लिप्त होकर कुमार को लज्जा तो आएगी, फिर भी मैं गुप्त रूप से कुमार की ही पसंदीदा स्त्री बनकर रहूँगी।)

अप्रमादी कवि माधव कंदलि ने रामायण की रचना असम के लोकसमाज को केंद्र में रखकर की थी। उन्होंने अपनी रामायण में लौकिकता को ही अत्याधिक प्रधान्य दिया है। वाल्मीकि कृत रामायण लौकिक होते हुए भी इस रामायण में शिष्टता को अत्याधिक महत्त्व दिया था। इसी कारण वाल्मीकि रामायण के राम, सीता, भरत आदि पात्रों में वाक् संयम को अत्याधिक मात्रा में गुरुत्व दिया है, किंतु कंदलि ने इन चरित्रों को लोकजीवन के स्वाभाविक चरित्र के रूप में चित्रित किया है। लोक-जीवन में युवक-युवतियों के चरित्रों में संयम से ज्यादा उच्छृंखलता ही देखने को मिलती है। कैकयी द्वारा दशरथ के सामने जब राम को बनवास भेजकर भरत को युवराज बनाने के लिए मनोभाव व्यक्त किया गया तब दशरथ का हृदय संपूर्ण रूप से दुःख सागर में डूब गया था। अपने पिता के दुःख और विषाद का अनुभव करते हुए कंदलि कृत रामायण में राम ने दशरथ को इस प्रकार से आश्वासन दिया हैं-

"बापर इन्द्रक प्रति भौल क्रोध मन।
बान्धिया आगत आनि दिवो एतिक्षण।।1
दश दिक पाल पुर खोजा नृपबर।
बश्य करि दिबो आजि धरि धनुशर।।2
पितृपुर पयान करिबो एकेश्वर।
बन्दि करि आनिबो यमर परिकर।।3
क्षत्र बीर यतेक आछय रबितले।
केहो नोहे शकत मोहोक बाहुबले।।4
काहको मारिबो काको कमरत धरि।
बापर आगत बान्धि दिबो जड़ करि।।5"[15]

(अर्थात्- पिता की दुखद मनःस्थिति को देखकर पुत्र राम का मन क्रोध से भर गया है। राम अपने पिता से कहते हैं कि जो भी व्यक्ति आपकी इस स्थिति के लिए जिम्मेदार है, उन्हें मैं एक ही क्षण में बंदी बनाकर आपके सामने प्रस्तुत करुंगा। आज में धनुष धारण करके दशों दिशा में ढूंढ़कर आपके दुश्मन को परास्त करूँगा। आज में एकेश्वर भगवान के सामने वचन देता हूँ कि जरूरत पड़ी तो यम के घर से भी दुश्मन को बंदी बनाकर लाऊँगा। कोई भी क्षेत्रीय वीर मुझे अपने बाहुबल से परास्त नहीं कर सकते। किसी को मारकर, किसी को कमर से पकड़कर घिघियाते हुए आपके सामने आपके दुश्मन को आज मैं प्रस्तुत करके ही रहूँगा।)

लोक जीवन में ज्यादातर स्त्रियाँ भी प्रतिवादिता युक्त होती हैं। अन्याय के विपक्ष में प्रतिवाद करने में प्रायः नारी कभी पीछे नहीं हटती। लंकाकांड में सीता के उद्धार के पश्चात् जब राम ने सीता को अपने सतीत्व रक्षा के प्रमाण स्वरूप अग्नि परीक्षा के लिए मनोभाव प्रकट करते हैं तब सीता ने उनका प्रतिवाद करते हुए कहा-

"दुब्बार बचने शाले शालिलेक हिए।
धीरे धीरे बुलिलन्त जनकर जीये।।53
उत्तम कुलत आमि जनम लभिलो।
महन्त कुलत मोक बापे बिहा दिल।।54
आमाक ईतर नारी सम देखिलाहा।
नटर नटनी जेन आनक विलाहा।।55"[16]

(राम की बात सुनकर सीता स्तब्ध हो जाती हैं। सीता का हृदय पीड़ा से दग्ध हो जाता है। जनक नंदिनी सीता धीरे धीरे बोलती हैं। उत्तम कुल में मैंने जन्म लिया है और पिता ने मेरा विवाह महंत (उच्च कुल)

कुल में किया है। तुम हमें नट-नटिनी की तरह समझकर मुझसे उन नारियों की तरह व्यवहार कर रहे हो।)

इन सभी विषयों को ध्यान में रखते हुए हम यह कह सकते है कि कंदलि ने केवल लोक-व्यवहार के लिए ही रामायण की रचना नहीं की थी। वास्तव में उन्होंने समकालीन समाज को भी अकृत्रिम रूप से अपनी रामायण में चित्रित किया है।

इस बात का उल्लेख पहले भी किया गया है कि माधव कंदलि ने अपनी रामायण में बहुत से स्थानों में एक कुशल कवि की भाँति ऐसे बहुत कुछ विषय का नया संयोजन किया है जो वाल्मीकि कृत रामायण में उपलब्ध नहीं है। उदाहरण के रूप में अयोध्याकाण्ड में संयोजित चित्रकूट वर्णन और सुंदरकाण्ड के रावण के मधुवन ध्वंस के चित्रण को ले सकते हैं। वाल्मीकि रामायण में भी इन सबका उल्लेख है किंतु कंदलि मूल से भी अधिक विस्तृत और सुंदर ढंग से इन प्रसंगों का वर्णन करने में सफल हुए । इस बात को ध्यान में रखकर ही उन्होंने हनुमान के चरित्र का चित्रण किया कि वह एक वानर है। कंदलि का यह मनोभाव हमें प्रायः उनके चित्रण में देखने को मिलता है। हनुमान द्वारा रावण के अशोक वन के ध्वंस लीला का एक सुंदर उदाहरण यहाँ ले सकते है-

"स्वर्गर सदृश थान, गन्धर्ब्ब भुवन सम,
रावणर मुख्य क्रिड़ा थान।
आजोर पिजोर करि, क्षत जे बिक्षत करि,
छन्न करिलन्त हनुमान।।29"[17]

(स्वर्ग के तरह सुंदर, गंधर्व लोक के समान मनमोहक, रावण के मुख्य मनोरंजन स्थान को हनुमान ने खींच-खींच कर, तोड़-फोड़कर छिन्न-भिन्न कर दिया है।)

असमीया रामायण साहित्य की परंपरा में माधव कंदलि की रामायण के पश्चात् महापुरूष शंकरदेव और माधवदेव के **'आदिकाण्ड'** और **'उत्तर काण्ड'**, रघुनाथ महंत की **'कथा रामायण', 'शत्रुजंय काव्य', 'अदभुत रामायण'**, अनन्त ठाकुर के **'श्री राम कीर्तन'**, दुर्गावर कायस्थ की **'गीतिरामायण'** और अनंत कंदलि की **'रामायण'** का नाम ले सकते हैं। इसके अलावा **'राम विजय नाट'**, विविध गीत, रामायण के विभिन्न आख्यानों का अनुवाद, रामकथा के सबंध में सृजित विभिन्न कहानियों में राम को नायक के रूप में चित्रित किया गया है। इन सभी रामायणों के बीच में सूर्य के समान माधव कंदलि का रामायण दैदिप्तमान है । यहाँ और एक बात कह सकते है कि ऊपर उल्लेखित सभी रामायणों में 'आदिकाण्ड' और 'उत्तरकाण्ड' का अभाव है।

महापुरूष श्रीमंत शंकरदेव द्वारा रचित 'उत्तरकाण्ड'-

महापुरूष श्रीमंत शंकरदेव(1449-1568) ने असम में वैष्णव धर्म की प्रतिष्ठा की थी। शंकरदेव के तत्कलीन असम में **शाक्त धर्म** के नाम पर व्याप्त धर्मान्धता से लोगों को मुक्ति दिलाने के लिए **एकशरण नाम धर्म** की स्थापना की थी। **एक देव एक सेव एकत बिने नाई केव** (ईश्वर एक ही है) सिद्धान्त को

शिरोधार्य करते हुए श्री शंकरदेव ने असमीया जाति के सामाजिक और आध्यात्मिक जीवन को एक ही सूत्र में बाधने के लिए सदा तत्पर रहे। उन्होंने ऊँच-नीच के भेद भावों को हटाकर सभी जाति धर्म के लोगों को एक साथ बैठाकर भगवती धर्म का रस पान करने के लिए वैष्णव धर्म के द्वार सभी के लिए खोल दिए। सर्व वेदांत का सार **'श्रीमद् भागवत' एकशरण नाम धर्म** या **महापुरुषीया धर्म** के प्रधान प्रमाणिक ग्रंथ है। श्रीमंत शंकरदेव के द्वारा रचित ग्रंथ **कीर्तन** का आधार श्रीमद् भागवत ही है।

राम मर्यादा पुरुषोत्तम है। वह एक आदर्श पुत्र, आदर्श राजा, आर्दश भाई, आदर्श पति के रूप में लोक समाज में व्याप्त है। शंकरदेव ने विश्रृंखल समकालीन असम प्रांत को श्रृंखलाबद्ध करने के लिए राम के उदार चरित्र और उनके मानवीय मूल्यबोध को लोगों के सामने प्रतिष्ठित किया। राम के व्यक्तित्व से शंकरदेव इतने प्रभावित हुए कि एक कृष्ण भक्त कवि होते हुए भी उन्होंने अपनी वैष्णव धर्म की यात्रा में कृष्ण के साथ साथ राम को भी साथ लेकर आगे बढ़े। संभवतः संयोगवश ही शंकरदेव का पहला **बरगीत** और उनके अन्तिम रचना **'राम विजय'** नामक अंकिया नाट रामकथा पर ही आधारित है। उनका पहला बरगीत है-

"मन मेरो राम चरणहि लागू
इन देखना अंतक आगू
मन आयु क्षणे-क्षणे टूटे

देखु राम बिना गति न हे।"[18]

(अर्थात्, हे; मेरे मन, तू पूर्ण रूप से राम के चरणों में ही समर्पित हो जा। तुझे दिखाई नहीं दे रहा है क्या, मेरा मृत्यु का समय पास आ गया है? हे; मन, एक-एक क्षण में आयु खत्म होती जा रही है। अजगर साँप रूपी काल प्राण को निगलते जा रहे हैं। किसी भी समय मृत्यु आ सकती है। हे मन, माया-मोह त्यागकर राम की आराधना कर। राम ही हमें सद्गति का कोई उपाय बता सकते हैं।)

श्रीमंत शंकरदेव के उत्तरकाण्ड में लव-कुश के गीतों के विषय वस्तु के रूप में दशरथ के पुत्र प्राप्ति से प्रारंभ करके सीता के पुत्र लव-कुश को वाल्मीकि द्वारा रामायण के गान सीखाने तक की समस्त राम कथा का संक्षिप्त रूप में उत्तर कांड में वर्णन किया गया है।

उनके उत्तरकांड रामायण में राम-सीता के चरित्र को मानवीय रूप देकर साधारण नर नारी के रूप में चित्रित करने के बावजूद भी राम का ईश्वरीय तत्व स्पष्ट रूप से स्वीकृत हुआ है। उन्होंने उत्तरकांड रामायण की रचना का उद्देश्य वर्णित करते हुए कहा है कि-

"तुमिसब महागुणी   रामर चरित्र शुनि
करियो मनत महारति
कलित परम धर्म   नाहि राम नाम सम
आक नलै जाय अधोगति॥7"[19]

(अर्थात्- कलिकाल में आप सभी लोग राम कथा को सुनकर ही महाज्ञानी हो सकते हैं। राम नाम के समान इस काल में दूसरा कोई उत्कृष्ट धर्म ही नहीं है, जो व्यक्ति राम को स्मरण नहीं करेंगे वह अधोगति की ओर जाएँगे।)

महापुरुष माधवदेव द्वारा रचित 'आदिकाण्ड'

माधव कंदली के द्वारा रचित रामायण को पूर्णता प्रदान करने हेतु श्रीमंत शंकरदेव के निर्देशानुसार माधवदेव ने 'आदिकांड' की रचना की। उनके द्वारा रचित इस रचना का मूल उद्देश्य केवल काव्य सृजन न होकर वैष्णव धर्म प्रचार से भी जुड़ा हुआ है । आदिकांड रामायण के प्रारंभ में ही महापुरुष माधवदेव ने सबसे पहले उनके परम आराध्य श्रीकृष्ण की वंदना की है। इसके पश्चात् रघुकुल मणिराम की वंदना की है। आगे उन्होंने अपने गुरु शंकरदेव के चरण में नमस्कार करते हुए माधव कंदलि को प्रणाम किया है। इसी क्रम में उन्होंने महाऋषि वाल्मीकि को धन्यवाद दिया है क्योंकि उन्होंने लोगों को रामकथा रूपी अमृत उपलब्ध कराया है। माधवदेव के अनुसार –

"महाऋषि वाल्मीकिर निर्मल हृदय।
करिला लोकक महाकृपा कृपामय।।19
रामकथा अमृतक करि महादान।
साधिलन्त जगतर परम कल्याण ।।20"[20]

(अर्थात्- महान ऋषि वाल्मीकि का हृदय अत्यंत निर्मल होने के कारण ही उन्होंने रामायण की रचना करके जनता के ऊपर अत्यंत कृपा की है। उन्होंने राम कथा रूपी अमृत को जनता के लिए उपलब्ध करा कर जगत में परम कल्याण का साधन प्रदान किया है।)

माधवदेव के 'आदिकाण्ड' में वाल्मीकि रामायण, कालिदास के रघुवंश तथा बांग्ला के कृत्तिवास रामायण का प्रभाव प्रत्यक्ष रूप से देखा जाता है। माधवदेव के आदिकाण्ड में राम केवल एक आदर्श पुरुष के रूप में ही विभूषित नहीं, वरन समस्त जगत के लोकमंगल हेतु जन्मा विष्णु के अवतारी पुरुष हैं। आदिकाण्ड में राजा दशरथ के समृद्ध राज्य का भी वर्णन मिलता है। यहाँ अज और इंदुमति के पुत्र दशरथ का गुणगान करते हुए उन्हें श्रेष्ठ व्यक्तित्व का सम्मान दिया है। माधवदेव के **आदिकाण्ड रामायण** में किया गया अयोध्या का वर्णन वाल्मीकिकृत रामायण का हुबहू अनुवाद न होते हुए भी मूल विषयों से सम्पूर्ण रूप से सम्बन्ध रखता है। अयोध्या के वर्णन में कवि माधवदेव ने यह भी कहा है कि अयोध्या में दुराचार, हिंसा, मिथ्या आदि का स्थान नहीं हैं।

वाल्मीकि कृत रामायण में सुमित्रा के पिता के संबंध में किसी भी प्रकार का जिक्र नहीं हुआ है, परंतु माधवदेव अपनी रामायण में सुमित्रा को सिंहल राजा की कन्या के रूप में दर्शाते हैं तथा सुमित्रा को राजपुरोहितों द्वारा आमंत्रित कराकर दशरथ के हाथों दान करने की कथा कहते हैं। इस प्रकार अनेक प्रसंगों को समेटे माधवदेव के आदिकाण्ड रामायण का कथानक विस्तृत परिधि को लिए हुए है। माधवदेव के आदिकाण्ड में राम का मिथिला में प्रवेश का भी चित्रण मिलता है। साथ ही राम के प्रति सीता का पूर्वानुराग जन्म-जन्मान्तर, तथा जगत जननी लक्ष्मी ही सीता का नाम लेकर जनक राजा के घर पधारे है, आदि कथा

को दर्शाया है। दशरथ के राज्य में शनि का प्रकोप, दशरथ-जटायू के बीच मित्रता, अंध ऋषि का अभिशाप, इंद्र के आमंत्रण पर दशरथ का असुर विजय, कैकेयी का वर लाभ, पुत्र न होने का कारण दशरथ का विलाप, पुत्र प्राप्ति के कारण दशरथ का यज्ञ आयोजन, रावण की वर प्राप्ति, दशरथ रानियों का शुभ-स्वप्न दर्शन से लेकर राम और भाइयों के जन्म और नामाकरण, राम की गुह चांडाल से मित्रता, भारद्वाज के आश्रम में राम को दिव्य धनुष-बाण की प्राप्ति, विश्वामित्र का आगमन, सीता के जन्म की कथा, राम और लक्ष्मण को लेकर स्वामी विश्वामित्र की यात्रा, ताड़का वध, मारीच निग्रह, सीता-स्वयंवर, शिव धनुष वृत्तांत, दशरथ का दुःस्वप्न आदि अनेक कथाओं का वर्णन आदिकाण्ड रामायण में मिलता है।

निष्कर्ष-

विस्तृत अध्ययन के पश्चात हम इस निष्कर्ष पर पहुँचते हैं कि प्राकशंकर युग से ही असम में रामकथा की परंपरा शुरू होती है। असम भूमि में वैष्णव धर्म की प्रधानता होते हुए भी लगातार रामकथा की रचना हो रही है। असमीया में रामायण लिखने की परंपरा माधव कंदली से शुरू होती है। उनकी 'सप्तकाण्ड रामायण' वाल्मीकि रामायण के अनुवाद होते हुए भी मौलिक रचना का ही आनंद देती है। उन्होंने असम के लोक जीवन के साथ संगति रखते हुए ही अपनी रामायण की कथा को आगे बढ़ाया है। रामायण के जिस प्रसंग से असम के सहज सरल लोगों को मनोंरजन दिला सकते है, ऐसे प्रसंग को उन्होंने विस्तृत रूप से वर्णित किए हैं। वाल्मीकि कृत रामायण के ऐसे प्रसंग जिसके कारण कहानी में स्थिरता आयी है या अस्वाभाविकता प्रतीत होती है, ऐसे प्रसंगों को कंदली ने छोड़ दिया या संक्षेप में प्रस्तुत किया है। कंदली के इस प्रकार के कार्य से मूल रामायण की प्रतिष्ठा में कोई बाधा उपस्थित नहीं हुई है, वरन् मूल से भी अधिक सारगर्भित और लोक समाज के लिए उपयोगी बन गई है। मूल रामायण की कथा में विकृतता लाए बिना ही मौलिकता का समावेश करके एक प्रादेशिक भाषा में वाल्मीकि कृत रामायण का अनुवाद करना कोई आसान कार्य नहीं था। यह संभवत हो पाया है कवि कंदली की अद्भुत प्रतिभा शक्ति, अनुपम सौन्दर्य शक्ति और कल्पना शक्ति के कारण ही।

सप्तकांड रामायण में पाँच काण्ड ही उपलब्ध हैं, इसी अभाव की पूर्ति के लिए श्रीमंत शंकरदेव ने 'उत्तरकाण्ड' और उनके प्रिय शिष्य माधवदेव ने 'आदिकाण्ड' को रचकर पूर्णता प्रदत्त की। श्रीमंत शंकरदेव और माधव देव वैष्णव धर्म के प्रचारक होते हुए भी रामकथा पर भी अपने लेखनी चलाते रहे। मध्यकालीन भारतवर्ष के अशांतिमय सामाजिक परिस्थिति में राम नाम के पाठ से ही लोग उपयुक्त ज्ञान प्राप्त करके एक शांतिपूर्ण जीवन व्यतीत कर सकते हैं इस ओर श्रीमन्त शंकरदेव ने बार-बार संकेत किए हैं। शंकरदेव के प्रिय शिष्य माधवदेव के आदिकाण्ड रामायण में भी यही दृष्टि देखने को मिलती है। इन दोनों महान कवियों के कई बरगीत और नाटकों में रामचरित्र की प्रधानता मिलती है। शंकरदेव और माधवदेव के आदिकाण्ड और उत्तरकाण्ड के अलावा रघुनाथ महन्त की 'कथा रामायण', शत्रुजंय काव्य, अदभुत रामायण, अनन्त ठाकुर के श्री रामकीर्तन, दुर्गावर कायस्थ की गीतिरामायण और अनन्त कन्दलि की रामायण का नाम ले सकते है। इसके अलावा राम विजय नाट, विविध गीत, रामायण के विभिन्न आख्यानों का अनुवाद, रामकथा के आलम में सृष्टि विभिन्न कहानियों का नाम ले सकते है। इन सभी रामायणों के बीच में सूर्य के समान उज्ज्वल रूप में उज्ज्वलित हैः माधव कन्दलि की रामायण।

इन सभी रामायणों की सबसे महत्त्वपूर्ण बात यही रहा कि राम का चरित्र एक आदर्श मानव का है। यह कथा मानव को नैतिक उत्थान की राह दिखाती है। राम कथा सभी जातियों की सभी अवस्थाओं के प्राणियों के हृदय पर मानवता के शाश्वत् मूल्य की छाप छोड़ती है। इसी कारण ऐसी महान कृति का अनुवाद भारत के हर एक भाषा के साहित्यकारों ने अपने अपने ढंग से निज जाति के उत्थान के लिए अपनी अपनी भाषा में अनुदित किया।

संदर्भ-ग्रंथ

1. डॉ. अनुशब्द (संपादक), भारतीय भाषाओं में रामकथा- असमीया भाषा, भाग-1, (2020), वाणी प्रकाशन, नयी दिल्ली, पृ. 73
2. गोस्वामी, डॉ. ईन्दिरा, हाजरिका, पार्थप्रतिम (अनुवादक), रामायण गंगार परा ब्रह्मपुत्रलै (2015), भवानी अफसेत एण्ड इमेइजिंग सिस्टेम्स प्राः लिः, गुवाहाटी, पृ-56
3. कन्दलि, माधव और श्री श्री शंकरदेव- श्री श्री माधवदेव बिरचित सप्तकाण्ड रामायण, बनलता, गुवाहाटी, पृ-418
4. उपरिवत्, पृ-440
5. उपरिवत्, पृ-469
6. गोस्वामी, डॉ. ईन्दिरा, हाजरिका, पार्थप्रतिम (अनुवादक), रामायण गंगार परा ब्रह्मपुत्रलै (2015), भवानी अफसेत एण्ड इमेइजिंग सिस्टेम्स प्राः लिः, गुवाहाटी, पृ-65
7. महन्त, केशदा, असमीया रामायणी साहित्य, कथावस्तुर आतिगुरि, (2008), भवानी अफसेत एण्ड इमेइजिंग सिस्टेम्स प्राः लिः, गुवाहाटी, पृ-13
8. उपरिवत्, पृ-06
9. कन्दलि, माधव और श्री श्री शंकरदेव- श्री श्री माधवदेव बिरचित सप्तकाण्ड रामायण, बनलता, गुवाहाटी, पृ-245
10. शर्मा, शशी, माधव कन्दलिर रामायण,(1987), जार्णाल एम्परियाम, गुवाहाटी, पृ-61
11. कन्दलि, माधव और श्री श्री शंकरदेव- श्री श्री माधवदेव बिरचित सप्तकाण्ड रामायण, बनलता, गुवाहाटी, पृ-127
12. उपरिवत्, पृ-252
13. उपरिवत्, पृ-139
14. उपरिवत्, पृ-139
15. उपरिवत्, पृ-102
16. उपरिवत्, पृ-404
17. उपरिवत्, पृ-268
18. महंत वापचन्द्र, श्रीमन्त शंकरदेव, बरगीत, पृ-
19. कंदलि, माधव और श्री श्री शंकरदेव- श्री श्री माधवदेव बिरचित सप्तकाण्ड रामायण, बनलता, गुवाहाटी, पृ-440
20. उपरिवत्, पृ- 1

❑❑❑

1. हिन्दी विभाग कॉटन विश्वविद्यालय गुवाहाटी-1फोन -9864753226

इंटरनेट के युग में लोकजीवन एवं युवाओं की सामाजिक चेतना

–डा. सुजीत कुमार
–डा. गौरव रंजन

अर्थात् सब मनुष्य भाई भाई हैं, उनमें कोई बड़ा नहीं, कोई छोटा नहीं। वे सब मिलकर सौभाग्य की वृद्धि के लिए उन्नतिशील हों। शक्ति संपन्न, सर्व रक्षक और सबको मर्यादा में रखने वाला परमेश्वर उनका पिता है और अनेक प्रकार के धन-धान्य देने वाली पृथ्वी उनकी माता है।

लोक शब्द का अर्थ पूरे भारतवर्ष में फैले उस जनसमूह से है, जिनका जीवन सरल एवं प्रकृति से सामंजस्यपूर्ण है और जिसके व्यवहारिक ज्ञान का आधार पोथियां नहीं है। लोक का अभिप्राय उस सामान्य जनता से है जिसके पास पुस्तकीय ज्ञान न होते हुए भी अपनी संस्कृति को श्रमण के जरिए सदियों से बचाए रखने की क्षमता है। दरअसल लोक से ही संस्कृति की उपज होती है औऱ वही संस्कृति को परिभाषित भी करती है। लोक संस्कृति में लोक मानस की अभिव्यक्ति होती है, जिसमें लोकजीवन अपने सरलतम एवं नैसर्गिक रूप में विद्यमान होता है। स्मृति के सहारे जीवित रहने वाली लोक संस्कृति अनेक सदियों में बनती बिगड़ती एक सर्वमान्य लोक स्वीकृत आदर्शों एवं व्यवहार को गढ़ लेती है। लोक संस्कृति के वही आधार, परंपराएं एवं व्यवहार सामाजिक चेतना की जड़ होती है। लोक जीवन को बेहतर बनाने के लिए न सिर्फ हमें उन जड़ों को सींचने की जरूरत है बल्कि उन्हीं जड़ों को हमारी समूची सामाजिक चेतना का आधार बनाने की भी जरूरत है।

कबीर के दोहों में भी लोक की अभिव्यक्ति कुछ इस प्रकार हुई है:

पोथी पढ़ि पढ़ि जग मुआं, भया न पंडित कोय,
ढाई आखर प्रेम का, पढ़े जो पंडित होय।।

सामाजिक चेतना तब पैदा होती है जब हम किसी विशेष आदर्श से प्रभावित होते हैं और सामाजिक परिवर्तन या किसी विशेष उद्देश्य की प्राप्ति को उद्धत होते हैं। समाज का अर्थ सिर्फ लोगों का समूह नहीं होता। वास्तव में जब सामूहिक आदर्श से प्रभावित होकर उस आदर्श की प्राप्ति के लिए हम आगे बढ़ते हैं तो वही समाज कहलाता है। सामाजिक चेतना का आधार एक साथ चलने एवं चिंतन करने में है, जहां इसका अभाव होता है वहां जीवन लक्ष्यविहीन हो जाता है।

अब प्रश्न यह उठता है कि आज के इंटरनेट के युग में जब युवाओं की पहुंच पूरे विश्व के सांस्कृतिक मूल्यों, परंपराओं, जीवन

पद्धतियों एवं व्यवहारों से हो गया है तो ऐसे में उनकी सामाजिक चेतना का आधार क्या है? क्या हमारी युवा पीढ़ी पश्चिमी एकांगी विचारों से प्रभावित होकर लोक से दूर हो रहा है? और अगर दूर हो रहा है तो जिन सामाजिक चेतना से वह उदभूत है क्या वह राष्ट्र उत्थान के लिए उपयुक्त है? यह सारे प्रश्न 21वीं सदी में इसलिए महत्त्वपूर्ण हो गए हैं क्योंकि हमारा समाज एक ऐसे दौर से गुजर रहा है जिसके आदर्श और व्यवहार के बीच एक गहरी खाई है। यह खाई जितनी बड़ी और गहरी होगी उतना ही अधिक हमारा युवा किंकर्तव्यविमूढ़ अवस्था में होगा।

इंटरनेट के प्रभाव में आकर हमारा युवा ऐसे आदर्शों से प्रभावित हुआ है जिसका हमारे लोक संस्कृति से कोई संबंध नहीं है। इंटरनेट ने युवाओं को व्यक्तिवाद, भोगवाद एवं हिंसक प्रवृतियों से ग्रस्त कर दिया है। भारत का लोकजीवन हमेशा से सामूहिकता में विश्वास करता आय़ा है। शायद इसलिए परिवार को ही समाज का आधार माना गया है। ऋगवेद में भी 'कुल' अर्थात् परिवार को ही सबसे छोटी इकाई माना गया है। हमारा लोकजीवन व्यक्तिपरक नहीं है। उसी प्रकार हमारा लोकजीवन सादा जीवन उच्च विचार पर चलने वाला रहा है। वेदों में स्पष्ट शब्दों में कहा गया है:

"अज्येष्ठासो अकिनष्ठासो एते सभ्रातरो वावृधुः सौभागाय।

युवा पिता त्वया रूद्र एषां सुदुधा पृथ्वी सुदिना रूदभ्यः।"

अर्थात् सब मनुष्य भाई भाई हैं, उनमें कोई बड़ा नहीं, कोई छोटा नहीं। वे सब मिलकर सौभाग्य की वृद्धि के लिए उन्नतिशील हों। शक्ति संपन्न, सर्व रक्षक और सबको मर्यादा में रखने वाला परमेश्वर उनका पिता है और अनेक प्रकार के धन-धान्य देने वाली पृथ्वी उनकी माता है। शायद इसलिए हमारी लोकसंस्कृति ने "साईं इतना दीजिए जावें कुंटंब समाए, मैं भी भूखा न रहूं साधु भी भूखा न जाए" जैसे आदर्शो को गढ़ा। जिस नारी को हमारा लोकजीवन पूजता आया है आज इंटरनेट के युग में आधुनिकता के रथ पर सवार हमरा युवा नारी को भोग की वस्तु समझने लगा है। जबकि हमारे लोकजीवन का आधार ही नारी शक्ति है। चाहे वह विद्या की देवी के रूप में सरस्वती हों, धन की देवी के रूप में लक्ष्मी हों या फिर शक्ति की देवी के रूप में दुर्गा हों। लोकजीवन में ऐसे असंख्य उदाहरण भरे पड़े हैं जो स्त्री को ऊंचा दर्जा देते हुए प्रतीत होते हैं।

वेद नारी को गरिमामय एवं उच्च स्थान प्रदान करते हैं। वेद में उन्हें घर की साम्राज्ञी कहा गया है तथा उसे देश की एवं पृथ्वी की शासक बनने का भी अधिकार दिया गया है। स्त्री का पूजनीय स्थान अथर्ववेद के उस श्लोक में मिलता है जहां कहा गया है:

हे स्त्री! तुम सभी कर्मों को जानती हो।

हे स्त्री! तुम हमें ऐश्वर्य और समृद्धि दो।।

उसी प्रकार भारतवर्ष के लोकजीवन का सत्य एवं अहिंसा में विश्वास कोई नई चीज नहीं है। यह सामाजिक मूल्य हमारे लोकजीवन का आधार है। ऋग्वेद में वर्णन आता है कि 'हे वरुण ! यदि हम लोगों ने उस व्यक्ति के प्रति अपराध किया हो जो हमें प्यार करता है यदि कोई गलती अपने मित्र या साथियों, पड़ोसी के प्रति की हो अथवा किसी अज्ञात व्यक्ति के प्रति अपराध किया हो तो हमारे अपराधों को क्षमा करो। मनुष्य का यह कर्तव्य है कि वह एक दूसरे की रक्षा करें।' यजुर्वेद में उल्लेख आता है कि 'मैं सभी

प्राणियों को मित्रवत देखूं , आपस में सभी एक दूसरे को मित्र सम्मान देखे।' इस तरह अथर्ववेद में कहा है- 'हम सभी एक साथ ऐसी प्रार्थना करें जिससे आपस में सुमति और सद्भावना का प्रसार हो।' इसी प्रकार सत्य बोलना एवं सत्य के रास्ते पर चलना भी हमारा महत्त्वपूर्ण सामाजिक मूल्य रहा है। कठोपनिषद से लिया गया 'सत्यमेव जयते' अर्थात् सत्य की ही जीत होती है, दर्शाता है कि हम मूलरूप से सत्य पर चलने वाला समाज रहे हैं। शायद इसलिए बुद्ध एवं महावीर की शिक्षा में भी इनपर जोर दिया गया है। आधुनिक काल में वेदांत को मानने वाले विवेकानंद एवं महात्मा गांधी ने भी इसी राह को माना एवं लोगों को चलने की सलाह दी।

लेकिन आज की युवा पीढ़ी किसी भी शर्त पर आगे बढ़ने में यकीन करता है। स्वयं के सुख को परिवार से ऊंचा मानता है। व्यक्तिवाद हमारे समाज पर इतना हावी हो गया है कि परिवार टूट रहे हैं। आज विकास का आधार सादा जीवन नहीं बल्कि अत्याधिक उपभोग है। जो जितना अधिक वस्तुओं एवं सेवाओं का उपभोग कर रहा है वह उतना ही विकसित है। विकास के जितने पैमाने अपनाए गए हैं सभी पश्चिमी देशों से लिए गए हैं, जो सिर्फ आर्थिक उन्नति को ही सबकुछ मान बैठा है। चाहे आर्थिक उन्नति के कितने भी नकारात्मक सामाजिक एवं सांस्कृतिक दुष्परिणाम क्यों न हों। चौंकाने वाला तथ्य यह है कि आज का युवा इन सभी नकारात्मक व्यवहारों को व्यवसायिकता (Professionalism) के नाम पर उचित साबित करने में लगा हुआ है। आज जिस प्रकार की सामाजिक एवं शारीरीक हिंसा की खबरें हम पढ़ते हैं वह चिंतनीय है। अपने निजी स्वार्थों की पूर्ति के लिए हम कब सभ्य से असभ्य बन गए पता ही नहीं चला।

स्पष्ट है कि हमारे युवाओं की सामाजिक चेतना अपनी जड़ों अर्थात् लोकजीवन से दूर हो गई है। दूसरी संस्कृतियों के प्रभाव में आकर वह ऐसे लोक में विचरण कर रहा है जिसकी सामाजिक चेतना उसकी अपनी नहीं है, अपने सांस्कृतिक मूल्यों से जुड़ी हुई नहीं है और इसलिए वह अपने समाज से, अपनी संस्कृति से एवं लोकजीवन के मूल्यों से विलग भटक रहा है। उसे समझ ही नहीं आ रहा कि आखिर इसका कारण क्या है। आज युवाओं को यह समझने की जरूरत है कि इसका कारण लोकजीवन से भटकाव है। इसका कारण सामाजिक चेतना का आधार पश्चिमी विचारों का होना है। यह न सिर्फ उसके स्वयं के लिए घातक है बल्कि एक समाज के रूप में हमारे विकास को भी अवरुद्ध करता है।

समाज के आगे आज यही एक चुनौती है कि कैसे हम अपने युवाओं को लोकजीवन से जोड़ें एवं उनकी सामाजिक चेतना को लोकजीवन के मूल्यों पर आधारित करें। इसके लिए एक नवजागरण की जरूरत है, जिससे सामाजिक जागरूकता आएगी और तभी हमारा युवा अपनी जड़ों से जुड़कर सामाजिक उत्थान में अपनी भूमिका निभा पाएगा। आज के युवा को अपना सामूहिक आदर्श गढ़ना होगा एवं उन आदर्शों को प्राप्त करने के लिए सामूहिक प्रयास करना होगा। सामूहिक आदर्श लोकजीवन से जुड़ा हो यह आवश्यक है। ऐसा आदर्श ही समाज में अनुकरणीय होगा। निष्कर्षतः हम कह सकते हैं कि लोक जीवन पर आधारित सामाजिक चेतना आज के भारत की जरूरत है, तभी वह विश्वगुरु के स्थान को दोबारा हासिल कर पाएगा।

❑❑❑

---

1. सहायक प्राध्यापक, दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय
2. शोधार्थी

पूर्वोत्तर की भाषाई विविधता और हिंदी उपन्यास

–बी आकाश राव

अगर हिंदी की बात करें तो पूर्वोत्तर में हिंदी का विकास बहुत तेजी से हुआ है। वर्तमान समय में पूर्वोत्तर के सभी राज्यों में हिंदी आसानी से बोली और समझी जाती है। इसका सबसे उत्कृष्ट उदहारण यह है कि अरुणाचल प्रदेश में मुख्य रूप से लगभग 26 जनजातियाँ निवास करती हैं और प्रत्येक की भाषा एक-दूसरे से बिलकुल भिन्न हैं।

शोध-सार : पूर्वोत्तर भारत विविध भाषाओं एवं संस्कृतियों का सघन भाग है, जहाँ अनेक भाषाएँ तथा जनजातीय समूह का वास है। पूर्वोत्तर में बोली जाने वाली भाषाएँ विभिन्न भाषा-परिवारों से सम्बद्ध है। हिंदी उपन्यासों में पूर्वोत्तर भारत की उपस्थिति उस रूप में दर्ज नहीं की गयी जिस रूप में होनी चाहिए, यद्यपि पूर्वोत्तर भारत को केंद्र में रखकर हिंदी में पर्याप्त उपन्यास लेखन हुआ है, जिससे हमें पूर्वोत्तर राज्यों की संस्कृति, इतिहास, समस्याएं आदि बखूबी समझने को मिलती है।

बीज शब्द : पूर्वोत्तर, जनजातियाँ, सांस्कृतिक, उपन्यास, संघर्ष, समस्याएं, अस्मिता, एलोपमेंट, प्रकरण, असंतोष, मातृसत्तात्मक।

मूल आलेख : भारत का पूर्वोत्तर क्षेत्र न केवल भारत का अभिन्न हिस्सा है बल्कि देश की विविध आदिम संस्कृतियों का केंद्र भी है। पूर्वोत्तर भारत में देश के आठ राज्य समाहित हैं, जिसमें असम, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मिज़ोरम, नागालैंड, मेघालय, त्रिपुरा (जिन्हें 'पूर्वोत्तर की सात बहनें' कहा जाता है) और सिक्किम शामिल है। इनमें सिक्किम वर्ष 2002 में पूर्वोत्तर का हिस्सा बना इसीलिए इसे 'पूर्वोत्तर की सात बहनों का एक भाई' कहा जाता है। "पूर्वोत्तर भारत अनेक धर्मों, जातियों, सभ्यताओं और संस्कृतियों का संगम स्थल है। पूर्वोत्तर में भारत और विश्व के विभिन्न क्षेत्रों से अलग-अलग मत और संस्कृति के लोग आए एवं इस समन्वयकारी संस्कृति में घुल-मिलकर एकरूप हो गए। विभिन्न कालखंडों में यहाँ आर्य, द्रविड़, तिब्बती, बर्मन आदि आए और यहाँ के लोकजीवन के अंग बन गए। इस क्षेत्र में लगभग 400 समुदायों के लोग रहते हैं और वे 220 से अधिक भाषाएँ बोलते हैं।"[1] अतः प्रत्येक की भाषा एक-दूसरे से नितांत भिन्न और विचित्र जान पड़ती है। चूंकि भौगोलिक दृष्टि से इस क्षेत्र की अंतर्राष्ट्रीय सीमाएं नेपाल, बांग्लादेश, भूटान, म्यांमार और चीन जैसे देशों से मिलती है, कदाचित यह भी एक कारण है कि पूर्वोत्तर भारत में हमें इतनी अधिक भाषाई और सांस्कृतिक विविधता देखने को मिलती है।

भाषाई दृष्टिकोण से पूर्वोत्तर काफी समृद्ध प्रांत है, "पूरे पूर्वोत्तर क्षेत्र में सैकड़ों जनजातियाँ, समूह और उनकी अलग-अलग भाषाएँ

प्रचलित हैं। इन भाषाओं को मुख्य रूप से तीन भाषा-परिवारों में विभाजित किया जाता है – 1. तिब्बती-चीनी परिवार, 2. आग्नेय परिवार और 3. भारतीय आर्य भाषा परिवार। इनमें तिब्बती-चीनी भाषा परिवार के तिब्बती-बर्मी उप-परिवार की भाषाएँ संख्या में सबसे अधिक हैं। इस क्षेत्र में प्रचलित भाषाओं को निम्नलिखित समूहों में रखा जा सकता है -1. हिमालयी या पूर्वी-तिब्बती समूह की भाषाएँ-लेपचा और मोनपा। 2. पूर्वोत्तर सीमान्त समूह की भाषाएँ-अक, डफला, आबोर, मीरी, आदी, मिश्मी, आपातानी, गालोंग आदि। 3.बोडो समूह की भाषाएँ-बोडो, त्रिपुरी, राभा, गारो, दिमासा, देउरी, लालुङ्, कार्बी या मिकिर, कछारी, कोच, जमातिया, रियाङ्, आदि। 4. नगा समूह की भाषाएँ-आओ, अंगामी, लोथा, सांङ्तम, यीमचुङर, माकबारे, रोंगमेङ्, ताङ्सा, वाङचो, बोङ्नी, सेमा, तिरखिर, जैमी, चांङ्फोंम, ताङ्खुल, लियाङ्मेई, चाक्री, खेजा, पोचुरी, खियाङ्गण, माओ, काबुई, कोन्यक चोखेसाङ् जेजिफेयाङ् आदि। 5. कुकी-चीनी समूह की भाषाएँ-कुकी, हमार, थाडो, पाइते, मणिपुरी, विष्णुप्रिया, लुशेइ, लखेर, वाइफे आदि। 6. बर्मी समूह की भाषाएँ। 7. काचिन समूह की भाषाएँ-सिङ्फो। 8. उत्तरी थाई समूह की भाषाएँ-खामती, अहोम आदि। 9. आग्नेय परिवार की भाषाएँ – खासी, जयन्तिया। 10. भारतीय आर्य भाषा परिवार की भाषाएँ – असमिया, बांग्ला आदि।"[2] इसके अतिरिक्त असमिया,नेपाली, मणिपुरी और बोडो ये चार भाषाएँ संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल हैं। इनमें प्रत्येक का अपना विपुल साहित्य और बहुसंख्यक प्रयोक्ता हैं।

अगर हिंदी की बात करें तो पूर्वोत्तर में हिंदी का विकास बहुत तेजी से हुआ है। वर्तमान समय में पूर्वोत्तर के सभी राज्यों में हिंदी आसानी से बोली और समझी जाती है। इसका सबसे उत्कृष्ट उदहारण यह है कि अरुणाचल प्रदेश में मुख्य रूप से लगभग 26 जनजातियाँ निवास करती हैं और प्रत्येक की भाषा एक-दूसरे से बिलकुल भिन्न हैं। ऐसे में उन्होंने हिंदी को एक माध्यम भाषा के रूप में सहर्ष स्वीकारा है। जिसे अरुणाचली हिंदी कहा जाता है। वहीं जब बोडो भाषा के संरक्षण के लिए लिपि की आवश्यकता हुई तो उन्होंने देवनागरी को अपनाया। आज पूर्वोत्तर भारत में साहित्य की प्रायः सभी विधाओं में हिंदी में लेखन हो रहा है केवल उपन्यास जैसे प्रौढ़ विधा की बात करें तो मेरी जानकरी के अनुसार अबतक मूलतः हिंदी में पूर्वोत्तर भारत की पृष्ठभूमि से संबंधित लगभग 25 की संख्या में उपन्यास लिखे जा चुके हैं, जिनमें पूर्वोत्तर के आठों राज्यों से जुड़े उपन्यास शामिल हैं। इन उपन्यासों में पूर्वोत्तर भारत के इतिहास, भूगोल, समाज, संस्कृति, राजनीति, आध्यात्मिक, लोकजीवन तथा आंचलिकता आदि पहलुओं का विस्तारपूर्वक वर्णन हुआ है। वस्तुतः हिंदी में पूर्वोत्तर पर अभी जो साहित्य प्राप्त है उससे किसी भी दृष्टिकोण से यह प्रतीत नहीं होता कि भारत का पूर्वोत्तर क्षेत्र हिंदीतर प्रांतों में गिना जाता है।

पूर्वोत्तर राज्यों में हिंदी उपन्यासों के विकास क्रम को देखें तो इस कड़ी में सर्वप्रथम देवेन्द्र सत्यार्थी का उपन्यास 'ब्रह्मपुत्र' वर्ष 1956 में प्रकाशित हुआ। इस उपन्यास में लेखक ने असम की लोक-संस्कृति का वर्णन करते मुख्य पात्र अतुल और देवकांत द्वारा स्वतंत्रता संग्राम में असम की भागीदारी, वहाँ का सामाजिक-राजनीतिक आदि परिदृश्य का चित्रण किया है। असम और असमिया जनमानस की चर्चा करते हुए देवेन्द्र सत्यार्थी लिखते हैं "असमिया यथासम्भव मर्यादा को नहीं छोड़ता है, पर यदि कहीं उसके आत्मसम्मान को ठेस लगी, तो वह बाढ़ के समय का ब्रह्मपुत्र बन जाता है। आथित्य में उसका जवाब नहीं। आज काम चल रहा है तो कल की चिन्ता क्यों की जाये? आने वाली विपत्ति आएगी तो देख लेंगे। बीते संकट का क्यों स्मरण किया जाये? पुरानी कहावत है- बाघ की सवारी करने वाले को बाघ से उतरने का गुर

नहीं आता, पग-पग पर अनुभव हुआ की असमिया को यह गुर भी आता है। ब्रह्मपुत्र गारा काटता हुआ और इधर को आयेगा तो दिसांगमुख और पीछे हट जायेगा।''[3] पूरे उपन्यास की कथावस्तु में कई प्रसंग, घटनाएं और पात्र शामिल है, उपन्यास के अंत में रानी गाईदिनल्यू भी नज़र आती है जिन्होंने देश की स्वाधीनता के लिए अपना सर्वस्व अर्पित कर दिया। ब्रह्मपुत्र इन सबकी कथाओं में अपने साथ लेकर चलता है और कथानायक बन जाता है। इसी प्रकार असम राज्य को केंद्र में रखकर लिखे गए अन्य उपन्यासों में 'राह और रोड़े'- छगनलाल जैन, 'जय आई असम'(1983)- नवारुण वर्मा, 'मुक्ति'(1999)- डॉ. महेन्द्रनाथ दुबे, 'उफ्फ'(2010) -प्रमोद कुमार तिवारी, 'लोहित'(2016)-अनिता सभरवाल, 'कामरूपा'(2018)-रमानाथ त्रिपाठी, 'नदी की टूट रही देह की आवाज'(2020)- श्रीप्रकाश मिश्र और प्रदीप सौरभ कृत 'देश भीतर देश'(2012) शामिल हैं। 'देश भीतर देश' की कथावस्तु इलाहबाद के एक युवक विनय और असम की युवती मिल्की डेका के इर्द-गिर्द घूमती है, जिनमें उपजा प्रेम जाती-धर्म के बंधनों से न टकराकर क्षेत्रीयता की सीमाओं से संघर्ष करता है। अपने ही देश में नस्लभेद के कारण पूर्वोत्तर वासियों को अस्मिता के संकट से जूझना, देश की मुख्यधारा में पूर्वोत्तर का स्थान नगण्य होना,असम के उग्रवादी संगठन और उससे निपटने हेतु भारतीय सेना द्वारा आम लोगों पर किए गए अत्याचारों जैसे मुद्दों से यह उपन्यास एक विचारोत्तेजक और समस्यामूलक उपन्यास बन जाता है। जिससे विनय को एक ही देश के भीतर दूसरे देश का आभास होने लगता है। उपन्यास के अंत में मिल्की द्वारा विनय को लिखा ख़त उपन्यास का सबसे त्रासद भाग है जहाँ वह लिखती है ''मैं कैसे विश्वास करूँ कि मेरा-तुम्हारा देश एक है। यदि ऐसा होता तो तुम्हारे ही देश का वासी पंजाबी कमांडो बनकर मेरे घर के भीतर नहीं घुसता। तुमने मेरे भीतर अनगिनत राग बजाये, लेकिन उन मीठे अहसासों से कहीं ज्यादा मुझे वो पंजा याद आता है, जिसने मेरे वक्षों को बेरहमी से दबाया था। मुझे नहीं भूलता है कि मेरे लोगों को तुम्हारे लोगों ने चाय के बदले नमक दिया। एक मीटर कपड़े को चारों तरफ से नाप कर चार मीटर की कीमत वसूली। हमारे जल, जंगल , जमीन को लूटा। हमारे बेगुनाह लोगों को तुम्हारी फ़ौज ने बेरहमी से शहर से लेकर जंगल तक मारा। लूट और लूट ही तुम्हारा सच है।''[4] 'देश भीतर देश' की यह पंक्तियाँ हमें पूर्वोत्तर भारत के एक दूसरे पहलू से भी परिचित कराती है जो बेहद विडंबनापूर्ण है।

देश के सबसे पूर्वी राज्य अरुणाचल प्रदेश में हिंदी की स्थिति काफी सशक्त है यहाँ बड़ी संख्या में हिंदी साहित्यकार निरंतर लेखन में सक्रिय है। औपन्यासिक दृष्टिकोण से अरुणाचल पर केंद्रित हिंदी उपन्यासों में जोराम यालाम का उपन्यास 'जंगली फूल'(2019) काफी चर्चित रहा। यह उपन्यास अरुणाचल प्रदेश की आबोतानी समुदाय पर केंद्रित है, इसमें लेखिका ने आबोतानी समाज के आदिपुरुष तानी की कथा को एक सिरे से विश्लेषित किया है। लेखिका लिखती है- ''जंगली होने का अर्थ मेरे लिए इस प्रकार है –प्रकृति से जुड़ना। उनके साथ स्वयं को अभिन्न अंग जानकर चलना।......जंगल पक्षपाती नहीं होता। उसमें जो जीवन है, वह तटस्थ है! वहां खिलने वाले फूलों की अपनी ही मर्जी और मौज होती है! न मोह, न आसक्ति और न त्याग! सभी तरह के बंधनों से मुक्त स्वतंत्रता का नाम जंगल है! वह स्वतंत्रता, जो परम अनुशासन से उत्पन्न होती है! मौत कदम से कदम मिलाकर चलती रहती है। सतर्कता का नाम जंगल है। चुनौती का नाम जंगल है। जो भटके हुए से लगते हैं, वही रास्ता ढूंढ सकते हैं। जंगल भटका सकता है। लेकिन वही जिंदा भी करता है। बचने का आनंद भी उसी में है।''[5] इसी प्रकार अरुणाचल केंद्रित अन्य उपन्यासों में 'सियांग के उस पार'(2018)- दयाराम वर्मा, 'उस रात की सुबह'(2018)-तुम्बम रीबा जोमो 'लिली', 'मिनाम'(2020)-

मोर्जुम लोयी, ‘प्रेमवल्लरी’(2019)-मलिक राजकुमार और ‘मेरी आवाज़ सुनो’(2021)-जुमसी सिराम ‘नीनो’ शामिल हैं। ‘मेरी आवाज़ सुनो’ अरुणाचल प्रदेश की गालो जनजाति पर केंद्रित उपन्यास है।

मणिपुर पर केन्द्रित हिंदी उपन्यासों में सर्वप्रथम बलभद्र ठाकुर कृत ‘मुक्तावती’(1958) है। इसके अलावा अन्य उपन्यासों में ‘उत्तर पूर्व’(2002)- लाल बहादुर वर्मा तथा ‘आहुति’(2008)- श्रीधर पाण्डेय है। ‘उत्तर पूर्व’ उपन्यास लाल बहादुर वर्मा द्वारा उनके मणिपुर प्रवास पर लिखा गया उपन्यास है। जिसमें प्रो. बर्मन लेखक का प्रतिनिधि पात्र है। उपन्यास में प्रो. बर्मन यू.पी. से मणिपुर इतिहास के प्रोफेसर के रूप में जाता है। नई जगह के जीवन की रोचकता एवं कठिनाई उसे मणिपुर के विविध रूपों से परिचित कराती है। विश्वविद्यालयी परिसर, अकादमिक राग-द्वेष, स्थानीय राजनैतिक समस्याएं आदि बर्मन को बहुत विचलित करते हैं। ऐसे में इबोहल, इराबो, जूही, राधा, तनु जैसे संवेदनशील पात्र पाठकों के मन में मणिपुर को जानने-समझने के नए आयाम विकसित करते है। इबोहल जैसे मेधावी विद्यार्थी और इराबो जैसे प्रतिभाशाली निर्देशक का जीवन मणिपुर में लागू आर्म्ड फोर्सेस स्पेशल पॉवर एक्ट द्वारा सेना की मनमानियों के कारण बर्बाद हो जाता है। डॉ. बर्मन मणिपुर की संस्कृति में घुल-मिल जाता है पर वह अंततः कोई समाधान नहीं खोज पाता। ठीक इसी प्रकार श्रीधर पाण्डेय कृत ‘आहुति’ उपन्यास की कथा भी मणिपुर में बिहार से रोजगार के लिए गए युवक मनोज और एक मणिपुरी युवती चानु की प्रेमकथा है। मणिपुर का परिवेश उपन्यास में अपने समृद्ध अतीत, नैसर्गिक सौंदर्य, उग्रवादी गतिविधि जैसी घटनाओं से भरा पड़ा है। उपन्यास की मूल समस्या मणिपुर में बाहरी और भीतरी के संघर्ष की है जहाँ मणिपुर में रह रहे गैर-मणिपुरी भारतीयों को मणिपुर के उग्रवादी संगठनों द्वारा सताया जाता है। वहीं इसके फलस्वरूप भारतीय सेना की जवाबी कार्यवाही में मणिपुर के आम जनमानस को तकलीफ होती है। उपन्यास में मणिपुर में प्रचलित विवाह पद्धति में एलोपमेंट जैसी प्रथा पर विशेष चर्चा की है। जहाँ लड़की को पूरी छूट होती है कि वह अपने मर्ज़ी से किसी युवक के साथ शादी के लिए भाग जाए, जिसके बाद घरवाले उसे दो दिन तक ढूंढते है और फिर लड़की अपने नवविवाहित पति के साथ अपने घर वापस आ जाती है और घरवाले इस सम्बन्ध को स्वीकार कर लेते है। यद्यपि यह नियम स्त्रियों की स्वछंदता के लिए बने थे परंतु कालांतर में किसी पुरुष द्वारा जबरन किसी स्त्री के अपहरण कर लेने पर उस स्त्री को उसी पुरुष से शादी करनी पड़ती थी। स्त्रियों के आजादी के लिए बने यह नियम उसके पैरों की बेड़ियाँ बन गए। ऐसे में गैर-मणिपुरी मनोज और मणिपुरी युवती चानु की शादी का वहाँ के उग्रवादी संगठन विरोध करते हैं और गोलीबारी में चानु मारी जाती है। उपरोक्त दोनों उपन्यासों ‘उत्तर पूर्व’ और ‘आहुति’ में मणिपुर की जिस स्थानीय समस्या को दिखाया गया है वैसी घटनाएं अब नहीं के बराबर है और मणिपुर तथा शेष भारत के बीच किसी हाशिये और मुख्यधारा जैसा कोई प्रश्न नहीं बचा, परंतु इन उपन्यासों के मार्फत हमें पूर्वोत्तर भारत की समस्या की एक तस्वीर देखने को मिलती है जिसे हर पाठक को समझने का प्रयास करना चाहिए।

पूर्वोत्तर केन्द्रित अन्य उपन्यासों में श्रीप्रकाश मिश्र के दो उपन्यास ‘जहाँ बाँस फूलते हैं’(1996) और ‘रूपतिल्ली की कथा’(2006) शामिल है जो मिजोरम और मेघालय पर केन्द्रित है। ‘जहाँ बाँस फूलते हैं’ उपन्यास में मिज़ोरम के सैन्य विद्रोह और भारतीय प्रशासन की गतिविधियों के बीच वहाँ के जनजीवन की समस्या को दर्शाया गया है। ‘रूपतिल्ली की कथा’ उपन्यास की पृष्ठभूमि मेघालय पर केंद्रित है जिसमें खासी समाज की लोक-संस्कृति, मातृसत्तात्मक समाज की अवधारणा, मानव-बलि, अंग्रेज और खासी शासकों के बीच संघर्ष, ईसाई धर्म प्रचार जैसे प्रकरणों की चर्चा है जिससे मेघालय की स्थानीय और

सांस्कृतिक सन्दर्भों की जानकारी मिलती है। शेष राज्यों पर केन्द्रित हिंदी उपन्यासों को देखें तो इनमें त्रिपुरा पर केंद्रित उपन्यास 'देवी माँ'(2000)-रमेन्द्र कुमार पाल, यह उपन्यास भारत-पाक विभाजन के दौरान त्रिपुरा में घटी घटनाओं पर केंद्रित है। कृष्णचन्द्र शर्मा 'भिक्खु' का उपन्यास 'रक्तयात्रा'(1978) नागालैंड पर केंद्रित है, जिसमें नागा जनजातीय समुदाय और स्थानीय लोगों के असंतोष व उनके सैन्य विद्रोह की कथा है। सिक्किम पर केंद्रित हिंदी उपन्यासों में 'अरण्य रोदन'(1985)- सुवास दीपक, जिसमें सिक्किम के तत्कालीन स्कूली शिक्षा व्यवस्था में व्याप्त भ्रष्टाचार पर व्यंग्य किया गया है तथा 'शिखर और सीमाएं'(1998)- शरत कुमार, इस उपन्यास में सिक्किम की प्राकृतिक सुंदरता और दीप्ति और समरेश नामक पात्रों के विवाहेतर संबंधों की चर्चा है।

इस प्रकार पूर्वोत्तर भारत पर केंद्रित इन हिंदी उपन्यासों में पूर्वोत्तर राज्यों की ऐतिहासिक, प्राकृतिक व भौगोलिक स्थिति, सांस्कृतिक पृष्ठभूमि, अस्मितामूलक संघर्ष, स्थानीय समस्याएं आदि की विस्तारपूर्वक जानकारी मिलती है जिससे पूर्वोत्तर भारत की यथास्थिति का परिचय मिलता है। पूर्वोत्तर भारत केंद्रित इन उपन्यासों में पात्र एवं घटनाओं की भरमार है, अधिंकाश स्त्री-पुरुष पात्र अपने अधिकार की रक्षा के लिए सक्रिय दिखाई पड़ते हैं। हर उपन्यास में स्थानीय भाषा के शब्दों एवं पर्व-त्योहारों की चर्चा से पूर्वोत्तर भारत के विविध पक्षों के दर्शन होते हैं। पूर्वोत्तर भारत की प्राकृतिक सुंदरता एवं वहाँ के लोगो की व्यवहार कुशलता ने उसके पर्यटन/तीर्थ क्षेत्र को काफी विकसित किया है लोग बतौर पर्यटक/तीर्थयात्री पूर्वोत्तर का भ्रमण तो करते हैं, परंतु वहाँ के जीवन और संस्कृति से एकाकार नहीं हो पाते ऐसे में साहित्य के माध्यम से इस आवश्यकता को पूर्ण किया जा सकता है।

निष्कर्ष : पूर्वोत्तर भारत की भाषिक विविधता और हिंदी साहित्य में उपन्यास जैसे प्रौढ़ एवं सशक्त विधा में लेखन के माध्यम से हिंदी ने पूर्वोत्तर और शेष भारत के बीच एक सेतु का कार्य किया है। उपन्यास में वर्णित प्रसंग, पात्र, घटनाएं सभी पूर्वोत्तर भारत के जीवन को समझने में सहायक सिद्ध होते हैं। पूर्वोत्तर भारत के लोगों का अन्य भारत के लोगों से संबंध, संघर्ष, शिकायतें उपन्यास के विषय इन सभी मुद्दों की पड़ताल करते हैं। ब्रह्मपुत्र, देश भीतर देश, जंगली फूल, उत्तर पूर्व, जहाँ बाँस फूलते हैं जैसे उपन्यास न केवल पूर्वोत्तर के इतिहास, सौंदर्य व संस्कृति ही नहीं अपितु उसकी समस्याओं को भी उजागर करते हैं। अतः पूर्वोत्तर क्षेत्र को जानने-समझने के लिए उपन्यास का माध्यम अत्यंत महत्त्वपूर्ण है।

संदर्भ :

1. परमार,वीरेंद्र.भूमिका,पृष्ठ सं. 7,*बहुआयामी पूर्वोत्तर भारत*, संपा.आलोक सिंह, अमन प्रकाशन, कानपुर, 2021.
2. प्रो. माधवेन्द्र, पूर्वोत्तर भारत का भाषाई परिदृश्य, पृष्ठ सं, 19-20, *हिंदी और पूर्वोत्तर*, संपा. कृपाशंकर चौबे, वाणी प्रकाशन, नयी दिल्ली, 2018.
3. सत्यार्थी.देवेन्द्र, *ब्रह्मपुत्र*, पृष्ठ सं.11, ज्ञान गंगा, दिल्ली, 1992.
4. सौरभ,प्रदीप.*देश भीतर देश*, पृष्ठ सं.166, वाणी प्रकाशन, नयी दिल्ली, 2012.
5. यालाम,जोराम.*जंगली फूल*, पृष्ठ सं.6,अनुज्ञा प्रकाशन,दिल्ली,2021.

❏❏❏

1. शोधार्थी, हिंदी विभाग, सिक्किम विश्वविद्यालय, गंगटोक. मो- 8942846259 ईमेल- akashr512@gmail.com

ब्रिटेन की चयनित प्रवासी हिन्दी कहानियों में स्वदेशभक्ति

–सिमरन

दिव्या माथुर की कहानी 'खोदा पहाड़ और...' कहानी में भारतीय भोजन के प्रति गोरों की दीवानगी दिखाई है "भारतीय भोजन के दीवाने हैं यह लोग। हमारे किसी भी रेस्टोरां में चले जाइए, वह शर्तिया गोरों से भरा होगा। एक ज़माना था कि यह गोरे हमें घर किराए पर नहीं देते थे कि हमारे बदन से अदरक-लहसुन की बदबू आती है और आज आलम यह है कि चिकन टिक्का मसाले को इंग्लैंड की नेशनल डिश घोषित कर दिया गया है।

शोध सार:

प्रवासी हिन्दी साहित्य आज अपनी एक विशेष पहचान स्थापित कर रहा है। इस साहित्य को लेकर यह प्रश्न उठाया जाता है कि किसे प्रवासी साहित्य माना जाना चाहिए और किसे नहीं? पहली पीढ़ी द्वारा लिखे गए साहित्य को या भारतवंशी (प्रवासियों की दूसरी और तीसरी पीढ़ी) द्वारा रचित साहित्य को। दूसरा प्रश्न यह है कि प्रवासी साहित्य भारत से कहीं दूर विदेशी धरती पर बस कर लिखे गए साहित्य को? या जो भारत से गए और वहाँ सजृन करके भारत वापस लौट आए या फिर भारत से प्रतिष्ठित होकर विदेश में जाकर अपना लेखन कार्य कर रहे है। प्रवासी साहित्य पढ़ने पर ज्ञात हुआ कि प्रवासी भारतीय अपनी भारतीय संस्कृति और देश भक्ति को जीवंत रखे हुए है। अपनी संस्कृति को विदेशों तक फैलाने का श्रेय भारतीय और प्रवासी लेखकों को जाता है। प्रवासियों को अपनी जन्मभूमि से बिछड़ने का दर्द, पीड़ा, टीस, कसक झलकती है। नॉस्टेलजिया इस साहित्य की सबसे बड़ी विशेषता और समस्या भी है। कहानियों में धर्म, पूजा-पाठ, संस्कृति, त्योहार, पर्व, लोकगीत, लोकनृत्य, वेशभूषा आदि समाहित होते हैं। जिन त्यौहारों को आज भारत में आम समझा जाता है वही विदेशी भूमि पर हर्ष-उल्लास का कारण बनते हैं। रचनाकारों ने कहीं तो भारतवंशियों को इससे कटते हुए दिखाया है तो कहीं इसको भारतीय परंपरानुसार धारण करते हुए। संपूर्ण प्रवासी लेखकों ने भारत को याद करते हुए अपनी लेखनी के माध्यम से अपनी स्वदेश भक्ति चित्रित की है।

बीज शब्द:- प्रवासी हिन्दी साहित्य, भारतवंशी, नॉस्टेलजिया, स्वदेश भक्ति, संस्कृति, परंपरा

प्रस्तावना:-

प्रवासी हिंदी साहित्य का अर्थ है वह साहित्य जो विदेशी भूमि पर हिंदी में रचा जा रहा है उसे प्रवासी हिंदी साहित्य कहा जा सकता

है। प्रवासी हिन्दी साहित्य हिंदी साहित्य की लगभग सभी विधाओं में विपुल मात्रा में रचा जा रहा है। दुनिया भर में भारतीयों के बसे होने के कारण प्रवासी साहित्य के माध्यम से हिंदी ने विश्व फलक पर अपनी पहचान बनाई है। भारतीय जब भारत से बाहर जाकर विदेशी भूमि पर अपनी जिंदगी की नई शुरुआत करते है तब उन्हें अपना देश बार-बार स्मरित होता रहता है। वह अपने देश, मातृभूमि को भूल ही नहीं पाते। सामान्यतः देशभक्ति की यदि बात की जाए तो अपने देश के लिए मर-मिट जाने वाली भावना ही देशभक्ति कहलाती है किंतु प्रवासी व्यक्ति के लिए देशभक्ति किसी से विद्रोह नहीं है और न ही देश की सीमा पर किसी जंग में अपनी मातृभूमि, अपने देश के लिए काम आना है। बॉर्डर पर अपने देश के लिए अपनी जान न्योछावर करना ही देश के प्रति अपनी भक्ति को दिखाना नहीं है बल्कि उसके लिए अपनी सुनहरी माटी से दूर रहकर उसके बिछोह में तड़प-तड़पकर उसे याद करते रहना, देश की संस्कृति, रीति-नीति तथा रीति-रिवाज को याद करना और अपने देश वापस लौट आने की ललक, पीड़ा, टीस, कसक, दर्द, जद्दोजहद, तथा उसे याद करते रहना ही उस प्रवासी व्यक्ति के लिए देशभक्ति है। यह भावना उसमें स्वतः ही प्रवाहित होती रहती है। जड़ों से कटने का दर्द प्रवासी व्यक्ति के लिए अपने देश के प्रति भक्ति की भावना को जागृत करता है। वह व्यक्ति अपनी इसी अनुभूति को कागज-कलम लेकर कैनवास पर उतार अपने देश के प्रति अपनी देशभक्ति दिखाता है।

पाश्चात्य देशों की सभ्यता और संस्कृति पर भारतीय संस्कृति के खान-पान और अध्यात्म की प्रसिद्धि दिखाई देती है। इस संदर्भ में अर्चना पेन्यूली लिखती है कि "भारतीय भोजन व अध्यात्म दोनों ने ही पश्चिमी देशों में बड़ी प्रसिद्धि पाई है। उदर की पूर्ति के लिए भोजन और आत्मा की शुद्धि के लिए अध्यात्म"

दिव्या माथुर की कहानी 'खोदा पहाड़ और...' कहानी में भारतीय भोजन के प्रति गोरों की दीवानगी दिखाई है "भारतीय भोजन के दीवाने हैं यह लोग। हमारे किसी भी रेस्टोरां में चले जाइए, वह शर्तिया गोरों से भरा होगा। एक ज़माना था कि यह गोरे हमें घर किराए पर नहीं देते थे कि हमारे बदन से अदरक-लहसुन की बदबू आती है और आज आलम यह है कि चिकन टिक्का मसाले को इंग्लैंड की नेशनल डिश घोषित कर दिया गया है। ब्रिटेन में रहने पर भी नायिका भारतीय मान्यताओं को अपने दिल से नहीं निकाल पाती। मरी हुई चुहिया को घर के बहार देखने पर वह सोचती है कि यह किसी अशुभ घड़ी का कोई संकेत तो नहीं है, आज का दिन न जाने कैसे गुजरेगा। जाने के लिए वैसे ही देर हो गई है उस पर सुबह सुबह ये मुसीबत। भारतीय अंधविश्वासों और मिथकों में उलझ जाती है। अपने देश, चाचा, दादी की बातों को याद करती है कि दादी कहती है सांप, कीड़े-मकोड़े और छपकलियाँ जैसे जीव बनना उनके बुरे कर्मों का फल होता है। वह सोचती है मुझे ऐसा कोइ कर्म न करना चाहिए जिससे चूहा या छिपकली बनना पड़े। किन्तु देर से ऑफिस पहुँचने पर भी बॉस से उसको मैनेजर का पद मिलता है, बॉस ने उसे अपना सहायक घोषित कर दिया और दूसरी तरफ माँ के फोन आने पर खबर मिली कि दस साल बाद भाभी ने बेटे को जन्म दिया है, भतीजे के पैदा होने कि ख़ुशख़बरी मिली। तो उसने अपने सहकर्मियों के साथ पब में पार्टी की। रात को घर वापस आने तक वह मरी हुई चुहिया भूल चुकी थी। वह प्रसन्न थी कि दिन अच्छा साबित हुआ और इस आशा में रोज निकलती कि मरी हुई चुहिया दिखे तो दिन अच्छा गुजरे। इस प्रकार नायिका का भारतीय मान्यताओं को याद करवाते हुए लेखिका ने अपनी स्वदेशभक्ति का चित्रण किया है।

दिव्या माथुर की कहानी 'पारिजात की पूजा' में पारिजात माँ के मर जाने के बाद अपने छुटपन को याद करता है। उसकी मां उसके छुटपन में नियमित रूप से देवी देवताओं की पूजा करती थी। पूर्णमासी के दिन सत्यनारायण की कथा करती है और दोनों बच्चों के जन्मदिन पर सुंदरकांड रामायण का पाठ करना नहीं भूलती थी। माँ की भगवान तथा देवी देवताओं पर अपार श्रद्धा थी। वह वही संस्कार अपने बच्चों को भी देना चाहती है किन्तु उसकी बेटी भगवान के प्रति कोई आस्था नहीं रखती और पारिजात धार्मिक संस्कार अपनाता है। इसलिए वह मां के अंतिम समय में माँ के स्वस्थ हो जाने के लिए मंदिर में बैठकर देवी देवताओं के हाथ-पाव जोड़ता है। कहानी में एक ओर तो पारिजात और मां की भारतीय धार्मिक आस्था और विश्वास दिखाया है तो दूसरी ओर उनकी बेटी को उतना ही अंधविश्वासी दिखाया है। लंदन में पले-बढ़े होने के कारण प्रवासियों की आने वाली पीढ़ी भरतवंशियों से धार्मिक और सांस्कृतिक संस्कार छुटते जा रहे है। भारत में तुलसी से संबंधित धार्मिक मान्यताएं है उनको विदेशी जमीन पर भी उतनी ही श्रद्धा से मानते है। माँ को बहुत नाज़ था कि इंग्लैंड की विदेशी धरती पर भी घर आंगन में तुलसी का पौधा लगाती है और उनकी यह धारणा है कि इंग्लैंड में तुलसी जी किसी-किसी के घर में ही फलती है और उनके घर में तुलसी खूब पनप गई थी। भारतीय धार्मिक आस्थाओं और मान्यताओं का प्रतीक है। पूजा-पाठ के माध्यम से अपनी देशभक्ति अभिव्यक्त की है।

शैल अग्रवाल की कहानी 'विसर्जन' में बंगाल से गए हुए प्रणव भास्कर बेनर्जी स्वयं को नास्तिक मानते थे। किन्तु बचपन में उन्हे माँ पर बहुत श्रद्धा थी। उन्हें माँ पर आस्था थी मगर बस अष्टमी के दिन बकरे या किसी भी प्रतिकात्मक दिए गए कुम्हड़े की बलि स्वीकार्य नहीं थी। किन्तु उनके नास्तिक हो जाने के बाद, ब्रिटेन में रहने पर माता कभी दुर्गा, कभी काली बनकर उनके सपने में आती है। उन्होंने –माँ जगत जननी दुर्गा, माँ सुख-समृद्धिदात्री लक्ष्मी, माँ आत्मसंतुष्टा, ज्ञान-वर्धिनी सरस्वती, माँ पाप-विनाशिनी महाकाली के रूप का दर्शन होता है। माँ गौरी, अंबा, दुर्गा, महाकाली, कभी माँ दुर्गा शेर पर आती तो कभी सुअर पर, कभी गधे पर, तो कभी भैंसें पर, कभी हंस, हाथी, मयूर पर चढ़कर अपना दर्शन देती है। उसको देवी माँ कृशकाय के रूप में भी दिखाई दी थी। माँ के इस रूप से उन्हें अनजाने अशुभ की आशंका होती है। माँ उसको सपनों में बार-बार दर्शन देती है। नवरात्रि का त्यौहार जैसी सभी व्यस्तताओं के पश्चात् भी उसका मन ह्दय अक्सर ही भारत में रमा रहता है। महालय का दिन मतलब हफ्ते भर में ही नवरात्रि शुरू हो जाती है। बंगाल ही क्या भारत का पंजाब और गुजरात भी माँ के स्वागत के रंग में रंग जाता है। उन्हें माँ की शरद ऋतु में आगमन की प्रथा बहुत प्यारी लगती है। शरद ऋतु की उस गुलाबी ठंड और पूजा का जोश और उत्साह बहुत प्यारा लगता है। माँ वर्ष में दो बार अश्विन और चैत्र में आती है। वे नवरात्रि के लिए भारत वापस आने का वादा स्वयं से और अपने भारत से भी करते हैं। इस त्योहार में नौ दिन माँ दुर्गा के बीस रूपों की भव्य पूजा की जाती है। तीन दिन दुर्गा माँ के अंदर के विकार नष्ट करने के लिए, अगले तीन दिन लक्ष्मी की पूजा कृपा और समृद्धि के लिए और अंतिम दिन माँ सरस्वती के ज्ञान अर्जन के लिए पूजा कि जाती है। फिर माँ की विदाई होती है। इस कहानी में माँ दुर्गा तथा उनके नौ रूपों के प्रति माध्यम से भारतीय त्योहार के प्रति आस्था, उत्साह और श्रद्धा का चित्रण किया है और इस माध्यम से अपनी देशभक्ति अभिव्यक्त की है।

शैल अग्रवाल की 'दिये की लौ' कहानी में कैंब्रिज विश्वविद्यालय में भारत की विभिन्न वेशभूषा में ब्रेकडांस, लोकनृत्य भांगड़ा किया जाता है। भारतीय हस्तकला, मेहंदी, चूड़ी और बिंदी की डिजाइन खरीदी जाती है। वहाँ दिवाली मेला लगाया जाता है। भारतीय व्यंजन जायकेदार छोले, पकौड़ियों और गुलाब जामुनओं की सोंधी-सोंधी महक आती है। भारतीय सभ्यता और संस्कृति से नायिका पेरिस इतनी प्रभावित होती है कि वह अपनी बेटी का नाम भी काशी नगरी से प्रभावित होकर काशी ही रखना चाहती है। केम्ब्रिज और काशी की तुलना करती है कि गंगा के किनारे बसी हुई काशी भी इतनी ही सुन्दर है जितना कि कैमरिवर के किनारे बसा यह है केम्ब्रिज। कैमब्रिज एशियन एसोसियेशन का निर्माण किया गया है। जिसमें एक फैशन शो भी रखा जाता है। नायक अविक और उसके मित्र दिवाली पूजा करने के बाद दिवाली मेला देखने जाते है और वहाँ से जल्दी ऊब कर माँ के साथ दिवाली मनाने लंदन आते हैं क्योंकि उनको पारंपारिक भारतीय अंदाज में दिवाली मनानी थी। पेरिस भारतीय त्योहार विशेषकर दिवाली का बहुत ही गहराई से ज्ञान रखती है। दीपावली से संबंधित लोक प्रचलित कथा राम का चौदह वर्ष के बनवास काटने के बाद अयोध्या घर वापस लौट आना जैसी कथा दोहराती है जबकि भरतवंशियों को दिवाली से संबंधित लोककथाओं का ज्ञान नहीं रहता है। ऐसा नहीं है कि भारतवंशियों को भारत और भारतीयता के प्रति कोई आकर्षण नहीं है। बल्कि विदेशों में एक ओर तो माँ-बाप अपने बच्चों का भारतीय संस्कृति से जोड़कर रखना चाहते हैं वहीं दूसरी ओर यह भी देखने को मिलता है कि जीवन की आपाधापी में माता-पिता इतने डूब जाते है कि उनके पास इतना भी समय नहीं होता की दो मिनट पास बैठकर अपने बच्चों को भारत और भारतीय संस्कृति के बारे में बता पाए या समझा पाए। वे बच्चे बिचारे माँ-बाप के साथ बैठकर फुरसत और शांति से दो बात करना तो दूर, अक्सर उनके दर्शन तक को तरस जाते हैं, उनके दर्शन तक दुर्लभ हो जाते हैं, जिसकी वजह से अविक का मित्र भारतवंशी रूपम पेरिस के सामने अजीब सी शर्मिंदगी महसूस करता है। अविक के सभी भारतीय मित्रों का यही हाल रहता है। लंदन में एक नन्हा भारत बसा हुआ है। लंदन पहुँचने पर अविक और उसके तीनों मित्रों का माँ भारतीय तरीके से स्वागत करती है। अशोक के पत्तों में गूँथी हुई फेयरी लाइट और उनके बीच-बीच छोटी-छोटी घंटियाँ, नीचे करीने से माला-सी सजी दीयों कि लंबी कतार और सामने प्रवेश द्वार पर घूमती रंगोली के बीच कमल के आकार की दीप्त मोमबत्ती, लक्ष्मी के स्वागत में सजे सँवरे घर के बंदनवार से नन्ही-नन्ही घंटियों की गूँज से उनका स्वागत होता है। दरवाजे पर माँ हाथ में पूजा की थाली लेकर तथा माथे पर तिलक लगाकर स्वागत करती है। माँ उनको भारतीय संस्कार से अभिवादन करना सिखाती है कि भारत में तो बच्चे बड़ों के पैर छूते हैं सभी ने माँ के पैर छूए। पेरिस माँ के दिए हुए भारतीय परिधान पहनकर दिवाली की पूजा करती है। नए कपड़े पहन कर सबने मिलकर लक्ष्मी की मूर्ति को खील बताशे और फूल चढ़ाए। माँ बताती है कि भारत में घर भरके मिठाई बनती है, अगले दिन मिलने-जुलने और गरीबों में बांटी जाती है, अगले तीन-चार दिन गाना-बजाना, मिलना जुलना चलता रहता है। पहले धन-तेरस, फिर छोटीबड़ी दिवाली पाड़वा और भैया दूज, पूरे पाँच दिन का त्योहार मनाया जाता है। फिर सब मिलकर ताश के खेल में तीन पत्ती खेलते है। माँ बताती हैं कि दिवाली के दिन ताश का खेल खेलने का रिवाज केवल अगले साल का शुभ-अशुभ देखने के लिए होता है। लंदन में रह कर सभी

भारतीय परंपरा, सभ्यता और रीती-रिवाजों के साथ दिवाली मनाते है। इस तरह कहानी में दिवाली का त्योहार मनाते हुए देश के प्रति अपनी भक्ति को दर्शाया गया है।

निष्कर्ष:-

जितना भारतीय संस्कृति को प्रवासियों ने सँजो के रखा है, वह अविश्वशनीय है। अपनी भूमि से दूर रहकर भी उसमें ही जीना यह स्वदेशप्रेम तथा स्वदेशभक्ति है। यही उनकी भक्ति का माध्यम भी है। प्रवासी हिन्दी साहित्य अपने आप में ही एक समृद्ध साहित्य है। इसकी एक लोकप्रिय शाखा कहानी के अध्ययन के माध्यम से ज्ञात हुआ कि अपनी माटी को छोड़ के गया हुआ व्यक्ति कभी भी अपनी माटी से भावात्मक रूप से दूर नहीं हो पाता। रह-रह कर वह अपनी ही माटी की याद करता रहता है जिसकी झलक हमें इस साहित्य में मिलती है, कभी रीति-रिवाजों के माध्यम से, तो कभी तीज-त्योहारों के माध्यम से।

संदर्भ ग्रंथ सूची:-

1. संधु, डॉ.मधू.(2019). संस्कृति चित्रण, वैश्विक संवेदन-संसार और प्रवासी महिला कहानीकार एक अध्ययन, कानपुर: अमन प्रकाशन. पृ.सं.-38
2. माथुर, दिव्या.(2009). खोदा पहाड़ और..., पंगा तथा अन्य कहानियाँ, नवीन शाहदरा,दिल्ली: प्रकाशक-मेधा बुक्स, पृ.सं.-17
3. माथुर, दिव्या. (2013). पारिजात की पूजा, मैड इन इंडिया, नई दिल्ली: हिन्दी बुक सेंटर
4. अगरवाल, शैल(2020). विसर्जन
5. http://www.abhivyaktihindi.org/kahaniyan/vatan_se_door/2005/visarjan/visarjan1.htm
6. अगरवाल, शैल(N.D.).
7. http://www.abhivyakti-hindi.org/kahaniyan/2003/diyekilau/diyekilau1.htm
8. माथुर, दिव्या(2010). कथा सत्यनारायण की, पंगा तथा अन्य कहानियाँ, दिल्ली: नवीन शाहदरा, प्रकाशक-मेधा बुक्स
9. मंडल, केदार कुमार,(2016). प्रवासी हिन्दी कथा साहित्य, नई दिल्ली: ईशा ज्ञानदीप
10. गोयनका, कमल किशोर.(2019). हिन्दी का प्रवासी साहित्य, दरिया गंज, दिल्ली: स्वराज प्रकशन
11. संधु, डॉ. मधू.(2019). वैश्विक संवेदन-संसार और प्रवासी महिला कहानीकार एक अध्ययन, कानपुर: अमन प्रकाशन
12. देसाई, डॉ. बापूराव.(2020).प्रवासी साहित्य का इतिहास (सिद्धांत एवं विवेचन), कानपुर: पराग प्रकाशन,

❒❒❒

1. शोधार्थी: हिन्दी विभाग कर्नाटक केन्द्रीय विश्वविद्यालय, कलबुरगी, कर्नाटक simranphd20@gmail.com 7892704090
2. हिन्दी विभाग, कर्नाटक केन्द्रीय विश्वविद्यालय, कलबुरगी, कर्नाटक-585367

भाषा का प्रश्न एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति

–पूजा

आधुनिक भारत की शिक्षा प्रणाली एक सुदीर्घ परंपरा का वहन करते हुए विकसित हुई है। जिसमें प्रसिद्ध भारतीय चिंतकों स्वामी विवेकानंद, श्री अरविंद, रविंद्रनाथ टैगोर, महात्मा गाँधी आदि ने बहुमूल्य योगदान दिया है। शिक्षा का मूल उद्देश्य मनुष्य की अंतर्निहित शक्तियों का विकास करना है। बालक के सर्वांगीण विकास में 'भाषा' अहम भूमिका निभाती है। भारत की समृद्ध धरोहर उसे 'अतुल्य ! भारत' बनाती है।

शोध-सार

राष्ट्र निर्माण का आधार शिक्षा है। विश्व में प्रौद्योगिकी, विज्ञान, तकनीक और शैक्षिक क्रांति के कारण आमूलचूल परिवर्तन दिखाई पड़ता है। वर्तमान समय की मूलभूत आवश्यकता एवं जिम्मेदारी को ध्यान में रखते हुए 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020' देश की युवा पीढ़ी को शिक्षित करने के साथ-साथ विश्व के साथ मिलकर चलने की ओर मील का पत्थर साबित होगी। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, बालक के संज्ञानात्मक ज्ञान के साथ-साथ उसके सर्वांगीण विकास पर आधारित है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति का उद्देश्य है कि शिक्षा द्वारा भारतीय परंपराओं, भाषाओं एवं संस्कृति का विकास हो तथा बच्चे संस्कृति से जुड़कर बहुमुखी व्यक्तित्व का निर्माण कर सकें।

आधुनिक भारत की शिक्षा प्रणाली एक सुदीर्घ परंपरा का वहन करते हुए विकसित हुई है। शिक्षा प्रणाली को एकीकृत करने के लिए स्वामी विवेकानंद, श्री अरविंद, रविंद्रनाथ टैगोर, महात्मा गांधी, विनोबा, इत्यादि ने गहनता से विश्लेषण करके भावी शिक्षा प्रणाली की रूपरेखा तैयार की थी। शिक्षा का मूल उद्देश्य मनुष्य की अंतर्निहित शक्तियों का विकास करना है। बालक के सर्वांगीण विकास में भाषा अहम भूमिका निभाती है। स्वतंत्र भारत की सभी शिक्षा नीतियों में भारतीय भाषाओं के संरक्षण एवं विकास पर विशेष ध्यान दिया गया है। भारत की वैविध्यपूर्ण संस्कृति, बहुभाषिकता एवं प्राचीन साहित्य को अनुवाद द्वारा वैश्विक स्तर पर पहुँचाया जा सकता है। प्रौद्योगिकी के उपयोग से भारतीय भाषाओं के संरक्षण एवं विकास संबंधी महत्त्वपूर्ण प्रावधान नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में किए गए हैं। यह मनोवैज्ञानिक सिद्धांत है कि बालक का शारीरिक, मानसिक, भावात्मक, नैतिक, चारित्रिक, सामाजिक और व्यवसायिक विकास मातृभाषा में शिक्षा ग्रहण करके ही संभव है। भारतवर्ष में एकीकृत शिक्षा व्यवस्था के लिए 'शिक्षा का माध्यम' किस भाषा में हो यह हमेशा से ही एक विचारणीय बिंदु रहा है। भारत के विपुल ज्ञान भंडार

को विभिन्न भारतीय भाषाओं के माध्यम से ही लोक-कल्याण एवं राष्ट्र-कल्याण के उपयोग में लाया जा सकता है।

बीज शब्द: भारतीय भाषा, संस्कृति, प्रौद्योगिकी, मातृभाषा, बहुभाषिकता।

शोध-आलेख

शिक्षा ही राष्ट्र के निर्माण का आधार है। विश्व भर में प्रौद्योगिकी व विज्ञान के कारण एक क्रांतिकारी परिवर्तन आया। अतः विश्व में अपनी पहचान बनाने व सबके साथ मिलकर चलने के लिए देश की युवा पीढ़ी को शिक्षित करने के लिए एक नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति की अत्यंत आवश्यकता थी। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, बालक के संज्ञानात्मक ज्ञान के साथ-साथ उसके सर्वांगीण विकास पर आधारित है। विषय ज्ञान के साथ-साथ विभिन्न जीवन कौशलों को बच्चों में विकसित करना अत्यंत आवश्यक है। इस शिक्षा नीति में भारतीय परंपराओं व संस्कृति से जुड़ कर बालक का विकास हो ऐसा प्रावधान है।

21वीं सदी में भारत की यह पहली शिक्षा नीति है। इसरो प्रमुख डॉक्टर के० कस्तूरीरंगन की अध्यक्षता में 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020' का गठन हुआ। 'नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020' बालक के संज्ञानात्मक ज्ञान के साथ-साथ उसके सर्वांगीण विकास पर आधारित है। इस राष्ट्रीय शिक्षा नीति का उद्देश्य है कि शिक्षा द्वारा भारतीय परंपराओं, भाषाओं एवं संस्कृति का विकास हो तथा बच्चे संस्कृति से जुड़कर बहुमुखी व्यक्तित्व का निर्माण कर सकें। पूर्ववर्ती शिक्षा नीतियाँ इस प्रकार हैं। राष्ट्रीय शिक्षा आयोग (1964-66) की अनुशंसा पर 1968 में भारत की पहली राष्ट्रीय शिक्षा नीति आई। कोठारी कमीशन के द्वारा यह नीति प्राथमिक शिक्षा से उच्च शिक्षा तक के सभी स्तरों के लिए बनाई गई थी। इस शिक्षा नीति (1968) में क्षेत्रीय भाषाओं के विकास पर बल दिया गया। माध्यमिक स्तर की कक्षाओं में त्रि-भाषा सूत्र प्रभावित रूप से कार्यान्वित किया गया। त्रि-भाषा सूत्र के माध्यम से हिंदी को संपर्क भाषा के रूप में स्थापित करने में योगदान दिया। स्वतंत्र भारत की दूसरी राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 में आई। शिक्षा नीति में 'ऑपरेशन-ब्लैक बोर्ड' कार्यक्रम चलाया गया जिसके तहत सभी आधारभूत आवश्यकताओं की पूर्ति के साथ 6 से 14 वर्ष की आयु के सभी बच्चों के लिए अनिवार्य शिक्षा का मौलिक अधिकार प्रदान किया गया।

आधुनिक भारत की शिक्षा प्रणाली एक सुदीर्घ परंपरा का वहन करते हुए विकसित हुई है। जिसमें प्रसिद्ध भारतीय चिंतकों स्वामी विवेकानंद, श्री अरविंद, रविंद्रनाथ टैगोर, महात्मा गाँधी आदि ने बहुमूल्य योगदान दिया है। शिक्षा का मूल उद्देश्य मनुष्य की अंतर्निहित शक्तियों का विकास करना है। बालक के सर्वांगीण विकास में 'भाषा' अहम भूमिका निभाती है। भारत की समृद्ध धरोहर उसे 'अतुल्य ! भारत' बनाती है। प्रत्येक देश की अस्मिता उसकी कला, साहित्यिक कृतियों, ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक स्मारकों, प्राचीन-ग्रंथों, परंपराओं, भाषा की अभिव्यक्तियों, कलाकृतियों आदि से परिलक्षित होती है। भारत जैसे बहुलता सम्पन्न समाज एवं विस्तृत भू-प्रदेश की भाषा नीति का निर्धारण एक विकट समस्या है। भारतवर्ष में एकीकृत शिक्षा प्रणाली के लिए शिक्षा का माध्यम किस भाषा को कितना बनाया जाए सदैव विचारणीय बिंदु रहा है तथा एक ज्वलंत समस्या बनकर खड़ा है। वस्तुतः राजभाषा के साथ ही सम्बद्ध विषय है शिक्षा के माध्यम का। जब तक राजकाज में अंग्रेजी चलेगी तब तक शिक्षा भी अंग्रेजी में होगी। अतः राजकाज में

हिंदी का प्रयोग ही विद्यालय स्तर पर हिंदी में शिक्षा प्राप्ति को प्रोत्साहित कर सकता है। यह सर्वविदित है कि मनोवैज्ञानिक रूप से शिक्षा का माध्यम मातृभाषा होना चाहिए। अब इतने बड़े राष्ट्र में किसी एक भाषा का सार्वदेशिक मातृभाषा होना संभव नहीं है। इसलिए हमारे यहाँ शिक्षा के माध्यम के संदर्भ में त्रि-भाषा सूत्र अस्तित्व में आया। मातृभाषा, राष्ट्रभाषा एवं संपर्क भाषा अर्थात् प्रादेशिक भाषा, हिंदी भाषा एवं अंग्रेजी भाषा का। अगला प्रश्न हमारे सम्मुख आता है कि किस स्तर तक किस भाषा का प्रयोग किया जाए। इस पर प्रसिद्ध विचारकों के विचार यहाँ प्रस्तुत हैं। श्रीमन् नारायण अग्रवाल की पुस्तक 'शिक्षा का माध्यम' की भूमिका में महात्मा गाँधी लिखते हैं- "भारतीय शिक्षा प्रणाली के अनेक दोषों में संभवतः सर्वदा सर्वाधिक दुखदायी और मूर्खतापूर्ण दोष है शिक्षा के माध्यम का विदेशी होना"[1] अर्थात् उनका मानना है कि शिक्षा का माध्यम मातृभाषा होना चाहिए। महान साहित्यकार प्रेमचंद भी शिक्षा का माध्यम मातृभाषा चाहते थे। साथ ही वे मिली-जुली साहित्यिक भाषा 'हिंदुस्तानी' को लाने की बात भी करते थे। लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक शिक्षा को राष्ट्र- उत्थान का महान साधन मानते थे। दिसंबर, 1905 में नागरी प्रचारिणी सभा के सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा- "राष्ट्र के लिए एक जैसी लिपि राष्ट्रीय आंदोलन का भाग है। यदि तुम राष्ट्र को एकसूत्र में बाँधना चाहते हो, तो तुम्हें हिंदी को राष्ट्रभाषा का दर्जा देना होगा तभी देश को अन्य विकसित देशों के समकक्ष लाया जा सकता है।"[2] श्री अरविंद घोष ने 15 जनवरी 1908 को मुंबई में अपने एक सम्भाषण में राष्ट्रीय शिक्षा पर बोलते हुए कहा कि- "इसका लक्ष्य छात्रों में राष्ट्रीयता का भाव जागृत करना है। इसके लिए अपने पूर्वजों के साहसिक कार्यों पर गहराई से चिंतन करना आवश्यक होगा। शिक्षा को मातृभाषा में होना चाहिए ताकि यह अधिक से अधिक लोगों तक पहुँच सके। अरविंदो ने इस बात पर भी बल दिया कि यद्यपि छात्रों को अपने मूल के साथ जुड़े रहना चाहिए फिर भी उनको आधुनिक वैज्ञानिक आविष्कारों तथा लोकप्रिय शासन व्यवस्था के संदर्भ में पश्चिमी देशों के अनुभव का भी भरपूर लाभ उठाना चाहिए इसके अतिरिक्त छात्रों को कोई हस्तकला भी सीखनी चाहिए ताकि वे स्कूल छोड़ने पर यथासंभव रोज़गार पा सकें।"[3]

'भारत की भाषा समस्या' नामक पुस्तक में डॉ रामविलास शर्मा लिखते हैं- "ब्रिटिश साम्राज्यवाद ने अंग्रेजी को अनिवार्य राजभाषा के रूप में भारत पर इसलिए लादा कि वह जनता का शोषण कर सके। इस प्रकार उसने भारत की अनेक जातियों की भाषाओं की प्रगति में बाधा डाली। स्वाधीनता संग्राम के दौरान भारतीय जनता ने यह माँग बराबर पेश की कि शिक्षा- संस्थाओं, अदालतों, शासन-तंत्र आदि में अंग्रेजी की जगह उसकी भाषा का चलन हो। जातीय प्रदेशों में अंग्रेजी की जगह वहाँ की भाषाओं का व्यवहार हो। जनता के लिए यह अब भी ज्वलंत प्रश्न बना हुआ है और अगस्त, सन् 1947 के राजनीतिक परिवर्तनों के बाद यह समस्या अभी कहीं हल होती नहीं दिखाई देती।"[4] आगे वे लिखते हैं "भारतेंदु हरिश्चंद्र, सुब्रह्मण्यम भारती, वीरेशालिंगम्, वल्लत्तोल आदि साहित्यकारों ने जो संघर्ष आरंभ किया था, उसे तब तक जारी रखना चाहिए जब तक अंग्रेजी को हटाकर भारतीय भाषाओं को उनके उचित अधिकार न दिला दिए जाएँ। यह संघर्ष हमारे राष्ट्रीय चरित्र, राष्ट्रीय गौरव और आत्मसम्मान की सुरक्षा के लिए संघर्ष है, यह समानता और परस्पर सहयोग के आधार पर भारतीय जनता की एकता को दृढ़ करने के लिए संघर्ष है।"[5] मौलाना अबुल कलाम आज़ाद ने स्वतंत्र भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री के रूप में पदभार सँभाला। मौलाना आज़ाद

स्वयं एक शिक्षक थे। अतः शिक्षा में उनकी विशेष रूचि थी। उन्होंने शिक्षा मंत्री के रूप में स्वतंत्र भारत की शिक्षा नीति की आधारशिला रखी। उस समय कई संस्थाएँ बनाई गई जैसे विश्वविद्यालय शिक्षा आयोग, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद्, उच्च टेक्नालॉजी संस्थान, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग। उन्होंने मानव शिक्षा के लिए ललित कलाओं के विकास पर भी विशेष बल दिया तथा साहित्य अकादेमी, संगीत नाटक अकादेमी, एवं ललित कला अकादेमी आदि राष्ट्रीय अकादमियों की स्थापना उनके मंत्रित्व काल में हुई। विनोबा भावे महान चिंतक और साधक थे। वे स्वयं संस्कृत और प्राचीन शास्त्रों के अधिकारी पंडित होने के साथ-साथ 16 भाषाओं के ज्ञाता थे। उनके शिक्षा प्रणाली में भाषा संबंधी विचार इस प्रकार है- "जनसेवा के लिए मातृभाषा का ज्ञान, देशभक्ति के लिए हिंदी भाषा ज्ञान और धर्म एवं तत्त्व ज्ञान के लिए संस्कृत भाषा का ज्ञान आवश्यक हो।"[6] उन्होंने जंगम विद्यापीठ में कहा था–"पाठशालाओं में शिक्षा का माध्यम उस प्रांत की प्रदेश भाषा ही होनी चाहिए।"[7] पं० दीनदयाल उपाध्याय भारत की शिक्षा व्यवस्था में भाषा के संबंध में लिखते है "भारत जैसे बहुभाषी देश के लिए प्रत्येक विद्यार्थी को देश की कम-से-कम दो भाषाओं का ज्ञान तो आवश्यक है ही। यदि इसे बोझ भी माना जाए तो एक बड़े देश के वासी होने के नाते हमें यह बोझ उठाना ही होगा। इन दो भाषाओं में एक हिन्दी है।"[8]

इस प्रकार प्रसिद्ध एवं महान शैक्षिक चिंतकों के विचार पर गहनता से विमर्श किया जाए तो शिक्षा के माध्यम से बालक के सर्वांगीण विकास में भाषा की अहम भूमिका रहती है। सभी चिंतकों का मानना है कि बालक की प्रारंभिक शिक्षा मातृभाषा या स्थानीय भाषा में होनी चाहिए ताकि बालक को स्वतंत्र चिंतन का अवसर मिल सके साथ ही वे भावी जीवन में राष्ट्र-निर्माण में सहयोगी बन सके। शिक्षा द्वारा आत्मनिर्भरता के लिए व्यवसायिक एवं तकनीकी शिक्षा का विकास अनिवार्य है। भारत की शिक्षा नीतियों में निरंतर तकनीकी एवं व्यवसायिक शिक्षा पर बल दिया गया है। 'नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020' में निश्चित रूप से सभी प्रकार के शैक्षिक चिंतन का समावेश मिलता है। शिक्षा का माध्यम किस भाषा में होना चाहिए साथ ही अन्य भाषाओं में उपलब्ध ज्ञान को किस प्रकार भारतीय शिक्षा व्यवस्था में उपयोग में लाया जा सकता है, इन सभी से संबंधित प्रावधान किए गए हैं। 'नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020' में सभी भारतीय भाषाओं की शिक्षा पर विशेष बल दिया गया है। इस शिक्षा नीति में पूर्ववर्ती शिक्षा नीतियों की तुलना में बहुत अधिक विस्तार से चिंतन-मनन किया गया है। इस नीति के अध्याय-4, अध्याय-22 में भाषा पर मुख्य रूप से चिंतन-मनन किया गया है। मातृभाषा या स्थानीय भाषा को प्राथमिक शिक्षा, माध्यमिक और भावी शिक्षा के लिए भी यथासंभव भारतीय भाषाओं को शिक्षा का माध्यम बनाया जाना चाहिए, ऐसा प्रावधान किया गया है। अध्याय-4 में 'बहुभाषावाद और भाषा की शक्ति' के अंतर्गत पाँचवी कक्षा तक संभव हो तो आठवीं कक्षा तक का माध्यम मातृभाषा या स्थानीय भाषा को ही निर्धारित किया गया है। देश भर की सभी क्षेत्रीय भाषा और विशेष रूप से संविधान की आठवीं अनुसूची में वर्णित सभी भाषाओं के संवर्द्धन, संरक्षण एवं विकास पर बल दिया गया है। बहुभाषावाद, राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने के लिए त्रि-भाषा फार्मूला को लागू किया जाना चाहिए। भारत की राष्ट्रीय पहचान एवं समृद्ध धरोहर से परिचित कराने के लिए 'द लैंग्वेजेज ऑफ इंडिया', 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' जैसी गतिविधियों का आयोजन किया जाना चाहिए। इस शिक्षा नीति में भारत की शास्त्रीय भाषाओं संस्कृत, तमिल, तेलुगू, कन्नड़, मलयालम के साहित्य से

भी युवा पीढ़ी को परिचित कराने का प्रावधान है। साथ ही पालि, फारसी, प्राकृत आदि भाषाओं को भी विकल्प के रूप में सीखने का प्रावधान किया गया है। इसमें विभिन्न विदेशी भाषाओं अंग्रेज़ी, जापानी, फ्रेंच, जर्मन, कोरियाई आदि के अध्ययन पर ध्यान दिया गया है। अध्याय-22 में भारतीय भाषाओं, कला और संस्कृति के संवर्द्धन की बात कही गई है। भाषा संस्कृति से जुड़ी हुई है। संस्कृति हमारी भाषाओं में ही समाहित है। इस शिक्षा नीति में भाषा संबंधी विशेष प्रावधान किए गए हैं। शिक्षा के माध्यम से सभी समुदायों की कला संस्कृति एवं भाषा का संरक्षण, संवर्द्धन, प्रसार संभव है। यूनेस्को ने 197 भारतीय भाषाओं को 'लुप्तप्राय' घोषित किया है। यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है क्योंकि एक भाषा के विलुप्त होने का अभिप्राय है उस समाज की संस्कृति का समाप्त होना। शिक्षा नीति में भाषा, कला और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए तथा बहुभाषिकता को प्रोत्साहन देने के लिए त्रि-भाषा सूत्र के क्रियान्वयन की बात की गई है। इस शिक्षा नीति में प्रथम बार भारत की विभिन्न भारतीय भाषाओं में उपलब्ध समृद्ध साहित्य को अनुवाद के माध्यम से लाभप्रद बनाने पर बल दिया गया है।

अतः उच्च प्रशासकीय, तकनीकी, वैज्ञानिक, व्यवसायिक शिक्षा के लिए भाषा का अत्यंत महत्त्व है। जीवकोपार्जन के लिए हिन्दी के प्रोक्ताओं में वृद्धि हो, इसके लिए इस शिक्षा नीति में प्रयास किया गया है। भारतीय संस्कृति एवं धरोहर की विश्व मंच पर पहचान अनुवाद के माध्यम से संभव है। इसके लिए 'इंस्टिट्यूट ऑफ ट्रांसलेशन एंड इन्टरप्रिटेशन' की स्थापना की जाएगी। भारत की वैविध्यपूर्ण संस्कृति, बहुभाषिकता एवं प्राचीन साहित्य को भाषा के क्षेत्र में प्रौद्योगिकी के प्रयोग द्वारा वैश्विक स्तर पर पहुँचाया जा सकता है।

संदर्भ:

1. श्रीमन् नारायण अग्रवाल, द्वितीय सं० 1947, शिक्षा का माध्यम, शिवलाल अग्रवाल एंड कं० लि० आगरा।
2. हरिराम जसटा, प्रथम सं० 1990, आधुनिक भारत में शैक्षिक चिंतन, परमेश्वरी प्रकाशन दिल्ली, पृ० 62।
3. हमारे अतीत-भाग 3, एनसीईआरटी, पृ० 88।
4. डॉ० रामविलास शर्मा, तृतीय सं० 2003, भारत की भाषा समस्या, राजकमल प्रकाशन दिल्ली, पृ० 68।
5. डॉ० रामविलास शर्मा, तृतीय सं० 2003, भारत की भाषा समस्या, राजकमल प्रकाशन दिल्ली, पृ० 104।
6. हरिराम जसटा, प्रथम सं० 1990, आधुनिक भारत में शैक्षिक चिंतन, परमेश्वरी प्रकाशन दिल्ली, पृ० 108।
7. वही।
8. डॉ० महेश चंद्र शर्मा, प्रथम सं० 1994, दीनदयाल उपाध्याय : कृतित्व एवं विचार, वसुधा पब्लिकेशन्स प्रा० लि० दिल्ली, पृ० 159।
9. राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार।

❑❑❑

1. शोधार्थी (पीएच०डी०) हिन्दी विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय मो० 9582140775 ई-मेल: pooja.gehlot1985@gmail.com

भाषा का प्रश्न और पूर्वोत्तर का हिंदी साहित्य

–कुसुम सबलानिया

पूर्वोत्तर राज्य प्रचुर संसाधन एवं अलौकिक प्राकृतिक वैभव की अनूठी छटा से लबरेज हैं। वर्तमान में पूर्वोत्तर भारत में आठ राज्य शामिल हैं जिनमें सिक्किम के अतिरिक्त अन्य सात राज्यों को सात बहनों की उपमा प्रदान की गई है। वे सात राज्य अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नगालैंड, त्रिपुरा हैं।

शोध सार

अभिव्यक्ति का मूल भाषा है| भाषा के लिए असंख्य ऐसे प्रश्न होते हैं जो अनिवार्य हैं| एक भारतीय नागरिक के रूप में, मातृभूमि की भाषा के रूप में हिंदी का जो महत्त्व है वह अद्वितीय है, अनिर्वचनीय है| भारतेंदु जी का वह कथन,' निज भाषा उन्नति अहै सब उन्नति के मूल' सटीक साबित होता है| सामान्य भारतीय के बोल चाल की भाषा से लगाकर साहित्य की प्रमुख भाषा और राजभाषा तक स्थापित होने में हिंदी ने बहुत लम्बी यात्रा की है| इस शोध में, पूर्वोत्तर भारत में हिंदी साहित्य के विकास की यात्रा का उल्लेख करने का प्रयास है| पूर्वोत्तर के सभी राज्यों असम, अरूणाचल, मेघालय, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, नागालैण्ड, और सिक्किम में अपनी अपनी विविध बोलियाँ और भाषाएँ है जो सदियों से इनकी परम्परा भी रही हैं परन्तु जिन भाषाओं की लिपि देवनागरी है, वह भाषा हिंदी न होते हुए भी उस भाषा के जरिए हिंदी भाषा का प्रचार संभव हो सका है। उदाहरण के रूप में अरूणाचल में मोनपा, मिशि, और अका, असम में मिरि, मिसमि और बोड़ो, नगालैंड में अडागी, सेमा, लोथा, रेग्मा, चाखे तांग फोम तथा नेपाली, सिक्किम में नेपाली लेपचा, भड़पाली, लिम्बू आदि भाषाओं के लिए देवनागरी लिपि है। देवनागरी लिपि अधिकांश भारतीय लिपियों की जननी रही है। अत: इसके प्रचार-प्रसार से पूर्वोत्तर में हिंदी शिक्षा सुगम हो गयी| आज पूर्वोत्तर में हिंदी साहित्य दिन प्रति दिन उत्थान पर है।

बीज शब्द – भाषा का प्रश्न, हिंदी साहित्य, पूर्वोत्तर भारत

प्रस्तावना

भाषा ही अभिव्यक्ति का माध्यम है चाहे लिखित मौखिक या सांकेतिक हो| गैर हिंदी भाषी क्षेत्र के लिए भाषा का प्रश्न और महत्त्वपूर्ण हो जाता है क्यों कि उस क्षेत्र की अपनी स्वयं की भाषाई विरासत इतनी मजबूत होती है जिसमे अन्य भाषा का प्रवेश होना तक संभव नहीं होता|

भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र में पूर्वोत्तर की अपनी अस्मिता अस्तित्व और भाषा की पहचान रही है जिसको देश ने बहुत बाद में जाना| हिंदी साहित्य के क्षेत्र में पूर्वोत्तर का महत्त्व कहीं भी कमतर आँका नहीं जा सकता, क्यों कि भले ही इस क्षेत्र के हिंदी साहित्य के प्रति योगदान को व्यापक स्वीकृति देर से मिली किन्तु हिंदी साहित्य के प्रति निष्ठा, प्रेम और उसको स्थापित करने के प्रयास में पूर्वोत्तर कभी पीछे नहीं रहा| भले ही आचार्य राम चन्द्र शुक्ल ने अपनी पुस्तक 'हिंदी साहित्य का इतिहास' में यह प्रमाणिक रूप से भले ही स्वीकार न किया हो कि हिंदी काव्य का आरम्भ सातवी शताब्दी से इस पूर्वोत्तर से ही है|(1) परन्तु उन्होंने इस पुस्तक में स्वीकार किया कि, " अपभ्रंश या प्रक्रिताभास हिंदी के पद्यों का सबसे पुराना पता तांत्रिक और योगमार्गी बौद्धों की सांप्रदायिक रचनाओं के भीतर विक्रम की सातवीं सताब्दी के अंतिम चरण का लगता है|"

विश्लेषण -

पूर्वोत्तर राज्य प्रचुर संसाधन एवं अलौकिक प्राकृतिक वैभव की अनूठी छटा से लबरेज हैं। वर्तमान में पूर्वोत्तर भारत में आठ राज्य शामिल हैं जिनमें सिक्किम के अतिरिक्त अन्य सात राज्यों को सात बहनों की उपमा प्रदान की गई है। वे सात राज्य अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नगालैंड, त्रिपुरा हैं। पूर्वोत्तर राज्यों में हिंदी साहित्य की अधिकतर विधाओं में बहुत कार्य किया गया है और वह आज तक निरंतर चल रहा है| यदि विधाओं के विश्लेषण की चर्चा की जाये तो काव्य साहित्य बहुत पहले से इन क्षेत्रोंमें है फिर गद्य साहित्य में काफी विस्तार हुआ और उसके बाद गद्येत्तर साहित्य में हिंदी की साहित्यिक पत्रिकाओं , हिंदी पत्रकारिता से सम्बंधित पत्रिकाओं, और यात्रा संस्मरणों ने पूर्वोत्तर के हिदी साहित्य को नयी ऊंचाई दी है| इसके साथ साथ इन क्षेत्रों में स्थापित की संस्थाओं और उच्च शिक्षण संस्थानों ने हिंदी विभाग को वरीयता दे कर उनका विकास कर पूर्वोत्तर में हिंदी के नए आयाम स्थापित किये हैं| पूर्वोत्तर राज्यों में विधा वार हिंदी साहित्य की यात्रा का विश्लेषण निम्नवत है|

पूर्वोत्तर का हिंदी काव्य साहित्य- डा.हरेराम पाठक अपने लेख' आसाम में हिंदी साहित्य लेखन का आरंभिक काल में लिखते हैं कि 'यदि पूर्वोत्तर का हिंदी काव्य साहित्य- आचार्य रामचंद्र शुक्ल के अनुसार प्रमाणित हो कि, सिद्ध-नाथों के साहित्य केवल आंचलिक शिक्षा नहीं है और जीवन की सामान्य अनुभूतियों से वह सम्बद्ध है तो सबसे प्राचीन सिद्ध सरह (वि. सं.६९०) को हिंदी का प्रथम कवि कहा जा सकता है|' आज जब सिद्ध नाथों की रचनाएँ जब सामाजिक रूप से स्वीकृति प्राप्त कर चुकी हैं तो आसाम के सिद्ध,' सहरपा' को हिंदी का प्रथम कवि माना जा सकता है|(2) इनके अलावा और भी अन्य सिद्ध आचार्य हुए हैं जिनकी रचनाएँ केवल तात्कालिक जीवन दर्शन को ही नहीं दर्शातीं अपितु मानव जीवन के साथ वे गहराई से जुडी हुई हैं| ' सहरपा' सहर प्राच्य देश आसाम के रहने वाले क्रन्तिकारी कवि हुए| इन्होने बौद्ध धर्म के पाखंडों के विरुद्ध प्रचार किया| सहरपा का दर्शन परम्पराओं से मुक्त है| वे कहते हैं कि जन्म मरण, और संसार के विषय में केवल अंदाजा लगा सकते है और कुछ नहीं, वे कहते हैं, 'जैसो जाम मरन भी तैसो, जीवन ते मालें नहीं बिशेसो'| इनकी साधनात्मक सारणियों का आगे विकास हुआ जो आगे की संत परंपरा में परिलक्षित होता है| इनके बाद सिद्धाचार्य लुइपा,(लौहित्यापाद) की कविताओं में मध्य युगीन संत काव्य दिखाई देता है| इसके बाद दरिकपा,कारुपा, कुकुरीपा जैसे संत इस पूर्वोत्तर में हुए| इन सब की

तपस्थली कामाख्या रही है| पूर्वोत्तर भारत का भक्ति साहित्य इतिहास लेख में नीलम भागी ने भक्ति काल को ५ खण्डों में विभाजित कर और विस्तार पूर्वक व्याख्या की है, इनके अनुसार वैष्णव पूर्व काल(1200-1400ई.),वैष्णव काल(1400-1650ई.), गद्यबुरंजी काल(1650-1926ई), आधुनिक(1926-1947ई.) और स्वधीनोत्तर काल (1947 के बाद)|(3) वैष्णव काल में शंकर देव ने ,धर्म जागरण के नए युग का सूत्रपात किया, शंकरदेव की अधिकांश रचनाएं भागवत पुराण पर आधारित हैं। उनके मत को भागवती धर्म कहा जाता है। उनके साहित्य के कारण कुछ समीक्षक उनके व्यक्तित्व को केवल कवि के रुप में ही सीमित नहीं करना चाहते। वे मूलतः उन्हें धार्मिक सुधारक के रुप में मानते हैं| शंकर देव की भक्ति के मुख्य आश्रय थे श्रीकृष्ण। उनकी लगभग तीस रचनाएं हैं। जिनमें से 'कीर्तनघोष' उनकी सर्वोत्कृष्ट कृति है| इस परंपरा को उनके शिष्य कवि माधवदेव हुए | वे कवि होने के साथ साथ संस्कृत के विद्वान, नाटकार, संगीतकार और धर्मप्रचारक भी थे। 'नामघोषा इनकी विशिष्ट कृति है। इस युग में अनंत कंदली, श्रीधर कंदली तथा भट्टदेव विशेष रुप से उल्लेखनीय हैं। गद्य बुरंजी काल (1650-1926 ई) में कवियों ने आश्रयदाता राजाओं का यशवर्धन किया। राजाश्रय होने के कारण इसमें धर्मनिरपेक्षिता की प्रवृति स्पष्ट रुप से देखी जा सकती है। दो सूफी काव्यों कुतुबन की 'मृगावती' तथा मंझन की 'मधुमालती' के कथानको के आधार पर दो काव्य लिखे गये। बाद में ब्रिटिश हकूमत का प्रभाव पड़ा। भक्ति साहित्य की रचना कम होती गई।अंग्रेजों के समय में विदेशी मिशनरियों के यहाँ काम करने के कारण फिर से आंचलिक बोलियों में काम ज्यादा होने लगा पर इस समय तक पूर्वोत्तर की प्रकृति की मनोहारी छटा हिंदी कविता में दिखने लगी थी| वैसे तो अज्ञेय इस समय में हर विधा में पूर्वोत्तर को परिलक्षित कर रहे थे तो उनकी कविता भी इससे अलग कैसे रहती| उनकी पावस प्रात, शिलोंग और दूर्वांचल जैसी कवितायेँ, पूर्वोत्तर की अद्वितीय छटाओं को दिखाती हैं|(4) पूर्वोत्तर में हिदी कविता को विस्तार देने में वर्तमान युग में चिरंजीव लाल जैन, नवारुण वर्मा जैसे कवियों का भी योगदान है और पूर्वोत्तर में हिंदी की कई संस्थाएं स्थापित होने के बाद आज तक इसका उन्नयन जारी है|

पूर्वोत्तर का हिंदी गद्य साहित्य- पूर्वोत्तर भाग में शंकरदेव ने काव्य के इतर अपने उपन्यासों, नाटकों आदि में हिंदी को प्रमुखता दी जिसको आज सार्वभौमिक स्वीकृति मिल रही है| इसके अतिरिक्त १७९४ ई. के समय में श्रीकांत सुर्याविप्र, १८३२ ई. में यज्ञराम खारघरिया फुकन ने हिंदी सिखाने के लिए वृहद् अभियान चलाया| उसके बाद भुवन चन्द्र गईते जैसे साहित्यकारों ने हिंदी को पूर्वोत्तर में एक नयी दिशा दी| अज्ञेय, देवेन्द्र सत्यार्थी, श्री प्रकाश मिश्र, विष्णु चन्द्र शर्मा, श्रीधर पाण्डेय, रीतामणि वैश्य आदि ने हिदी गद्य में पूर्वोत्तर को सम्मिलित कर पूर्वोत्तर के हिंदी साहित्य को मजबूत करने का काम किया| अज्ञेय की जयदोल, नीली हंसी, हिली बोन की बतखें, मेजर चौधरी की वापसी और नगा पर्वत की घटना जैसी कहानियां पूर्वोत्तर को केंद्र में रख कर लिखी गयी हैं|(5) देवेंद्र सत्यार्थी के 'ब्रह्मपुत्र' से शुरू करके श्रीप्रकाश मिश्र के उपन्यास 'रूपतिल्ली की कथा' तक इन उपन्यासों में मणिपुर, मिजोरम, मेघालय और असम की बेहतरीन छवियाँ पूरी सहानुभूति के साथ उकेरी गई हैं. इन उपन्यासों में पूर्वोत्तर के अधुनिक इतिहास, लोकजीवन, भाषा, संस्कृति आदि को लोककथाओं के साथ गूँथकर बहुत ही रोचक ढंग से पेश किया गया है|

पूर्वोत्तर का गद्येत्तर साहित्य- पूर्वोत्तर क्षेत्र में हिदी साहित्य की उत्थान में हिदी कविता, उपन्यास, आदि के अतिरिक्त, पत्रिकाओं की महती भूमिका रही है| इसमें साहित्यिक पत्रिकाओं के साथ साथ हिदी पत्रकारिता की पत्रिकाएं भी महत्त्वपूर्ण साबित हुई हैं| इसके अलावा यात्रा वृतांतों ने पूर्वोत्तर को केवल बाकी देश से ही नहीं अपितु पूरे विश्व को पूर्वोत्तर की प्रकृति से जोड़ा है| अज्ञेय के यात्रा वृतांत,'अरे यायावर रहेगा याद (१९५३)' में पूर्वोत्तर की संस्कृति की अद्वितीय झलक दिखती है|(6) कृपा शंकर चौबे अपने लेख,'पूर्वोत्तर की भाषाओँ और हिंदी के सेतुबंध' में बहुत विस्तार से पत्रिकाओं की भूमिका की व्याख्या करते हैं| वे लिखते हैं कि, "पूर्वोत्तर की भाषाओं के साहित्य की हिंदी में जबर्दस्त उपेक्षा हुई है। इस उपेक्षा के खिलाफ जिन पत्रिकाओं ने पिछले दो-तीन दशकों के दौरान निरंतर रचनात्मक संघर्ष किया, वे हैं-उलुपी, महिप और समन्वय पूर्वोत्तर। वैसे उत्तरकाल, पूर्वांचल प्रहरी, सेंटिनल, प्रातः खबर और दैनिक पूर्वोदय भी यदा-कदा पूर्वोत्तर के साहित्य को हिंदी में अनूदित कर लाते रहे हैं, किंतु सुचिंतित तरीके से हिंदी और पूर्वोत्तर में भाषा सेतुबंधन का काम उलुपी, महिप और दैनिक पूर्वोत्तर आदि ने ही किया है"।(6) इसके अलावा मणिपुर हिंदी परिषद् की पत्रिका महिप, अरुण प्रभा, मेघालय दर्पण, असम प्रदीप का भी उल्लेखनीय योगदान है| पूर्वोत्तर के हिंदी साहित्य में योगदान करने वाली संस्थाएं- पूर्वोत्तर में हिंदी साहित्य के विश्लेषण को, उन संस्थाओं के योगदान को याद किये बिना पूरा नहीं किया जा सकता जिन्होंने आधुनिक काल (१९२६) के समय से पूर्वोत्तर क्षेत्र में हिंदी को पुनर्जीवित किया है| जब सन १९३४ ई में 'अखिल भारतीय हरिजन सेवा संघ' की स्थापना हेतु महात्मा गांधी असम आए। उन्होंने जगह-जगह संबोधनों में असमिया को हिंदी से परिचित होने की बात कही थी, उनके प्रत्युत्तर में गड़ मुड़ सर्वाधिकार श्री श्री पीतांबर देव गोस्वामी ने सूचित किया था कि 'यहां हिंदी सिखाने वालों की कमी है। अत: यदि यह व्यवस्था हो जाए, तो हम हिंदी शिक्षा की व्यवस्था करेंगे।' इससे गांधी जी ने संतुष्ट होकर बाबा राघवदास को हिंदी प्रचारक के रूप में नियुक्त करके असम भेजा। उनके संतमय, तेजोमय तथा तपस्वी जीवन से पूर्वोत्तर सदा गौरवान्वित है।

पूर्वोत्तर में हिंदी साहित्य में योगदान करने वाली सस्थाएं - वर्तमान में पूर्वोत्तर भारत में आठ राज्य शामिल हैं जिनमें सिक्किम के अतिरिक्त अन्य सात राज्यों को सात बहनों की उपमा प्रदान की गई है। वे सात राज्य अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नगालैंड, त्रिपुरा हैं। इन आठ राज्यों के विकास के लिए सन् १९७१ में केन्द्रीय संस्था के रूप में पूर्वोत्तर परिषद के गठन के बाद से भारत सरकार ने इस क्षेत्र में हिंदी की प्रगति के लिए प्रभावी योजना बनाना आरम्भ किया। पूर्वोत्तर राज्यों में हिंदी के प्रचार एवं प्रसार में केन्द्रीय हिंदी संस्थान का योगदान भी उल्लेखनीय है| संस्थान के तीन केन्द्र गुवाहाटी, शिलांग तथा दीमापुर में स्थित हैं। ये तीनों केन्द्र अपने-अपने कार्य क्षेत्रों के राज्यों में हिंदी के प्रचार एवं प्रसार के विशेष कार्यक्रम चलाते हैं|हिंदी साहित्य सम्मेलन की ओर से, मणिपुर में , नागालैंड राष्ट्र भाषा प्रचार समिति की और से नागालैंड में, मिजोरम हिंदी प्रचार सभ द्वारा मिजोरम में , पूर्वोत्तर हिंदी साहित्य अकादमी द्वारा मेघालय एवं त्रिपुरा में हिंदी का प्रचार प्रसार हुआ है| इसके अतिरिक्त , असम राष्ट्रभाषा प्रचार समिति गुवाहाटी एवं पूर्वोत्तर राज्यों में स्थापित केन्द्रीय विश्वविद्यालयों के हिंदी विभाग भी बहुत

अद्वतीय कार्य कर रहे हैं|

शोध उद्देश्य और संभावनाएं- इस शोध पत्र का उद्देश्य पूर्वोत्तर राज्यों में हिंदी भाषा के लिए किये गए कार्यों को सामने लाना है जिससे पता चल सके कि कितने प्राचीन समय से ही भारत का यह भाग हिंदी साहित्य की विभिन्न विधाओं को ले कर उन्नति करता रहा है| अंग्रजों के शासनकाल के बाद जो हिंदी भाषा कि अवनति पूर्वोत्तर में हुई है उसका भी उल्लेख किया गया है और तब से अभी तक इस क्षेत्र में हिदी साहित्य को बढ़ावा देने के लिए जो कार्य किये जा रहे हैं उनका भी उल्लेख है| परन्तु आज भी चुनौतियाँ कम नहीं हैं| पूर्वोत्तर में हिंदी सामान्य जन मानस में इसलिए नहीं पहुंची कि वो सर्व स्वीकार्य है अपितु इसलिए पहुंची कि हिंदी भाषी लोग वहां आजीविका के लिए , व्यापार इत्यादि के इन प्रदेशों में पहुंचे| आज आवश्यकता है है इन प्रदेशों में निवास करने वाले स्थानीय जन भी हिंदी साहित्य को अपना बनायें और हिंदी के क्षेत्र में अपने पूर्वोत्तर राज्यों को और देश को गौरवान्वित अनुभव करने का अवसर दें| निष्कर्ष – इस प्रकार यह निसंदेह कहा जा सकता है कि पूर्वोत्तर में हिंदी साहित्य की जड़ें बहुत गहरी हैं| हिंदी साहित्य के प्रारंभिक काल से लेकर आज तक पूर्वोत्तर में हिंदी साहित्य की समृद्ध परम्परा बनी हुई है| स्वतंत्र्य सघर्ष काल काल में भले ही हिदी साहित्य का वाट वृक्ष यहाँ थोडा सा मुरझाया हो परन्तु आज भी वही यथावत अपनी छाया में केवल हिंदी को ही नही अपितु आंचलिक भाषाओँ को भी स्वयं से जोड़ कर उनको पुष्पित और पल्लवित कर रहा है| वह दिन दूर नहीं जब पूर्वोत्तर के क्षेत्रीय भाषी साहित्यकार भी हिंदी की मुख्य धारा से जुड़ कर अपना मुख्य स्थान बनायेंगे|

सन्दर्भसूची

1. आचार्य राम चन्द्र शुक्ल – हिंदी साहित्य का इतिहास – (प्रकरण 1 – सामान्य परिचय)
2. डॉ. हरेराम पाठक – असम में हिंदी साहित्य लेखन का आरंभिक काल (शोध आलेख- कंचनजंघा- वर्ष -1 , अंक 2, जुलाई- दिसंबर 2020)
3. नीलम भागी भक्तिकालीन साहित्य का इतिहास (पूर्वोत्तर भारत का भक्ति साहित्य)
4. https://neelambhagi.blogspot.com/2019/11/blog-post.html
5. अज्ञेय, - सम्पूर्ण कहानियां (राजपाल $ संस- 2014 प्रष्ठ 21)
6. अज्ञेय, - सम्पूर्ण कहानियां (राजपाल $ संस- २०१४ प्रष्ठ 438 से 460 तक)
7. अज्ञेय – अरे यायावर रहेगा याद (राज कमल प्रकाशन प्रकाशित वर्ष 2019)
8. कृपा शंकर चौबे – पूर्वोत्तर की भाषाओँ और हिंदी के सेतुबंध- लेख https://www.amarujala.com/columns/opinion/bridge-between-northeast-language-and-hindi-hindi

❑❑❑

1. लेखिका शोधार्थी, हिंदी विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय ईमेल- kusumsabal9@gmail.com संपर्क - 8802324084

भाषा का प्रश्न और हिंदी सिनेमा

–डॉ. भगवान गव्हाडे

जहाँ तक भारतीय सिनेमा का सवाल है, वहाँ हिंदी सिनेमा अधिक लोकप्रियता हासिल कर चुका है। दक्षिण भारत के (टॉलीवूड) सिनेमा की तुलना में मध्य और उत्तर भारत में (बॉलीवूड) सिनेमा का ही अधिक बोलबाला दिखाई देता है। यहीं नहीं पाश्चात्य देशों में निर्मित (हॉलीवूड) सिनेमाओं के मुकाबले बॉलिवूड के हिंदी सिनेमा को लोग अधिक मात्रा में पसंद करते हैं।

शोध सारांश:

भाषा मनुष्य के भावाभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम है। भाषा के बिना मनुष्य के अंतर्बाह्य संवेदनाओं तथा व्यक्तित्व का विकास असंभव है। मनुष्य ने जिस अनुभव ज्ञान के आधार पर शोध-अनुसंधानपरक उपलब्धियाँ हासिल की है, उन उपलब्धियों ने भौतिक सुख-सुविधाओं में अपार श्री वृद्धि की है। जिससे हमारा जीवन अधिकाधिक आनंदमय हो गया है। समाज भाषा वैज्ञानिकों ने कहा है कि भाषा के बिना राष्ट्र गूंगा और बहरा होता है। इसीलिए राष्ट्र की पहचान के लिए राष्ट्रभाषा की आवश्यकता होती है। भारत जैसे विशाल देश में बहुभाषिक, बहुसांस्कृतिक एवं बहुधार्मिक लोग निवास करते हैं। सभी की अपनी जातीय अस्मिता और अलग अस्तित्व है। फिर भी यहाँ अनेकता में एकता के दर्शन होते हैं। यह बात सर्वविदित है कि विभिन्न जाति-जनजातियों में विभाजित हमारा राष्ट्र एकता, अखंडता, समता, भाईचारा और सौहार्द्रपूर्ण शांतिमय जीवन जीता आया है।

विश्व में भाषा परिवारों की संख्या यद्यपि अभी तक अनिश्चित है, क्योंकि फ्रेडरिक, मूलर आदि विद्वान जहाँ 100 भाषा परिवारों की कल्पना करते हैं, वहाँ अन्य विद्वानों की कल्पना 250 परिवारों तक जा पहुँचती है। विश्व में चार भाषा परिवार विद्यमान हैं। उनमें भारोपीय भाषा परिवार, द्रविड भाषा परिवार, तिब्बत-चीनी भाषा परिवार और आस्ट्रिक भाषा परिवार का उल्लेख मिलता है। हमारे देश में भारोपीय भाषा व्यवहार और साहित्य की भाषा होने के कारण उसका दायरा बहुत व्यापक है।

भारत में 1961 की जनजगणना के अनुसार लगभग 1652 मातृभाषाएँ अर्थात् बोलियाँ प्राप्त हुई हैं। इन्ही बोलियों के योगदान से ही मुख्य भाषाएँ बनती हैं। भाषाओं के अंतर्गत समाहित बोलियों के शब्दों को निकाल दिया जाए तो भाषा की शक्ति, सामर्थ्य और प्रभाव धाराशाई हो जाएगा।

जहाँ तक भारतीय सिनेमा का सवाल है, वहाँ हिंदी सिनेमा अधिक लोकप्रियता हासिल कर चुका है। दक्षिण भारत के (टॉलीवूड) सिनेमा की तुलना में मध्य और उत्तर भारत में (बॉलीवूड) सिनेमा का ही अधिक बोलबाला दिखाई देता है। यहीं नहीं पाश्चात्य देशों में निर्मित (हॉलीवूड) सिनेमाओं के मुकाबले बॉलीवूड के हिंदी सिनेमा को लोग अधिक मात्रा में पसंद करते हैं। इसके बहुआयामी प्रस्तुतिकरण के कारण हिंदी सिनेमा प्रचंड लोकप्रियता के शिखर को छू रहा है। उसके बहुआयामी गीत, संगीत, रंग, रूप, प्रकाश संयोजन, पार्श्व संगीत,

अभिनय, निर्देशन, भौगोलिक स्थान निर्धारण, गाँव-शहर-महानगर तथा देश-विदेश के वातावरण के चित्राण के कारण यह सिनेमा सभी की पहली पसंद बन गया है। इन सभी बातों से भी अधिक मौलिक और महत्वपूर्ण बात तो यह है कि हिंदी सिनेमा ने अपनी भाषा और संवाद योजना में आमूलचूल लचिलापण लाकर सिर्फ भारत ही नहीं अपितु वैश्विक परिदृश्य को अपनी ओर आकर्षित किया है। यही कारण है कि आज विश्व के सौ से भी अधिक देशों के लोग हिंदी सिनेमा को बेहद पसंद करते हैं।

बीज शब्द: भाषा, भावाभिव्यक्ति का साधन, अस्मिता, बहुभाषिक राष्ट्र,हिंदी सिनेमा की लोकप्रियता, कलाओं का अंतर्संबध, लोकजागरण, बोलियों का योगदान, वैश्विक लोकप्रियता।

भूमिका:

मनुष्य की मूलभूत आवश्यकताओं में रोटी, कपड़ा और मकान की आपूर्ति होने के पश्चात वह मनोरंजन की तरफ मुड़ता है। अपने जीवन स्तर को बढ़ाते हुए वह कला प्रेमी बनता है। शायद इसीलिए मनुष्य के सर्वांगिन व्यक्तित्व निर्माण और विकास में कलाओं का अनन्यसाधारण महत्व है। भारतीय ज्ञानशाखाओं में कला क्षेत्र का स्वतंत्र अस्तित्व है। चौंसठ कलाओं में जिस प्रकार साहित्य, संगीत, नृत्य, अभिनय, चित्रकला, गीत, मूर्तिकला, वाक्पटूता, हास्य-विनोद, बाह्य साज श्रृंगार आदि को वरियता दी गई है, उन सभी को ललित कलाओं के अंतर्गत रखा जाता है। भारतीय संस्कृत साहित्य में काव्यकला और नाट्यकला का प्राचीन स्वरूप, उद्भव और विकास सभी को ज्ञात है। भारतीय विद्वानों ने इसीलिए नाटक को पंचम वेद कहा है। क्योंकि नाटक में सभी ललित कलाओं का अंतर्संबंध परिलक्षित होता है। गीत, संगीत, संवाद, भाषा, साहित्य, अभिनय, प्रकाश संयोजन, नृत्य, हास्य-व्यंग्य आदि सभी कलाओं का मणिकांचन संयोग नाटक में प्राप्त होता है। रस, अलंकार, छंद, औचित्य, प्रतिक, बिंब एवं साधारणीकरण आदि का निरूपण इसी नाट्य विधा का महत्वपूर्ण विवेचन अंग है। कहने का तात्पर्य यह है कि सिनेमा ने नाटक के सभी अंग-प्रत्यंग का अनुसरण और अनुकरण करके अपने आप को विकसित और लोकप्रियता के शिखर पर पहुँचाया है। मैं तो यह कहना चाहूँगा कि नाटक से कई आगे का रास्ता सिनेमा ने तय किया है। नाटक का मंचन वीडियो रेकॉर्डिंग करने पर उसकी प्रभावात्मकता कम हो जाती है, लेकिन सिनेमा के माध्यम से हम उसकी प्रासंगिकता, उपादेयता और मौलिकता का जतन कर उसे कई सदियों तक संजोय रख सकते हैं। इसी क्रम में हमें उसकी 'भाषा' को केंद्र में रखकर विचार करना होगा। क्योंकि सहज, सुंदर, आलंकारिक तथा सौष्ठवपूर्ण भाषा के बिना नाटक हो या सिनेमा अपना प्राणतत्व खो देता है। सिनेमा के भाषा रूपी प्राणतत्व का महत्व अनन्यसाधारण होता है। जिस पर विस्तार के साथ यहाँ विचार करना होगा।

सिनेमा और कला:

पूरे विश्व में आधुनिक लोकप्रिय कला के रूप में सिनेमा की तरफ देखा जाता है। सिनेमा एक अद्भुत रोमांचक कला रूप है। अन्य कलाओं की तरह यह भी हमारे समय, समाज, संस्कृति और अर्थतंत्र की बुनियादी तथा अनिवार्य आवश्यकता है। भारतीय सिनेमा के माध्यम से हम अपने संस्कार, संस्कृति और जीवन दर्शन को दुनिया के सामने प्रस्तुत कर सकते हैं। सिनेमा हमारे विभिन्न सामाजिक प्रश्नों, चिंताओं, जिज्ञासाओं और भविष्यकालीन संभावनाओं को अपनी सृजनशीलता का एक अनिवार्य अंश बनाता रहा है। परंतु इसके लिए अनिवार्य शर्त यह भी है कि वह सिनेमा कला और जीवन को जोड़कर बनाया हुआ होना चाहिए। वर्तमान समय में अक्सर हम सिनेमा में अनर्गल, असंगत, अश्लिल तथा असभ्य भाषा के प्रयोग को देखते हैं, तो मन-मस्तिष्क व्यथित होता हुआ पाते हैं। इसलिए सिनेमा की भाषा सभ्य और कलात्मक होनी चाहिए। सिनेमा के संदर्भ में विनोद दास का कहना है कि - ''सिनेमा का तात्पर्य उस सबल चाक्षुष माध्यम से हैं जो स्वस्थ मनोरंजन के रूप में जीवन जगत के बुनियादी प्रश्नों की जहाँ हमें समझ और शक्ति देता है, वहीं गहरे आत्मान्वेषण के लिए उकसाते हुए हमारे मन को अनूठे और रचनात्मक आनंद से समृद्ध करता है।''1

भारतीय सिनेमा ने पूरे विश्व में अपनी अलग पहचान बनाई है। चाहे वह मुक सिनेमा हो, संगीत सिनेमा

हो या कृष्णधवल हो, अपनी कलात्मक अभिव्यक्ति के लिए वह लोकप्रिय बना हुआ है। आधुनिक और उत्तराधुनिक काल में हॉलीवूड के साथ टक्कर देने में वह हमेशा सजग दिखाई देता है। भारतीय सिनेमा का एक और वैशिष्ट्य यह भी रहा है कि वह समय के साथ-साथ अपने आपको बदलता रहा है और भविष्य की संभावनाओं को भी भलिभाँति पहचानता है। कला जगत की यह अनुपम उपलब्धि कही जा सकती है। कला, संस्कृति और राष्ट्रभक्ति एक-दूसरे के परस्परपूरक उपादान है, जो हमारी स्वतंत्र पहचान को रेखांकित करते हैं। इस संदर्भ में सिनेमा के आलोचक अजय ब्रह्मात्मज का कहना है कि - ''बदलते समय के साथ सिनेमा का मिजाज बदलता रहा है। आजादी के पहले ही हिंदी फिल्मकारों ने राष्ट्रीय भावना से प्रेरित फिल्मों की शुरूआत की। गुलाम और शासित देश में आमतौर पर अतीत की शौर्यगाथाओं और विजय प्रसंगों को याद किया जाता है। साहित्य, नाटक और फिल्म जैसी विधाओं में अतीत के नायकों पर केंद्रित कहानियाँ बुनी जाती है। ये नायक हमारे अतीत के सांस्कृतिक और राजनीतिक प्रतिनिधि हो सकते हैं। तब पौराणिक और मिथकीय चरित्रों पर फिल्में बनाने का एक उद्देश्य अपनी महानता स्थापित करना भी था। मूक फिल्मों के साथ ही सवाक फिल्मों के आरंभिक दौर में ढेर सारे पौराणिक, ऐतिहासिक और मिथकीय चरित्रों पर फिल्मकारों ने फिल्में बनाई और अपनी राष्ट्रीय एवं सांस्कृतिक अस्मिता रेखांकित की।''2 सिनेमा ने अपनी कलात्मकता को बनाए रखते हुए तत्कालीन राष्ट्रीय, सामाजिक और सांस्कृतिक पक्ष को भी महत्वपूर्ण मानकर अपनी प्रतिबद्धता का परिचय दिया है।

भाषा का प्रश्न और हिंदी सिनेमा:

भाषा के बिना मनुष्य का जीवन व्यर्थ है। भाषाओं की विविधता के कारण ही संपूर्ण संसार अनुगूंजित हो उठा है। जिस प्रकार प्रकृति पर बसनेवाले सजीव प्राणी, पंछी और कीट पतंग अपनी मधुर आवाज से आदान-प्रदान करते हैं, ठीक उसी प्रकार दुनिया के सभी देशों में बसनेवाले विभिन्न रंग, रूप, वंश, नस्ल, जाति, धर्म, संप्रदाय को माननेवाले मनुष्य अपनी वाणी द्वारा एक-दूसरे की भावना, विचार और अभिव्यक्ति को जानते हैं। 'भाषा' के बारे में अपने विचार प्रस्तुत करते हुए वरिष्ठ भाषाविद् डॉ. राजमल बोरा का कहना है कि - ''भाषा अभिव्यक्ति का प्रधान साधन है। यों तो सारी अभिव्यक्तियां कलाओं के माध्यम से होती हैं, किन्तु कलाओं में भाषा की स्थिति विशेष होती है। भाषा में कलागत विशेषताएँ भी पायी जाती हैं। इसीलिए भाषा अपने आप में कला भी है।''3 भाषा में वे सारे तत्व मौजूद होते हैं, जिसे विज्ञान की कसौटी पर भी परखा जा सकता है। इसलिए कहना न होगा कि विश्व की सबसे अधिक प्रामाणिक, प्रमाणित, परिनिष्ठित और वैज्ञानिक भाषा सिर्फ हिंदी ही है। क्योंकि हिंदी में जैसा लिखा जाता है, वैसा ही बोला जाता है। यह कुशलता और मौलिकता किसी और भाषा में मिलना असंभव सा प्रतित होता है। कला होने के कारण भाषा नियमों से मुक्त होने का उपाय भी करती रही है।

यदि सिनेमा की भाषा पर ध्यान केंद्रित करते हैं, तो यह बात स्पष्ट रूप से दिखाई देती है कि भारतीय परिदृश्य में वहीं फिल्में लोकप्रिय रही है, जिनकी भाषा और संवादों में कमाल की मधुरता, सुंदरता और संवेदनशीलता के लक्षण हैं। दर्शकों ने उन्हीं फिल्मों को सराहा है जिसमें भारतीय जीवन मूल्यों को महत्व देकर फिल्मांकन किया है और उन फिल्मों को दरकिनार किया है जिसकी भाषा अश्लिल, अभद्र, द्वीअर्थी, असंगत तथा अप्रासंगिक रही है। इसलिए हिंदी सिनेमा के एक शताब्दि बितने के बाद भी भाषा का प्रश्न कभी उपस्थित नहीं हुआ है। फिल्में वहीं कालजयी ठहरती है, जिसमें जीवन का सार, प्रतिबिंब और भविष्य का सपना दिखाई देता हो। कुछ फिल्में ऐसी बनी हैं, जिसे देख-देख कर एक पूरी पीढ़ी ने अनुकरण करके प्रेरणा ग्रहण कर ली है। दूसरी ओर हमारे शिक्षा और साहित्य जगत से संबंधित लोग सिनेमा के बारे बिल्कुल ही गंभीर नहीं है। उनकी दृष्टि से सिनेमा के लिए गीत, कथा, पटकथा लिखना दोयम दर्जे का काम है। इस संदर्भ में वरिष्ठ साहित्यकार और फिल्म लेखक राही मासूम रज़ा का कहना है कि - ''मेरे विचार से फिल्म, साहित्य की सबसे सशक्त विधा और अभिव्यक्ति का माध्यम है। हमारे विश्वविद्यालय दूसरी और तीसरी श्रेणी की कविताओं और कहानियों पर शोध प्रबंध लिखवाते हैं लेकिन साहित्य के किसी विभाग में फिल्म पर ध्यान देने का कष्ट नहीं उठाया जाता।''4 यह बात सौ फ़ीसदी सही भी है कि हिंदी के नामचीन साहित्यकारों

और आलोचकों ने भी फिल्मी दुनिया की ओर ध्यान नहीं दिया, जिसके कारण साहित्य और सिनेमा का जो रिश्ता गहरा होना चाहिए था, वह नहीं हो पाया है। फिल्म को भारतीय समाज ने अनेक प्रतिष्ठित शायर दिए हैं, उनमें हसरत जयपुरी, गुलशन बावरा, आनंद बख्शी, वर्मा मलिक, खुदा बेहारी, राजेन्द्र कृष्ण, गुलज़ार, प्रदीप, बशीर बद्र, कैफ़ी आजमी, फ़िराक गोरखपुरी, फ़ैज अहमद फैज, निदा फाजली, दुष्यंत कुमार, शकील बदायूंनी आदि अनेकों ने फिल्मों की भाषा को समृद्ध करने का प्रयास किया है। फिल्मों की भाषा को सिर्फ संवाद योजना ही तय नहीं करती बल्कि उन फिल्मों के गाने भी चार चाँद लगाने का कार्य करते हैं। हमारे देश में आम तौर पर हिंदी साहित्य विधा की कहानियों और उपन्यासों पर फिल्म बनाने का रिवाज नहीं है। ऐसी स्थिति में हम किसकी ओर उम्मीद की नजरों से देखें? तीसरी कसम (मारे गए गुलफाम), आक्रोश, यही सच है, तिरिया चरित्र, रजनी गंधा, जीना यहाँ, शतरंज के खिलाड़ी, सद्गति, नौकर की कमीज, गोदान, सारा आकाश, आधे-अधूरे, तमस, हजार चौरासी की माँ, डाक बंगला, काली आंधी, मौमस, समय की धारा, चित्रलेखा, धर्मपुत्र आदि चालीस-पचास कथा, उपन्यासों को छोड़ दिया जाए तो ज्यादातर 'पॉकेट बुक्स' उपन्यासों पर फिल्में बनती है, जिनका कोई साहित्यिक सरोकार और योगदान नहीं होता है।

हिंदी सिनेमा में हिंदी साहित्य संस्कृति तो मिलेगी जरूर जिनमें कृष्ण चन्दर, इसमत चुगताई, यशपाल, अमृतलाल नागर, भैरव प्रसाद गुप्त, राजेन्द्र यादव, कमलेश्वर, मोहन राकेश, फणीश्वरनाथ रेणु, शानी, सुरेन्द्र प्रकाश, रामलाल, राही मासूम रज़ा और रजिआ सज्जाद जहीर की कहानियों में। लेकिन हिंदी साहित्य का संपूर्ण जगत हिंदी सिनेमा से कटा हुआ नज़र आता है। उसी प्रकार हिंदी सिनेमा को जिन महत्त्वपूर्ण निर्देशकों ने मौलिक योगदान दिया है, उनमें सत्यजीत राय, श्याम बेनेगल, गोविंद निहलानी, राज कपूर, बासु चटर्जी, बी. आर. चोपड़ा, यश चोपड़ा, करण जोहर, महेश भट्ट, संजय लीला भंसाली, प्रकाश झा, विशाल भारद्वाज, गुरूदत्त, सूरज बडजात्या, अनुराग कश्यप, चेतन आनंद, इस्माईल मर्चंट, बिमल राय आदि का नाम बड़े गौरव के साथ लिया जा सकता है।

वैसे तो साहित्य और साहित्यकारों का अपना कोई दायरा नहीं होता है, लेकिन वहीं पर सिनेमा और पटकथा लेखक के साथ ऐसी अनेक सीमाएँ होती है। इस संदर्भ में फिल्म गीतकार गुलजार का कहना है कि - ''किसी भी लिटरेरी वर्क को टोटली एडाप्ट नहीं किया जा सकता है। इसकी वजह यह है कि सिनेमा को एक बहुत बड़े दर्शक वर्ग को खुश करना होता है, जिसमें कम पढ़े-लिखे, अनपढ़, अमीर-गरीब, श्रमजीवी, बुद्धिजीवी सभी शामिल होते हैं । इन सबको एक साथ खुश करने की कोशिश में सिनेमा को साहित्य में मिलावट करनी ही पड़ती है।''5 साहित्यिक कृतियों की जो भाषा होती है वह निश्चित रूप से स्तरिय होती है। खास तौर से मुख्यधारा के साहित्य में यह भाषा का कलात्मक और रूमानी स्वरूप स्पष्ट रूप से परिलक्षित होता है। लेकिन जहाँ तक बीसवीं सदी के अंतिम दशक और इक्कीसवीं सदी के प्रथम तथा द्वितीय दशक में साहित्यिक रचनाओं की भाषा में बहुत बड़ा विलक्षण बदलाव दिखाई देता है। उसकी भाषा में सिर्फ खुरदरापण ही नहीं है बल्कि तीखे तेवर भी नज़र आने लगे हैं। अस्मितामूलक साहित्य में यह बात विशेष तौर पर देखने को मिलती है। जाहिर सी बात तो यह है कि सामाजिक दृष्टि से उपेक्षित, वंचित, शोषित, प्रताड़ित समुदाय अपने जीवन की भोगी हुई त्रासदी को बिना किसी लाग लपेट के जस का तस अभिव्यक्त करने लगा है। इसलिए हिंदी सिनेमा की भाषा में भी गजब का परिवर्तन आया है। इस संदर्भ में अभिषेक कुमार सिंह कहते हैं कि - ''फिल्मों में हिंदी, उर्दू, अरबी-फारसी के मिले जुले रूप भी देखे जा सकते हैं। कुछ ऐसी फिल्में जो किसान जीवन से जुड़ी रही हैं, जिन फिल्मों में गांव को दिखाया गया है, उन फिल्मों की भाषा में हिंदी का शुद्ध अथवा मानक स्थायी रूप न होकर क्षेत्रीय बोली के रूप में प्रयोग किया गया है । इस तरह की फिल्में हिंदी प्रदेश की क्षेत्रिय बोलियों को अपने में समेटे हुए दिखती है।''6 कहने का तात्पर्य यह है कि दक्षिण भारत की हजारों फिल्में हिंदी भाषा में डबिंग होकर भारत के साथ-साथ विदेशों में भी लोकप्रिय हो रही है। इसलिए भाषा का कोई प्रश्न ही नहीं है। सन 1990 के बाद भी कई फिल्में प्रदर्शित हुई, जिनमें भारत की कई क्षेत्रिय भाषाओं का प्रयोग किया गया था। पानसिंह तोमर, उड़ता पंजाब, तन्नू वेड्स मन्नू, गैंग्स ऑफ वासेपुर, मुन्नाभाई एम.बी.बी.एस, बाजीराव मस्तानी, लगान, कबीर सिंग जैसी

फिल्मों ने हिंदी सिनेमा के साथ ही क्षेत्रिय भाषाओं का भी उपयोग बड़ी सफलता के साथ किया है। स्तरिय भाषा के संदर्भ में विनोद दास लिखते हैं कि - ''विश्व सिनेमा के परिदृश्य में भारतीय सिनेमा को बहुत आदर और सम्मान के साथ देखा जाता है। भारतीय सिनेमा के हर समर्थ फिल्मकार के पास अपनी विशिष्ट फिल्म भाषा रही है, चाहे वे सत्यजीत राय हो या ऋत्त्विक घटक, मृणाल सेन या फिर श्याम बेनेगल अथवा मणि कौल या कुमार शाहनी।''7 इन महान फिल्म निर्देशकों का योगदान सदियों तक भूलाया नहीं जा सकता।

महत्त्वपूर्ण सूझाव:

- साहित्य की तरह फिल्मों को भी पाठ्यक्रम में शामिल करके इस दिशा में एक सार्थक पहल की जा सकती है।
- श्रेष्ठ सामाजिक फिल्मों को प्रोत्साहित-प्रेरित करके स्वस्थ समाज और संस्कृति का निर्माण किया जा सकता है। इसलिए साहित्यकारों ने फिल्मी दुनिया में आने की आवश्यकता है।
- विश्व भाषाओं में निर्मित विदेशी फिल्मों का हिंदी रूपांतर (डबिंग) करके भारत के लोगों को उपलब्ध किया जाना चाहिए।
- हिंदी सिनेमा को विश्व स्तर पर बड़े पैमाने पर पहुँचाना हो तो उसका भाषाई स्वरूप स्तरिय और लोकाभिमुख बनाने की आवश्यकता है।
- हिंदी सिनेमा अपने जन्मकाल से ही बहुविध और भाषागत सार्थकता को लेकर विकसित हुआ है, लेकिन कुछेक फूहड़, अभद्र, अश्लिल फिल्मों के कारण बदनाम हुआ है, इसलिए फिल्मी भाषाओं के लिए कठोर नियम (Censor) की आवश्यकता है।

निष्कर्ष:

मनुष्य जीवन में कला और मनोरंजन का विशिष्ट तथा अनन्यसाधारण महत्व है। रोजमर्रा की जिंदगी की एकरसता से उबरने के लिए हमें अपने मनपसंद मनोरंजन की नितांत आवश्कयता होती है। इसीलिए पुरातन काल में कथा, कविता, गीत-संगीत के साथ-साथ नाटकों का महत्व रहा है। उसी नाटक की जगह आज हिंदी सिनेमा ने ले ली है। कई कलाओं का समुच्चय अथवा अन्तर्संबंध सिनेमा में पाया जाता है। सिनेमा एक ऐसी विधा है जिसे शिक्षा - दीक्षा ग्रहण करने की कोई शर्त नहीं है। अनपढ़, गँवार, गूँगा-बहरा और अंधा व्यक्ति भी रस ग्रहण कर सकता है। इसीलिए वर्तमान समय में सिनेमा ने अपनी लोकप्रियता के शिखर को प्राप्त किया है। भाषाई लचिलापन और परिवर्तनशीलता हिंदी सिनेमा की सबसे बड़ी खासियत है। हिंदी सिनेमा उत्तरोत्तर पूरे विश्व में अपनी छाप छोड़ रहा है। इसलिए भाषाई प्रश्नों को नज़रअंदाज करके उसकी अच्छाईयों को परखना चाहिए।

संदर्भ सूची :

1. भारतीय सिनेमा का अंत:करण, विनोद दास, मेधा बुक्स, नवीन शाहदरा, दिल्ली - 2003, पृ. 7
2. सिनेमा समकालीन सिनेमा, अजय ब्रह्मात्मज, वाणी प्रकाशन, दरियागंज, नई दिल्ली, 2006, पृ. 48
3. भाषा विज्ञान, संपादक डॉ. राजमल बोरा, नेशनल पब्लिशिंग हाऊस, दरियागंज, नई दिल्ली, 2007, पृ. 3
4. सिनेमा और संस्कृति, राही मासूम रज़ा, वाणी प्रकाशन, दरियागंज, नई दिल्ली, 2015, पृ. 44
5. साहित्य का सिनेमाई रूपांतरण, चरण सिंह अमी (मीडिया विमर्श, सिनेमा विशेषांक -2 मार्च, 2013), पृ. 61
6. हिंदी सिनेमा और साहित्य, अभिषेक कुमार सिंह, ओड़िशा राज्य मुक्त विश्वविद्यालय, संबलपुर, पृ. 3
7. भारतीय सिनेमा का अंत:करण, विनोद दास, मेधा बुक्स, नवीन शाहदरा, दिल्ली, 2003, पृ. 12

❐❐❐

1. सहयोगी प्राध्यापक, हिंदी विभाग, डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर मराठवाडा विश्वविद्यालय, औरंगाबाद (महाराष्ट्र) मो. 9511849810
ईमेल % bhagwangavhade632 @gmail.com

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं बहुभाषिकता

–दीपक सोराड़ी

फाउन्डेशनल स्तर से ही बिभिन्न भाषाओं में एक्स्पोजर- राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में फाउन्डेशनल स्तर से ही मनोरंजक व संवादात्मक शैली में मातृभाषा में अधिक फोकस करते हुए बिभिन्न भाषाओं में एक्स्पोजर देने की बात कही गयी है

शोध सार

प्राचीन समय से ही भाषा अभिव्यक्ति का एक सशक्त माध्यम रहा है. भाषाई कौशल(सुनना,बोलना, पढ़ना, लिखना) अभिव्यक्ति एवम आपसी संचार में सहायक होते है.इन भाषाई कौशलों के विकास में शिक्षा महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है. सरकार द्वारा समय समय पर शिक्षा क्षेत्र में आये बदलाव एवम सुधारों को अपनाने के लिए विभिन्न आयोगों का गठन एवम नीतियों को लागू किया जाता है. 1986 के बाद वर्तमान में 29 जुलाई 2020 को देश में नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लागू की गयी है. जो शिक्षा में नए सुधारों की वकालत करता है. इसरो प्रमुख के.कस्तूरीरंगन के नेतृत्व में तैयार इस नीति का प्रमुख लक्ष्य भारत को एक वैश्विक ज्ञान महाशक्ति बनाना है। इस नीति में भाषा के संदर्भ में भी महत्त्वपूर्ण अनुसंशाये की गयी है. जिनमे मातृभाषा में शिक्षण कार्य विशेष रूप में प्राथमिक स्तर में, विद्यालयी शिक्षा में कम से कम तीन भाषा का प्रत्येक छात्र द्वारा अध्ययन, भाषा को संस्कृति से जोड़ना, भाषा संरक्षण, बहुभाषिकता को प्रोत्साहन,अनुवादएवम विवेचना से सम्बंधित प्रयासों में विस्तार, संस्कृत भाषा के लिए विशेष प्रयास, आठवीं अनुसूची की प्रत्येक भाषा के लिए भाषा अकादमी का निर्माण, अध्ययन हेतु छात्र वृतियों की व्यवस्था करने की सिफारिश की गयी है. यूनेस्को की एक रिपोर्ट के अनुसार वर्तमान में 197 भारतीय भाषाओं को लुप्तप्राय घोषित किया है. विगत 50 वर्षो में संरक्षण के अभाव में 220 भाषाओं को खोने को देखते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में बहुभाषिकता पर अधिक फोकस किया गया है.

बीज शब्द-राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, बहुभाषिकता, संचार

प्रस्तावना-

भाषा चाहै होय जो, गुन गन हैं जा माहिं।
ताहीं सो उपकार जग, सबै सराहहिं ताहि।।

सुधाकर दिवेदी

दिवेदी जी की ये पंक्तियाँ भाषा की महत्ता को दर्शाती है. भाषा आपसी संचार एवम अभिव्यक्ति का एक महत्त्वपूर्ण साधन है. भारत विविधताओं जैसे धर्म, जाति, बोली, भाषा आदि से भरा हुआ देश है.यहाँ एक कहावत प्रसिद्ध है कि 'कोस कोस में बदले पानी चार कोस में बानी' जो यह दर्शाता है की हमारा देश प्राचीन समय से ही एक बहुभाषी देश रहा है. यहाँ संस्कृत, हिंदी अवधी, तमिल, कन्नड़ बंगला उर्दू आदि भाषाएँ प्राचीन समय से ही फली फूली. शायद बहुभाषी राष्ट्र होने के कारण इसे विश्व गुरु की उपाधि मिली होगी क्योंकि प्राचीन समय से ही देश से ही नहीं अपितु विदेशी जैसे चीन, तिब्बत, जापान, कोरिया, जावा ,सुमात्रा, श्रीलंका आदि देशों के छात्र भी यहाँ नालंदा, तक्षसिला आदि विश्व-विद्यालयों में विद्यार्जन के लिए आये. आज भी विदेशी छात्र यहाँ ज्ञान प्राप्त करने यहाँ आते रहते है.

भाषाई कौशल(सुनना,बोलना, पढ़ना, लिखना) अभिव्यक्ति एवम आपसी संचार में सहायक होते है.इन भाषाई कौशलों के विकास में शिक्षा महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है. सरकार द्वारा समय समय पर शिक्षा क्षेत्र में आये बदलाव एवम सुधारों को अपनाने के लिए विभिन्न आयोगों का गठन एवम नीतियों को लागू किया जाता है. 1986 के बाद लगभग 34 वर्षो के लम्बे अन्तराल के बाद भारत सरकार द्वारा वर्तमान में 29 जुलाई 2020 को देश में नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लागू की गयी है. जो शिक्षा में नए सुधारों की वकालत करती है. इसरो प्रमुख के.कस्तूरीरंगन के नेतृत्व में तैयार इस नीति का प्रमुख लक्ष्य भारत को एक वैश्विक ज्ञान महाशक्ति बनाना है। इस नीति में भाषा के संदर्भ में भी महत्त्वपूर्ण अनुसंशाये की गयी है.जिसमे एक बहुभाषी राष्ट्र होने के नाते बहुभाषा के संदर्भ में की गयी अनुसंशाये अत्यंत महत्त्वपूर्ण एवं उपयोगी है

साहित्य सर्वेक्षण- बहुभाषिकता के संदर्भ में पूर्व के साहित्य का सर्वेक्षण निम्नवत है-

हागेन के अनुसार दो भाषाओं का ज्ञाता द्विभाषिक कहलाता है. सामान्यतया बहुभाषिक कई भाषाओं के जानने वालो को कहते है, किन्तु दो भाषाओं का जानकार द्विभाषिक के साथ ही बहुभाषिक भी कहलाता है.

ब्लूम फील्ड के अनुसार बहुभाषिकता ऐसी स्थिति को कहा जाता है जब व्यक्ति अपनी मातृभाषा वाले समूह से अलग भाषा बोलने वाले समूह में रहने पर उस समूह की भाषा को अपनी मातृभाषा के समान प्रयोग में कुशलता प्राप्त कर लेता है.

उद्देश्य- राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में बहुभाषिकता के संदर्भ की गयी अनुशंसाओं का अध्ययन करना.

रिसर्च मेथेडोलोजी- संबंधित शोध पत्र में द्वितीयक स्त्रोतों जैसे राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, सम्बंधित शोध पत्र आदि का प्रयोग किया जायेगा.

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में बहुभाषिकता विषयक की गयी प्रमुख अनुसंशाये- राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में भाषा विशेषत: बहुभाषिकता पर विशेष फोकस करते हुए निम्न अनुसंशाये प्रमुख रूप से की है-

मातृभाषा में शिक्षण- यह बहुभासिकता की दिशा में की गयी सबसे महत्त्वपूर्ण अनुसंशा है. मातृभाषा

घर में या स्थानीय समुदाय द्वारा बोली जाने वाली भाषा है. यह माना जाता है कि मातृभाषा में शिक्षण प्रारंभिक स्तर में अवधारणाओं को तेजी से सीखने में, समझने में सहायक होता है क्योकि मातृभाषा का प्रयोग घर के प्रत्येक सदस्य द्वारा किया जाता है. राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लागू होने के बाद कम से कम ग्रेड 5 तक व हो सके इससे आगे ग्रेड 8 या आगे के ग्रेड के लिए भी मातृभाषा में शिक्षा प्राप्त की जा सकेगी. इससे प्रत्येक को कम से कम एक से अधिक भाषाओं को सीखने के अवसर प्राप्त होंगे.

फाउन्डेशनल स्तर से ही बिभिन्न भाषाओं में एक्स्पोजर- राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में फाउन्डेशनल स्तर से ही मनोरंजक व संवादात्मक शैली में मातृभाषा में अधिक फोकस करते हुए बिभिन्न भाषाओं में एक्स्पोजर देने की बात कही गयी है, क्योकि विभिन्न शोध दर्शाते है कि इस स्तर के बच्चे ज्यादा तीव्रता से भाषा सीखते है. इस स्तर में सीखा गया ज्ञान आजीवन उसके साथ बना रहता है.

त्रिभाषा फार्मूला- राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में संवैधानिक प्रावधान, राष्ट्रीय एकता व बहुभाषा के दृष्टिगत त्रिभाषा फार्मूला को लचीलेपन व कुछ प्रावधानों के साथ जारी रखने की वकालत की गयी है. भाषा चयन हेतु राज्यों को स्वतंत्रता, तीन में से कम से कम दो भारतीय भाषाओं की अनिवार्यता, तीन भाषाओं में राज्य व क्षेत्र के अनुरूप छात्र के द्वारा स्वयं चयन, चुनी गयी भाषा में ग्रेड 6 या 7 में बदलाव आदि प्रावधान किये गये है.इसके माध्यम से वह कम से कम तीन भाषाओं में उपलब्ध साहित्य का अध्ययन करने में सक्षम बनेगा जिसका उपयोग उसके द्वारा देश के विकास में योगदान देने में किया जा सकता है.

द्विभाषा में अधिगम सामग्री एवं शिक्षण कार्य - विज्ञान व गणित में द्विभाषा में अधिगम सामग्री, पाठ्यपुस्तकों के निर्माण द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 बहुभाषिकता को बढ़ाने की बात करती है. व्यवहारिक रूप में इसके लिए शिक्षको को द्विभाषी माध्यम का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना है.

युवा भारतीयों को अपने देश की भाषाओं के समृद्ध खजाने के लिए जागरूक करना- भाषा, संस्कृति व परम्पराओं का ज्ञान शैक्षिक, सामाजिक,तकनीकी प्रगति में सहायक मानते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 विश्व के सबसे समृद्ध प्राचीन व आधुनिक साहित्य जिसमे गद्य,पद्य,संगीत फिल्म आदि शामिल है के लिए भारतीय युवाओं में जागरूकता बढ़ाने का सुझाव भी बहुभाषिकता को बढ़ाने वाला है.

'द लैंग्वेज ऑफ़ इंडिया' प्रोजेक्ट- इसके अंतर्गत छात्रो को भाषा सम्बन्धी किसी न किसी प्रोजेक्ट में अनिवार्य रूप से प्रतिभाग किया जाना है. जैसे- एक भारत श्रेष्ठ भारत जिसमे एक राज्य को दुसरे राज्य की बोली, संस्कृति, विरासत, साहित्य आदि को जानना व इसको सीखने का प्रयास करना है. इस कड़ी में हमारे राज्य उत्तराखंड का सहयोगी राज्य कर्नाटक है.

विदेशी भाषाओं के ज्ञान को प्रोत्साहन- बहुभाषिकता का ज्ञान राष्ट्रीय एवम अंतराष्ट्रीय स्तर पर आपसी संचार हेतु महत्त्वपूर्ण उपकरण की भाँति है, अत: विद्यालयी शिक्षा के अंतर्गत राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में त्रिभाषा फार्मूला के अंतर्गत सभी छात्रों को दो भारतीय भाषाओं के साथ साथ एक विदेशी भाषा जैसे अंग्रेजी, कोरियाई, थाई, फ्रेंच, रुसी, जर्मन,जापानी आदि को भी सिखाने की अनुशंसा की गयी है. इसका उद्देश्य छात्रो को देश विदेश में सैर सपाटे के साथ ही वहा की संस्कृति, साहित्य, विश्व धरोहर आदि

के बारे में अधिक से अधिक जानकारी प्राप्त करने में सहायता करना है. इसके साथ ही विदेशी भाषाओं का अध्ययन सम्बंधित देश विदेश में रोजगार जैसे- ट्रांसलेटर, पर्यटन क्षेत्र में गाइड आदि व वैश्विक ज्ञान की प्राप्ति में सहायक होगा.

संस्कृत ज्ञान प्रणालियों का उपयोग – विश्व की सबसे प्राचीन एवम हमारे संविधान की आठवी अनुसूची में शामिल भाषा संस्कृत के महत्त्व सुन्दरता व प्रशंगिकता को ध्यान में रखकर इसके ज्ञान को शिक्षा प्रणाली में बढ़ावा देने की अनुसंशा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में की गयी है. संस्कृत ज्ञान प्रणाली जिसमे गणित, दर्शन, विज्ञानं, व्याकरण वास्तुकला, धातुकर्म, संगीत, राजनीती, चिकित्सा आदि का समृद्ध साहित्य शामिल है में जीवन के सभी क्षेत्रो सामाजिक आर्थिक राजनितिक पृष्ठभूमि का अनुभव ज्ञान के रूप में समाहित है. अत: संस्कृत का ज्ञान संस्कृत ज्ञान प्रणालियों के साहित्य को समझने के लिए आवश्यक है. इसके साथ ही संस्कृत विश्वविद्यालयों को बहुविषयी संस्थान बनाने के साथ ही वहा अंतरविषयी शोधकार्य को प्रोत्साहन,संस्कृत के शिक्षकों के व्यव्सयिक विकास के लिए चार वर्षीय बहुविषयक बी.एड. डिग्री प्रदान की जाएगी.

भारतीय साइन लैंग्वेज का मानकीकरण- राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में बधिरों के लिए एक मानकीकृत साइन लैंग्वेज एवम पाठ्यक्रम को तैयार करने की बात की गयी है. इनको पढ़ाने के लिए स्थानिक संकेतों को भी शामिल करने की बात की गयी है. इसका लाभ यह होगा कि सम्पूर्ण देश में सभी बधिरों को एक सामान शिक्षा प्राप्त हो सकेगी व प्रत्येक व्यक्ति उनके संकेतों को समझकर व्यव्हार कर सकेगे.

भाषा सीखाने में तकनीकी का प्रयोग- वर्तमान समय तकनीकी का समय है. राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में इसका प्रयोग शिक्षा के प्रत्येक स्तर में व्यापक रूप से करने का सुझाव दिया गया है. भाषा भी इससे अछूता नहीं है. आज इन्टरनेट,सोशल मीडिया आदि के द्वारा विभिन्न भाषाओं को स्वयं सीखने के लिए प्रेरित किया जा सकता है. यही कारण है की भाषा सीखने व सीखाने में तकनीकी का प्रयोग करने को नीति में कहा गया है. इसके लिए सम्बंधित भाषा का वेब आधारित प्लेटफ़ॉर्म, पोर्टल, विकिपीडिआ आदि माध्यमों से डॉक्यूमेंटेशन, भाषा से सम्बंधित सामग्री जैसे बुजुर्ग लोगों की आपसी बातचीत, लोक गायन, नाटक, कविता आदि का ऑडियो व विडिओ को प्रचारित व प्रसारित करना आदि कार्य किये जायेंगे.

भाषा अकादमियों की स्थापना- वर्तमान समय में संविधान की आठवीं अनुसूची में 22 भाषाए शामिल है. राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में अनुसूची में शामिल हर भाषा व अधिक लोगों के द्वारा बोली जाने वाली भाषाओं के लिए मूल भाषा बोलने वाले, सम्बंधित भाषा में श्रेष्ठ विद्वान युक्त एक अकादमी केंद्र/राज्य द्वारा स्थापित किया जाने का प्रस्ताव है. जिसके माध्यम से उस भाषा में नयी अवधारणाओं की सरलता के लिए शब्दकोष निर्माण, आम आदमियों के महत्त्वपूर्ण सुझावों का संकलन, अकादमियों में परस्पर समन्वयन, शब्दकोष का व्यापक प्रचार प्रसार ऑनलाइन माध्यमों का प्रयोग, साझे शब्दों का अंगीकरण किया जायेगा. भारतीय भाषाओँ के संरक्षण एवम विकास के लिए भारतीय अनुवाद और व्याख्या संस्थान जैसे राष्ट्रीय संस्थानों का विकास भी कए जाने की अनुशंषा की है.

भाषा में अध्ययन एवं प्रोत्साहन हेतू छात्रवृतियां व पुरुस्कार – भाषा में उच्च शिक्षा अध्ययन करने

के लिए विशेष छात्रवृतियां दी जायेंगी एवं अलग अलग स्तर पर जीवंत कविताओं उपन्यास पाठ्यपुस्तकों के निर्माण, पत्रकारिता आदि के रूप में गद्ध व पद्ध के संवर्धन, प्रचार, प्रोत्साहन स्वरूप पुरुस्कारों को दिए जाने की बात राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में की गयी है.

निष्कर्ष- यूनेस्को की एक रिपोर्ट के अनुसार वर्तमान में 197 भारतीय भाषाओं को लुप्तप्राय घोषित किया है. विगत 50 वर्षो में संरक्षण के अभाव में 220 भाषाओं को खोने को देखते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में बहुभाषिकता के महत्त्व को धयान में रखते हुए इस पर अधिक फोकस किया गया है. राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ने किसी विशेष भाषा को महत्व न देते हुए सभी भाषाओं को सर्वागीण विकास का एक अंग माना है. बहुभाषिकता का ज्ञान राष्ट्रीय एवम अंतराष्ट्रीय स्तर पर आपसी संचार हेतु महत्त्वपूर्ण उपकरण की भाँति है, अत: विद्यालयी शिक्षा के अंतर्गत सभी छात्रों को दो भारतीय भाषाओं के साथ साथ एक विदेशी भाषा जैसे अंग्रेजी, कोरियाई, थाई, फ्रेंच, रुसी, जर्मन,जापानी आदि को भी सिखाने की अनुशंसा की गयी है. जबकि प्राथमिक स्तर पर मातृभाषा से शिक्षण पर इस नीति में बल दिया गया है. बहुभाषी होने से छात्र न सिर्फ अपनी बल्कि वैश्विक स्तर की विरासत एवं संस्कृति के बारे में जान पाएंगे बल्कि इसके संरक्षण में भी अहम् भूमिका निभाएंगे. भाषाओं के समग्र विकास के लिए विभिन्न सुझाव राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में दिए गये है. अब देखना ये होगा कि भविष्य में इनमे से कितने सुझावों पर अमल किया जाता है और वे कितने प्रभावी होते है।

संदर्भ ग्रन्थ सूची-

1. राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ड्राफ्ट
2. https://www.education.gov.in/sites/upload_files/mhrd/files/NEP_final_HINDI_0.pdf
3. https://www.hindi.sscadda.com/new-education-policy-2020-in-hindi/
4. https://hi.m.wikipedia.org/wiki/%E0%A4%AC%E0%A4%B9%E0%A5%81%E0%A4%AD%E0%A4%BE%E0%A4%B7%E0%A4%BF%E0%A4%95%E0%A4%A4%E0%A4%BE
5. https://www.hindwi.org/tags/language/anuwad
6. https://www.bednotesatoz.in/2022/02/blog-post.html
7. https://www.tribuneindia.com/news/schools/teaching-and-the-new-education-policy-240818
8. https://ijcrt.org/papers/IJCRT22A6852.pdf
9. https://www.researchgate.net/publication/357992569_NEP_2020_and_the_Language-in-Education_Policy_in_India_A_Critical_Assessment
10. https://www.drishtiias.com/hindi/daily-news-analysis/national-education-policy-2020

❑❑❑

1. प्रवक्ता (सेवारत विभाग) जिला शिक्षा एवम प्रशिक्षण संस्थान लोहाघाट(चम्पावत) ई-मेल-sorari.deepak1@gmail.com 9719312336

वैश्विक पटल पर भाषा का प्रश्न

–डॉ. जय प्रताप सिंह

"राजभाषा हिंदी के कार्यान्वयन को संवैधानिक आधार प्राप्त है। बावजूद इस आधार के, सरकारी कार्यालयों में अपेक्षित अवस्था में हिंदी का प्रयोग नहीं हो पा रहा है। इस बिडम्बनापूर्ण स्थिति के लिए हमारी राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक, धार्मिक, भाषिक एवं प्रशासनिक व्यवस्था उत्तरदायी है।

शोध पत्र-

बीज शब्द- इक्कीसवीं सदी, वैश्विक, हिंदी भाषा, मीडिया।

भाषा मानव मन की भावनाओं को अभिव्यक्त करने का सशक्त साधन है। साथ ही एक-दूसरे को जोड़ने का माध्यम भी। परस्पर सुख-दुःख, आशा-आकांक्षा, आचार-विचार, वेषभूषा, ज्ञान-विज्ञान, कला, समस्त प्रकार की भाव संपदा, आध्यात्मिक विरासत, संस्कृति तथा समस्त चिंतन भाषा में निबद्ध होता है। भाषा भावों एवं विचारों को अभिव्यक्त करने का सशक्त माध्यम है।हिंदी मात्र भाषा ही नहीं संस्कार भी है। हिंदी भाषा अनेकता में एकता को स्थापित करने की सूत्रधार है। किसी भी व्यक्ति के सोचने की प्रक्रिया अपनी मातृभाषा में ही होती है हिंदी भाषा हमारे देश की सभ्यता एवं संस्कृति का प्रतीक है। भारतीय संस्कृति की उन्नति तथा राष्ट्र की उन्नति तभी संभव है, जब हिंदी भाषा की उन्नति होगी। 'नेल्सन मंडेला' ने कहा था कि यदि व्यक्ति से उसकी मातृभाषा में बात करें तो वह बात उसके दिल में पहुँचती है|

"राष्ट्रभाषा के अर्थ में अठारह भाषाएं जिन्हें संविधान में स्थान दिया गया है हमारी राष्ट्रभाषाएँ हैं। सभी का स्थान बराबर है। वास्तव में प्रश्न संपर्क भाषा का है। चूँकि हिंदी ही भारत की सर्वाधिक व्यापक रूप से जानी, समझी जाने वाली भाषा है। इसलिए हिंदी में ही संपर्क भाषा बनने के सर्वोच्च महत्त्व का गुण विद्यमान है।"1

आज हिंदी स्वतंत्र भारत की संविधान सम्मत राजभाषा है किंतु अंग्रेजी का वर्चस्व भस्मासुर की तरह निरंतर बढ़ता जा रहा है। स्वतन्त्रता पूर्व जिन क्षेत्रों में राष्ट्रभाषा के रूप में हिंदी का प्रयोग एवं प्रसार व्यापक रूप में किया जाता था, आज वहा भी अंग्रेजी का बोलबाला है। भारतीय संविधान के आठवें अनुच्छेद में भारत में सर्वाधिक प्रयुक्त 18 भारतीय भाषाओं को अनुसूचित किया गया है, ऐसी स्थिति में राष्ट्रभाषा, राजभाषा, सहराजभाषा, द्वितीय राजभाषा, राज्यभाषा और संपर्क-भाषा के रूप में हिंदी की स्थिति पूरी तरह उलझी हुई दिखाई पड़ती है।

भारत और भारत से बाहर रहने वाले कई भारतीयों द्वारा यह मानकर चला जा रहा है कि हिंदी विश्वभाषा बन चुकी है। मेरे विचार से यह एक मिथक है कि हिंदी विश्व भाषा है। मेरे कहने का अभिप्राय यह नहीं है कि उसमे विश्व भाषा होने की संभावना या सामर्थ्य नहीं है, परंतु जिस भाषा को राष्ट्रभाषा कहकर भी अपने राष्ट्र में पूरी जगह नहीं मिली वह विश्व में क्या जगह बना पाएगी|

शायद हिंदी के विश्वभाषा होने का मूलाधार यही है कि उपनिवेशवाद के परिणामस्वरूप भारतीय विश्व के कई देशों में जाकर बस गए हैं और माना यह जाता है कि जहां- जहां गए, वहाँ हिंदी भी चली गई और इस तरह एक विश्व भाषा बन गई। हम यह भूल जाते हैं कि उसका इस्तेमाल वही मुट्ठीभर भारतीय ही करते हैं और वे भी हिंदी भाषी भारतीय।

“मॉरीशस में 75 प्रतिशत लोग हिंदी मूल के हैं और वहां को लेकर हिंदी भाषी लोगों में बहुत गर्व है कि हिंदी बोली जाती है पर वहां के एक विद्वान का ही कहना है- मॉरीशस में हिंदी अध्ययन-शिक्षण की भाषा है, छात्र हिंदी चाव से पढ़ते है, परंतु कक्षा के बाहर हिंदी पढ़ रहे छात्र न के बराबर आपस में हिंदी बोलते हैं। घर में भी हिंदी बहुत कम बोली जाती है। अधिकतर लोग फ्रेंच से उत्पन्न क्रियोल बोली बोलते हैं। ‘समस्त प्रयासों के बाद भी मॉरीशस में हिंदी बोलने का वातावरण पैदा नहीं हो पाया है।"2

आगे चलकर यही लेखक कहते हैं- “पश्चिम का ‘सांस्कृतिक आक्रमण इतना प्रबल और प्रभावशाली है कि हिंदी मानसिकता उसका सामना नहीं कर पाती।"3

सवाल यह है कि भारत में ही स्थिति कौन-सी बेहतर है क्या पश्चिम की मानसिकता से भारत छुटकारा पा सका है? और जो भारतीय पश्चिम में आकर बस गए हैं, क्या उन्हीं के लिए इस मानसिकता से उबरना संभव है। सच तो यह है कि उपनिवेशवाद ने जिस मानसिक दासता की जंजीरों में हमारे मन और दिमाग को जकड़ा है, वह सदियों तक अपना असर दिखाती रहेगी। शिक्षित होने का मतलब ही भारत में अंग्रेजी पढ़ा-लिखा होना हो गया है।

हिंदी के साहित्यकार ‘निर्मल वर्मा’ ने कहा है "जो भाषा एक समय में भारत की स्वाधीन चेतना का प्रतिनिधित्व करती थी, स्वतंत्रता के पचास वर्ष बाद भी वह अपने को हीन भावना से ग्रस्त, उपेक्षित स्थिति में पाती है। कोई भाषा बहुत देर तक सरकारी अनुदानों और मौखिक आत्मप्रशंसाओं द्वारा जीवित नहीं रहती। उसकी संजीवनी शक्ति का स्रोत ऊपर से नहीं, नीचे से आता है।"4

“राजभाषा हिंदी के कार्यान्वयन को संवैधानिक आधार प्राप्त है। बावजूद इस आधार के, सरकारी कार्यालयों में अपेक्षित अवस्था में हिंदी का प्रयोग नहीं हो पा रहा है। इस बिडम्बनापूर्ण स्थिति के लिए हमारी राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक, धार्मिक, भाषिक एवं प्रशासनिक व्यवस्था उत्तरदायी है। जब तक इन सभी स्तरों पर आमूलचूल परिवर्तन नहीं आता तब तक संवैधानिक आधार मिलने के उपरांत भी राजभाषा हिंदी को उचित स्थान दिलवाने में बाधाएँ आती रहेंगी। इन व्यवस्थाओं में व्याप्त बाधक तत्वों को दूर करना अति आवश्यक है। इस संदर्भ में यह भी जरूरी है कि सरकार की नीति तथा भूमिका ठोस तथा स्पष्ट होनी चाहिए।“5

मूल बात यही है कि अपने घर में निरादृत होकर क्या हिंदी विश्व में कोई सम्माननीय स्थान पा सकती है? जब तक हम हिंदी को अपने बौदिक जीवन का हिस्सा नहीं बनाते, जब तक हमारे सोच- विचार का

प्रमुख माध्यम नहीं बनती और गंभीर सोच के लिए अंग्रेजी का ही सहारा लेती रहेगी, तब तक वह साधारण बोलचाल की भाषा बनकर लड़खड़ाती ही रहेगी।

आज इक्कीसवीं सदी में हिंदी भाषा अब किसी एक क्षेत्र- विशेष की भाषा नहीं रह गई है। वह वैश्विक होकर तकनीकी कार्यों में प्रवेश कर रोजगार की भाषा बन रही है। भूमण्डलीकरण एवं वैश्वीकरण के इस दौर में भारत में व्यापार और बाजार को बढ़ावा देने के लिए, हिंदी भाषा का ज्ञान आवश्यक हो गया है। आज हिंदी भाषा का दृश्य और श्रव्य माध्यम कंप्यूटर, इंटरनेट और सूचना प्रौद्योगिकी द्वारा सर्वत्र व्यापक रूप ग्रहण करने में सफल हो रही है। मीडिया के माध्यम से आज हिंदी भाषा वैश्विक स्तर पर विराजमान हो रही है। जिसमें पत्रकारिता, जनसंचार माध्यम, सिनेमा, विज्ञापन, न्यू मीडिया आदि शामिल हैं।

इक्कीसवीं सदी में हिंदी का अंतरराष्ट्रीय विकास बहुत तेजी से हुआ है। हिंदी एशिया के व्यापारिक जगत् में धीरे- धीरे अपना स्वरूप विंबित कर विश्व की अग्रणी भाषा के रूप में स्वयं को स्थापित कर रही है। विज्ञापन, संगीत, सिनेमा और बाजार के क्षेत्र में हिंदी भाषा की मांग तेजी से बढ़ी हैं। विदेशों में पच्चीस से अधिक पत्र-पत्रिकाएं लगभग नियमित रूप से हिंदी में प्रकाशित हो रही है। वैश्विक मंच पर इंटरनेट की दुनिया में हिंदी के साइबर जगत की स्थिति संतोषजनक है।

हिंदी भाषा का संस्कार कई शताब्दियों से होता रहा है और अपने उदारवादी स्वभाव के कारण वह भारत ही नहीं, भारत से बाहर विश्व के अनेक देशों में बोली और समझी जाने लगी है। भारत में वह लोक भाषा, राजभाषा, राष्ट्रभाषा और संपर्क भाषा के रूप में प्रयुक्त होती है। भारत को राजनैतिक, भौगोलिक और आर्थिक दृष्टि से एक सूत्र में बांधने वाली हिंदी भाषा ने समूचे भारत में अपना राष्ट्रीय गौरव प्राप्त कर लिया है। इसी के साथ-साथ इसने विश्व के लगभग सभी देशों में अपनी पताका भी फहरा दी है। भूमंडलीकरण एवं वैश्वीकरण के युग में यह महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रही है और विश्व में सर्वाधिक बोली जाने वाली भाषाओ मे हिंदी भाषा का तीसरा स्थान है। यही इसका वैश्विक अभिप्राय है। विश्व की शीर्ष दस कारोबारी भाषाओं में हिंदी भाषा भी शामिल हैं। दुनिया के दस सबसे ज्यादा पढ़े जाने वाले अखबारों में शीर्ष पर छः हिंदी भाषी अखबार है।

हिंदी आज विश्व की प्रमुख भाषाओ में अपना स्थान बना रही है। जनसंचार के विभिन्न माध्यमो में हिंदी भाषा का प्रयोग इसका प्रमाण है। विश्व के कई देशों में लाखों प्रवासी भारतीय रहते है, जो सामाजिक-सांस्कृतिक अस्मिता, के लिए हिंदी भाषा का प्रयोग करते हैं और इनमें से कुछ व्यक्ति उच्च स्तर पर हिंदी में शिक्षा भी प्राप्त करते हैं। अनेक देशों के लोगों में हिंदी के प्रति रुचि बढ़ रही है और वे उसका उच्च अध्ययन या शोध कार्य कर रहे हैं। आज वैश्विक स्तर पर हिंदी को एक प्रकार से मान्यता प्राप्त हो चुकी है। दूतावासों के माध्यम से ही नहीं अनेक विश्वविद्यालयो में हिंदी के पठन-पाठन तथा अनुसंधान की व्यवस्था हो चुकी है। आज विश्व में लगभग 175 विश्वविद्यालयों में हिंदी भाषा के अध्ययन-अध्यापन की व्यवस्था है। भारत के आलावा मारीशस,फिजी,सूरीनाम, गुयाना, त्रिनिदाद, एवं टोबैगो और नेपाल में भी हिंदी बोली जाती है। अमरीका, कनाडा, ब्रिटेन आदि कई देशों में भी साहित्य-सृजन के साथ-साथ साहित्यिक पत्रिकाएँ मुद्रित और इंटरनेट पर उपलब्ध होने लगी है। इस दृष्टि से हिंदी ने विश्व में अपनी पहचान बना ली है। जहां तक भाषा या हिंदी भाषा की लिपि का प्रश्न है, जिसका संबंध मुख्य रूप से हिंदी भाषा के अस्तित्व और पहचान

से जुड़ा है। आरम्भिक दौर में जब हिंदी 'फॉण्ट' का विकास नहीं हुआ था उस समय हिंदी रोमन लिपि में लिखी जाती थी और रोमन में ही हिंदी सामग्री भी इंटरनेट पर डाली जाती थी। उस समय तक देवनागरी लिपि हिंदी के लिए फॉण्ट की समस्या थी। लेकिन वर्तमान में न्यू मीडिया की क्रांति ने इस समस्या को भी दूर कर दिया है। गूगल ट्रांसलेशन सॉफ्टवेयर के आ जाने से 'यूनीकोड फॉण्ट' ने हिंदी भाषा के और दूसरे अन्य भाषाओं की दुनिया में क्रांति ला दी है।

विदेशों में हिंदी को स्थापित करने तथा उसके उत्थान के निम्न उपाय हो सकते हैं- 1. प्रत्येक परिवार में माता-पिता या अभिभावक अपनी मातृभाषा या हिंदी में ही बातचीत करें और बच्चों के साथ घर में सदैव हिंदी में ही बोलें अर्थात् हिंदी का वातावरण बनाए रखें।2. प्रवासी भारतीय विदेशों में जहां भी रहे जिस स्थिति में भी रहे. भारतीय संस्कृति के आदर्शों तथा मूल्यों से पूर्ण साहित्य का पठन-पाठन करें और कराएं।3. विदेशों में बच्चों के लिए हिंदी पाठशालाओं में हिंदी पढ़ाने का प्रबंध कराएं। चाहे द्वितीय या तृतीय भाषा के रूप में ही क्यों न हो, पाठ्यक्रम में स्थान दिलाएं।4. बहुल भारतीय नगरों, शहरों व कस्बों में हिंदी ग्रंथालय तथा वाचनालय स्थापित करें। प्रमुख पत्रिकाएं मंगवाकर सबको सुलभ कराएं। हिंदी में रचित उत्तम साहित्य तथा विज्ञान संबंधी पुस्तकें मंगवाएं अथवा दूतावास के माध्यम से उपलब्ध कराएं। 5. भारतीय पर्व व त्यौहार अवश्य निष्ठापूर्वक मनाकर उनके महत्त्व पर व्याख्यानों का आयोजन करें।6. हिंदी की विविध विधाओं पर प्रतियोगिताएं चलाएं तथा विजेताओं को पदक, पुरस्कार प्रदान कर प्रोत्साहित करें।7. समय-समय पर गोष्ठियों, परिसंवादों, समारोहों, सम्मेलनों तथा सभाओं का आयोजन करके अपने ज्ञान की वृद्धि करें और हिंदी के प्रति ममत्व, आकर्षण तथा श्रद्धा भाव पैदा करें।8. विभिन्न भारतीय भाषाओं तथा साहित्यों के आदान- प्रदान इत्यादि का प्रबंध हो ताकि विभिन्न भाषा- 'भाषी भारतीयों के बीच सद्भाव, सौमनस्य एवं सौजन्य के अंकुर फूटे।9. पिकनिक, सांस्कृतिक कार्यक्रम भी संगीत, नृत्य,नाटक एवं चित्रकलाओं के प्रदर्शन भी हिंदी के उत्थान में सहायक हो सकते है।10. इन सबसे बढ़कर महत्त्वपूर्ण कार्य यह होना चाहिए कि दादी-नानी के माध्यम से ही नहीं, माता-पिता तथा भारतीय समाज के लोग भारतीय साहित्य, कला-वैभव, इतिहास आदि का बच्चों को बोध कराएं जिससे मातृभूमि के प्रति श्रद्धा भक्ति उनके हृदय में जीवित हो सकें।

विदेशों में बसे भारतीयों को भावनात्मक रूप से तथा भारत आने वाले विदेशियों को व्यावहारिक रूप से हिंदी से जोड़ने के सार्थक प्रयास करने होंगे। विदेशों में सामाजिक-पारिवारिक जीवन में हिंदी अपनाने वालों की पहचान और सम्मान के लिए प्रोत्साहन देने की योजना बनाई जानी चाहिए। ध्यान रहे भाषा का विकास व्यावहारिक नज़रिए से ही। होता है। विश्व के लोगों को भारत आने, भारत को जानने, भारतीय आध्यात्म और संस्कृति को समझने का माध्यम हिंदी बनेगी तो विश्व में हिंदी का फलक विस्तृत होगा।

सरकारी प्रयासों को परे रखकर साठ करोड़ हिंदी भाषियों को अपनी भाषा की समृद्धि के लिए प्रयास करने होंगे। दुर्भाग्यपूर्ण है कि हिंदी को लेकर सबसे अधिक हीन भावना हिंदी भाषी समाज में ही है। जब तक हिंदी भाषी समाज में अपनी हिंदी भाषा पर गर्व का भाव पैदा नहीं होगा तब तक हिंदी ज्ञान-विज्ञान के अनेक क्षेत्रों में व्यवहृत और सम्मानित नहीं हो सकेगी।

हिंदी भाषा को किस तरह वैश्विक रूप में प्रतिष्ठित किया जाए, यह प्रश्न आजादी के अमृत काल में भी हमारे सामने मौजूद है। जब तक हिंदी भाषा को अनिवार्य रूप से राष्ट्रभाषा का दर्जा नहीं मिलेगा तब

तक भाषा का प्रश्न सदैव भारतीय जनमानस में जीवंत रहेगा। हिंदी भाषा और अन्य भारतीय भाषाओं में एक-दूसरे के प्रति विरोध का भाव न होकर एकता का भाव होना चाहिए। हिंदी भाषा को केन्द्र में रखकर अन्य भारतीय भाषाओं को पल्लवित एवं पुष्पित होना चाहिए। भारत की सभी भारतीय भाषाओं में परस्पर पोष्य-पोषक संबंध होना चाहिए। तब जाकर भारत बोध से विश्व बोध की यात्रा सार्थक एवं सफल होगी। एक भारत श्रेष्ठ भारत की कल्पना को साकार करने के लिए निश्चित रूप से आपको एक श्रेष्ठ भाषा के रूप में हिंदी भाषा की महत्ता व गुणवत्ता को स्वीकार करना होगा।

विगत कुछ वर्षो में बदलते भारत में हिंदी भाषा के प्रति सकारात्मक बदलाव आया है देश में पहली बार मध्य प्रदेश में हिंदी में मेडिकल शिक्षा की शुरुआत हो गई है। अभी हाल ही में सुप्रीम कोर्ट के मुख्य-यायाधीश जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि शीर्ष अदालत के निर्णयों का अब चारों भाषाओं में अनुवाद किया जाएगा। इनमें हिंदी, गुजराती, उड़िया और तमिल - भाषा शामिल हैं। उन्होंने कहा कि अभी सभी फैसले अंग्रेजी में होते है इसलिए 99% नागरिक समझ नहीं पाते।

राष्ट्रीय पटल पर हिंदी भाषा को एक बड़े वृक्ष के रूप में और अन्य भारतीय भाषाओं को उसकी शाखा बनकर हिंदी भाषा को पोषित करना होगा। तब कहीं जाकर वैश्विक पटल पर हिंदी भाषा रूपी पुष्प खिल सकेगा और आजादी के शताब्दी वर्ष में हमारा विश्व गुरु बनने का सपना साकार होगा।

निष्कर्षत: कहा जा सकता है कि वर्तमान समय में भाषा पर पड़ रहे अंग्रेजी भाषा के प्रभाव से इंकार नहीं किया जा सकता है। लेकिन पुन: हिंदी भाषा अपना एक रूप बदलकर वैश्विक रूप में विकसित हो रही है। विश्व की भाषा' बनने के सभी गुण हिंदी भाषा में विद्यमान है नई सदी के बदलते भारत में हिंदी भाषा विश्व भाषा की ओर निरंतर अग्रसर हो रही है। इक्कीसवीं सदी में हिंदी भाषा वैश्विक स्तर पर लोकप्रिय हो रही है। जिसमें बाजार, सूचना एवं तकनीक, सिनेमा, विज्ञापन तथा जन-संचार माध्यमों का महत्त्वपूर्ण योगदान है। वैश्वीकरण के दौर में हिंदी भाषा का वैश्विक स्वरूप देखा जा सकता है। हिंदी भाषा अब किसी क्षेत्र विशेष की भाषा न रहकर विश्व स्तर की भाषा बन रही है। वैश्विक स्तर पर हिंदी भाषा की स्थिति संतोषजनक है लेकिन हमें अभी और अधिक प्रयास करने होंगे।

संदर्भ सूची-

1. पाण्डेय, ले. श्यामकृष्ण (1979)। संपर्क भाषा के रूप में हिंदी की प्रतिष्ठा कराएं, राष्ट्रभाषा संदेश, अंक-20,पृष्ठ-7
2. सिंह, वीरसेन जागा (जुलाई- सितम्बर, 2004)। मॉरिशस में हिंदी:एक सिंहावलोकन, गगनांचल, नई दिल्ली, पृष्ठ-84
3. सिंह, वीरसेन जागा (जुलाई- सितम्बर, 2004)। मॉरिशस में हिंदी:एक सिंहावलोकन, गगनांचल, नई दिल्ली, पृष्ठ-85
4. वर्मा, निर्मल,नंदन, कन्हैयालाल (2007)। हिन्दी का आत्मसंघर्ष, हिन्दी उत्सव ग्रन्थ, पृष्ठ-98
5. वासवानी, डॉ.किशोर(2019)। राजभाषा हिन्दी विवेचन और प्रयुक्ति, नई दिल्ली,वाणी प्रकाशन, पृष्ठ-256

❐❐❐

1. असि. प्रोफेसर (हिंदी विभाग) एस.एस.वी.पी.जी. कॉलेज हापुड़ (उ० प्र०) ईमेल:- babujpsingh@gmail.com मोबाइल नं.- 7376590449.

हिंदी भाषा का समाजभाषिक अध्ययन

हिंदी का समाजभाषिक अध्ययन करना इस शोध प्रपत्र का प्रमुख उद्देश्य है।दक्षिण एशिया को समाज भाषा विज्ञान की वैश्विक प्रयोगशाला माना जाता रहा है| यहाँ बहुभाषिकता एवं भाषा के विभिन्न प्रयोग स्तरों को उदाहरण के रूप में देखा जा सकता है| समाजभाषा विज्ञान भाषा विज्ञान का वह क्षेत्र है जो भाषा और समाज के बीच पाए जाने वाले हर प्रकार के संबंधों का अध्ययन करता है।

भाषा मानव की श्रेठतम उपलब्धि है। जिसमें वह अपने भावों को व्यक्त करता है। भारत भाषाई विविधता का देश है। हिंदी भारत के लगभग हर प्रांत में बोली और समझी जाती है। बिहार, छतीसगढ़, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, उतराखंड, जम्मू और कश्मीर,उत्तर प्रदेश और दिल्ली की आधिकारिक भाषा हिंदी है। समाजभाषा विज्ञान के अंतर्गत समाज का भाषा पर एवं भाषा का समाज पर प्रभाव का अध्ययन किया जाता है। प्रस्तुत शोध प्रपत्र के अंतर्गत हिंदी भाषा का समाज पर और समाज का हिंदी भाषा पर क्या प्रभाव क्या प्रभाव पड़ रहा है इसका अध्ययन किया गया है । भाषा,समाज सापेक्ष प्रतीक व्यवस्था है और इस प्रतीक व्यवस्था के मूल में सामाजिक तत्व निहित हैं हमारे भाषाई व्यवहार पर हमारे वर्ग,लिंग, जाति का प्रभाव पड़ता है। स्त्री की भाषिक अभिव्यक्तियाँ पुरुष की भाषाई अभिव्यक्तियों से भिन्न हो सकती हैं। हमारी भाषा पर हमारे परिवेश,हमारी मित्र मंडली,समाज,परिवार,धर्म,हमारे सामाजीकरण, का प्रभाव पड़ता है। गाली गलौच की शब्दावली का अपना एक समाज शास्त्र है। हिंदी की अपनी एक समृद्ध परंपरा और इतिहास रहा है। जिसमें भारतीय बहुभाषिकता के प्रभावों को भी देखा जा सकता है। हिंदी बोलने वालों पर मातृभाषा का प्रभाव और उसके द्वारा चुने गए शब्द उसके परिवेश को इंगित करते हैं। प्रस्तुत विषय में उन सब पक्षों का अध्ययन किया गया है जिनके कारण हमारा भाषिक व्यवहार प्रभावित होता है।

अध्ययन के मुख्य बिन्दु

भाषा पर समाज का प्रभाव किस रूप में पड़ता है?

हिंदी भाषा प्रयोक्ताओं की भाषिक अभिव्यक्तियों पर उनके वर्ग,जाति,लिंग ,मातृभाषा का प्रभाव किस रूप में पड़ता है ?

हिंदी भाषा प्रयोक्ताओं के भाषिक व्यवहार में क्या भिन्नता है?

हिंदी भाषी प्रयोक्ताओं के भाषिक व्यवहार पर किन किन कारणों का प्रभाव पड़ता है?

भारतीय सामाजिक सरंचना में किन बातों का प्रभाव प्रयोक्ताओं की भाषा पर पड़ता है?

हिंदी भाषी प्रदेशों और गैर हिंदी भाषी प्रदेशों में हिंदी के कौन

कौन से रूप प्रचलित हैं इन रूपों पर भाषा प्रयोक्ता की अपनी सामाजिक सरंचना का क्या प्रभाव पड़ता है?

बीज़ शब्द : भाषाई व्यवहार, सामाजिक प्रतीक, संप्रेषण, शाब्दिक घटना, संपूर्ण भाषा, वार्तालाप, मानक भाषा, विभिन्न बोलियों, प्रयुक्तियों, भाषा मिश्रण, क्रियोल

आलेख :

हिंदी का समाजभाषिक अध्ययन करना इस शोध प्रपत्र का प्रमुख उद्देश्य है। दक्षिण एशिया को समाज भाषा विज्ञान की वैश्विक प्रयोगशाला माना जाता रहा है| यहाँ बहुभाषिकता एवं भाषा के विभिन्न प्रयोग स्तरों को उदाहरण के रूप में देखा जा सकता है| समाजभाषा विज्ञान भाषा विज्ञान का वह क्षेत्र है जो भाषा और समाज के बीच पाए जाने वाले हर प्रकार के संबंधों का अध्ययन करता है। समाजभाषा विज्ञान की सर्वप्रथम धारणा लेबाव ने प्रस्तुत की थी। समाजभाषाविज्ञान सामाजिक प्रतीक, संप्रेषण, शाब्दिक घटना, संपूर्ण भाषा, वार्तालाप तथा भूमिका आधारित होती है। समाज भाषा विज्ञानियों का मानना है कि भाषा और समाज के संबंधों को भाषाविज्ञान के संदर्भ से अलग नहीं किया जा सकता। भाषा स्वंय में एक सामाजिक वस्तु है, अत: उसकी मूल प्रकृति में ही सामाजिक तत्व अन्तर्भूत होते हैं। ये ही तत्व भाषा को विषमरूपी और विकल्पनयुक्त बनाते हैं। भाषा व्यवहार में प्राप्त इन विकल्पनों का अध्ययन भाषा की वास्तविक प्रकृति का उद्घाटन करता है। लेबाब का यह मानना है कि समाज भाषा विज्ञान ही भाषाविज्ञान है। अत: समाज भाषाविज्ञान भाषा की सरंचना और प्रयोग के उन सभी पक्षों का अध्ययन करता है जिनका संबंध सामाजिक एवं सांस्कृतिक प्रकार्य के साथ होता है। अत: इसके अध्ययन क्षेत्र के अंतर्गत सामाजिक वर्गों की भाषिक अस्मिता, भाषा के प्रति सामाजिक दृष्टिकोण एवं अभिवृति, भाषा की शैलियाँ, बहुभाषिकता का सामाजिक आधार, भाषा नियोजन आदि संदर्भ आते हैं। इस प्रपत्र के अंतर्गत समाजभाषा विज्ञान के उन बिन्दुओं का अध्ययन किया गया है, जिनका संबंध मनुष्य के भाषिक व्यवहार से है। भाषा केवल मौखिक रूप से ही समाज को प्रभावित नहीं करती लिखित भाषा की भी अपनी शक्ति होती है। डेविड क्रिस्टल का कहना है कि ईश्वर, देवी-देवताओं, शैतानों, आत्माओं, वस्तुओं और अन्य भौतिक शक्तियों की विभिन्न प्रार्थनाएं और मंत्र आदि भाषा के अत्यधिक विशिष्ट रूप होते हैं"। सामाजिक कारक प्रत्येक व्यक्ति की निज भाषा के निर्धारक होते हैं। भाषा के सामाजिक अध्ययन के परिप्रेक्ष्य में, कई संदर्भों में हम क्या बोलते हैं? कैसे बोलते हैं? यह बहुत हद तक वर्ग और लैंगिकता और हमारी संस्कृति को निर्धारित करता है। समाजभाषा विज्ञान कही हुई बात में प्रयुक्त मानक भाषा, विभिन्न बोलियों, प्रयुक्तियों, भाषा मिश्रण, क्रियोल के उपयोग के साथ-साथ वक्ता के सामाजिक परिवेश के बारे में भी जानकारी देती है। समाज भाषाविज्ञान किस तरह हमारे भाषिक व्यवहार को उल्लेखित करता है।भाषा प्रयोक्ताओं की सामाजिक स्थिति के आधार पर प्रयोक्ताओं को बांटा जाएगा और उनके भाषिक व्यवहार को अध्ययन का विषय बनाया गया है। हिंदी भारत के लगभग हर प्रांत में बोली और समझी जाती है। इस दृष्टि से हिंदी का फ़लक काफी विस्तृत है। एक व्यक्ति के बोलने का तरीका दूसरे व्यक्ति से भिन्न होता है जिस पर उसके सामाजिक, आर्थिक स्थिति, धार्मिक स्थिति, वर्ग, जाति, लिंग का प्रभाव पड़ता है। महिला वक्ता और पुरुष वक्ता की भाषा में प्रयाप्त अंतर होता है। स्त्रियों की भाषा पर उनके सामाजीकरण की प्रक्रिया का प्रभाव पड़ता है। स्त्री लेखन और पुरुष लेखन में भी पात्रों के गढ़न और उनकी भाषा में अंतर देखा गया है। यहाँ तक की स्त्री अनुवादक भी पुरुष अनुवादकों से भिन्न भाषा शैली का प्रयोग करती हैं। गाली गलौच की शब्दावली का प्रयोग अमूमन स्त्रियाँ नहीं करती क्योंकि गाली गलौच के अधिकतर शब्द महिलाओं की योनिकता से संबन्धित होते हैं। इस दृष्टि से देखा जाये तो यह अध्ययन इस संबंधी आंकड़े प्रस्तुत करेगा की कहाँ कहाँ भाषाई व्यवहार में इस तरह के वर्ग, लिंग, जाति, आयु का प्रभाव पड़ता है। कैसे एक प्रयोक्ता दूसरे प्रयोक्ता से भिन्न भाषाई अभिव्यक्तियों का प्रयोग करता है। पूरी सामाजिक व्यवस्था में कौन-कौनसे कारक हैं जो भाषा शैली पर

प्रभाव डालते हैं। हिंदी के संदर्भ में यह अध्ययन और अधिक उपयोगी होगा क्योंकि हिंदी की अपनी ही बहुत सी बोलियाँ हैं। हिंदी भाषा के बदल रहे स्वरूप को समाज भाषा वैज्ञानिक की दृष्टि से देखना हिंदी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाए हुए है भाषा में कोड मिश्रण, कोड परिवर्तन,अर्थापकर्ष,अर्थोपकर्ष के सामाजिक राजनैतिक, धार्मिक कारणों का विश्लेषण भी इस अध्ययन का एक पक्ष है इस दृष्टि से हिंदी का यह अध्ययन ट्रांस डीसीप्लिनरी उपयोगिता निर्धारित करता है। हर क्षेत्र में भाषा की अपनी प्रयुक्तियाँ हैं उन प्रयुक्तियों पर समाज का क्या प्रभाव पड़ा है। और प्रयुक्तियों का समाज पर क्या प्रभाव पड़ा है यह इस अध्ययन के केंद्रीय पक्ष हैं जो अध्ययन की नवीन दिशा निर्धारित करते हैं। हिंदी भाषा की बोलियों का अपना एक संसार है यहाँ समान सूचक शब्दावली,गाली गलौच की शब्दावली ,लोकगीतों की शब्दावली,उलाहने,खीझ,उकताहट, प्रेम,घृणा आदि की शब्दावली का विस्तृत फ़लक है। ऐसे में हिंदी का समाजभाषा विज्ञान की दृष्टि से अध्ययन करना हिंदी के एतिहासिक विकास क्रम की यात्रा को एतिहासिक और सामाजिक परिप्रेक्ष्य में चिन्हित करना इस अध्ययन को नवाचारों से जोड़ता है। क्योंकि बोलचाल की हिंदी में ग्रामीण और नगरीय समाज की प्रयुक्तियों में भिन्नता,भाषा पर बदलते समाज के प्रभाव,संयुक्त परिवारों से एकांकी परिवारों के रहन- सहन पारिवारिक और सामाजिक ढांचे में परिवर्तन ने हमारे भाषाई व्यवहार को प्रभावित किया है। सोशल मीडिया ने कई तरह के कोड मिश्रण के माध्यम से हमारी अभिव्यक्तियों को प्रभावित किया है। गाली गलौच की शब्दावली,भाषा के लैंगिक आधार, वर्ग,जाति,धर्म यह सब आधार एक विशेष दिशा की तरफ ले जाते हैं लेकिन जब भाषा में दिन प्रतिदिन जुड़ाव-घटाव चल रहा हो तब यह अध्ययन और अधिक प्रासंगिक और नवीन हो जाता है।

हिन्दी में धर्म एवं दर्शन की शब्दावली
समाज से संबन्धित शब्दावली
जाति,स्थान,गोत्र संबन्धी बहुविकल्पीय शब्दावली
विभिन्न व्यवसायों से संबन्धित शब्दावली
रिश्ते नाते की शब्दावली
विनम्रता एवं शिष्टाचार से संबन्धित शब्दावली
रहन-सहन,खान पान एवं आवासीय शब्दावली
के आधार पर समाजभाषिक अध्ययन को विश्लेषित किया जा सकता है|

संदर्भ ग्रंथ

1. Algeo, John, 1975. Syncope and the phonotactics of English. General Linguistics 15: 71-78.
2. Bhat, Rakesh, 1996. On the grammar of code-switching. World Englishes 10: 369-375.
3. Bhatia, Tej K., 1995. Grammatical traditions. The Book Review 19(8): 21-22.
4. Bhatia, Tej K. and William C. Ritchie, 1996. Bilingual language mixing, universal grammar, and second language acquisition. In:
5. W. Ritchie and T. Bhatia, eds., Handbook of second language acquisition, 627-682. San Diego, CA: Academic Press.

❑❑❑

1. असि. प्रोफेसर (हिंदी विभाग) एस.एस.वी.पी.जी. कॉलेज हापुड़ (उ० प्र०) ईमेल:- babujpsingh@gmail.com मोबाइल नं.- 7376590449.

हिंदी भाषा एवं गद्य का उद्भव और विकास

–नीरज

हिंदुस्तान में गद्य साहित्य का इतिहास बहुत पुराना है, जिसके प्रमाण के रूप में संस्कृत एवं तमिल आदि भाषाओं के साहित्य को देखा जा सकता है। हिंदी जैसी आधुनिक और अपेक्षाकृत नवीन भाषाओं में गद्य बहुत बाद में लिखा जाने लगा। हिंदी का प्राचीनतम गद्य पं. दामोदर शर्मा कृत 'उक्तिव्यक्ति प्रकरण'(12 शताब्दी) को माना जाता है, जो एक व्याकरण ग्रंथ है। यद्यपि आचार्य शुक्ल ने रामप्रसाद निरंजनी कृत 'भाषायोगवशिष्ठ'(1741) को परिमार्जित गद्य की प्रथम पुस्तक माना है। हिंदी गद्य के उद्भव- विकास में 'दक्खिनी हिंदी' का भी अहम योगदान है। जिसके प्रमुख लेखकों में ख्वाजा नेवाज गेसू दराज़(1318- 1422), मुल्ला वजही(1530-1582), क़ुली क़ुतुब शाह(1565- 1612) और हुसैन अली खान आदि शामिल है। जिन्होंने हिंदी-उर्दू के प्रारम्भिक गद्य की शुरुआत की। किंतु हिंदी के जिस 'खडी बोली गद्य' की बात की जाती है, उसकी वास्तविक शुरुआत फ़ोर्ट विलियम कॉलेज की स्थापना के बाद ही हुई। जहाँ स्वतंत्र रूप से हिंदुस्तानी(हिंदी+उर्दू) विभाग की स्थापना की गयी, जिसमें हिंदी गद्य की अनेकों पुस्तकें छपीं। रामस्वरूप चतुर्वेदी लिखते है, "फ़ोर्ट विलियम कॉलेज का जो भी योगदान है वह आधुनिक खड़ी बोली गद्य की आरम्भिक रचनाओं के क्षेत्र में है।" साथ ही इस प्रक्रिया में नवजागरण की भी अहम भूमिका रही, जब पूरे देश में बड़े पैमाने पर छापेखाने खुलने लगे। विभिन्न पत्र- पत्रिकाएँ छपने लगी।

सामान्य तौर पर, आधुनिक हिंदी साहित्य का बहुत बड़ा हिस्सा पश्चिमी साहित्य एवं समाज से प्रभावित रहा है। साथ ही हिंदी गद्य के विकास में भी पश्चिम के साहित्य- समाज की भी अहम भूमिका रही है। इसलिए हिंदी गद्य के विकास को समझने के लिए पश्चिम साहित्य-समाज को समझना आवश्यक जान पड़ता है। दरअसल, जब किसी भी समाज के आर्थिक-सामाजिक सम्बंध बदलते है तब मनुष्य की चेतना में भी परिवर्तन घटित होता है। आधुनिक भाव बोध

अब कपोल- कल्पित धर्म(स्वर्ग आदि) की मान्यताओं को चुनौती मिलने लगी थी। गुप्त ने ही साकेत की भूमिका में भी लिखा— 'राम यदि तुम ईश्वर होते तो मैं तुम्हारी कथा कहने की कोशिश नहीं करता। तुम्हारी कथा इसलिए कह रहा हूँ क्योंकि तुम मनुष्य हो।' इस प्रकार आधुनिक भावबोध के कारण ईश्वर का भी मानवीकरण किया गया। ईश्वर की चर्चा तो हुई किंतु ईश्वरत्व को छोड़कर!

विगत तीन दशकों में पश्चिमी स्त्रीवाद में नाटकीय परिवर्तन आए हैं। पहले साझा अनुमानों और विवादरहित रूढ़ियों के खिलाफ स्त्रीवादी विचारकों और महिला आन्दोलन ने तवज्जह दी। किन्तु सत्तर के दशक में स्त्रीवाद में 'छद्म निश्चितता' को निशाना बनाया और स्त्री-शोषण के संरचनात्मक कारणों की खोज पर ध्यान केन्द्रित किया। नब्बे के दशक में स्त्रीवाद ने स्त्री-शोषण के सीधे-सादे सामाजिक और भौतिक कारणों की व्याख्या का काम छोड़कर ज्यादा जटिल सवालों पर केन्द्रित किया। सामाजिक हायरार्की, सामाजिक वैषम्य और खासकर लिंगभेद के सवाल पर केन्द्रित किया। इसी क्रम में 'बायनरीअपोजीशन' के सवालों पर गौर किया। साथ ही स्त्री के शरीर का नए सिरे से मूल्यांकन किया।

मैं स्त्री हूं, बंदी नहीं
मैं तुम्हें बार-बार चेताउंगी, मैं स्त्री मनुष्य होने की पंक्ति में खड़ी
तुम संरचना तले दबे हुए

तुम्हारा यह आरोपन मुझे विरोध की छूट देता

मैं तुम्हारे उस संरचना को तोड़ने का प्रयास करती, जो तुम्हें शक्ति देता

बार-बार प्रहार करती, नतीजतन तुम घायल होते

तुम्हारी शक्ति क्षीण होने के स्थान पर

बलवान होने की सीढ़ी चढ़ती

तुम्हें ऐसा टूटता देख मैं खुद भी थोड़ा-थोड़ा टूटती जाती और

मेरा इस कदर टूटना, मेरे विरोध का बिखराव होता

क्योंकि तुम्हें टूटता देख मैं ममता से भर उठती,

आगोश में ले तुम्हें चुमती, पुचकारती

तुम्हारी हार को मैंने जीत में बदला, मैं अबला नारी नहीं 'स्त्री' हूं।

मैं अपनी अनुभूति को दर्ज करना चाहती हूं और

भाषाशास्त्र का नियम मनुष्यता के आधार पर गढ़ना चाहती हूं।9

संदर्भ

1. स्वरचित कविता
2. स्त्री उपेक्षिता - सीमोन द बोउवार (ज़्ीमै मबवदकै मग) दूसरा रीप्रिंट, अक्टूबर 2008 (अनुवाद - प्रभा खेतान), पृ- 21, उद्धृत भूमिका से।
3. वही, पृ- 23
4. कामुकता पोर्नोग्राफी और स्त्रीवाद - जगदीश्वर चतुर्वेदी, सुधा सिंह, पृ- 12, स्त्री-अस्मिता, स्त्री-चेतना और स्त्रीवाद, प्रथम संस्करण-2007
5. वही, पृ- 13
6. चाक (उपन्यास) - मैत्रेयी पुष्पा
7. कामसूत्र - वात्स्यायन
8. लोकप्रचलित कबीर का दोहा
9. स्वरचित कविता

❒❒❒

1. शोधार्थी हिन्दी विभाग दिल्ली विश्वविद्यालय दिल्ली मो-- 9811120653 ईमेल- priyankamotilal95@gmail.com

फोर्ट विलियम कॉलेज और हिन्दी भाषा का प्रश्न

प्रभंजन कुमार झा
प्रो- संजय कुमार

'साहित्य और विज्ञान के अंगों के सामान्य ज्ञान की उन्हें वह शिक्षा दी जानी चाहिए जो यूरोप में ऐसे ही पद ग्रहण करनेवालों को दी जाती है। इस मूलाधार के साथ उन्हें भारतीय धर्मशास्त्र, शरअ मुहम्मदी, धर्मनीति और एशिया में ग्रेट ब्रिटेन के राजनीतिक एवं व्यापारिक हितों और सम्बंधों की शिक्षा सहित भारतीय इतिहास, भाषाओं और रीति-रस्मों और आचारों से भली भांति परिचित करा देना चाहिए

'प्रभावपूर्ण शासन के लिए भारत से प्रेम जरूरी है, भारत से प्रेम करने के लिए यहां के मूल निवासियों से सम्प्रेषण जरूरी है और यहां के मूल निवासियों से सम्प्रेषण के लिए यहां की भाषाओं की जानकारी अनिवार्य है।'

सत्ता को चलायमान स्थिति में बनाए रखने की कोशिश में ज्ञान की आवश्यकता जान पड़ी। जहां सम्प्रेषण के लिए भारतीय भाषाओं की जानकारी अनिवार्य समझी गयी। वॉरेन हेस्टिंग्स भारत के वह गवर्नर रहे जिन्होंने भारतीय भाषाओं और संस्कृति के अध्ययन में गति पैदा की। हेस्टिंग्स का मानना था कि सक्षम सिविल कर्मचारी वही हो सकता है जिसमें परसंस्कृति अपनाने का सामर्थ्य हो। परसंस्कृति अपनाने का अर्थ मात्र सामाजिक मेल-मिलाप नहीं अपितु बौद्धिक आदान-प्रदान भी है।

शेखर पन्द्योपाध्याय ने वारेन हेस्टिंग्स को उद्धृत करते हुए लिखा है - '1784 ई. में हेस्टिंग्स ने लिखा - ज्ञान का हर संचय राज्य के लिए उपयोगी है...वह दूर (अतीत) के प्रेम को आकर्षित करता और अपना बनाता है यह उस जंजीर को हलका बनाता है जिसके द्वारा मूल जनता को अधीनता में रखा जाता है, और यह हमारे अपने देशवासियों के दिलों पर परोपकार के भाव और दायित्व की छाप छोड़ता है। - लेकिन अगर प्राच्यवादी संवाद आरंभ में प्राचीन भारतीय परम्पराओं के सम्मान की भावना पर आधारित था तो वहीं उसने अधीनस्थ समाज के बारे में ऐसा ज्ञान भी पैदा किया, जिसने आखिरकार शासन की नीति के रूप में प्राच्यवाद के अस्वीकार का आधार तैयार किया।'

1784 ई. में एशियाटिक सोसाइटी की स्थापना हुई। एशियाटिक सोसाइटी के प्रयासों से गम्भीर बौद्धिक परिवेश का निर्माण हुआ जिसका प्रभाव नवजागरण के दौर में पूरे पश्चिम बंगाल में देखा जा सकता है। विलियम जोंस, जॉन हाइड, डेविड एंडर्सन, विलियम चेम्बर्स, जोनाथन डंकन, चार्ल्स विल्किंस, जार्ज बार्लो, चार्ल्स

हैमिल्टन और फ्रांसिस गाल्डविन आदि इससे जुड़े। 'एशियाटिक रिसर्चेज' के जरिए गंभीर और अनिवार्य प्राच्य विषय प्रकाश में आने लगे।

विलियम जोंस ने एशियाटिक रिसर्चेज के पहले खंड में इस सोसाइटी के उद्देश्यों को लेकर 'एक डिस्कोर्स ऑन दी इंस्टीट्यूशन ऑफ ए सोसाइटी फॉर इन्क्वायरिंग इनटू दी हिस्ट्री, सिविल एण्ड नेचुरल द एंटीक्विटीज, आर्ट्स, साइंसेज एंड लिटरेचर ऑफ एशिया' लेख में अपने मंतव्य रखे - 'यह मेरे लिए अनिर्वचनीय आनंद की स्थिति है कि मैं एशिया के उस विस्तृत प्रदेश के मध्य में खड़ा हूं जिसने विज्ञान को विस्तार दिया, आह्लादकारी कलाओं का सृजन किया, श्रेष्ठ बुद्धियों को जन्म दिया, जो प्राकृतिक आश्चर्यों से परिपूर्ण है और जहां अनेक प्रकार के धर्म, प्रशासनिक व्यवस्थाएं, परम्परा, व्यवहार, भाषा और यहां तक कि मनुष्यों के रूप-रंग भी दृष्टिगत होते हैं। मैं यह कहने से स्वयं को रोक नहीं सकता कि इतना विस्तृत और महत्त्वपूर्ण प्रदेश अभी तक अन्वेषित है।' जोंस आगे लिखते हैं - सिर्फ वही जिज्ञासु और अध्ययनशील लोग इस सोसाइटी की सदस्यता ग्रहण कर सकते हैं जिनके भीतर ज्ञान के लिए प्रेम हो और जिनके भीतर इसका विकास करने की उत्कंठा हो।'

इस प्रकार के मूल विचार को अपनाकर चलने वाले को सिर्फ साम्राज्यवादी चश्मे से देखना ज्ञान के क्षेत्र में इनके योगदान को एक सिरे से नकारना होगा। यहां सत्ता और ज्ञान के अंतर्संबंध को परखना लाजिमी है किंतु ज्ञान नदी है जो स्वयं अपना रास्ता तैयार करता चलता है। उदाहरण के लिए ओ.पी. केजरीवाल की पुस्तक 'भारत के अतीत की खोज' में बड़े दुख के साथ ए.एल. वैशम ने लिखा है 'सोसाइटी ने अपने प्रारम्भिक दिनों में प्रकृति विज्ञान में जो रूचि ली, उसे पश्चिम के प्राच्यविदों ने आलोचकों ने अपने इस तर्क का आधार बनाया कि अंग्रेजों ने भारत संबंधी अध्ययनों में केवल इसीलिए रूचि ली ताकि वे इस क्षेत्र पर अपनी प्रशासनिक पकड़ को और मजबूत तथा प्रभावशाली बना सकें। इस तरह के विचार हमें द्विशतवार्षिकी के अवसर पर आयोजित गोष्ठियों में भी सुनने को मिले।' आगे वे लिखते हैं 'जब जोंस ने 'शकुन्तला' का अनुवाद किया और सारे पाश्चात्य जगत् को संस्कृत नाट्यशास्त्र की समृद्धि से परिचित कराया तो उनके बारे में क्या हम यह सोचें कि उन्होंने ऐसा जानकर किया कि 'मैं ऐसा इसीलिए कर रहा हूं, ताकि मेरा देश अपने अधीन लोगों पर अपने शासन की पकड़ को और अधिक मजबूत कर सकें? क्या जेम्स प्रिंसेप के मन में यही भावना थी जब उन्होंने अशोक के अभिलेखों को पढ़ा? वेदों के प्रथम अध्ययन के पीछे कोलब्रूक का उद्देश्य क्या राष्ट्रीयता से प्रेरित था? यदि इन विद्वानों को अपने खाली समय के उपयोग के माध्यम से अपने देश या ईस्ट इंडिया कम्पनी की और अच्छी सेवा करनी थी तो निस्सन्देह उनके पास विद्याध्ययन से अधिक प्रभावशाली तरीके थे।'

ज्ञान के कारण सत्ता का अस्तित्व मान बैठे विचारकों से भिन्न रामविलास शर्मा मार्क्सवादी इतिहास-दृष्टि का इस्तेमाल करते हुए उपनिवेशवाद के आरम्भ का गम्भीर विश्लेषण करते हैं। 'ज्ञान को प्राच्यवादी की परंपरा से मुक्त करके नहीं बल्कि तार्किक अन्तर्दृष्टि का इस्तेमाल करते हुए इन प्राच्यविदों के महत्त्वपूर्ण कार्यों को प्रकाशित किया जाए और उसका भारतीय संस्कृति के विश्लेषण के लिए प्रयोग किया जाए।'

सर जॉन शोर ने विलियम जोंस पर केन्द्रित अपने एक व्याख्यान में कहा है - 'ज्ञान और सत्य उनके सम्पूर्ण अध्ययन के अभिप्रेत थे और उनका लक्ष्य मानव सृष्टि के लिए उपयोगी होना था। इसी दृष्टि से उन्होंने अपने अध्ययन का विस्तार सभी भाषाओं, देश और काल के लिए किया।'

सत्ता और ज्ञान के अंतर्विरोधों के बीच एशियाटिक सोसायटी, फोर्ट विलियम कॉलेज का अध्ययन जरूरी-सा मालूम पड़ता है क्योंकि आरोपित तथ्य से मुक्त होकर ही इनका स्वतंत्र अध्ययन व विश्लेषण संभव है।

सन् 1801 ई. में फोर्ट विलियम कॉलेज की स्थापना की गई, जिसके मूल में वेलेजॅली की मंशा स्पष्ट दिखाई देती है -

'साहित्य और विज्ञान के अंगों के सामान्य ज्ञान की उन्हें वह शिक्षा दी जानी चाहिए जो यूरोप में ऐसे ही पद ग्रहण करनेवालों को दी जाती है। इस मूलाधार के साथ उन्हें भारतीय धर्मशास्त्र, शरअ मुहम्मदी, धर्मनीति और एशिया में ग्रेट ब्रिटेन के राजनीतिक एवं व्यापारिक हितों और सम्बंधों की शिक्षा सहित भारतीय इतिहास, भाषाओं और रीति-रस्मों और आचारों से भली भांति परिचित करा देना चाहिए।... ताकि वे भारत में ब्रिटिश साम्राज्य में व्यवहृत विभिन्न कानूनों के मूल भेदों को समझने और न्याय शासन करने तथा शांति एवं सुशासन की रक्षा करते सामय उन दोनों भावना को व्यवहार में ला सकें।'

उपर्युक्त कथन से जाना जा सकता है कि ब्रिटिश शासन को स्थायित्व प्रदान करने के लिए ज्ञान को अनिवार्य औजार के रूप में इस्तेमाल, फोर्ट विलियम कॉलेज की स्थापना के मूल कारणों में निहित है। किन्तु इस तथ्य को नकारा नहीं जा सकता कि फोर्ट विलियम कॉलेज का अस्तित्व, भारतीय भाषा तथा भारतीय ज्ञान परंपरा का विस्तार व समृद्धि की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण है।

फोर्ट विलियम कॉलेज ने एक अकादमिक माहौल तैयार किया। बंगाल में फैल रहे ब्रिटिश प्राच्यवाद का प्रभाव कॉलेज पर साफ दिखाई देता है। जिस काउंसिल और अध्यापकों के साथ फोर्ट विलियम कॉलेज की शुरुआत हुई, वे सभी प्राच्यविद्या के क्षेत्र में अपना स्थान बना चुके थे। फोर्ट विलियम कॉलेज से जुड़ने वाले सभी शिक्षक/विद्वान खालिस व्यापारिक मनोवृत्ति से नहीं अपितु शिक्षा व शिक्षण के उद्देश्यों को लेकर जुड़े थे, जिनमें सबसे प्रमुख नाम हिन्दुस्तानी भाषा को प्राथमिकता देने वाल जॉन बॉर्थविक गिलक्रिस्ट थे।

जॉन बार्थविक गिलक्रिस्ट हिन्दुस्तानी भाषा के समर्थक होने के बावजूद भी हिन्दी भाषा ग्रंथों की रचना लल्लूलाल व सदल मिश्र की सहायता से करवाते हैं। गिलक्रिस्ट हिन्दुस्तानी को अरबी-फारसी और हिन्दी को ब्रजभाषा से जोड़कर प्रस्तुत करते हैं। नवीन ग्रंथों व कोशों को तैयार कर उन्होंने भारतीय भाषा को समृद्ध किया।

बहरहाल आगे चलकर जॉन विलियम टेलर ने हिन्दुस्तानी का अधिक महत्त्व होने के बावजूद भी हिन्दी के अध्ययन को आवश्यक माना। जॉन विलियम टेलर के कार्यकाल में हिंदी-हिंदुस्तानी के कुछ नए ग्रंथ तैयार हुए कुछ अनुवाद कार्य हुए, पुराने ग्रंथों के नए संशोधित संस्करण प्रकाशित हुए, साथ ही

ग्रंथकर्ताओं को पुरुस्कृत करने का कार्य भी किया गया। टेलर के तीन बड़े सहयोगियों - टॉमस रोएबक, विलियम प्राइस और तारिणीचरण मिश्र ने भी अपने-अपने कार्यक्षेत्र में उम्मीद से बढ़कर कार्य किया। तारिणीचरण मिश्र ने टॉमस रोएबक को कोश तैयार करने में भरपूर मदद की, साथ ही उन्होंने विद्यापति के संस्कृत ग्रंथ 'पुरुष परीक्षा' का हिन्दुस्तानी अनुवाद भी प्रस्तुत किया।

'हिन्दी और हिन्दुस्तानी सेलेक्शंस, भाग-1' की भूमिका और 'कॉरेसपॉण्डेसेज ऑफ दी कॉलेज ऑफ फोर्ट विलियम' में संकलित प्राइस का पत्र इस बात का प्रमाण है कि भाषा के रूप में हिंदी को स्वीकृति प्रदान कराने में फोर्ट विलियम कॉलेज का क्या योगदान रहा -

हिन्दी को आधुनिक अर्थों में ग्रहण किया गया।

हिन्दुस्तानी से अधिक वरीयता हिन्दी को मिली।

कम्पनी के अधिकारियों का ध्यान प्रशासन और उच्च वर्ग की हिन्दुस्तानी से हटाकर जनसामान्य की भाषा की ओर करने का प्रयास।

हिंदी-हिंदुस्तानी के संबंध में वैज्ञानिक विवेचन

हिंदी-हिन्दुस्तानी व्याकरण का आधार ब्रजभाषा को नहीं, बल्कि खड़ी बोली को माना।

'फोर्ट विलियम कॉलेज' अपने अस्तित्व को बनाए और बचाए रखने के राजनैतिक उठा-पटक से भरा दास्तान है। फोर्ट विलियम कॉलेज लॉर्ड बेलेजली के अग्रिम पहल का परिणाम है। बतौर भाषा वह भी हिन्दी भाषा को स्थायित्व रूप देने में महती भूमिका फोर्ट विलियम कॉलेज और गिलक्रिस्ट, विलियम प्राइस तथा अन्य सहयोगियों की रही। ज्ञातव्य है कि जॉन गिलक्रिस्ट के दौर को अकादमिक दृष्टि से फोर्ट विलियम कॉलेज का स्वर्ण युग कहा गया।

कई विवाद और विरोधों के बावजूद फोर्ट विलियम कॉलेज 1800 ई. से फरवरी 1854 ई. तक के अपने समयकाल को पूरा करने में सफल रहा। किंतु 'कोर्ट ऑफ डायरेक्टर्स की आग में समय-समय पर तपना और अंत में उसे भस्म होना पड़ा और उसके भस्म हुए राख की ढेर पर 'बोर्ड ऑफ एग्जामिनर्स' की नींव रखी गयी।

उल्लेखनीय है कि भाषा के रूप में हिन्दी की विकासयात्र शुरु हो चुकी थी। पत्र-पत्रिकाओं, नित नवीन रचनाओं के माध्यम से हिन्दी अपना रूप दिन-प्रतिदिन गढ़ती जा रही थी... अतः कहा जा सकता है कि विकास की यात्र खत्म नहीं होती बस! उसका स्वरूप बदलता है।

'मैं सब बोलता हूं ज़रा-ज़रा

जब बोलता हूं हिन्दी'

संदर्भ

1. डेविड कॉफ, ब्रिटिश ओरिएंटलिज्म एंड बंगाल रेनेसां, फर्मा के.एल. मुखोपाध्याय, कलकत्ता, 1969, पृ. 5
2. शेखर बंद्योपाध्याय (अनुवाद - नरेश नदीम, पलासी से विभाजन तक, ओरिएंट लॉन्मैन प्राइवेट लिमिटेड,

2007, पृ. 43
3. एशियाटिक रिसर्चेज ऑर ट्रांजैक्शंस ऑफ दी सोसाइटी इंस्टीट्यूटेड इन बंगाल फॉर इन्क्वायरिंग इनटू दी हिस्ट्री एंड एंटीक्वीटीज, दी आर्ट्स साइंसेज एंड लिटरेचर ऑफ एशिया, भाग-1, भारत भारती ओरिएंटल पब्लिशर्स एंड बुक सेलर्स, दुर्गा कुंड, वाराणसी, पृ. vii (अनुवाद-शीतांशु)
4. ओ.पी. केजरीवाल, भारत के अतीत की खोज, किताबघर प्रकाशन, नई दिल्ली, 2009, प्रस्तावना से।
5. वही
6. एशियाटिक रिसर्चेज ऑर ट्रांजैक्शंस ऑफ दी सोसाइटी इंस्टीट्यूटेड इन बंगाल फॉर इन्क्वायरिंग इनटू दी हिस्ट्री एंड एंटीक्वीटीज, दी आर्ट्स साइंसेज एंड लिटरेचर ऑफ एशिया, खंड-4, चतुर्थ संस्करण (फ्रॉम दी कैलकटा एडिशन), लंदन, 1807, पृ. 117
7. हिन्दी अनुवाद उद्धृत - लक्ष्मीसागर वार्ष्णेय (1800-1954), इलाहाबाद विश्वविद्यालय प्रकाशन, इलाहाबाद, 1947, परिशिष्ट से, पृ. 180
8. केदारनाथ सिंह की कविता

सहायक पुस्तक

1. कम्पनी राज और हिन्दी (सन्दर्भ: फोर्ट विलियम कॉलेज) - शितांशु प्रथम संस्करण-2018, राजकमल प्रकाशन
2. साहित्य चिंतन, डॉ. लक्ष्मीसागर वार्ष्णेय, राजस्थान प्रेस

❒❒❒

1. शोधार्थी हिन्दी विभाग मिजोरम विश्वविद्यालय, मिजोरम मो.- 8447747603 ईमेल: jhaprabhanjan89@gmail.com
2. शोध-निर्देशक आचार्य, हिंदी विभाग, मिजोरम विश्वविद्यालय, मिजोरम आईजोल, मिजोरम-796004 ईमेल: sanjaykumarmzu@gmail.com

महात्मा बुद्ध और साहित्य -समाज परिवर्तन-कारी चेतना

–सूरज प्रकाश बडत्या

यहाँ बहुत ही स्पष्ट रूप में दो प्रकार की वैचारिकी, आचार-विचार, पूजा-पद्धति, साहित्य और प्राचीन मध्ययुगीन लेखकों के नामोल्लेख के साथ उनकी वैचारिकी और समझ को बताया गया है ।दिनकर के कथन से स्पष्ट देखा जा सकता है कि एक भारतीय चिंतन परंपरा में एक धारा आडंबरों और अंधविश्वास के साथ जातिव्यवस्था को प्रश्रय देती रही है और दूसरी धारा 'लोक' की अवधारणा को आगे बढ़ाती रही है।

शोधालेख सार - इस शोधालेख में बौद्ध एवं आधुनिक चिंतनधाराओं के आधार पर भारतीय समाज का विश्लेषण किया है | इसके अंतर्गत भारतीय चिंतन परंपरा में बौद्ध, जैन , चार्वाक , लोकायत अम्बेडकरवाद जैसी दार्शनिक वैचारिकी को भारतीय समाज के सन्दर्भ में जांचा-परखा गया है |

बीज शब्द- भारतीय समाज , चिंतन पद्धति , वर्ण व्यवस्था , बौद्ध दर्शन, जैन दर्शन, लोकायत , आंबेडकरवाद , इतिहास -दर्शन , वर्चस्ववादी वैचारिकी |

किसी भी समाज में विकास सामूहिक प्रयास और बिना प्रतिरोध के संभव नहीं है । पहले से स्थापित मूल्य समर्थित व्यवस्था अपने वर्चस्व को कायम रखने के लिए हर संभव प्रयास करती है और नवचेतना संपन्न समुदाय नई मूल्य-व्यवस्था के स्थापना के लिए पुरानी मूल्य-व्यवस्था का प्रतिरोध करता है । इसीलिए शंकर गुहा नियोगी ने कहा था कि 'ध्वंस और निर्माण की प्रक्रियाएं साथ-साथ चलती हैं | बिना पुराना टूटे नए का निर्माण नहीं किया जा सकता।' लेकिन क्या यह प्रतिरोध की चेतना अचानक कहीं आकाश से टपक पड़ती है या जमीन के गर्भ से अवतरित हो जाती है। चूंकि हमेशा से ही स्थापित मूल्य- व्यवस्था के भीतर ही प्रतिरोध करने वाला समुदाय विद्यमान रहता है | उसी वर्चस्ववादी और प्रतिरोधी चेतना का विश्लेषण हम इस शोधालेख में करेंगे | साथ ही बौद्ध दर्शन ने कैसे समाज-साहित्य को प्रभावित किया उसे भी परखेंगे | इस आलेख में हम बौद्ध दर्शन के सामाजिक योगदानों को देखेंगे | बौद्ध दर्शन की इस प्रक्रिया को समझे बिना हम आज के दलित साहित्य और उसकी वैचारिक आधारभूमि को ठीक प्रकार से नहीं समझ पाएंगे ।

बौद्ध धम्म-दर्शन

बौद्ध धम्म तत्कालीन समय के वैदिक धर्म की कुरीतियों, वर्चस्ववादिता, अन्याय के विरुद्ध पैदा हुआ एक लोकधर्म था ऐसा भारतीय ही नहीं बहुत से विदेशी चिंतकों ने भी माना है । इसे और ठीक

प्रकार से समझने के लिए हम हिंदी साहित्य के महत्वपूर्ण लेखक और चिन्तक रामधारी सिंह 'दिनकर' के कथन को यहां उद्धृत कर अपनी बात को आगे बढ़ाना चाहेंगे। दिनकर अपनी बहुचर्चित पुस्तक **' संस्कृति के चार अध्याय '** में कहते हैं- ''बुद्ध के समय से ही भारत में संस्कृति की दो धाराएं बहुत ही स्पष्ट रही हैं। एक धारा वह है जो वर्णाश्रम धर्म को अक्षुण्ण रखना चाहती है जिसका विश्वास वेदों, पुराणों, स्मृतियों और धर्मशास्त्रों में है और धर्म के स्मृति रूपों में श्रद्धा रखती है, मंदिर, मूर्ति, तीर्थ और व्रत में विश्वास करती है। इस धारा के आचार्य मनु, शंकर तथा उनके कवि कालिदास, जयदेव, विद्यापति और तुलसीदास हैं। दूसरी धारा वह है जो बुद्ध के कमंडल से निकलकर बौद्ध आचार्यों से होकर सरहपा, नाहपा आदि सिद्धों में पहुंची और उनके कवि कबीर, नानक, दादू हैं।''1

यहाँ बहुत ही स्पष्ट रूप में दो प्रकार की वैचारिकी, आचार-विचार, पूजा-पद्धति, साहित्य और प्राचीन मध्ययुगीन लेखकों के नामोल्लेख के साथ उनकी वैचारिकी और समझ को बताया गया है।दिनकर के कथन से स्पष्ट देखा जा सकता है कि एक भारतीय चिंतन परंपरा में एक धारा आडंबरों और अंधविश्वास के साथ जातिव्यवस्था को प्रश्रय देती रही है और दूसरी धारा 'लोक' की अवधारणा को आगे बढ़ाती रही है। आडंबरों और अंधविश्वासों को प्रश्रय देने वाली इस वर्चस्ववादी वैचारिकी और संस्कृति का कोई सीधा संबंध मनुष्य के श्रम के साथ नहीं था। श्रम से संबंध न रख पाने के कारण इस वर्ग की सृजनात्मक क्षमता सीधे तौर पर प्रभावित हुई। श्रम और सृजन का बहुत ही सीधा सा गणित है। इस कारण यह समुदाय काल्पनिक कथावाचक और भोगविलासी होता चला गया। हवन, यज्ञोपवीत संस्कार, पौराणिक कथा का वाचन या क्रियाएं, अभिजात्य भाषा (संस्कृत) में श्लोकों का निर्माण में ही एक समुदाय विशेष ने अपनी सारी सृजनात्मक शक्ति को लगा दिया। बल्कि यह अपनी सत्ता को बनाए रखने की लालसा से ही किया होगा ऐसा बहुत से चिंतकों ने माना है। इसलिए नए विचार इनके मानस से दूर होते चले गए। दूसरी तरफ इसके समानांतर वैचारिक प्रक्रियाएं थीं वह कोई एक न होकर कई सारी इकाइयों का समुच्चय था और वह श्रम तथा लोक से सीधी जुड़ी होने के कारण सृजनात्मक संभावनाओं से लैस थीं। इस कारण अधिक सृजन और प्रयोग होते रहे। बौद्ध धर्म उनमें से एक मुख्य वैचारिकी के रूप में मानी जानी चाहिए। जिसने न केवल भारत बल्कि पूरी दुनिया को प्रभावित किया | आज भी भारत को बुद्ध के देश के रूप में मानकर उसका सम्मान किया जाता है | अतः यहां बौद्ध धम्म-दर्शन के योगदानों का विश्लेषण किया जाएगा।

भारतीय इतिहास में यदि छठी शताब्दी ई. पू. को देखा जाए तो यह वह काल है जिसने भारतीय दर्शन, समाज, संस्कृति, साहित्य और जीवन पद्धति को सीधे प्रभावित किया। इस युग को भारत के दार्शनिक चिंतन के युग के रूप में भी पहचाना जाना चाहिए। इसी युग में महात्मा बुद्ध का प्रादुर्भाव हुआ था। इसके बारे में बताते हुए भारत की प्रमुख इतिहासकार रोमिला थापर का मानना है कि-

'भारत में जन्मे किसी भी अन्य ऐतिहासिक व्यक्ति ने विश्व का बलात् इतना अधिक ध्यान आकृष्ट नहीं किया है, जितना बुद्ध ने किया है। इसका एक कारण यह भी हो सकता है कि बुद्ध ने अपने समय के तेजी से बदलते समाज का विश्लेषण करने तथा मनुष्य-जाति के लिए एक स्थायी समाजदर्शन प्रदान करने का अत्यंत गहन और व्यापक प्रयास किया था। बौद्ध धर्म ने एक वैकल्पिक समाज का भी खाका खड़ा कर दिया था। उसने उस समय अपनी जड़ जमाती श्रेणी-बद्ध असमानतावादी विचारधारा और व्यवहारों

से भिन्न सिद्धांतों पर आधारित समाज को संगठित करने की संभावना खड़ी कर दी थी।''2

रोमिला थापर ने यहां दो महत्वपूर्ण बातें की हैं जो सीधे बौद्ध की चिंतन प्रणाली को ठीक प्रकार से समझने में सहायता करती हैं। वह एक स्थान पर कहती हैं कि 'बौद्ध धर्म ने एक वैकल्पिक समाज का खाका खड़ा कर दिया था।' तो हमारा प्रश्न यहाँ पर यह है कि उस समय में इस 'वैकल्पिक समाज' की आवश्यकता क्यों बनी? क्या तत्कालीन समाज इतना बर्बर और अन्यायी था कि उसके समानांतर एक बेहतर, आदर्शात्मक और लोकतांत्रिक समाज की दरकार थी ? यानी कि भारतीय समाज 'वर्ग' और 'वर्ण' में बंटा हुआ था। कहने का मतलब यह है कि तत्कालीन समाज किसी भी मायने में एक बेहतर और स्वस्थ समाज नहीं रह गया था। संभवतः इसीलिए एक वैकल्पिक समाज की रूपरेखा बुद्ध ने तैयार की होगी। दूसरी बात जिस पर रोमिला थापर ने जोर दिया है वह है, 'श्रेणीबद्ध असमानतावादी विचारधारा' यानी कि समाज श्रेणियों में बंटा था। समाज असमानतावादी वैचारिकी पर आधारित था। लेकिन वह कौन सी वैचारिकी थी? असमानता की प्रकृति कैसी थी? इस पर भी बात होनी चाहिए। अधिकांश विद्वानों, इतिहासकारों और समाजशास्त्रियों का यह मानना है कि- यह जड़ जमाती हुई अन्याय और असमानता पर आधारित वैचारिकी ब्राह्मणवादी और वैदिक संस्कृति से परिचालित थी। चूंकि इसी वैचारिकी ने समाज में असमानता की दीवार को बड़ा और खाई को गहरा किया था। लेकिन यह असमानता केवल वर्गीय नहीं थी बल्कि कहीं इससे गहरे यह जाति आधारित थी। जातियों की अपनी श्रेणियां बनी हुई थीं और उन श्रेणियों में शूद्र सबसे निचले पायदान पर था। लेकिन इसमें भी 'अछूत' (अत्यंज) तो इनके किसी भी सामाजिक दायरे में शामिल ही नहीं था। उसे तो समाज को श्रेणीबद्ध करने वाले चिंतकों ने देशनिकाला (नगर-गांव से बाहर) किया हुआ था। ऐसे कारुणिक और बर्बर युग में गौतम बुद्ध ने आज के दलित और उस समय के शूद्र एवं अंत्यज को देश भीतर (नगर-गांव में) ठहरने की, रहने की नई व्यवस्था का प्रतिपादन किया। यह कोई छोटी बात नहीं थी, यह अपने आप में एक क्रांतिकारी-ऐतिहासिक घटना थी। या इसे कहें कि यह जड़ हो चुके भारतीय सामाजिक ढांचे की टूटन की दिशा में बढ़ा पहला सांगठनिक कदम था। यह उस ईमारत की नींव थी जिसको आधुनिक युग में पूरा निर्मित करने का श्रेय डा. अंबेडकर को जाता है। गौतम बुद्ध के बारे में बताते हुए बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर का कहना है कि-

'प्रथम समाज-सुधारक और उनमें सबसे महानतम गौतम बुद्ध थे। समाज- सुधार का इतिहास ही बुद्ध से शुरू होता है और कोई भी इतिहास उनकी उपलब्धियां बताए बिना अधूरा रहेगा।'3

बात सही भी है कि भारतीय समाज में समाज-सुधार का सूत्रापात गौतम बुद्ध ने ही किया था। इसीलिए रोमिला थापर जैसी महत्वपूर्ण और गंभीर इतिहासकार को यह कहना पड़ा कि बुद्ध ने नए समाज का एक वैकल्पिक ढांचा तैयार किया था। किसके लिए यह वैकल्पिक ढांचा तैयार किया था यह पूरी तरह से स्पष्ट है। इसे हम जयशंकर प्रसाद के नाटक चंद्रगुप्त में आए कथन से और अधिक स्पष्ट करना चाहेंगे। चूंकि जयशंकर प्रसाद के बारे में प्रायः यह माना गया है कि उन्होंने अपने लेखन के माध्यम से इतिहास के गंभीर प्रश्नों को साहित्य में पिरोने का कार्य किया है। वे हिन्दू संस्कृति और हिन्दू धर्म के व्याख्याता के रूप में स्थापित हैं। उनके द्वारा रचित हिंदी नाटक 'चंद्रगुप्त' में उन्होंने बौद्ध धर्म के बारे में चाणक्य के मुख से कहलवाया है कि -'वेश्याओं और शूद्र के लिए एक धर्म की आवश्यकता थी जिसकी पूर्ति बौद्ध धर्म के रूप में हुई।'

इसी से समझा जा सकता है कि बौद्ध धर्म ने किस समुदाय को प्रश्रय देने का कार्य किया होगा। बौद्ध धर्म ने वैदिक सामाजिक ढांचे को इसी वर्चस्ववादी वैचारिकी के जकड़न से ढीला किया। शूद्र, अंत्यज एवं स्त्री समुदाय ने थोड़ी मुक्त की सांस ली होगी | यहीं से उनके जीवन में एक नए अध्याय की शुरुआत हुई।

बौद्ध दर्शन के प्रभाव और तत्कालीन समाज को समझने के लिए हमें डा. अंबेडकर के चिंतन से होकर गुजरना होगा। अतः हम यहां डा. अंबेडकर के चिंतन को थोड़ा विस्तार के साथ उद्धृत करना चाहेंगे। डा. अंबेडकर कहते हैं कि- ''बुद्ध ने जब अपना अभियान शुरू किया और उनकी शिक्षा से जो महान सुधार आया उसको समझने से पहले तत्कालीन आर्य सभ्यता की विकृत स्थिति को जानना आवश्यक है। तत्कालीन आर्य समुदाय सबसे घृणित सामाजिक, धार्मिक और आध्यात्मिक व्यभिचार में फंसा हुआ था। कुछ सामाजिक बुराइयां बताने का उदाहरण है, जुआ खेलना। आर्यों में शराब पीने की आदत की तरह जुआ भी समाज में व्यापक रूप से फैला हुआ था। प्रत्येक राजा के यहां जुआ खेलने के लिए महल के साथ ही एक मंडप हुआ करता था। हर एक राजा जुए के विशेषज्ञ को नौकरी पर रखते, जो खेल के समय राजा का सहायक हुआ करता था।''4

डा. अंबेडकर आगे बताते हैं कि-

''अब आर्यों के समाज की बात करें जो कि वर्ग-संघर्ष और वर्ग-अप्रतिष्ठा का शिकार था। आर्यों का समाज चार वर्गों को मान्यता देता था। वे हैं ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र। इनमें विभेद केवल धरातल का नहीं था, ये विभेद ऊंच-नीच का था, एक वर्ग दूसरे के ऊपर था। एक-दूसरे के ऊपर या नीचे होने के कारण चारों वर्णों में ईर्ष्या और विद्वेष था। इस ईर्ष्या और विद्वेष से शत्रुता पैदा हुई। यह शत्रुता दो सर्वोच्च वर्गों, अर्थात ब्राह्मण और क्षत्रियों में अधिक थी। इन दोनों में सतत वर्ग-संघर्ष चलता रहता था। यह इतना तीव्र था, जिसका विवरण पढ़कर मार्क्सवादी प्रसन्न हो जाएंगे। दुर्भाग्य से ब्राह्मण और क्षत्रियों के बीच के वर्ग-संघर्ष का विस्तृत इतिहास नहीं मिलता। केवल कुछ उदाहरण लिखे गए हैं। वेन, पुरूरवा, नहुष, सुदास, सुमुख और निमि ऐसे क्षत्रिय राजा थे, जिनका ब्राह्मणों से संघर्ष हुआ था। ..... इन दोनों वर्गों के बीच कितने बड़े मुद्दे थे। इनके बीच संघर्ष केवल यदा-कदा होने वाले दंगे नहीं थे। यह दोनों वर्ग एक-दूसरे को मिटा देने के लिए संघर्षरत थे। परशुराम जो एक ब्राह्मण थे, क्षत्रियों से इक्कीस बार लड़े और प्रत्येक क्षत्रिय को उन्होंने मार डाला। वैसे वे दोनों वर्ग सर्वश्रेष्ठता के लिए आपस में लड़ रहे थे, फिर भी दोनों वैश्यों और शूद्रों को वश में रखने के लिए एक थे। वैश्य दूध देने वाली गाय के समान थे। उनका कार्य केवल कर चुकाना था। आमतौर पर शूद्र भार स्वरूप जानवर थे। इन दो वर्गों का एकमात्र उद्देश्य ब्राह्मण और क्षत्रिय को गौरवमय बनाना और खुशहाल रखना था। इनके अपने जीने के कोई अधिकार नहीं थे ....ये लोग समाज और कानून की परिधि के बाहर थे। इनके न तो कोई अधिकार थे और न इन्हें कोई अवसर थे। ये आर्यों के समाज से बहिष्कृत थे।''5

डा. अंबेडकर ने तत्कालीन वैदिक समाज में रहने वाले वर्ण और वर्ग आधारित समुदाय का एक खाका खींचा है। इसे जाने बिना हम बौद्ध दर्शन के योगदानों को भली प्रकार नहीं समझ पाएंगे। उन्होंने ऐतिहासिक रूप से उनके पुराणों और धर्मग्रंथों का अध्ययन-विश्लेषण कर अपने विचारों को लिखित रूप

दिया। वे आगे बताते हैं कि-

''आर्यों के समाज की यौन अनैतिकता जानकर उनके समाज एवं वंशजों को सदमा पहुंचेगा। बुद्ध पूर्व के आर्यों पर यौन और वैवाहिक संबंधों के लिए आज की प्रतिबंधित श्रेणियों जैसा नियम नहीं था। आर्य धर्मग्रंथों के अनुसार ब्रह्मा सृष्टि के रचयिता हैं। ब्रह्मा के तीन पुत्र और एक पुत्री थी। उसके एक पुत्र यक्ष ने अपनी बहन से विवाह किया। इस भाई-बहन के विवाह से जो पुत्रियां पैदा हुईं, उनमें से कुछ ने ब्रह्मा के पुत्र मारिचि के पुत्र कश्यप से विवाह कर लिया और कुछ ने ब्रह्मा के तीसरे पुत्र धर्म से विवाह कर लिया। ऋग्वेद में एक प्रसंग है कि यम और यमी भाई-बहन थे। इस प्रसंग के अनुसार यमी अपने भाई यम को सहवास के लिए आमंत्रित करती है और उसके ऐसा करने से इनकार करने पर क्रोधित हो जाती है।

पिता अपनी पुत्री से विवाह कर सकता था। वशिष्ठ ने अपनी पुत्री शतरूपा के वयस्क हो जाने पर उससे विवाह किया था। मनु ने अपनी पुत्री इला से विवाह किया था। जाह्नु ने अपनी पुत्री जाह्नवी से विवाह किया था। सूर्य ने अपनी पुत्री उषा से विवाह किया था। बहुपति-प्रथा प्रचलित थी, जो साधारण किस्म की नहीं थी। आर्यों में जो बहुपति-प्रथा पाई जाती थी, उसमें एक ही परिवार के कई लोग एक ही औरत से सहवास करते थे। '6

उपर्युक्त उद्धरणों से पता चलता है कि किस तरह तत्कालीन समाज पतन की ओर अग्रसर था। उस पतनशील समाज की संस्कृति और मूल्य-व्यवस्था निश्चित रूप से जातिविशेष के लिए ही सुलभ थी। आम जनता में प्रायः इस प्रकार की कुप्रथाओं का निषेध था और यह चलन में नहीं था। जाति-प्रथा के कठोर बंधन थे। स्त्रियां केवल भोग-विलास की वस्तु मात्रा थीं। ऐसे समय में गौतम बुद्ध का प्रादुर्भाव एक युगांतकारी घटना थी। बुद्ध ने अपने समय की इन सत्ता प्रतिष्ठिनों की संस्कृति और बौद्धिक मूल्यों का प्रतिरोध किया। जहां शिक्षा, धर्म और मान्यताएं उच्चवर्णों तक ही सीमित थीं | बुद्ध ने अपने यहां यह आम जन को सुलभ कराईं। इसमें निश्चित रूप से उस समय के वंचित समुदाय ने राहत की सांस ली होगी। वे बौद्ध धर्म की तरफ आकर्षित हुए। उनके लिए यह नए तरह का अहसास था जहां वे अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकते थे। बौद्ध विहार जो की नए प्रकार के शिक्षालय थे उनमें किसी भी प्रकार का जातिगत भेदभाव नहीं था। हालांकि स्त्रियों के मामले में बौद्ध दर्शन की भी कुछ सीमाएं रही हैं। उनका विहारों में आना वर्जित किया गया था। हालांकि प्रारंभिक दौर में ही ऐसा था। बाद में वे भी बौद्ध विहारों में आने लगी थीं इसका संकेत मिलता है। लेकिन शूद्रों-अन्त्यज को इससे बहुत फायदा हुआ। उनमें शिक्षा और ज्ञान का प्रकाश फैला। हालांकि यहां इसकी गति बहुत धीमी थी लेकिन यह एक सुखद शुरुआत थी। बौद्ध धर्म के योगदान को रेखांकित करते हुए बाबा साहेब डा. अंबेडकर का कहना है कि-

''बुद्ध ने जाति-प्रथा की निंदा की।...असमानता का सिद्धांत जो कि जाति-प्रथा का आधार है, उस समय सुस्थापित हो गया था और इसी सिद्धांत के विरुद्ध बुद्ध ने एक निश्चयात्मक और कठोर संघर्ष छेड़ा। अन्य वर्गों पर अपना वर्चस्व बनाए रखने के लिए ब्राह्मणों के मिथ्याभिमान के वह कितने कट्टर विरोधी थे और उनके विरोध के आधार कितने विश्वासोत्पादक थे, उसका परिचय उनके बहुत से संवादों से प्राप्त होता है। इनमें से सर्वाधिक महत्वपूर्ण अम्बट्ठ सुत के रूप में जाना जाता है।''7

बौद्ध दर्शन या धर्म ने दलितों में नई प्रकार की चेतना का संचार किया। हालांकि इससे उनकी जिन्दगी में कोई बड़ा गुणात्मक परिवर्तन नहीं आया था लेकिन धीरे-धीरे उनमें कर्मकांडों के प्रति मोहभंग अवश्य हुआ होगा। सर्वप्रथम किसी भी प्रकार के परिवर्तन के लिए विचार का बदलना अनिवार्य होता है। बुद्ध ने कार्य-कारण शृंखला के आधार पर बताया कि कोई भी वस्तु बिना कारण के अस्तित्ववान नहीं है। उनके होने के लिए कोई न कोई कारण अवश्य होगा। बुद्ध ने ईश्वर की सत्ता को एक हद तक नकारने का साहस किया जिसके आधार पर 'जाति-उत्पत्ति' का सिद्धांत टिका हुआ था। कर्मफल के सिद्धांत को खारिज करके उन्होंने दर्शन की दिशा को ही बदलकर रख दिया। उन्होंने ब्राह्मणों और क्षत्रियों के राज करने के दैवीय सिद्धांत को चुनौती दी। अपने समय में यह कोई साधारण बात नहीं थी। महापंडित राहुल सांकृत्यायन ने अपनी पुस्तक 'बौद्ध दर्शन' में विस्तार से बौद्ध दर्शन को समझाने का प्रयत्न किया है। बौद्ध दर्शन के योगदानों को जानने के साथ-साथ हमें यह भी जानना चाहिए कि आखिर बौद्ध दर्शन क्या है ? हम संक्षेप में राहुल सांकृत्यायन द्वारा बौद्ध दर्शन के बारें में लिखी गयी कुछ महत्वपूर्ण बातों को यहां रख रहे हैं। उन्होंने बताया हैं कि-

''बुद्ध के उपदेशों को समझने में सहायता मिलेगी यदि पाठक बुद्ध के इन मूल चार सिद्धांतों तीन अस्वीकारात्मक और एक स्वीकारात्मक को पहले जान ले। वे चार सिद्धांत ये हैं-

(1) ईश्वर को नहीं मानना, अन्यथा 'मनुष्य स्वयं' अपना मालिक है इस सिद्धांत का विरोध होगा।

(2) आत्मा को नित्य नहीं मानना, अन्यथा नित्य एकरस मानने पर उसकी परिशुद्धि और मुक्ति के लिए गुंजाइश नहीं रहेगी।

(3) किसी अन्य को स्वतः प्रमाण नहीं मानना; अन्यथा बुद्धि और अनुभव की प्रामाणिकता जाती रहेगी।

(4) जीवन-प्रवाह को इसी शरीर तक परिमित मानना; अन्यथा जीवन और उसकी विचित्राताएं कार्य-कारण नियम से उत्पन्न न होकर सिर्फ आकस्मिक घटनाएं रह जाएंगी। बौद्ध धर्म में चार बातें सर्वमान्य हैं।''8

हम यहां उपर्युक्त चारों बातों की विस्तृत व्याख्या में नहीं जाएंगे लेकिन इसमें जो स्पष्ट है वह है ईश्वर की सत्ता को नकार कर व्यक्ति को स्वयं अपने अच्छे और बुरे के लिए जिम्मेदार मानना। यानी की वह चाहे तो स्वयं द्वारा अपने को बेहतर बना सकता है। इसके अलावा वह बुद्धि और अनुभव को किसी भी बात के लिए प्रमाण स्वरूप स्वीकार करने पर बल देता है। आत्मा की सत्ता को पूरी तरह से खारिज करना अर्थात उसे अनित्य मानना। इसके अलावा वह 'परिवर्तन' को एक बड़ा मूल्य मानने पर बल देते हैं।

लोक-संस्कृति और मूल्यों की स्थापना में बुद्ध का मुख्य योगदान रहा है। उन्होंने लोक-संस्कृति को परिमार्जित किया और 'धम्म' की स्थापना की। इससे अमानवीय वैदिक-पुरोहित संस्कृति के प्रभाव को कम किया। उन्होंने समाज को 'करुणा' और 'प्रेम' का संदेश दिया। लेकिन 184 ई. पू. में पुष्यमित्रा शुंग ने राजनैतिक शक्ति प्राप्त कर तलवार के बल पर बौद्ध संस्कृति का विनाश करने का प्रयास किया और वैदिक धर्म के अनुरूप ब्राह्मण धर्म की पुनः स्थापना कर डाली। ऐसा नहीं था कि शुंग के विरोध करने पर बुद्ध अनुयायी आगे नहीं आए होंगे। जिस सांस्कृतिक प्रतिरोध के मूल्यों की स्थापना बुद्ध ने की थी उसे अनेक

अनुयायियों ने भी आगे जारी रखा था। लेकिन सातवीं शताब्दी तक आते-आते शक, कुषाण, हूण और यवन जैसे विदेशी आक्रांताओं के साथ मिलकर शंकराचार्य जो कि बौद्धिक वैदिक चिन्तक थे उन्होंने बौद्ध धम्म को दार्शनिक स्तर पर ख़तम करने का गंभीर कार्य किया। तत्पश्चात ऐसा कहा जाता है कि बौद्ध अनुयायी बज्रयानी सिद्ध और नाथपंथियों के नाम से लोकमानस में अपने मत का प्रचार करने लगे। इनकी सबसे बड़ी विशेषता थी समाज में मौजूद आडंबरों, विधि-विधानों और कर्मकांडों के खंडन-मंडन का अभियान।

नाथों-सिद्धों के इस अभियान के संदर्भ में रामधारी सिंह 'दिनकर' की पुस्तक संस्कृति के चार अध्याय से उनके मत को यहां पर रखना चाहेंगे-

''इस देश में वेद विरोधी लोगों का दल बहुत बड़ा हो गया था और जो बातें मुसलमानों के आगमन के बाद कबीर, दादू, नानक ने कहीं उन उपदेशों का सिक्का बौद्ध संत (सिद्ध लोग) जनता के मन पर पहले ही (सातवीं, आठवीं, नौवीं सदियों में) बिठा चुके थे। जिसने सिद्धों के पद पढ़े हैं वह त्रिकाल में भी यह नहीं मान सकता कि नानक, कबीर, दादू के प्रादुर्भाव का एकमात्रा कारण इस्लाम था। इस्लाम और सूफियों का प्रभाव इन संतों पर अवश्य पड़ा किन्तु उनके वास्तविक पूर्वज मुस्लिम सूफी नहीं प्रत्युत बौद्ध सरणी के सिद्ध संत थे जिन्होंने धर्म के बाह्याचार पर उतने ही भीषण प्रहार किए थे, जितने भीषण प्रहार आगे चलकर निर्गुणियां संतों ने किए। कबीर की बहुत सी बातों में हम सिद्धों की उक्तियों की आवृत्ति पाते हैं।''9

दिनकर की यह उक्ति हिंदी के प्रमुख आलोचक आचार्य रामचंद्र शुक्ल से अपनी असहमति दिखाती हुई दिखती है कि भक्ति काल के संत साहित्य के प्रादुर्भाव में एकमात्र प्रमुख कारण इस्लाम हैं। जबकि उपर्युक्त विद्वानों के मतों के आधार पर ऐसा प्रतीत होता है कि संतों की दलित चेतना का मुख्य कारण वैदिक संस्कृति विरोधी चेतना है जो बुद्ध से प्रवाहमान होकर नाथों-सिद्धों से होती हुई यहां तक आई है।

संदर्भ

1. संस्कृति के चार अध्याय, रामधारी सिंह 'दिनकर' लोकभारती प्रकाशन इलाहबाद ,संस्करण 2016, पृ. 342.
2. प्राचीन भारत, रोमिला थापर का लेख राजकमल प्रकाशन , नयी दिल्ली , संस्करण, 2001, पृ. 35.
3. बाबा साहेब डा. अंबेडकर संपूर्ण वाङ्मय, खंड डा. बी.आर. अंबेडकर, डा. अंबेडकर प्रतिष्ठान, कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्लीसं स्करण 2001 पृष्ठ ३२ .
4. वही, पृ. 33.
5. वही, पृ. 35-36.
6. वही, पृ. 36.
7. वही, पृ. 75.
8. बौद्ध दर्शन, राहुल सांकृत्यायन, किताब महल प्रकाशन , संस्करण, 2013, पृ. 1.
9. संस्कृति के चार अध्याय, रामधारी सिंह दिनकर, लोकभारती प्रकाशन इलाहबाद ,संस्करण 2016 पृ. 13.

❐❐❐

1. विजिटिंग एसोसिएट प्रोफेसर टोक्यो यूनिवर्सिटी ऑफ़ फोरेन स्टडीज , टोक्यो , जापान badtiya.suraj@gmail.com, 9891438166

भाषा का प्रश्न और वेब सीरीज

–संदीप कुमार जायसवाल

वेब सीरीज ने भाषा का विकेंद्रीकरण किया है ।जिस तरह इनके कंटेंट में कोई एक खास शहर केंद्र में नहीं वैसे ही यहां सिर्फ खड़ी बोली केंद्र में नहीं है। हिंदी की विविध बोलियों, उप भाषाओं के प्रयोग को यहां पर देखा जा सकता है। फिल्मों में बड़े शहरों को ही लोकेशन के तौर पर दिखाया जाता है। वैसे हाल के वर्षों में छोटे शहरों और कस्बों ने भी सिनेपट पर अपनी जगह बनाई है जैसे अलीगढ़ फिल्म या जिला गाजियाबाद।

प्रस्तुत शोध आलेख में वेब सीरीज की भाषा का अध्ययन किया गया है जिसके लिए समाजशास्त्रीय अध्ययन पद्धति का प्रयोग किया गया है। वेब सीरीज मनोरंजन का आधुनिक माध्यम है। इसमें इंटरनेट के जरिए विभिन्न प्लेटफार्म जैसे नेटफ्लिक्स, अमेजॉन प्राइम आदि पर सीरीज देखे जाते हैं। यह कई एपिसोड में होते हैं। वेब सीरीज विभिन्न विषयों को लेकर बनते हैं जैसे राजनीति, क्राइम थ्रिलर, फैमिली ड्रामा, कॉमेडी आदि। वेब सीरीज ने जहां कई नए विषयों पर अपने एपिसोड बनाए हैं वही एक नई तरह की भाषा भी गढ़ी है जो दर्शकों के बीच लोकप्रिय हो रही है। इसकी भाषा में यथार्थ को ज्यों का त्यों प्रस्तुत करने का आग्रह है। यह बदलती हुई सामाजिक संरचना ,स्थितियों को भी प्रकट करती है। प्रस्तुत आलेख में इस बात का अध्ययन किया गया है कि वेब सीरीज किस तरह स्थानीय भाषा को प्रमुखता देते हैं, सामाजिक बदलाव को पकड़ते हैं।वेब सीरीज पात्रों की मुखरता, बोलियों की विविधता आदि को कितने स्वभाविक ढंग से दिखा पाए हैं तथा संप्रेषण में कितने सहज हो पाए हैं, के साथ ही इसमें प्रयुक्त भाषा की सीमा क्या है, इन बिंदुओं पर विचार किया गया है।

निष्कर्ष - वेब सीरीज में गालियों की अधिकता भले ही देखने को मिलती हो पर वह यथार्थ को छुपाती नहीं। उसे वास्तविक रूप में प्रकट करने का आग्रह रखती है साथ ही वह वंचित तबके के लोगों को आवाज देती है। भाषा की स्थानीयता, विविधता आदि उसकी अन्य विशेषताएं हैं, जिसे इस आलेख में दिखलाया गया है।

बीज शब्द - वेब सीरीज, स्थानीयता, संप्रेषण, मुखरता, विविधता

इधर मनोरंजन के नए माध्यम के रूप में वेब सीरीज तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। यह एक ऐसा माध्यम है जिसके लिए ना तो सिनेमा हॉल जाने की जरूरत है ना ही टीवी सेट की। यह आपके

मोबाइल पर ही उपलब्ध है वह भी बिना किसी विज्ञापन के। वेब सीरीज इंटरनेट पर जारी धारावाहिक या वीडियो एपिसोड की एक श्रृंखला होती है। सिर्फ इंटरनेट पर प्रसारण होने के कारण ही इसे वेब सीरीज कहा जाता है। एपिसोड तो टीवी सीरियल में भी होते हैं पर वह इनसे इस मायने में अलग है कि इसमें समय की कोई सीमा नहीं होती। बिना विज्ञापन के निर्बाध रूप से सभी एपिसोड एक साथ देखे जा सकते हैं ।जहां टीवी सीरियल में कई एपिसोड होते हैं वही वेब सीरीज के एक सीजन में 8 से 10 एपिसोड होते हैं।

नेटफ्लिक्स, अमेजॉन प्राइम, सोनीलिव, डिजनी हॉटस्टार, zee5 वे तमाम प्लेटफार्म है जहां दर्शक अपने मनचाहे वेब सीरीज देख सकते हैं। नए- नए विषयों और नई शैली के कारण वेब सीरीज ने दर्शकों का ध्यान अपनी ओर खींचा है। आमतौर पर वेब सीरीज क्राईम थ्रिलर कंटेंट को ज्यादा प्रमुखता देते हैं पर बहुत से अन्य विषयों को भी इसने रोचक तरीके से प्रस्तुत किए हैं जिनमें फैमिली ड्रामा से लेकर देशभक्ति, कारपोरेट जगत, कॉमेडी, स्त्री,दलित, आदिवासी मुद्दे भी शामिल हैं। इन तमाम कंटेंट को नए उभरते एक्टर-एक्ट्रेस ने अपने दमदार अभिनय से जीवंत किया है। वहीं फिल्म जगत के पुराने सितारों ने भी इसमें हाथ आजमाया है। कंटेंट के नएपन के साथ वेब सीरीज की संवाद अदायगी व भाषा भी अपनी पहचान बना रही है। तमाम सारी वेब सीरीज ने अपनी भाषा शैली के कारण दर्शकों के बीच अपनी पैठ बनाई है चाहे वह 'खाकी' वेब सीरीज की भाषा हो या 'गुल्लक' की ।उनके संवाद और भाषा के अनूठेपन ने पात्रों को दर्शकों के बीच लोकप्रिय किया है। यथार्थ के बेहद निकट जाकर जिस जमीन से वह किरदार आते हैं, वही भाषा उसी लय में बोल कर उन्होंने संवाद अदायगी की एक नई शैली विकसित की है। बोलियों की विविधता, उनकी स्थानीय रंगत, उनका सधा हुआ उच्चारण जो किसी भी तरह के बनावटीपन से दूर है दर्शकों के बीच सहज संप्रेषणीय हो रहा है। बेशक इसमें आपके कान कुछ कर्कश शब्दों, गालियां वगैरह को भी सुनते हैं लेकिन है, वह आपके आसपास के जीवन की ही भाषा। एक ऐसी भाषा जिसमें अभिजन तो बोल ही रहे हैं हाशिए का तबका भी अपने को बिना हिचक अभिव्यक्त कर रहा है। स्थानीयता, विविधता, अस्मिता बोध, स्वाभाविकता, विकेंद्रीकरण वेब सीरीज की भाषा की पहचान बन चुकी है।

वेब सीरीज ने भाषा का विकेंद्रीकरण किया है ।जिस तरह इनके कंटेंट में कोई एक खास शहर केंद्र में नहीं वैसे ही यहां सिर्फ खड़ी बोली केंद्र में नहीं है। हिंदी की विविध बोलियों, उप भाषाओं के प्रयोग को यहां पर देखा जा सकता है। फिल्मों में बड़े शहरों को ही लोकेशन के तौर पर दिखाया जाता है। वैसे हाल के वर्षों में छोटे शहरों और कस्बों ने भी सिनेपट पर अपनी जगह बनाई है जैसे अलीगढ़ फिल्म या जिला गाजियाबाद। पर वेब सीरीज इनसे भी एक कदम आगे है। भारत के वे छोटे शहर- कस्बे जिनका नाम भी लोगों ने नहीं सुना होगा वह इनके केंद्र में हैं। 'आरण्यक' वेब सीरीज में हिमाचल प्रदेश का सिरोना शहर, 'जामताड़ा' वेब सीरीज, 'खाकी' में शेखपुरा आदि इसके उदाहरण हैं और जब छोटे शहर मौजूद हैं तो उनकी भाषा क्यों पीछे रहे वह भी अपनी पूरी ठसक के साथ मौजूद हैं। इन वेब सीरीज में अलग-अलग क्षेत्रों की बोलियां ही नहीं बल्कि ध्यान दें तो एक ही बोली के अलग-अलग लहजे भी यहां सुन सकते हैं -गोरखपुर की भोजपुरी अलग है तो पटना की अलग। छोटे शहरों, कस्बों के केंद्र में आने के साथ वहां की बोलियां और भाषाएं भी इन वेब सीरीज में आ गई। आप किसी सीरीज में राजस्थानी सुन सकते हैं तो कहीं

पर हिमाचल की बोलियां या फिर झारखंड की। भोजपुरी, अवधी तो है ही इनके अलावा हिंदी से इतर दूसरे राज्यों जैसे पूर्वोत्तर की भाषाएं भी सुनी जा सकती हैं। यहां बोलियों का प्रयोग सिर्फ शौकिया ही नहीं है या फिर एक दो संवादों में ही नहीं है बल्कि किसी चरित्र के पूरे व्यवहार में है ।जैसा चरित्र है वैसी भाषा बोली। स्थानीयता का पूरा ख्याल रखा गया है। बिहारी मजदूर हो या झारखंड का किसान वह अपनी स्थानिकता के साथ मौजूद है, अपनी संस्कृति- भूगोल को अपनी भाषा के माध्यम से व्यक्त करता हुआ और ऐसा करते हुए इन पात्रों में किसी शर्म या संकोच का भाव भी नहीं है। वह बहुत सहज ढंग से अपनी भाषा का बर्ताव करते हैं। उनके सामने कितना भी आभिजात्य व्यक्ति क्यों ना खड़ा हो भाषा को वो नहीं छोड़ते ।

हिंदी की भाषिक विविधता से हम प्रायः परिचित हैं पर जब सिनेमा या टीवी सीरियल की भाषा की बात आती है तो वहां खड़ी बोली का ही प्रभुत्व दिखता है। हालांकि पिछले कुछ वर्षों में टीवी सीरियल में कुछ पात्रों को भोजपुरी, हरियाणवी आदि का प्रयोग करते हुए दिखाया गया है पर वह इतना आरोपित होता है कि अपने चरित्र के साथ न्याय नहीं कर पाता। पर वेब सीरीज के साथ ऐसा नहीं है। उसके पात्र स्वाभाविकता का निर्वाह करते हैं। भाषा की विविधता के माध्यम से जहां यह पात्र हिंदी की समृद्धि और उसके विस्तार का परिचय देते हैं वही उसके विकेंद्रीकरण के द्वारा हिंदी के तमाम रूपों, शैलियों का भी। वह किसी एक के वर्चस्व को चुनौती भी देते हैं। बिहार के लोग मैं की जगह हम का प्रयोग करते हैं तो इस विशेषता को बिहार आधारित वेब सीरीज में दिखाया भी गया जहां पात्र 'मैं' की जगह 'हम' बोलते हैं जैसे कि 'खाकी' वेब सीरीज में।

स्वभाविकता का आग्रह एक अन्य संदर्भ में भी देखा जा सकता है हिंदी से इतर भाषाओं के संदर्भ में। पुरानी फिल्मों में जब किसी दक्षिण भारतीय या बंगाली पात्र को बोलते हुए दिखाया जाता था तो उसे एक खास टोन और भंगिमा के माध्यम से। वह एक रूढ़ि सा बन गया। जैसे किसी तमिल का यह बोलना – "आइयो हम रंगास्वामी बोलता जी।" गैर हिंदी भाषी का लिंग में अंतर ना पैदा कर पाना अथवा क्रिया पदों आदि को ना समझ पाना यह उनकी विशेषता बना दिया गया और प्रायः हास्यास्पद भी। लेकिन वेब सीरीज इन रूढ़ियों से काफी हद तक मुक्त है। अब किसी सीरीज में यदि कोई गैर हिंदी भाषी पात्र जैसे तमिल,तेलुगू, बंगाली का है तो वह जबरदस्ती हिंदी का प्रयोग करता नहीं दिखाई देता। वह जितना हिंदी समझता है उतना ही बोलता है अन्यथा अपनी ही भाषा में स्वाभाविक ढंग से बिना किसी नाटकीयता के। यानी वह यथार्थ के निकट जाने की कोशिश करता है।

भाषा के संप्रेषण को आसान बनाने का काम किया है सबटाइटल्स की सुविधा ने। वेब माध्यमों पर जितने भी सीरीज उपलब्ध है चाहे वह नेटफ्लिक्स हो या अमेजन प्राइम, वह सभी सबटाइटल्स की सुविधा के साथ आते हैं। यह सबटाइटल्स कई विकल्पों में भी होते हैं जैसे हिंदी के साथ अंग्रेजी, तमिल, तेलुगु आदि में। इससे दर्शक जब किसी किरदार की भाषा को नहीं समझ पाता तो वह सबटाइटल के माध्यम से अर्थ ग्रहण कर लेता है । उदाहरण के तौर पर 'SHI' सीरीज के पात्रों का तेलुगू में बोलना और स्क्रीन पर सबटाइटल्स के तौर पर अंग्रेजी का विकल्प आना। इस तरह सबटाइटल्स संपर्क भाषा का काम करता है और संप्रेषण की बाधा को दूर करता है । इधर ऐसे कई वेब सीरीज आए हैं जिनके पात्र हिंदी के अलावा

कई अन्य बोलियो या भाषाओं का प्रयोग करते हैं पर सबटाइटल के कारण अर्थग्रहण की कोई दिक्कत नहीं होती। 'द लास्ट ऑवर' में पूर्वोत्तर की भाषा को सुना जा सकता है इस तरह यह भाषा की विविधता को प्रकट करते हैं।

वेब सीरीज अपनी गालियों और भदेसपन के लिए बहुत चर्चित हैं। गालियों का खुला प्रयोग वेब सीरीज की पहचान बन चुका है। जब अश्लील दृश्यों, घटनाओं पर कोई सेंसर नहीं है तो फिर भाषा भी यहां खुली छूट प्राप्त कर लेती है। यहाँ शिष्ट –अशिष्ट भाषा जैसा कोई भेद नहीं, जिसके जो जी में आए बेहिचक बोलता है।जैसा वह आम जिंदगी में प्रयोग करता है। अभिजन उसे पर्दे पर देख रहे हैं इसकी कोई परवाह नहीं।सिनेमा सामूहिक कला की विधा है जिसमें समूह के तौर पर दर्शक भी शामिल हैं।कोई फिल्म किसी एक दर्शक को ध्यान में रखकर नहीं बनाई जाती उसे एक साथ बैठकर कई लोग देखते हैं। यही बात टीवी सीरियल के साथ भी है जहां पूरा परिवार साथ बैठकर देखता है। पर वेब सीरीज के साथ ऐसा नहीं है वेब सीरीज थिएटर के लिए नहीं बनती वह इंटरनेट के द्वारा अपने लैपटॉप और मोबाइल पर कभी भी अकेले देखी जा सकती है। किसी अन्य का वहां कोई हस्तक्षेप नहीं। वह दर्शक को एक स्पेस देती है आप कुछ भी सुन सकते हैं, कुछ भी देख सकते हैं। जाहिर सी बात है जब हम अकेले देख सुन रहे हैं तो ऐसी वेब सीरीज का निर्माण करते वक्त नैतिकता का दबाव भी नहीं होता। कहीं ना कहीं उसके निर्माण में यह बात दृष्टिगत है कि इसकी जो भाषा है वह समूह के लिए नहीं। समूह में आयु वर्ग की भिन्नता हो सकती है पर जब समूह का दबाव है ही नहीं तो भाषा की अभिव्यक्ति भी उसके दबाव से मुक्त है, अर्थात नैतिकता के आग्रह से मुक्त। शायद यही वह बिंदु है जहां वेब सीरीज की भाषा यथार्थ को जस का तस प्रकट करने में खुद को सहज पाती है।

कुछ वेब सीरीज जैसे 'मिर्जापुर', 'जामताड़ा', 'द फैमिली मैन','SHE' आदि में उनकी भाषा इतनी मुखर है कि दर्शक श्रोता असहज महसूस करने लगता है। बावजूद गालियों का प्रयोग वेब सीरीज के पात्रों के स्वभाव में ढल चुका है। क्या सीरीज की सफलता के लिए गालियों का प्रयोग जरूरी है? इस प्रश्न की छानबीन करते हुए यह बात उभर कर आती है कि जब यह सीरीज यथार्थ को जस का तस प्रस्तुत करने में कोई हिचक नहीं दिखाते तो भाषा को कैसे छोड़ देंगे। कितना भी वीभत्स, अरुचिकर दृश्य हो कैमरा उन्हें फोकस करता है। कुछ दृश्य तो बाकायदा जूम करके दिखाए जाते हैं जैसे किसी के चेहरे पर बहते खून आदि को। वही हाल भाषा का भी है रोजमर्रा की जो भाषा है या जो बदलाव भाषा में आए हैं, वह बिना किसी कांट-छाँट के यहां प्रस्तुत है। दरअसल यह आवरणहीन भाषा का दौर है। भाषा की काया पर प्रतीकों, संकेतों के आभरण नहीं हैं। जो जैसा है वैसा ही। आवेश, उन्माद, घृणा, स्वप्न सब की भाषा बोली यहां मौजूद है। एक ऐसा यथार्थ जहां शिष्ट- अशिष्ट साथ चलते हैं। 'दिल्ली क्राइम' वेब सीरीज में पुलिस की एक उच्च्च अधिकारी जो बहुत संवेदनशील और गंभीर अफसर के तौर पर दिखाई गई है आवेश के क्षण में बेहिचक गाली का प्रयोग करती है। यथार्थ के निकट होने का आग्रह पात्रों की भाषा में भी दिखाई देता है। अधिकांश वेब सीरीज क्राइम थ्रिलर के कंटेंट को ध्यान में रखकर बनाई जाती हैं। जिनके पात्र भी आपराधिक प्रवृत्ति के या अशिष्ट होते हैं। जिस वर्ग का वे प्रतिनिधित्व करते हैं, वैसी ही भाषा भी उनके

व्यवहार में झलकती है। वेब सीरीज के संवाद उनको वैसे ही परोस भी देते हैं। कुछ सीरीज में जहां गालियों को ग्लैमराइज करके या उनकी भरमार पैदा करके दिखाया गया है बेशक खटकते हैं, लेकिन जहां वह स्वाभाविक ढंग से आए हैं, जैसे हताशा के क्षणों में साला, कमीना आदि कहना, वहां हम उसे इग्नोर कर देते हैं। कोई पात्र जिस परिवेश में रहता है वह वैसी ही भाषा का प्रयोग करता है। यह आम धारणा बना ली जाती है कि जो अशिक्षित, पिछड़ा है वही गाली का प्रयोग करता है। जबकि वेब सीरीज में यह दिखाया गया है कि शिक्षित व्यक्ति भी गालियों का प्रयोग करते हैं भले ही वह अंग्रेजी में क्यों ना हो। इस तरह वह यथार्थ के अधिक निकट है।

वेब सीरीज में मुखरता बहुत है ।यहां कोई चुप नहीं है, सब बोलते हैं शायद यह बदलते भारत की तस्वीर है। स्त्री हो या बच्चे सभी बोलते हैं, बिंदास बोलते हैं। पुरानी फिल्मों में स्त्री हीरो की प्रेमिका तक ही सीमित दिखाई देती है और उसका बोलना भी नपा तुला, हीरो की दुनिया के इर्द-गिर्द सिमटा हुआ। वेब सीरीज में स्त्री की भूमिका बदली है। वह डॉक्टर है, स्टूडेंट है, पुलिस अधिकारी है, बिजनेसमैन है, सपनों को तलाशती स्त्री है। घर से बाहर कदम रखने के साथ उसकी भाषा का भी दायरा बढ़ता है। यहां चुप्पियाँ बोलने लगती हैं, वर्षों का मौन टूटता है। वह राजनेता के तौर पर बोलती है, पुलिस अधिकारी के तौर पर बोलती है। वह वर्जित शब्दों को चखती है उन्हें उगल भी देती है। अपनी दमित इच्छाओं को वह जाहिर कर देती है। 'शी' वेब सीरीज में एक पुलिस इंस्पेक्टर के रूप में भूमि नामक पात्र का बिंदास बोलना इसका एक उदाहरण है। एक प्रसंग में वह अपने पति को लताड़ते हुए मन की गांठों को भाषा के माध्यम से खोल देती है। सिर्फ स्त्री ही नहीं किशोर, बच्चे हाशिये के अन्य चरित्र भी यहां बोलते हैं। वर्जित क्षेत्रों को लांघ कर बोलते हैं। 'द फेम गेम' में एक किशोर अपने समलैंगिक होने को अपनी मां के सामने कह देता है। 'द फैमिली मैन' में एक किशोरी पिता से पीरियड, सेनेटरी नैपकिन की बात करती है। इसी सीरीज में बच्चा पिता के सामने गाली देता है वह कुछ नहीं कहता। सामाजिक बदलावों को वेब सीरीज की भाषा बखूबी प्रकट कर रही है।

वेब सीरीज में सिर्फ गालियों या अभद्र भाषा का ही प्रयोग नहीं है जैसा कि एक आम धारणा बना ली गई है। वह भाषा का एक साफ सुथरा रूप भी सामने रखती है। पारिवारिक मुद्दों पर बने वेब सीरीज में भाषा की इस तरलता को देखा जा सकता है। 'होम शांति', 'गुल्लक' जैसी वेब सीरीज की भाषा मुग्ध करती है। कुछ दमदार संवादों के माध्यम से स्त्री की सशक्त छवि को भी प्रस्तुत किया जा रहा है।

वेब सीरीज में गाने ना के बराबर होते हैं तो इसमें सारा दारोमदार संवादों पर टिका होता है। यहां संवादों का चुस्त होना भी जरूरी है क्योंकि एक एपिसोड 40- 45 मिनट का होता है तो उनमें कसावट लाने के लिए संवाद का प्रभावी होना जरूरी है। फिल्म की कहानी 3 अंकों में विभाजित होती है इसलिए उनमें एक कसावट होती है। उसमें एक्शन दृश्यों के साथ संवाद दृश्यों का भी बराबर महत्व होता है। लेकिन वेब सीरीज में एक ही कहानी कई एपिसोड में चलती है ऐसे में वहां संवाद दृश्यों का महत्व बढ़ जाता है। मनोहर श्याम जोशी ने टीवी सीरियल के विषय में लिखा है, "संवाद प्रधान दृश्यों में आपको छोटे और पैने संवाद रखने चाहिए। कोशिश यह होनी चाहिए कि संवादों से या तो चरित्र चित्रण हो या ऐसी कोई सूचना मिले

जिससे कहानी आगे बढ़े या दर्शकों के मन में पात्रों के प्रति किसी विशिष्ट भावना का उद्रेक हो या जबरदस्त ड्रामा पैदा हो ।याद रखें कि ड्रामा तभी पैदा होता है कि जब पात्र आपस में टकरा रहे हों।"1 टीवी सीरियल में संवाद प्रधान दृश्यों की भरमार रहती है। संवाद प्रधान दृश्य वेब सीरीज की भी विशेषता है । वेब सीरीज में भी विपरीत स्वभाव के पात्र आपस में टकराते हैं। उनके बीच में तमाम उलझने होती हैं जो खिंचती ही चली जाती है ऐसे में संवाद की गुंजाइश भी काफी बढ़ जाती है। विभिन्न पात्रों के व्यक्तित्व और उनके आपसी टकराव को वेब सीरीज की भाषा ने बहुत कुशलता से गढ़ा है। मिर्जापुर, महारानी, पंचायत वेब सीरीज के पात्रों के स्वभाव चाहे किसी का चुलबुलापन हो, क्रूरता या उसका सनकीपन, यह सारी भंगिमा उनकी भाषा में झलकती है। मिर्जापुर वेब सीरीज में कालीन भैया और गुड्डू पंडित के आपसी टकराव को संवादों के जरिए खूब प्रकट किया गया है ।

'खाकी' में चंदन का वहशीपन हो या फिर 'मिर्जापुर' में कालीन भैया की दबंगई, यह उनकी भाषा खूब अच्छे से प्रकट करती है। स्थिति और पात्रानुकूल भाषा के विषय में प्रसिद्ध पटकथा लेखिका मन्नू भंडारी ने भी लिखा है । उनके शब्दों में, " संवाद स्थिति और पात्रों के अनुकूल तो हों ही, सटीक और संक्षिप्त भी हो तो अच्छा है।"2 इस कसौटी पर वेब सीरीज की भाषा खरी उतरती है। कब किस समय भाषा का तेवर शालीनता को ओढ़ेगा, कब उसमें भदेसपन आ जाएगा, यह उतार-चढ़ाव वेब सीरीज की भाषा में खूब झलकता है। एक ही किरदार की भाषा के विभिन्न तेवर को यहां लक्षित किया जा सकता है । अलग-अलग स्थितियों की रंगत को भाषा ने बहुत अच्छे से व्यंजित किया है। उनमें पर्याप्त विविधता झलकती है। ' द फेम गेम' में माधुरी दीक्षित की भाषा एक सेलिब्रिटी के तौर पर कुछ और है वहीं परिवार में मां के तौर पर कुछ और ।कह सकते हैं कि वेब सीरीज की भाषा एकरसता से मुक्त हैं।

प्रसिद्ध फिल्म निर्देशक सत्यजीत रे कहते हैं, "मनुष्यों में वर्गगत अंतर के साथ-साथ भाषा में भी अंतर आ जाता है।"3 यह बात वेब सीरीज के पात्रों की भाषा में भी देखी जा सकती है। आरण्यक और खाकी वेब सीरीज दोनों में ही पुलिस के किरदार दिखाए गए हैं। इनमें सबके बोलने की टोन अलग-अलग है जहां भ्रष्ट पुलिसकर्मी की भाषा में भदेसपन, कुटिलता दिखाई देती है वहीं ईमानदार पुलिसकर्मी की भाषा में संयम और शालीनता दिखाई गई है। खाकी में आईपीएस अफसर अमित लोढ़ा और दूसरे पुलिसकर्मियों की भाषा में काफी अंतर है। इस तरह वेब सीरीज ने अपनी भाषा के जरिए यथार्थ को पकड़ने की कोशिश की है। सिर्फ वर्गगत अंतर ही नहीं एक चरित्र के व्यक्तित्व को भी भाषा बखूबी प्रकट करती है। सत्यजीत रे इस बारे में लिखते हैं, " पटकथा लिखने की आदर्श स्थिति शायद यह है कि पटकथा लेखक अपनी सत्ता का पूर्ण विलय कर के चरित्रों के अंतर में प्रवेश कर उन चरित्रों की सत्ता को संवादों के द्वारा प्रकट कर दे।"4 फिल्म के संबंध में कही गई यह बात वेब सीरीज के लिए भी कहीं जा सकती है। तमाम सारी वेब सीरीज के पात्रों ने अपने व्यक्तित्व को जहां अभिनय के साथ जीवंत किया है वहीं उसी के अनुरूप भाषा का तेवर रख कर उसे और प्रभावशाली बनाया है। आरण्यक में राजनीतिक कुटिलता का प्रसंग हो या मिर्जापुर के पात्रों की आपराधिक मनोवृत्ति यह उनकी भाषा बेहतर तरीके से प्रकट करती है। 'शी' में भूमि नामक पुलिसकर्मी का अंडरकवर ऑपरेशन करने के लिए जो किरदार गढ़ा गया है, उसे वह अपनी संवाद अदायगी से खूब

प्रकट करती है। एक सेक्स वर्कर के तौर पर उसकी जो भाषा है बोलने की टोन है, वह कहीं से भी आरोपित नहीं लगती। इस तरह के चरित्र और भी बहुत सारी वेब सीरीज में देखने को मिलते हैं जिसके पात्रों ने भाषा के जरिए अपने किरदार को जिया है ।

जिस तरह कुछ फिल्में अपनी संवाद अदायगी के कारण दर्शकों के बीच बहुत लोकप्रिय रही हैं, वैसी ही लोकप्रियता वेब सीरीज के संवादों ने भी हासिल की है। ' पंचायत' वेब सीरीज का यह संवाद –"देख रहा है विनोद कैसे अंग्रेजी बोल कर बात को घुमाया जा रहा है", इस कदर चर्चित हुआ कि उस पर मीम्स बनने लगे । इसी तरह 'मिर्जापुर' वेब सीरीज का यह संवाद- " स्वीटी तुम्हें हम अपनी जान से ज्यादा लव किए थे" दर्शकों में लोकप्रिय हुए हैं। सिर्फ लोकप्रिय ही नहीं दमदार संवादों ने भी अपनी जगह बनाई है जो दर्शक को झकझोरती है। जैसे "हमारे हाथ का पानी भी ना पीते यह लोग आगे कैसे बढ़ने देंगे" या फिर 'खाकी' वेब सीरीज का यह संवाद- "ईमानदार ऑफिसर सभी को अच्छे लगते हैं पर अपनी सरकार में नहीं।"

संवाद प्रयोग में तमाम छोटी-छोटी बारीकियों का भी ध्यान रखा गया है जिससे भाषा सहज लगे। बिहार में लोग मैं की जगह हम बोलते हैं तो उन पर आधारित सीरीज के संवादों में 'मैं' की जगह 'हम' का प्रयोग करते हुए पात्रों को देखा जा सकता है। 'खाकी' वेब सीरीज का एक पात्र नई पोस्टिंग हुए पुलिस अधिकारी से कहता भी है, "जिस दिन मैं छोड़कर हम पर आ जाइएगा 50% बिहारी उसी दिन हो जाइएगा ।" इसी सीरीज में किसी के नाम के साथ 'वा' जोड़ने की प्रवृत्ति को भी इंगित किया गया है, जैसे चंदन को चंदनवा कहना यह प्रवृत्ति भोजपुरी भाषा में देखी जा सकती है। इस तरह के सम्बोधन पात्रों की सामाजिक स्थिति को भी प्रकट करते हैं । इनके प्रयोगों में भाषा की स्थानीयता का पूरा ध्यान रखा गया है।

वेब सीरीज की भाषा में अन्य भाषाओं के प्रयोग को भी खूब देखा जा सकता है जैसे कि स्थानीय बोलियों का प्रयोग। उसी तरह हिंदीतर भाषा का भी, विशेष तौर से अंग्रेजी का। कुछ वेब सीरीज में जहां धड़ल्ले से अंग्रेजी संवादों का प्रयोग हुआ है वहीं किसी सीरीज के संवाद में हिंदी के साथ अंग्रेजी के शब्दों को भी मिला दिया गया है, जैसे 'स्कैम 1992' सीरीज का यह संवाद –"रिस्क है तो इश्क है" इस तरह के संवाद और भी बहुत सारी सीरीज में देखी जा सकती हैं। भाषा की यह विविधता बदलती सामाजिक संरचना को भी प्रकट करती है। वैश्वीकरण, सूचना क्रांति के कारण लोग एक दूसरे की भाषाओं, शब्दों को जानने समझने लगे हैं जिसका प्रभाव वेब सीरीज की भाषा में दिखाई देता है।

संदर्भ-

1. पटकथा लेखन,मनोहर श्याम जोशी, राजकमल प्रकाशन दिल्ली, सं-2014,पृ-119
2. कथा पटकथा,मन्नू भंडारी,वाणी प्रकाशन,दिल्ली,सं-2013,पृ -15
3. विषय :चलचित्र,सत्यजित रे,रेमाधव पब्लिकेशन्स,नोएडा,सं-2007,पृ -90
4. विषय :चलचित्र,सत्यजित रे,रेमाधव पब्लिकेशन्स,नोएडा,सं-2007,पृ -91

❑❑❑

1. असिस्टेंट प्रोफेसर, श्यामलाल कॉलेज,दिल्ली विवि ई मेल –sandeepjaiswal2007@gmail.com मोबाइल न –9899920027 पता -507,पाकेट डी,दिलशाद गार्डन,दिल्ली 110095

सामी के काव्य में वेदांत

–रमेश एस. लाल
–प्रो. हासो दादलाणी

सामी जी स्वांत: सुखाय काव्य-रचना करते थे। लगभग चालीस वर्ष की उम्र में भाई चैनराय सामी ने सलोक (संस्कृम शब्द 'श्लोक' क तद्भव लिखना आरंभ किया)। वे गुरुमुखी में श्लोक लिखते और एक घड़े में डालते जाते। शिकारपुर सिंध में रहकर उन्होंने 2100 श्लोकों की रचना की। अमृतसर में रचित श्लोकों की संख्या 1900 के आस-पास है।

सामी के काव्य में वेदांत

सिंध की पवित्र भूमि जहां वैदिक संस्कृति फली-फूली और जहां वेदों की रचना हुई, जहां अनेक संतों महात्माओं ने वेदांत और आध्यात्मिक ज्ञान का उपदेश दिया, वहां अवश्यमेव श्रेष्ठ साहित्य का सृजन हुआ, यह निश्चित है। किन्तु सिंधु प्रदेश की प्रतिकूल राजनैतिक परिस्थितियों एवं सिंधु नदी के सदैव बदलते प्रवाह के कारण सिंध का प्राचीन साहित्य उपलब्ध नहीं है। चैदहवीं सदी का केवल 'दोदो चनेसर' प्रथम वीर काव्य उपलब्ध है। तत्पश्चात् मामोई फकीरों के कुछ दोहे, काजी काजन के दोहे, सोरठे, शाह अब्दुलकरीम के दोहे-सोरठे उपलब्ध हैं। शाह अब्दुल लतीफ भिटाई जैसे विश्व विख्यात कवि, शाह इनायत, संत रोहल, सचल सरमस्त, चैनराइ सामी साहिब, दलपतराइ, बेकसि, बेदिल आदि कवियों ने सूफी, संत, एवं भक्ति काव्य का सृजन किया।

'वेदान्त' संस्कृत का शब्द है, इसका शाब्दिक अर्थ है वेदों का अंतिम भाग, जिसमें वेदों के मंत्रों में समाहित दार्शनिक विचारों को समझाया गया है इसलिये 'वेदान्त' शब्द का एक अन्य अर्थ है 'उपनिषदों का ज्ञान' उपनिषदों के दार्शनिक विचारों को समझाने के लिए जो सूत्र ग्रन्थ लिखे गये हैं, उनमें महर्षि बादरायण के रचित ग्रन्थ 'ब्रह्म सूत्र' या 'वेदान्त सूत्र' की विशेष ख्याति है। उसे 'उत्तर मीमांसा' भी कहते हैं, अथवा वेदांत का दूसरा नाम उत्तर मीमांसा भी है। पूर्व मीमांसा में कर्म काण्ड का वर्णन है और उत्तर मीमांसा उपनिषदों द्वारा आत्मवादी दर्शन समाहित है। उपनिषद वैदिक साहित्य का अंतिम अंग हैं। उपनिषदों में ही वेदों का अंत होता है। इसलिये वेदांत का अर्थ है उपनिषदों का ज्ञान। इस ग्रन्थ के सूत्रों को समझाने के लिए अलग-अलग आचार्यों न 'ब्रह्म सूत्र' पर टीकाएं लिखी हैं। इस प्रकार कालान्तर में वेदान्त के विभिन्न सम्प्रदायों का स्थापन हो गया। शंकराचार्य (788-820 ई.) का अद्वैत-वेदान्त, रामानुजाचार्य (1037-1137 ई.) का विशिष्टाद्वैतवाद, निम्बार्काचार्य (11वीं ई.

सदी) का द्वैत-अद्वैत-वाद, मध्वाचार्य (1199-1303 ई.) द्वैतवाद, वल्लभाचार्य (15-16वीं ई. सदी) का शुद्धाद्वैतवाद इस क्षेत्र में प्रमुख हैं, जिनके दार्शनिक विचारों का प्रभाव मध्यकालीन भक्ति साधना पर बहुत पड़ा है। इनमें भी शंकराचार्य के अद्वैतवाद का मध्यकालीन संतों और भक्तों के काव्य रचनाओं पर सबसे अधिक और व्यापक प्रभाव पड़ा है।

शंकराचार्य के अद्वैत वेदान्त का मूल मंत्र है-'ब्रह्म सत्यं, जगत्मिथ्या, जीवो ब्रह्मवै नापरः।' अर्थात् ब्रह्म ही सत्य है, यह सारा जगत मिथ्या है अथवा माया का खेल है। जीवात्मा स्वयं ही ब्रह्म है, वह ब्रह्म से अलग नहीं है। जीवात्मा अज्ञानवश स्वयं को ब्रह्म से अलग समझती है और इस संसार को सत्य समझती है। इसी अज्ञान, भ्रम और माया के जाल में फंसकर जीवात्मा इस संसार मे अनेक प्रकार के दुःखों कष्टों को भोगती है। परन्तु जब जीवात्मा को अपनी वास्तविकता का ज्ञान होता है कि 'अहं ब्रह्म अस्मि' अर्थात् मैं ब्रह्म हूं। और यह सारा जगत् केवल परमात्मा की लीला है, जिसे वह प्रलय के समय फिर समेट लेता है, तब उसके अज्ञान का पर्दा हट जाता है। अज्ञान के नष्ट होने से और आत्मज्ञान की प्राप्ति से जीवात्मा आनन्दित हो उठती है। यह आनन्द ब्रह्म के साक्षात्कार की अनुभूति से प्राप्त होता है। इसे ब्रह्मनंद कहते हैं। इसकी अनुभूति ही मोक्ष अथवा मुक्ति है। आत्मज्ञान की प्राप्ति के बिना मुनष्य का ममत्व मोह ओर अज्ञान नष्ट नहीं होता। परन्तु ज्ञान के साथ-साथ प्रेम और भक्ति भावना को होना भी आवश्यक हैः-

बिना आत्म ज्ञान, ममत्व मिटे न मन का,
चाहे सब साधन कर, पढ़ तू वेद पुरान,
गीता में भगवान, ने अर्जुन से यों कहा।

गीता में भगवान कृष्ण ने अर्जुन से यह कहा है कि चाहे तुम सभी वेद-पुराण पढ़ो या अन्य साधन करो, परन्तु आत्म-ज्ञान की प्राप्ति के सिवाय ममत्व का विनाश नहीं होता।

सिंधी संत कवियों के महान वेदांती कवि चैनराइ बचोमल 'सामी' का जन्म अखण्ड भारत के सिंध प्रांत के शिकारपुर शहर में सन 1743 ई. में हुआ। 'सामी' साहब ने श्लोकों के माध्यम से वेदों की वाणी को सरल सिंधी भाषा में विस्तार पूर्वक समझाकर सिंधी भाषा साहित्य के ज्ञानकोष में वृद्धि की है। प्रो. जेठमल परसराम, कौडामल खिलनाणी ने सिंधी साहित्य मंडल द्वारा सामी के चयनित श्लोक प्रकाशित किये गए तत्पश्चात, इन श्लोकों के ग्रंथ, सिंधी के अलावा हिंदी, अंग्रेज़ी व अन्य भाषाओं में भी प्रकाशन किया गया। सामी जी ने अपने श्लोकों वेदांत के दार्शनिक विचार प्रस्तुत किए हैं और उन के सुंदर प्रस्तुतीकरण हेतु उपयुक्त अलंकारों का प्रयोग भी किया है। उन्होंने ब्रह्म, जीव, जग, माया और मुक्ति के बारे में जो दार्शनिक विचार व्यक्त किए हैं, उन का संक्षेप में वर्णन इस प्रकार हैः वेदांत वाक्य ''एको अहम बहु स्याम''-मैं एक हूं और अनेक रूप धारण कर जगत में व्याप्त हो रहा हूं। ब्रह्म भिन्न रूपो में विद्यमान है।

सामी जी स्वांतः सुखाय काव्य-रचना करते थे। लगभग चालीस वर्ष की उम्र में भाई चैनराय सामी ने सलोक (संस्कृम शब्द 'श्लोक' क तद्भव) लिखना आरंभ किया। वे गुरुमुखी में श्लोक लिखते और एक घड़े में डालते जाते। शिकारपुर सिंध में रहकर उन्होंने 2100 श्लोकों की रचना की। अमृतसर में रचित श्लोकों की

संख्या 1900 के आस-पास है। 'सामी' साहब के श्लोक आत्मिक दर्शन से ओत-प्रोत हैं। वे श्लोकों का अर्थ ऐसे सम्मोहक ढंग से समझाते हैं और इतने सुंदर उदाहरण देकर अपनी बात कहते है कोई भी उनकी बात से प्रभावित हो जाता है। उनके अनुसार, ''लोगों ने मानवीय सौंदर्य पर न्यौछावर होकर सैकड़ों बार अपने प्राण त्यागे हैं। पर जिस ईश्वर ने ऐसी इंसानी सुंदरता बनाई है, उसके सौंदर्य का हमें ध्यान ही नहीं रहता है। यदि परमात्मा की सुंदरता की ज़रा भी करें तो उसकी उपासना करना हम कभी नहीं भूल सकते!'' वेदांती कवि सामी साहब के श्लोक सिंधी निर्गुण भक्ति काव्य का बहुमूल्य कोष हैं। ये श्लोक अध्यात्मिक उन्नति हेतु मार्गदर्शन करते हैं। उनके एक श्लोक में कहा गया है कि:

छह, अठारहं, चारि गाल्हि चवनि था हिकिड़ी,

भगति करि भगवान जी, नाना भरम निवारि।

अर्थात् षठदर्शन, अठारह पुराण और चार वेद यही एक बात कहते हैं कि भगवान की भक्ति करो, अन्य नाना प्रकार के भ्रमों को त्याग दो। ताकि द्वैत को बुलाकर, नाना प्रकार के भ्रमों को दूर कर भक्ति के द्वारा ईश्वर से एक-रूप हो जाएं। 'प्रेम बिना प्रकासु, कंहिं खे थियो कीन की।' जिसका अर्थ यह है कि प्रेम के बिना किसी को भी आत्म प्रकाश नहीं मिला है।

मधुर-मधुर मुरली, कान वजाई मुख सां,

बुधी गोपी ग्वाल जी, सामी सुरति भुली।

अविद्या गंढि खुली, डिसी मुंहु, महबूब जो।

अर्थात् श्रीकृष्ण भगवान ने जब मधुर मुरली बजाई तब सभी गोपियां और ग्वाल अपनी सुधि-बुधि गंवा बैठे। उन्होंने जब अपने प्रियतम का मुख देखा, तब उनकी अविद्या रूपी गांठ खुल गई।

सामी जी के श्लोक निर्गुण भक्ति परम्परा के अंतर्गत आते हैं। उन्होने आत्म ज्ञान की महिमा के साथ-साथ भक्ति और योग को भी महत्व दिया है। परमात्मा के सगुण, साकार स्वरूप की उपासना पर भी उन्होंने बल दिया है। वे दार्शनिक सिद्धांत प्रस्तुतकर्ता आचार्य नहीं थे। इसलिये उनके श्लोकों में क्रमबद्ध किसी विशेष एक वेदांती सम्प्रदाय का सिद्धांत नहीं मिलता है। सभी भाषाओं के संत कवियों ने अपने आत्मिक अनुभव व्यक्त करने को महत्व दिया है। सामी जी ने साधना के मार्ग पर चलते हुए भिन्न-भिन्न ग्ंरथों और शास्त्रों का अध्ययन किया और कुछ साधु संतों और महात्माओं के सत्संग से ज्ञान प्राप्त किया है। उनकी वाणी में उसी का स्वाभाविक और सुंदर ढंग से वर्णन मिलता है। उन्होंने अपने श्लोकों में त्याग, वैराग्य, अहिंसा, वेदांत, कर्म योग, भक्ति और अन्य कई विषयों पर वीचार व्यक्त किए हैंः सामी जी कहते हैं कि मेरे सतगुरू ने मुझ पर कृपा करके ऐसा आत्मज्ञान दिया और वह दिव्य आत्मिक दृष्टि प्रदान की, जिसके द्वारा मैं उस आत्मिक संसार तक नज़र फैलाई, जिसकी हर दिशा में केवल ब्रहम ई ब्रहम दिखाई दिया।

सिंधी महाकवि सामी की कविता भारतीय जन-मानस का प्रतिनिधित्व करती है। उसमें संत-काव्य की सभी विशिष्टताएं विद्यमान हैं। संत-कवि पूजा-उपासना के बाहरी प्रदर्शन-पाखंड के विरोधी हैं। सामी

वेदांती कवि होते हुए भी, वे उस वेद-अध्ययन के खिलाफ़ हैं, जिसमें प्रेम और भक्ति को समुचित स्थान नहीं मिला है। वे कहते हैं-

नीहं बिना नादान, वेद पढ़ी वादी धिया,

बांभण कनि बियाई सां, तप-जप दान-सनान।

कबीर ने कहा-ढाई आखर प्रेम का पढ़े, सो पंडित होय। सामी भी पोथी के स्थान पर प्रेम को पंडित का लक्षण मानते हैं और कोरे जप-तप, दान-स्नान में उनकी आस्था नहीं है। भारतीय संत-काव्य में कर्मकांड का विरोध करना; काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार को शत्रु समझकर उनका दमन करना; साधुओं-संतों को मित्र मानना; गुरु-महिमा का गान करना; एक ईश्वर को मानना, साथ में अद्वैत की भावना भी रखना आदि विषय वर्णित हैं। सामी के काव्य में भी ये सब उपलब्ध हैं।

''सत्गुरु'' का संधि विच्छेद हैः सत$गुरू, सत्गुरु अर्थात् सच्चा गुरू या कामिल मुर्शिद। गुरू शब्द दो पदों से बना है एक 'गु' दूसरा 'रू' 'गु' अर्थात 'अंधकार', 'रू' अर्थात् 'रोशनी'। इस प्रकार, गुरू अंधेरे से प्रकाश में लाने वाला या अज्ञान अथवा अविद्या का अंधकार दूर करके ज्ञान का प्रकाश देने वाला। अज्ञानी व्यक्ति को जब कोई सत्गुरू मिलता है तब वह उसके अज्ञान के पर्दे को हटाकर उसकी आंखें खोल देता है। सत्गुरु या सिद्ध पुरुष के मार्गदर्शन के बिना आत्मिक मार्ग पर चलना असंभव है। मनुष्य को इस संसार के भवसागर से पार उतारने के लिये, उसे आत्मिक मार्गदर्शक की आवश्यक्ता होती है।

'सतगुरु जहिड़ो शाह कीन डिठोसीं काथहीं,

परची जंहिं डिनो पूरबी, आत्म धन अथाह,

न की पुछियाईं जात पात, न की पुछियाईं राह,

करे मन अचाह, 'सामी' डिनाईं खिन में।'

हिन्दी अनुवाद

'सतगुरु जैसा शाह कहीं भी देखा नहीं,

जिसने दे दिया पूरबी, आत्म धन अथाह,

पूछी नहीं जात पात, और न पूछी राह,

कर दिया मन अचाह, 'सामी' उसने क्षण में।'

सामी जी ने कहा है कि ''वेदों की वाणी मैं सिंधी में सुनाता हूं।'' यहां वेदों का अर्थ है-वेदांत, यानी वेदों का दर्शन। 'उपनिषदों का ज्ञान' जैसे कि सामी जी ने किसी विशेष वेदांती संप्रदाय के विचारों का चयन नहीं किया है परन्तु उन्होंने अपने आत्म-अनुभव को व्यक्त करते हुए भिन्न-भिन्न सम्प्रदायों और संतों, महात्माओं, भक्तों की वाणी से कई मोती लिये हैं। ब्रहम, जीव-आत्मा और सृष्टि का संबंध समझाते हुए उन्होंने शंकराचार्य के अद्वैत वेदांत और दर्शन के प्रभाव को ग्रहण किया है तथा ज्ञान के साथ भक्ति, प्रेम

भावना और योग को भी विशेष महत्व दिया है।

सामी जी इस संसार को मृग तृष्णा के समान झूठ कहकर संबोधित करते हैं, जो कि भ्रम के अलावा कुछ नहीं होता है। जिस प्रकार हिरण कस्तूरी की तलाश में उसके पीछे निर-उद्देश्य दौड़ता ही रहता है, उसी प्रकार मनुष्य भी झूठी दुनिया के प्रलोभनों में भाग-दौड़ कर निराश होकर प्राण त्याग देता है। सिंधी के सुप्रसिद्ध कवि श्री लेखराज 'अज़ीज' ने अपनी 'सामी' नामक पुस्तक में इस विषय पर समझाते हुए लिखा है, ''जिस प्रकार गोधुलि की वेला में किसी राही को दूर से रस्सी को देखकर सांप का भ्रम होता है तो राही रस्सी वाली दिशा ही बदल देता है। भ्रम वाले समय में भी वह केवल रस्सी ही थी और सांप का कोई अस्तित्व ही नहीं था। परंतु राही भ्रम का शिकार हुआ। वास्तव में वही रस्सी हर काल में असली अस्तित्व रखती है जिसे सांप समझना केवल भ्रम है। इसी प्रकार, हर काल में आत्मा का ही वास्तविक अस्तित्व होता है। जिसे छोड़कर बाक़ी यह सम्पूर्ण जगत और अन्य भोग-विलास उसी भ्रम की भांति हैं, जो न कभी अलग थे और न ही बाद में रहेंगे। आत्मा ही अनादि और अविनाशी है। सत चित आनंद स्वरूप आत्मा, माया के कारण क्षणभंगुर जगत के पदार्थ के रूप में दिखाई देती है, जिसे 'अर्निवचनीय' या 'असत्य' कहते हैं। क्योंकि जो उसका अस्तित्व है वही वास्तव में आत्मा का है। फिर भी उसे सत्य इसलिये कहते हैं, वह जो अस्तित्व है वह वास्तव में आत्मा का है। जगत के अस्तित्व की आशा भी केवल आत्मा है, जिससे सृष्टि को प्रकाश मिलता है।'' सामी भारतीय संस्कृति के सुगंधमय पुष्प हैं। उन्होंने भारतीय संस्कृति के सुंदर विचार हृदय में रखकर काव्य रचना की है।

माया, ईश्वर द्वारा रचित जादू का खेल है, जिसने जीवात्मा को भ्रमित कर दिया है। माया ने सांसारिक लोगों में मोह-ममत्व उत्पन्न कर उन्हें अंधा बना दिया है। सभी मृग तृष्णा रूपी जल में बहते जा रहे हैं। ऐसे गुरूमुख पुरुष विरल है, जिन्होंने सतगुर की कृपा से मन के पांचों विकारों को अपने वश में कर लिया है, और माया रूपी मृग तृष्णा को पार कर गये हैं।

करती जनता अंधी, माया मोह ममत्व से,
मृग तृष्णा के जल में, जाये सदा बहती,
कृपा से बिरले ने, तट सीमा लाघी,
बांभन बांध रस्सी, पांचों को वश में किया।

माया वश होकर ही जीवात्मा में अविद्या या अज्ञान उन्पन्न होता है। अतः वह अपने मूल रूप को न पहचान कर, इस नाशवन्त संसार के अनेक बंधनों में स्वयं को फंसा देती हैः-

सामी कढी जनि, अविद्या मैल अंदर मूं,
से निरमल संसार में, सदा अलेप रहनि,
चींटी ऐं कुंजर में, सम रूपु डिसनि,
लिंव लिंव रसु पियनि, आतम पद अपार जी।

अर्थात् सामी जी कहते हैं कि जिन्होंने अपने मन में अविद्या रूपी मैल को निकाल कर बाहर फैंक दिया है, संसार में रहते हुए भी हमेशा निर्मल, निरलेप हैं। वे चींटी और कुंचर में समान रूप में उसी एक आत्म तत्व को देखते हैं। वे उसी आत्मा के साक्षात्कार के अनुभव का रस पीकर, एयर ब्रह्मनन्द में सदा लीन रहते हैं। यह संसार क्षणभंगुर है। अतः उस पर गर्व न कर, आत्मज्ञान की प्राप्ति के लिए प्रयत्न कर।

कोहु करीं अभिमान, काया माया कुल जो,

स्थिर रह्ये कोन को, मीरु मलिक सुल्तानु,

समुझी डिस, सामी चए, अथी फ़ानी सभु जहानु,

पाए आतम ज्ञानु, कलपत कढु अंदर मूं।

सामी जी कहते हैं कि अपने शरीर, धन दौलत और कुल आदि का अभिमान क्यों करते हो। इस ससांर में राजा, महाराज कोई की अमर अटल नहीं रहे हैं। यह सारा संसार क्षणभंगुर है। अतः आत्म ज्ञान को प्राप्त कर, अविद्या को अपने मन से निकाल दो। गुरूमुख मनुष्य जीवन मुक्त बन जाता है। उसको संसार में कोई भी मोह नहीं रहताः-

सदाईं महमानु, गुरुमुख जाणे पाण खे,

डिठो जंहिं गुर-ग्याति सां, फ़ानी सभु जहानु,

काया, माया, कुल जो, रखे न अभिमानु,

पाए पदु निर्बाणु, सामी रहे सुभाअ में।

गुरुमुख अर्थात् आत्मज्ञानी मनुष्य इस संसार में स्वयं को अतिथि समझता है। गुरु से ज्ञान प्राप्त कर, वह इस संसार को क्षणभंगुर समझता है। उसे अपने शरीर धन दौलत और कुल को काई अभिमान नहीं। वह जीवन में ही निर्वाण-पद को प्राप्त कर, सम-अवस्था में रहता है। सामी जी ने कुछ श्लोकों में योग साधना के द्वारा चित्त-शुद्धि कर, आत्म ज्ञान की प्राप्ति का उल्लेख किया है। उदाहरणार्थः-

नयन-नासिका-नाभि, सोधियो जिनीं गुर-ग्याति सां,

सो सामी नाना भरम में, करे न जीउ खराबु,

पताईं परची करे, अनभइ आतम लाभु,

जम जो हर्फु हिसाबु, वरे वासिलु थी रह्यो।

अर्थात् जिसने गुरु से ज्ञान प्राप्त कर, नयन, नासिका और नाभि को साधित किया है, वह योगी नाना भ्रमों में फंसकर अपने मन को क्षुब्ध नहीं करता। वह योग साधना से आत्मज्ञान को प्राप्त करता है। इस तरह मानो मृत्यु पर विजय प्राप्त कर, जीवन मुक्त होकर, इस संसार में समावस्था में रहता है।

वेदांत का उद्देश्य है जीव तथा ब्रहम की एकरूपता। अर्थात् जीव तथा ब्रहम एक हैं, इसके द्वारा अज्ञान दूर किया जाता है और अज्ञान का अंत होने के पश्चात प्रसन्नता की प्राप्ति होती है। अनेक शास्त्र साधना का

उद्देश्य सुखों की प्राप्ति नहीं अपितु दुखों से मुक्ति बताते हैं। वेदांत आशावादी दर्शनशास्त्र है, जो जीव को अखण्ड आत्म-आनंद प्राप्ति का आश्वासन देता है, इस आनंद की कल्पना करके जीव दुख को भुला बैठता है। अब प्रश्न यह उत्पन्न होता है कि सुख प्राप्त कैसे होगा? सुख आत्मा का स्वरूप है, जो न कहीं से आता है और न कहीं से प्राप्त किया जाता है। यह प्रत्येक स्थान पर उपलब्ध है, परंतु अज्ञानवश उसका आनंद नहीं ले सकते। अज्ञान क्या है? सूक्ष्म में स्थूल को न देखना, अज्ञान है। हम भूल से इस जगत को सत्य मान लेते हैं। यही दुख का कारण है। जिस प्रकार एक रस्सी और सांप में अंतर होता है, परंतु हम रस्सी को सांप समझ कर डर जाते हैं, उसी प्रकार ब्रहम संसार से निराला है, पर अज्ञानवश हम ब्रहम को संसार मान लेते हैं। स्वयं दुखों की तलाश करते हैं। अज्ञान का दामन छोड़ेंगे तो उसी दुख से सुख की प्राप्ति होगी सत्य केवल वही है जो भूत, वर्तमान और भविष्य में एक समान रहता है।

वेदांत का मुख्य उद्देश्य है,''मनुष्य का स्वयं को ढूँढ निकालना।'' स्वयं को पहचानना कि वह कौन था, अब कौन है और आगे चलकर क्या होगा? वेदांत सत्य की खोज हेतु अग्रसर करता है। वेदांत स्वच्छ दर्पण की भांति इस प्रकार पारदर्शी है, जिसमें व्यक्ति स्वयं से मिलन का आनंद ले सकता है, अपने अंदर झांक कर सत्य का दर्शन कर सकता है। वेदांत आत्मिक मार्ग प्रशस्त करता है। सामी जी भी वेदांत का रहस्य और मित्र का दर्शन करने के लिये अंर्तमन में झांकने का मार्ग बताते हुए कहते हैं कि-

सभ जे अंदर आहि, प्रेम पदारथ राम धन,

सामी डिसे कीन की, मुंहुं मढ़ीअ पाए,

सतगुरु लखाए, त डिसे पदु अखियुनि सां।

अर्थात प्रत्येक जीव के अंदर प्रेम पदार्थ रूपी राम धन व्याप्त है, सामी जी कहते हैं कि जीव अपने मन के अंदर झांक कर नहीं देखता है, यदि सतगुरू की कृपा उस जीव पर हो जाए तो वह उस उच्च पद पर विराजमान राम जी के दर्शन अपने नेत्रों द्वारा कर सकता है। आत्मिक सूझबूझ ही वेदांत है। अक्ल की उलझन से वेदांत की प्राप्ति नहीं हो सकती है। वेदांती, संसार के बाहरी दिखावे और आडम्बरों पर आर्कषित रहने का परामर्श नहीं देते हैं। यह संसार की माया, ममता, मोह, मृग-तृष्णा के जल और रेगिस्तान में जल के आभास की भांति है। वेदांत कहता है कि, ''प्रीतम तेरे अंदर में बसता है, जिस प्रकार कस्तूरी मृग की नाभि में होती है, पर वह उसकी सुगंध को बाहर तलाशता है। उसी प्रकार, दुनिया का बाहरी सब पसारा भी ब्रहम का प्रतिबिम्ब है।'' अनेक रूपों में ब्रहम इस प्रकार समाया हुआ है जैसे ध्वनि और उसकी प्रतिध्वनि। ध्वनि और प्रतिध्वनि सुनने में तो दो आते हैं परंतु उनकी आवाज़ में कोई अंतर नहीं होता है। क्योकिं जो भी हम आवाज़ करेंगे, उसकी प्रतिध्वनि भी वही सुनाई देगी। दोनों में अंतर केवल यह है कि प्रति ध्वनि, ध्वनि के बाद सुनाई देती है। अनेकता और एकता वेदांत का ही सिद्वांत है।

वेदांत के अनुसार ब्रहम का दर्शन सारी सृष्टि के कण-कण में होता है। हर स्थान पर सृष्टि रचयिता का निवास है। जिस प्रकार घड़े में आकाश का रूप दिखाई देता है। उसी स्थान पर घड़े चाहे कितने भी हों, सभी में आकाश का आभास समान होता है। परंतु आकाश वास्तव में एक ही है। अस्थित है, मिट्टी वही

है, चाहे मिट्टी के घड़े या रूप कितने भी हों, पर एक ही मिट्टी के रूप ही हैं। स्वर्ण के आभूषण चाहे अनेक हों पर उनका असली रूप तो सोना ही है।

सामी जी कहते हैं कि मनुष्य के पाँच परम शत्रू: काम, क्रोध, लोभ, मोह अंहकार हैं, जो सदैव उस पर हावी रहते हैं। इन्हीं शत्रूओं को शांत करने हेतु स्मृतियां, अंजील आदि सब प्रकाशित हुए। इन शत्रूओं को परास्त करने के लिये व्यास और वाल्मिकी, महात्मा बुद्व एवं ज़रदश्त, मूसा और ईसा, कन्फ्यूशस आदि पैगम्बर और कवियों ने जन्म लिया। परंतु ये दुश्मन आज तक हम पर हावी हैं, ये न केवल हमारे हृदय में पाल्थी मार कर बैठे हैं, पर हमारे सज्जनों और देवताओं की शिकायतें लेकर, सारी सेवा और उपासना अपनी ओर खींच लेते हैं। इन प्रेतों को दूर भगाने हेतु कितने मंत्र बने हैं, परंतु इन दुश्मनों से हमारी ऐसी प्रीत हो गई है, कि मंत्र साधने की बिल्कुल इच्छा नहीं होती। मानुष देह का अर्थ अब इन दुश्मनों की गुलामी नहीं है और जैसा सामी साहब कहते हैं-''काल को काट कर अकाल होना है।'' वे भक्तिकाल की अंतिम प्रामाणिक आवाज़ थे। उन्होंने अपने एक श्लोक में लिखा है-

वेद, पुरान, क़ुरान सभिनी में हिकु सूत,

समुझी डिसु सामी चए, लाए मनु मज़बूत,

जिअं आकास घटनि में, सभ में साखी भूत,

को आतम-रत अवधूत, समुझे हिन सुख़न खे।

अर्थात्-वेद, पुराण और क़ुरान में एक ही सूत्र है। सामी कहते हैं, अपना मन मज़बूत कर इस बात को समझो। जैसे विभिन्न घटों (शरीरों) में एक आकाश (प्राण) है, वैसे सब में वह एक है। इस बात को कोई आत्मलीन अवधूत ही समझ पाएगा।

इस रोग की दवा, सामी जी के अनुसार साधु-संगति में है। और साधु-संगति का अर्थ है, उनकी संगति नहीं, जो स्वयं को साधू कहलाते हैं या पैसे मांगते हैं, परतुं ऐसे संत जिनका सत कर्म, सील-संतोष, निरवेर, सेवा, दया और धर्म है। साधू वे हैं जो हर हाल में प्रसन्न रहते हैं, जो जगत को ज्योति समझते हैं, काया-माया के मोह में नहीं फँसते हैं। साधू वे हैं, जिनके मन में राम सदा बसते हैं। साधू वे हैं जिन के लिये सुख-दुख एक समान है। और जो ईश्वर के स्वरूप के प्रति इस प्रकार सम्मोहित रहते हैं जिस प्रकार चकोरी चन्द्रमा और पतंगा प्रकाश की ओर सम्मोहित रहते हैं। तात्पर्य यह है कि साधू वह है जिनका धन, आत्म धन और जिनका ज्ञान आत्म ज्ञान है। इस बात से कोई इंकार नही कर सकता है कि वही धन उत्तम है और वही ज्ञान उत्तम है।

सामी जी अपने दर्शन, भाषा, भाव शैली, काव्य गुणों- अलंकारों, छंदों, रूपकों और उपमाओं की दृष्टि से मध्यकालीन सिंधी संत कवियों से भिन्न प्रतीत होते हैं, ठीक उसी समय वे भारतीय भक्तिकालीन कवियों, संतों तथा दार्शनिकों से उतने ही समीप दिखाई देते हैं। वे भारतीय संत कवियों को अपना आदर्श मानते थे। वे उन्हें आदर्श की दृष्टि से देखते थे। उनका कविता कहने का ढंग भी भारतीय संत कवियों जैसा ही है।

भारत-उपमहाद्वीप के मध्यकाल के अंतिम महाकवि सामी संपूर्ण धर्मदृष्टि के कवि थो और अन्यान्य संत-सूफ़ी कवियों की तरह समन्वयवादी थे। संसार के अन्य देशों में लोग मध्यकाल को भले ही अंधकार-काल की संज्ञा दें, परंतु भारत में वह काल एक ऐसा प्रकाशमय काल था, जिसमें हम भारतवासियों ने धरती की सतह पर सही तरीक़े से जीने के समन्वयवादी सिद्धांत का निर्माण किया था। हमने निर्माण ही नहीं किया था, अपितु इस सिद्धांत को अपनाया भी था।

सामी साहिब के श्लोकों में मोह-ममता को नष्ट करने पर अधिक बल दिया गया है। पर मोह-ममता कैसे नष्ट होगी यदि हम स्वं को कोई बड़ी हस्ती मान लेंगे। और जो कुछ हमारे पास है धन-दौलत, सम्पति, बुद्धि, शिक्षा, कला आदि को अपना मान लेंगे न कि ईश्वर का। हमें अपना तन, मन और धन हथेली पर रखकर ईश्वर की सेवा में त्याग करना चाहिए। यह सच्ची विद्या है, जिसकी सामी जी ने प्रशंसा की है। इस विद्या के अनुसार दूसरों की भलाई में अपनी भलाई है, दूसरों की सेवा में अपनी सेवा है और ईश्वर की भक्ति राजाओं के राज से बढ़कर है। यही शिक्षाएं हैं, जो वेदांत हमें प्रदान करता है। यही शिक्षाएं सामी जी के श्लोकों में विद्यमान हैं, जिन्हें ग्रहण कर हम अपना जीवन सार्थक कर सकते हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची:

हिंदी पुस्तकें:

1. 'सामी के श्लोक', भाग-1-3, अनुवादक खीमन यू. मूलाणी, 2013
2. 'कबीर ग्रंथावली, संपादक-श्री श्याम सुंदरदास, काशी नागरी प्रचारिणी सभा, काशी, 1928
3. कबीर साखी सार-तारकनाथ बाली, 1956
4. वैदांत और अद्वैतवाद, स्वामी गणेशदास उदासीन, मुम्बई, 2015
5. सिंधी भाषा, लिपि और साहित्य, डा. मोतीलाल जोतवाणी, प्रकाशक-सिंधी अकादमी, दिल्ली, तृतीय सं_स्करण-2007

सिंधी पुस्तकें:

1. सामी, हिकु वेदांती शाइर - डा. वंदना अशोक रामवाणी, 2010
2. सामीअ वेद सुणाया... -लछमण परसराम हर्दवाणी, 2010
3. 'सामी'' (छापो पहिरियों) लेखराज अज़ीज, मुम्बई, 1965
4. ''सामी'' (छापो पहिरियों) कल्याण आडवाणी, मुम्बई, 1965
5. 'तहकीक'-सामी अंक, सिंधु शोध पीठ, म. द. स. विश्वविद्यालय, अजमेर, 2017

❒❒❒

1. शोधार्थी
2. शोध निर्देशक

कृष्णा सोबती का रचना-संसार

–प्रो. मंजुला राणा

यही कारण है कि उपन्यास होते हुए भी इस कृति ने रंगमंच की ख्याति प्राप्त की। अतः दृष्य और श्रव्यकाव्य दोनों की सरहदों को पार करके लेखिका ने अपनी कलम को ऊर्जा प्रदान की है। कृष्णा जी ने मध्यवर्ग के संस्कारों, परंपराओं, आवाजों, आहटों, आषाओं, अपेक्षाओं, कुंठाओ और आक्रोष को पूरी षिद्दत के साथ महसूस किया है। मध्यवर्गीय स्त्री की अस्मिता से जुड़े तमाम प्रष्नों का हल उनके लेखन में ढूंढा जा सकता है।

किसी युग और भाषा में लेखक का जन्म एक दुर्लभ घटना होती है। विगत् चार दशकों के हिंदी-साहित्य में 'कृष्णा सोबती' ऐसे नामों में सहज ही याद की जाती हैं। 18 फरवरी सन् 1925 ई0 को गुजरात (अब पाकिस्तान के पंजाब प्रान्त) में जन्मी भारतीय संस्कृति की अनुपम निधि 'कृष्णा' एक ऐसी बेबाक लेखिका हैं, जिन्होंने कलम को संपूर्ण मानवीय संवेदनाओं से सजाया है। उनके लिए लिखना बस लिखना नहीं बल्कि जिंदगी की तमाम हरकतों को पोर-पोर से रचना में सराबोर करना है। भारतीय साहित्यिक परिदृश्य में उनकी उपस्थिति अपनी संयमित अभिव्यक्ति और सुधरी रचनात्मकता के लिए प्रसिद्ध है। यही गुण है कि अपनी भावात्मक ऊर्जा और कलात्मक उत्तेजना से उन्होंने अपना अलग पाठक तंत्र निर्मित किया है।

लेखिका ने 'थोड़ा' लिखकर बहुत ज्यादा पहचान पाई है। यह उनके सच की अतिशय प्रासंगिकता का प्रमाण भी है। अपने अन्तर्मन का हिसाब-किताब समझाते हुए सर्जक और रचना-धर्मिता को उन्होंने चोली-दामन के रूप में स्वीकार किया है। उनका मानना है - ''सर्जक की निर्मल और निर्मम आँख पाना लेखक के लिए अनन्त का पुरस्कार है। हम मानवीय तन-मन में उस अपनी अन्तर भाषा को चीन्हते हैं। उसके स्वरों से बाहर के कोलाहल को पहचानते हैं। अज्ञात, अनजान रहस्यमयी निकटताओं और दूरियों और आहटों को बीनते हैं। ध्वनियों को शब्दों में पिरोते हैं, अर्थों को अपने अन्तर में प्रतिध्वनित करते हैं। संवेदना की रेखाओं को आंक लेते हैं। मानवीय संबंधों के संघर्ष से वह कोलाहल बुनते हैं, जिसे प्राण रहते लगातार हम सुनते चले जाते हैं। वहीं जिए हुए का लेखा-जोखा, दुख-दर्द, हंसी-खुशी, घृणा-प्रेम, हर्ष-विषाद् अपने पाठ द्वारा अपनी रचनाओं में प्रस्तुत करते हैं।''1

उनके कृतित्व की अहम् विशेषता यह है कि उनका संपूर्ण रचना-संसार आम आदमी के अक्सों से भरा पड़ा है। उन्होंने अपनी साहित्यिक यात्रा मे अनेक उन्नत उपन्यासों का सर्जन कर मानवीय

अनुगूंज पैदा की है। 'डार से बिछुड़ी, मित्रो मरजानी, यारों के यार तिन पहाड़, बादलों के घेरे, सूरजमुखी अंधेरे के, जिंदगी नामा, ऐ लड़की, दिलो दानिश, हम हशमत, समय सरगम, सोबती एक सोहबत' ये हिंदी साहित्य के ऐसे दस्तावेज बनकर उभरे हैं, जिन्होंने लेखिका को कालजयी जामा पहना दिया है और जहाँ उन्होंने हर बार अपनी अलग पहचान दी है। अपनी क्षमताओं का लोहा मनवाने का कौशल तथा अपने प्रति सचेत और समाज के लिए पूरी चेतना से सोचना उनकी लेखनी का विशिष्ट तरीका है। भाषा-संस्कार के घनत्व, जीवंतता और स्पष्ट संप्रेषण ने एक पैनी जीवन-दृष्टि और साफ-सुथरेपन को साहित्य में स्थान दिलाया है। सामंती व्यवस्था हो या मध्यवर्गीय पीड़ाओं का आकाश उनके व्यक्तित्व में इससे कोई अंतर नहीं आता। वे आम-आादमी के दुख-दर्द से इस कदर जुड़ी हुई हैं कि उनके जीवन में इसकी प्रतिच्छाया देखी जा सकती है। उन्होंने स्वयं स्वीकारा है - ''इस लोक में रहने वाले हर इंसान की तरह मैं भी हर दिन धरती और आकाश को जीती हूँ। सूरज और चाँद को जीती हूँ। अपने शहर की सड़कों चौराहों कों। पैदल पार पथों को। मैं वहाँ पहुँचना चाहती हूँ। जहाँ खुली हवा हो और दिल के किवाड़ बंद न हों। पेशेवर मुहासिब नहीं कि हाँ में हाँ और ना में ना। मुझे मेरे 'मैं' से लगाव है पर दूसरों की कीमत पर नहीं। मुझे दूसरों का 'अहम्' स्वीकार है पर मेरी अपनी कीमत पर नहीं।''2 अपने में और दूसरों के अहम् की पूरी गारंटी लेखन में प्राप्त होती है।

कृष्णा जी का साहित्य आधुनिक परिवेश में घुमड़ रहे सभ्यतागत् सवालों और सृजनात्मक सरोकारों से जूझने वाला साहित्य है। स्वयं महानगर में रहकर महानगरीय परिवेश और संस्कृति को उन्होंने अपने लेखन के लिए चुना। महानगरीय बोध और मूल्य संक्रमणशीलता से उसकी रचनाएँ बेहद प्रभावित हैं। मध्यवर्गीय मिजाज का असर भी उनपर भरपूर हैं। पुराने नए का टकराव, पात्रों का आत्ममंथन, अंतर्द्वंद, सही-गलत का अनिश्चय यहाँ तक कि नैतिकता के बदलते साँचे सभी कुछ मध्यवर्गीय संस्कृति की छाप लिए हैं।

आधुनिक भारतीय परिवेश में स्त्री-चेतना की प्रखरतम् वक्ता कृष्णा सोबती ने कलाकार की दृष्टि से पुरुष प्रधान समाज में स्त्री होने के दुर्निवार सत्य को झेला है और इसी संघर्ष की उपज है कि उनके उपन्यास नायिका-प्रधान है और नायिकाएँ ऐसी जिन्होंने परिवेश की घिसी-पिटी जर्जर मानसिकता को जड़ से उखाड़ फेंकने का बीड़ा उठाया है फिर चाहे मित्रो मंरजानी की मित्रो हो या डार से बिछुड़ी की पाशो या ऐ लड़की की नायिका का भव्य अकेलापन हो। उन्होंने अपने उपन्यासों में दमदार नारी-चरित्रों की रचना की है, जो पुरुष समाज के समक्ष आत्मविश्वास के साथ खड़े ही नहीं होते वरन् अपने लिए एक गरिमामय सह-अस्तित्व का सद्भावपूर्ण संघर्ष भी कर रहे है। वे अपने नारी होने के कारण आत्मदया और आत्मग्लानि से त्रस्त नहीं है। जिनमें सृजन का माद्दा है पर जो कभी पुरुष वर्ग से अहं की लड़ाई नहीं लड़ते। वे दुस्साहसी हैं पर बुनियादी तौर पर उच्श्रृंखल नहीं। बस उनकी इच्छा समाज में अपने लिए स्वनिर्मित एक संसार सुरक्षित कर पाने की है, जहाँ के रीति-रिवाजो, मूल्यों और आचार संहिताओ में उनकी सहमति हो, स्वीकृति हो।

कृष्णा जी की समूची रचना-यात्रा नारी के लिए एक मानवीय और गरिमामय भाव-भूमि तलाश करती है और इस यात्रा में उन्होंने नैतिक-अनैतिक, सही-गलत की कहीं परवाह नहीं की। पुरुषों के प्रति किसी भी प्रकार के असम्मानजनक संकेत भी उनके यहाँ नहीं मिलते, न व्यक्ति की तरह, न हजारों वर्षों

की साजिश के प्रतिनिधि की तरह। उनके नारी-पात्रों में न कहीं विद्रोही होने का दंश मिलता है, न किसी को छोटा करने का अहंकार। बेजुबान जानवर की तरह इधर से उधर भटकती 'पाशो' हो या घर परिवार सबको ठेंगे पर रखने वाली 'मित्रो'। शायद उन्हें पता भी नहीं होता कि वे कब इन सबसे ऊपर होती हैं और कब इनके शिकंजे में। उनके नारी आक्रोश का लक्ष्य कुछ तोड़ना नहीं बल्कि स्त्री व्यक्तित्व के लिए बेहतर मानवीय धरातल का निर्माण है। दरअसल लेखिका का रचनाकाल एक ऐसे बोध और संवेदना के धरातल को जी रहा था, जिसमें अलगाव, असंतोष, घुटन, विघटन और अजनबीयत पल-बढ़ रही थी किन्तु उनकी प्रीतिपरक 'एप्रोच' के कारण इस बोध की परिणति नकार, अवज्ञा और आत्मघात में न होकर जीवनजगत् के सार्थक पहलुओं और जिंदगी को समृद्ध बनाने वाले आयामों के निर्माण और अन्वेषण में होती है। कथा-साहित्य को लेखिका का यह योगदान एक ऐतिहासिक घटना है। शायद ही कोई ऐसा लेखक मिले, जिसने इतने अदम्य साहस के साथ छद्म मर्यादित लकीरों को लांघने का प्रयत्न किया हो। इस दायित्व बोध को उनके संस्मरण-संकलन 'हशमत' में देखा जा सकता है। जहाँ अपने छद्म नाम हशमत मियाँ के हवाले से स्वीकार किया है - ''दोस्तों हर लेखक अपने लिए लेखक है। अगर वह संघर्ष से जूझता है, परिस्थितियों से टक्कर लेता है तो एहसान किसी दूसरे पर नहीं सिर्फ कलम पर है। कोई भी अच्छी कलम मूल्यों के लिए लिखती है, मूल्यों के दावेदारों के लिए नहीं अगर ऐसा नहीं तो लेखक और कलाकार शामियानों और विज्ञान भवनों की शोभा बनकर रह जाएगा।''3

उनका यही कथन समाज के चेतनावादी ठेकेदारों को असमंजस में डाल देता है। यही कारण है कि 'मित्रो मरजानी' जैसा चरित्र समूचे कथाजगत् में दुर्लभ है। मांसल कथावस्तु लगभग रीतिकालीन कवियों के सदृश, देह की अदम्य पिपासा और उसकी खुली अभिव्यक्ति, प्राणिक संवेदना एक अविस्मरणीय घटना की तरह पाठकों को झकझोरती रहेगी - ''मेरा बस चले तो गिनकर सौ कौरव जन डालूं पर अम्मा अपने लाडले बेटे को तो आड तोड़ जुटाओ। निगोडे मेरे पत्थर के बुत में भी कोई हरकत तो हो। बहुत हुआ तो हफ्ते पखवारे।''4 सुरखरू हो बैठो अम्मा! तुम्हारे इस बेटे के यहाँ कुछ होगा तो मित्रो चूहड़ी के पैरों का धोवन पी अपना जनम सुफल कर लेगी।

यही कारण है कि उपन्यास होते हुए भी इस कृति ने रंगमंच की ख्याति प्राप्त की। अतः दृश्य और श्रव्यकाव्य दोनों की सरहदों को पार करके लेखिका ने अपनी कलम को ऊर्जा प्रदान की है। कृष्णा जी ने मध्यवर्ग के संस्कारों, परंपराओं, आवाजों, आहटों, आशाओं, अपेक्षाओं, कुंठाओ और आक्रोश को पूरी शिद्दत के साथ महसूस किया है। मध्यवर्गीय स्त्री की अस्मिता से जुड़े तमाम प्रश्नों का हल उनके लेखन में ढूंढा जा सकता है। 'डार से बिछुड़ी' उपन्यास में नानी की घोषणा ''संभलकर री! एक बार का थिरका पाँव, जिन्दगानी धूल में मिला देगा।''5

औरत के सारे बंधनों को कहीं लेखिका ने मन से स्वीकार किया है और कहीं-कहीं उन्हें उतार फेंकने की तड़फ भी उनके उपन्यासों में देखने को मिलती है। संस्कृति के प्रति अगाध श्रद्धा होने के कारण मिट्टी की गंध को उनकी कथाभूमि के प्राण-तत्व के रूप में जाना जाता है। जड़ परंपराओं को नकारती कृष्णा सोबती की लेखनी ने सामाजिक परिवर्तन का बिगुल भी बजाया है। बेटी के जन्म को जहाँ तत्कालीन परिवेश में

एक दुर्घटना के रूप में मान लिया जाता था, वहीं उनका यह कथन - ''अपनी समरूपा पैदा करना माँ के लिए बड़ा महत्वकारी है। पुण्य है। बेटी के पैदा होते ही माँ सदाजीवी हो जाती है। वह कभी नहीं मरती। हो उठती है वह निरन्तरा। वह आज है कल भी रहेगी। माँ से बेटी तक। बेटी से उसकी बेटी। बेटी से भी अगली बेटी। अगली से भी अगली। वही सृष्टि का स्त्रोत है।''6

इस कथन ने मध्यवर्ग के संपूर्ण संशयों को हाशिए पर लाने का प्रयत्न किया है। वर्तमान परिप्रेक्ष्य मे जब भ्रूण-हत्या, दहेज-प्रथा, बलात्कार के प्रसंगों से औरत को टुकड़े-टुकड़े में मारा जा रहा है, वहीं बेटी के जन्म की वकालत करके लेखिका ने पुरुष मानसिकता से लबालब समाज में एक अलग अर्गला तैयार कर ली है। स्त्री की अनिवार्यता और उसकी उपयोगिता को स्वीकारते हुए उनका मानना है - ''शादी के बाद औरत पूरे परिवार के लिए मांझी बन जाती है। झील में तैरती नाव और शिकारे तो देखे हैं न तुमने। उन पर सवार परिवार मजे-मजे झूमते हैं और चप्पू चलाती है औरत। गृहस्थी में पांव रखकर स्त्री का जो मंथन-मर्दन होता है, वह भूचाल के झटकों से कम नहीं होता। औरत सहन कर लेती हैं क्योंकि उसे सहन करना पड़ता है।''7

उनके संबंध में प्रसिद्ध कवि और आलोचक डॉ. अशोक बाजपेयी का कथन द्रष्टव्य है - ''कृष्णा सोबती सिर्फ हिन्दी की ही नहीं बल्कि समूचे भारतीय साहित्य की इस समय सक्रिय एक मूर्धन्य कलाकार हैं। (एक तरह से अनुभव और संबंधों के अध्यात्म की कथाकार हैं)। हम हैं तो समय है, ये एक विश्वास अपने होने में और उस होने से निकलने के तमाम दार्शनिक आशयों में विश्वास जितना कृष्णा जी का है, उतना बहुत कम कथाकारों का है। उनके यहाँ एक पूरा जनपद, एक पूरी सभ्यता बोलती है।''8 अपना दैनिक जीवन हो या लेखन-यात्रा सब कुछ साफ-साफ। एक आदमी की तमाम जरूरतों, दायित्वों, संबंधों की सहजता में स्वयं को ढालना यह उनके व्यक्तित्व के विशिष्ट रंग है। 'जिन्दगीनामा' उपन्यास में लेखिका ने अपने साहसिक लहजे का सृजनात्मक उपयोग किया है। यह उपन्यास हिंदी उपन्यास की सीमाओं को बहुत विस्तृत करता है। भारत-पाकिस्तान का विभाजन जिस दर्द-भरी आवाज में व्यक्त किया गया है, उसने दो देषों की जमीन ही नहीं बांटी अपितु दिलों को भी काट कर अलग कर दिया है। जिस आजादी में सबने साझी जिन्दाबादियों को तरकीब से सहेज कर रखा था। लेखिका ने इस सांझे चूल्हे को दो देशों के बीच बाँटकर दर्द का सैलाब तैयार किया है।

निष्कर्षतः हम पाते हैं कि 'कृष्णा सोबती' एक ऐसी जिंदादिल श्लाका हैं, जिसे समय भुला नहीं सकता। जब तक साहित्य की सुगंध जिंदा है, उनका एक-एक शब्द सूक्ति बनकर याद किया जाता रहेगा क्योंकि ''चिराग तो हर दिल का एक-एक हुआ ही करता है। कभी मद्धम, कभी तेज, कभी लौ बढ़ाता हुआ सुर्ख चिराग, लिखने से पहले उसकी लौ आँखों में झिलमिलाती है फिर अंधेरे में घुलमिल दिल की देहरी पर पसर जाती है। चिराग उधार नहीं मिलते कि देना जरा रूह को उजाला करूँ। हर रूह के दामन में अपना चिराग होता है। हर किसी को अपना ही पैगाम उसे देना होता है। जलो कि लौ तुम्हारी सुर्ख रहे। जलती रहे। वह लौ जो कलम थामने वाले के पास होती है।''9

अतः यह महज संयोग नहीं कि आधुनिक हिंदी कथा-साहित्य में कृष्णा जी का नाम मूर्धन्य है, यह उनके लेखन की क्षमता का साहित्यिक स्वीकार है।

संदर्भ ग्रंथ-सूची

1. छवि संग्रह: कृष्णा सोबती, पृष्ठ-2
2. समय सरगम: कृष्णा सोबती, पृष्ठ-12
3. हम हषमत: कृष्णा सोबती, पृष्ठ-78
4. मित्रो मरजानी: कृष्णा सोबती, पृष्ठ-80
5. डार से बिछुड़ी: कृष्णा सोबती, पृष्ठ-1
6. डार से बिछुड़ी: कृष्णा सोबती, पृष्ठ-40
7. ए लड़की: कृष्णा सोबती, पृष्ठ-20
8. दूसरों के शब्दों में: छवि संग्रह, अशोक बाजपेयी
9. सोबती सक सोहबत: कृष्णा सोबती, पृष्ठ-4

❒❒❒

1. पूर्व सदस्य, उत्तराखंड उत्तराखंड लोक सेवा आयोग प्रोफेसर, हिंदी-विभाग हे0न0ब0 गढ़वाल (केंद्रीय) विष्वविद्यालय, श्रीनगर (गढ़वाल), उत्तराखंड

भारतीय साहित्य में नैतिक मूल्य:

–डॉ. मनोरमा मिश्रा

छठी सदी ई- में अलवारों और नैयनारों एवं अनेक बाद के आचार्यों की परम्परा ने भारतीय साहित्य के स्वरूप को सहिष्णुता, सद्भावना, चारित्रिक शुद्धता जैसे नैतिक भाव सुमनों से सजाया। यद्यपि राजनैतिक स्तर पर भारतीय उपमहाद्वीप का यह युग हमेशा की तरह अलगाव का शिकार था, पर साहित्य ने हमेशा की तरह ही इस युग को सांस्कृतिक एकता के सूत्र में सूत्रबद्ध किया।

अरस्तू ने माना था कि कला का विशिष्ट उद्देश्य आनन्द है, पर यह आनन्द नीति सापेक्ष है- यह अनैतिक नहीं हो सकता। अर्थात् साहित्य नैतिक मूल्यों का आग्रही होना चाहिए। इस मानदण्ड पर यदि भारतीय साहित्य का मूल्यांकन किया जाय तो हम पाते हैं कि भारतीय साहित्य का एक बहुत बड़ा भाग अपनी भाषाई, सांस्कृतिक सामाजिक और धार्मिक विविधताओं के वावजूद इसी मानदण्ड के इर्द-गिर्द बुना गया है। अर्थात् नैतिक मूल्य भारतीय साहित्य का केन्द्रीय चरित्र है। विविधता भरे भारतीय साहित्य में केन्द्रीकृत सम नैतिक मूल्य उसे एकता के सूत्र में सूत्रबद्ध करते है।

राजनैतिक एकता इस भारतीय उपमहाद्वीप का आभूषण भले ही न रही हो, पर साहित्य ने आरम्भ से ही समान नैतिक मूल्यों के बल पर धार्मिक सामाजिक क्षेत्र को वैचारिक एकता से हमेशा अलंकृत किया है। इन नैतिक मूल्यों में जन्ममूलक वर्णव्यवस्था और अस्पृश्यता का निषेध, धर्मिक जड़ता का विरोध, आचरण और चरित्र की शुद्धता तथा स्वकर्तव्याकर्तव्य का बोध इत्यादि तो वैदिक साहित्य से लेकर आधुनिक भारतीय भाषाओं के साहित्य तक में समान रूप से परिव्याप्त हैं।

यद्यपि कुछ मनीषी ऋग्वेद में जातिवाद के बीज खोजते हैं। लेकिन वे यह भूल जाते हैं कि ऋग्वेद की चतुर्वर्ण की दैवीकल्पना समाज में कर्तव्यों के सुचारु संचालन के निमित्त थी, न कि जन्ममूलक जातिव्यवस्था और अस्पृश्यता की स्थापना की आकांक्षा से। इसका प्रमाण ऋग्वेदिक साहित्य में यत्र तत्र सर्वत्र विद्यमान है। उदाहरण के लिए ऋग्वेद का एक मंत्रकार लिखता है- 'मैं कारु (मंत्र निर्माता) हूँ, मेरा पिता भिषक् (वैद्य) है और मेरी माता उपल प्रतिक्षिणी (पत्थर की चक्की से अनाज पीसने वाली) है' (ऋग्वेद- 9/112/3) स्पष्टतः यहाँ जन्ममूलक जातिव्यवस्था का निषेध है।

इस तरह भारतीय साहित्य ने जन्माधारित अस्पृश्यतामूलक वर्णव्यवस्था को कभी प्रोत्साहित नहीं किया। महाकाव्यकालीन साहित्य से विदित होता है कि मन्त्रिपरिषद् में शूद्र प्रतिनिधि होते थे।

युधिष्ठिर ने राजसूय के समय शूद्र प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया था।

विवाह जैसी महत्त्वपूर्ण सामाजिक संस्था के प्रति भी भारतीय साहित्य का दृष्टिकोण उदार रहा है। भारतीय साहित्य में अन्तर्जातीय और विधवा विवाह की स्वीकृति इसका प्रमाण है। अन्तर्जातीय विवाह के उदाहरण वैदिक साहित्य में भरे पड़े हैं। कुछ उदाहरण दृष्टव्य है- ब्राह्मण विमद और राजकन्या कुमद्य का विवाह (अनुलोम विवाह), महिर्षि शुक्राचार्य की पुत्री देवयानी और राजा ययाति का विवाह (प्रतिलोम विवाह) इसी तरह देधिषव्य अर्थात् विधावापुत्र (तैतरीय संहिता) तथा पुनर्भू जैसे शब्द वैदिक साहित्य में विधवा विवाह की तरफ स्पष्ट संकेत करते हैं। सूत्रकालीन व्यवस्थाकारों में वशिष्ठ ने तो अभुक्त विधवा तथा प्रोषितपतिका दोनों को पुनर्विवाह का अधिकार दिया है।

प्राचीन भारतीय साहित्य की गुणवत्ता स्त्री के प्रति उसके सम्माननीय दृष्टिकोण में परिलक्षित होती है। ऋग्वेद में 'जायेदस्तम्' अर्थात् पत्नी ही ग्रह है का उद्घोष तथा अथर्ववेद की चतुष्पति कल्पना, (जो स्त्री के शैक्षिक, शारीरिक, मानसिक एवं सांस्कृतिक विकास को संकेतित करती है) इसका प्रमाण है।

इस तरह प्राचीन भारतीय साहित्य ने स्त्री को सभी राजनैतिक, सामाजिक और धार्मिक अधिकार दिए। लेकिन बाद में आर्यों की राजनैतिक परिस्थितियों के चलते जब स्त्री के राजनैतिक अधिकार छिन गए तब मेधातिथि जैसे व्यवस्थाकारों का अपने साहित्य में 'स्त्रीधन' की स्थापना द्वारा स्त्री को आर्थिक अधिकार दिए। जो प्राचीन भारतीय साहित्य की नैतिक और प्रगतिशील सोच का प्रमाण है।

यद्यपि प्राचीन साहित्य के उत्तरकालीन स्वरूप में जड़ता आती गई, तब बौद्धकालीन साहित्य में इसकी मुखर प्रतिक्रिया हमें देखने को मिलती है। त्रिपिटक में समाहित बौद्ध साहित्य, जिन अष्टांगिक मार्ग और दसशीलों को स्थापित करता है, वह भारतीय साहित्य के नैतिक मूल्यों की उच्चावस्था है। इसी तरह जैन साहित्य भी नैतिक मूल्य और उच्चादर्श के रूप में चार महाव्रत (बाद में पाँच) और त्रिरत्न को स्थापित करता है। जैनदर्शन का ज्ञानमीमांसीय सिद्धान्त-स्यादवाद और तत्त्वमीमांसीय सिद्धान्त-अनेकान्तवाद, निश्चय ही भारतीय साहित्य की वैचारिक सहिष्णुता का प्रमाण है।

वस्तुतः भारतीय साहित्य में उच्चादर्शों और उच्चगुणवत्तापूर्ण नैतिक मूल्यों की अनुगूंज पूर्व में पाटिलपुत्र में सम्पन्न तृतीय बौद्ध संगीति (तीसरी सदी ई-पू-) और प्रथम जैनसभा (चौथी सदी ई-पू-) में लेकर पश्चिम में गुजरात के बल्लभी में सम्पन्न द्वितीय जैन सभा (पांचवीं सदी ई-) तक तथा उत्तर में कश्मीर के कुण्डलन में सम्पन्न चतुर्थ बौद्ध संगीति (पहली सदी ई-) से लेकर दक्षिण के मदुरै में सम्पन्न संगम साहित्य सम्मेलन (पहली सदी ई-) तक में सुनाई देती है।

इस तरह प्राचीन भारतीय साहित्य का एक बहुत बड़ा पक्ष एकता, सहिष्णुता, सद्भावना, नैतिकता और उच्चादर्शों की गुणवत्ता का साहित्य रहा है। भारतीय साहित्य के एक पक्ष में आने वाली जड़ताओं और रुढ़ियों का विरोध साहित्य के दूसरे पक्ष ने हमेशा ही बड़ी मुखरता से किया।

छठी सदी ई- में अलवारों और नैयनारों एवं अनेक बाद के आचार्यों की परम्परा ने भारतीय साहित्य के स्वरूप को सहिष्णुता, सद्भावना, चारित्रिक शुद्धता जैसे नैतिक भाव सुमनों से सजाया। यद्यपि राजनैतिक स्तर पर भारतीय उपमहाद्वीप का यह युग हमेशा की तरह अलगाव का शिकार था, पर साहित्य ने हमेशा की तरह ही इस युग को सांस्कृतिक एकता के सूत्र में सूत्रबद्ध किया।

जिस समय दक्षिण भारत में अलवारों के परवर्ती आचार्य भारतीय संस्कृति की जड़ताओं पर अपने दार्शनिक बज्र से प्रहार कर रहे थे, तभी शंकराचार्य जैसे दार्शनिक 'ब्रह्मसूत्र' की रचना कर धर्म और समाज की रुढ़ियों को ध्वस्त कर रहे थे, साथ ही वे उत्तर (केदारनाथ), दक्षिण (श्रृंगेरी), पूरब (पुरी जगन्नाथ), पश्चिम (द्वारका) मे नैतिक मूल्यों की वैचारिकपीठ की स्थापना कर राष्ट्रीय एकता का मार्ग प्रशस्त कर रहे थे।

हालांकि इस समय उत्तर भारत के दरबारी कवियों में क्षेत्रीय संकीर्णता में बद्ध होने का सिलसिला शुरु हो चुका था। लेकिन तमाम संकीर्णताओं की दीवारें ज्यादा दिन टिक नहीं सकीं, शीघ्र ही प्रतिक्रियास्वरूप सिद्ध और नाथों के चर्यापदों ने इस पर आघात किया। सरहपाद जैसे सिद्ध ने अपने साहित्य में जड़ होती जातिव्यवस्था पर प्रहार करते हुए लिखा कि- 'ब्राह्मण ब्रह्मा के मुख से पैदा हुए थे, जब हुए थे तब हुए थे। इस समय तो वे भी वैसे पैदा होते हैं जैसे दूसरे लोग, तो फिर ब्राह्मणत्व कहाँ रहा? यदि कहो कि संस्कार से ब्राह्मणत्व होता है, तो चाण्डाल को भी संस्कार देकर क्यों नहीं ब्राह्मण हो जाने देते?'

गोरख के प्रगतिशील विचार तो जग जाहिर ही है। लेकिन आगे चलकर जब ये सिद्ध और नाथ उन्हीं जड़ताओं, रुढ़ियों, व्यभिचारों एवं तंत्र-मंत्र के शड्यन्त्रें में उलझे, जिनका इन्होने विरोध किया था, तो भारतीय साहित्य दर्शन के दूसरे पक्ष ने पुनः मोर्चा संभाला। यह मोर्चा अलवारों की परम्परा में हुए परवर्ती आचार्यों द्वारा संभाला गया। अलवारों की वैष्णवी श्रद्धा और आचार्यो की दार्शनिकता ने गर्त में गिरते भारतीय साहित्य और समाज को पुनः सम्बल दिया और पूर्वमध्यकालीन भारतीय समाज के विषैले तत्त्वों और जड़ताओं का शमन किया। साथ ही भारतीय समाज और साहित्य के रंगमंच पर भक्ति आन्दोलन रूपी रंगारंग जीवनोत्सव का उद्घाटन किया। फलतः तमाम भेदभावों को मिटाती सहिष्णुता की भागीरथी अविरल प्रवाहित हुई, जिसमें 'मानुष प्रेम भयउ बैकुण्ठी' की अवधारणा और 'सुरसरि सम सबकर हित' की कामना निहित थी।

भक्ति आन्दोलन वास्तव में भारत का प्रथम नवजागरण काल था। यद्यपि इसके पश्चात् रीतिकालीन साहित्य लोक से विमुख होकर दरबार में जा घुसा। तथापि यह साहित्य कला की दृष्टि से अत्यन्त उच्चकोटि का था। लेकिन जीवन मूल्यों और लोक कल्याण भाव से शून्य कविता नव यौवना प्राप्त कामिनी के कुचों पर बलखती और उसके कचों में अपने को उलझाती हुई अन्ततः उसके नाभि सरोवर में डूब गई। फिर भी रहीम जैसे कवियों ने नैतिक मूल्यों की राह नहीं छोड़ी। पर 1857 की भारतीय क्रान्ति के पश्चात् भारत की विविध भाषाओं के साहित्य में जो नवजागरण हुआ, वह नैतिक मूल्यों और प्रगतिशीलता की दृष्टि से विविधता में एकता का प्रत्यक्षीकरण है। इस समय सम्पूर्ण भारतीय साहित्य ने एक साथ सामाजिक अंधविश्वासों एवं विद्रूपताओं के प्रति आलोचनात्मक रूख अपनाया।

इसकी शुरुआत हिन्दी में भारतेन्दु मण्डल से हुई। तत्पश्चात् हिन्दी साहित्य द्विवेदीयुगीन सांस्कृतिक गौरव का बोध प्राप्त करता हुआ छायावादी सांस्कृतिक स्वच्छन्द चेतना को प्राप्त हुआ। साथ ही प्रगतिवादी साहित्य शोषितों की संवेदना बनकर मुखरित हुआ। इस प्रगतिवादी साहित्य पर गांधीवादी और मार्क्सवादी विचारधारा का भी समानान्तर प्रभाव रहा। इस सब के बीच से मधुशाला की मस्ती में साम्प्रदायिकता को चुनौती देते बच्चन जैसे हालावादी भी मुखरित हुए-

'मुसल्लमान औ हिन्दू हैं दो, एक, मगर उनका प्याला,
एक मगर उनका मदिरालय, एक मगर उनकी हाला_

दोनों रहते एक न जब तक, मस्जिद-मन्दिर में जाते_

बैर बढ़ाते मस्जिद-मन्दिर, मेल कराती मधुशाला।'

यह भारतीय साहित्य का द्वितीय नवजागरण था। जिसमें मूलतः स्वतन्त्रता, समानता और बन्धुत्व का स्वर मुखर था। रुढ़ियों और जड़ताओं का विरोध था। बंगाल में इस स्वर के उद्घोषकों में अग्रणी थे- राजा राममोहन राय, ईश्वरचन्द विद्यासागर, देवेन्द्रनाथ ठाकुर, रविन्द्रनाथ टैगोर, बंकिमचन्द (आनन्दमठ, दुर्गेशनन्दिनी, कपाल कुण्डला) माइकेल मधुसूदनदत्त (मेघनाथ वध तथा वीरांगना जैसी रचनाओं में पौराणिक आख्यानों को नूतन सन्दर्भ में देखने की आकांक्षा निहित है) ताराशंकर बनर्जी (धरतीदेवता, गणदेवता, पंचग्राम आदि), उड़िया में इस नवजागरण को स्वर दिया फकीर मोहन सेनापति, राधानाथ औरा मधुसूदन जैसे साहित्यकारों ने, तो असमिया में आनन्दराम फुकन, कमला कान्त भट्टाचार्य (चिन्ता, चिन्तातरंग आदि कविता संग्रह) हेमचन्द बरुआ एवं लक्ष्मीकान्त बेजबरुआ जैसे साहित्यकार इस नवजागरण के अग्रदूत थे। लक्ष्मीकान्त बेजबरुआ की कविताओं में राष्ट्रीय चेतना का प्रस्फुटन सांस्कृतिक अतीत के लगाव के रूप में हुआ है।

गुजरात में नैतिक मूल्यों से आप्लावित नवजागरण के स्वर के पुरोधा नर्मदा और उनके सहयोगी (मनसुखराम, गोवर्धनराम आदि) हैं। गांधी जी का आधुनिक गुजराती साहित्य पर व्यापक प्रभाव रहा। काका साहेब कालेलकर, महादेव देसाई, नरहरिभाई, किशोरी लाल मश्रूवाला तथा के- एम-मुंशी (स्वप्नदृष्टा- उपन्यास) जैसे रचनाकारों पर गांधी के कृतित्व और व्यक्तित्व का प्रभाव स्पष्ट है। इसी तरह उमाशंकर जोशी की कविता विश्वशान्ति, तथा कविता संग्रह-निशीथ और 'गंगोत्री' पर गांधी विचारधारा का प्रभाव स्पष्ट परिलक्षित होता है।

मराठी साहित्य में इस नवजागरण का श्रेय यदि केशवसुत और ज्योतिबाफुले (गुलामगीरी) को जाता है, तो तेलगू में नवोत्थान के अग्रदूत 'राजशेखर चरित्रम्' उपन्यास के रचिता वीरेशेलिंगम् पंतुल माने जाते है। और कन्नड़ साहित्य में यह श्रेय वी- रामाराव आलूर और एस-जे- नरसिंहाचार आदि को जाता है।

सुदूर दक्षिण भी इस साहित्यिक नवोत्थान की लहर से अछूता नहीं रहा। जहाँ तमिल में इसका श्रेय सुब्रह्मण्यम भारती, रामलिंगम पिल्लई, और कृष्णमूर्ति कल्कि जैसे साहित्यकारों को है वहीं मलयामल नवोत्थान के अग्रदूत वेनमणि, राजराज वर्मा, कुमारन आशान आदि माने जाते हैं। कुमारन आशान की 'दुरावस्था, चाण्डाला, भिक्षुकी' आदि रचनाओं में तिरस्कृत एवं उपेक्षित सर्वहार के अभिशप्त जीवन का करुण चित्र है, तो 'चिन्ताविष्टयाय सीता' में एक पारम्परिक पौराणिक आख्यान को युगीन सन्दर्भ में देखने का सफल प्रयास है। मलयालम के ही एक अन्य रचनाकार केशवदेव का कथा साहित्य भी सर्वहारा के स्वर से गुंजायमान है।

सम्पूर्ण विवेचन का सार यही है कि समस्त भारतीय भाषाओं के साहित्य में नैतिक जीवन मूल्य और मानवतावाद जैसे भाव भारतीय साहित्य की केन्द्रीय संवेदना है। वास्तव में ये भाव भारतीय साहित्य के माध्यम से सम्पूर्ण भारतीय उपमहाद्वीप को सांस्कृतिक एकता के सूत्र में आबद्ध करते है।

❑❑❑

1. विभागाध्यक्ष (हिन्दी विभाग) मिहिर भोज पी-जी-कॉलेज दादरी, ग्रेटर नोएडा गौतम बुद्ध नगर- 203207 (उ.प्र.)

परशुराम की प्रतीक्षा और भारतीय प्रसंग

–डॉ. पूनम कुमारी

राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर ओज और वीर रस के कवि थे। उनकी रचनाओं में ओज और वीर रस का समन्वय मिलता है। परंतु इनकी श्रृंगारिक भावनाओं से ओत-प्रोत उर्वशी और रसवंती जैसी काव्य-कृतियाँ भी है, जहाँ कवि की आत्मा वास करती है। रेणुका, हुंकार, रश्मिरथी, कुरुक्षेत्र, सामधेनी और परशुराम की प्रतीक्षा आदि इनकी काव्य-कृतियाँ है।

लगातार तीन सौ वर्षों की गुलामी के बाद जद्दोजहद के पश्चात् आजादी मिलने से लगा था कि भारतवर्ष में चारों ओर सुख-समृद्धि और शांति का आलम स्थापित हो जाएगा परंतु ऐसा संभव नहीं हो पाया। चीनी आक्रमण के समय सारा भारत देश जिस चरम क्रोध से एक होकर गरज उठा था उसकी मिसाल भारत के समग्र इतिहास में नहीं है, बल्कि गर्जन प्राचीन और मध्यकालीन युगों में भी सुनाई पड़ा होगा। राष्ट्रकवि दिनकर ने उस आग को एक कविता के भीतर समेट कर अमर कर दिया है। आगे आने वाली संततियों जब-जब 'परशुराम की प्रतीक्षा' को पढ़ेगी उन्हें यह आग गर्मी पहुँचाएगी और लोग याद करेंगे कि भारत के इतिहास में कोई घड़ी ऐसी भी आई थी जब राष्ट्रीय अपनापन से क्षुब्ध होकर सारा भारतवर्ष एक साथ हुँकार उठा था।

साहित्य सड़क पर या युद्धभूमि में घटित होनेवाली घटनाओं का विवरण नहीं लिखता। वह काम इतिहासकार का है। कवि तो घटनाओं के पीछे छिपी भावनाओं का अंकण करते हैं, उन आवेगों का चित्रण करते हैं, जिनका चित्रण इतिहासकारों और दार्शनिक पंडितों के लिए भी अशक्य हैं। आग की लपटें जो मनुष्य के हृदय से निकल कर शून्य में विखर जाती हैं शोक के उच्छवास जो वायु में विलीन हो जाते हैं प्रेम की मस्ती जो वसंत के साथ विदा हो जाती है, ये सब जीवित इसलिए मंजूषा में बंद कर देता है।

नेफा के मैदान में जब भारतीय सेना पराजित हो गई तब उस पराजय के दंश से सारा भारत वेहाल हो उठा और प्रत्येक व्यक्ति

इस सिपाही के अनुसार भारत की पराजय इसलिए हुई कि व्यवहार को भूलकर वह आदर्श और कल्पना में गया था। राष्ट्रकवि दिनकर का कहना है कि जो जाति अपने आपद्धर्म का पालन नहीं कर सकता, उसका परम धर्म आप से आप विनष्ट हो जाता है। उच्चतर मनुष्यता सचमुच ही श्लाध्य और काम्य है। किन्तु यह आदर्श पर्वत की चोटी पर अवस्थित है

अपने आप से यह सवाल करने लगा कि आखिर यह विशाल देश इतनी आसानी से हार क्यों गया? हमने हथियारों का बंदोबस्त क्यों नहीं किया था? हमारे राष्ट्रीय चित्रण में वह कौन सा दोष है जो हमें सबल नहीं बनने देता? हमने यह धोखा कैसे खाया? क्या हमारी सरकार असावधान थी? अथवा हम शांतिवादि नारों के शिकार हुए हैं? अथवा दोष हमारे जातीय दर्शन का है? लेकिन अब हम किस तरह चलें कि ऐसा अपमान हमें फिर कभी झेलना नहीं पड़े?

राष्ट्रकवि दिनकर की 'परशुराम की प्रतीक्षा' में ये सारे सवाल बारी-बारी से आते हैं और राष्ट्र के हृदय में घुमडनेवाली बेचैनियों को कवि बारी-बारी से अभिव्यक्ति देता है और कविता के अंतिम खण्ड में वह उस मार्ग का भी संकेत करता है जिस पर आरूढ़ हुए बिना भारत सम्मान के साथ नहीं जी सकेगा।

'परशुराम की प्रतीक्षा' कोई पाँच छह सौ पंक्तियों की कविता है और वह पाँच खंडों में विभक्त है। इस कविता की शैली यह है कि नेफा के मैदान में हमारा हारा हुआ सिपाही खड़ा है और कवि उसे सवाल करता है तथा वह पराजित सैनिक कवि को उत्तर देता है। सिपाही से कवि का पहला ही सवाल इतना तीखा है कि वह हमारी तत्कालीन रक्षा-व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह बन जाता है।

'गरदन पर किसका पाप वीर ढोते हो? शोणित से तुम किसका कलंक ढोते हो?

और इस प्रश्न के उत्तर में सिपाही जो कुछ कहता है उससे उस विचारधारा पर करारी चोट पड़ती है जिसे लेकर भारत उस समय चल रहा था। सिपाही कहता है हाय मैं उनका पाप ढो रहा हूँ जिसके हृदय में असीम करुणा थी, जिनके भीतर न तो जवानी का आग थी, न कोई जहर था, जो लोग सस्ती कीर्ति पाकर खुशी से फूल गए थे और जो ऐसे आदशों पर आसक्त थे जो निवीर्य और निस्सार है।

" गीता में जो त्रिपिटक - निकाय पढ़ते है, तलवार गला कर जो तकली गढ़ते है, शीतल करते है अनुल प्रबुद्ध प्रजा का, शेरों को सिखलाते है धर्म अजा का, सारी वसुन्धरा में गुरु पद पाने को, प्यासी धरती के लिए अमृत लाने को, जो सन्त लोग सीधे पाताल चले थे, (अच्छे है जब, पहले भी बहुत भले थे।) हम उसी धर्म की लाश यहाँ ढोते है शोणित से सन्तों का कलंक धोते है" । +2

इस सिपाही के अनुसार भारत की पराजय इसलिए हुई कि व्यवहार को भूलकर वह आदर्श और कल्पना में गया था। राष्ट्रकवि दिनकर का कहना है कि जो जाति अपने आपद्धर्म का पालन नहीं कर सकता, उसका परम धर्म आप से आप विनष्ट हो जाता है। उच्चतर मनुष्यता सचमुच ही श्लाध्य और काम्य है। किन्तु यह आदर्श पर्वत की चोटी पर अवस्थित है लेकिन इस चोटी की ओर जो राह जाती है, वह हिंस्त्र जंतुओं से भरी हुई है। अतएव उच्चतर मानवता तक पहुँचने के लिए यह आवश्यक है कि हमारी सामान्य मानवता सुदृढ़ और ठोस हो। परम धर्म की प्राप्ति हम आपद्धर्म के जरिये करते हैं। अर्थात् उच्चतर श्रृंग पर वही मनुष्य पहुँच सकता है। जिसमें यह शक्ति हो कि वह रास्ते में मिलनेवाले हिंस्त्र जंतुओं के झपटों से अपने को बचा सके।

" हैं खड़े हिंस्त्र वृक-व्याध, खड़ा पशुवल है। कंठी माला के सहित चवा जाते है।

'जो वीर काटकर इन्हें पार जाएगा अतुंग श्रृंग तक वहीं पहुंच पाएगा।

नेफा की लड़ाई का सबसे कारुणिक पक्ष यह है कि बिना किसी तैयारी के हमारे नौजवान उस युद्ध में झोंक दिये गए थे। उस समय यह अपवाह देश में सर्वत्र सुनी जाती थी कि हमारे सिपाहियों के हाथ में सर्वत्र सुनी जाती थी कि हमारे सिपाही के हाथ में जो बंदूके थी वे महज मामूली किस्म की थी और उनके पास गोलियाँ काफी तादाद में नहीं थी। धायल सिपाहियों का एक दल जब मैदान से लौटा तो इलाज के लिए दानापुर (पटना) में अस्पताल में रखा गया। उन सिपाहियों का अभिनंदन करने को जनता मिठाईयाँ और पुष्पाहार लेकर दोड़ी, लेकिन सिपाहियों ने कहा 'ये फूल मिठाईयाँ क्यों लाए हो। अगर हो सके तो हमें बंदूक और गोलियाँ लाकर दो जिससे हम दुश्मन के अंहकार को चकनाचूर कर सके।

इसी पृष्ठभूमि के याद रखते हुए कवि ने सिपाहियों से दूसरा सवाल यह पूछा है कि हे वीर तुम्हारी हत्या का दायित्व किस पर है? वह कौन है, जिसे हम तुम्हारे वध के लिए जिम्मेदार मान सकते है।

सिपाही कहता है हम दुश्मन से नहीं हारे हैं। पराजय हमारी अपने ही घर में हुई है। जिस देश का राजनीतिज्ञ लोभ के मारे सत्य नहीं बोल सकते, जिस देश के सत्ताधारी चारों ओर ठगों का पक्ष लेते हैं तथा चाटुकारों को अपना मित्र समझते हैं। जिस देश में आत्मबल की मिथ्या प्रशंसा के लिए बाहुबल की अपेक्षा की जाती है जिस देश के नेता केवल शांति की बातें बोलते है और जिसके कवि धरती को छोड़कर आकाश में उड़ान भरते है, वह देश लड़ाई में कभी भी विजयी नहीं हो सकता।

घातक है जो देवता सदृश दिखता है। समझो उसने ही हमें यहाँ मारा है। चारों के हैं जो हित ठगों के बल है, या चाटुकार जन से सेवा लेते है। " * 4

यह पाप उन्हीं का हमको मर गया है, भारत अपने घर में ही हार गया है''+5

जिसके देश शासन में विलासिता, आलस्य और कदाचार हों उस देश की सेना युद्ध विजय नहीं पाती है। लड़ाई जीतने की जिम्मेदारी केवल फौजियों की नहीं होती। लड़ाई जितने के लिए शासन को निष्कपट और शुद्ध होना पड़ता है तथा सभी लोगों को कठोर जीवन बिताना पड़ता है। जिस समय मोर्चों पर गए हुए जवान अपना रक्त बहा रहे हो, उस समय देश के भीतर प्रत्येक व्यक्ति को उस रूधिर का मूल्य अपने स्वेद से चुकाना चाहिए। नेफा का सिपाही कहता है कि राजाओं, व्यापारियों और मजदूरों से कहो कि वे न्यायशील हो। अगर शासन में पवित्रता नहीं आई तथा अयोग्य बढ़ते गये तो इस देश को युद्धों में विजय कभी भी नहीं मिलने वाली है।

कविता की तीसरी खण्ड कवित्व की दृष्टि से कदाचित सर्वश्रेष्ठ है। इस खण्ड में भारत के उन सभी वीरों का आह्वान किया गया है जिन्होंने भारत का गौरव की रक्षा के लिए कभी तलवार उठाई थी। चाणक्य और चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य और राणा प्रताप, गुरु गोविंद सिंह और शिवाजी महाराज और लक्ष्मीबाई, भगत सिंह का आह्वान कवि ने ऐसी भावाकुलता से किया है कि उसे पढ़कर एक वाल भुजाएँ फड़क उठती है। कवि कहता है कि भारत कोई साधारण देश नहीं है। कसूर उसका यह है कि उसने शरीर बल की उपेक्षा अपना सारा ध्यान आत्मा पर केंद्रित कर दिया।

अतः चीनी आक्रमण के समय देश की आत्मा अपना लक्ष्य परशुराम को बनाना चाहती थी, अतएव

राष्ट्रकवि ने परशुराम का ही चित्र देश के सामने उपस्थित कर दिया। परशुराम की प्रतीक्षा कवि की कोरी कल्पना नहीं भारतीय जनता की ह्दय की पुकार है और इस कविता का विरोध चाहे जितना भी किया जाए, उसका प्रभाव देश पर पड़ता जा रहा है।

संदर्भ ग्रंथ सूची-

1. रामधारी सिंह दिनकर, परशुराम की प्रतीक्षा, पेज नं.-9
2. -वही पेज नं.-9
3. -वही पेज नं. - 10
4. -वही- पेज नं.-11
5. -वही पेज नं.- 26

❒❒❒

1. अतिथि प्राध्यापिका हिंदी विभाग बलिराम भगत महाविद्यालय समस्तीपुर (बिहार) मो. नं. 7363870758 ई-मेल - punammehada@gmail.com

वर्तमान शिक्षा प्रणाली में त्रि-भाषासूत्र का महत्व व चुनौतियाँ

–कल्पना उप्रेती

त्रिभाषा सूत्र सूत्र तभी सफल माना जाएगा, जब हिन्दी भाषी क्षेत्र अन्य भारतीय भाषाओं को सम्मान देना शुरु करेंगे, इसके लिए उन्हें कम से कम एक या इससे अधिक ऐसी अन्य भारतीय भाषाओं को जानने की जरूरत है जो दूसरे प्रांत मे बोली जाती हो,

अनेकता में एकता के नाम से प्रसिद्ध हमारे देश भारत में भाषायी आधार पर भी विभिन्नताएं देखने को मिलती हैं। भारत में राष्ट्रीय भाषा का दर्जा किस भाषा को दिया जाए,

यह हमेशा से ही एक गंभीर मुद्दा रहा है। भाषा एक-दूसरे से संबंध स्थापित करने का एक महत्वपूर्ण तत्व है। शिक्षा प्रणाली में भी भाषा एक महत्वपूर्ण स्थान रखती है या यूँ कहें संपूर्ण शिक्षा प्रणाली की नींव भाषा ही है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में भाषा के महत्व को स्वष्ट करते हुए त्रि-भाषा सूत्र की वकालत की गई है। केवल राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ने ही नहीं बल्कि इससे पहले भी अनेक आयोगों, समितियों व परिषदों ने भी त्रि-भाषा सूत्र के महत्व को स्पष्ट करते हए इसे अपनाने की सलाह दी है। त्रि-भाषा सूत्र का मुख्य उद्देश्य हिंदी व गैर-हिंदी भाषी राज्यों में भाषा के अंतर को समाप्त करना है। पूरे देश में भाषा के आधार पर हो रहे भेद-भावों को समाप्त करना है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 बच्चों की सृजनात्मकता को बढ़ावा देने की बात करती है। इसका मानना है कि बच्चों को सीखने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए। बच्चों की आन्तरिक क्षमताओं को उजागर किया जाना चाहिए तथा उनके अन्दर छिपी सृजनात्मकता को बाहर लाकर सही दिशा प्रदान की जानी चाहिए। इसके लिए आवश्यक है कि बच्चों को अपने आप को प्रस्तुत करने का अवसर दिया जाना चाहिए। वे जिस भी भाषा में स्वयं को प्रस्तुत कर रहे हैं शिक्षक द्वारा उसे स्वीकार कर, उन्हें प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। एक बच्चे के लिए अभिव्यक्ति का सवोत्तम माध्यम उसकी अपनी मातृभाषा होती है। जिसे वह प्रत्येक दिन सुनता व बोलता है। कक्षा-कक्ष में पढ़ने वाले अनेक विद्यार्थी अलग-अलग भाषीयी

पृष्ठभूमि से आते हैं, सभी की अपनी बोली व भाषा भिन्न हाते ी है। अर्थात् एक कक्षा बहुभाषी कक्षा होती है, जिसमें अनेक भाषाओं का समावेश होता है। प्रत्येक बच्चे की अभिव्यक्ति व उसकी भाषा का सम्मान करना एक शिक्षक के लिए परम आवश्यक है। अब यहाँ

एक शिक्षक के लिए चुनौतिपूर्ण कार्य होता है कि वह प्रत्येक विद्यार्थी को भाषा का सम्मान करते हुए उसे अभिव्यक्ति के लिए प्रेरित करे व उसकी समस्याओं का समाधान करें। कक्षा में, स्कूल में, समाज में तथा देश में भाषा के आधार पर छात्रों अथवा व्यक्तियों के अवसरों में समानता बनी रहे इसके लिए हमारे विशेषज्ञों तथा शिक्षाविदों द्वारा त्रि-भाषा सूत्र.को देश की शिक्षा प्रणाली में अपनाने की सलाह दी गई है।

की-वर्ड- त्रिभाषा सूत्र शिक्षा प्रणाली, आयोग, समितियाँ, विरोध, संवैधानिक प्रावधान। त्रिभाषा सूत्र- देश की शिक्षा प्रणाली में सममता लाने हेतु त्रिभाषा सूत्रका प्रतिपादन किया गया है। त्रिभासा-सूत्र में पहली भाषा मातृभाषा या क्षेत्रीय भाता हैं, दूसरी भाषा हिन्दी भाषी राज्यों में

यह अन्य आधुनिक भारतीय भाषा था अंग्रेजी हैं। गैर हिंदी भाषी राज्यों में यह हिंदी या अंग्रेजी है। ततृीयभाषा के रूप में यह अंग्रेजी या एक अन्य आधुनिक भाषा है। गैर हिन्दी भाषी राज्यों में यह अंग्रेजा या एक आधुनिक भारतीय भाषा होगी।

भाषा के संवैधानिक प्रावधान- भाषा से संबंधित विचार-विमर्श भारत के संविधान में विस्तृत रूप से मिलता है। भारत के संविधान में भाषा से संबंधित नियम-कानूनों का विशेष रूप से वर्णन किया गया है, तथा देश की प्रत्येक भाषा को सम्मान व उचित दर्जा प्रदान करने की कोशश की गई है भारत का संविधान भाषायी आधार पर विभिन्नता को स्वीकार करता है, तथा इस विभिन्नता में भी एकता बनाने का प्रयास करता है। भाषा के आधार पर देश में कोई भेद-भाव उत्पन्न ना हो इसके लिए संविधान निर्माताओं ने उचित प्रयास किये है, तथा विभिन्न अनुच्छेदा में भाषा से संबंधित तथ्यों को स्पष्ट किया है

अनुच्छेद-29 भारतीय संविधान का अनुच्छेद 29 अल्पसंख्यका के हितों की रक्षा करता हैं। अनुच्छेद मे कहा गया है कि नागरिकों के किसी भी वर्ग जिसकी स्वयं की विशिष्ट भाषा, लिपि, या संस्कृति है, को उसका संरक्षण करने का अधिकार होगा।

अनुच्छेद- 343- इस अनुच्छेद में भारतसंघ की आधिकारिक भाषा से संबंधित है। इस अनुच्छेद के अनुसार, हिन्दी दिवनागरी लिपि में होनी चाहिए और अंको के सन्दर्भ में भारतीय अंको के अंतराष्ट्रीय रुप का अनुसरण किया जाना चाहिए, इस अनुच्छेद में यह भी कहा गया है कि संविधान का अपनाये जाने के शुरुवाती 15 वर्षों तक अंग्रेजी का अधिकारिक भाषा के रूप में उपयोग जारी रहेगा।

अनुच्छेद-346- इस अनुच्छेद में राज्यों और संघ एवं राज्य के बीच संचार हेतु आधिकारिक भाषा के विषय में प्रबंध करता है। अनुच्छेद के अनुसार, उक्त कार्य के लिए अधिकृत भाषा का उपयोग किया जाएगा।

हालांकि यदि दो या दो से अधिक राज्य सहमत हैं, कि उनके मध्य संचार की भाषा हिन्दी होगी, तो आधिकारिक भाषा के रूप में हिन्दी का उपयोग किया जा सकता है।

अनुच्छेद 347- इस अनुच्छेद के अन्तर्गत किसी राज्य की जनसंख्या के किस भाग द्वारा बोली जाने वाली भाषा के संबंध में विशेष उपबंध, यह अच्छेद राष्ट्रपति को किसी राज्य की आधिकारिक भाषा के रुप में एक भाषा को चुनने की शक्ति प्रदान करता है। यदि किसी राज्य की जनसंख्या का पर्याप्त भाग यह

चाहता है कि उसके द्वारा बोली जाने वाली भाषा को राज्य द्वारा मान्यता दी जाए तो वह निर्देश दे सकता है कि ऐसी भाषा को भी उस राज्य में सर्वत्र या उसके किसी भाग में ऐसे प्रयोजन के लिए, जो वह किसी विनिर्दिष्ट करे शासकीय मान्यता दी जाए।

अनुच्छेद-35(0।) - इस अनुच्छेद में वर्णन किया गया है कि प्राथमिक स्तर पर मातृभाषा मे शिक्षा की सुविधाएँ प्रदान की जाए।

अनुच्छेद-35(0ठ)- इस अनुच्छेद में भाषाई अल्पसंख्यकों के लिए एक विशेष अधिकारी की नियुक्ति का प्रावधान करता है। विशेष अधिकारी को राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त किया जाएगा। यह भाषाई अल्पसंख्यकों के सुरक्षा उपायों से संबंधित सभी मामलों की जांच करेगा तथा सीधे राष्ट्रपति को रिपार्ट सौंपेगा। तत्पश्चात राष्ट्रपति उस रिपोर्ट को संसद के प्रत्येक सदन के समक्ष प्रस्तुत का सकता है। या राज्य सरकारो को भेज सकता है।

विभिन्न आयोगों/ परिषदों के सुझाव

त्रिभाषा सूत्र के संबंध में विभिन्न आयोगों व परिषदो ने अपनी-अपनी सिफारिसे साकार के समक्ष प्रस्तुत की हैं

- केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार परिषद् - इस परिषद ने सन् 1956 में विचार-विमर्श करने के पश्चात् त्रिभाषा सूत्र को प्रस्तुत किया तथा इसे अपनाने का सुझाव दिया।
- कोठारी आयोग - कोठारी आयोग ने 1964-66 में त्रिभाषा सूत्र के संबंध में अपने विचार प्रस्तुत किये की तथा अपने सुझाव सरकार के समक्ष रखें, कोठारी आयोग के अनुसार, निम्न प्राथमिक स्तर पर एक मातृ भाषा अथवा प्रादेशिक भाषा पढ़ाई जानी चाहिए। उच्च प्राथमिक स्तर पर दो भाषाएं मातृ भाषा अथवा होताय भाषा एंव संघ की राजभाषा अथवा सराज्य भाषा पढ़ाई जानी चाहिए। निम्न प्राथमिक स्तर पर कक्षा (8 से 10) तक तीन भाषाएं, मातृ भाषा, अथवा क्षेत्रीय भाषा, संध की राज्य भाषा अथवा सह सहायक भाषा एवं क्षेत्रीय भाषा अथवा विदेशी भाषा पढ़ाई जानी चाहिए शिक्षा का माध्यम सभी स्तरों पर क्षेत्रीय भाषायें ही होनी चाहिए।
- मुदालियर आयोग- इस आयोग के अनुसार, मातृ भाषा या प्रादेशिक भाषा- शिक्षक माध्यम के रूप में, सामान्य रूप से माध्यमिक स्तर पर मातृ भाषा या प्रादेशिक भाषा को शिक्षण का माध्यम बनाना चाहिए पान्तु भाषाई अल्पसंख्यकों को कें शिक्षा परामर्श बोर्ड के अनुसार, विशेष सुविधाएँ दी जानी चाहिए। माध्यमिक स्तर पर वो भाषाओं को आरंभ करना चाहिए। अंग्रेजी और हिंदी निम्न स्तर पर, माध्यमिक स्तर के अंत पर आरंभ की जानी चाहिए। दोनों भाषाओं की शिक्षा एक ही वर्ष में आरंभ नहीं किया जाना चाहिए।

माध्यमिक शिक्षा आयाम ने सुझाव दिया है कि स्कूल में हिन्दी का अध्ययन अनिवार्य होना चाहिए।

राधाकृष्णन आयोग - सन् 1949 इस आयोग ने वकालत की कि उच्च स्तरीय शिक्षा का माध्यम

छात्र की मातृभाषा हो परन्तु कुछ समय पहले तक अंग्रेजी चलती रहें। विश्वविद्यालय आयोग का सुझाव यह है कि त्रिभासा-सूत्र को लागू किया जाना चाहिए। परन्तु आयोग ने इसे उच्च स्तर पर लागू करने से विद्यार्थियों पर भाषा का बोझ अत्यधिक बढ़ जाएगा। जिसके परिणाम स्वरूप इनकी शक्तियां व्यर्थ होगी तथा उच्च शिक्षा में विषय का ज्ञान का स्तर भी गिर जाएगा। आयोग में उच्च स्तर पर भाषा के अध्ययन के लिए सुझाव दिया है।

इस प्रकार अनोक आयोगों द्वारा त्रि-भाषा सूत्र पर अपने सुझाव प्रस्तुत किये गये हैं, तथा इसके सकारात्म पहलूओं को सामने रखा हैं। छब्थ्-2005 ने भी त्रि-भाषा सूत्र का महत्व स्पष्ट किया है तथा स्पष्ट शब्दों में कहा है कि अगर बच्चे की तुलनात्मकता अथवा मौलिकता को उजागर करना है तो त्रि-भाषा सूत्र को अपनाना होगा। शिक्षा प्रणाली को मजबूत आधार -त्रिभाषा सूत्र के माध्यम से ही प्रदाम किया जा सकता है।

त्रिभाषा सूत्र के समक्ष चुनौतियाँ -

त्रिभाषा सूत्र सूत्र तभी सफल माना जाएगा, जब हिन्दी भाषी क्षेत्र अन्य भारतीय भाषाओं को सम्मान देना शुरु करेंगे, इसके लिए उन्हें कम से कम एक या इससे अधिक ऐसी अन्य भारतीय भाषाओं को जानने की जरूरत है जो दूसरे प्रांत मे बोली जाती हो, साथ ही दक्षिण भारतीय राज्यों को भी हिन्दी के प्रति अपने नकारात्मक दृष्टिकोण का त्याग करना होगा, नई शिक्षा नीति में त्रि-भाषा सूत्र के पालन की बात करते ही राजनीतिक हलकों में इसकी प्रतिक्रिया विरोध के रूप में मिलने लगी, जबकि इसमें कोई नई बात नही कही गई है, इसके पहले भी यह नीति बनी थी जो लागू नही हो सकी इसके अन्तगर्त प्रावधान है कि प्रत्येक हिन्दी भाषी प्रांत को एक दक्षिण भारतीय भाषा सीखनी होगी, और दक्षिण नहीं भारतीय राज्यों को हिन्दी भाषा सीखनी होगी, तमिलनाडू पुनः इसका विरोध करते हुए हिन्दी भाषा को अपने ऊपर थोपने की बात कह रहा हैं। हिन्दी भासी त्रिभाषा सूत्र का अपनाना आसान नही है, क्योंकि हिंदी भासी राज्यतीसरी भाषा के रूप में किसको अपनाये जबकि संविधान में 22 भाषाओं को जगह मिली हुई हैं। इनमें से किसी एक भाषा को चुनना उनके लिए बहुत बड़ी चुनौति है। शिक्षा प्रणाली का आधार ही भाषा है अब शिक्षाविदो के सामने यह बड़ी चुनौति है कि शिक्षा का आधार किस भाषा को बनाया जाए; जो कि पूरे देश में समान रूप से लागू हो सके, तथा देश के प्रत्येक विद्यार्थी को अवसरों में समानता मिलें, भाषा के आधार पर हो रहे भेद-भावों का प्रभाव विद्यार्थी की उपलब्धि पर ना पडे।

त्रिभाषा सूत्र की आवश्यकता व महत्व:

राष्ट्रीय शिक्षा नीति- 2020 में भाषा को बच्चे के संज्ञानात्मक विकास से जोड़ा गया हैं। बच्चे का संज्ञानात्मक विकास तभी संभव है जब उसे अवसर की उपलब्धि हो, वह अवसर जिसके माध्यम से वह अपने विचारो को अपने तर्कों को तथा अपने मनोभावों को प्रस्तुत कर सकें। अपनी पूर्ण अभिव्यक्ति दे सके। यह संभव तभी हो पाएगा जब उसे उस भाषा में अवसर प्रदान किया जाए जिसमें वह सहज वसरल महसूस करें, यह उपलब्धता एक विद्यार्थी को त्रि-भाषा मूत्र के माध्यम से ही प्राप्त हो सकती है।

क्योंकि उसमे मातृभाषा को उचित स्थान दिया गया है। हमारे देश की शिक्षा नीतियाँ शिक्षा के क्षेत्र में बहुउदेश्यता, सद्भाव समान अवसर तथा सृजनात्मकता को बढ़ावा दने की बात करती है यह तभी संभव हो पाएगा जब शिक्षा प्रणाल में त्रि-भाषा सूत्र को अपनाया जाए, त्रि-भाषा सूत्र का एक महवपूर्ण उद्देश्य यह भी है, हिन्दी व गैर हिंदी भाषी राज्यों में भाषा के आधार पर अंतर समाप्त हो, ताकि प्रत्येक भारतीय छात्र अथवा नागरिक को पूरे देश में समान अवसर उपलब्ध हो, भाषा के आधार पर किसी में हीनभावना का विकास न हो, सभी स्वयं को एक देश का नागरिक समझें, शिक्षक के लिए भी यह आवश्यक है कि वह प्रत्येक बच्चे की भाषा का सम्मान करते हुए उसे स्वीकार करें तथा कक्षा में बहुभाषिता को बढ़ाता दें। त्रि-भाषा सूत्र बच्चे के संज्ञानात्मक, भावात्मक तथा सामाजिक स्तर को देखते हुए ही बनाया गया एक प्रावधान है जो कि सार्वभौमिक है अर्थात् देश के प्रत्येक बच्चे के लिए आवश्यक हैं। देश मे बहुभासावाद तथा राष्ट्रीय एकता व अखण्डता के लिए त्रि-भाषा सूत्र एक महत्वपूर्ण आयाम है। प्रत्येक राज्य को इसे सहर्ष स्वीकार करने की आवश्यकता है। आपसा राजनैतिक मतभेदो में फसने के बजाए हमे हमें अपने देश की शिक्षा व्यवस्था को एक मजबूत आधार प्रदान करने की आवश्यकता हैं, किसी भी देश की मजबूत आधार शिला में उसकी भाषा का महत्वपूर्ण स्थान होता है। अगर हमें अपने देश को विश्व पटल पर मजबूती प्रदान करनी है, अन्य विकसित देशों के समान अपने देश की शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाना है, तो हमे त्रि-भाषा सूत्र को स्वीकार करना होगा। देश की शिक्षा प्रणाली में त्रि-भाषा सूत्र निश्चित ही नये कर्तिमान उपलब्धियों का हासिल करेगा,

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची -

1. Hindikeguru-com
2. https/lw-ww-dristiias-com
3. Ncf- 2005 Document
4. गोयल राजकुमार, पाठ्यक्रम मे भाला एंव पाठ्यक्रम, विकास ISBN – 93-87053&16-4, RRcall Bodi Depet.

❐❐❐

---

1. एम0एड0छात्रा सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा उत्तराखण्ड

माटी के सम्मान की कविताएँ: 21वीं सदी का आदमी

–प्रो. सुशील कुमार शर्मा

डॉ. आशीष कंधवे को छंद मुक्त कविता प्रिय है। प्रस्तुत संकलन के पूर्व डॉ. आशीष कंधवे का एक और काव्य संकलन – "जन- गण- मन" प्रकाशित हो चुका है। उसमें भी इस संकलन की भाँति विविध भाव- भूमि पर सृजित छंद मुक्त कविताएँ हैं। अन्तर इतना है कि 'जन-गण-मन' में एकाधिक लघु कविताएँ अथवा क्षणिकाएँ हैं। '21 वीं सदी का आदमी' में केवल एक कविता इस प्रकृति की है, जो कृति के अंत में है और मात्र बारह शब्द इस 'ठग' शीर्षक कविता में हैं

माटी अर्थात् भू, पृथ्वी, पंच महाभूतों का एक तत्व। कबीर ने तो अपने फक्कड़ अंदाज में बहुत ही कड़वी सच्चाई कही है:

माटी कहे कुम्हार से, तू क्या रूँधे मोय।
एक दिन ऐसा आएगा, मैं रूँधूँगी तोय।। [1]

जैन संत आचार्य विद्यासागर ने माटी पर एक वृहद् महाकाव्य ही लिख डाला- 'मूकमाटी'। 'मूकमाटी' की शैली मुक्त छंद की है। डॉ. आशीष कंधवे कृत काव्य- संग्रह – '21वीं सदी का आदमी' की शैली भी मुक्त छंद की है और प्रकारान्तर तथा प्रत्यक्षतः इसका मूल स्वर 'अपनी माटी' के प्रति प्यार और समर्पण है:

इसीलिये, मैं कहता हूँ, मेरे मित्रों/थोड़ी सी मिट्टी
इस यात्रा में/साथ लिये चलो
हाथ में लिये चलो/अपनों के लिए!
क्योंकि,
स्वयं से प्रतिष्ठित है मिट्टी/स्वयं में प्रतिष्ठित है मिट्टी
और हम/प्रतिष्ठा के लिए युद्धरत हैं
इस मिट्टी पर। [2]

कवि कर्म अत्यंत जटिल होता है। एक ओर उसे अपने काव्य-धर्म का निर्वहन करना होता है, तो दूसरी ओर अपने पाठक और श्रोता की मनःस्थिति का ध्यान रखना होता है। कवि डॉ. आशीष कंधवे ने इन दोनों के मध्य समन्वय स्थापित किया है। 'शब्द- लावा' शीर्षक से 183 पंक्तियों में डॉ. आशीष कंधवे ने अपने उदगार व्यक्त किये हैं, कि वे कविता क्यों लिखते हैं :

मैं विकल हूँ, मंजिल की राह से भटक कर
जीवन चक्र के फेर में अटक कर, इसीलिए; मेरी लेखनी मजबूर हो गयी है
उस दूरी को लिखने के लिये/जो मैं अपने कमजोर कदमों से

चलकर तय नहीं कर पाया/देखते हैं,

क्या मेरे नवजात शब्द/व्यस्क हो पाते हैं ?

क्या मेरी नवजात कविता/आकार ले पाती है ?

मैं समय को नहीं जानता/पर मेरा समय उस पल को जानता है

जो मैं जी रहा हूँ/इसलिये,मैं कविता लिख रहा हूँ। [3]

डॉ.आशीष कंधवे ने संकलन के प्रारंभ में जिस माटी की बात की है, वह कबीर की भाँति केवल रूंधने -रूंधाने की बात नहीं करती। वह मृत्तिका है, तो जीवनदायिनी भी है। जगत के सारे कार्य- व्यापार इसी की क्रोड़ में संचालित होते हैं। भाव जगत के समूचे अवयव- प्रेम, करूणा, संवेदना, छल-छदम् इत्यादि की साक्षी यही माटी है। यहाँ भावुक हृदय कवि की करूणा दार्शनिक हो जाती है:

अस्तित्व से/अस्तित्वविहीन की/यात्रा में/थोड़ी-सी मिट्टी

मेरे मित्रों/साथ लिये चलो/हाथ अपने!

साथ अपने!! [4]

कवि की माटी अंत:जगत की यात्रा करने के उपरांत बाहय जगत में प्रवेश करती है। इस मध्य राजनीति, समाज, विज्ञान, धर्म, संस्कृति, साहित्य जैसी विविध क्रिया-कलापों की वह पड़ताल करती है:

मंदिर- मसिजद/गीता-बाईबिल-कुरान/सब पर/एक परत

इस लोकतांत्रिक मिट्टी की/जमी मिलेगी

X X X

इस लोकतांत्रिक मिट्टी की/गुण-धर्म की विवेचना/इतनी सरल नहीं है।[5]

यदि लोकतंत्र का भविष्य धूल-मिट्टी की आवरण हीनता से तय होता है, तो इसकी जनोपयोगी उर्वरता को भी यही धूल-मिट्टी इसके सूनेपन को भरती है। मिट्टी का बहुत ही मन भावन लाक्षणिक प्रयोग कवि ने किया है :

वातानुकूलित कक्षों में/तय होता लोकतंत्र का भविष्य/जिस पर/कोई मिट्टी की परत नहीं है

कोई धूल नहीं है,

क्योंकि/लोकतंत्र के रख वालों को/धूल- मिट्टी से एलर्जी है।

X X X

इस लोकतंत्र की/असहाय लोकतांत्रिक जनता पर

तो रोज एजर्जी वाली/शुद्ध लोकतांत्रिक धूल- मिट्टी की परत

बिन पूछे ही जम जाती है।। [6]

लोकतंत्र एक खुली हुई शासन प्रणाली है, जिसमें जनता ही सर्वोपरि होती है। जनता के चयनित

प्रतिनिधि चाहें तो इस प्रणाली को स्वस्थ बना दें अथवा इसे विकृत कर दें। जनतंत्र के स्वार्थी पहरुवों पर कवि का कठोर व्यंग्य:

गलत तो वह लोकतांत्रिक हवा है/जो मिट्टी को उड़ाकर

तुम पर परत जमा देती है/गलत तो वह सूरज है

जिसकी रोशनी में कण-कण/दमक रहा है

X X X

सचमुच/यह प्राकृतिक प्रकोप ही है

जब मिट्टी तुम पर जमती है/जब धूल तुम पर बैठती है

तो दलदल भी तो तुम्हारा है

X X X

इस लोकतंत्र की/लोकतांत्रिक मिट्टी में

हँसकर धसो या/रोकर फँसो

यही तुम्हारी/यही हमारी

और यही/लोकतंत्र की नियति है। [7]

डॉ. आशीष कंधवे को छंद मुक्त कविता प्रिय है। प्रस्तुत संकलन के पूर्व डॉ. आशीष कंधवे का एक और काव्य संकलन – "जन- गण- मन" प्रकाशित हो चुका है। उसमें भी इस संकलन की भाँति विविध भाव- भूमि पर सृजित छंद मुक्त कविताएँ हैं। अन्तर इतना है कि 'जन-गण-मन' में एकाधिक लघु कविताएँ अथवा क्षणिकाएँ हैं। '21 वीं सदी का आदमी' में केवल एक कविता इस प्रकृति की है, जो कृति के अंत में है और मात्र बारह शब्द इस 'ठग' शीर्षक कविता में हैं:

मेरे शब्द/सुबह- शाम

मुझे ही ठग लेते हैं/वक्त बदलते ही

अर्थ बदल/लेते हैं। [8]

'21 वीं सदी का आदमी' की कविताएँ अपने वर्तमान के विद्रूप परिवेश से विद्रोह करती हैं । इन कविताओं में एक आक्रोश जन्य छटपटाहट परिलक्षित होती है:

लक्ष्य आँखों से/बन पंछी

उड़ते जा रहे हैं/सदियों से लिखी गई परंपराएँ

युगो से सींची गई सभ्यताएँ/अब पथहीन हो गयी हैं

मनुष्य से हारकर/मैं बैचेन हूँ

मगर मैं यह नहीं/जानता हूँ

सत्य हार कर कहाँ जाता है ? [9]

पुराने समय से सुनते आ रहे हैं और ग्रंथों में उल्लेख है कि सत्य कभी पराजित नहीं होता। सत्य की सदैव विजय होती है- 'सत्यमेव जयते।' [10] परंतु कवि डॉ. आशीष कंधवे इस शाश्वत सत्य के विपरीत कह रहे हैं- 'सत्य हार कर कहाँ जाता है ? ' वस्तुतः कवि के इस कथन में व्यंजना है, वक्रोक्ति है, जो आकर्षक है।

'21 वीं सदी का आदमी' की कविताओं में जहाँ आदमी की बात है, सत- असत की बात है, देश की बात है, देश के पर्यावरण की बात है, विभिन्न क्रिया- कलापों का निदर्शन है, वहीं कतिपय कविताएँ उच्च कोटि के दर्शन और बौद्धिकता से मंडित हैं:

मन और जीवन को/किसी भी तुला

पर तोल कर/संतुलित नहीं किया जा सकता

मन भटकाव से नहीं बच सकता/जीवन बिखराव से। [11]

इस दर्शन और बौद्धिकता के उपरांत भी कविताओं की भाषा इतनी दुरुह नहीं है कि अभिव्यक्ति को हृदयंगम न किया जा सके। 'इतिहास के पन्नों में संवेदनायें कहाँ होती हैं',[12] 'इरादों के रंग नहीं होते' [13] जैसे सर्वथा नवीन गढ़े हुए मुहावरों के प्रयोग से कविताएँ अतिरिक्त प्रभामय हो गयी हैं।

यह प्रभा डॉ. आशीष कंधवे की आगामी कृतियों में और अधिक उद्दीप्त होगी -- ऐसी अपेक्षा उनसे की जा सकती है।

संदर्भ :

1. कबीर ग्रंथावली: संपा. श्यामसुन्दर दास, पृ.103
2. 21 वीं सदी का आदमी: डॉ. आशीष कंधवे, पृ.6
3. वही, पृ.10
4. वही, पृ.16
5. वही, पृ.124
6. वही, पृ.125
7. वही, पृ.126
8. वही, पृ.135
9. वही, पृ.38
10. मुंडकोपनिषद, पृ.371
11. 21वीं सदी का आदमी: डॉ. आशीष कंधवे, पृ.46
12. वही, पृ.44
13. वही, पृ.130

❑❑❑

1. वरिष्ठ आचार्य एवं अध्यक्ष, हिंदी विभाग, मिज़ोरम केंद्रीय विश्वविद्यालय, आइज़ॉल–796004 (मिज़ोरम)

अपराध, राजनीति, और व्यापार से संबंधित ख़बरें और 'एनडीटीवी'

–अमित आर्य
–मैथिली गंजूँ

आज का टीवी भारत में समाचार और मनोरंजन के एक प्रमुख स्रोत के रूप में विकसित हो चुका है। समाचार पत्र और समाचार चैनल देश का सार्वजनिक एजेंडा निर्धारित करते हैं। टीवी समाचार कार्यक्रम, दर्शकों की वास्तविकता के मनोवैज्ञानिक धारणा को निर्धारित करने में एक प्रमुख भूमिका निभाते हैं। हम कह सकते हैं कि प्रभावी तरीके से लोगों के विश्वास को प्रभावित करने के लिए समाचार एक अच्छी तकनीक है

शोध सार

समाचार, मीडिया का एकमात्र उपज नहीं है बल्कि यह एक शक्तिशाली उपकरण है जिसका उपयोग लोकतंत्र में जनमत को प्रभावित करने के लिए किया जा सकता है। विशेषकर, टेलीविजन समाचार का जनमत पर गहरा प्रभाव पड़ता है। टेलीविजन समाचार की सामग्री पत्रकारों और शिक्षाविदों के बीच चर्चा और शोध का एक ज्वलंत विषय रहा है। इस लेख के माध्यम से भारत के निजी प्रसारक एनडीटीवी चैनल के प्रसारण को समझने का प्रयास किया गया है। कुल 24 घंटे की अवधि में अलग-अलग कार्यक्रमों से विभिन्न प्रकार के समाचारों के विषय-वस्तु का विश्लेषण किया गया है। यह लेख, सभी समाचारों और कार्यक्रमों के प्रारूप पर केंद्रित है। विभिन्न पहलुओं पर पत्रकारों के दृष्टिकोण का पता लगाते हुए एनडीटीवी के बदलते विषय-वस्तु के परिदृश्य पर प्रकाश डाला गया है। इस लेख में समाचार चैनल एनडीटीवी के कार्य में सम्मिलित एवं इससे प्रभावित तथा इसको प्रभावित करने वाले सभी कारकों को शामिल किया गया है।

भारतीय पत्रकारिता का परिदृश्य चिंता का प्रमुख विषय बनता जा रहा है। एक तरफ़ जहां बदलते समाचार सामग्री की यात्रा ने साधारण समाचार बुलेटिन से नाटकीय समाचार, चर्चा और बहस जैसे प्रभावी चरण देखें हैं वहीं दूसरी तरफ़ इसके परिणामस्वरूप 24x7 टेलीविजन समाचार चैनलों ने इस पेशे के लिए नए नियम भी निर्धारित किए हैं। टीवी समाचार सामग्री के मुद्दे के कई पहलू तथा पैमाने हैं जो किसी भी टेलीविजन समाचार चैनल की सामग्री को प्रभावित करते हैं। वित्तीय स्थिति, टीआरपी (टेलीविजन रेटिंग प्वाइंट), विज्ञापनदाताओं की मांग, व्यवसाय और मालिकों के हित, संपादकीय नीतियां, संपादकीय टीम की प्रकृति, कर्मचारी पत्रकारों की गुणवत्ता ऐसे ही कुछ महत्वपूर्ण कारक हैं जो टीवी प्रसारण की

सामग्री को प्रभावित करते हैं। दूरदर्शन को छोड़कर, पूरा टेलीविजन समाचार उद्योग निजी क्षेत्र के अंतर्गत आता है और लाभ उनके अस्तित्व को बनाये रखने का अतिआवश्यक कारक है। मुनाफे लिए इन्हें अधिक से अधिक दर्शक और प्रभावी प्रोग्रामिंग की आवश्यकता होती है और ये ही प्रोग्राम टेलीविजन समाचार चैनलों की सामग्री तय करते हैं (राव, 2016)। समाचार सामग्री का चयन और चयनित सामग्री का प्रस्तुतिकरण, टीवी समाचार प्रसारण में ये दो महत्वपूर्ण चरण हैं। समाचार चयन 'क्या दिखाना है' यह तय करता है तथा प्रस्तुतिकरण 'कैसे दिखाना है' यह निर्धारित करती है। चैनल पहले उन मुद्दों और कहानियों का चयन करते हैं जिन्हें वे जनता को दिखाना चाहते हैं तदुपरांत यह तय करते हैं कि इन चयनित मुद्दों, समस्याओं और कहानियों को कैसे प्रस्तुत किया जाए। जैसा की पहले ही इस बात का उल्लेख किया जा चुका है कि ऐसे कई कारक हैं जो एक टेलीविजन चैनल में समाचार सामग्री की प्रक्रिया, चयन और प्रस्तुतिकरण को प्रभावित करते हैं।

आज का टीवी भारत में समाचार और मनोरंजन के एक प्रमुख स्रोत के रूप में विकसित हो चुका है। समाचार पत्र और समाचार चैनल देश का सार्वजनिक एजेंडा निर्धारित करते हैं। टीवी समाचार कार्यक्रम, दर्शकों की वास्तविकता के मनोवैज्ञानिक धारणा को निर्धारित करने में एक प्रमुख भूमिका निभाते हैं। हम कह सकते हैं कि प्रभावी तरीके से लोगों के विश्वास को प्रभावित करने के लिए समाचार एक अच्छी तकनीक है (अफगाही और सादात, 2014)। अधिकांश लोग अक्सर प्राइमटाइम समाचार और डिबेट शो देखते हैं। प्राइमटाइम समाचार चैनलों के दर्शकों और उसके अर्थशास्त्र के मामले में सबसे मूल्यवान, महत्वपूर्ण और कीमती समय है (वी, 2014)। सूचना और प्रसारण मंत्रालय (MIB), भारत सरकार (GOI) के दस्तावेज़ से पता चलता है कि भारत में हर दूसरा टेलीविज़न चैनल एक न्यूज़ चैनल है (ब्रॉडकास्टिंग डॉक्यूमेंट्स MIB, GOI, 2018)। 1.37 बिलियन से अधिक की आबादी (भारत की जनसंख्या, 2020) और टेलीविजन सेट वाले लगभग 197 मिलियन घरों में, टीवी कार्यक्रमों का लोगों पर बहुत गहरा प्रभाव पड़ता है (फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, वार्षिक रिपोर्ट 2018-19 में प्रकाशित, ट्राई- 2020)। उपरोक्त तथ्य भारतीय टीवी समाचार प्रसारक एनडीटीवी की विषयवस्तु का लेख करने के लिए प्रेरित करते हैं। निजी समाचार प्रसारक ऐसे टेलीविजन समाचार चैनल हैं जो निजी कंपनियों, समूहों या व्यक्तियों द्वारा व्यावसायिक उद्देश्यों और मुनाफे के लिए जो चलाए जाते हैं (पीकोन एंड डॉडर, 2020)।

समाचार पत्र और समाचार चैनल विधायी मुद्दों, प्रशासन और यहां तक कि बाजारों के लिए भी देश के सार्वजनिक एजेंडा को प्रांतीय और राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित करते हैं। समाचार मीडिया की सामग्री पूर्ण रुप से बाजारों को प्रभावित करती है और देशव्यापी स्वभाव, प्रतिनिधियों की चिंता, प्रशासन की प्राथमिकताओं इत्यादि को प्रतिबिंबित करती है (राव, 2016)। टीवी समाचार कार्यक्रम दर्शकों की मानसिक धारणा को निर्धारित करने में एक मुख्य भूमिका निभाते हैं तथा जनता के विश्वास को प्रभावित करने के लिए समाचार एक अच्छी तकनीक है (अफगाही और सादात, 2014)। अधिकांश लोग अक्सर प्राइमटाइम समाचार और वाद-विवाद जैसे शो देखते हैं (वी, 2014)। सभी समाचार प्रसारक अपने सर्वश्रेष्ठ

कार्यक्रम को प्राइमटाइम के दौरान दिखाकर दर्शकों का ध्यान खींचने की कोशिश करते हैं तथा लोकप्रियता बढ़ाने की उम्मीद करते हैं (एन, चाणक्य सीएन और नरसिम्हामूर्ति, 2019)। प्राइम टाइम के लेख से पता चलता है कि भारत में, राष्ट्रीय राजनीति, फिल्म और मनोरंजन, अपराध और खेल जैसे समाचार प्राइम टाइम के लगभग आधे हिस्से पर कब्जा कर लेते हैं और शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण समाचारों का हिस्सा 2005 में 1.10 प्रतिशत से गिरकर 2013 में 0.69 प्रतिशत रह गया (गर्ग, 2016)। पांडा और त्रिपाठी (2016) ने सार्वजनिक सेवा प्रसारक, डीडी न्यूज, और निजी समाचार चैनल, एनडीटीवी 24*7 की रात 9 बजे के प्राइमटाइम समाचार सामग्री का लेख करते हुए पाया कि दोनों समाचार चैनलों द्वारा कवर की गई कुल समाचार में डीडी न्यूज ने पैकेज के रूप में एनडीटीवी 24*7 से अधिक समाचारों को प्रस्तुत किया। एंजेला एंड स्टेला (2011) ने सीएनएन और चैनल्स टीवी पर 6 सप्ताह की अवधि में प्रतिदिन एक घंटे के लिए विश्व समाचार का अध्ययन किया और खुलासा किया कि दोनों चैनल राजनीतिक समाचारों को अधिक महत्व देते हैं। रॉड्रिक्स (2005) ने द इंडियन पब्लिक सर्विस ब्रॉडकास्टर, दूरदर्शन और विदेशों में स्थित एक टेलीविजन नेटवर्क, स्टार न्यूज के प्राइमटाइम समाचार कार्यक्रमों के सामग्री की जांच की। एक वर्ष की अवधि के अध्ययन में यह पाया गया कि किसी भी अन्य समाचारों की तुलना में «राजनीति» से संबंधित खबरों पर अधिक ज़ोर दिया गया।

उपलब्ध साहित्य से यह पता चलता है कि समाचार चैनल अपराध, राजनीति, और व्यापार से संबंधित ख़बरों को अधिक महत्ता देते हैं और कृषि, शिक्षा, पर्यावरण, सामाजिक मुद्दों, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, आदि से संबंधित मुद्दों पर बहुत कम ध्यान दिया जाता है।

भारतीय टीवी उद्योग में विषय-वस्तु और समाचार प्रस्तुतिकरण के बदलते पैटर्न के बारे में एक बड़ा महत्वपूर्ण अंतर देखा जा रहा है। भारतीय न्यूज चैनलों द्वारा दर्शकों की विचारधारा और आदतों को दिशा प्रदान करने जैसे तथ्यों ने हमें एनडीटीवी के विश्लेषण और अध्ययन के लिए मनोबल प्रदान किया। इसका लेख का उद्देश्य एनडीटीवी द्वारा प्रस्तुत किए जा रहे टेलीविजन समाचारों के विभिन्न स्वरूपों को समझना है। यह पता लगाना है कि समाचार सामग्री में कितनी विविधता है और किस प्रकार से विभिन्न समाचार कार्यक्रमों के प्रारूप का प्रसारण हो रहा हैं? भारतीय समाचार चैनल एनडीटीवी का चयन सघन साहित्य समीक्षा के बाद इसकी लोकप्रियता को ध्यान में रखते हुए किया गया है जो 24 घंटे संचालित एक निजी वाणिज्यिक नेटवर्क हैं। वर्तमान लेख में दिनांक 07\28\2021 को प्रसारित सभी कार्यक्रमों की अवधि को शामिल किया गया है।

जैसा कि रॉड्रिक्स (2005) ने उल्लेख किया है, "टेलीविज़न चैनलों के लिए अकादमिक शोधकर्ताओं को डेटा प्रदान करना एक आम बात नहीं है", इसलिए हमने विश्लेषणात्मक डेटा एकत्र करने के लिए चयनित टीवी चैनल के कार्यक्रमों की रिकॉर्डिंग सुनने का निर्णय लिया। अपने लेख के लिए, हमने एनडीटीवी समाचार चैनल के 24 घंटे के स्लॉट का चयन किया।

चैनल का नाम : NDTV

प्रसारण तिथि एवं समय : 07\28\2021

तालिका 1: विषयवस्तु तथा कार्यक्रमों का वर्गीकरण

प्रसारण में ख़बरों को दिया गया समय	कुल समय	प्रसारित समाचारों का विषय प्रतिशत	प्रतिशत
जनसरोकार समाचार	30 मिनट	राजनीति	60%
समाचार आधारित कार्यक्रम	2 से 3 घंटे	अपराध	5%
चर्चा एवं विश्लेषण	3 से 4 घंटे	फिल्म	10%
मनोरंजन कार्यक्रम	30 मिनट	स्वास्थ्य	2%
अपराध कार्यक्रम	20 मिनट	विज्ञान-प्रोद्योगिकी	0%
धार्मिक / ज्योतिष कार्यक्रम	शून्य	बुनियादी ढांचा	8%
खेल / अन्य कार्यक्रम	10 से 20 मिनट	शिक्षा	0%
24 घंटे में प्रसारित समाचारों की संख्या(स्पीड न्यूज़ के अतिरिक्त)	23	मूलभूत आवश्यकताएं	5%
रिपोर्टर द्वारा खोजकर लाए गए समाचारों की संख्या (बयान, कार्यक्रम, प्रेस कांफ्रेंस आदि के अतिरिक्त)	4 से 5 खबरें	कृषि, पर्यावरण- महिला एवं बच्चे, सामाजिक भेदभाव / कुरीतियाँ	0%
फॉलोअप समाचारों की संख्या	शून्य	भारत से जुड़े विदेशी मामले एवं महत्वपूर्ण वैश्विक समाचार	3%
		आध्यात्मिक	4%

जैसा कि हम तालिका 1 में देख सकते हैं कि जन-सरोकार समाचार को 30 मिनट , समाचार आधारित कार्यक्रमों को 2-3 घंटा, चर्चा एवं विश्लेषण को 3-4 घंटा, मनोरंजन कार्यक्रमों को 30 मिनट, अपराध कार्यक्रम को 20 मिनट, धार्मिक / ज्योतिष कार्यक्रम को नहीं के बराबर तथा खेल / अन्य कार्यक्रमों को 10-20 मिनट का समय दिया गया है। वहीं यदि प्रसारित समाचारों के विषय की प्रतिशतता की बात करें तो राजनीतिक ख़बरें को 60%, अपराध को 5%, फ़िल्म तो 10%, बुनियादी ढांचा और मूलभूत आवश्यकताओं को 8% तथा 5%, भारत से जुड़े विदेशी मामलों और महत्वपूर्ण वैश्विक समाचारों को 3-3 %, आध्यात्मिक समाचारों को 2% तथा स्वास्थ्य को 2% का समय दिया गया है। 24 घंटे में प्रसारित समाचारों की संख्या(स्पीड न्यूज़ के अतिरिक्त) 23 है। इसके साथ ही, विज्ञान-प्रोद्योगिकी, शिक्षा, कृषि, पर्यावरण, महिला एवं बच्चे, सामाजिक भेदभाव / कुरीतियाँ जैसे विषयों की महत्ता को नकारते हुए इन्हें किसी भी कार्यक्रम में शामिल नहीं किया गया है।

तालिका 2: एकत्रित आंकड़ो के आधार पर स्रोत एवं क्षेत्र का वर्गीकरण

प्रसारित समाचारों का स्रोत	प्रतिशत	टीवी स्क्रीन पर दिखने वाले व्यक्ति	प्रतिशत	समाचारों का कवरेज क्षेत्र	प्रतिशत	अन्य संबंधित मानक	प्रतिशत
रिपोर्टर	5%	रिपोर्टर	10%	राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र	40%	कुल प्रसारण में रिपोर्टर द्वारा लाई गई एक्सक्लूसिव खबरों का प्रतिशत	5%
समाचार एजेंसी	10%	एंकर	70%	बड़े प्रदेशों की राजधानी	40%	खोजपरक (इन्वेस्टिगेटिव) एवं अनुसंधानात्मक खबरों का प्रतिशत	2%
सोशल मीडिया	35%	विशेषज्ञ	10%	बड़े शहर	10%	समाचारों के पुनर्प्रसारण (रिपीटेशन) का प्रतिशत	95%
विभिन्न प्रवक्ता	5%	प्रवक्ता	10%	छोटे शहर और कस्बे	1%	गलत तथ्यों पर स्वीकारोक्ति अथवा खेद का प्रतिशत	0
घटना-दुर्घटना	5%			गांव	1%	गलत तथ्यों का पुनर्प्रसारण प्रतिशत	
समाचार पत्र				विदेश	8%	बयान आधारित समाचारों की प्रतिशत	20%
इंटरनेट	40%						

प्रस्तुत आंकड़े बताते हैं कि ख़बरों के पुनः प्रसारण के द्वारा ही पूरे दिन का कार्यक्रम दिखाया जाता है। ममता का दिल्ली दौरा, राजस्थान में कैबिनेट विस्तार , दिल्ली के नए पुलिस कमिश्नर राकेश अस्थाना, बारांबकी- सड़क हादसा, दिल्ली में BJP का मंथन जैसी ख़बरों की ही पूरे दिन पुन: प्रमुखता से दिखाया गया है। तालिका 1 और 2 के आधार पर कहा जा सकता है पूरे दिन बस खबरों को पुनर्प्रसारित किया गया है ।अगर बात करे एकंरों की तो इसमें महिला एकंर की संख्या पुरुषों के मुकाबले अधिक है और रिपोर्टरों में पुरुष की संख्या अधिक है। उपरोक्त तालिका यह साबित करती है कि चर्चा वालें शो पर अधिक समय खर्च किया जाता है । वहीं नॉन स्टॉप 100 कार्यक्रम में क्षेत्रिय खबरों को अधिक जगह मिली है। जैसा कि हम तालिका में देख सकते हैं कि सभी शो स्टुडियों में बने है। अन्य ख़बरों के मुक़ाबले राजनीतिक खबरों को ज्यादा समय दिया गया है उसके बाद जनसरोकार समाचार से जुड़ी खबरों को और तीसरे नंबर पर मनोरंजन कार्यक्रम से जुड़ी खबरों को लिया जा सकता है। समाचार चैनलों पर समाचार आधारित प्रसारण के अतिरिक्त मनोरंजन, हास्य, ज्योतिष, अपराध कथाएं, फिल्मी गॉसिप, वाहन या इलैक्ट्रॉनिक गैजेट्स की प्रचारात्मक समीक्षा तथा इंटरनेट वीडियो आधारित कार्यक्रमों का प्रसारण समय बढ़ा है । खोजपरक समाचारों का प्रतिशत समाचार चैनलों में न्यूनतम स्तर पर है ।

निष्कर्ष:

चर्चा एवं विश्लेषण संबंधी कार्यक्रमों पर ज़ोर देता टीवी मीडिया निजी समाचार प्रसारक एनडीटीवी पर समाचारों की संख्या में कमी दिखती है तथा वे महत्वपूर्ण मुद्दों पर जोर देने और उसी के अनुसार समाचार प्रस्तुत करने का प्रयास करते हैं। लेख के दौरान पता चला कि इंटरनेट के आगमन ने समाचारों के पैटर्न को बदल दिया है। अब, समाचार दर्शकों का एक बड़ा वर्ग ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से नवीनतम समाचार प्राप्त करता है इसलिए, विचार आधारित कार्यक्रम जैसे वाद-विवाद, चर्चा संबंधी कार्यक्रम आदि की हिस्सेदारी बढ़ाई गई है। टीवी न्यूज चैनलों पर आजकल खेल, अपराध, समाज और धर्म से जुड़े कई कार्यक्रम प्रसारित किए जाते हैं लेकिन फिर भी लोग अन्य कार्यक्रमों की तुलना में टीवी समाचार चैनल पर वर्तमान घटनाओं को अधिक देखना पसंद करते हैं और इसी कारण राजनीतिक विषय से संबंधित समाचार के कवरेज को चैनल पर प्रमुखता से प्रसारित किया गया है। एनडीटीवी, प्राइम टाइम स्लॉट के दौरान 'बहस और चर्चा' प्रारूप को प्राथमिकता देता है और चर्चा के लिए सीमित विषयों पर ध्यान केंद्रित करता है।

एनडीटीवी ने न्यूज बुलेटिन, बहस और चर्चा, विशेष कार्यक्रम जैसे प्रारुप पर जोर दिया है।वर्तमान लेख में पाया गया कि समाचार कवरेज के मामले में एनडीटीवी, अपने दर्शकों को समाचार देने के लिए बुलेटिन प्रारूप के अलावा समाचार रैपिड न्यूज बुलेटिन प्रस्तुत करने के नए चलन को अपनाया है और अधिक समाचार देने का प्रयास किया है। लेख से यह भी पता चलता है कि समाचार चैनल अपने दर्शकों को जोड़ने के लिए विभिन्न प्रकार के समाचार कार्यक्रम प्रसारित कर रहा है तथा कार्यक्रम के दौरान समाचार सामग्री की विविधता का भी ध्यान रख रहे हैं।

शोध संदर्भ

1. गर्ग, एस. (2016). द प्लीथ ऑफ प्राइम टाइम. पी.एन. वसंती और पी. कुमार (सं.), टीवी न्यूज चैनल्स इन इंडिया बिजनेस, कंटेंट एंड रेगुलेशन, नई दिल्ली: अकादमिक फाउंडेशन और सीएमएस. पृ. 131-140.

2. रॉड्रिक्स, यू.एम. (2010). ग्लोबलाइजेशन ऑफ इंडियन टेलीविजन: इन इंडियन मीडिया इन ए ग्लोबलाइज्ड वर्ल्ड, सेज प्रकाशन इंक. पृ. 3–25. https://doi.org/ 10.4135/9788132105992.n1
3. रॉय, पी. (2015, 4 मई). द टैबलॉडाइजेशन ऑफ इंडियन न्यूज. 25 मार्च, 2017 (https://www.ndtv.com/opinion/prannoy-roy-on-the-tabloidization-of-indian-news-760247) से पुन: प्राप्त.
4. कुमार, डॉ और कुमार, नवीन. (2021). अ कम्पैरिटिव एनालिसिस ऑफ द प्राइम टाइम शोज़ ऑफ पब्लिक एंड प्राइवेट न्यूज़ चैनल इन इंडिया. 10.31620/JCCC.06.21/33.
5. सिंह, एस. (2016). न्यूज़ वर्सेज़ टॉक हैज टॉक रिप्लेस्ड जर्नलिज़्म ?. पी.एन. वसंती और पी. कुमार (सं.) में, टीवी न्यूज चैनल्स इन इंडिया बिजनेस. कंटेंट एंड रेगुलेशन, नई दिल्ली: अकादमिक फाउंडेशन और सीएमएस. पृ. 141-146.
6. गौर, पी., कुमार, ए. (2019). कंटेंट ऑफ हिंदी एंड इंगलिश न्यूज चैनल: द जर्नलिस्ट परस्पेक्टिव. आई_आरए-इंटरनेशनल जर्नल ऑफ मैनेजमेंट एंड सोशल साइंसेज (आईएसएसएन 2455- 2267), 14(1), 8-13। doi:http://dx.doi.org/10.21013/jmss.v14.n1.p2.
7. अफगानी, ई., और सादात, एस.आर.एन. (2014). ए कंपैरेटिव स्टडी ऑफ न्यूज़ स्ट्रक्चर ऑफ स्टेट टीवी न्यूज़ चैनल ऑफ ईरान एंड टर्की: कंटेंट एनालिसीस ऑफ फॉरेन न्यूज़, ग्लोबल मीडिया जर्नल: टर्किश एडिशन, 5(9), 1-18। http://खोज।ebscohost.com/login.aspx?direct=true&db=ufh&AN=99716099&site=ehost-live
8. कीरत, एस. (1995). बीबीसी एंड सीबीएस इंटरनेशनल न्यूज कवरेज: अ कंटेंट एनालीसिस ऑफ द इवनिंग न्यूज, रिव्यू अल्जीरिएन डी कम्युनिकेशन, पृ: 23-43.
9. एन, चाणक्य सी एन और नरसिम्हामूर्ति, एन (2019). द रोल ऑफ विजिबिलिटि पॉलिटिक्स इन डिटर-माइनिंग द प्राइम टाइम कंटेंट ऑन टेलिविज़न, जर्नल ऑफ एडवांसेज एंड स्कॉलरली रिसर्च इन एलाइड एजुकेशन, 16(4).
10. पांडा, बी., और त्रिपाठी, एन. (2016). ए कंम्पैरेटिव स्टडी ऑन न्यूज़ कंटेंट ऑफ पब्लिक न्यूज़ चैनल वर्सेज़ प्राइवेट न्यूज़ चैनल (विथ रिफेरेंस टू डीडी न्यूज़ एंड एनडीटीवी 24*7). इंटरनेशनल जर्नल ऑफ ह्यूमेनिटिज एंड सोशल साइंस रिसर्च, 2(1), 24-26.
11. ट्राई. (2020). भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण: वार्षिक रिपोर्ट 2018-19.
12. राव, एन. बी. (2016). द सिन ऑफ न्यूज चैनल इन इंडिया. टीवी न्यूज चैनल इन इंडिया. बिजनेस कंटेंट एंड रेग्युलेशन, अकैडेमिक फाउंडेशन. पृ. 19–36.
13. ब्रॉडकास्टिंग डॉक्यूमेंट एमआईबी, भारत सरकार. (2018). https://mib.gov.in/all_broadcasting_documents.

❒❒❒

1. रिसर्च स्कॉलर, मानव रचना इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च एंड स्टडीज
2. प्रोफ़ेसर, मानव रचना इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च एंड स्टडीज

केंद्रीय हिंदी संस्थान

शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार

संपर्क : हिंदी संस्थान मार्ग, आगरा-282005, वेबसाइट : www.khsindia.org

संक्षिप्त परिचय

केंद्रीय हिंदी संस्थान, आगरा शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के शिक्षा विभाग द्वारा 1961 ई. में स्थापित एक स्वायत्त शैक्षिक संस्था है। इसका संचालन स्वायत्त संगठन केंद्रीय हिंदी शिक्षण मंडल द्वारा किया जाता है। संस्थान का मुख्यालय आगरा में स्थित है और इसके आठ क्षेत्रीय केंद्र : दिल्ली, हैदराबाद, गुवाहटी, शिलांग, मैसूर, दीमापुर, भुवनेश्वर तथा अहमदाबाद में हैं।

संस्था के प्रमुख उद्देश्य—

(i) भारतीय संविधान के अनुच्छेद 351 के अनुपालन में अखिल भारतीय भाषा के रूप में हिंदी का विकास करते हुए इसके विकास और प्रसार की दृष्टि से उपयोगी शैक्षणिक पाठ्यक्रमों की प्रस्तुति एवं संचालन (ii) विभिन्न स्तरों पर गुणवत्तापूर्ण हिंदी शिक्षण का प्रसार, हिंदी शिक्षकों का प्रशिक्षण, हिंदी भाषा और साहित्य के उच्चतर अध्ययन का प्रबंधन, हिंदी के साथ विभिन्न भारतीय भाषाओं के तुलनात्मक भाषा वैज्ञानिक अध्ययन को प्रोत्साहन और हिंदी भाषा एवं शिक्षण से जुड़े विविध अनुसंधान कार्यों का आयोजन (iii) अपने विभिन्न पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए परीक्षा आयोजन तथा उपाधि वितरण (iv) संस्थान की प्रकृति एवं उद्देश्यों के अनुरूप उन अन्य संस्थाओं के साथ जुड़ना या सदस्यता ग्रहण करना या सहयोग करना या सम्मिलित होना, जिनके उद्देश्य संस्थान के उद्देश्यों से मिलते-जुलते हों और इन समान उद्देश्यों वाले संस्थानों को संबद्धता प्रदान करना (v) समय-समय पर नियमानुसार अध्येतावृत्ति (फैलोशिप), छात्रवृत्ति और पुरस्कार, सम्मान पदक की स्थापना कर हिंदी से संबंधित कार्यों को प्रोत्साहन आदि।

संस्थान के कार्य—

• **शिक्षणपरक कार्यक्रम :** (i) विदेशी विद्यार्थियों के लिए हिंदी शिक्षण (ii) हिंदीतर राज्यों के विद्यार्थियों के लिए अध्यापक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम (iii) नवीकरण एवं संवर्द्धनात्मक कार्यक्रम, (iv) दूरस्थ शिक्षण कार्यक्रम (स्ववित्तपोषित) (v) जनसंचार एवं पत्रकारिता, अनुवाद अध्ययन और अनुप्रयुक्त हिंदी भाषा विज्ञान के सांध्यकालीन पाठ्यक्रम (स्ववित्तपोषित)

• **अनुसंधानपरक कार्यक्रम :** (i) हिंदी शिक्षण की अधुनातन प्रविधियों के विकास के लिए शोध (ii) हिंदी भाषा और अन्य भारतीय भाषाओं का तुलनात्मक व्यतिरेकी अध्ययन (iii) हिंदी भाषा और साहित्य के क्षेत्र में आधारभूत एवं अनुप्रयुक्त अनुसंधान (iv) हिंदी भाषा के आधुनिकीकरण और भाषा प्रौद्योगिकी के विकास के उद्देश्य से अनुसंधान (v) हिंदी का समाज भाषा वैज्ञानिक सर्वेक्षण और अध्ययन (vi) प्रयोजनमूलक हिंदी से संबंधित शोधकार्य। अनुसंधानपरक कार्यों के दौरान द्वितीय भाषा एवं विदेशी भाषा के रूप में हिंदी शिक्षण के लिए उपयोगी शिक्षण सामग्री का निर्माण।

• **शिक्षण सामग्री निर्माण और भाषा विकास :** (i) हिंदीतर राज्यों और जनजाति क्षेत्र के विद्यालयों के लिए हिंदी शिक्षण सामग्री निर्माण (ii) हिंदीतर राज्यों के लिए हिंदी का व्यतिरेकी व्याकरण एवं द्विभाषी अध्येता कोशों का निर्माण (iii) विदेशी भाषा के रूप में हिंदी शिक्षण पाठ्यपुस्तकों का निर्माण (iv) कंप्यूटर साधित हिंदी भाषा शिक्षण सामग्री का निर्माण (v) दृश्य-श्रव्य माध्यमों से हिंदी शिक्षण संबंधी पाठ्यसामग्री का निर्माण (vi) हिंदी तथा हिंदीतर भारतीय भाषाओं के द्विभाषी/त्रिभाषी शब्दकोशों का निर्माण।

संस्थान के प्रकाशन : हिंदी भाषा एवं साहित्य, भाषाविज्ञान, अनुप्रयुक्त भाषाविज्ञान, तुलनात्मक एवं व्यतिरेकी अध्ययन, भाषा एवं साहित्य शिक्षण, कोश विज्ञान आदि से संबद्ध विभिन्न विषयों पर उपयोगी पुस्तकों का प्रकाशन। अब तक 200 से अधिक पुस्तकें प्रकाशित। विभिन्न स्तरों एवं अनेक प्रयोजनों की पाठ्यपुस्तकों, सहायक सामग्री तथा अध्यापक निर्देशिकाओं का प्रकाशन। त्रैमासिक पत्रिका-गवेषणा, संवाद पथ, समन्वय दक्षिण, समन्वय पश्चिम, प्रवासी जगत, समन्वय पूर्वोत्तर, शैक्षिक उन्मेष, भावक, संस्थान समाचार एवे दो छात्र पत्रिका 'हिंदी विश्व भारती' तथा 'समन्वय' का प्रकाशन किया जाता है।

पुस्तकालय : भाषाविज्ञान, अनुप्रयुक्त भाषाविज्ञान, भाषा शिक्षण और हिंदी साहित्य के विभिन्न विषयों की पुस्तकों के विशेषीकृत संग्रह की दृष्टि से हिंदी के सर्वश्रेष्ठ पुस्तकालयों में से एक। एक लाख पुस्तकों का विशाल संग्रह उपलब्ध है। 75 से अधिक जर्नल, शोधपरक पत्र-पत्रिकाएँ उपलब्ध।

संस्थान से संबद्ध प्रशिक्षण महाविद्यालय : हिंदी शिक्षण-प्रशिक्षण के स्तर को समुन्नत करने तथा पाठ्यक्रम में एकरूपता लाने के उद्देश्य से उत्तर गुवाहटी (असम), आइजोल (मिजोरम), दीमापुर (नागालैंड) के राजकीय हिंदी शिक्षक-प्रशिक्षण महाविद्यालयों को संस्थान से संबद्धता।

योजनाएँ : (i) भारतीय सांस्कृतिक केंद्र, कोलंबो एवं कैंडी में सिंहली विद्यार्थियों के लिए केंद्रीय हिंदी संस्थान के पाठ्यक्रम की 2007-08 से शुरुआत (ii) अफगानिस्तान के नान्गरहर विश्वविद्यालय (जलालाबाद) में संस्थान द्वारा निर्मित बी.ए. का पाठ्यक्रम 2007-08 से प्रारंभ (iii) विश्व के कई अन्य देशों (चेक, स्लोवानिया, संयुक्त राज्य अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम, मॉरीशस, बेल्जियम, रूस, जापान, उज़्बेकिस्तान एवं कज़ाकस्तान आदि) के साथ शैक्षणिक सहयोग और हिंदी पाठ्यक्रम संचालन के संबंध में संवाद जारी (iv) हिंदी के बहुआयामी संवध र्न के लिए हिंदी कॉर्पोरा परियोजना, हिंदी लोक शब्दकोश परियोजना, भाषा-साहित्य सीडी निर्माण परियोजना, पूर्वोत्तर लोक साहित्य परियोजना, हिंदी विश्वकोश परियोजना पर कार्य।

-श्री अनिल कुमार शर्मा
उपाध्यक्ष, केंद्रीय हिंदी शिक्षण मंडल
ई-मेल : vicechairmankhs@gmail.com

-प्रो. बीना शर्मा
निदेशक
ई-मेल : directorkhs1960@gmail.com

विश्व हिंदी साहित्य परिषद

हिंदी साहित्य, संस्कृति एवं भाषा

से संबंधित पुस्तकों के प्रकाशन के लिए संपर्क करें

अध्यक्ष : डॉ. आशीष कंधवे

ईमेल : vhspindia@gmail.com
www.vhspindia.in

संपर्क : 011-47481521, 9811184393

1. हिंदी एवं भारतीय भाषा का प्रचार-प्रसार एवं समग्र विकास
2. अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हिंदी भाषा के विकास और विस्तार के लिए सेमिनार, सम्मेलनों का आयोजन
3. उत्तम साहित्य का प्रकाशन
4. साहित्यकार सहायता योजना
5. हिंदी को तकनीक से जोड़ना
6. पुरस्कार / प्रतियोगिता का आयोजन
7. रोजगारोन्मुख हिंदी के लिए प्रयास एवं योजनायें
8. संग्रहालय / पुस्तकालय / संगोष्ठी कक्ष की स्थापना
9. साहित्य एवं संस्कृति के चहुंमुखी विकास के लिए प्रयासरत

RNI No. DELBIL/2012/42547